CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ

माण्डूक्योपनिषद् ॥

भाषा टीका सहित ॥

जिसमें

ॐकार स्वरूपका प्रतिपादन व ब्रह्म और आत्मा की अभेदताका निरूपण, आगम, यथैतथ्याख्य, अद्वैताख्य व अलातशान्ताख्य इन चार प्रकरणों में अच्छे प्रकार निरूपण किया गया है ॥

जिसको

श्रीमान् सर्वैश्वर्य्य सम्पन्न श्री मुंशीनवलकिशोरजीने भारत वर्षीयजनोंके उपकारार्थ बहुतसा धनव्ययकरके कोलाख्य नगर निवासी पंचोली यमुनाशंकर नागर ब्राह्मण से सरल देशभाषामें उल्थाकराय स्वयंत्रालय में मुद्रितकराय प्रकाशित किया ॥

बाजपेयि पण्डित रामरत्नके प्रबंध से

प्रथम बार

लखनऊ

मुंशी नवलकिशोर (सी, आई, ई) के छापेखानेमें छपी जनवरी सन् १८९१ ई० ॥

इस किताब का हक़महफ़ूज़ है बहक़ इस छापेखाने के ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चतुर्वेदसंबंधी दशोंउपनिषदोंका यथा तथ्य वृत्त जोकि उनमें वर्णनकियागया है और कुछ छापेखानेमें मुद्रितहुई हैं वह निम्न लिखित हैं ॥

प्रश्नोपनिषद् ॥

यह उपनिषद् अथर्व वेद संबंधित है—इसमें श्रीपिप्पलाद आचार्य्य प्रतिकबंधी आदिकछु ऋषियोंको शिष्यभावसे पृथक् प्रश्नकरना और श्रीपिप्पलाद जीको यथायोग्य उनका देना जिनका तात्पर्य यह है कि सम्पूर्ण विषयिक मार्गों से पृथक्होकर ब्रह्माराधन करना यहीएक मनुष्य शरीरका मुख्यकर्महै जिससे अन्तमें विषय विरागी होकर मोक्षभागी होता है ॥

मण्डक उपनिषद् ॥

यह उपनिषद् अथर्ववेद संबंधितहै—और सम्पूर्ण उपनिषदों में राजावत् होनेसे जिसप्रकारसे कि शरीरमें श्रेष्ठ मस्तकहै इसी प्रकारसे यह श्रेष्ठहै और इसी कारण से मुण्डकनाम रक्खाया है—इसउपनिषद्में वादी प्रतिवादीके प्रश्नोत्तरसे ब्रह्मका निर्णय व जगदुत्पत्ति व प्रत्येक अन्नादिका सम्भव अग्निहोत्रादि क्रियाओंका विधान मन्त्रोंद्वारा वर्णन कियागया है और देवभाषामें उत्तम तिलक रचागया है जिससे सहजमें अभिप्राय विदित होजाता है ॥

कठवल्ली उपनिषद् ॥

इस उपनिषद्में गुरु शिष्यसंवाद द्वारा श्रीवाजश्रवा अर्थात् ईश्वरके पुत्र श्रीउद्दालक ऋषिने जिसप्रकारसे विश्वजित्नामक यज्ञ की और उसीयज्ञके दक्षिणामें ऋत्विजादि ब्राह्मणोंको अपरिमित धन व गौओं को दानदिया और उसी यज्ञमें अपने परम प्रिय पुत्र ज्ञानशिरोमणि श्रीनचिकेता को मृत्युके अर्थ दानदिया।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ॥

भूमिका ॥

सासुज्ञ आत्मजिज्ञासु पाठक जनोंको विदितहो कि यहसर्व उपनिषोंका सारभूत महाउपनिषद् मंडूक्यनाम ऋषिश्वरद्वारा इस मुष्यलोकमें प्रकटहुआहै अतएव इसको ,मांडूक्यउपनिषद्, इ नामसे कहतेहैं । अथवा जैसे दादुर (मेडक) प्रायःतीन छलां(कुदान) मारके जलमें प्राप्तहोताहै,तैसेही आत्मारूपी मेडक अदादि अवस्थारूप पादरूपी स्थानोंसे उछलके अपने वास्तवि निरुपाधि ब्रह्मत्वरूप जलको प्राप्तहोताहै। अर्थात् अन्तःकरणविशिष्ट आत्मरूप मेडक इस उपनिषद्के विचाररूप बलसे, प्रथमजाग्रदवस्थादि प्रथम पादरूप स्थानसे उछलके स्वप्नावस्थारूप द्वितीय पादरूप स्थानको प्राप्तहोता है, पश्चात् उस स्वप्नस्थादि पादरूप स्थानसे उछल सुषुप्ति अवस्थादिरूप तृतीयपरूप स्थानको प्राप्तहोताहै, पुनः उस तृतीय पादरूप स्थान से उछलके चतुर्थ अमात्रिक अपने परब्रह्मत्वरूप जलको प्राप्त होहै "। शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते सआत्मा सविज्ञेय"। तिसआत्मप मेडकका प्रतिपादक होनेसे इस उपनिषद्को ,मांडूक्य, नामे कहतेहैं ॥ अरु यह उपनिषद् "। ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति "। "। दालम्बनंश्रेष्ठ मेतदालम्बनंपरम्, एतदालम्बनंज्ञात्वा ब्रह्मलंमहीयते "। इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाणसे, संन्यासियों करके उस्य अरु ब्रह्मप्राप्तिमें सर्वोत्तम श्रेष्ठ आलम्बन जे त्रिमात्रिक ओर,केवल तिसकाही प्रतिपादक अरु ब्रह्म आत्माकी अभेदता बोधकहोनेसे सर्व उपनिषदोंमें मुख्यहै । अरुजो कदापि कोई कहै कि सर्वही उपनिषद् ब्रह्म आत्माकी अभेदताके बोधकहैं । इसमें क्या विशेषताहै, तो तिसका यह समाधान है किअन्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जे उपनिषद्हैं सोब्रह्म आत्माकी अभेदताके बोधकहैं परन्तु उन में सृष्टिकरण अरु प्राणादिकोंकी उपासना आदिक अन्य प्रसंगभी हैं अरु इस उपनिषद्में केवल ॐकारके प्रतिपादनसे ब्रह्मआत्मा की अभेदताही प्रकाशित है तिससे इतर सृष्टिकरणादिक नहीं, अतएव यह उपनिषद् केवल ब्रह्म आत्माकी अभेदताका बोधक होनेसे सर्व उपनिषदोंमें मुख्यहै। अतएव उक्त हेतुओंकरके इस उपनिषद्को मुख्यत्व होनेसे श्रीशंकराचार्य्य महाराजके परमगुरु श्रीगौडपादाचार्य्य कृत इसके अर्थबोधक श्लोकबद्ध कारिका है, तिस कारिकाके चारप्रकरणहैं ,तहां,प्रथम आगम प्रकरण,द्वितीयवैतथ्याख्यप्रकरण, तृतीय अद्वैताख्य प्रकरण, चतुर्थ अलातशान्ताख्य प्रकरण, इसप्रकार चार प्रकरणहैं॥ अरु इन चारोंप्रकरण से बाह्य इसभाषा भाष्यकारकृत सर्व उपनिषदोंमेंसे संग्रहकिया प्रणवो पासना,अरु सप्तसिद्धान्तियोंके मतानुसार प्रणवोपासना अरुप्रणवके ॐकारादिदशनामोंके अर्थविचार,अरु अन्यऋषियोंके, मतानुसार मात्राओंकेभेदसे उपासनविचार,अरु अकारादि मात्रा का क्रमशः लय चिंतवनविचार, इन सर्वके संग्रहका, एक संग्रह प्रकरणनाम पंचम प्रकरणभी कहाहै, सो एतदर्थहै कि प्रणवोपासनाके जिज्ञासुको इस एकही पुस्तक के अवलोकन से अनेक ऋषियोंके मतानुसार ॐकारकी उपासना जानने में आवे॥ अरु श्रीगौड़पादीय कारिका सहित इस उपनिषद्ऊपर श्रीभगवत्पाद पूज्य श्रीशंकराचार्य्यजीकृत संस्कृत भाष्य है अरु तिसभाष्यपर संस्कृतमें आनन्दगिरिकृत टीकाहैं, अरु तिस भाष्यअरु टीकाके अनुसारही द्विजवर श्रीपंडितराज पीताम्बरजी महाराज कृत भाषा दीपिकानामटीकाहै। अरु जैसे सम्यक् प्रकार संस्कृत विद्याके अभ्यास बिना अरु किसी श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ आचार्य्यसे अध्ययन किये बिना सभाष्य उपनिषदोंका अर्थ जानने में आवे नहीं, अरु तैसेही जो केवल भाष्यके अक्षरानुसारही जे पंडित पीताम्बरजी कृत अक्षरार्थ टीका तिसका भी यथार्थ जानना सर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

साधारणपुरुषोंको सुगम नहीं । एतदर्थ मैं श्रीपरिव्राजाचार्य्य परमहंस स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वतीजी महाराजकाअतिअल्पज्ञ शिष्य यमुनाशंकर नामक नागर ब्राह्मण, उक्त भाष्यकार अरु टीकाकारके कहे अनुसारही भाषाभाष्य नामक टीका करता हौं तिसमें अपनी अल्प बुद्धिके अनुसार कुछ विशेषभी कहौंगा ॥

सर्व्वसे साधारण विनय ॥

मुझ अल्पज्ञकरके कहेहुये इस मांडूक्यउपनिषद्के भाषा भाष्यमें जो कुछ अनुचित कथनहोय तिसको सर्वविवेकी पाठक जन क्षमाकरके सुधारलेवें इति ॥

सूचना इस भाषाभाष्यान्तर चिह्नोंकी ॥

" " इस चिह्नान्तरमें भाषान्तर मूल श्रुति,श्लोक ॥
( ) इस चिह्नान्तरमें भाषान्तर श्रुति,श्लोकके अक्षरार्थ॥
" " इस चिह्नान्तरमें प्रमाणविषयक अन्य श्रुति,श्लोक ॥
( ) इसचिह्नान्तरमेंप्रमाणविषयक श्रुतिश्लोककेअक्षरार्थ
[ ] इस चिह्नान्तरमें संक्षेपसेआनन्द गिरिकाअक्षरार्थ ॥
' ' इस चिह्नान्तर में भाषाभाष्यकारकृत अर्थानुवाद ॥
, इत्यादि चिह्न साधारण विराम ॥

इतिचिह्नसूचना ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ शान्तिपाठः ॥

ॐ सहनाववतुसहनौभुनक्तुसहवीर्य्यंकरवावहै। तेजस्वीनावधीतमस्तु माविद्विषावहै ॥

ॐशान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

शान्तिःपाठगुरुस्तुति॥

ॐशन्नोमित्रः शंवरुणः शन्नोभवत्वर्य्यमाशन्नइन्द्रोबृहस्पतिः शन्नोविष्णुरुरुक्रमः नमोब्रह्मणेनमस्तेवायोत्वमेवप्रत्यक्षंब्रह्मासि त्वमेवप्रत्यक्षंब्रह्मवदिष्यामिऋतंवदिष्यामिसत्यंवदिष्यामि तन्मामवतु तद्वक्तारमवतुअवतुमामवतुवक्तारम् ॥ ॐ शान्तिः ३ ॥

ॐब्रह्मविदाप्नोतिपरम् ॥

ॐ सत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म ।" "सोयमात्मा" । नांतःप्रज्ञंन बहिःप्रज्ञंनोभयतोप्रज्ञंन प्रज्ञानघनंनप्रज्ञं नाप्रज्ञं अदृष्टमव्यवहार्यमग्राह्यमलक्षणम चिन्त्यमव्यपदेश्यमेकात्मप्रत्ययसारं प्रपंचोपशमं शिवमद्वैतंचतुर्थंमन्यन्ते ।" " सआत्मा,अपहतपाप्मा विजरोविमृत्युर्विशोकोविजिघत्सोपिपासःसत्यकामः सत्यसंकल्पःसोन्वेष्टव्यसविजिज्ञासितव्यः।" " तद्ब्रह्मेति।" "इहैवान्तःशरीरे सौम्यसपुरुषः " निहितंगुहायां ।" " दृश्यतेत्वग्र्यया बुद्ध्यासूक्ष्मयासूक्ष्मदर्शिभिः ।" " आत्मावाअरेदृष्टव्योश्रोतव्योमन्तव्यो निदिध्यासितव्यो साक्षात्कर्त्रेति ।" " सयोह वै तत्परमं ब्रह्मवेद ब्रह्मैवभवति "

" नातःपरमस्ति "

" ब्रह्मानन्दंपरमसुखदंकेवलंज्ञानमूर्त्तिं "
द्वंद्वातीतंगगनसदृशंतत्त्वमस्यादिलक्ष्यं "
" एकंनित्यंविमलमचलंसर्व्वधीसाक्षिभूतं "
" भावातीतंत्रिगुणरहितंसद्गुरुंतन्नमामि"

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ

श्रीपरमात्मनेनमः ॥

अथअथर्ववेदीय ॥

मांडूक्योपनिषद्

श्रीगौडपादीयकारिका सहित मांडूक्योपनिषद् प्रारभ्यते ६ ॥

श्रीमद्भाष्यकारस्वामी श्रीशंकराचार्यकृत ॥

मंगलाचरणम्

प्रज्ञानांशुप्रतानैःस्थिरचरनिकरव्यापिभिर्व्याप्यलोकान् भुक्त्वाभोगान् स्थविष्ठान् पुनरपिधिषणोद्भासितान्कामजन्यान् ॥ पीत्वासर्वान् विशेषान् स्वपिति मधुरभुङ्मायया भोजयन्नोमायासंख्यातुरीयं परममृतमजंब्रह्ममत्तन्नतोऽस्मि १ ॥

हे सौम्य, भाष्यकार श्रीशंकराचार्य्य कहते हैं कि " परममृत मजं ब्रह्म यत्तन्नतोऽस्मि " (अमृत अज जो परब्रह्म है तिसको मैं नमता (नमस्कारकरता) हौं) [अर्थात्, श्रीगौडपादाचार्य को श्रीनारायणके (वा श्रीशुकाचार्यके) प्रसादसे प्राप्तहुये, अरु मांडूक्यउपनिषद्के अर्थकोप्रकटकरनेकेपरायण जो श्रीगौडपादाचार्यकृत कारिका संज्ञक श्लोक तिनसहित मांडूक्योपनिषद्के व्याख्यानकरनेको इच्छाकरते हुये भगवान् भाष्यकार श्रीशंकराचार्य्य आपकरके करनेको इच्छितजे भाष्य तिसकी निर्विघ्न समाप्तिके अर्थ परदेवताके स्वरूपके स्मरण पूर्वक शिष्टाचाररूप प्रमाणकरके सिद्ध तिस परदेवताके अर्थ नमस्कार रूप मंगलाचरणको करतेहुये, अर्थसे इसग्रंथकेआरंभविषेबांछित विषयादिक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(अर्थात् ग्रंथके प्रयोजन, बिषय, सम्बन्ध, अरु अधिकारी (चार प्रकारके अनुबंधको भी सूचित करतेहैं। तिनमें बिधिमुखसे वस्तु का प्रतिपादन है, इस प्रक्रियाको देखावते हैं। अरु यहां (ब्रह्म यत्तन्नतोऽस्मि) (जोपरब्रह्महै तिसको मैं नमताहौं) इसकहने करके मैं (इसअहं) शब्दके (बिषयत्वंपदकेलक्ष्य (अर्थकी तिस तत् शब्दकेलक्ष्यार्थसे एकताके स्मरणरूप नमनको सूचितकरने वाले आचार्यनेतत्पदकेलक्ष्यार्थरूपब्रह्मका प्रत्यगात्मापना सूचन करके तत्पद अरु त्वंपदके अर्थकीएकतारूप ग्रंथका विषय सूचित किया। अरु "यत्" (जो) इस शब्दको प्रसिद्ध अर्थका प्रकाशक होनेसे वेदान्त शास्त्रकरके प्रसिद्ध जो ब्रह्म है तिसको मैं नमता हौं, इस संबन्धसे मंगलाचरणभी श्रुतिकरके ही करतेहैं। अरु ब्रह्मको अद्वितीयहोनेसेही जन्ममरणके अभावसे (अर्थात् एक अद्वैत परिपूर्ण अखंड ब्रह्ममें जन्ममरणके हेतुरूप द्वैतका अभाव है ताते ("अमृतमजं" (अमृत अरु अजन्मा) इसप्रकार कहा है। अरु जन्म मरणरूप जो बन्ध है सोई संसार है (अरु ब्रह्ममें जन्ममरणरूप बन्धलक्षण संसारका अत्यन्ताभावहै (ताते तिस बन्धके निषेधसे (आत्माबिषे) स्वरूपसेही असंसारीभावके देखावनेवाले आचार्यने यहां सर्व अनर्थोंकी निवृत्तिरूप इस ग्रंथका प्रयोजन प्रकाशित कियाहै]॥ वो परब्रह्म कैसाहै "(प्रज्ञानांशु प्रतानैः" (प्रकृष्ट ज्ञानरूपहै) अर्थात् [जब वेदान्तशास्त्र उपनिषद् प्रमाणसे सिद्ध ब्रह्म, स्वरूपसे अद्वितीय अरु असंसारी है, तब तीन अवस्था करके युक्त भोक्ता जीवहै इसप्रकारका अनुभव कैसे होताहै। अरु (जीवको दुःखसुखका (भोगावनेवाला कोई ईश्वर है इसप्रकार कैसे श्रवणहोताहै। अरु बिषयोंका समूहरूप भोज्य (भोगनेयोग्यसामग्री) (ब्रह्मसे (भिन्न कैसे दृष्टआवती है। सो यह सर्वएक अद्वैतबिषे विरोधको प्राप्तकरेगा। यह आशंकाकरके एकअद्वैत ब्रह्मबिषे ,जीव, जगत्, अरु ईश्वर, यह सर्व (रज्जुमें सर्पवत् (कल्पित संभवे हैं। इसअभिप्रायसे यहांकहते

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हैं] जन्मादि (जायते) अस्ति, वर्द्धते, विपरिणमते, विपक्षीयते विनश्यति, यह षट्भाव) विकार रहित प्रकृष्ट ज्ञानस्वरूप जो ब्रह्महै " प्रज्ञानंब्रह्म " (प्रज्ञान ब्रह्महै) इसश्रुति प्रमाणसे, । तिस सूर्यवत् बिम्बस्थानी ब्रह्मके किरणरूप, जो सूर्यके प्रतिबिम्ब के तुल्य निरूपण कियाहै । अरु बिम्बके तुल्य ब्रह्मसे पृथक् वा भेद करके असत्य चिदाभास (चैतन्यब्रह्मकाआभास) जीवहै, तिनके वृक्षादिक स्थिर, अरु मनुष्यादिकचर, इसप्रकारके उद्भिजादि चारखानिके स्थिर चर प्राणियों के समूह बिषे व्यापनेवाले विस्तारों से लोक जो विषय तिनके अर्थ व्याप्तहोके [इस कथनसे उक्त विषयोंसे जीवोंका सम्बन्ध कहा] देवताके अनुग्रह सहित बाह्येन्द्रियोंद्वारा बुद्धिके तिस तिस विषयाकार परिणामसे जन्यतारूप अतिशय स्थूलतावाले सुखदुःखके साक्षात्काररूप भोगों को भोगिके, अर्थात् [यहां "तान्भुक्त्वा" (तिनको भोगके) इस पदसे अरु " स्वपितीति " (सोवता है) इस अग्रिमकहने के पदसे सम्बन्ध है । इस कथनसे जाग्रदवस्था ब्रह्मबिषे कल्पित है, ऐसा कहाजानना] पुनः [यहांसे तिसही ब्रह्मबिषे स्वप्नकी कल्पनाको देखावते हैं] भी बुद्धिसे प्रकाशितहुये, अरु अविद्या, काम, अरु कर्म,से जन्य भोगोंको भोगके सर्व [इसप्रकार ब्रह्म बिषे (जाग्रत् स्वप्न) दोनों अवस्थाकी कल्पना को देखायके अब तहांही सुषुप्तिकी कल्पनाको देखावेहैं] जाग्रत् अरु स्वप्नरूप स्थूल अरु सूक्ष्म विषयों को अज्ञातरूप अपने आत्मा बिषे लय करके जो ब्रह्म सोवता है, अर्थात् कारणके अभावसे स्थित होताहै, अरु जो मधुरभुक् [सुषुप्तिबिषे आनन्दकी प्रधानता है इस अभिप्रायसे ब्रह्मको (मधुरभुक् वा आनन्दभुक्) यह विशेषण देतेहैं] (आनन्दका भोक्ता) है, अरु जो ब्रह्म प्रतिबिम्बके तुल्यहुआ हमारेबिषे मायाकृत मिथ्यारूपा तीनोंअवस्थाके सम्बन्धीपनेवत् सम्बन्धीपनेको सम्पादनकरके हमकोमायासे भोगावताहुआ वर्त्तताहै । अरु तिसमायाकल्पित मिथ्यासंख्याकीअपे-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

योविश्वात्माविधिजविषयान्प्राश्यभोगान्स्थविष्ठा
न् पश्चाच्चान्यान्स्वमतिविभवान्ज्योतिषास्वेनसूक्ष्मा
न् । सर्वानेतान्पुनरपिशनैःस्वात्मनिस्थापयित्वा, हि
त्वासर्वान्विशेषान्विगतगुणगणःपात्वसौनस्तुरीयः २

क्षासे तुरीय (चतुर्थ) [अर्थात् शुद्ध आत्माकोचतुर्थ संख्यासे कहा है सोमायाकरके कल्पित जेजाग्रदादि तीनोंअवस्था तिसकीअपेक्षासे है नतुसर्व संख्याऽतीत बिषे संख्या कोई नहीं। [तिसही ब्रह्मकोतीनोंअवस्थासे पृथक्होनेकरके तिसकीज्ञानमात्र स्वरूपताको देखावे हैं] मरणरहित अमृत अरु जन्मरहित अज, पर [अर्थात् ब्रह्मको मायावी होनेकरके तिस बिषे निकृष्टभावकी प्राप्तिकी आशंकाकरके तिसके निवारणार्थ "पर" यह पदकरके उत्कृष्टताही कहिये है, क्योंकि ब्रह्मकोमाया (आरोप) द्वारा तिस मायासे संबन्धके हुयेभी स्वरूप करके मायासे ब्रह्मका सम्बन्ध नहीं। क्योंकितुल्य जातीय वाधर्मादिक वालोंका सम्बन्ध सम्भवे है अरु ब्रह्म सत्य चैतन्य आनन्द निर्गुण एकरसहै अरु माया तिससे विपरीत असत्य जड़दुःख सगुणनानारूप वालीहै, ताते उक्त प्रकारके ब्रह्मका उक्तप्रकारकी मायासे सम्बन्ध स्वरूपसेही संभवे नहीं। एतदर्थ ब्रह्मबिषे कैसेनिकृष्टता होवेगी किन्तु किसी प्रकारभी नहीं । यह अर्थ है] ब्रह्मकेअर्थ मैं नमस्कारकरताहौं १ ॥

हे सौम्य जो[प्रथमश्लोकबिषे बिधिमुखसे बस्तुके प्रतिपादन की प्रतिज्ञाको आश्रयकरके 'तत्' पदकेलक्ष्यअर्थसेआरंभकरके तिसकी 'त्वं' पदके लक्ष्यार्थभूत प्रत्यगात्मस्वरूपता प्रतिपादन किया । अरुविषय अरु फलके कथनसे, सम्बन्ध, अरु अधिकारी, सूचनकिये । अब इस द्वितीय श्लोकबिषे निषेधमुखद्वारा वस्तु मात्रके प्रतिपादनकी प्रतिज्ञाको आश्रय करके 'त्वं, पदकेवाच्यार्थसे प्रारंभकरके तिसकी 'तत्' पदके लक्ष्यार्थ भूत असंसारी शुद्ध ब्रह्मरूपताकी प्रतीति करावते हैं । तहां प्रथम 'त्वं, पद के

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लक्ष्यार्थरूप स्वतःसिद्ध चिदात्माबिषे आरोपित जाग्रदवस्थाको उदाहरण करते हैं] यह प्रत्यगात्मा अविद्या अरु कालसे उत्पन्न हुयेजे धर्म अधर्मरूप विधि तिससे जन्यजे सूर्य्यादिक देवता तिनके अनुग्रह सहित बाह्यकरण (चक्षुरादि इन्द्रिय) द्वारा बुद्धि के परिणाम विषय होने करके अत्यन्त स्थूल अरु भोगने के योग्य होनेकरके भोगशब्दके वाच्य भोग्योंको साक्षात् अनुभव करके स्थितहुआ, पंचीकृत पंच महाभूत अरु तिनका कार्यरूप स्थूल जगन्मय विराट्का शरीररूप विश्व है तिस जाग्रत् स्थानरूप विश्वबिषे अहंमम (मैं अरु मेरा) यह अभिमान वानहुआ विश्व (विश्वाभिमानी) जीवरूप होता है । अरु पश्चात् [अबतिसही चैतन्य आत्मा बिषे स्वप्नावस्थाके आरोपको कहते हैं] जे जाग्रत् के हेतु कर्महैं तिनके क्षयहोने से अनन्तर स्वप्नके हेतुजे कर्म हैं तिनके उद्भव होनेसे जाग्रत्के स्थूल विषयों से इतर, अरु तिसही हेतुसे सूक्ष्म,अरु बाह्य इन्द्रियोंको विषयों से निवृत्त होनेकरके 'अविद्या, काम, अरुकर्म्म, इनसे प्रेरणाको प्राप्तहुई अपनी बुद्धि तिसके प्रभावसेही उत्पन्नहुये अन्तःकरणकी वासनामय, अरु स्वप्नबिषे भी सूर्यादिकों के प्रकाश के (जो केवल जाग्रत्के सूर्य्यादिकों के प्रकाशके संस्कार युक्त बुद्धिकरके कल्पित हैं) अस्तहुये केवल (स्वयंज्योतिः) आत्मरूप प्रकाश करकेही प्रकाशित हुये (विषय किये गयेजे भोग्यपदार्थ तिनको अनुभव करके, अपंचीकृत (तन्मात्रारूप) पंचमहाभूत अरु तिनके कार्यरूप सूक्ष्म प्रपंचमय हिरण्यगर्भ के शरीररूप स्वप्नावस्थाके ताईं अभिमान (अहंमम (मैं मेरा) भाव) करता हुआ (चैतन्यआत्माही) तैजसनामक जीवरूप होता है । पुनः [अब तिसही चिदात्माबिषे सुषुप्ति अवस्थाकी कल्पना को देखावे हैं] भी स्थूल अरु सूक्ष्म उभय शरीररूप उपाधिद्वारा जाग्रत् अरु स्वप्नरूप उभय अवस्थारूप स्थानोंबिषे प्रवृत्ति होनेसे हुआ जो श्रम तिसकी उत्पत्तिके अनन्तर तिस श्रमके परित्याग करने

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

की इच्छाके होनेसे स्थूल अरु सूक्ष्मके विभागकरके जाग्रत् अरु स्वप्नरूप उभयस्थानों बिषे स्थित, इन प्रसंग बिषे प्राप्तहुये सर्व भी भोग्यरूप विशेषों को धीरेसे । क्रमशः वा बिनाही क्रमशः । अज्ञात कारणरूप अपने स्वरूप बिषे । अर्थात् सुषुप्ति से उठके कहता है कि ऐसे सोये जो कुछ भी खबर न रही इस अज्ञात लक्षणवान् कारण अविद्या तिसकी पृथक्सत्ताका अभावहै,क्योंकि उस अज्ञात अविद्याका परिणाम उसके प्रकाशक साक्षी अधिष्ठान ज्ञानस्वरूप आत्माबिषे होता है 'जैसे कल्पित सर्पका रज्जुबिषे, अरु जिसका परिणाम जिस अधिष्ठानरूप होताहै सो उसहीका स्वरूप होताहै, ताते अपनी पृथक् सत्ताके अभावसे अध्यस्त अविज्ञातरूप अविद्या भी सर्वाधिष्ठान आत्मस्वरूपही है । स्थापन करके अव्याकृतरूप उपाधिकी प्रधानतावाला हुआ । वोही चैतन्यआत्मा । प्राज्ञनामक जीवरूप होताहै । सो [अब जाग्रदादि तीनों अवस्थारूप स्थानों करके युक्त, अरु "नान्तःप्रज्ञंनबहिःप्रज्ञं" (अन्तःप्रज्ञनहीं, बाह्यप्रज्ञनहीं) इत्यादि निषेधमुख श्रुतिवाक्य श्रवणसे उत्पन्नहुआ जो प्रमाणज्ञान तिसबिषे आरूढहुये तिसही प्रत्यगात्माके कार्य कारणरूप सर्व अनर्थ विशेषों को श्रुतिप्रमाण जन्यज्ञानके प्रभाव सेही त्यागकरके निरुपाधि परिपूर्ण ज्ञानरूप सेही सिद्धहुये तत्त्वको कथन करते हैं । अरु मंगलार्थ तिसकी प्रार्थना करते हैं] यह सर्वगुणोंके समूहकी कल्पनासे रहित अरु नित्य ज्ञानरूप स्वस्वभाववाला तुरीयरूप परमात्मा सर्व कार्य कारणरूप अनर्थोंके भेदोंको भी श्रुतिप्रमाण जन्यज्ञानके प्रभाव सेही परित्याग करके, अरु व्याख्यानके कर्त्ता होनेकरके अरु श्रोताहोने करके स्थितहुये हमको पुरुषार्थ बिषे विघ्नकारी कारण के । अर्थात् पुरुषार्थ बिषे जे विघ्नों के कारण तिनके । निषेध (अभाव) पूर्वक मोक्षके प्रदानसे अरु तिसकेहेतु ज्ञानके प्रदान से रक्षणकरो २ ॥

इतिभाष्यकारकृतमंगलाचरणम् ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथभाष्योपरिटीकाकारस्वामीआनन्दगिरि कृतमंगलाचरणम् ॥

ॐपरिपूर्णपरिज्ञानपरितृप्तिमतेसते । विष्णवेजिष्णवेतस्मै कृष्णनामभृतेनमः १ शुद्धानन्दपदाम्भोजद्वन्द्वमद्वन्द्वतास्पदम् । नमस्कुर्व्वेपुरस्कर्त्तुतत्त्वज्ञानमहोदयम् २ गौडपादीयभाष्यंहिप्रसन्नमिवलक्ष्यते । तदथोऽतिगम्भीरंव्याकरिष्येस्वशक्तितः ३ पूर्व्वेयद्यपिविद्वांसोव्याख्यानमिहचक्रिरे । तथापिमन्दबुद्धीनामुपकारायतत्यते ४ ॥

ॐमित्येतदक्षरमिदꣳसर्वंतस्योपव्याख्यानंभूतंभवद्भविष्यदितिसर्वमोंकारएव । यच्चान्यत्त्रिकालातीतंतदप्योंकारएव १ ॥

हे सौम्य, यह [जिसको उद्देश करके मंगलाचरण किया, तिसको कथन करने को आदिबिषे व्याख्यान करनेयोग्य मंत्रके प्रतीक (प्रथमपद) को ग्रहण करते हैं] ॐ इसप्रकारका जो अक्षरहै, सो यह सर्वहै । तिसका उपव्याख्यान वेदान्त [यह क्या शास्त्रपने करके व्याख्यान करने को इच्छित है, वा प्रकरणपने करके व्याख्यान करने को इच्छित है । तहां जो प्रथमपक्ष कहो कि शास्त्रपने करके व्याख्यान करनेको इच्छितहै, सो बने नहीं, क्योंकि इसबिषे शास्त्रके लक्षणके अभावसे इस ग्रन्थको अशास्त्रपनाहै ताते । अरु एक प्रयोजन से सम्बन्धवाला सर्व अर्थका प्रतिपादक शास्त्रहोताहै । सो इस ग्रन्थबिषे एक मोक्षरूप प्रयोजनपना तो है परन्तु सर्व अर्थका प्रतिपादकपनानहीं । एतदर्थ शास्त्रके लक्षणके अभावसे इसग्रन्थको अशास्त्रपना युक्तही है ॥ अरु जो द्वितीयपक्ष कहो कि इसको प्रकरणपने करके युक्त होने से व्याख्यान करने को इच्छित है, तो सो भी बने नहीं, क्योंकि प्रकरणके लक्षण का भी इसबिषे अभाव है । यह आशंका करके कहेहै । यहां यह अर्थ है कि शास्त्रके एकदेशसे सम्बन्धवाला अरु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

शास्त्रके अन्यकार्य बिषे स्थित जो होय सो प्रकरण ऐसा कहतेहैं। अरु यहग्रन्थ प्रकरणपने करके व्याख्यान करने को इच्छित है क्योंकि यह निर्गुण वस्तुमात्र का प्रतिपादकहै ताते, अरु तिसके प्रतिपादन के संक्षेपरूप अन्यकार्योंका भी होनाहै ताते,इसग्रन्थ बिषे प्रकरणके लक्षण सर्वही हैं ताते (यहग्रन्थ व्याख्यान करने को इच्छित है)] शास्त्रके अर्थकासार संग्रहरूप चारप्रकरणवाला " ॐ मित्येतदक्षरमित्यादि " (यह ॐ इसप्रकारका अक्षर है) इत्यादिरूप ग्रन्थ है तिसका आरम्भ करते हैं [इसग्रन्थ को प्रकरण रूपहुये भी विषयादिक अनुबन्ध रहिततारूप. दोषकी की हुई इस ग्रंथके व्याख्यान करनेकी अयोग्यताहै, यह आशंका करके कहतेहैं] याहीते इससे पृथक् सम्बन्ध विषयअरु प्रयोजन कथनकरनेको योग्य नहीं, किन्तु जो वेदान्तशास्त्रबिषे सम्बन्ध विषय अरु प्रयोजनहैं सोई यहां कथनकरनेयोग्यहैं । तथापि प्रकरणके व्याख्यान करनेकी इच्छावाले पुरुषकरके संक्षेपसे कथन करनेयोग्यहै । तहां श्रीभाष्यकार स्वामीकरके प्रयोजनादि अनुबन्धके कथनकी योग्यताके सिद्धहोनेसे शास्त्रअरु प्रकरणकेमोक्षरूप प्रयोजनवान्पनेकी प्रतिज्ञा करतेहैं] प्रयोजनवत् साधनोंका प्रकाशक होनेकरके विषयसे सम्बन्धवाला जोशास्त्र सो परम्परासे श्रेष्ठ 'विषय, सम्बन्ध, अरु प्रयोजनवाला होताहै ॥प्र०॥ पुनः तिसकाप्रयोजन क्याहै, ॥उ०॥ तहांकहतेहैं, जैसेरोगकरके आतुरपुरुषको रोगकी निवृत्ति होनेसे स्वस्थता होतीहै, तैसेही (अन्तःकरणादि उपाधिवाले) दुःखी आत्माको (दुःखकेहेतु) द्वैतप्रपंचकी निवृत्तिके होनेसे जो अद्वैतभावरूप स्वस्थताहोवे है सोईप्रयोजनहै । अरु द्वैतप्रपंच अविद्याका कियाहै अतएव विद्याकरके तिसकी निवृत्ति होतीहै एतदर्थ ब्रह्मविद्याके प्रकाशनार्थ इसग्रंथका आरंभ करतेहैं "यत्रहि द्वैतमिवभवति"। "यत्रवाऽन्यदिवस्यात्तत्रान्योऽन्यत्पश्येदन्योऽन्यद्विजानीयात्,, "यत्रत्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केनकंपश्येत्केनकं तद्विजानीयात्, इत्यादि " (जहां

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्वैतवत् होताहै, जहांवा अन्यवत् होताहै, तहां अन्य अन्यकोदेखे, अन्य अन्यको जाने । अरु जहांतो इसको सर्व आत्माही होता हुआ तहां किसकरके किसकोदेखे किसकरकेकिसको जाने । इत्यादि अनेक श्रुतियोंके प्रमाणकरके इसअर्थकी सिद्धिहै । तहां [विषय प्रयोजनादि अनुबन्धके आरंभद्वारा ग्रंथके आरंभके स्थितहुये आदिबिषे इस ‌कारिकारूप‌ ग्रंथके चारप्रकरण एकसेएक अमिलित विषय, ज्ञानकी सुगमताके अर्थ सूचनकरनेको योग्यहै, इस प्रकार कहके प्रथम प्रकरणके विषयकोनिरूपण करतेहैं] ‌गौड़पादीय कारिकाबिषे‌ प्रथम ॐकारके निर्णयार्थ आगमप्रधान आत्मतत्त्वके निश्चयका उपायरूप प्रथम प्रकरण है । अरु रज्जुआदिकों बिषे सर्पादिकोंके विकल्पकी निवृत्ति होनेसे रज्जुकेयथार्थ स्वरूपकी प्राप्तिवत्, जिस [अब वैतथ्यनामक द्वितीय प्रकरण के अवान्तर विषयको देखावते हैं] द्वैतप्रपंचकी निवृत्ति होनेसे अद्वैतकी प्राप्तिहोतीहै, तिस द्वैतके हेतुसे मिथ्यापनेके प्रतिपादनार्थ द्वितीय प्रकरणहै । [अब अद्वैत नामक तृतीय प्रकरणकेअर्थ विशेषकेकहनेकाआरंभ करतेहैं] तैसे अद्वैतकोभी ‌द्वैतकी सापेक्षतासे‌ मिथ्यापनेकी प्राप्तिकेहुये युक्तिसे तिसके परमार्थ पनेके लखावनेके अर्थ तृतीयप्रकरणहै [अब अलातशान्ति नामक चतुर्थ प्रकरणके अर्थ विशेषको कहतेहैं] अद्वैतके परमार्थभावके निश्चयके बिरोधरूप जे वेदविरुद्ध अन्यबादहैं तिनको परस्पर में विरोधी होनेसे उनको अयथार्थताके कारण युक्तिकरकेही तिनके निराकरणार्थ चतुर्थ प्रकरणहै । पुनः [ॐकारके निर्णयरूप द्वार से आत्मज्ञान प्राप्तिका उपायरूप प्रथम प्रकरणहै, इसप्रकारजो कहा सो अयुक्तहै, क्योंकि ॐकारके निर्णयको आत्मज्ञान होने की हेतुताकी अयोग्यता है ‌अर्थात् आत्मज्ञान होनेकी हेतुताके योग्य ॐकारका विचार नहीं‌ । अरु अन्य अर्थकाज्ञान अन्यअर्थ के ज्ञानबिषे व्याप्तिबिना उपयोगताको पावता नहीं, अर्थात् ॐकारके अर्थका ज्ञान आत्मज्ञानके अर्थज्ञानमें अव्याप्त होने से

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐकारके अर्थकाज्ञान आत्मज्ञानहोनेमें उपयोगी होतानहीं अरु यहां (ॐकारके विचार अरु आत्मज्ञानबिषे) धूम अरु अग्निवत् व्याप्ति देखते नहीं, अरु ॐकारको आत्माका कार्यपना युक्तनहीं। क्योंकि आकाशादिकोंका अवशेषहै ताते । अरु तिस ॐकारको आत्मावत् सर्व्वात्मा होनेकरके तिसके कार्यपने का व्याघात है ताते । इसप्रकार मानताहुआ वादी पूर्वकहेप्रमाण प्रथम प्रकरणके अर्थबिषे आक्षेप करेहै] ॐकारके निर्णयबिषे आत्मतत्त्वकी प्राप्तिका उपायपना कैसे प्रतिपादन करतेहो, इस शंकापर कहतेहैं [हम (धूम अग्निवत्) अनुमान प्रमाणके आश्रयसे ॐकारके निर्णयको आत्मज्ञानका उपायनहीं जानते कि जिसकरके व्याप्तिका अभावरूप दोष प्राप्तहोवे, किन्तु श्रुतिवाक्यके शब्द प्रमाण से ॐकारका निर्णय आत्मज्ञानका हेतुहै, इसप्रकार समाधान करतेहैं]"ॐमित्येतत्,,। "एतदालम्बनंश्रेष्ठम्,,।"एतद्वै सत्यकाम परञ्चापरञ्च ब्रह्म यदोंकारः । तस्माद्विद्वानेतेनैवायतने नैकतर मन्वेति,,। "ॐमित्यात्मानंयुञ्जीत,, ।"ॐमितिब्रह्म ,,। "ॐ कार एवेदं सर्वम् " (ॐ इसप्रकारका यह, आलम्बन श्रेष्ठ है, हे सत्यकाम यह जो पर अरु अपररूप ब्रह्महै सो ॐकार है, ताते विद्वान् इसही साधनसे उभयके मध्य एकको प्राप्तहोता है, ॐ इसप्रकार आत्मा (बुद्धि) को योजनाकरे, ॐयह ब्रह्महै, ॐकार हीयह सर्व है । इत्यादि अनेक श्रुतियोंके प्रमाणसे । सर्पादि [ननु आपकरके व्याप्तहुये भ्रांतिवाले सन्मात्र चिदात्माबिषे प्राणादि विकल्पको कल्पित होनेसे आत्माको सर्वका आश्रयपनाहै परन्तु ॐकारको वोसर्वका आश्रयपनाहै नहीं क्योंकि तिसके अनुस्यूतपनेका अभावहै ताते, यह आशंका होनेसे तहां कहतेहैं] विकल्प के आश्रय रज्ज्वादिकोंवत्, जैसे अद्वैतरूप आत्मा परमार्थकरके सत् रूपहुआ प्राणादि विकल्पोंका आश्रय है । तैसे प्राणादिरूप विकल्पों को विषय करनेवाला वाणीरूप प्रपंच ॐकारही है । अरु सो [ननु अर्थों के समूह को आत्मरूप आश्रयवाला होने

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करके, अरुॐकाररूप आश्रयवालाहोनेकरके, वाणीरूप प्रपंचको दोनों आश्रय प्राप्तहुये, ऐसा कहना बनेनहीं, इसप्रकार कहते हैं] ॐकार आत्माका स्वरूपही है, क्योंकि ॐकार आत्माका वाचक है ताते । अरु ॐकार के विकार शब्दके उच्चारणका विषय प्राणादिसर्व आत्माका विकल्पनामसे भिन्ननहीं, क्योंकि "वाचारम्भणंविकारोनामधेयं,, (वाणी से उच्चारण किया विकार नाममात्र है) अरु " तदस्येदंवाचातन्त्या नामभिर्दामभिःसर्व्वं सितम् ,, । "सर्व्वंहीदंनामानीत्यादि,, (सो इसका यह सर्ववाणी रूप तन्तुसे नामरूपा दामों (रज्जुओं) से बद्ध (बँधे) हैं । सर्व ही यह नामबिषे हैं । इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाणसे ॐकारको सर्व का आश्रयपना बनेहै । [प्रथम प्रकरणके अर्थको प्रतिपादन करके तिस अर्थबिषे मूल श्रुतिको प्रकट करते हैं] एतदर्थ यह श्रुति "ॐमित्येतदक्षरमिदꣳसर्व्वं" (ॐइसप्रकारका यह अक्षर यह सर्वहै) इसप्रकारकहेहैं । जो यहविषयरूप अर्थोंका समूहहै तिसको नामसे अभिन्नहोने करके, अरु नामको ॐकारसे अभिन्नहोने करके ॐकारही यह सर्वहै । अरु जो परब्रह्म नामके कथनरूप उपाय पूर्वकही जानने में आवता है सो ॐकारही है । [अब "तस्य" (तिसका) इत्यादिरूप मूलश्रुतिकेभागको प्रकटकरके व्याख्यान करते हैं] "तस्योपव्याख्यानंभूतं भवद्भविष्यदिति सर्व्वमोंकारएव" (तिसका उपव्याख्यान है, 'भूत,वर्त्तमान, भविष्यत् यह सर्व ॐकारही है) अर्थात् तिस इस पर अरु अपर रूप 'ॐ, इसप्रकार के अक्षरको ब्रह्मकी प्राप्तिका उपाय होनेसे, अरु ब्रह्मके समीप (नाम) होनेकरके विप्रष्ठ कथनरूप प्रसंगबिषे प्राप्त जो उपाख्यान है, सो सम्यक्प्रकार जाननेके योग्यहै । अरु उक्त न्यायसे 'भूत, वर्त्तमान, भविष्यत् , इन तीनोंकालोंकरके परिच्छेद (भेद) करने के योग्य जो बस्तुहै सोभी सर्व ॐकारही है । "यच्चान्यत्त्रिकालातीतंतदप्योङ्कारएव" (जो अन्य तीनोंकालों से अतीत (भिन्न) है सो भी ॐकारही है) अर्थात् जो अन्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्व्वंह्येतद्ब्रह्मायमात्माब्रह्मसोयमात्माचतुष्पात्२

तीनोंकालों से पृथक् कार्यरूप लिंगसे जानने योग्य, अरु काल करके परिच्छेद करने को अयोग्य । कारणरूप । अव्याकृतादिक हैं । वा सर्वका कारण परमात्मा है । सो भी ॐकारही है । । अर्थात् आकाशको सर्वत्र पूर्ण होनेसे उसको देशकृत परिच्छेद नहीं, परन्तु "एतस्माद्वाएतस्मादात्मन आकाशःसंभूत" इत्यादि प्रमाणसे आकाशको उत्पत्तिवाला होनेसे वो अपनी उत्पत्ति के पूर्वकाल में अभावरूप है ताते आकाश को कालकृत परिच्छेदहै, ताते आकाशादि सर्वकार्य भूत, भविष्यत्, वर्त्तमान, इनकालत्रय कृत परिच्छेदवालाहै, अरु आकाशादि सर्वकार्योंका करण जे सत् चैतन्य परमात्मा ब्रह्महै सो "अजोनित्यः" इत्यादि अनेकश्रुतियों के प्रमाणसे उत्पत्ति विनाश से रहित अजन्मा नित्य सत्यहै, एतदर्थ उसबिषे कालकृत भी व्यवधान नहीं। इस कहने का अभिप्राय यह है कि "भूतंभवद्भविष्यदितिसर्व्वमोंकारएव" इस श्रुतिसे आकाशादि सर्व्वकार्य जो उत्पत्ति विनाशवालाहै सो सर्व कालत्रय के परिच्छेदवाला ॐकारका वाच्यहै "तदेववाच्यंप्रणवोहिवाचको" इत्यादिप्रमाणसे । अरु "यच्चान्यत्त्रिकालातीतं तदप्योंकारएव" इस श्रुतिवाक्यसे, जो कालत्रयके विच्छेदवाले कार्य्यरूप पदार्थोंसे अन्य जो सर्वका कारण अधिष्ठान सर्वात्मा परब्रह्महै सो ॐकारकालक्ष्यहै, ऐसाजानना ॥ यहां [वाच्य अरु वाचकको एकही सत् वस्तुबिषे कल्पितहोने करके तिनकी एकरूप ताको कथनकियाहैताते, पुनः ‹सर्वयहब्रह्महै› इसप्रकार क्यों कहते हैं, ऐसा जहां विकल्प है, तहां उक्त अर्थके अनुवादपूर्वक अग्रिमवाक्य के फलसहित तात्पर्य्यको कहते हैं] नाम (वाचक) अरु नामी (वाच्य) इनकी एकता के होने से भी नामकी प्राधान्यता से यह निर्देश कियाहै १ ॥

२ हेसौम्य, "ॐ" [वाच्यको वाचकपने के कथन करकेही ति

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

[वाच्य वाचककी] एकताकी सिद्धिसे, पुनः वाचककी वाच्य रूपताका कथनरूप व्यतिहार (उलटायकेकथन) करना व्यर्थ है, यह आशंका करके कहते हैं। यहां यहअर्थहै कि वाच्यसे वाचककी एकताको न कथन करके वाचकसेहीं वाचक की एकता के कथन करने से उपाय अरु उपेय की करीहुई जो एकता, सो मुख्यनहीं, किन्तु गौणहै, इसप्रकारकी आशंका प्राप्त होवेगी, तिसके निवारणार्थ व्यतिहारका कथन सफल है] "ॐमित्येतदक्षरमिदंसर्व्वं" इत्यादि नामकी प्रधानतासे निर्देशकरी वस्तुका पुनः नामी की प्रधानता से जो निर्देश कहिये कथन है, सो नाम अरु नामी की एकताके निश्चयार्थ है। अरु अन्यथा नामके बिषे नामीका निश्चय होवेगा, अरु नामीकी नामरूपता गौणहै, इस प्रकारकी शंका उत्पन्न होवेगी। अरुवाच्य अरु वाचकरूप नामी अरु नामकी एकता के निश्चयका इन दोनोंको एकही प्रयत्न से एक कालबिषेलय करता हुआ तिससे विलक्षण ब्रह्मको [कि जिसबिषे नाम अरु नामी इत्यादि कोई भी कल्पना नहीं] प्राप्तहोता है, यह प्रयोजन है। अरु तैसेही आगे कहेंगे कि "पादामात्रामात्राश्चपादा" (पाद जो हैं सो मात्रा हैं अरु जो मात्राहैं सो पादहैं)। सोई [कहेहुये वाचकके वाच्यसे अभेदबिषे वाच्यको प्रकटकरके योजना करते हैं] कहतेहैं "सर्व्वंह्येतद्ब्रह्मायमात्माब्रह्म"। (सर्वही यह ब्रह्महै, यह आत्माब्रह्म है) अर्थात् सो सर्वकार्य अरु कारणही ब्रह्महै। सर्व जो यह ॐकारमात्र है, इसप्रकार श्रुतिने कहाहै, सो यह ब्रह्महै। इसप्रकार सो परोक्षपने करके कथनकिये ब्रह्मको प्रत्यक्ष (अपरोक्ष) विशेष करके निर्देश करते हैं। यह आत्माब्रह्महै। यह "अयं" (यह) इसकरके विश्व, तैजस, प्राज्ञ, अरुतुरीय, इन चारपादवाला होने से विभाग को प्राप्तहुये आत्माको प्रत्यगात्मारूप होने करके कथन करने को जो इच्छित अर्थ तिसके निश्चयार्थकसाधारण शरीरके हस्ताग्र (अंगुली वा करतल) को अपने हृदय देशपर्यंत लेआवनेरूप व्या-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पारमय अभिनयसे "अयमात्मा" (यह आत्मा है) । (अर्थात् " अंगुष्ठमात्रःपुरुषोऽन्तरात्मा सदाजनानांहृदये सन्निविष्टः " इत्यादिश्रुतिप्रमाणसे अंगुष्ठप्रमाणहृदयनामक मांसपिंडी 'जो वक्षस्थलके मध्यहै, तिसकेसम्बन्धसे तिसकेमध्य 'घटमें आकाशवत्, अंगुष्ठमात्र चैतन्यपुरुष है तिसको सर्वका द्रष्टाहोने से प्रत्यक्षकरके 'अहं आत्माहै, इसप्रकार अंगुलि निर्देशसे कहतेहैं। इसप्रकार कहते हैं । (सोऽयमात्मा चतुष्पात् (सोयह आत्मा चारपादवाला है) अर्थात् सो [अब "सोऽयं" (सो यहहै) इत्यादिरूप अन्यवाक्य को प्रकटकरके व्याख्यानकरतेहैं] यह ॐकारका वाच्य अरु पर (सर्वाधिष्ठान) अरु अपर (प्रत्यगात्मा) रूप होनेकरके स्थितहुआ आत्मा चारपादवालाहै । तहांदृष्टान्त कहते हैं, कार्षापणके पादवत्, [आत्माको सर्वाधिष्ठान होने करके अपरोक्षतासे पर (श्रेष्ठ) पनाहै,अरु उसको प्रत्यगात्मरूपतासे अपर (अश्रेष्ठ) पनाहै, तिस हेतुकरके कार्यकारण रूपसे सर्वका स्वरूप (अपनाआप) होने करके स्थितहुआ जो आत्मा तिसके ज्ञानकी सुगमताके अर्थ उसबिषे चारपादकी कल्पना कियाहै, तिसबिषे दृष्टान्तकहते हैं । यहां यह अर्थहै कि कोई एक देशबिषे षोड्शपण अन्नके मापकरने के पात्र विशेषका नाम 'कार्षापण, कहते हैं, (अर्थात् किसी एकपात्र विशेषमें एकमनके प्रमाण अन्न विशेष पूर्णता से आवताहै अरु उसएकही पात्र में 'एकमन, पौनमन, आधमन, पावमन, इसप्रकारमापने के चार चिह्न होनेसे उसपात्रकी चारपादवाला कल्पना करते हैं तैसे । तहां उसपात्रबिषे व्यवहारकी बाहुल्यता सिद्ध्यर्थ पादोंकी विशेष कल्पना करते हैं, । तैसेही इस आत्मा बिषेभी पादोंकी कल्पना जाननी । परन्तु जैसे गौको चार पादवाली कहते हैं तैसे आत्मा चारपादवाला कहनेको शक्य नहीं,क्योंकि आत्माकोजोनिष्कल निरवयवादि भावकी प्रतिपादक श्रुतियां हैं तिनसे विरोधहोवेगा ताते] गौके पादवत् नहीं [विश्वसे आदिलेके तुरीयपर्यन्त चार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जागरितस्थानोबहिःप्रज्ञःसप्तांगएकोनविंशतिमुखः स्थूलभुग्वैश्वानरःप्रथमःपादः ३ ॥

पादरूपा पदार्थोंबिषे जो पाद शब्द है, सो जब करण व्युत्पत्ति वाला (अर्थात् साधनरूप अर्थवाला) होवे तब विश्वादिकोंवत् तुरीयकेभी साधन कोटिबिषे प्रवेशके होनेसे ज्ञेयवस्तुकी (अर्थात् मुमुक्षुपुरुष करके श्रवणादि साधनोंद्वारा तुरीयआत्माको आत्मत्वसे जाननाहै तिसकी) असिद्धि होवेगी, अरु जब पाद शब्द विश्वादिक सर्वबिषे कर्म व्युत्पत्ति (विषयरूपअर्थ) वालाहोवे है, तब सर्वको ज्ञेयरूप होनेसेउनको ज्ञानके साधनताकी असिद्धि होवेगी। यह आशंकाकरके पादशब्दकी प्रवृत्तिको विभागकरके प्रकट करतेहैं] विश्वादिक तीनोंके मध्य पूर्वपूर्व (पादोंकेउत्तर उत्तर पादों बिषे) विलयकरने से तुरीयाका निश्चय होता है। अरु इसप्रकार होनेसे पादशब्द तुरीयाके कारणभावका साधन होताहै, अरु प्राप्तहोता है। इसप्रकार होनेसे पादशब्द तुरीयके कर्म कहिये 'विषय, भावका साधन होताहै। परन्तुनिरवयवरूप आत्माको उभयप्रकारके पादोंकी कल्पना बनेनहीं २ ॥

३हेसौम्य, [आत्माकेचारपाद तो दूरसेही निषेधकिये हैं, इस प्रकार वादीशंकाकरे है] प्र० ॥ आत्माका चारपादकरके युक्तपना कैसेहै, उ० ॥ तहां कहते हैं, "जागरितस्थानोबहिःप्रज्ञः" (जागरितस्थान बहिःप्रज्ञ है) अर्थात् जाग्रत् अवस्था है (स्थान अर्थात् अभिमानका विषय) जिसका,ऐसा जागरितस्थानहै। अरु बहिर जो आत्मा को अपने आप आत्म त्वसे भिन्न विषय, तिन बिषे है प्रज्ञा [प्रज्ञाजो बुद्धि, तिसको प्रथम अन्तर होने की प्रसिद्धि से, तिसका "बहिःप्रज्ञः" (बाह्य के विषय वाली) यह विशेषण अयुक्त है, ऐसी आशंकाकरके तिसका व्याख्यान करते हैं। यहां यह भाव है कि, चैतन्यरूपजो स्वरूप भूत प्रज्ञा है सो बाह्य बिषयों बिषे भासती नहीं, क्योंकि वो प्रज्ञा बिषय

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

की अपेक्षासे रहितहै ताते, किन्तु बुद्धिरूपजो प्रज्ञाहै सो बाह्यके विषयों बिषे भासतीहै] जिसकी सो कहिये बहिःप्रज्ञ । अर्थात् अविद्याकृत [बाह्य विषयोंका वास्तवकरके अभावसे, वो प्रज्ञा (जो अन्तरहै) सो बाह्यविषयोंबिषे कैसे भासतीहै, ऐसीआशंका करके कहतेहैं । यहां यहतात्पर्य्य है कि, (आत्मविषयिणी)स्वरूपभूत जो प्रज्ञाहै, सो वास्तवसे बाह्यविषयवाली नहीं अंगीकार कियाहै, परन्तुबुद्धिवृत्तिरूप जो (विषयादिवस्तुविषयिणी निश्चयात्मक) अज्ञानकरके कल्पित प्रज्ञाहै, सो बाह्यविषयोंवालीप्रज्ञा होतीहै । अरु सो बुद्धिवृत्तिरूप प्रज्ञाभी वास्तवसे बाह्य विषय भावको अनुभव नहींकरती क्योंकि अज्ञानकरके कल्पित होनेसे वास्तवमें उस प्रज्ञाका अभावहै । अरुउस (प्रज्ञाका विषय) बाह्य विषयसोभी अज्ञानकरके कल्पित है ताते । एतदर्थ बुद्धिवृत्तिका जो बाह्य विषयोंका प्रकाशकपनाहै सो प्रातिभासिक (कल्पित) है]जो बाह्यप्रज्ञाहै सोबाह्यके विषयवाली (विषयाकार)ही भासे है तैसे [अबपूर्व के विशेषणसे इतर विशेषणको योजनाकरते हैं] "तस्यहवैतस्यात्मनो वैश्वानरस्यमूर्द्धैव सुतेजाश्चक्षुर्विश्वरूपः प्राणःपृथग्वर्त्मात्मा सन्देहोबहुलोवस्तिरेवरयिः पृथिव्येवपादौ" "अग्निहोत्र कल्पनाशेषत्वेनाग्निमुखत्वेनाहवनीय उक्त" (तिस इस वैश्वानररूप आत्माका सुन्दरतेजवाला स्वर्गलोक मस्तक है, अरु श्वेतरक्तादि नानाप्रकारके गुणोंवाला सूर्य्य उसका चक्षु है, अरु नानाप्रकारकी (तिर्यक्) गतिसे विचरनेके स्वभाववाला वायु उसका प्राणहै, अरु विस्तृततारूपगुणवाला आकाश उसका देहमध्यभाग है, अरु उनका हेतुरूप जल उसका मूत्रस्थान है, अरु पृथिवी उसके दो पादहैं । अरु अग्निहोत्रकी कल्पना बिषे उपयोगी होनेकरके आहवनीय नामवाला जो अग्निहै सो उसके मुखरूपसे कहाहै (इसप्रकारश्रुतिकरके उक्त यहसातहैं अंगजिसके ऐसा "सप्तांग" (सातअंगवाला) है । अरु "एकोनविंशतिमुखः" (एक ऊन बीस मुखवालाहै) अर्थात् तैसेही [अब अन्य विशेष-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

णोंकी योजना करतेहैं] पांच ज्ञानेन्द्रिय अरु पांचकर्म्मेन्द्रिय, अरु प्राणादिभेदसे पांच वायु, अरु 'मन, बुद्धि, चित्त, अरु अहंकार, यह चार अन्तःकरणकी वृत्तियां, यह सर्व मिलके हुये जो उन्नीस १९ सोई मुखवत् उसके मुख (ज्ञानकेद्वार) [यहां ज्ञानपदकर्मकाउपलक्षण है, एतदर्थ ज्ञानके साधन अरु कर्मके साधन इस विश्व नामवाले जीवके मुख (ज्ञान अरु कर्मके साधन) हैं। यहांइस प्रकार विवेचनकरने को योग्य है, तहां पांच ज्ञानेन्द्रियां अरु एक मन अरु एक बुद्धि इनसातको पदार्थोंको को ज्ञानबिषे साधनपना प्रसिद्ध है, अरु वागादि कर्मेन्द्रियों को वचनादि कर्म्मों बिषे साधनपना प्रसिद्ध है। पुनः प्राणोंको ज्ञान अरु कर्म इन दोनों बिषे परम्परासे साधनपना है। क्योंकि प्राणोंके होनेसेही ज्ञान अरु कर्मकी उपपत्तिहै, अरु तिनकेअभावसे ज्ञान कर्मकीअनुपपत्तिहै ताते। अरु अहंकार कोभी प्राणवत् ज्ञान कर्म दोनोंबिषे साधनपना माननेके योग्यहीहै। अरु चित्तकोभी चैतन्याभासके उदयबिषे साधनपना कहाहै] जिसके, इसप्रकारका उन्नीस १९ मुखवाला है। अरु "स्थूलभुग्वैश्वानरःप्रथमःपादः"। (स्थूल भुक् वैश्वानर है सो प्रथम पादहै) अर्थात् [पूर्वोक्त विशेषणों करके युक्त वैश्वानरका "स्थूलभुक्" ऐसा अन्य विशेषण है, तिसका विभागकरते हैं, यहां शब्दादिक विषयोंका स्थूलपना है सो दिशादिक देवताके अनुग्रह सहित श्रोत्रादिक इन्द्रियों से ग्रहणहोनेरूप है] सो ऐसे विशेषणोंवाला वैश्वानर उक्त उन्नीस द्वारोंसे शब्दादिक स्थूल विषयोंको भोगता है ताते सो 'स्थूल भुक् है, अरु [अब वैश्वानर शब्दका प्रसंग बिषे प्राप्त विश्व जीवको विषय करनेपना स्पष्ट करते हैं] "विश्वेषांनराणामनेकधानयनाद्विश्वानरः । यद्वाविश्वश्चासौ नरश्चेति विश्वानरः विश्वानर एव वैश्वानरः" (सर्व नरों को अनेक प्रकारसे लेजाता है एतदर्थ विश्वानर है। अथवा विश्व ऐसा जो नर सो कहिये विश्वानर। विश्वानरही सर्व [विश्व ऐसा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जो नर, सो कहिये वैश्वानर । इसप्रकार से सर्व नरों की एकता कैसे बनेगी, क्योंकि जाग्रदवस्थावाले नरोंको अनेकरूपता होनेसे तिनके तादात्म्यका असंभव है ताते, यह आशंका करके कहतेहैं । यहां सर्वपिंडोंका स्वरूप समष्टि विराट् कहतेहैं, ताते तिस विराट् रूपसे सर्व विश्वजीवोंको अभिन्नहोनेसेउक्तार्थ की सिद्धिहै] पिंडके स्वरूपसे अभिन्न होनेकरके वैश्वानरहै, सो प्रथम पादहै [ननु विश्वकी तैजससे उत्पत्तिके होनेसे तिस तैजसकाही प्रथमपनायुक्त है, अरु कार्यको पश्चात्होना उचित है, यह आशंका करके कहतेहैं, यहां यह अर्थ है कि विश्वको जो प्रथमपना है सो लयकरनेकी अपेक्षासे है, उत्पत्तिकी अपेक्षासे नहीं] अरु पिछले तीनपादके ज्ञानको इसके ज्ञानपूर्वक होनेसे इस वैश्वानरको प्रथमपना है शंका "अयमात्माब्रह्म, सोयमात्माचतुष्पात्" यहआत्माब्रह्महै सोयहआत्मा चारपादोंवालाहै) [अबअध्यात्म(व्यष्टि)अरु अधिदैव(समष्टि)के भेदको लेके पूर्वोक्त विश्वके सप्तांगपनके अर्थवादीआक्षेपकरताहै]इसद्वितीयवाक्यसे प्रत्यगात्माके चारपादकरके युक्तपनेरूप प्रसंग विषे, स्वर्ग लोकादिकों का मस्तकादि अंगपना कैसेकहा, तहां कहतेहैं ,[अध्यात्म (विश्व) अरु अधिदैव (विराट्) के भेदके अभाव होनेसे विश्वको पूर्वोक्त सप्तांगपने का विरोध है नहीं, इसप्रकार (आक्षेपका) परिहारकरते हैं यहां कथनाकिये हेतुका यह भावार्थहै कि,अधिदैव करके सहित पंचीकृत पंचमहाभूत अरु तिनके कार्यरूप सर्वही स्थूलरूप अध्यात्म प्रपंचको इसविराट् स्वरूपसे प्रथमपादपना है । अरु अपंचीकृत पंचमहाभूत अरु तिसके कार्यसूक्ष्मरूप तिस अध्यात्म प्रपंचकोही हिरण्यगर्भरूपसे द्वितीयपादपना है । अरु कार्यरूपताको त्यागके कारणरूपताको प्राप्तहुये तिसही अध्यात्म प्रपंचको अव्याकृत रूपसे तृतीय पादपनाहै । अरु कार्य कारणताको त्यागके सर्वकल्पनाके अधिष्ठानपनेकरके स्थितहुये तिसही को 'सत्य, ज्ञान, अनन्त, अरु अद्वय आनन्द, रूपसे चतुर्थ पाद-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पनाहै । अतएव ऐसे अध्यात्म अरु अधिदैवके अभेदको लेकेउक्त प्रकारसे चारपादवान्पनेको कहने को इच्छित होने से पूर्व पूर्व पादको उत्तरोत्तर पादरूपसे विलय करनेसे जिज्ञासुकी तुरीय स्वरूप बिषे स्थिति सिद्धहोतीहै] यह दोषहै नहीं, क्योंकि अधिदैव सहित सर्वप्रपंचके इसआत्माके स्वरूपसे चारपादपनाकहने को इच्छित होनेकरके । अरु ऐसे [जब इसप्रकार जिज्ञासु मुमुक्षुकी तुरीय बिषे स्थिति अंगीकार करते हैं, तब तत्त्वज्ञानके प्रतिबंधक प्रातिभासिक कहिये कल्पित द्वैतकी निवृत्ति के हुये (अद्वैत परिपूर्णब्रह्ममैंहौं) इसप्रकार महावाक्यार्थका साक्षात्कार सिद्धहोवेहै, इसप्रकार फलितको कहतेहैं] सर्व प्रपंचकीनिवृत्तिके हुये, अद्वैतकी सिद्धिहोती है, सो सर्व भूतोंबिषे स्थित एक आत्मा देखा (अनुभवकिया) होताहै, अरु सर्व भूत आत्माबिषेदेखे हुये होतेहैं । इसप्रकार " यस्तुसर्वाणिभूतान्यात्मन्येवानुपश्यति " (जो सर्वभूतोंकोआत्माबिषेही देखताहै) इसईशावास्यउपनिषद्के षष्ठ मन्त्ररूप श्रुतिका अर्थ समाप्त कियाहोताहै [अध्यात्म अरु अधिदैवके अभेदके अंगीकार रूपद्वारसे पूर्वोक्तरीत्या तत्त्व ज्ञानके (होनेके) अंगीकारबिषे दोष कहते हैं] अन्यथा अपने देहकरके परिच्छिन्नही प्रत्यगात्मा सांख्यादिमतवादियोंवत् अनुभव कियाहोवेगा । अरु तैसे [ननु, आत्माकी एकता बिषे सुखादिकोंके भेदकी व्यवस्थाके असंभवसे (अर्थात् जो कदापि सर्व शरीरों में एकही आत्मा मानिये तो एकके सुखसे सर्वही सुखी, अरु एकके दुःखसे सर्वही दुःखी, अरु एकके बद्धसे सर्वही बद्ध, अरु एकके मुक्तसे सर्वही मुक्त, ऐसाहोना चाहिये, परन्तु सोन होके कोई सुखी है, कोई दुःखी है, कोई बद्धहै, कोई मुक्त है, सो सर्वको प्रकट अरु युक्तही है, अरु शरीर २ प्रति भिन्न भिन्न आत्मा माननेसे कोई सुखी अरु कोई दुःखी इत्यादि जो लोक बिषेव्यवस्था है सो यथार्थ है अरुसोई सर्व शरीरोंबिषे भिन्न भिन्न आत्माकाबोधक लिंग है (शरीर शरीरकेप्रति आत्माका भेद

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सिद्ध होताहै, । यह आशंकाकरके कहते हैं । यहां यह अर्थहै कि सांख्यादि शास्त्रोंकोजो द्वैतकोविषयकरनेवाला ज्ञानहै सो बांछितहै, तिसकरके अद्वैतको विषयकरनेवाले तेरे सिद्धान्तके विशेषके अभावसे तेरे पक्षबिषे अद्वैत तत्त्व है । इसरीतिका श्रुतिसिद्ध विशेष सिद्ध न होवेगा । एतदर्थ भेदवादबिषे श्रुतिकाविरोध प्राप्त होवेगा । अरु सुख दुःखादिकोंकी व्यवस्था तो उपाधिके किये भेदको आश्रय करके सिद्ध होतीहै] होनेसे अद्वैतहै, इसप्रकार श्रुतिका किया विशेष न होगा, क्योंकि सांख्यादिकोंके मतकरके अविशेषसे । अरु [ननु, भेदवाद बिषेभी अद्वैतकी श्रुति विरोधको पावती नहीं, क्योंकि ध्यानार्थ "अन्नंब्रह्मेति, विजानीयात्" इस वाक्यवत् ' अद्वैत तत्त्वहै, इस उपदेशकी सिद्धिहै, यह आशंका करके कहते हैं; यहां यह अर्थहै कि उपक्रम अरु उपसंहार की एकरूपतादि लिंग (चिह्न) से सर्व उपनिषदोंका सर्व देहों बिषे आत्माकी एकताके प्रतिपादनबिषे तात्पर्य्य इच्छित है, एतदर्थ अद्वैत श्रुतिका ध्यानरूप अर्थवान्पना इच्छा करनेको शक्यनहीं क्योंकि एकतारूप वस्तुबिषे तात्पर्य्यके लिंगका अभावहै ताते] सर्व उपनिषदों को सर्वात्माकी एकताका प्रतिपादकपना अंगीकार करते हैं [अध्यात्म अरु अधिदैवकी एकताको अंगीकार करके अद्वैतबिषे तात्पर्य्यकेसिद्धहुये अध्यात्मिकरूप व्यष्टिस्वरूप विश्वकी त्रैलोक्यस्वरूप अधिदैवरूप विराट्के साथ एकता को ग्रहण करके, जो तिस विश्वका सप्तांगवान्पना पूर्व कहाहै, सो अविरुद्ध है, इसप्रकार समाप्त करते हैं] याते इस अध्यात्ममय पिंडरूप आत्माकी स्वर्गलोकादि अंगोंसे युक्तताकरके अधिदैव रूप विराट् आत्मासे एकताके अभिप्रायसे सप्तांग करके युक्तता का वचनहै । क्योंकि " मूर्द्धातेव्यपतिष्यदिति " (मस्तक तेरापतनहुआ) अर्थात् [अध्यात्म अरु अधिदैवकी एकताबिषे अन्य हेतुकहेहैं] इत्यादि लिंगको देखतेहैं ताते । अरुयहां [ननु, मूलग्रंथबिषे विराट्की विश्वसेएकताही देखतेहैं । ताते सम्पूर्णता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करके अध्यात्म अरु अधिदैवकी एकताको कहना वाञ्छितकरके भाष्यकारने अद्वैत बिषे तात्पर्यको कैसे कहाहै, इस शंकापर कहते हैं, यहां यह अर्थहै कि जो मुखसे विराट्की एकता देखाई, सो तो हिरण्यगर्भकी तैजससे, अरु अव्याकृतनाम उपाधिवाले अन्तर्यामीकी प्राज्ञसे जो एकताहै तिसके उपलक्षणार्थहै।एतदर्थ मूलग्रंथबिषे भी सम्पूर्णता करके अध्यात्म अरु अधिदैवकी एकता कहनेको इच्छित है। इसहीसे अद्वैतबिषे तात्पर्यकी सिद्धि है] बिराट्की जो एकताहै सो हिरण्यगर्भ अरु अव्याकृतरूप आत्मा के उपलक्षणार्थ है। यह मधुब्राह्मणबिषे कहाहै " यश्चायमस्यां पृथिव्यां तेजो मयोऽमृतमयः पुरुषोयश्चायमध्यात्म मित्यादि " (जो इस पृथिवी बिषे तेजोमय अमृतमय पुरुषहै, अरु जो यह अध्यात्म है) इत्यादिक वाक्योंसे। अरु [ननु, विश्व अरु बिराट् को स्थूल प्रपंचके अभिमानी होनेसे, अरु तैजस, हिरण्यगर्भको सूक्ष्म प्रपंचके अभिमानी होनेसे तिनकी एकता युक्तहै, परन्तु प्राज्ञ अरु अव्याकृतकी किस तुल्यतासे एकताहै, इसप्रकार की शंकाके हुये, कहते हैं, यहां यह अर्थहै कि प्राज्ञजो है सो सुषुप्ति बिषे सर्वबिशेषको लयकरके निर्विशेष होताहै, अरु अव्याकृतजो है सो प्रलयदशाबिषे सर्व बिशेषको अपनेबिषे लयकरके निर्विशेष रूपसे स्थितहोताहै, ताते उक्त तुल्यताको पूर्व करके तिन प्राज्ञ अरु अव्याकृतकी एकता अबिरुद्ध है] प्राज्ञ अरु अव्याकृतकी एकता तो सिद्धही है, क्योंकि दोनोंकी निर्विशेष रूपताहै ताते। इसप्रकार [पूर्वोक्तरीत्या अध्यात्म (व्यष्टि) अरु अधिदैव(समष्टि) की एकताके सिद्धहुये द्वैतके बिलयकी प्रक्रियासे अद्वैत सिद्ध हुआ, इसप्रकार फलित, अर्थात् सिद्धहुये, अर्थको कहते हैं] सर्व द्वैतकी निवृत्तिके हुये " एकमेवाद्वितीयम् " एक अद्वैत है यह सिद्ध हुआ ३ ॥

४ हे सौम्य,[उक्तप्रकार आत्माके विश्वरूप प्रथमपाद को व्याख्यान करके, अब तैजसरूप द्वितीयपादको प्रकटकरके ति-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वप्नस्थानोऽन्तःप्रज्ञः सप्तांगएकोनविंशतिमुखः प्रविविक्तभुक्तैजसोद्वितीयःपादः ४ ॥

सका व्याख्यान करते हैं] " स्वप्नस्थानो " (स्वप्नरूप स्थान वाला) अर्थात् स्वप्न, हे ममलक्षण अभिमानका विषयरूपस्थान जिस तैजसरूप द्रष्टाका ऐसा जो ,स्वप्नस्थानवाला, ['स्वप्न' इस पदके निरूपणार्थ तिसके कारणको निरूपण करते हैं] जाग्रत् की जोप्रज्ञा (बुद्धि) है सो अनेक साधनोंवाली अरुबाह्य (स्थूल) को बिषयकरनेवाली हुयेवत् भासमान, अरु मनरूप स्फुरण-मात्रहुई तिसप्रकारके संस्कारको मनबिषे धारणकरे है । तैसे संस्कारवाला सोमन, चित्रित [जाग्रत्की वासनाकरके युक्त हुआ जो मन सो स्वप्नबिषे जाग्रत्वत् भासताहै, इस अर्थ बिषे दृष्टान्त कहतेहैं । जैसे चित्रकरके युक्त हुआजो पट सो चित्रवत् भासताहै । अर्थात् अनेक रंगोंके सूत्रकरके निर्मित बेल बूटादि वाला पट चित्रवत् भासताहै । तैसे जाग्रत्के संस्कार करके(जो मनही करके कल्पित हैं) युक्त हुआ जोमन सो जाग्रत्वत्ही भासताहै, यह युक्तहै, इत्यर्थः] पटवत्बाह्यके साधनकी अपेक्षा से रहित, अरु,अविद्या,काम, कर्म,से प्रेरणाको प्राप्तहुआ जाग्रत् वत् भासताहै । अरु ऐसेही वृहदारण्यकी श्रुतिबिषे कहा भी है " अस्य लोकस्य सर्व्वावतोमात्रामपादायेति" " तथा परे देवे मनस्येकीभवतीति" "प्रस्तुत्यात्रैष देवःस्वप्नेमहिमानमनुभवती त्याथर्व्वणे" (इस सर्व साधनकी सम्पत्तिवाले लोककी मात्रा (लेशरूप वा सूक्ष्म वासना) को ग्रहणकरके सोवता है) अरु ऐसेही अथवणवेदके ब्राह्मण प्रश्नोपनिषद्बिषेभीकहाहै, तथाच (मनरूप परदेव बिषे एकवत् होताहै) ऐसे प्रसंग बिषेप्राप्तकरके (इस स्वप्नबिषे यह (मनाख्य) देव महिमाको अनुभव करताहै) अरु [ननु विश्वकी बाह्यइन्द्रियों से जन्य प्रज्ञाको, अरु तैजस की मनसे जन्य प्रज्ञाको अन्तर स्थितहोनेकी तुल्यता से, तैजस का

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

"अन्तःप्रज्ञः" (अन्तरकी प्रज्ञावाला) यह बिशेषण व्यावर्त्तक (विश्वादिकोंसे पृथक् करनेवाला) नहीं है, जहां ऐसी शंकाहै, तहां कहते हैं] इन्द्रियोंकी अपेक्षासे मनको अन्तर स्थित होनेकरके स्वप्नबिषे अन्तरहै, तिस मनकी वासनारूप प्रज्ञाहै जिसकी ऐसा जो "अन्तःप्रज्ञः" (अन्तरकी प्रज्ञावाला है) अरु "सप्ताङ्ग एकोन विंशतिमुखः" (सातअंग अरु उन्नीस मुखवाला है) । अर्थात् यह तैजस जो अन्तरकी प्रज्ञावालाहै सो । पूर्वके विश्ववत् सात अंग अरु उन्नीस मुखवालाहै। अरु "प्रविविक्तभुक्तैजसोद्वितीयः पादः" (वासनामय सूक्ष्म भोगवाला है तैजस द्वितीयपादहै) । अर्थात् प्रविविक्तभुक्, कहिये वासनामय सूक्ष्मभोग वा विरल भोगका भोक्ताहै । [ननु, विश्व अरु तैजसका "प्रविविक्तभुक्" (वासनामय सूक्ष्मभोगोंका भोक्ता) यह विशेषणतुल्यहै, क्योंकि विश्व अरु तैजस इन उभयकी बाह्य अरु अन्तर प्रज्ञाको भोज्यपनेकी तुल्यता है ताते, ऐसा जो वादीका कथन सो बने नहीं, क्योंकि उक्त उभयकी प्रज्ञाको भोज्यपने की तुल्यता के हुये भी तिस प्रज्ञाबिषे मध्यके भेदसे विश्वकी भोज्य (भोगने योग्य) जो प्रज्ञाहै, सो विषय सहित होनेसे स्थूलकरके जानी जातीहै। अरु जो तैजसकी प्रज्ञाहै सो विषयके सम्बन्ध से रहित केवल वासनामात्र रूपवाली है, इसकरके तैजस बिषे सूक्ष्मभोग सिद्धहोते हैं, इसप्रकार कहाहै] जाग्रत् बिषे विश्वको बिषयसहित होनेसे स्थूल प्रज्ञाका भोग्यपनाहै। अरु यहां स्वप्नबिषे जिसकरके केवल वासनामात्र स्वरूपवाली प्रज्ञा भोग्यहै, एतदर्थ प्रविविक्त (सूक्ष्म) भोगहै। अरु [स्वप्नके अभिमानी को तेजके कार्यहोनेके अभाव से तैजसपना काहेसे होवेगा, यह आशंका करके कहतेहैं] बिषय रहित केवल प्रकाशस्वरूप प्रज्ञाबिषे प्रकाशकपने करके होवे हैं। अर्थात् स्वप्नका अभिमानी तेजकाकार्य नहीं परन्तु स्वप्न का प्रकाशक है एतदर्थ उसको तैजसपना होता है । इसकरके जो तैजसहै सो द्वितीयपाद है ४ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यत्रसुप्तोनकंचनकामंकामयतेनकंचनस्वप्नंपश्यति तत्सुषुप्तम् । सुषुप्तस्थानएकीभूतःप्रज्ञानघनएवानन्द मयोह्यानन्दभुक्चेतोमुखःप्राज्ञस्तृतीयःपादः ५ ॥

५ हे सौम्य, [उक्तप्रकार (विश्व अरु तैजस) दोनों पादों की व्याख्याकरके अब तृतीयपादके व्याख्यान करतसन्ते व्याख्यान करने के योग्य श्रुतिबिषे "नकंचन." (किसीकोभी नहीं) इत्यादि विशेषणों के तात्पर्य को कहते हैं। यहां यह अर्थ है कि स्थूल विषयवाले ज्ञानकी जहां प्रवृत्ति है ऐसा जो जाग्रदादिथा सो दर्शन वृत्तिकहतेहैं अरु स्थूलबिषयके दर्शनसे (ज्ञान) से इतर जे दर्शन (ज्ञान) सो केवल वासनामात्र होनेसे अदर्शन है,तिस (वासना मयकी) वृत्ति जहां है सो स्वप्न, तिस स्वप्नको अदर्शनवृत्ति कहते हैं। अरु तिन (दर्शनवृत्ति, अरु अदर्शनवृत्ति) दोनों बिषे सुषुप्तिवत् तत्त्वके अग्रहणरूप निद्राको तुल्यहोने से। "यत्रसुप्तो" (जहां सोआहुआ) इत्यादि विशेषणोंकी तिन (उक्तउभय वृत्तियों में) प्राप्तिकेहुये, तिनसे भिन्नकरके सुषुप्तिके ग्रहणार्थ "यत्र सुप्तो" (जहां सोआहुआ) इत्यादिरूप मूलश्रुतिके वाक्यबिषे "नकंचन" (किसीको भी नहीं) इत्यादिरूप विशेषण हैं, सो जाग्रत् अरु स्वप्न उभयस्थानों से पृथक् करके सुषुप्तिको ही ग्रहण करावता है] "यत्रसुप्तोनकंचनकामं कामयतेनकंचनस्वप्नं पश्यतितत्सुषुप्तम्" (जहां सोआहुआ किसी भी कामकी कामना करता नहीं, किसी भी स्वप्नको देखता नहीं, सो सुषुप्तिवाला है) अर्थात् दर्शन (ज्ञान) अरु अदर्शन (अज्ञान) दोनोंवृत्तियांवाली जाग्रत् अरु स्वप्न अवस्थाबिषे सुषुप्तिवत् तत्त्वके अबोधरूपनिद्रा को तुल्य होनेकरके, सुषुप्तिके ग्रहणार्थ इसउपनिषद्के पंचममन्त्र (श्रुतिवाक्य) बिषे "यत्रसुप्तो" (जहां सोआहुआ) इत्यादि रूप विशेषणहैं। ["नकञ्चनस्वप्नंपश्यति" (किसी भी स्वप्नको देखता नहीं) इसही विशेषण करके दोनोंस्थानों (जाग्रत्स्वप्न)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

से सुषुप्तिकेभेदका सम्भवहोनेसे, अन्य विशेषण जो हैं सो "अकिञ्चित्कर" निष्प्रयोजनहैं, यह आशंकाकरके कहते हैं । यहां यह अर्थहै कि तत्त्वका अप्रबोधरूप जो निद्राहैतिसको जाग्रदादि तीनों अवस्थारूप स्थानोंबिषे तुल्यहोनेसे [तीनों स्थानोंको समता है, अतएव [जाग्रत् अरु स्वप्नसे विभाग करके सुषुप्तिके लखावनेके अर्थ अन्य " यत्रसुप्तो " इत्यादि विशेषण हैं] अथवा जाग्रदादि तीनों अवस्थारूप स्थानों बिषे भी तत्त्वकी अबोधतारूप जो निद्राहै सो समानहै, एतदर्थ पूर्वके जाग्रत् स्वप्नरूप स्थानों से सुषुप्तिरूप स्थानका विभाग करते हैं, जिस स्थान वा काल बिषे सोआ हुआ पुरुष किसीभी भोगकी इच्छा करतानहीं, अरु किसी भी स्वप्नको देखता नहीं । [एकही विशेषणको व्यावर्त्तकपने का संभव होनेसे, दो विशेषणोंका क्या प्रयोजनहै, यह आशंका कर के दोनों विशेषणोंको विकल्पकरके व्यावर्त्तपनेका संभवहै, ताते व्यर्थ नहोयके दोनोंही सप्रयोजनहैं, ऐसा मानके कहते हैं,] जिस करके सुषुप्तिबिषे पूर्वके जाग्रत् अरु स्वप्नरूपस्थानोंवत् विपरीत ग्रहणरूप स्वप्नका दर्शन वा कोईभी कामना विद्यमान नहीं है, एतदर्थ सो सुषुप्त कहिये सुषुप्तिहै । सो सुषुप्तिहै स्थान जिसप्रज्ञा का ऐसा सुषुप्तिस्थानवालाहै । अरु " सुषुप्तिस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानन्दमयो ह्यानन्दभुक् चेतोमुखः प्राज्ञस्तृतीयःपादः" (सुषुप्तिस्थानवालाहै, एकीभूत है, प्रज्ञानघनही होताहै, आनन्दमयहै, आनन्दका भोक्ताहै, चेतोमुखहै, प्राज्ञ, तृतीयपादहै) अर्थात् उक्तप्रकार सुषुप्तिरूप स्थानवालाहै, अरु एकीभूतहै, [उक्त दोनों (किसीभी बिषय वा भोगको इच्छता नहीं, अरु किसीभी स्वप्न को देखता नहीं, इन) विशेषणोंकरके विपरीत ग्रहणसे रहितपना अरु भोगके सम्बन्धसे रहितपना कहनेको इच्छित है] अरु जाग्रत् [इस द्वैतसहित प्राज्ञ जीवका एकीभूतपनेरूप विशेषण कैसे संभवे, यह आशंका करके कहते हैं] अरु स्वप्न दोनों अवस्थारूप स्थानों बिषे विभागकोपाया जो मनका स्फुरणरूप द्वैत

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कासमूह, सो जैसे अपुनरूप आत्मासे भिन्न है, तैसेही तिसरूप के अपरित्यागसे, रात्रिके अन्धकारकरके ग्रस्त दिशा वा दिवसवत् अविवेककरके युक्तहुआ अपने विस्तारसहित कारण(अव्याकृत) रूप होता है। तिस अवस्थाबिषे तिस (अव्याकृत, कारण रूप) उपाधिवाला हुआ आत्माको एकीभूत कहते हैं। [यद्यपि सुषुप्ति अवस्थाबिषे सर्व कार्योंका समूह कारणरूप होता है, तब तिसकारणरूप उपाधिवाला हुआ आत्मा 'एकीभूत, विशेषण वाला होताहै, तथापि कारणरूप उपाधिवाले आत्माका "प्रज्ञानघन" (प्रज्ञानघनहै) यह विशेषण अयुक्तहै क्योंकि सर्व उपाधिसेरहित निरुपाधिरूप आत्माकोही "प्रज्ञानघन" इत्यादि विशेषणका होना संभवहै, यह आशंकाकरके कहते हैं] एतदर्थ स्वप्न अरु जाग्रत्बिषे मनकास्फुरणरूप जो प्रज्ञानहै सो सुषुप्तिबिषे घनीभूतहुयेवत् होता है। सो इस (सुषुप्ति) अवस्थाको अविवेकरूप होनेसे घनप्रज्ञा "प्रज्ञानघन" इस बिशेषणसे कहतेहैं। जैसेरात्रिबिषे रात्रिके घन अन्धकारसे अविभागको पाया सर्व पदार्थ घनवत् होताहै (अर्थात् जाग्रत्, स्वप्न अवस्थामें मनका स्फुरणरूप जो घट पटादिकोंका नाना विभागयुक्त प्रज्ञानहै सो सुषुप्ति अवस्थामें जबकि बुद्धि तमोगुण अविवेककरके आवृतघन अंधकाररूप होतीहै तब जाग्रत् स्वप्न अवस्थाका मनका स्फुरणरूप घट पटादि सर्व पदार्थ (जैसे रात्रिके घन अंधकारकरके अविभागको पायासता घट पटादि सर्व पदार्थ घनवत् होता है) तैसे आत्मा प्रज्ञान घनही होताहै) [यहां "एव" शब्दकेपर्याय "ही,, शब्दकरके अज्ञानसे इतर जाति सूचित नहीं है, यह अर्थ होताहै] अरु मनको बिषय अरु बिषयीके आकारसे स्फुरण होनेसे हुआ जो श्रम तज्जनित दुःखके अभावसे (उस अवस्थामें) आनन्दकी बाहुल्यतासे आनन्दमय है, आनन्दरूपही नहीं, क्योंकि (वो सुप्तानन्द) अविनाशी आनन्दसे रहित है ताते (अर्थात् सुषुप्तिका जो आनन्दहै सो मनकी स्फुरणाजन्य श्रमजनित दुःख के

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अभावसेहैं, ताते वो अविनाशी आनन्द न होके नाशवान् होनेकरके स्वरूपानन्द नहीं किन्तु आनन्दप्रायः हैं। जैसे लोकबिषे [गमनादि] श्रमसे रहितहोयके स्थितहुये पुरुषको सुखी आनन्दका भोक्ता कहते हैं। तैसेही सुषुप्तिबिषे यह [प्रज्ञाविशिष्ट चैतन्य] पुरुष जिसकरके अत्यन्तश्रमरहित स्थितको [अपनेबिषे] अनुभव करताहै, तिसकरके इसको आनन्दभुक्(आनन्दका भोक्ता) कहतेहैं "एषोऽस्य परमआनन्द इतिश्रुतेः" (यह इस पुरुषका परम आनन्दहै) इस श्रुतिके प्रमाणसे, अरु [प्राज्ञकाही "चेतोमुखः" यहजो अन्य विशेषण है अब तिसका व्याख्यान करते हैं] स्वप्न अरु जाग्रत्मय प्रतिबोधरूप चित्तके प्रतिद्वारभूत होनेसे चेतोमुख है, वा बोधरूप चित्तहै 'स्वप्नादिकोंके आगमनप्रति मुख कहिये द्वार जिसको, ऐसाहै एतदर्थ सो चेतोमुख है। अरु [इस सुषुप्तिके अभिमानीको भूत अरु भविष्यत् बिषयों बिषे ज्ञातापना है, तैसे सर्व वर्त्तमान बिषयोंबिषे भी ज्ञातापना है। एतदर्थ प्रकर्ष करके जो जानताहैं सो प्रज्ञहैं, अरु जो प्रज्ञहै सोई प्राज्ञनामसे कहाजाताहै] भूत अरु भविष्यत्का ज्ञातापना अरु सर्व बिषयोंका ज्ञातापना इसकोहीहै, एतदर्थ यह प्राज्ञहै। [सुषुप्तिबिषे सर्व विशेषोंके ज्ञानके विलयहुये प्राज्ञको ज्ञातापना कैसे होवेगा, यह आशंकाकरके कहते हैं, यहां यह अर्थ है कि यद्यपि सुषुप्तिवाला पुरुष तिस अवस्थाबिषे सर्व विशेषके ज्ञानसे रहित होवेहै, तथापि जाग्रत् अरु स्वप्न बिषे उत्पन्नहुई जे सर्व बिषयोंके ज्ञातापनेरूपगति, ताते प्रकर्षकरके (सम्यक्प्रकार) सर्वको सर्वओरसे जानताहै, एतदर्थ सो प्राज्ञशब्दका वाच्य (प्राज्ञनामवाला नामी) होताहै,] सुषुप्तिको प्राप्तहुआ पुरुषभी स्वप्न अरु जाग्रत्बिषे व्यतीतहुई सर्वबिषयोंके ज्ञातापनेरूप पूर्वकीगति इसकरके [सुषुप्तिस्थ पुरुषको] प्राज्ञ कहते हैं। अथवा [तिस अवस्थाबिषे] जिसकरके प्रज्ञप्तिमात्र [अर्थात् ज्ञेयके अभावसे ज्ञाता विशेषणरूप विशेषतासे रहित निर्विशेषको प्रज्ञप्तिमात्र, कहते हैं। इसहीका रूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एषसर्व्वेश्वरएषसर्व्वज्ञएषोऽन्तर्य्याम्येषयोनिः। सर्व्वस्यप्रभवाप्ययौहिभूतानाम् ६ ॥

है, तिसकरके यह प्राज्ञहै । ऐसा कहतेहैं । अरु अन्य दोनों अवस्थाबिषेविशिष्टज्ञानभीहै, अरु सुषुप्तिबिषे अन्यज्ञानरूप उपाधिसेरहित ज्ञानहै,सोज्ञान इसप्रज्ञाका स्वरूपभूत होनेसे'प्रज्ञप्ति'नामसे कहतेहैं, सोयह प्रज्ञप्तिनामवाला । प्राज्ञ तृतीयपाद है ५॥

६ हेसौम्य, "एष सर्व्वेश्वर,, (यहसर्वेश्वरहै) अर्थात् यह प्राज्ञही स्वरूप अवस्थावाला हुआ सर्वका ईश्वरहै, अर्थात् अधिदैव सहित सर्व भेदोंके समूहका नियन्ताहै, इस हेतुसे अन्य नैयायिकादिकोंवत् अन्य जातिरूप नहीं "प्राणबन्धनंहि सौम्य मन" (हेसौम्य, प्राणरूप बन्धनवालाही मनहै) इस श्रुतिवाक्यसे । [अब प्राज्ञकेही अन्य विशेषणोंको साधतेहैं] यहही सर्व अवस्थाके भेदवालाहुआ सर्वका ज्ञाताहै ।अर्थात् जाग्रदवस्थाबिषे स्थूल जगत्को अरु स्वप्नावस्थाबिषे सूक्ष्म जगत्को अरु सुषुप्ति अवस्थाबिषे उभयके कारणमूला विद्याको, इसप्रकार सर्वको सम्यक्प्रकार जानताहै। एतदर्थ यह सर्वज्ञहै । [अरु अन्तर्य्यामीपने रूप अन्य विशेषणको स्पष्ट करतेहैं] तैसेही सर्वके अन्तर प्रवेशकरके सर्व भूतोंका नियामक होनेसे, यहही सर्वका अन्तर्य्यामीभी है । अरु जिसकरके यह उक्तप्रकारका भेदसहित सर्व जगत् इससेही उपजता है तिसहीकरके यह सर्वकी योनि (कारण वा उत्पत्तिस्थान)है । [जिसकरके जगत्बिषे निमित्त अरु उपादान कारणका भेदनहीं । अर्थात् यहजगत् अभिन्ननिमित्त उपादान कारण है । अरु भूतोंकी उत्पत्ति अरु बिलय, उपादानसे इतर एकठेकाने संभवे नहीं । जैसे घट सरावादिकोंकी उत्पत्ति अरु विलय, उनके उपादान मृत्तिका से इतर एक ठेकाने संभवे नहीं तैसे ताते सर्वभूतोंकी उत्पत्ति अरु विलय यही है] अरु जिसकरके इसप्रकारहै तिसहीसे सर्वभूतोंकी उत्पत्ति अरुप्रलयभी यहहीहै ६।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथगौडपादाचार्य्यकृततदुपनिषदर्थाविष्करणरूपश्लोकावतरणम् ॥

अत्रैतेश्लोकाः ॥

बहिःप्रज्ञोविभुर्विश्वोह्यन्तःप्रज्ञस्तुतैजसः । घनप्रज्ञस्तथाप्राज्ञएकएवत्रिधास्मृतः १ ॥

अथ गौडपादाचार्य्यकृत कारिकायां प्रथम आगमाख्यप्रकरण भाषाभाष्य प्रारंभः ॥

१॥हेसौम्य,[श्रीगौडपादाचार्य्यने मांडूक्य उपनिषद्को अध्ययन करके "अत्रैते श्लोकाः" (यहां ये श्लोकहैं) इसप्रकार तिस उपनिषद्के व्याख्यानरूप नव ९ श्लोकोंका अवतरण किया, तिसका अनुवादकरके भाष्यकार श्रीशंकराचार्य्य व्याख्यान करतेहैं] यहां इस कथनकिये उपनिषद्के 'षट् ६, मन्त्रोंके अर्थबिषे यह गौडपादाचार्यकृत 'नव ९, श्लोकहैं "बहिःप्रज्ञो विभुर्विश्वो ह्यन्तः प्रज्ञस्तुतैजसः" (बहिः प्रज्ञविभुविश्वहै, अन्तःप्रज्ञतो तैजसहै)अर्थात् बाहिरकी (स्थूल) प्रज्ञावाला विभुरूप विश्वहै । अरु अन्तरकी (सूक्ष्म) प्रज्ञावाला तो तैजसही है "घनप्रज्ञस्तथाप्राज्ञएकएव त्रिधा स्मृतः" (तैसे घनप्रज्ञ प्राज्ञहै, एकही तीनप्रकार से कहा है) अर्थात् (बाह्यकी प्रज्ञावाले अरु अन्तरकी प्रज्ञावाले वत्) घनीभूतहुई प्रज्ञावाला प्राज्ञहै, इसप्रकार एकही पुरुषको तीन प्रकारसे कहाहै । इसका यह अभिप्रायहै कि [जब आत्मा के चेतनपनेवत् जाग्रदादि तीनोंस्थान स्वाभाविक होवें, तब चेतनपनेवत् सो तीनोंस्थान आत्मासे व्यभिचार पावनेयोग्य न होवेंगे, अरु तीनों स्थान क्रमकरके अरु अक्रमकरके आत्मासे व्यभिचारको पावते हैं । क्योंकि आत्माको तीनस्थानवालापना है ताते, एतदर्थ उनतीनों स्थानों से आत्माका अभिन्नपना

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सिद्धहुआ " यः सुप्तः सोऽहं जागर्मीति " (जोमैं सोआथा, सो मैं जागताहौं) इस अनुसंधानसे आत्माकाएकपना भी निश्चित हुआ, अरु 'धर्म, अधर्म, राग, द्वेष, आदिक मलको अवस्था का (वा अन्तःकरणादिकोंका) धर्म होनेसे उन अवस्थाओं से भिन्न आत्माका शुद्धपना भी सिद्धहुआ। अरु संगको भी वेद्य होनेसे अवस्थाके धर्मपनेके अंगीकारसे अवस्थासे भिन्न तिनके द्रष्टाका (अर्थात् 'घटद्रष्टा घटाद्भिन्नः', इसन्याय प्रमाण अवस्था अरु तिनके धर्म से भिन्न तिनका द्रष्टाका उनसे पृथक्होने करके (असंगपना भी (" असंगोह्ययं पुरुषः " इत्यादि श्रुति प्रमाणसे) सिद्धहुआ, इत्यर्थः] क्रमकरके तीनस्थानवाला होने से, अरु " सोहमस्मि " (सो मैंहौं) इस स्मृतिकरके, अरुअनुसंधानकरके पुरुषका तीनोंस्थानोंसे 'भिन्नपना, एकपना, द्रष्टापना, शुद्धपना अरु असंगपना, सिद्धहुआ " तद्यथा महामत्स्य उभे कूलेऽनुसञ्चरति पूर्व्वञ्चापरञ्चैवायं पुरुषः " (इसश्रुति उक्त, महामत्सादिकों के दृष्टान्तके श्रवण से १ ॥

२॥हे सौम्य, "दक्षिणाक्षिमुखे विश्वो" (दक्षिण नेत्ररूपी द्वार बिषे विश्वको अनुभवकरतेहैं) अर्थात् जाग्रदवस्था बिषेही विश्वादिका तीनोंके अनुभवके लखावनेके अर्थ यह द्वितीय श्लोक है, दक्षिणनेत्ररूपहीद्वारबिषेमुख्यताकरकेस्थूल बिषयोंकाद्रष्टाविश्व, ध्याननिष्ठ पुरुषकरके अनुभव होताहै " इन्धे हवैनामैषयोऽयं दक्षिणेक्षन् पुरुष इति श्रुतेः" (जोयह दक्षिण नेत्राबिषे पुरुषहै, यह प्रसिद्ध इंध (प्रकाशवान्) इस नामवालाहै, इस बृहदारण्यक उपनिषद्की श्रुतिप्रमाणसे। इंध नाम प्रकाशगुणवाले सूर्य्यान्तरगत बिराट्के आत्मा वैश्वानरकाहै। सो अरु चक्षुबिषे जोद्रष्टा है सो यह एकहै। यहइस श्रुतिका तात्पर्यहै॥ननु, सूर्य्यमंडलान्तरगत समष्टि सूक्ष्मदेहवाला हिरण्यगर्भ, अरु चक्षुगोलकबिषे स्थित इन्द्रियोंके अर्थ अनुग्रहका कर्त्ता हिरण्यगर्भ, संसारीजीवसे अन्यहै, अरु सूर्यमंडलान्तरगतसमष्टि स्थूलदेहका अभिमानी,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दक्षिणाक्षिमुखेविश्वोमनस्यन्तश्चतैजसः। आकाशे चहृदिप्राज्ञस्त्रिधादेहेव्यवस्थितः २ ॥

अरु चक्षुके उभयगोलकके अनुग्रहका कर्त्ता विराट् आत्मा भी तिससे अन्य नहीं, अरु व्यष्टिदेहका अभिमानी दक्षिण नेत्र बिषे स्थित द्रष्टा, दोनोंचक्षुअरु करणोंका नियामक,अरु कार्य, कारण का स्वामी क्षेत्रज्ञहै, सो तो उनदोनों समष्टि देहके अभिमानी हिरण्यगर्भ अरु विराट्से इतर अंगीकार करतेहैं। इस प्रकार होनेसे समष्टि अरु व्यष्टिपनेकरके स्थित जीवके भेदसे कथन करि जो एकता सो अयुक्त है, इसप्रकारका जो वादीका कथन सो बनेनहीं, क्योंकि कल्पितभेदके होतेभी वास्तवकरके अभेदके अनंगीकार होने से। अरु "एको देवः सर्वभूतेषुगूढ इतिश्रुतेः" ‹ एकदेव सर्व भूतों बिषे गूढ है › इस श्रुति के प्रमाण से। अरु "क्षेत्रज्ञञ्चापिमां विद्धि सर्वक्षेत्रेषुभारत" "अविभक्तञ्च भूतेषु विभक्तमिवचस्थितमिति" ‹ हे भारत, सर्वक्षेत्रों (शरीरों) बिषे क्षेत्रज्ञ (क्षेत्र का जाननेवाला) भी मुझही को जान। अरु सर्व भूतोंबिषे विभाग से रहित हुआ भी विभागको प्राप्तहुयेवत् स्थितहै, इस गीतास्मृति के प्रमाण से। अरु सर्व करणोंबिषे समानहुये भी दक्षिणनेत्र बिषे ज्ञानकी स्पष्टता के देखनेसे तहां विश्वजीवका बिशेषकरके कथनहै। अरु दक्षिण नेत्र बिषे, [यद्यपि देहके देशके भेदबिषे विश्वको अनुभव करते हैं, तथापि जाग्रत्बिषे तैजसको कैसेअनुभव करते हैं, यहआशंकाकरके द्वितीयपादका व्याख्यानकरते हैं। यहां यह अर्थ है कि 'जैसे स्वप्नबिषे जाग्रत्की वासनारूपसे प्रकटहुये पदार्थोंके समूह को द्रष्टा अनुभव करताहै, तैसेही जाग्रत्बिषे दक्षिण नेत्रमें द्रष्टा होकर स्थितहुआ अश्रेष्ठ रूपको देखके पुनः नेत्रमूंदके, पूर्वदेखा जो रूप सो रूपके ज्ञानसे जन्य (उद्भूत) वासनारूपसे मनबिषे प्रकटहोताहै, तिसको स्मरणकरताहुआ विश्वही तैजस होताहै।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अरु उक्तप्रकार होनेसे उन विश्व अरु तैजसके भेदकी शंका बने नहीं,] स्थित जो विश्वहै, सो कुरूपको देखके मूँदेहुये नेत्रवाला हुआ तिसही देखेहुये कुरूपको मनकेभीतर स्मरणकरताहुआ स्वप्नवत् वासनारूपसे प्रकटहुये तिसही रूपको देखताहै । जैसेयहां जाग्रत्विषे देखताहै । तैसेही वहां स्वप्नबिषेभी देखताहै । एतदर्थ "मनस्यन्तश्च तैजसः" (मनके अन्तर तो तैजसहै) अर्थात्मनके अन्तर तैजसभी विश्वहीहै। अरु "आकाशेचहृदिप्राज्ञः" (हृदयाकाशबिषे प्राज्ञहै) अर्थात् [अब तृतीयपादका व्याख्यान करते हुये जाग्रत्बिषेही सुषुप्तिको देखावतेहैं । यहां यह अर्थहै कि, जो विश्व तैजस भावको प्राप्तहुआहै सो पुनः स्मरणरूप व्यापारकी निवृत्तिके होनेसे हृदयान्तर आकाशबिषे स्थितहुआ प्राज्ञ होयके तिस प्राज्ञके लक्षणकरके युक्तहोता है । अरु रूप बिषयके दर्शन अरु स्मरणको छोड़के श्रेष्ठ आकाश (अव्याकृत) बिषे स्थितहुये तिस जीवको प्राज्ञसे अन्य अर्थपना नहीं, एतदर्थ सो 'एकीभूत, (बिषय अरु बिषयीके आकारसे रहित)है । अरु जिसकरके एकीभूत है इसहीकरके घनप्रज्ञ 'अर्थात् विशेषज्ञान अरु अन्यरूपसे रहित, हुआ स्थितहोताहै । इत्यर्थः] जो विश्व तैजसभावको प्राप्तहुआहै सो पुनः स्मरणरूप व्यापारकी निवृत्तिकेहुये हृदयगत आकाश बिषे स्थितहुआ प्राज्ञ एकीभूत अरु घनप्रज्ञही होताहै, क्योंकि मनके व्यापारका अभाव है ताते । अरु दर्शन अरु स्मरणरूपही मनके स्फुरण [व्यापार] है, तिनके अभावहोने से हृदयान्तरही अव्याकृतमय प्राणरूपसे अवस्थानहीजाग्रत्बिषे सुषुप्तिहै "प्राणो ह्येवैतान् सर्व्वान् संवृङ्क्ते इति श्रुतेः" (प्राणही इनसर्वको अपने बिषे संहारकरता है, इस श्रुतिके प्रमाणसे । याते अव्याकृतमय प्राणरूपसे जाग्रत्गत सुषुप्तिबिषे प्राज्ञकाअवस्थान जोकहासो युक्तहीहै । अरु [पूर्वही विश्व अरु विराट्की एकताको अनन्तर प्राज्ञ अरु अव्याकृतकी एकताको लखाईहुई होनेसे, अरु तैजस और हिरण्यगर्भके नकथनकिये, अरु कहनेयोग्य अभेदको अबकहतेहैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तैजस जोहै सो हिरण्यगर्भरूपहै, क्योंकि लिंगशरीररूप मनबिषे स्थितहै ताते, अर्थ यहहै जो, हिरण्यगर्भको समष्टि मनबिषे स्थित होनेसे, अरु तैजसको व्यष्टि मनबिषे स्थितहोनेसे, अरु उससमष्टि अरु व्यष्टिरूप मनको एकरूपहोनेसे, तिन व्यष्टि समष्टिबिषे स्थित तैजस अरु हिरण्यगर्भकीभी एकता क्वचित्है] तैजस जोहै सो हिरण्यगर्भहै, क्योंकि "मनोमयोऽयं पुरुष, इत्यादि श्रुतिभ्यः" <यहपुरुष मनोमयहै, इत्यादि श्रुतिके प्रमाणकरके । मनजोहै सो लिंगरूपहै, अरु इस मनबिषे स्थितहोनेसे तैजस अरु हिरण्यगर्भ की एकतायुक्तहै। ननु, [अब प्राणके पूर्वोक्त अव्याकृतपनेके अर्थ वादी आक्षेपकरताहै । यहां यहअर्थ है कि सुषुप्तिबिषे प्राण जो है सोनाम अरु रूपकरके व्याकृत (स्पष्ट) युक्तहै, क्योंकि तिसप्राण के व्यापारको सोयेहुये पुरुषकेपास बैठेहुये मनुष्योंकरके अतिशय स्पष्ट देखतेहैं ताते] सोयेहुये पुरुषकेपास बैठेहुये जनोंकरके प्राण के व्यापारको स्पष्टदेखनेसे सुषुप्तिबिषे जो प्राणहै सोनामअरुरूप करके व्याकृत कहिये स्पष्टहै । अरु श्रुतिबिषे,करणजोहैं सो उसके प्राणरूप होतेहैं, इसप्रकारकहाहै,एतदर्थभी तिसप्राणकी व्याकृतताही सिद्ध होतीहै। ताते ' प्राणकेअर्थ तुम्होंने कहीजो ' अव्याकृतता सोकैसे संभवेगी, ' इसप्रकार वादीकी शंकाहै ' तहां कहतेहैं, यह ' जो तूनेकहा सो ' दोषनहीं, क्योंकि अव्याकृतको देश अरु कालकृत परिच्छेदका अभावहै ताते। अरु जैसे देशकालकृत परिच्छेदसे रहित अव्याकृत कहिये मायाहै, तैसेही सुषुप्तिवान् पुरुषकी दृष्टिसेप्राणभी देशकालकेकिये परिच्छेदसे रहितहै। एतदर्थ सुषुप्तिवान्के प्राणकी अरु अव्याकृतकी एकतायुक्त है । अरु जो कदापि परिच्छिन्न अभिमानवाले पुरुषोंके मध्य 'यह मेराप्राण है, इसप्रकार प्राणके अभिमानकेहुये प्राणकी व्याकृतताही सिद्ध होतीहै । तथापि सुषुप्ति अवस्थाबिषे पिंड (देह) करके परिच्छिन्न जो विशेषहै तिसको विषयकरनेवाला जो 'यह मेरा प्राणहै, इस प्रकारका अभिमानहै तिसका निरोध प्राणबिषे होताहै, एतदर्थ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राण अव्याकृतही है । 'जैसे मरणकेहुये अभिमानके निरोधसे परिच्छिन्न अभिमानियोंका प्राणअव्याकृतहोताहै, तैसेही प्राणके अभिमानी पुरुषकोभी सुषुप्तिबिषे प्राणके अभिमानके निरोध से प्राणकी अव्याकृतता समानही है । एतदर्थ बिशेष अभिमान के निरोधहुये (प्राणको) अव्याकृतपना प्रसिद्धही है । किम्बा 'जैसे अधिदैवरूप अव्याकृत जगत्की उत्पत्तिका बीजहै, तैसेही प्राण नामक सुषुप्ति जाग्रत् अरु स्वप्नकी (उत्पत्तिका) बीज होवेहै अरु इसप्रकार होनेसे कार्योत्पत्तिकी बीजरूपता दोनोंको समान है । अरु अव्याकृत अवस्थावाला जो उन दोनोंका अधिष्ठान चैतन्यहै सो एकहै, इसकरके भी उनदोनोंकी एकता सिद्धहोतीहै एतदर्थ परिच्छिन्न अभिमानवाले उपाधि सहित जीवोंकी तिस अव्याकृतके साथ एकता है । इसप्रकार पूर्वोक्त 'एकीभूत प्रज्ञान घन, अरु 'सर्वेश्वर, इत्यादिरूपप्राज्ञका विशेषण घटितहीहै ॥ प्रश्न तिस प्राणशब्दको इस (प्राणादि) पंचवृत्तिरूप वायुकेविकार प्राण बिषेरूढिहोने रूपहेतुके होनेसे अव्याकृतको प्राणशब्दकी वाच्यता (नामीपना) कैसे होती है, तहां (उत्तर) कहते हैं, "प्राणबन्धनंहिसौम्यमन" (हे प्रियदर्शन, मन जोहै सो प्राणरूपबन्धन (अर्थात् सुषुप्ति बिषे अपने लयके आधार) वाला होता है, इस श्रुतिके प्रमाणसे) अव्याकृतको प्राणशब्दकी वाच्यता (नामीपना) होती है ॥ ननु, इस श्रुति बिषे "सदेव सोम्येदमग्र आसीत्" (हे सौम्य आगे सत्ही था) इसप्रकार प्रसंग बिषे प्राप्तकिया सत्रूप ब्रह्मही प्राणशब्दका वाच्यहै, अव्याकृत नहीं, (जहां ऐसी शंका है) तहां कहते हैं, यह (जो तूने कहा सो) दोषनहीं, क्योंकि सत्रूप ब्रह्मकी बीजरूपताका अंगीकार है ताते । अरु यद्यपि तिस उक्त श्रुति बिषे प्राणशब्दका वाच्य सत् ब्रह्महै, तथापि तहां जीव अरु सर्व कार्यके समूहकी उत्पत्ति की बीजताको अपरित्याग करकेही सत् ब्रह्मको प्राणशब्दकी वाच्यता अरु सत् शब्दकी वाच्यताहै । अरु जब निर्बीजरूप ब्रह्म प्रा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

णादि शब्दका वाच्य कहने को इच्छित होय तब "नेतिनेति" (कार्यरूप नहीं, अरु कारणरूप भी नहीं) अरु "यतोवाचो निवर्त्तन्ते" (जिससे वाणियां निवृत्त होती हैं) अरु "अन्यदेवविदितादथोऽविदितादधि" (सो विदित (कार्य) से अन्यही है, अरु अविदित (कारण) से भी अन्यही है, इस श्रुतिके प्रमाण से) अरु तैसेही "नसत्तन्नासदुच्यत, इतिस्मृतेः" (सो सत् नहीं अरु असत्भी नहीं ऐसा कहतेहैं, इसस्मृतिकेभी प्रमाणसे, ब्रह्मको शब्दकी बिषयताका निषेध कियाहै, एतदर्थ भी विरोध होवेगा। किम्बा जब निर्बीजरूप होनेसेही ब्रह्म इस प्रकरणविषे कहने को इच्छितहोय तो सुषुप्ति अरु प्रलयमें सद्ब्रह्मबिषे लीन अरु एकरूपहुये जीवोंके पुनः उत्थान का असंभव होवेगा। अथवा मोक्षदशा बिषे सत्ब्रह्मको प्राप्तहुये मुक्त पुरुषों की पुनरावृत्तिका प्रसंग होवेगा। अरु सर्वको अज्ञानरूप बीजके अभावकी तुल्यता, अरु ज्ञानाग्निसे दाह करने के योग्य बीजके अभावहुये ज्ञानकी व्यर्थताका प्रसंग होवेगा। एतदर्थ सर्व श्रुतियों बिषे बीज सहित ताके अंगीकार सेही सत्ब्रह्मको प्राणभावका कथन अरु कारणभावका कथन है। अरु इसही करके "अक्षरात्परतः परः" "सवाह्याभ्यन्तरोह्यजः" "यतोवाचोनिवर्त्तन्ते" "नेतिनेतीत्यादिना" (पररूप अक्षरसे परहै, बाह्य अन्तर सहित है, जिससे वाणियां निवृत्तहोती हैं, अरु नेतिनेति, इत्यादि अनेक श्रुतियों करके बीज सहित ताके निषेधसे ब्रह्मका कथनहै। अरु तिसही प्राज्ञशब्द के वाच्य (नामी) की तुरीयरूपतासे देहादिक संघात के सम्बन्धसे रहित तिस परमार्थ रूपा अबीज अवस्थाको यह श्रुति आगे भिन्न करेगी। अरु "नाकिञ्चिदवेदिषमिति" (मैं कुछ भी नहीं जानताहुआ) इसप्रकार सुषुप्तिसे उत्थानपाये पुरुष के स्मरणको देखते हैं ताते, जीवकी अवस्था भी अनुभव करतेही हैं "त्रिधादेहेव्यवस्थितः" (तीनिप्रकारसे देहबिषे स्थितहुआहै) अर्थात् उक्तरीतिसे यहजीव उक्त तीनप्रकारकरके देह बिषे स्थित

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विश्वोहिस्थूलभुङ्नित्यंतैजसःप्रविविक्तभुक् । आनन्दभुक्तथा प्राज्ञस्त्रिधाभोगंनिबोधत ३ ॥

स्थूलंतर्पयतेविश्वंप्रविविक्तन्तुतैजसम् । आनन्दश्चतथाप्राज्ञंत्रिधातृप्तिनिबोधत ४ ॥

हुआ । अर्थात् अभिमानको पाया वा अभिमानी हुआ । है ऐसा कहते हैं २ ॥

३॥ हे सौम्य, [इसप्रकार विश्वादि तीनोंकी देहविषे तीनप्रकारसे स्थितिको प्रतिपादन करके, अब तिनकेही तीनप्रकारके भोगोंको सूचित करते हैं,] "विश्वोहिस्थूलभुङ्नित्यंतैजसःप्रविविक्तभुक्" (विश्व नित्यही स्थूलभुक्है, तैजस प्रविविक्तभुक् है) अर्थात् । जाग्रदवस्थाका अभिमानी । विश्व नित्यही स्थूल भोगोंका भोक्ताहै । अरु (स्वप्नावस्थाका अभिमानी) तैजस (नित्यही) वासनामय सूक्ष्म भोगों का भोक्ताहै । अरु "आनन्दभुक्तथा प्राज्ञस्त्रिधाभोगंनिबोधत" (तैसे प्राज्ञ आनन्दभुक् है तीनप्रकारके भोगों को जानो) अर्थात् । जैसे जाग्रदवस्थाका अभिमानी विश्व स्थूल बिषयोंका, अरु स्वप्नाभिमानी तैजस वासनामयसूक्ष्म भोगोंका, भोक्ताहै । तैसेही सुषुप्ति अवस्थाका अभिमानी प्राज्ञ आनन्दका भोक्ता है, इसरीति से तीनप्रकारके भोगोंकोजानो २ ॥

४॥ हे सौम्य, [अब भोगोंसेहुई जो तृप्ति तिसको तीनप्रकारसे विभाग करके देखावेहैं] "स्थूलं तर्पयते विश्वं प्रविविक्तन्तु तैजसम्" (स्थूलभोग विश्वको तृप्त करैहै, सूक्ष्मतो तैजस को तृप्तकरै है) अर्थात् शब्दादि स्थूल बिषय भोग जाग्रदभिमानी विश्वको तृप्तकरता है । अरु जाग्रत्की बासनामय सूक्ष्म भोग स्वप्नाभिमानी तैजसको तृप्तकरता है । तैसेही "आनन्दश्चतथाप्राज्ञंत्रिधातृप्तिनिबोधत" (तैसेआनन्द प्राज्ञको तृप्तकरै है तीनप्रकारकी तृप्तिको जानो) अर्थात् । जैसे विश्वको स्थूलभो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्रिषुधामसुयद्भोज्यंभोक्तायश्चप्रकीर्त्तितः। तदैतदु भयंयस्तुसभुञ्जानोनलिप्यते ५॥

प्रभवःसर्व्वभावानांसतामितिविनिश्चयः। सर्व्वं जनयतिप्राणश्चेतोंऽशून्पुरुषःपृथक् ६॥

अरुतैजसको सूक्ष्म भोग तृप्तकरेहैं। तैसेही। सुषुप्तिके अभिमानी प्राज्ञको आनन्दरूप भोग तृप्तकरे है, ऐसे तीनप्रकारकी तृप्तिको जानो ४॥

५ हे सौम्य, अब [प्रसंग बिषे प्राप्त भोक्ता अरु भोग्य, इन उभय पदार्थोंके ज्ञानके मध्यके फलको कहते हैं] "त्रिषुधामसु यद्भोज्यं भोक्तायश्चप्रकीर्त्तितः"। (तीन धामबिषे जो भोज्य हैं, अरु जो भोक्ताकहे हैं) अर्थात् जाग्रदादि तीनों स्थानों बिषे जो 'स्थूल, सूक्ष्म, अरु आनन्द, नामवाला एकही तीनप्रकारकाहुआ भोज्यहै, अरु विश्व तैजस अरु प्राज्ञ, इन नामवाला "सोहमिति" (सोमैंहौं) इस एकताके अनुसंधानसे, अरु द्रष्टापन के अविशेषसे एकही भोक्ताकहा है। अरु "तदैतदुभयंयस्तुसभुञ्जानोनलिप्यते"। (जो इन दोनोंको जानता है सो भोक्ताहुआभी लिप्त होतानहीं) अर्थात् जो भोज्य अरु भोक्तापनेकरके अनेक प्रकारके भेदवालेहुये इन। भोज्य अरु भोक्ता। दोनोंको जानता है सो भोक्ताहुआ भी लिप्त होता नहीं, क्योंकि सर्व भोग्य एकही भोक्ताका भोग्य (भोगनेयोग्य) है ताते। अरु जिसका जो विषय है सो तिस विषयकरके घटता नहीं, अरु बढ़ता भी नहीं, जैसे अग्नि काष्ठादिरूप अपने विषयको दग्ध वा भस्म करके घटता नहीं, वा बढ़ता नहीं, तैसे ५॥

६ हे सौम्य, [पूर्व "एष योनिः" (यहयोनि (कारण) है, इस षष्ठमन्त्रबिषे प्राज्ञको प्रपंचकाकारणपना प्रतिज्ञाकियाहै। तहांसत् कार्यके प्रतिप्राज्ञको कारणपना है, वा असत्कार्यके प्रति कारणपनाहै,। इस संशयकेहुये तिसका निर्द्धार करनेको अब आरम्भ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करते हैं,] "प्रभवःसर्वभावानांसतामितिविनिश्चयः। सर्वजन यतिप्राणश्चेतोंऽशून् पुरुषःपृथक्"। { विद्यमान सर्वपदार्थों की उत्पत्ति होती है, यह निश्चय है। प्राणरूप पुरुष सर्व चैतन्य के अंशोंको पृथक् २ उपजावताहै } अर्थात् विद्यमान पदार्थों की उत्पत्तिका निश्चय है, याते प्राणरूप पुरुष सर्व जगत् को अरु चिदाभासरूप चैतन्यकेअंश (जीवों) को पृथक्२ उपजावताहै॥ [ननु सत्रूप पदार्थों को सत्रूप होनेसेही तिनकी उत्पत्ति असंभव है, क्योंकि सत्रूप ब्रह्मबिषे अतिप्रसंग होताहै ताते, यह आशंकाकरके श्लोकके पूर्वार्द्धका व्याख्यान करते हैं। यह यह अर्थहै कि अपने अधिष्ठानरूपसेही विद्यमान (सत्रूप) पदार्थोंकाही अविद्याकृत मिथ्या आरोपित स्वरूप है, तिसकरके उत्पत्तिरूप संसार होवे है] अपने अधिष्ठान रूपसे विद्यमान 'विश्व, तैजस, अरु प्राज्ञरूप भेदवाले सर्व पदार्थोंकी अविद्या रचित नामरूपमय मिथ्यास्वरूप से उत्पत्ति रूप संसारहोताहै। अरु जिसको बंध्यापुत्रकहतेहैं सोयथार्थ (सत्य) रूपसे वा मिथ्या रूपसेभी जन्मतानहीं, इसप्रकार आगेकथनकरैंगे। अरु जोअस त्पदार्थकाही जन्महोय, तो व्यवहारकरने (जानने) योग्य जोब्रह्म तिसके ग्रहणबिषे द्वाररूप लिंगके अभावसे असत्पनेका प्रसंग होवेगा। अरु अविद्यारचित मिथ्या बीजसे उत्पन्नहुये रज्जुसर्प दिकोंका रज्जुआदिक [अधिष्ठान] रूप से सद्भाव देखाहै। अरु किसीभी पुरुषने अधिष्ठान(आश्रय)रहित रज्जुसर्प अरु मरुस्थल जलआदिककहींभी देखेनहीं। [अर्थात् 'रज्जु, मरुस्थल, शुक्त्या दिरूप, आश्रयबिना 'सर्प, जल, रजतादिरूप भ्रान्ति होवे नहीं 'अरुजैसे रज्जुबिषे सर्पोत्पत्तिसे पूर्व रज्जुरूपसे सर्प सत्यहीहोता है। [अर्थात् जिस अधिष्ठानबिषे जो अध्यस्त होता है सो अपने अधिष्ठानकी सत्यतासेसत्यरूप होताहै, क्योंकि अधिष्ठान कल्पि तहोतानहीं। तैसेही सर्व पदार्थोंका अपनी उत्पत्तिसेपूर्व प्राण मय बीजरूपसेही सद्भाव है। एतदर्थ "ब्रह्मैवेदं" "आत्मैवेदम्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विभूतिंप्रसवन्त्वन्येमन्यन्तेसृष्टिचिन्तकाः । स्वप्न मायास्वरूपेतिसृष्टिरन्यैर्विकल्पिता ७ ॥

आसीदित्यादि" <ब्रह्मही यहहै, आत्माही यह आगेथा> इसप्रकार श्रुतियांभी कहतीहैं। इसप्रकार प्राण बीजरूप व्यवहारकी योग्यतासे सर्व अचेतन (जड़)रूप जगत्को उपजावताहै। अरु सूर्यके किरणोंवत् चैतन्यरूप पुरुषके चैतन्यरूप, अरु जलगत सूर्यके [प्रतिबिम्बके] समान 'प्राज्ञ, तैजस, अरु विश्व, भेदसे 'देव, मनुष्य, तिर्य्यकादिक, देहके भेदोंबिषे भासमान जो चैतन्यके किरणोंवत् चेतनके अंशरूपजीवहैं, तिन विषयभावसे विलक्षण, अरु अग्निके विस्फुलिंगवत्, अरु जलगत सूर्यवत् चैतन्यके लक्षणसहित जीव रूप अन्यसर्व पदार्थोंको प्राण बीजरूप पुरुष उपजावताहै" यथोर्णनाभिःसृज्यते" "यथाग्नेर्विस्फुलिंगाः सहस्रशः" <जैसे ऊर्णनाभी (मकड़ीआदिक जन्तुविशेष) से तन्तु (जाला), अरु अग्निसे चिनगारे, होतेहैं, तैसे। इत्यादि श्रुतिप्रमाणसे ६ ॥

हेसौम्य, [अब जड़ चैतनरूप जगत्की उत्पत्तिको प्रसंगबिषे प्राप्तहुये अपने मतके विवेचनार्थ अन्यमतके कहनेका प्रारंभकरतेहैं] "विभूतिं प्रसवन्त्वन्ये मन्यन्तेसृष्टिचिन्तकाः" <अन्य सृष्टिके चिन्तनकरनेवाले विभूतिकी उत्पत्तिको मानतेहैं> अर्थात् विदमतावलम्बियोंसे। अन्य जे सृष्टिकेचिन्तक (कहनेवाले) हैं, सो ईश्वरकी अपने ऐश्वर्यमय विस्ताररूप विभूतिकी उत्पत्तिको "सृष्टिरिति" <सृष्टि है, ऐसा> मानते हैं ॥ परमार्थके चिन्तनकरनेवाले तत्त्ववेत्तोंका तो सृष्टिबिषे आदर है नहीं, क्योंकि "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयत इत्यादि" <इन्द्र (परमात्मा) मायाकरके बहुरूप प्रतीतहोताहै> इत्यादि श्रुतिके प्रमाणसे। अरुजैसे माया का रचनेवाला मायावी पुरुषहै सो सूत्रको आकाश बिषे फेंकके पुनःवो मायावी पुरुष तिस सूत्रके आश्रय खड्गादि आयुधसहित युद्धार्थ चढके अदृश्यहुआ युद्धमें खंड खंडहोय पतनहुआ पुनः

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इच्छामात्रंप्रभोःसृष्टिरितिसृष्टौविनिश्चिताः । कालात्प्रसूतिंभूतानांमन्यन्तेकालचिन्तकाः ८ ॥

सिर्वांगसहित' उठखड़ाहुआ, तिसको (सम्यक्प्रकार जानके) देखनेवाले पुरुषोंको तिस मायावीकरके रचितमाया अरु माया केकार्य तिनके स्वरूपके चिन्तनबिषे आदर नहीं होवेगा । तैसेही यह मायावीकरके प्रसारित सूत्रकेसमान सुषुप्ति अरु स्वप्नादिक विलासहै, अरु तिस सूत्रोपरि आरूढ मायावीके समान उनसुषुप्तिआदिकों बिषे स्थित 'प्राज्ञ, तैजसादिक, जीवहैं, । अरु जैसे सूत्र अरु तिसबिषे आरूढ पुरुष तिनसे अन्य परमार्थरूप मायावी है सोई पृथिवीबिषे स्थित अरु मायाकरके आच्छादित अदृश्यमान हीहोताहै । तैसेही तुरीयनामवाला परमार्थतत्त्वहै । एतदर्थ उस परमार्थ तत्त्वके चिन्तन (विचार)बिषेही विवेकी मुमुक्षु पुरुषका आदर है, (खरके केशकी संख्याकरनेवत्) निष्प्रयोजन सृष्टिके चिन्तनबिषे आदर नहीं । [परमार्थके चिन्तन (विचार) करनेवाले पुरुषके सृष्टिबिषे अनादरसे, अपरमार्थबिषे निष्ठावाले पुरुषोंकोही सृष्टिविषयक विशेष चिन्तनहै । इस उक्तार्थबिषे श्लोकके उत्तरार्द्धको प्रकटकरतेहैं । अरु इस मतबिषे जाग्रत्के पदार्थोंकीही स्वप्नबिषे प्रसिद्धिहै ताते स्वप्नका सत्यपनाहै । अरु मणिआदिकरूप मायाकी सत्यताके अंगीकारसे, इन दोनों विकल्पोंकी सिद्धान्तसे विलक्षणता समझनी । इतिभावः] एतदर्थ सृष्टिके चिन्तकवादियोंकेही यह विकल्पहैं, ऐसाकहतेहैं "स्वप्नमायास्वरूपेतिसृष्टिरन्यैर्विकल्पिता" (अन्यवादियोंने स्वप्न अरु मायारूप सृष्टि है, ऐसी कल्पना कियाहै) ७ ॥

८हेसौम्य, "इच्छामात्रंप्रभोःसृष्टिरितिसृष्टौविनिश्चिताः" (कोई एक प्रभुकी इच्छामात्र सृष्टिहै इसप्रकार सृष्टिके निश्चयको प्राप्त हुयेहैं) अर्थात् कोई एक ईश्वरवादी सृष्टिचिन्तक इसप्रकार निश्चयको प्राप्तहुये हैं कि प्रभु (ईश्वर) की इच्छामात्रही सृष्टिहै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भोगार्थसृष्टिरित्यन्येक्रीडार्थमितिचापरे । देवस्यैष स्वभावोऽयमाप्तकामस्यकास्पृहा ९ ॥

क्योंकि ईश्वर सत्यसंकल्पहै ताते, जैसे घटादिरूप जो सृष्टिहै सो (कुलालका) संकल्पमात्रही है, संकल्पसे इतर घटादि कुछ भी नहीं ॥ अरु "कालात्प्रसूतिंभूतानांमन्यन्तेकालचिन्तकाः" (कालके चिन्तन करनेवाले कालकरकेही भूतोंकी उत्पत्ति मानते हैं) अर्थात् कोई एकजेकालके चिन्तन करनेवाले ज्योतिषशास्त्रके वेत्ता हैं सो कालसेही जगदुत्पत्तिको मानते हैं । (अरु कहते हैं कि जब सृष्टिकी उत्पत्तिका काल आवताहै तब उत्पत्ति, अरु प्रलयका काल आवता है तब प्रलय होताहै) ८ ॥

९हे सौम्य, "भोगार्थसृष्टिरित्यन्येक्रीडार्थमितिचापरे" (अन्य भोगार्थ सृष्टिहै ऐसे, अरु अन्य क्रीडार्थहै ऐसे, मानते हैं) अर्थात् उक्त वादियोंसे अन्यवादी कहते हैं कि यह सृष्टि भोगके अर्थहै । अरु उनसे अन्यवादी कहते हैं कि यह सृष्टि क्रीडाके अर्थ है (अन्यार्थनहीं) अब सिद्धान्तको कहतेहैं । "(देवस्यैषस्वभावोऽयमाप्तकामस्यकास्पृहा " (यहदेवका स्वभावहै, पूर्णकामको कौनइच्छा है) अर्थात् यहसृष्टि (स्वयंप्रकाश) परमेश्वरका स्वभावहै, उसपूर्णकामदेवको कौन इच्छाहै किन्तु कोईभी नहीं (अर्थात् यावत् कार्यकारणात्मक स्थूल सूक्ष्मनामरूप सृष्टिहैसोसर्व उसपरिपूर्ण देवके आश्रय उसहीबिषे उससेअनन्यहै तबइच्छा किसकी होय, किन्तु किसीकीभीनहीं । अरु इच्छाजोहोतीहै सो अपनेसे अन्यअप्राप्तवस्तुबिषे होतीहै, सोउस एक परमात्मदेवसे अन्य अरुअप्राप्त वस्तु कुछभीनहीं ([यहां स्वभाव जोकहा, सोक्याहै । इसप्रकार पूछेहुये स्वाभाविक अपरोक्ष जो मायाशब्दका अर्थ, तिसकानाम स्वभावहै, इसप्रकार कहतेहैं] 'यहां स्वभाव पक्षका आश्रयकरके उक्त दोनों पक्षोंबिषे अथवा सर्व पक्षों बिषे दूषणकहा, जैसे [पूर्व आठवें श्लोकबिषे जो "कालात्प्रसूतिंभूतानिमन्यन्ते" कालसे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भूतोंकी उत्पत्ति मानते हैं' इसप्रकार कहाहै, तहां कहतेहैं । यह यह अर्थहै कि जैसेअधिष्ठानभूत रज्जुआदिकोंकेस्वभावरूप अपने अज्ञानसेही सर्पादिकोंका आभासपनाहै,तैसेही परमात्माको अपनीमायाशक्तिके वशते आकाशादिकोंकाआभासपनाहै "एतस्मात् आत्मनःआकाशःसंभूतः" 'आत्मासे आकाश होताहुआ' इसश्रुतिकेप्रमाणसे। परन्तु कालकोभूतोंका कारणपना नहीं, क्योंकि तिस बिषेश्रुतिके प्रमाणकाअभाव है] रज्जुआदिकोंको अविद्यारूप स्वभावबिना सर्पादिक आकारके भासने बिषे कारणपना कहनेको अशक्यहै। तैसेहीपरमात्माको मायारूप स्वभावबिनाआकाशादि रूपाकारसे भासनेबिषे कारणपना कहनेको शक्य नहीं ९ ॥

उपनिषदर्थ ।

हेसौम्य, [ॐकारके तीनपादोंकी व्याख्याकरनेसे, व्याख्या करनेके योग्यहोनेसे क्रमके वशते प्राप्तहुये चतुर्थपादकी व्याख्या करनेको अग्रिम ग्रन्थकी प्रवृत्तिहै] अबक्रमसे प्राप्तहुआ जोचतुर्थपाद सो कहने (व्याख्याकरने) को योग्यहै । एतदर्थ यह उपनिषद् कहतेहैं "नान्तःप्रज्ञं, नबहिःप्रज्ञं, नोभयतःप्रज्ञं, न प्रज्ञानघनं, नप्रज्ञं, नाप्रज्ञम्" 'अन्तःप्रज्ञ नहीं, बहिःप्रज्ञ नहीं, उभयतःप्रज्ञ नहीं, प्रज्ञानघन नहीं, प्रज्ञ नहीं, अप्रज्ञ नहीं ; अर्थात् ' जो निर्विशेष निरुपाधि सर्वकासाक्षी प्रत्यगात्मा है सो ' अन्तःप्रज्ञ कहिये भीतरकी प्रज्ञावाला 'तैजस' सोभी नहीं । अरु बहिःप्रज्ञ कहियेबाहरकीप्रज्ञावाला 'विश्व' सोभीनहीं। अरु उभयतःप्रज्ञकहिये उभयओरके प्रज्ञावाला, सोभीनहीं। अरुप्रज्ञानघन 'कहिये अन्तर बाह्यके भेद रहित घनप्रज्ञावाला प्राज्ञ ' सोभी नहीं। अरु प्रज्ञभी नहीं ॥ अरु " अदृष्टमव्यवहार्य्यमग्राह्यमलक्षणमचिन्त्यमव्यपदेश्यमेकात्म्यप्रत्ययसारं प्रपंचोपशमंशान्तंशिवमद्वैतंचतुर्थमन्यन्ते सआत्मा सविज्ञेयः " ' अदृष्टहै, अव्यवहार है, अग्राह्य है, अलक्षणहै, अचिन्त्य है, अव्यपदेश्यहै, एकताके ज्ञानकासार है प्रपंचके उपशमवालाहै, शान्तहै, शिवहै, अद्वैतहै, चतुर्थ है

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उपनिषद् ॥

नान्तःप्रज्ञंनबहिःप्रज्ञं नोभयतःप्रज्ञंनप्रज्ञानघनं न प्रज्ञंनाप्रज्ञम् । अदृष्टमव्यवहार्य्यमग्राह्यमलक्षणमचिन्त्यमव्यपदेश्यमेकात्म्यप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमंशान्तं शिवमद्वैतंचतुर्थंमन्यन्तेसआत्मासविज्ञेयः ७ ॥

'ऐसा, मानतेहैं, सो आत्माहै, सो जाननेके योग्यहै' अर्थात् । निरुपाधि निर्विशेष सर्वाधिष्ठान सर्वका साक्षीशुद्ध आत्मा 'नेत्रका वा ज्ञानका विषय न होनेसे 'अदृष्टहै । अरु ज्ञानेन्द्रियोंका विषय न होनेसे 'अव्यवहार्य है, । अरु कर्मेन्द्रियोंका अविषय होनेसे वा उसको कर्मोंका फलरूप न होनेसे वो 'अग्राह्यहै, । अरु प्रतियोगिता वा सापेक्षताके अभावसे वो 'अलक्षणहै, । अरु अन्तःकरणका अविषयहोनेसे वो 'अचिन्त्यहै, । अरु वाणीवा शब्दादि प्रमाणोंका अविषयहोनेसे वो उपदेशकरनेके योग्य नहीं, ताते सो 'अव्यपदेश्यहै, । तथाच "नविद्मोनविजानीमोयथैतदनुशिष्यात् ,, इत्यादि श्रुतिप्रमाणसे ॥ इसप्रकार निषेधमुखकहके अब विधिमुख कहते हैं । वो आत्मा एकताके प्रत्यय ज्ञानका सारहै " प्रतिबोध विदितं" अरु उसके सम्यक् ज्ञानसे समूल द्वैतरूप प्रपंच (जगत्) का अत्यन्ताभाव होताहै ताते वो प्रपंचके उपशम वालाहै । अरु अन्तःकरणके मनआदिकोंके संकल्पादिकोंकृत क्षोभसे रहित परमशान्त है । अरु परमानन्दमय होने से शिव है । अरु सर्वत्रपूर्ण अखंड अनन्त निराश्रय होनेसे अद्वैत है । अर्थात् 'अदृष्ट, अव्यवहार, अग्राह्य, अलक्षण, अचिन्त्य, उपदेशके अयोग्य, । एकताके ज्ञानकासार, प्रपंचके उपशमवाला, शान्त, शिव, अद्वैत, । इसप्रकारका जो पदार्थ है तिसको चतुर्थपाद करके मानते हैं । अर्थात् जिसको उक्तप्रकार निषेधमुखसे कहा सो किसीभी संख्यासे बद्धनहीं, परन्तु उसको जो चतुर्थपाद करके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कहाहै सो पूर्वोक्त तीनपादोंकी अपेक्षासे है, नतु वास्तव करके उस निर्विशेष तत्त्व बिषे संख्या अरु पादपना कोई भी नहीं। अरु सोई एक निर्विशेष चिन्मात्रतत्त्व जाग्रदादि स्थानरूप उपाधि रहित निरुपाधि परमशुद्ध सर्वका प्रत्यगात्मा है, अ सोई मुमुक्षु जिज्ञासुजनों करके जानने योग्यहै ॥ हे प्रियदर्शन यहां " नान्तः प्रज्ञं " (अन्तःप्रज्ञनहीं) इत्यादि पदोंसे यह श्रु 'सर्व शब्दोंकी प्रवृत्तिके निमित्तसे शून्य (रहित) होनेसे उ आत्माको शब्दकी विषयताहोगी। अर्थात् तत्त्वमें शब्दकाप्रवृ का निमित्त विशेषताहै, निर्विशेष तत्त्वमें निमित्तके अभाव शब्दकी प्रवृत्तिबने नहीं, अरु उसनिर्विशेषको विधिमुख कहनो शब्दकी विषयता होतीहै ताते। ,इस। अन्तः प्रज्ञतादि रूप विशेषके निषेधसेही। निर्विशेष। तुरीयपादको कहनेकी इच्छ करती है ॥ ननु, तब सो तुरीय शून्यही होवेगा, । इसप्रकार जो वादीका कथन सो बने नहीं, क्योंकि मिथ्या विकल्पक शब्दप्रवृत्तिके निमित्तसे रहितपनेका असंभवहै ताते, अरु जि करके जो 'रजत, सर्प, पुरुष, अरु मृगतृष्णाकाजल, इत्या विकल्प हैं, सो 'सीपि, रज्जु, स्थाणु अरु ऊषरभूमि, इत्यादि कोंसे इतर होनेसे अवस्तुपनेके आश्रयहुये कल्पना करने क शक्य नहीं। अर्थात् रज्जु शुक्तिकादिकों बिषे जो सर्प रजता विकल्पकल्पनाहै सो रज्जुशुक्ति आदिकोंकेही आश्रय है क्योंकि निराश्रय कल्पना होती नहीं, अरु जो रज्जु शुक्ति आदिकों भिन्न सर्प रजतादिकोंका विकल्प करना इच्छियेतो उन कल्पि होनहार सर्प रजतादिकों को अवस्तुपनेके आश्रयहोनेसे स कल्पनाकरनेको शक्य होतेनहीं। अरु निराश्रय विकल्पकल्पन होवे नहीं, यह अनिवार्य सिद्धान्तहै। एतदर्थ तिन 'विश्वतैजस दिक, का विधिमुख निषेधमुख, वा अस्ति नास्ति, वा शून्यअश न्य, आदिक विकल्पों। का अधिष्ठानरूप तुरीय शून्यसे विलक्ष सत्‌रूपकरके माननाचाहिये। क्योंकि 'शून्यहै,इसाविकल्पकल्पन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

का आश्रय अधिष्ठान शून्यसे विलक्षण किसी भी तत्त्वको सत् है,ऐसा न मानने से अवस्तुपने के आश्रयतेरा 'शून्य है, यह विकल्प होनेको अशक्य है। ननु, जब इसप्रकार है, तब प्राणादिक सर्व विकल्पों का आश्रयहोने से तुरीयाको 'जलादिकों का आश्रय घटादिकोंवत्, शब्दकी वाच्यता। नामका नामीपना वा शब्दकी विषयता। होगी, निषेधों से प्रतीत करावने की योग्यता न होगी। अर्थात् निर्विशेष तुरीया को प्राणादि विकल्पों का आश्रय अधिष्ठान होने से शब्द की वाच्यता प्राप्त होगी, अरु तैसे हुये "नान्तःप्रज्ञं" इत्यादि निषेध मुख वाक्यों से जो उसकी निर्विशेषता से प्रतीति है तिसकी योग्यता न होगी। इसप्रकारका जो वादीका कथन। सो कथन बने नहीं, क्योंकि 'शुक्ति आदिकों बिषे रजतादिवत्, प्राणादि विकल्पको। कल्पित होनेसे। असत्यपना है ताते। अरु असत्यको शब्दकी प्रवृत्तिके निमित्तवाला अवस्तुरूप होनेसे। वो केवल वाचारंभण (कहने) मात्रही हैं, एतदर्थ उनका किया निर्विशेष तुरीयाबिषे वाचकपना भी वाचारंभण मात्रही है। सत् अरु असत्वस्तुका सम्बन्ध है नहीं। अरु आत्माको स्वरूपसे गौ आदिकोंवत् अन्य प्रत्यक्षादि प्रमाणोंकी विषयताभी नहीं। अरु पाचकादिकोंवत् क्रियावान्पना भी नहीं। अरु नील पीत घटादिकोंवत् गुणवान्पना भी नहीं। क्योंकि निराकारहै ताते। [। विकल्प। क्या कल्पित अधिष्ठानपना हेतु कियाहै, वा वास्तविक अधिष्ठानपना हेतुकिया है, तहां जो प्रथमपक्ष। कहो कि 'कल्पित अधिष्ठानपना हेतु किया है, तो सो कहना। बने नहीं। क्योंकि तिस कल्पित अधिष्ठानपने को वास्तविक वाच्यताका असाधकपना है ताते, अरु वास्तविक वाच्यतापने बिषे क्रमका विरोधहै नहीं। अरु जो, द्वितीयपक्ष। कहो कि 'वास्तविक अधिष्ठानपना हेतु कियाहै, तो सो भी। बने नहीं। क्योंकि, शुक्ति आदिकोंबिषे कल्पित रजतादिकों को अवस्तु होनेपनेवत्, तुरी-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

याबिषे भी कल्पित प्राणादिकोंको अवस्तुरूप होनेंसे, तिसप्रतियोगीवाले अधिष्ठानपने को वास्तविकताकी अयोग्यता है ताते । अर्थात् वास्तविक अधिष्ठान तुरीया बिषे अध्यस्त (कल्पित) प्राणादिकों को अवस्तुपना होनेसे उस तुरीयाका अधिष्ठानपना अवस्तुपने का प्रतियोगी होनेसे वास्तविकपने के योग्यनहीं। इसप्रकार सिद्धांति दूषण कहता है,] एतदर्थ आत्मा । शाब्दि आदिक प्रमाणों का अविषय होनेसे । शब्दसे कहने के योग्य नहीं शंका । ननु, तब आत्माको शशश्रृंगादिकों के तुल्यहोनेसे असत्पना प्राप्तहोवेगा, । समाधान । यह कहना बनेनहीं, क्योंकि शुक्तिके ज्ञानहुये रजतकी तृष्णाकी निवृत्ति होनेवत् तुरीया के सर्वात्मभावसे ज्ञानहुये, तिसज्ञानको अनात्मवस्तुकी तृष्णा की निवृत्तिका हेतुहोनेसे, अरु तुरीयाके स्वात्मभावसे ज्ञानहुये । कारण । अविद्या अरु । तिसकाकार्य । तृष्णादिकदोष तिनका संभव होना हैनहीं । अरु तुरीया के आत्मभावके ज्ञानबिषे हेतुका अभाव भी नहीं, क्योंकि " तत्त्वमसि " ‹ सो तूहै› " तत्सत्यम् " "अयमात्माब्रह्म" "सआत्मायत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म" "साबाह्याभ्यन्तरोह्यजः" "आत्मैवेदंसर्वं" ‹सो सत्यहै। यहआत्मा ब्रह्म है। सो आत्मा है जो साक्षात् परोक्षब्रह्म है । बाहर अन्तर सहित अजन्माहै । आत्माही यह सर्व है › इत्यादि श्रुतिवाक्यों से सर्व उपनिषदोंको तिसही प्रयोजनार्थ होनेकरके परिसमाप्त होनेसे। सो [इसप्रकार निषेध मुखसेही तुरीयाका प्रतिपादन है, विधि मुखसे नहीं, इसप्रकार प्रतिपादन करके, अब कहे हुये अर्थ के अनुवाद पूर्वक अग्रिम कहनेके अर्थको प्रकट करते हैं] यह आत्मा परमार्थ रूपसे चारपदों वालाहै इसप्रकार पूर्व द्वितीयमंत्र करके कहाथा, तिसके अपरमार्थरूप अविद्यारचित रज्जुसर्पादिकोंके तुल्य बीज अरु अंकुरस्थानी तीनपादोंका लक्षण पूर्वकहा। अब इस मन्त्र बिषे अविजात्मक परमार्थ स्वरूप रज्जुस्थानीय चतुर्थपादको "नान्तःप्रज्ञं" ‹अन्तःप्रज्ञनहीं› इत्यादिरूप वाक्यसे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्पस्थानीय (जाग्रदादि) तीनोंस्थानोंके निराकरणसे कहते हैं। शंका। ननु, आत्माके चारपाद करके युक्तपनेकी प्रतिज्ञा करके पादत्रयके कथनसेही चतुर्थ पादकी अन्तःप्रज्ञ आदिक तीनपादोंसे पृथक् सिद्धिसे "नान्तःप्रज्ञं" (अन्तःप्रज्ञनहीं) इत्यादि निषेध अनर्थक (व्यर्थ) होवेगा, इसप्रकार जो वादीका कथन(सो कथन बनेनहीं,क्योंकि सर्पादिरूप विकल्पके निषेधसेही रज्जुके स्वरूप के निश्चयवत्, तीन अवस्थावाले आत्माकोही तुरीयरूप होनेसे "तत्त्वमसि"(सो तूहै) इसवाक्यवत्। अरु [ननु, जाग्रदादि तीन अवस्था करके विशिष्ट आत्माको तुरीयत्व नहीं, क्योंकि तुरीयको विशिष्ट से विलक्षण होने करके (उस विशिष्टसे अत्यन्त पृथक्ताहै एतदर्थ उस विशिष्ट आत्माका तुरीयपना अग्रिम कहनेकेग्रंथकरके कैसे प्रतिपादन करतेहौ, इसप्रकारकी जहां वादीकी शंकाहै तहां कहते हैं। यहांयह अर्थहै कि,तुरीयाकी प्रातिभासिकसे विलक्षणताके हुये भी विशिष्ट अरु उपलक्षित (अर्थात् विशेषण अरु उपलक्षणवाले) आत्माकी अत्यन्त विलक्षणता न होनेसे, तुरीया का विशिष्टसे वास्तवकरके भिन्नपना है नहीं, अरु अन्यथा अत्यन्त भिन्न अरु परस्परके सम्बन्ध रहित, होनेसे, इन (विशिष्ट अरु अविशिष्ट) दोनोंके उपाय (साधन) अरु उपेय (साध्य) भावकी अयोग्यतासे, तुरीयके ज्ञानबिषे विशिष्ट आत्माको द्वार (कारण) होनेके अभावहोनेसे, अरु तिस (तुरीया) के ज्ञानके द्वाररूप अन्यवस्तुके अदर्शनहोने से, तुरीयाका अनिश्चयही होवेगा,] जब तीन अवस्थावाले आत्मासे विलक्षण अन्य तुरीया होय,तब तिसके (अस्तित्वके) निश्चय होनेके द्वारके अभावसे शास्त्रका उपदेश अनर्थक (व्यर्थ) होवेंगा, अथवा शून्यता प्राप्तहोवेगी। जैसे [यहां यह अर्थहै कि विशिष्टकेही निश्चयसे तुरीयाका अनिश्चयहोने से, निश्चितहुयेजे विश्वादिक विशिष्ट आत्मातिनका उलटा उदय होवेगा, अरु वास्तवसे अन्य (तुरीया) को अनिश्चितहोनेसे निरात्मकताकीही बुद्धिप्राप्तहोवेगी,] अधिष्ठान

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रज्जु (अध्यस्त) सर्प्पादिकों से भेदको पावती है, तैसेही अ
तीनोंस्थानों बिषेभी एकही आत्मा अन्तःप्रज्ञत्वादिकोंसे भेदको
प्राप्तहोता है, तब अन्तःप्रज्ञत्वादिपनेके निषेधके ज्ञानरूप प्रमाण
के समकालही आत्माबिषे अनर्थरूप प्रपंचकी निवृत्तिरूप फल
परिसमाप्तहोवे है । जैसे [सम्बन्धीके परोक्षज्ञानके हेतु शब्दको
असम्बन्धीके अपरोक्षज्ञानकी हेतुताका असंभव होनेसे, तुरीयाके
ज्ञानबिषे अन्य प्रमाण मानना चाहिये, इस पक्षके (कहनेवाले
को) प्रति कहते हैं । यहां यह अर्थहै कि तुरीयाके साक्षात्कारबि
शब्दसे इतर प्रमाण खोजनेके योग्य नहीं, क्योंकि शब्दकोबिषय
के अनुसार होनेसे प्रमाणका हेतुपना है ताते, अरु तुरीय रूप
बिषय को सम्बन्धरहित अपरोक्ष रूपताहै ताते,] रज्जु अरु सर्प
के विवेकहोनेके समकालमें (साथही) रज्जु बिषे सर्पकी निवृत्ति
रूप फलके हुये, रज्जुके ज्ञानका अन्य फल वा अन्य प्रमाण वा
अन्य साधन, अन्वेषण करनेको योग्य नहीं । तैसेही तुरीया के
ज्ञानहुये (तिसज्ञानसे) अन्य प्रमाण वा साधन अन्वेषणकरना
योग्य नहीं । पुनः [बिषयगत प्रकटपना प्रमाणका फलहै, अध्य-
स्त (कल्पित) की निवृत्ति प्रमाणका फलनहीं, यह आशंका
करके कहते हैं, यहां यह भावहै कि अपने बिषयकेअज्ञान निवा-
रणार्थ प्रवृत्ति हुई जो प्रमाणकी क्रिया सो अपने विषयबिषे स्व-
भावरूप अतिशयताको जब धारण करेहै, तब निवारणरूप अर्थ
की तुल्यतासे ' छेदनरूप क्रिया भी छेदनकरने योग्य काष्ठके
संयोगके निवारणसे पृथक् अतिशयको धारण करेगी।अरु संयोग
के विनाशसे इतर विभागबिषे अनुभव हैनहीं । अरु प्रकटता के
प्रकाशपनेके हुये ज्ञानवत् (जैसे शब्दके अर्थबिषे ज्ञानस्थित होते
है तैसे (अर्थ बिषे स्थितपना न होगा । अरु अप्रकाशपनेके हुये
अर्थबिषे स्थितपना होवेगा, तिस हेतुसे अर्थकेबिना अर्थ नहीं है,
जिनके मतबिषे अन्धकारके अभावकरने बिना घटादिकोंके ज्ञान
बिषे प्रमाण प्रवर्त्त होताहै, तिनके मतमें छेदनकरने योग्य वृक्षके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अवयवके सम्बन्धके बियोग किया बिनाही दोनों अवयवोंमें से एक अवयव बिषेभी छेदनरूपक्रिया प्रवर्त्तहोतीहै,इसप्रकारकहना होवेगा। [अज्ञानका निवर्त्तक ही प्रमाणहै, इसपक्षमें विषयके स्फुरणबिषे कारणके अभावसे विषयका स्फुरण न होगा, यह आशंकाकरके कहतेहैं । यहांयह अर्थहैकि अंधकारसे आवृतहुआ घट व्यवहारके योग्य स्थित होताहै, तिसको अंधकार से बाह्य करके तिसकी व्यवहारकी योग्यताके सम्पादनबिषे प्रत्यक्षादिक प्रमाण प्रवृत्त होतेहैं, सो प्रमाण जबग्रहण करनेको अनिच्छित, अरु प्रमाणज्ञान (प्रमाणजन्यज्ञान)केअविषय अन्धकारकीनिवृत्ति रूप फलबिषे स्थितहोवे, तब घटका स्फुरणरूप प्रयोजनवाला प्रमाणका फल होताहै । जैसे छेदनरूप जो क्रियाहै सो छेदन करनेयोग्य वृक्षके दोनों अवयवोंके परस्परके संयोगके निवारण बिषे प्रवृत्तहुई उस छेदनकरने योग्य वृक्षके दोनों (शाखारूप) अवयवोंके द्विधा भाव (होने)रूप फलबिषे स्थित होतीहै, परन्तु वृक्षके दोनों अवयवोंमेंसे एक भी अवयवबिषेभी छेदनरूप क्रिया प्रवृत्ति होती नहीं। तैसेहीयहांभी अन्धकारकी निवृत्तिबिषे प्रमाण निवृत्ति होवेहै, परन्तु घटका स्फुरणतो तिसका फलहै। अरुतिस प्रमाणको स्थिरपना नहीं, क्योंकि प्रकाशक प्रमाताके व्यापारको अस्थिरताहै ताते,] अरुजब पुनःछेदनकरने योग्य वृक्षके अवयवके दोभाग करने (वा होने) रूप फलबिषे 'अन्तबिषे छेदनरूप क्रिया (कि जिससे दोभाग होताहै)तिस अन्तवाली क्रियावत् घट अरु अन्धकारके विवेक के करने बिषे प्रवृत्तहुआ जो प्रमाणसो तो ग्रहण करने को अनिच्छित, अरु अविषयरूप अन्धकारकी निवृत्तिरूप फलबिषे अन्तवाला होताहै, तब अन्तरायवाले (तमच्छिन्न) घटका ज्ञान हैनहीं,इससे सो प्रमाणका फलनहीं। तैसे [किंवा घटादिक जड़ोंको संवित् (चैतन्य) की अपेक्षावाला होनेसे, तिसबिषे संवित् को प्रमाणकी फलरूपता होनेसे भी एक संवित्रूप अजड़ आत्मा बिषे मनमें आरोपित धर्मकीनिवर्त्तकताके बिना संवित्की जनकता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रूपव्यापार संभवे नहीं,इसप्रकार कहतेहैं,यहांयह अर्थहै कि तु
रूप आत्माबिषे प्रमाणको संवेदनका जननरूप व्यापार कल्प
नहीं, क्योंकि, यह तुरीय संवित् (चैतन्य)रूपहै ताते,अरु आ
पितकी निवृत्तिके बिना प्रमाणजन्य फलरूप संवित्की अपे
का अभावहै ताते,] आत्माबिषे आरोपित अन्तःप्रज्ञपने आदि
के विवेकके करनेबिषे प्रवृत्तहुये निषेधके ज्ञानरूप प्रमाणकाग्रह
करनेको अनिच्छित जे अन्तःप्रज्ञपनादिक तिसकी निवृत्ति
बिना तुरीयबिषे व्यापारका संभव नहीं, क्योंकि अन्तःप्रज्ञप
आदिकोंकी निवृत्तिके समकालही प्रमातापने आदिक भेद
निवृत्तिहै ताते, इसप्रकार अग्रिम कहेंगे । तथाच " ज्ञाते द्वैत
विद्यतइति " (जानेहुये द्वैतविद्यमान हैनहीं) इसवाक्यप्रमा
से ॥ [किंबा ज्ञानके आधीन द्वैतकी निवृत्ति करकेयुक्त क्षणवि
अन्यक्षणबिषे ज्ञान स्थितहोनेको समर्थ नहीं । अरु अस्थिरहु
ज्ञान व्यापारार्थ परिपूर्ण नहीं, अरु तैसे हुये ज्ञानका द्वैत
निवृत्तिसे भिन्न आत्माबिषे व्यापारनहीं, इसप्रकार कहतेहैं,]
ज्ञानको भेदकी निवृत्तिरूप फलविना अन्यक्षणबिषे अस्थिरता
हुये, अरु [ननु, ज्ञान जोहै सो द्वैतका निवर्त्तकहुआ हुआ
अपने स्वरूपको निवर्त्त करता नहीं,क्योंकि निवर्त्त होनेकी योग्य
ता का अरु निवर्त्तकतारूप धर्मका एकही धर्मीबिषे होनेका वि
रोध है ताते । याते यावत् पर्यन्त ज्ञानका निवर्त्तक अन्यन आवे
तावत् ज्ञान स्थिर होवेगा, यह आशंका के हुये समाधान कह
हैं । यहां यहभावहै कि, द्वैतके निवर्त्तक ज्ञानको द्वैतकी निवृत्ति
अनन्तर भी अपने अन्य निवर्त्तक की अपेक्षा करके स्थितहुये
न उन ज्ञानको अन्य अन्य निवर्त्तक की अपेक्षावाला होनेसे
थमज्ञानको भी निवर्त्तकपनेकी असिद्धी होवेगी] ज्ञानके स्थि
हुये अनवस्था प्रसंग होनेसे द्वैतकी अनिवृत्ति होवेगी । [यहां
ह अर्थहै कि ज्ञानको अपने निवर्त्तकपनेका असंभव नहीं,क्यों
[ज्ञानको] अपने अरु दूसरेके विरोधी बहुत पदार्थों की प्रती

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है ताते] एतदर्थ निषेधके ज्ञानरूप प्रमाणके व्यापारके समकाल में ही आत्माबिषे आरोपितजे अन्तःप्रज्ञतापनादिक अनर्थ तिनकी निवृत्ति होतीहै, इसप्रकार सिद्धहुआ ॥ अब तात्पर्य सहित मूल श्रुतिका अर्थ कहते हैं ॥ यहां " नान्तःप्रज्ञमिति " (अन्तःप्रज्ञ नहीं) इसपद से तैजसका निषेध किया, "नबहिःप्रज्ञमिति" (बहिः प्रज्ञनहीं) इसपदसे विश्वका निषेध किया, अरु "नोभयतः प्रज्ञमिति " उभयतः (प्रज्ञनहीं) इसपद करके जाग्रत् अरु स्वप्नकी संधीरूप मध्य अवस्थाका निषेध किया, अरु " नप्रज्ञान घनमिति" (प्रज्ञानघन नहीं) इस पदसे सुषुप्ति अवस्था का निषेध किया, क्योंकि सुषुप्तिको बीजभावकी अविवेक रूपताहै ताते, अरु " नप्रज्ञमिति " (प्रज्ञनहीं) इस पद करके एककाल बिषे सर्व विषयों के ज्ञातापने का निषेध किया, अरु " नाप्रज्ञमिति " (अप्रज्ञनहीं) इसपद से अचेतनपने का निषेध किया ॥शंका॥ननु, पुनः आत्माबिषे प्रतीयमान जे अन्तःप्रज्ञ आदिक तिनकारज्जुआदिकों बिषे सर्पादिकोंवत् निषेध होनेसे असत्पना कैसे जानिये, समाधान ॥ तहां कहते हैं। अन्तःप्रज्ञ आदिकों के ज्ञानस्वरूप होने बिषे अबिशेषताके हुये २ भी रज्जुआदिकों बिषे सर्प जलधारादिकों के कल्पित भेदवत् परस्पर असत्पना है । अर्थात् जैसे एकही रज्जुरूप अधिष्ठान बिषे अध्यस्त जे ,सर्प ,दंड, जलधारा, सो कल्पित अरु परस्पर में व्यभिचारी, अर्थात् जिसकालमें रज्जुबिषे सर्पकी प्रतीति है तिसही कालमें दंड अरु जलधारा की नहीं, अरु जिसकाल बिषे दंडकी प्रतीति है तिसकाल बिषे सर्प अरु जलधाराकी प्रतीति नहीं, अरु जिसकाल में जलधारा की प्रतीति है तिसकाल में सर्प अरु दंडकी प्रतीति नहीं, ताते अधिष्ठान रज्जु से बास्तव करके अपृथक् भी जे कल्पित ,सर्प, दंड, जलधारा, सो उक्तप्रकार परस्पर में व्यभिचारी अरु कल्पित होनेसे असत् है। तैसेही विश्वादिक भी अपने अधिष्ठान से पृथक् सत्तावाले नहीं परन्तु परस्पर व्यभिचारी अरु कल्पित होनेसे असत् हैं।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अरु रज्जुआदिकोंवत् अव्यभिचारतासे तिनके ज्ञान स्वरूप
सत्यपनाहै॥ अरु जो ऐसाकहे कि तिनका ज्ञानस्वरूप भी सुषु
बिषे व्यभिचारको पावताहै, सोबनेनहीं क्योंकि सुप्तिवान् पुरु
अनुभव का बिषयहै ताते। अरु "नहिविज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोप
विद्यतइतिश्रुतेः" (विज्ञाताकी विज्ञप्तिका लोप विद्यमान नहीं
इस श्रुतिके प्रमाणसे) अरु जब ऐसा है एतदर्थही "अदृष्टम्
(अदृष्ट है) अरु जिसकरके अदृष्ट है, तिसही करके "अव्य
हार्य्यम्" अव्यवहार (व्यवहारकरने के अयोग्य) है, अरु
व्यवहार होनेसे "अग्राह्यं" अग्राह्य (कर्मेंद्रियोंसे ग्रहण क
के अयोग्य) है, ताहीते "अलक्षणम्" अलक्षण कहिये लि
रहित (अर्थात् अनुमान प्रमाणका अविषय) है। अरु जब
साहै तबहीं "अचिन्त्यम्" अचिन्त्य (अन्तःकरणकी वृत्ति
का अविषय)है। अरु जिसकरके ऐसाहै तिसही करके "अव्य
देश्यम्" अव्यपदेश्य (शब्दप्रमाणका अविषय होने से उपदे
करने वा कहनेके अयोग्य) है। अरु जब ऐसाहै तब "एकात्म
प्रत्ययसारम्" एकात्म्य प्रत्ययसारहै, अर्थात् जाग्रदादि (अवस
रूप) स्थानोंबिषे यह आत्मा एकहै, इसप्रकार अव्यभिचारी
प्रत्यय (ज्ञान) तिसकरके अनुसरने (विचार वा अनुभव करने
योग्यहै। अथवा जिस तुरीया की प्राप्ति बिषे एक आत्मज्ञानरू
ही सार (मुख्यप्रमाण) है, इसप्रकार का सो तुरीया है "आत्
त्येवोपासीतइतिश्रुतेः" (आत्माहै इसप्रकारहीउपासना करना
(अर्थात् आत्माको अस्तिभावसेही निश्चय करना, "अस्तीत्ये
वोपलब्धव्य" इत्यादि अन्यश्रुतिके प्रमाणसे) इस प्रकार
न्तःप्रज्ञत्वादि (भावप्रापक जाग्रदादि) स्थानोंके अभिमानी
धर्मका निषेध किया। अरु "प्रपञ्चोपशममिति" (प्रपंच
रहित है) इसप्रकार (आत्माबिषे) जाग्रदादि स्थानोंके धर्मक
अभाव कहा। अरु उक्तप्रकारका होने सेही "शान्तम्" शान्
(रागद्वेषादि सर्वविकार अरु विक्रिया रहित) है। इसही

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

"शिवम्" शिव (शुद्धबुद्ध मुक्तस्वभाव परमानन्द बोधस्वरूप) है। अरु "अद्वैतम्" अद्वैत (अर्थात् जिसकरके सर्वभेद विकल्पसे रहित) है, तिसही से "चतुर्थम्" चतुर्थ है (अर्थात् तीन-पादोंकी अपेक्षासे चतुर्थ) तुरीयपाद, "मन्यन्ते" मानते हैं (क्योंकि प्रतीयमान जे विश्वादिक तीन पाद तिनसे विलक्षण है ताते "सआत्मा सविज्ञेय" (सो आत्माहै सो जानने योग्यहै) अरु जैसे प्रतीयमानजे 'सर्प, भूमिकी दरार, दंड, जलधारादिक, तिस सर्वसे पृथक् (अरु तिनसबका आश्रय अधिष्ठान) रज्जु है। तैसे "तत्त्वमसि" (सो तूहै) इत्यादि महावाक्योंका लक्ष्य-रूप जो आत्मा (अर्थात् जाग्रदादि अवस्थारूप स्थानोंका, अरु तदभिमानी विश्वादिकों का आश्रय अधिष्ठान अरु सर्वके धर्म कर्मादिकोंसे पृथक् सर्वकाप्रकाशक साक्षी निरुपाधिशुद्ध बिज्ञान घननिर्विशेष निरुपाधि जो आत्मा सो) अदृष्ट (चक्षुरादिकोंका अविषय) हुआ, (चक्षुरादि सर्वका) द्रष्टाहै, अरु "नहिद्रष्टुर्दृष्टे र्विपरिलोपोविद्यत, इत्यादि,, (द्रष्टाकी दृष्टिका विपरिलोप वि-द्यमान नहीं) इत्यादि श्रुतियों ने कहा है, (ताते सोई सर्वका अनुभवी अपना आप सत्य प्रत्यगात्मा है) सो जानने योग्यहै ॥ यहां ("सविज्ञेय,, (सो जानने योग्य है) इसप्रकार कहाहै सो (पूर्व (अपने आप आत्माकी) अज्ञात अवस्थाबिषे (अर्थात् अपने आप वास्तविक स्वरूपको यथार्थ न जानने रूप अवस्थाबिषे (आत्मा विषयकज्ञेयपनेकेहुये, आत्माको 'जाननेयोग्य है, इसप्र-कारकहा। अरु (महावाक्योंके लक्ष्यार्थको सम्यक्प्रकार अपने आप (आत्माकरके जानेहुये 'ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेय, इस त्रिपुटि के विभाग रूप द्वैतका अभाव होताहै ७ ॥

हे सौम्य, "अत्रैतेश्लोकाभवन्ति" (यहांयह श्लोक होते हैं) अर्थात्'यहां [अब "नान्तःप्रज्ञत्वादि" (अन्तःप्रज्ञत्वनहीं)इससप्त-संख्यावाले श्रुति मन्त्रकरके उक्तार्थ बिषे तिसके वर्णनरूप गौड-पादाचार्य कृत नव ९ श्लोकोंको प्रकटकरतेहैं] "निवृत्तेः सर्वदुः-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गौडपादीयोपनिषदर्थाविष्करणम्॥

निवृत्तेःसर्व्वदुःखानामीशानःप्रभुरव्ययः॥ अद्वैतः सर्वभावानांदेवस्तुर्य्योविभुःस्मृतः १०॥

अथ गौडपादाचार्यकृत कारिका॥

खानामीशानः प्रभुरव्ययः" (सर्वदुःखोंकी निवृत्तिका ईशान प्र है, अव्यय है) अर्थात् 'प्राज्ञ,तैजस,विश्वरूप लक्षणवाले जीवों सर्वदुःखोंकी निवृत्तिका ईशान कहिये नियामक तुरीयरूप आत्म है। सो प्रभुहै। अर्थात् यहां 'ईशान, पदका व्याख्यान रूप 'प्रभु पदहै, एतदर्थ ईशान कहिये सर्व दुःखोंकी निवृत्ति के अर्थ प्र (समर्थ) होताहै (अर्थात् जो सर्वदुःखोंकी निवृत्तिकरने में सम होवे तिसको 'प्रभु, इसनामसे कहते हैं, सो एक आत्माहीअप सम्यक् ज्ञानद्वारा अध्यात्मिकादि त्रिविधतापोंको समूल अश निवृत्तकरताहै ताते तुरीय आत्माके 'ईशान,इस विशेषणका अ प्रभुहै। क्योंकि सर्व दुःखोंकी जो निवृत्तिहै सो तिस (आत्मा) केज्ञानरूप निमित्तसे होतीहै ताते। अरु यह प्रत्यगात्मा जिस (वास्तवकरके) स्वरूपसे व्यभिचारको पावता नहीं तिसहीं अव्यय है। अरु "अद्वैतः सर्व्वभावानां देवतुर्य्यो विभुःस्मृतः (सर्वभावोंके) मिथ्याहोनेसे) अद्वैतहै, देव तुरीय विभु(व्यापक कहाहै) अर्थात् (जाग्रदादि अवस्थारूप तीनोंस्थान अरु तिन विश्वादिक तीनों अभिमानी सो सर्व) रज्जुमें सर्पवत् अस होनेसे) उन सर्वका आश्रय अधिष्ठानरूप तुरीय आत्मा) अद्वै है। अरु एतदर्थही) अर्थात् सर्वभावोंको मिथ्याहोनेसेही (व्य (व्यभिचार) के हेतु जे द्वैतवस्तु तिसके अभावसे आत्मा अव्य है। अरु सो यह सर्वका प्रकाशक होनेसे देव) अर्थात् जाग्रदा स्थानों सहित विश्वादिकोंके 'रज्जुमें सर्पवत् अध्यस्तरूप भा को, अरु स्वरूपसे उनके अभावको,उनका अधिष्ठान साक्षीहो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कार्य्यकारणबद्धौताविष्येतेविश्वतैजसौ ॥ प्राज्ञःकारणबद्धस्तुद्वौतौतुर्य्येनसिध्यतः ११ ॥

प्रकाशताहै ताते आत्मा सर्व प्रकाशकों का प्रकाशक देव (है। अरु विश्वादिकोंकी अपेक्षा चतुर्थ होनेसे तुरीय, अरु सर्व में व्यापक होने से विभुहै, ऐसा कहते हैं १० ॥

११॥हे सौम्य,अब तुर्य्याके यथार्थ आत्मपनेके निश्चयार्थ[इस श्लोकके तात्पर्यको कहतेहैं]"कार्य्य कारणबद्धौ ताविष्यतेविश्व तैजसौ" {सो विश्व तैजसदोनों कार्यकारण से बद्ध अंगीकार करते हैं} अर्थात् विश्वादिकों का सामान्य अरु विशेषभाव निरूपण करते हैं [विश्वादिकों विषे मध्यकी विशेषता वा 'विलक्षणताके निरूपण करनेद्वारा तुरीयाकोही निरधार करते हैं] यहां 'करते हैं, ऐसा जो फलभाव, सो कार्यहै। अरु 'करता है, ऐसा जो बीजभाव, सो कारण है। तिन तत्त्वके अग्रहण अरु अन्यथा ग्रहणरूप बीजभाव अरु फलभाव (अर्थात् तत्त्वका अग्रहण (अज्ञान) सोई बीजभाव अरु तिसीबीज हेतुसे हुआ जो तत्त्व विषयक कर्तृत्वभोक्तृत्वादि अन्यथाग्रहणभाव सोई उक्त बीजका फलभाव है (तिनसे वेपूर्वोक्त विश्व अरु तैजस ये बद्ध अंगीकार करतेहैं। अरु "प्राज्ञः कारणबद्धस्तु द्वौतौ तुर्य्येन सिध्यतः"{प्राज्ञ तो कारण भावसेही बद्धहै, विश्व अरु तैजस येदोनों तुरीयाबिषे सिद्धहोते नहीं} अर्थात् प्राज्ञतो बीजभावरूप कारणसेही बद्धहै अर्थात् तत्त्वका अबोधमात्रही जो बीजभाव सोई प्राज्ञपने बिषे निमित्तहै। एतदर्थ वे बीजभाव अरु फल भावमय तत्त्वके अग्रहण अरु अन्यथाग्रहणरूप विश्व अरु तैजस यह दोनों तुरीया बिषे सिद्ध होते नहीं ११ ॥

१२॥हे सौम्य,।प्रश्न। पुनः प्राज्ञको कारणसे बद्धपना कैसेहै। वा तुरीयाबिषे तत्त्वके अग्रहण अरु अन्यथाग्रहणरूप बद्धजो विश्व औ तैजस सो तिसप्रकारके सिद्ध होते नहीं,।उत्तर। तहां

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नात्मानंनापरांश्चैवनसत्यंनापिचाऽनृतम् ॥ प्रा
किञ्चनसंवेत्तितुर्य्यंतत्सर्वदृक्सदा १२ ॥

कहते हैं, "नात्मानं नापरांश्चैव न सत्यं नापि चाऽनृतम्, प्राज्ञ
किञ्चन संवेत्ति" (प्राज्ञहै सो न आपको न परकोन सत्यको
अनृत (झूठ) को, कुछभी जानता नहीं) अर्थात् जिसकर
प्राज्ञ जोहै सो विश्व अरु तैजसवत् कुछ भी आपको जान
नहीं, अरु अविद्यारूप बीजसे उत्पन्न बाह्यके द्वैतरूप, अन्यों
भी जानता नहीं, अरु सत्यको (दृष्ट्यादिकोंके विषय कार्यको
जानता नहीं । अरु तैसेही अविद्यात्मक बीजरूप अनृत (अ
षयकारण) को भी जानता नहीं।एतदर्थ यह प्राज्ञ अन्यथाग्रह
कहिये 'विपरीत ज्ञान, के बीजमय अग्रहणरूप अज्ञान से ब
होताहै । अरु "तुर्य्यंतत्सर्वदृक् सदा" (तुरीया सर्वदा सर्वद
है) अर्थात् जिसकरके तुरीया अपनेसे इतर (अविद्या)केअभा
से सर्वदा सर्वदृक् (सर्वरूपअरुसर्वकाद्रष्टा) है । एतदर्थ तिसवि
तत्त्वका अग्रहणरूप (अविद्यात्मक) बीजनहीं, 'क्योंकि वो ति
का भी प्रकाशक द्रष्टा है ताते, अरु जब उसबिषे उक्त बीजन
तिसहीकरके तिसबीजसे उत्पन्नहुआ जो अन्यथाग्रहरूप(अर्थ
विपरीतज्ञान, जीवभावरूप) फलकाभी तिसबिषे अभावहै । जै
सर्वदा प्रकाश रूप सूर्य्यबिषे अप्रकाशता वा अन्यथाप्रकाशना
भवे नहीं ।अथवा जैसे सर्वदा स्वयंप्रकाशरूप सूर्य बिषे अन्धका
नहीं अरु तिसके अभावहुये तिसकाकार्य जो पदार्थका अन्यथ
भासना सोभीनहीं । तैसे सर्वदा स्वयंज्योतिः द्रष्टारूप तुरीयाबि
बीजरूप मूलाज्ञान अरु तिसकाकार्य अन्यथाग्रहण (विपरीतज्ञ
न, जीवभाव) रूपफल दोनों नहीं । क्योंकि "नहिद्रष्टेर्दृष्टेर्विप
लोपो विद्यत इतिश्रुतेः" (द्रष्टाकी दृष्टिका बिपरिलोप (अभाव
विद्यमान नहीं) इसश्रुतिके प्रमाणसे । अरु वो सर्वका द्र
तुरीया पदार्थका अग्रहणरूपबीजसुषुप्तिका अरु तिसकेकार्यवि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्वैतस्याग्रहणंतुल्यमुभयोःप्राज्ञतुर्य्ययोः। बीजनिद्रा युतः प्राज्ञः सा च तुर्य्येनविद्यते १३॥

रीतज्ञानरूप फलका प्रकाशक द्रष्टाहै, अरु। घटद्रष्टाघटाद्भिनः। इस न्यायप्रमाण दृश्यसे द्रष्टापृथक् होनेसे उसबिषे उक्त बीज अरु फलका अभाव सिद्धहै। अथवा जाग्रत् अरु स्वप्नादि। सर्व अवस्थामें। सर्व भूतों बिषे स्थितिवाला सर्ववस्तुओं का द्रष्टा आभास (प्रतिबिम्बरूप प्रकाश) है सो तुरीयाही है। क्योंकि बिम्बसे प्रतिबिम्बकी पृथक्सत्ताका अभावहै ताते। एतदर्थ सो तुरीया सर्वदा सर्वदृक् (सर्वकाद्रष्टा) है। क्योंकि अविद्यासे रहित सर्वदा जाग्रत् स्वभावहै। तथाच "नान्यदतोऽस्तिद्रष्ट, इत्यादि श्रुतेः" (इससे अन्य द्रष्टा है नहीं) १२॥

१३॥ हे सौम्य, अब निमित्तान्तरसेप्राप्तहुई शंकाकी निवृत्ति केअर्थ यह श्लोकहै। अर्थात् तुरीयाबिषे अन्यनिमित्ततासे प्राप्तहुई कारणता। तिससेहुई जो बद्धपनेकीशंका तिस। बद्धपनेकीशंका की निवृत्तिके अर्थ यह श्लोकहै। कैसे कि [विवादका विषय जो तुरीय सो कारणसे बद्ध कहिये सम्बंधवाला है, द्वैतका अग्रहणहै ताते, प्राज्ञवत्। यहां अनुमानकोही देखावते हुये, प्राज्ञ को कारणकरके बद्धपने बिषे अन्यनिमित्तकोही प्रकटकरते हैं] दोनोंबिषे द्वैतके अग्रहणरूप निमित्तकी तुल्यताहै ताते। इस प्रकारकी जो शंकाप्राप्तहुई 'सो शंका, प्राज्ञकोही कारणसे बद्ध पनाहै तुरीयाकोनहीं, इसप्रकारनिवारण करतेहैं "द्वैतस्याग्रहणं तुल्यमुभयोः प्राज्ञतुर्य्ययोः" (प्राज्ञ अरु तुरीया दोनोंको द्वैतका अग्रहणतुल्यहै) अर्थात् यद्यपि प्राज्ञ अरु तुरीया इन दोनोंको द्वैतका अग्रहण तुल्यही है। तथापि "बीज निद्रायुतः प्राज्ञ सा च तुर्य्येन विद्यते" (प्राज्ञ बीज निद्रायुक्त है, सो तुरीया बिषे विद्यमान नहीं) अर्थात् प्राज्ञ जोहै सो विशेषके। विश्व तैजसादिरूप द्वैतके। बोधके उत्पत्तिका कारण जो तत्त्वका अबोधरूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वप्ननिद्रायुतावाद्यौप्राज्ञस्त्वस्वप्ननिद्रया ॥ न
द्रांनैवचस्वप्नं तुर्य्येपश्यन्तिनिश्चिताः १४ ॥

बीजनिद्रा (मूलाविद्या) तिसकरकेयुक्तहै। अरु तुरीयाको सर्व
सर्वका द्रष्टा स्वभाववालाहोनेसे सो 'तत्वका अबोधरूप नि
(मूलाविद्या), तुरीयाबिषेहै नहीं एतदर्थतिस तुरीया बिषे का
का सम्बन्ध नहीं, यह अभिप्राय सिद्ध है १३ ॥

१४ ॥ हे सौम्य, [अब, "कार्य्यकारणबद्धौ ताविष्येतेविश्व
जसौ" (वे विश्वअरु तैजसकार्य्य अरुकारणकरकेबद्धहैं। इसअ
दश १८ में श्लोकबिषे उक्त अर्थको, अनुभवके आश्रयसे वर्ण
करते हैं] "स्वप्ननिद्रायुतावाद्यौ प्राज्ञस्त्वस्वप्ननिद्रया" (आ
दोनों स्वप्न अरु निद्राकरके युक्तहै, अरु प्राज्ञ तो स्वप्नसेरहि
निद्राकरके ही युक्त है) अर्थात् आद्य (प्रथमकहे) जे विश्व अ
तैजस सो दोनों 'रज्जुबिषे सर्पवत्', (अध्यस्त) जे अन्यथाग्र
णरूप स्वप्न, अरुतत्त्वके अबोधमय अज्ञानरूप निद्रा, तिन स्वप्
अरु निद्रा दोनोंकरकेयुक्तहैं। एतदर्थ वे (विश्व अरु तैजस) का
अरुकारण (दोनोंसे) बद्धहैं, इसप्रकारपूर्वकहा। अरु प्राज्ञते स्व
से रहित केवल निद्रा (अज्ञान) सेहीयुक्तहै। एतदर्थ कारणसे ब
है, इसप्रकार पूर्व कहा। अरु "ननिद्रांनैवचस्वप्नंतुर्य्ये पश्यन्ति
निश्चिताः" (निश्चयको प्राप्तहुये, तुरीयाबिषे स्वप्नकोनहीं देखति
अरु निद्राको भी नहीं देखते) अर्थात् जो (महावाक्यार्थ
सम्यक् ज्ञानकरके) निश्चयको प्राप्तहुये ब्रह्मवेत्ता, सो 'सूर्यवि
अन्धकारवत् बिरुद्ध धर्माहोनेसे, तुरीयाबिषे स्वप्नको देखते नहीं
अरु निद्राको भी देखते नहीं। एतदर्थही जो (सर्वका प्रकाशहै
द्रष्टा) तुरीया है सो कार्य्य अरु कारण दोनों से बद्ध नहीं
इसप्रकार पूर्व कहा है १४ ॥

१५ ॥ हे सौम्य,। शंका। ननु (पुरुष स्वप्नबिषेस्थित कबहोता
अरु निद्राबिषे कब होता है; अरु तुरीयाबिषे निश्चयको प्रा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अन्यथागृह्णतः स्वप्नोनिद्रातत्त्वमजानतः ॥ विपर्य्यासेतयोक्षीणेतुरीयंपदमश्नुते १५ ॥

हुआ कब होताहै ,। समाधान। तहां कहते हैं " अन्यथा गृह्णतः स्वप्नो निद्रातत्त्वमजानतः " (तत्त्वके अन्यथा ग्रहणवाले को स्वप्नहोताहै, अरु न जाननेवाले को निद्राहै) अर्थात् स्वप्न अरु जाग्रत्बिषे 'रज्जुमें सर्पवत्, तत्त्वको अन्यथा (औरप्रकारसे) ग्रहण करनेवाले पुरुषको स्वप्नहोताहै, अरु तत्त्वके न जाननेवाले को तीनों अवस्थाबिषे तुल्य निद्राहै । यहां स्वप्न अरु निद्राबिषे तुल्यताके होने से ' बिश्व अरु तैजस, इनदोनों को एकराशी (कोटि) पनाहै। अरु तिनबिषे अन्यथाग्रहणसे अरुप्रधान (मुख्य) होनेसे गुणरूप निद्राहै अरुबिपरियास स्वप्नहै । अरु तृतीयस्थान अद्वितीयकोटि प्राज्ञबिषेतो तत्त्वकाअज्ञानलक्षणरूप निद्राही केवल विपरियासहै । एतदर्थ " बिपरियासे तयोक्षीणेतुरीयं पदमश्नुते " (विपरियासके क्षीणहुये तुरीय पदको पावताहै) अर्थात् काउन कार्य अरु कारण रूप उभय स्थानों के अन्यथा ग्रहण अरु अग्रहण लक्षणमय कार्य कारण से बद्धरूप विपरियासके ' परमार्थ तत्त्वके प्रतिबोधकरके, क्षीण(बिनाश)हुये तुरीयपदको पावतिहै । अर्थात् (जब उक्तप्रकार का विपरियास नाश होताहै तब तिस तुरीयाबिषे उभय प्रकार के बन्धके रूपको न देखता (अनुभवकरता) हुआ पुरुष तुरीयाबिषे निश्चयको प्राप्तहुआ होताहै १५ ॥

१६ ॥ हे सौम्य, [विपर्ययके नाशकाहेतु तत्त्वज्ञान कब होता है । इसप्रकार प्रश्नकरनेकी इच्छाके होनेसे कहते हैं] " अनादिमाययासुप्तो यदा जीवः प्रबुद्धयते " (यह जीव अनादि माया करके सोयाहै, सो जब प्रबोधवान् होताहै) अर्थात् जो यह संसारी जीवहै सो तत्त्वके अबोधमय बीजरूप अरु अन्यथा ग्रहण फलरूप, जो अनादि काल से प्रवर्त्तहुये उभय लक्षणवाले मायारूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अनादिमाययासुप्तोयदाजीवःप्रबुद्ध्यते । अज
निद्रमस्वप्नमद्वैतं बुद्ध्यतेतदा १६ ॥

स्वप्न, तिनकरके "यह मेरा पिताहै, यह मेरा पुत्रहै, यहमे
पौत्रहै, यह मेरा क्षेत्रहै, यह मेरा पशुहै, मैं इनका पोषक स्वा
हौं, दुःखीहौं, इनसे क्षयको पायाहौं, अरु इनसे वृद्धिको
पायाहौं,, इत्यादि प्रकारके स्वप्नोंको जाग्रत् अरु स्वप्न उ
स्थानोंबिषे देखताहुआ अनादि कालसे सोवताहै । अ
अजमनिद्रमस्वप्नमद्वैतं बुद्ध्यते तदा ॥ जब बोधको प्राप्त हो
है तब 'अजहै, अनिद्रहै, अस्वप्नहै, अद्वैतहै, ऐसे जानता है
अर्थात् सो अनादि कालका सोयाहुआ जीव जब वेदान्त
अर्थरूप तत्त्वके जाननेवाले परम दयालु आचार्य से "तू
पुत्रादिकों का हेतु अरु फलरूप नहीं,, किन्तु "तत्त्वमसि"
सो (ब्रह्म) तूहै इसप्रकार श्रवण करके प्रबोधको प्राप्त होता
अर्थात् सहस्रावधि माता पिताओं से अधिक जीवोंपर प
कृपाकरके, इस उक्त स्वप्नके जन्म मरणादि महानदुःखों
ग्रसित देख आप आचार्य द्वाराहोके "उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य
रान्निबोधत ॥ इत्यादि अपने परम उदारवाक्योंसे अज्ञान नि
से जगाय पुनः कहतीहै कि हे सौम्य 'जैसे सर्व जातिके वृ
कारस मक्षिकाके उदरमें भेदसेरहित, समान मधुभावको प्राप्त
ताहै, तैसेही यह सर्व चिदाभास जीव सुषुप्ति अवस्था में सम
एक बिम्बरूप चैतन्य भावको प्राप्तहोतेहैं अरु जहां पुत्र पिता
वा ब्राह्मण क्षत्रियादि वा मनुष्य पशवादि वा जड़ चैतन्यादि क
भी भेदभाव बिशेष रहता नहीं, अरु जहां को प्राप्तहुये बि
पुनः जीव भावबिषे आवते नहीं "स आत्मातत्त्वमसि" त
सर्वका अपना आप प्रत्यगात्माहै, सोई आत्मा तूहै इसप्र
जब परमहितकारणी श्रुति महावाक्योंके लक्ष्यार्थको जानने
ब्रह्मनिष्ठ आचार्यद्वारा अपने वाक्योंसे इनजीवोंको 'जो अ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कालसे मायाकरके सोयेहुये नानाप्रकार के जगत्रूप स्वप्नों को देखते जन्म मरणादिकों के महान् क्लेशोंको पावते हैं, जगायके सावधान करती है। तब ऐसे जानताहै। प्रश्न। कैसेजानता है, उत्तर। इस आत्माबिषे बाह्य (कार्य) अरु अन्तर (कारण) वा जन्मादि षट् भावविकार हैंनहीं। अतएव अजन्मा है, अर्थात् । आत्मा । बाह्य अन्तर सहित अरु । बाह्य अन्तरके धर्मादि । सर्व भावविकार करके वर्ज्जित (रहित) है। अरु जिस करके इस आत्माबिषे जन्मादिकों की कारणरूपा अविद्या अरु अज्ञान स्वरूप बीजमय निद्रा नहीं, एतदर्थ यह अनिद्र है। अर्थात् सर्वदा बोधस्वरूप है। अरु जिसकरके सो तुरीया अनिद्र । अबोध रहित । है, तिसही करके अस्वप्न है, क्योंकि अन्यथा ग्रहणरूप जो स्वप्नहै सो अबोधरूप निद्राके निमित्तवाला है। अरु सो निद्रा तुरीय आत्मा बिषे है नहीं, अतएव तन्निमित्तक उक्त स्वप्न भी तिसबिषेनहीं। अरु जिसकरके अनिद्र अरु अस्वप्न है, तिसही करके अजन्मा अरु अद्वैत है, इसप्रकार तुरीयरूप आत्माको तब जानता है। जब स्वस्वरूप बिषे जागता है १६ ॥

१७॥ हे सौम्य, शंका। जबप्रपंचकी निवृत्तिसे, अद्वैतको, जानताहै, तब प्रपंचके अनिवृत्तहुये अद्वैत कैसे सिद्धहोताहै, जहां ऐसी शंकाहै तहां कहते हैं, जो कि परमार्थ सेही प्रपंच विद्यमान होय तब उक्तप्रकार अद्वैतकी असिद्धि होतीहै, यह तेराकथन सत्यहै, परन्तु, रज्जुबिषे सर्पवत्, कल्पित होनेसेसो । प्रपंच । विद्यमान नहीं, एतदर्थ अद्वैतही सिद्ध होताहै अरु " प्रपंचोयदिविद्येत निवर्त्तेतनसंशयः" (जो कदापि प्रपंच विद्यमान होय तो निवृत्त होय इससें संशय नहीं) अर्थात् जो यह प्रपंच । स्वरूपसेही । विद्यमान होवे तो निवृत्तहोवे । अर्थात् जो कदापि यह प्रपंच स्वरूपसेही विद्यमान होय तो इसकी निवृत्ति हुये अद्वैत सिद्धहोवे परन्तु । जैसे रज्जुबिषे भ्रान्तिबुद्धि करके कल्पित जो सर्प सो विद्यमान हुआ हुआभी विवेकसे निवृत्त होताहै, एतदर्थ बस्तुसे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रपञ्चोयदिविद्येतनिवर्त्तेतनसंशयः । मायामिदंद्वैतमद्वैतंपरमार्थतः १७ ॥

है नहीं । अर्थात् जैसे रज्जुबिषे सर्प तैसे आत्माबिषे प्रपंच लिपत होनेसे रज्जुके यथार्थ विवेकहुये उस प्रपंचके हुये हुये सत्यरूप रज्जुवत् एक आत्मतत्त्वही सत्य अद्वैत होवेहै, क्यों प्रपंच भ्रान्ति करके कल्पित है ताते, वा जिनको रज्जुका यथ विवेक नहीं तिनको द्वैतरूप सर्प सत्यवत् हैं, परन्तु उस भ्रा कालबिषे भी सर्प कल्पित होनेसे रज्जु अद्वैतही है, इसप्रक अविवेक करके प्रपंचकी सत्य प्रतीतिकाल में भी ,प्रपंचको तिमात्र होनेसे, आत्मा अद्वैतही है। इसप्रकार द्वैतरूप प्रपंच होतेसंते भी अद्वैतही सिद्धहै । अरु जैसे मायावी पुरुषने देख जो माया सो विद्यमान हुई हुई भी तिसके देखनेवाले पुरुष नेत्रबन्धके दूरहुये निवृत्त होतीहै, क्योंकि बास्तवसे है नहीं। सेही "मायामात्रमिदंद्वैतमद्वैतंपरमार्थतः" (यहद्वैत मायामा है अरु परमार्थ से अद्वैत है) अर्थात् । जैसे रज्जुबिषे सर्प मायावी बिषे माया । तैसे यह प्रपंच नामवाला द्वैत मायामा । भ्रान्ति करके कल्पित । है । अरुरज्जु अरु मायावीवत् परम करके अद्वैतही है । एतदर्थ कोईभी । अविवेकीको । प्रवृत्त हु वा । विवेकीको । निवृत्त हुआ । उभयप्रकार । प्रपंच हैही नहीं इति सिद्धम् १७ ॥

१८॥ हे सौम्य,। शंका । शास्ता (उपदेष्टा) शास्त्र, अरु शिष इसप्रकारका विकल्प । अद्वैतबिषे । कैसे प्रवृत्त होताहै, जहां ऐ शंकाहै, तहां कहते हैं । समाधान।"विकल्पोविनिवर्त्तेतकल्पि यदिकेनचित्" (यदिविकल्प किसी करके कल्पित होय तो वर्त्त होताहै) अर्थात् विकल्प निवर्त्त होताहै जो किसीकरके ल्पित होय तो । जैसे यह प्रपंच मायावी की माया अरु रज्जु सर्पवत् प्रबोध । यथार्थ ज्ञान । से पूर्वहै । तैसे यह शिष्यादि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विकल्पोविनिवर्त्तेतकल्पितोयदिकेनचित्उपदेशादयंवादोज्ञातेद्वैतंनविद्यते १८॥ उपनिषद् ॥

सोऽयमात्माऽध्यक्षरमोङ्कारोधिमात्रम् । पादामात्रामात्राश्चपादाअकारउकारोमकारइति ८ ॥

रूप विकल्पभी (तत्त्वको) प्रबोध (यथार्थज्ञान) के पूर्वही उपदेश के निमित्तहै । याते "उपदेशादयंवादो ज्ञातेद्वैतंन विद्यते" (यह वाद उपदेशके जानेहुये द्वैत हैनहीं) अर्थात् यह शिष्य शास्ता अरु शास्त्ररूप जो (व्यावहारिक) कथनहै सो तत्त्वोपदेशसे पूर्वहै,अरु उपदेशके कार्यरूप ज्ञानके पूर्णहुये परमार्थ तत्त्वके जाननेसे (पुनः उपदेष्टादिरूप) द्वैतहै नहीं १८ ॥

अथ उपनिषदर्थ ॥

८॥हे सौम्य,[उक्तप्रकार तत्त्वज्ञानविषे समर्थउत्तम अरुमध्यम अधिकारियोंको अध्यारोप अरु अपवादसे पारमार्थिक तत्त्व उपदेश किया । अब तत्त्वके ग्रहणमें असमर्थ कनिष्ठ अधिकारि को आत्माके ध्यानविषे विधानार्थ आरोपदृष्टिकोही आश्रयकरकेमूल श्रुतिके चारमन्त्रोंका व्याख्यान करते हैं] जो वाच्यकी प्रधानतावाला ॐकार चारपादवाला आत्मा है इसप्रकार व्याख्यान किया "सोऽयमात्माऽध्यक्षरमोङ्कारोऽधिमात्रम्,, (सो यहआत्माअध्यक्षर है, ॐकार है, अधिमात्रहै) अर्थात् जो पूर्व ॐकार चारपादवाला आत्माकहा, सो यह आत्मा अध्यक्षर है, अर्थात् वाचककी प्रधानता से अक्षरको आश्रय करके वर्णन कियाहै एतदर्थ अध्यक्षर कहते हैं । प्र० । पुनः सो अक्षर क्याहै । उ० । तहां कहते हैं । सो अक्षर ॐकारहै । अरु सो यह ॐकार पादों से विभाग पायाहुआ अधिमात्र है । अरु मात्राको आश्रय करके वर्त्तता है ताते अधिमात्र है । शंका । ननु, आत्माही पादोंसे विभागको पावताहै, अरु मात्राको आश्रय करके ॐकार स्थित होताहै, ताते पादोंसे विभागको प्राप्तहुये ॐकारका अधिमात्रपना

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जागरितस्थानोवैश्वानरोऽकारःप्रथमामात्राऽऽप्तेरा
दिमत्त्वाद्वाऽऽप्नोतिहवैसर्व्वान्कामानादिश्च भवति
एवंवेद ९ ॥

कैसेहै, जहां ऐसा शंकाहै, तहां कहते हैं, " पादा मात्रा मात्रा
पादा अकार उकारो मकार इति ,, (पादहैं सो मात्राहैं, मात्र
सो पादहैं, अकार उकार मकार यह (तीन ॐकारकी मात्रा
अर्थात् आत्माके जे पादहैं सो ॐकारकी मात्रा हैं, अरु जे ॐ
कारकी मात्रा हैं सो आत्माके पादहैं। अतएव पाद अरु मात्रा
एकतासे यह कथन विरुद्ध है, ताते कौनसी वो ॐकारकी मा
है, जहां ऐसा प्रश्न है, तहां कहते हैं, अकार उकार अरु मक
यह तीन ॐकार की मात्रा हैं ८ ॥

९॥ हे सौम्य, तहां [पादोंके मध्यअरु मात्राओंके मध्य वि
नामक भेदकी अकार रूपताको सूचन करते हैं] विशेषका नि
करतेहैं " जागरितस्थानोवैश्वानरोऽकारःप्रथमामात्राऽऽप्तेरादि
त्त्वाद्वाऽऽप्नोति " (जाग्रत् स्थानवाला वैश्वानरहै सो अकार
प्रथमा मात्राहै, व्याप्तिसेवा आदिवाले होनेसे ,आप्नोति,) अर्थ
जो जाग्रत् स्थानवाला वैश्वानर है सो ॐकारकी अकार
प्रथम मात्राहै । प्र० किस तुल्यता करके दोनोंकी एकता है, ।
त्तर । व्याप्तिसे वा आदिवाले होनेसे । जैसे अकारसे सर्व वा
व्याप्तहै " अकारोवैसर्ववागितिश्रुतेः " (अकारही सर्व वाणी
इस श्रुतिके प्रमाणसे । अरु तैसेही वैश्वानरसे जगत् व्याप्त
तथाच " तस्यहवैतस्यात्मनोवैश्वानरस्यमूर्द्धैवसुतेज,इत्यादि
तिः " तिस प्रसिद्ध इस वैश्वानररूप आत्माका मस्तकही
है, इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाणसे, वाच्य (नामी) वाचक (ना
की एकताको हम कहते हैं " आदिश्चभवति " (आदिवाला
ताहै) अर्थात् जिसकी आदिहै, तिसको आदिवाला कहते हैं।
जैसे आदि (प्रथमता) वाला अकार नामवाला अक्षर है,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सेही आदिवाला वैश्वानर है। एतदर्थ तुल्य होनेसे वैश्वानरको अकारपना है ॥ अब तिन । अकार अरु वैश्वानर । की एकताके ज्ञाताके अर्थ फल कहते हैं "हवैसर्वान्कामान्आप्नोति,यएवंवेद"। { जो ऐसे जानता है सो निश्चय करके सर्व कामोंको पावताहै } अर्थात् जो वैश्वानर अरु अकारकी उक्तप्रकार एकताको जानता है सो निश्चय करके सर्व भोगोंको पावताहै, अरु सो "आदिश्च भवति" { प्रथम होता है } अर्थात्, ज्येष्ठ श्रेष्ठों के मध्य प्रथम (मुख्य) होताहै ९ ॥

१०॥हे सौम्य, [अब द्वितीयपाद अरु द्वितीयमात्राकी एकता कोकहते हैं] "स्वप्नस्थानस्तैजस उकारो द्वितीया मात्रोत्कर्षा दुभयत्वात्" { स्वप्नस्थानवाला तैजस उकाररूप द्वितीया मात्रा है, उत्कर्षसे वा उभयरूप होनेसे } अर्थात् जो । द्वितीय । स्वप्न स्थानवाला तैजसहै सो ॐकारकी उकार रूप द्वितीया मात्रा है। प्रश्न। किस तुल्यतासे दोनोंकी एकताहै। उत्तर। उत्कर्षता से वा द्वितीयरूपहै ताते। जैसे पाठके क्रमसे अकार से उकार उत्कृष्टहै। अर्थात् प्रणवके उच्चार करने में अकार ह्रस्वहै उकार दीर्घहै, ताते अकारसे उकार उत्कृष्टहै। तैसेही स्थूल उपाधि वाले विश्वसे सूक्ष्म उपाधिवाला तैजस उत्कृष्ट (श्रेष्ठ) है। । अर्थात् स्थूल भूतरूप उपाधिवाले स्थूल देहकी अपेक्षा सूक्ष्म अपंचिकृत भूतोंरूप उपाधिवाला सूक्ष्मदेह अविनाशिहै, एतदर्थ बिश्वसे तैजस उत्कृष्टहै। तिस उत्कर्षसे उन । उकार अरु तैजस। की एकताहै। अथवा जैसे अकार अरु मकारके मध्यबिषे स्थित उकारहै, तैसेही बिश्व अरु प्राज्ञके मध्यबिषे स्थित तैजसहै, एतदर्थ उनकी उभयरूपताकी तुल्यतासे एकताहै। अब उनकी एकताके जाननेवाले बिद्वान्को जो फल प्राप्तहोता है सो कहते हैं। "उत्कर्षति हवै ज्ञानसन्ततिंसमानश्चभवति नास्याब्रह्मवित्कुले भवति य एवं वेद"। { जो ऐसे जानताहै सो ज्ञान सन्ततिको बढावताहै अरु समान होता है अरु इसके कुलबिषे अब्रह्मवित्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वप्नस्थानस्तैजसउकारो द्वितीयामात्रोत्कर्षादुभ
यत्वाद्वोत्कर्षति ह वै ज्ञानसन्ततिं समानश्च भवति नास्य
ब्रह्मवित्कुले भवति य एवं वेद १० ॥

होता नहीं) अर्थात्, जो उक्तप्रकार उकार अरु तैजसकी एकता को जानताहै । सो बिद्वान् अपने पुत्र वा शिष्यवर्गोंमें । ज्ञानसंतति को बद्धमान करताहै, अतएव उसके कुल (पुत्रों वा शिष्यों में अब्रह्मवेत्ता (ब्रह्मका न जाननेवाला) कोई होता नहीं अरु पुनः वो समान होताहै, अर्थात् मित्रके पक्षवत् शत्रुके प में भी द्वेषकरता नहीं । उभयमें समभावही रखताहै १० ॥

११॥हे सौम्य,[अब तृतीय पाद अरु तृतीय मात्राकी एकता कहतेहैं] " सुषुप्तस्थानः प्राज्ञोमकारस्तृतीया मात्रा, मितेरपीतेर्वा " (सुषुप्तिस्थानवाला प्राज्ञ मकाररूप तृतीयामात्राहै, परिमाणसे वा एकतासे) अर्थात् जो सुषुप्तिस्थानवाला प्राज्ञहै सो ॐकारकी मकाररूपा तृतीयामात्राहै । प्रश्न । किस तुल्यताकरके दोनोंकी एकताहै । उत्तर । परिमाणसे वा एकता से । यहां इस प्रकार इन । प्राज्ञ अरु मकारमात्रा । दोनोंकी एकताहै , प्रस्थ (धान्यके परिमाण , मापने, के पात्र) से यव धान्यादिक आ के परिमाण (माप) वत्, जैसे लय अरु उत्पत्तिबिषे प्रवेश अरु निकसनेसे । अर्थात् लयबिषे प्रवेश अरु उत्पत्तिबिषे निकसने से । प्राज्ञकरके बिश्व अरु तैजस परिमाणकिये (मापे) वत् होतेहैं । तैसेही अकार अरु उकार, यह दोनों अक्षर, ॐकारके उच्चारकी समाप्तिबिषे अरु पुनः उच्चारके प्रारंभबिषे मकार में प्रवेश करके निकसेहुयेवत् होतेहैं । अर्थात् ॐकारके उच्चारण करते प्रथम अकार निकलताहै सो उकारके उच्चारणहुये उकारमें लयहुयेवत् होताहै अरु अन्त के मकारके उच्चारणहुये वो उकार मकारमें लयहुयेवत् होताहै, इसप्रकार अकार उकार दोनों अक्षर ॐकारके उच्चारकी समाप्तिबिषे मकारमें प्रवेशहुयेवत् हो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सुषुप्तस्थानःप्राज्ञोमकारस्तृतीयामात्रा । मितेर पीतेर्वा मिनोतिहवाइदꣳसर्व्वमपीतिश्चभवतियएवं वेद ११ ॥

तेहैं। अरु पुनः ॐकारके उच्चारके प्रारंभमें वे दोनों अक्षर अ, उ, मकारसे निकसेहुयेवत् होते हैं। ताते सो। अकार अरु उकार। मकारकरके परिमाणकिये (मापे) वत् होतेहैं। एतदर्थ तिन। प्राज्ञ अरुमकार। दोनोंकी तुल्यतासे एकताहै। अथवा जैसे ॐकारके उच्चारकिये मकार रूप अन्तिम अक्षरबिषे अकार अरु उकार यहदोनों एकरूप हुयेवत् होतेहैं, तैसे सुषुप्तिकालबिषे बिश्व अरु तैजस प्राज्ञबिषे एकहुयेवत् होतेहैं। एतदर्थ तुल्यहोनेसे प्राज्ञ अरुमकारकी एकताहै। अब तिन। प्राज्ञ अरु मकार। की एकताके जाननेवाले बिद्वान्को जोफल प्राप्तहोताहै सोकहतेहैं। "मिनोतिहवाइदꣳ सर्वमपीतिश्चभवति यएवं वेद"। (जो ऐसे जानताहै सोसर्वको जानता जगत्का कारण होताहै) अर्थात् जो उक्तप्रकार प्राज्ञअरु मकारमात्राको एककरकेजानताहै सो। कारण का ज्ञाताहोनेसे, सर्वको जानताहै। अर्थात् प्राज्ञ अरु मकारकी एकताका जाननेवाला निश्चयकरके इस। कार्य्यकारणात्मक सम स्त। जगत्को यथार्थ जानताहै, अरुआप 'प्राज्ञरूप मकारमात्राका ज्ञाता (अभेदोपासक) होनेसे। जगत्के कारण भावको प्राप्त होताहै॥ यहां [एकताके ज्ञानबिषे फलके भेदके कथनसे उपासनाका भेद होगा, यह आशंकाकरके साधनोंबिषे फल के-भेदकी श्रुतिके अर्थ वादपनेको अंगीकारकरके कहे हैं] अवान्तर फलका जो कथनहै सो मुख्य साधनकी स्तुत्यर्थ है ११॥

हे सौम्य, यहांजो 'बिश्व, तैजस, प्राज्ञ, इनपादोंकी क्रमशः 'अकार, उकार, मकार, इनमात्राओं के साथ एकता कहीहै तहां तिनके साथ में जाग्रदादि स्थानोंकी भी एकता चिन्तनीय है; इसका विचार इसग्रंथके अन्तमें प्रकाशित करेंगे॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गौडपादीय श्लोकाः ॥

विश्वस्यात्वविवक्षायामादिसामान्यमुत्कटम् । मात्रासम्प्रतिपत्तौस्यादाप्तिसामान्यमेवच १९ ॥

तैजसस्योत्वविज्ञाने उत्कर्षोदृश्यतेस्फुटम् । मात्रासम्प्रतिपत्तौ स्यादुभयत्वंतथाविधम् २० ॥

गौडपादीय कारिका ॥

१९॥ हेसौम्य, [पादोंका अरु मात्राओंका जोसनिमित्तके एकता चार मन्त्रों करके श्रुतिने कहा, तिसबिषयके पूर्ववत् श्रुत्यर्थ वर्णनरूप गौडपादाचार्यकृतषट् श्लोकनको प्रकट करते हैं "गौडपादीय श्लोकाः" (अत्रैते श्लोका भवन्ति) (यहां गौडपादाचार्यकृत श्लोक, (मन्त्र) होतेहैं) "विश्वस्यात्वविवक्षायामादिसामान्यमुत्कटम्" (विश्वके कहनेकी इच्छाकेहुये आदिपनेकी तुल्यता श्रेष्ठ देखतेहैं) अर्थात् बिश्वके अकारमात्रा आदिपनेके कहनेकी इच्छाकेहुये, अर्थात् बिश्वका अकारमात्रा आदिपना जब कथनकरनेको इच्छितहोय, तब उक्त न्यायसे आदिपनेकी तुल्यता श्रेष्ठ देखतेहैं । अरु "मात्रासम्प्रतिपत्तौ स्यादाप्तिसामान्यमेवच" (मात्राके निश्चयबिषे व्याप्तिकी तुल्यता श्रेष्ठहै) अर्थात् मात्राकी एकताबिषे कहिये बिश्वका अकारमात्रापना, वा मात्राकी बिश्वरूपता, जब निश्चयकरतेहैं तब (उक्त एकताके निश्चयबिषे) व्याप्तिकी तुल्यताही श्रेष्ठहै १९ ॥

२०॥ हे सौम्य, "तैजसस्योत्वविज्ञाने उत्कर्षो दृश्यते स्फुटम्" (तैजसके ज्ञानबिषे उत्कर्षरूपता स्पष्ट दीखतीहै) अर्थात् तैजसके उकारमात्रापनेके ज्ञानबिषे, अर्थात् तैजसके उकाररूपमात्रापनेके कहनेकी इच्छाके होनेसे (तिसकथनार्थ) उत्कर्षरूप तुल्यता स्पष्ट देखतेहैं । अरु "मात्रासम्प्रतिपत्तौ स्यादुभयत्वंतथाविधम्" (मात्राके निश्चयबिषे तिसही प्रकारका उभयपना

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मकारभावेप्राज्ञस्य मानसामान्यमुत्कटम् । मात्रासम्प्रतिपत्तौतु लयसामान्यममेवच २१ ॥

त्रिषुधामसुयत्तुल्यं सामान्यंवेत्तिनिश्चितः । सम्पूज्यःसर्वभूतानां वन्द्यश्चैषमहामुनिः २२ ॥

कहिये 'द्वितीयपना, स्पष्टही है । और सर्व पूर्व श्रुतिकेदशवें मंत्र के भाष्य में कहे प्रमाण जानलेना २० ॥

२१ ॥ हे सौम्य, "मकारभावेप्राज्ञस्यमानसामान्यमुत्कटम्" {प्राज्ञके मकार भावबिषे मानकी समता श्रेष्ठहै } अर्थात् प्राज्ञके मकार मात्रारूप भाव (होने) बिषेमान (परिमाणवामाप) की तुल्यताही श्रेष्ठहै । अरु "मात्रासम्पतिपत्तौतुलयसामान्यमेवच" { मात्राके निश्चयबिषे तोलयकी तुल्यताही श्रेष्ठहै २१ ॥ इसका बिशेषार्थ मूल श्रुतिके एकादशवें मन्त्रके भाष्यमें कहे प्रमाण जानना ॥

२२ ॥ हेसौम्य, "त्रिषुधामसुयत्तुल्यंसामान्यंवेत्तिनिश्चितः" {तीनधामोंबिषे जो तुल्यसमताकोनिश्चयको पायासता जो जानताहै} अर्थात्, उक्तप्रकारके 'जाग्रत्, स्वप्न, अरुसुषुप्तिरूप तीनो स्थानोंबिषे जो तुल्य समता कही है, तिसको 'यह समता इसप्रकारही है, {इसमें संशय नहीं} इसप्रकार निश्चयको प्राप्तहुआ जो जानताहै सो "सम्पूज्यःसर्वभूतानांवन्द्यश्चैवमहामुनिः" {सर्व भूतोंकरके सम्यक्प्रकार पूजनेयोग्य, बन्दनाकरनेयोग्य महामुनि होताहै} अर्थात् जोउक्तप्रकार अकारादि तीनमात्रा अरु विश्वादि तीनपाद, इनकी अभेदताको निश्चय पूर्वक यथार्थ जानता है, सो विद्वान् इस लोकमें सर्व प्राणियों करके पूजने (मान्यदेने) अरु बन्दना (नमस्कारादि) करनेयोग्य महामुनि (आत्मवेत्ता) होवेहै २२ ॥

२३ ॥ हे सौम्य, अब [पूर्वोक्तपाद अरु मात्राओंकी समताके ज्ञानवालेध्याननिष्ठके फलकोकहते हैं] "अकारोनयतेविश्वमुका-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अकारोनयतेविश्वमुकारश्चापितैजसम्।मकारश्चपुनःप्राज्ञंनामात्रेविद्यतेगतिः २३ ॥

रश्चापितैजसम् ” (अकार विश्वको प्राप्त करताहै, अरु उकार तैजसको प्राप्त करताहै) अर्थात्, उक्तप्रकारकी तुल्यतासे आत्मा के (विश्वादि) पादोंकी, (अकारादि) पादोंके साथ एकताको करके (अर्थात् ओंकार के वाचकपने अरु लक्ष्य वाच्यकी एकता को निश्चय करके) पुनः उक्तप्रकारके ॐकार को सम्यक्प्रकार जानके जो ध्यावता (ध्यानकरता) है तिसको, अकार जो है सो विश्वके अर्थ प्राप्तकरताहै । अर्थात् अकाररूप आलम्बन (प्रधानता) वाले ॐकार को जाननेवाला पुरुष वैश्वानरके भावको प्राप्त होताहै । अरु तैसेही उकार भी तैजसके अर्थ प्राप्त करता है । अर्थात् उकाररूप आलम्बन (प्रधानता) वाले ॐकारका जाननेवाला विद्वान् हिरण्यगर्भके पदको प्राप्त होता है । अरु “मकारश्चपुनःप्राज्ञंनामात्रेविद्यतेगतिः ” (पुनःमकार प्राज्ञके अर्थ प्राप्त करता है, अमात्रबिषे गति विद्यमान नहीं) अर्थात् उकारकी गतिके पश्चात् मकाररूप मात्राके आलम्बन (प्रधानता) वाले ॐकार का जाननेवाला विद्वान् अव्याकृत भावको प्राप्त होताहै । अरु [अब यहां तो पादोंका अरु मात्राओं का विभाग है नहीं । अरु तिस ॐकाररूप तुरीय आत्मा बिषे स्थितहुये पुरुषको, प्राप्त होनेवाला, अरु प्राप्त होने योग्य, अरु प्राप्ति, इन तीनोंरूप त्रिपुटीका विभाग है नहीं । इसप्रकार कहते हैं । यह यह अर्थ है कि ‘ स्थूलप्रपंचजाग्रदवस्था, अरु विश्व अभिमानी यह तीन अकारमात्रा रूप हैं । अरु सूक्ष्मप्रपंच, स्वप्नावस्था, तैजस अभिमानी, यह तीन उकार मात्रारूपहैं । अरु स्थूल सूक्ष्म उभय प्रपंचों का कारण, सुषुप्ति अवस्था, प्राज्ञ अभिमानी, यह तीन मकार मात्रारूप हैं । अरु तिनमात्राओं में पूर्व पूर्व मात्रा उत्तर उत्तर मात्राके भावको प्राप्त होती हैं (अर्थात् स्थूल अका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उपनिषद् ॥

अमात्रश्चतुर्थोऽव्यवहार्य्यःप्रपंचोपशमः शिवोऽद्वैत एवमोंकार आत्मैव संविशत्यात्मनाऽऽत्मानं य एवं वेदयएवंवेद १२ ॥

इतिमांडूक्योपनिषन्मूलमन्त्राःसमाप्तिङ्गताः ॥

ओं तत्सत् ॥

मात्रा सूक्ष्म मकार मात्राके भावको, क्योंकि स्थूलका कारण सूक्ष्म है । अरु सूक्ष्म उकारमात्रा सर्वके कारण मकार मात्राके भावको, क्योंकि स्थूल सूक्ष्म सर्वकार्योंको अपने कारण भावकी प्राप्ति होती है, इसप्रकार पूर्व पूर्वमात्रा उत्तरोत्तर मात्राके भावको प्राप्त होतीहैं । सो इसप्रकार सर्व ॐकार मात्रहै, इस रीति से ॐकारका ध्यान करके स्थितहुये, अरु जो एतावन्त काल पर्यन्त ॐकार रूपसे ज्ञातकरी बस्तु, शुद्ध ब्रह्मही है । इसप्रकार आचार्य्यके उपदेश से उत्पन्न हुये ज्ञान करके मकारपनेसे ग्रहण किये, जोपूर्वोक्त सर्व विभागोंका निमित्त अज्ञान तिसके क्षय होनेसे शुद्धब्रह्म बिषे स्थितहुये पुरुषकी कहीं भी गति कहिये गमन सम्भवे नहीं, क्योंकि देशकालादिकों के परिच्छेद के अभाव से व्यापकता प्राप्त होनेसे] मकारके क्षयहुये बीजभावके अभाव से अमात्ररूप ॐकार बिषे । प्राप्तहुये को । कहीं भी गति । लोकान्तर को गमन । नहीं ॥ क्योंकि "ब्रह्मविद्ब्रह्मैबभवति" ‹ब्रह्मका जाननेवाला 'व्यापक, ब्रह्मही होताहै २३ ॥

अथ उपनिषदर्थ ॥

१२ ॥ हे सौम्य, [ॐकारका स्फुरणरूप जो प्रत्यक् चैतन्य है । अर्थात् ॐकारके स्फुरणसेलक्षित लक्ष्यरूप प्रत्यक् चैतन्य है। सो तिनमात्रावाले अध्यस्त (कल्पित) ॐकारके साथ तादात्म्यतासे ॐकार । नामसे कहाजाताहै । तिसकी " अमात्रः " ‹ अमात्रहै › इत्यादिरूप यह बारहवीं संख्यावाली श्रुतिके मन्त्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करके परब्रह्मके साथ एकता, कहनेको इच्छितहै, तिसको प्रक
करके व्याख्यान करते हैं] "अमात्रश्चतुर्थोऽव्यवहार्य्यःप्रपं
पशमः शिवोऽद्वैत एवमोंकार आत्मैव" { अमात्रहै, चतुर्थ
अव्यवहारहै, प्रपंचके उपशमवालाहै, शिवहै, अद्वैतहै, ऐसे, ॐक
आत्माही है, } अर्थात् नहीं है मात्रा जिसकी ऐसा जो । ल
रूप । ॐकार सो अमात्र है, अरु चतुर्थ कहिये तुरीय रूपहु
केवल आत्माही है, अरु वाचक अरु वाच्यरूप जो वाणी
मन तिनको 'मूलाज्ञानके क्षयहुये, क्षीणहोनेसे व्यवहार का
को अयोग्यहुआ । आत्मा अव्यवहार्य है । अरु प्रपंचके उपश
वाला होनेसे । अर्थात् सकारण प्रपंचके उपशमहुये आत्माप्र
भानहोता है ताते प्रपंचके उपशमवाला है, वा अद्वैत आत्मा
सम्यक् ज्ञानहोने से प्रपंच उपशम भावको प्राप्त होताहै ता
प्रपंचके उपशमवालाहै । उसको प्रपंचोपशम, इस विशेषण
कहते हैं। अरु शिव (कल्याणस्वरूपहै) अरु अद्वैतहै (अर्थात् जि
एक संख्याकी प्रतियोगी दो संख्याहैं अरु जो दो संख्याकी प्र
योगी एक संख्याहै तिनसे रहित, अर्थात् एक अरु दो, यह
संख्याहै सो सापेक्षिक अरु सम विषम भाववालीहै, अरु आत्
है सो सापेक्षता अरु समविषम भावसे रहित होनेसे सर्व संख्य
तीत अद्वैत है, वा संख्याबद्ध परिच्छिन्नतासे रहित होने कर
सर्व संख्यातीत अद्वैत है। ऐसे उक्तप्रकारके । ॐकारके ल
आत्माके । ज्ञातापुरुषकरके उच्चारण कियाहुआ ॐकार । वाच
वाच्यकी अभेदता से। तिनमात्रावाला अरु तिनपादवाला (एक
आत्माही है । हे सौम्य यहां एक यहभी विचार हैकि 'जैसेरज्
विषे अध्यस्त जे सर्पवत् सर्परूप अरु तिसका नामसर्प, य
दोनों नाम नामीकी रज्जुकेअज्ञानमें एकताहै, अर्थात् उसअध्य
स्त सर्पका नामरूप दोनों रज्जुके अज्ञानसे कल्पित होने कर
उस अज्ञानमें दोनोंकी एकताहै । अरु रज्जुके ज्ञानहुये उनदो
को कल्पित होनेसे उनकी असत्यतामें एकता है । अरु रज्जु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ज्ञानहुये उस कल्पितसर्पके नामरूपका परिणाम सत्य रज्जुरूप है, क्योंकि उसकी रज्जुसे पृथक् सत्ताका अभावहै ताते। अरु जो जिसकी अन्तः स्थितिहै सोई उसकी आद्यस्थिति है, अरु जो आद्यन्तःस्थितीहै सोई उसकीवर्त्तमान स्थिती है। तथाच "आदावन्तेचअन्नास्तिवर्त्तमानेपि तंतथा" "अव्यक्तादीनि भूतानि" इत्यादि प्रमाणसे। अर्थात् रज्जु विषे भासमान जो सर्प सो भ्रान्तिकालसे पूर्व द्वैतके अभावसे रज्जुरूप है अरु भ्रान्ति काकी निवृत्तकाल में भी वो अपनी पृथक् सत्ताके अभावसे रज्जु रूपहै अरु भ्रान्तिकाल में जो अपने नामरूपसहित जो इतरवत् भासताहै सोईभ्रान्तिहै नतु सर्प, दंड, जलधारा, भूदरार, इत्यादि-नामरूप से एक रज्जुही सुशोभितहै, अरु तिस विषेजो सर्पादि ताकों का कथन व्यापार है सो "वाचारंभणं विकारो नामधेयं" इत्यादि श्रुतिप्रमाणसे वाचारंभणमात्रहीहै। हेसौम्य इस दृष्टांत के विचारप्रमाणही दृष्टान्तभूत अमात्रिक निर्विशेष तुरीय रूप आत्माबिषेभी विश्वादि तीनोंपाद अरु अकारादि तीनोंमात्राका विचारजानना। अरु "संविशत्यात्मनाऽऽत्मानंयएवंवेद यएवंवेद" (जोऐसे जानताहैसो अपने आत्मरूपसे अपनेपरमार्थरूप आत्मा बिषे सम्यक्प्रकार प्रवेशकरताहै, यहां जो यएवंवेद, दोबार कहाहै सो उपनिषद्की परिसमाप्तिके अर्थहै) अर्थात् जोउक्तप्रकार (अमात्रिक चतुर्थ तुरीय आत्माको) जानता है सो अपनेही आत्मा (चिदाभासरूप) से अपनेपरमार्थरूप (प्रत्यक् चैतन्यसाक्षी) आत्माबिषे सम्यक्प्रकार प्रवेशको पावताहै। अर्थात् सुषुप्ति नामवाले तृतीयस्थानरूप बीजभावको (जोक्रमशःवाकिनाही क्रमशःजाग्रत् स्वप्नस्थानद्वयरूप अंकुरोत्पत्तिकाकारण स्थानरूपबीजको, चतुर्थ अमात्रिक तुरीय आत्माके) सम्यक् ज्ञानरूप अग्निसे दग्ध करके परमार्थ दर्शी आत्मवेत्ताओं के आत्माबिषे प्रवेशको पाय पुनः जन्मको पावता नहीं। अर्थात् जैसे अंकुरद्वयके उत्पत्तिके स्थान रूप कारण बीजके दग्धहुये बीजान्तर जो एक महासूक्ष्म सत्ताहै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सो अंकुर भावपूर्वक वृक्षभावको प्राप्त होती नहीं, तैसेही स्थू
सूक्ष्म शरीर द्वयरूप अंकुर के उत्पत्तिका कारण स्थान अवि
त्मक सुषुप्तिरूप वीजके, सम्यक् ज्ञानाग्नि करके दग्धहुये
जान्तर सूक्ष्म सत्तावत्, सुषुप्तिरूप वीजान्तरतद्विशिष्ट जो चि
भास जीवसत्ता है सो उक्त अग्निद्वारा उक्तवीजके सम्यक्प्र
दग्धहुये पुनः स्थूल सूक्ष्म शरीर द्वयात्मक अंकुर भाव पूर्वक
साररूप वृक्षभावको प्राप्त होता नहीं। क्योंकि तुरीयाको। मू
ज्ञानके दग्धहुये। अवीजरूपता होतीहै ताते। जैसे रज्जु
सर्पके विवेकके हुये रज्जुबिषे प्रवेशको पाया जो सर्प, सो
तिन। रज्जुसर्प। के विवेकी पुरुषको भ्रान्ति ज्ञानके संस्का
पूर्ववत्। उदय। होता नहीं। क्योंकि उसविवेकी पुरुषको
न्तिज्ञानका कारण अज्ञानरूपवीज। जोकि सर्परूप अंकुर हैं,
तज्जनित भयादिरूप वृक्षोत्पत्तिका निमित्त है, सम्यक् वि
रूप अग्निसे दग्धहोता है ताते। तैसे यहां भी जानना।
साधक भावको प्राप्तहुये, सत्मार्ग में वर्त्तनेवाले, अरु मात्रा
पादोंकी सम्यक्प्रकार निश्चित एकताके जाननेवाले, ऐसे
मन्दमध्यम बुद्धिवाले संन्यासी हैं, तिनको तो। उक्तप्रकार
त्रा अरु पादों की अभेदतासे। यथार्थ उपासना किया ॐ
" एतदालम्बनंश्रेष्ठमेतदालम्बनम्परम्, एतदालम्बनंज्ञा
ब्रह्मलोको महीयते " इत्यादि श्रुतियों के प्रमाणसे। ब्रह्म
प्राप्ति (क्रममुक्ति) के अर्थ। अर्थात् केवल प्रणवोपासना
मध्यमाधिकारी संन्यासीको उक्तप्रकार यथार्थ त्रिमात्रिक प्र
की उपासना से ब्रह्मलोककी प्राप्तिरूप आवान्तर फलहोय
ब्रह्माद्वारा अमात्रिक तुरीय आत्माका सम्यक्ज्ञान होनेसे कैव
मोक्षकी प्राप्ति है। परम आलम्बन है। तैसे अग्रिम कहेंगे "
अमात्रिविधा हीना इत्यादि " १२ ॥

इतिश्रीमांडूक्योपनिषन्मूलमन्त्रभाषाभाष्यसमाप्तम् ॥

ॐतत्सद्धरिःॐ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गौडपादीयश्लोकाः ॥

ओंकारंपादशोविद्यात्पादामात्रानसंशयः। ओंकारंपादशोज्ञात्वानकिंचिदपिचिन्तयेत् २४॥

युञ्जीतप्रणवेचेतःप्रणवोब्रह्मनिर्भयम्। प्रणवेनित्ययुक्तस्यनभयंविद्यतेक्वचित् २५॥

२४॥हेसौम्य, "पूर्ववदत्रैतेश्लोकाभवन्ति" (पूर्ववत्यहांये (गौडपादाचार्यकृत (श्लोक होतेहैं) [जैसे पूर्व गौडपादाचार्यने श्रुत्यर्थके प्रकाशक श्लोकरचेहैं, तैसे पश्चात् भी उक्त आचार्यकृत श्लोक श्रुत्यर्थ बिषे संभवेहैं, यह कहते हैं] "ओंकारंपादशोविद्यात्पादामात्रानसंशयः" (पादही मात्रा हैं, अरु मात्राही पाद हैं, यामें संशय नहीं, ॐकारको पादोंसे जानना) अर्थात् उक्त प्रकारकी तुल्यतासे (विश्वादि) पादही मात्राहैं, अरु (अकारादि मात्राही पादहैं, इस विषय में कुछ भी संशय नहीं, अरु ॐकार (आत्मा) पादों करकेही जानना। अरु "ओंकारं पादशो ज्ञात्वानकिंचिदपिचिन्तयेत्" (ॐकारको जानके कुछ भी चिन्तन करना नहीं) अर्थात् ॐकार (तुरीय) को पादोंसे (विश्वादि पादोंकी विशेषतासे) जानके(निर्विशेष आत्माको अनुभव करके) दृष्ट अर्थरूप (इसलोकके विषय) अरु अदृष्ट अर्थरूप (परलोकके विषय) प्रयोजन को चिन्तन करना नहीं, क्योंकि सर्वरूपसे एक ॐकार आत्माही है इसप्रकारका जाननेवाला कृतार्थ, (ज्ञातज्ञेय) होताहै ताते २४॥

गौडपादीय कारिका ॥

२५॥ हेसौम्य, [ॐकारकेध्यानबिषे कुशलपुरुषको सर्वद्वैतके अपवाद करनेवाले ॐकारके सम्यक् ज्ञानसेही कृतार्थता होती है, इसप्रकार कहा। अब तिस ॐकारके ज्ञानसे रहित अरु परके उपदेशमात्रको आश्रय करनेवाले पुरुषके अर्थ ध्यानकी कर्त्तव्यता कहते हैं] "युञ्जीतप्रणवेचेतःप्रणवोब्रह्मनिर्भयम्" (ॐ-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रणवोह्यपरंब्रह्मप्रणवश्चपरःस्मृतः । अपूर्व्वोऽनन्तरोबाह्योनपरःप्रणवोऽव्ययः २६ ॥

सर्वस्यप्रणवोह्यादिर्मध्यमान्तस्तथैवच । एवंहि प्रणवंज्ञात्वाव्यश्नुतेतदनन्तरम् २७ ॥

कार निर्भयरूप ब्रह्म है, ॐकारबिषे चित्तको लगावना ; अ जिसकरके ॐकार निर्भयरूप ब्रह्महै, तिसकरके व्याख्यान परमार्थरूप ॐकारबिषे चित्तको लगावना । अरु " प्रणवे युक्तस्यनभयंविद्यतेक्वचित् " (प्रणवबिषे नित्य युक्तको भय भी नहीं ; अर्थात् जो ॐकार बिषे नित्ययुक्त पुरुषको । अ ॐकारका सर्वदा विधिसे उच्चारणरूप जपके, वा पद अरुम की एकताके विचारके, वा अन्तर अनहद ध्वनिके साधन, क वाले पुरुषको भय कहीं भी नहीं । क्योंकि " विद्वान्नबिभेति तश्चनेतिश्रुतेः " (विद्वान् (प्रणवके लक्ष्यतुरीय आत्माका थार्थ अनुभवि) किसीसे भी भयको पावता नहीं, यह श्रुति प्रमाण है २५ ॥

२६॥हे सौम्य, [ॐकारजोहै सो परब्रह्म अरु अपर ब्रह्मरू क्रमकरिके मध्यम अरु मन्द अधिकारियों के ध्यानकी योग को प्राप्त होताहै, ऐसे श्लोकके पूर्वार्द्ध की व्याख्या करते हैं] णवोह्यपरंब्रह्मप्रणवश्चपरःस्मृतः " (ॐकारही अपरब्रह्म ॐकार परब्रह्म कहाहै) [उत्तमाधिकारी को तो सर्व भेदसे रा एकरस प्रत्यगात्मरूप जो ब्रह्महै, तिसरूप करके ॐकार सम ज्ञानद्वारा पावने के योग्य होता है, इसप्रकार श्लोकके उत्त का विभाग करते हैं] अरु " अपूर्व्वोऽनन्तरोबाह्योनपरःप्र ऽव्ययः " (ॐकार अपूर्व है, अनन्तर है, अबाह्यहै, अनप अव्यय है) अर्थात् ॐकारही परमात्मा ब्रह्म है, अतएव इस कारण कोई भी न होनेसे यह अपूर्व है । अरु इसको भिन्न तीवाला कुछ भी अन्तर नहीं । सर्वाधिष्ठान होनेसे । ताते

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

न्तर है । अरु इससे बाह्य अन्य वस्तुनहीं अतएव अबाह्यहै । अरु इसको कार्यता नहीं ताते अन पर है । अरु इसका नाश नहीं ताते अव्यय है " सबाह्याभ्यन्तरोह्यजः " "सैन्धवघनवदितिश्रुतेः " इत्यर्थः २६ ॥

२७॥ हेसौम्य, " सर्व्वस्यप्रणवोह्यादिर्मध्यमान्तस्तथैवच " ‹सर्वका आदिमध्य पुनः तैसेही अन्तओंकार है› अर्थात् जैसेमाया का ‹ किसी शिल्पी आदि मायावी रचित ‹ हस्ति, रज्जुकासर्प, मृग तृष्णाका जल, अरु स्वप्नके पदार्थादिकों का ‹ जो केवल भ्रांतिमात्र अध्यस्तहैं ‹ आदि मध्य अरुअन्त, मायावी रज्जु ऊपर आदिक अधिष्ठान है ‹ अर्थात् जो वस्तु अध्यस्त (कल्पित) भ्रांतिमात्र होती है, तिसका 'आदि, अन्त,मध्य, अधिष्ठानरूपही होताहै ‹ तैसेही मिथ्या (भ्रांतिमात्र) उत्पन्न हुये आकाशादिक सर्व प्रपंचका ' आदि, मध्य, अरु तैसेही अंत, एक ओंकार ‹ तुरीय आत्मा ‹ ही है, ‹ अर्थात् जैसे आकाश में जो नीलिमा की भ्रांति ' कि आकाश से इतर नीलिमा कुछ वस्तु है, तिस भ्रांति काल के पूर्व वो नीलिमा आकाशरूप है, ताते उस कल्पित नीलिमा की आदि आकाश है, अरु आकाश अरु तिस विषे अध्यस्त नीलिमा तिनका जब यथार्थ विवेक होताहै तब उस अध्यस्त नीलिमा का परिणाम आकाशरूप होनेसे उसनीलिमाका अन्त भी आकाशरूपहै, अरु जब वो नीलिमा अपने आदि अन्तमें आकाशरूप है तब अपनी पृथक् सत्ता के अभावसे अपने भ्रांतिरूप से वर्त्तमान कालमेंभी आकाशरूप है ताते उसका मध्य भी आकाशरूप है, इसप्रकार आकाश में अध्यस्त नीलिमा तीनोंकाल अध्यस्तरूप है, तैसेही आकाशादि सर्व प्रपंच एक चैतन्य आत्मा बिषे अध्यस्त होनेसे तीनोंकाल सोईरूप है ‹ अरु " एवंहिप्रणवंज्ञात्वाव्यश्नुतेतदनन्तरम् " ‹ ऐसेही ओंकारको जानके तिसके अनन्तर प्राप्त होताहै › अर्थात् ऐसेही मायावी रज्जु आदिक स्थानी ओंकार (तुरीयआत्मा) को जानके तिसके अनन्तर (तिसही

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रणवोहीश्वरंविद्यात्सर्वस्यहृदिसंस्थितम् । स
व्यापिनमोंकारंमत्वाधीरोनशोचति २८ ॥

क्षणसे) तिस परमार्थ वस्तुके आत्मभावको प्राप्त होताहै "अ
विद्वह्मैवभवति" २७ ॥

२८ हे सौम्य, "प्रणवंहीश्वरंविद्यात्सर्वस्यहृदिसंस्थितम्,स
व्यापिनं" (सर्वकेहृदयबिषे स्थितईश्वररूप ॐकारको सर्वव्य
पी जानना) अर्थात् सर्व प्राणियों के समूहके स्मरणरूप वृ
आश्रय हृदय बिषे स्थित ईश्वररूप ॐकारको 'आकाशवत्
वेव्यापी जानना । अरु "ओंकारंमत्वाधीरोनशोचति" (ध
पुरुष ॐकारको मानके शोचता नहीं) अर्थात् (सर्व प्राणि
के हृदय बिषे आकाशवत् महासूक्ष्म चैतन्य सर्वव्यापी जो आ
त्मा तिसको (बुद्धिमान् पुरुष असंसारी (जाग्रदादि स्थान अ
तिनके धर्म्मादिकोंसे असंग अलिप्त, सदाशुद्ध बुद्धि मुक्त स्वभाव
मानके शोच करता नहीं । क्योंकि उक्तप्रकारके आत्मा विषय
जो अज्ञान सोई अपने बिषे जन्ममरणादि क्लेशसे जन्यशोक क
निमित्त तिसका आत्माके सम्यक् ज्ञानसे अभाव होताहै ताते
"तरतिशोकमात्मविदिति" (आत्मवेत्ता शोककोतरता है) २८

२९ हेसौम्य, [अबतुरीयभावको प्राप्तहुये ॐकारको जो सम्य
प्रकार जानता है तिसकी प्रशंसा करते हैं] "अमात्रोऽनन्तम
त्रश्चद्वैतस्योपशमःशिवः" (अमात्रहै, अनन्तमात्र है, उपशम रू
है, शिवरूपहै,) अर्थात् (ॐकारकालक्ष्य (अमात्र(तुरीयपद)है, आ
जिसकरके ॐकारका परिमाण क्रियाजाय ऐसा जो परिच्छेद
सो कहिये मात्रा । सो उक्त लक्षणवाली मात्रा हैं अनन्त जिस
की ऐसा जो ॐकार सो अनन्तमात्र है । अर्थात् इस आत्माका
एतनापना (यह आत्मा एतना है, इसप्रकारका एतनापना (प
रिच्छेद करनेको शक्य नहीं, अरु द्वैतका उपशमरूप है (अर्थात्
सर्व द्वैतका उपशमआत्मरूप है (अरु ऐसा होनेसेही शिवरूपहै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अमात्रोऽनन्तमात्रश्चद्वैतस्योपशमःशिवः । ओं-कारोविदितोयेनसमुनिर्नेतरोजनः २९ ॥

इतिमांडूक्योपनिषदर्थाविष्करणपरायांगौडपादीयकारिकायां प्रथमभागमप्रकरणम्ॐतत्सद्धरिः ॐ ॥

इसप्रकार व्याख्यान किया "ओंकारोविदितोयेनसमुनिर्नेतरोजनः" ६ ॐकार जिसकरके विदित हुआहै सो मुनिहै इतर नहीं ; अर्थात् ॐकार जिसको सम्यक्प्रकार ज्ञातहुआ है सोई परमार्थ तत्त्वका मनन करता मुनि है, इससे इतरजन मुनि नहीं २९ ॥

इति श्रीमांडूक्योपनिषद्मूलसहितगौडपादीयकारिकाप्रथमाऽऽगमप्रकरणभाषाभाष्यपूर्णम्ॐतत्सद्धरिः ॐ ॥

अथगौडपादाचार्य्यकृतकारिकायांवैतथ्याख्यद्वितीय प्रकरणम्भाषाभाष्यप्रारभ्यते २ ॥

१ हे सौम्य, [प्रथम प्रकरणविषे आगमकहिये श्रुति तिसकी मुख्यता करके अद्वैतको प्रतिपादन करनेवाले आचार्य ने तिस (अद्वैत) के विरोधी द्वैतका मिथ्यापना (श्रुतिके) अर्थ से कहा अब तिस(अद्वैतके विरोधी) द्वैतका मिथ्यापना 'यद्यपि सर्व में प्रधानजे श्रुति तिसके प्रमाणसे कहा है, तथापि युक्तिकी मुख्यता से भी (द्वैतका मिथ्यापना) जानने को शक्यहै । इसप्रकार देखावने के अर्थ (अर्थात् विचारवानों के मध्य प्रकट करणार्थ) द्वितीय प्रकरणको प्रकट करतेहुये, आदि विषे प्रपंचके मिथ्यापने में स्वप्नके दृष्टान्तकी सिद्ध्यर्थ तिसस्वप्नके मिथ्यापनेविषे (अर्थात् जिसवस्तुको दृष्टान्तप्रमाणसे, सत्यवा असत्य, सिद्ध करनी है, तहां प्रथम उस वस्तुके दृष्टान्तकी,सत्यता वा असत्यताका सिद्ध करना अवश्य है एतदर्थ सर्व प्रपंचके मिथ्यापने के सिद्ध करनेमें दृष्टान्तप्रमाण जो स्वप्न तिसकी असत्यताकी सिद्ध

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐअथवैतथ्याख्यंद्वितीयंप्रकरणम् ॥

ॐवैतथ्यंसर्व्वभावानांस्वप्नआहुर्म्मनीषिणः । न्तःस्थानात्तुभावानांसंवृतत्वेनहेतुना १ ॥

र्थ । युक्ति सहित वृद्धपुरुषोंकी संमतिको कहते हैं] " ज्ञाते न विद्यत " इस । वाक्यवाले । पच्चीसवें श्लोक बिषे "एकम् द्वितीयम् " । इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाणसे,जो पूर्वद्वैतका मिथ्यापनाकहा, सो आगममात्र । अर्थात् श्रुतिकी प्रधान प्रामाण्यसे व्याप्त । है, युक्तिसे सिद्ध नहीं, परन्तु तिस शास्त्रकरके हुये अर्थ । द्वैतके मिथ्यापने । बिषे युक्तिकी प्राधान्यतासेभी का मिथ्यापना जानने को योग्यहै । क्योंकि प्रमाणों की आरक्यतासेनिश्चयहुई वस्तुबिषे संशयरहेनहीं ताते । द्वितीयप्रकरण का आरंभकरते हैं " वैतथ्यंसर्व्वभावानांस्वप्नआहुर्म्मनीषिणः (बुद्धिमान् स्वप्नवत् सर्व भावपदार्थों के असत्यपने को कहते हैं) अर्थात् [प्रत्यक्षादि] प्रमाणोंके ज्ञातकरके कुशल जे । श्रोत्रियत्व अरुब्रह्मनिष्ठत्व उन उभयलक्षणों करके युक्त । बुद्धिमान् पुरुषहैं सो । स्वप्न बिषे उपलभ्यमान (अनुभव किये जे बाके के घटादि सर्व पदार्थ, अरु अन्तर । अन्तःकरण के सुखादिकों सर्व पदार्थोंके असत्यपने को कहते हैं । अरु तिनके असत्यपने बिषे हेतुको कहते हैं " । अन्तःस्थानात्तु भावानां संवृतत्वेन हेतुना " । (सर्व पदार्थोंको 'शरीरके, मध्यरूपस्थान वाले होनेसे अर्थात् जिसकरके स्वप्न बिषे हस्ति पर्वतादि सर्व पदार्थ । जिनका शरीरके भीतर समाना किसीप्रकार भी संभवे नहींसो शरीरके भीतरही प्रतीत होते हैं, । उस अवस्थामें, शरीरसेबाहर नहीं, एतदर्थ सो सर्व (स्वप्नकेपदार्थ) मिथ्या होनेकोही योग्य हैं । शंका । ननु, अन्तर्गृहादिकों के भीतर प्रतियमान घटादिक के हुये, यह उक्त हेतु व्यभिचारी होवेगा, । यह आशंकाकरके समाधान । कहते हैं । शरीरान्तर संकुचित स्थानवाले होनेका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अदीर्घत्वाच्चकालस्यगत्वादेशान्नपश्यति । प्रति
बुद्धश्चवैसर्व्वस्तस्मिन्देशेनविद्यते २ ॥

हेतुसे । अरु जो देहान्तर आवृत नाड़ियांहैं तिनबिषे पर्वत हस्ति आदिकोंका सद्भाव नहीं अरु जब देह बिषेही पर्वतादिक नहीं तब देहान्तर्गत जो " ता वाअस्यैताहितानाम नाड्यो यथाकलेशः सहस्रधा भिन्नस्तावताऽणिम्नातिष्ठन्ति, इत्यादि" इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाणसे 'खड़केशके सहस्रवें भागप्रमाण अतिसूक्ष्म नाड़ियां (जोकि स्वप्नरूप भ्रान्ति दर्शनका स्थानहै) हैं तिनबिषे पर्वत हस्ति आदि कहांसे होवेंगे ' किन्तुकहींसेभी कदापिनहीं । अतएव स्वप्नके पदार्थ (अपने होनेयोग्य) देश (स्थान) से रहित होनेसे (अर्थात् जिनमहा सूक्ष्मनाड़िओं में स्वप्नहोताहै तिनमें बाह्यके परमाणुका भी प्रवेशबनेनहीं तब बाह्यके पर्वत सागर वहां कैसे समायँगे किन्तु कदापि नहीं, ताते वहां स्वप्नके पदार्थोंके होनेयोग्य स्थानके अभावसे) रज्जु सर्पादिकोंवत् असत्यही होनेको योग्यहैं १ ॥

२ हे सौम्य, (शंका) ननु, स्वप्नविषे देखनेयोग्यपदार्थोंका शरीरके भीतर आवृत कहिये संकुचित 'तंग, स्थानहै यह कथन असिद्धहै, क्योंकि पूर्वके देशोंमें सोयाहुआ पुरुष उत्तरके देशोंबिषे स्वप्नोंको देखेहुयेवत् देखताहै (यह आशंका करके समाधान) कहतेहैं, (पूर्वादिकके देशमें सोयाहुआपुरुष) शरीरसेबाह्य (उत्तरादिकोंके) अन्यदेशोंमेंजायके स्वप्नोंको देखता नहीं, किन्तु शरीरके भीतरही (अर्थात् पूर्वदिशाके किसी एक देशबिषे सोया पुरुष जो उत्तरदिशाके किसी एकदेशविशेष सहित वहांके पदार्थोंको स्वप्नबिषे देखताहै सो शरीरसे बाह्यके उसदेशमेंजायके स्वप्नको नहीं देखता, किन्तु ' जैसे स्वप्नमें शरीरान्तर जिनवस्तुओं के स्थानके अभावसे भी 'समुद्र, पर्वत, हस्ति, आदिक पदार्थोंको भ्रांतिकरके वा जाग्रत्के अध्यास संस्कार करके देखताहै तैसेही उस देशको अरु पदार्थोंको देहान्तरही देखताहै । अरु जिसकरके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सोयाहुआ पुरुष, तत्कालही देहके (जहां सोयाहै) देशसे योजनके अन्तरायवाले अरु मासमात्रके कालकरके प्राप्त योग्य देशोंबिषे स्वप्नोंको देखेहुयेवत् देखताहै । अरु उस देश प्राप्ति अरु वहांसे पुनः आगमनके योग्य दीर्घकालहै नहीं । अर्थ जिसकरके सोयाहुआ पुरुष जाग्रत्की निवृत्तिके तत्कालही को देखताहै तहां जिसदेशमें सोयाहै तहांसे शतावधि योजन अन्तराय (दूर) वाले, अरु एकमासदिवसकी अवधिसेभी अधि दिवसोंके कालसे प्राप्तहोनेवाले, देशोंको अरु वहांके पदार्थ जाग्रत्मेंदेखेहुयेवत् देखता है । परन्तु उस स्वप्नमें जिस दूर देशको देखताहैसो जहां सोयाहै तहांसे अतिदूरहै, अरुतिसदे प्राप्ति अरु वहांसे आगमन । अर्थात् स्वप्नमें जिसदूरदेशको देखा है तहां जाने के अरु वहांसे स्वदेशमें आवने । योग्य जो आपे दीर्घकाल सोहै नहीं, क्योंकि जाग्रत्की निवृत्तिके क्षणही स्वप्न देखताहै अरु स्वप्नकी निवृत्तिके क्षणही जिसदेशमें सोयाहै तिस स्थानमें जाग्रत् होताहै, । एतदर्थ, " अदीर्घत्वाच्चकालस्य ग देशान्न पश्यति " (कालकी अदीर्घतासे देशोंबिषे जायके देखे नहीं) अर्थात् । बाह्यकेदूर देशको जाय अरु वहांसे पुनः स्व में आवे एतना । दीर्घकाल न होनेसे स्वप्नको देखनेवाला पु अपने सोवने से अन्य देशमें जायके स्वप्नको देखता नहीं किम्बा " प्रतिबुद्धश्चवैसर्वस्तस्मिन्देशेनविद्यते " (जा को प्राप्तहुये को निश्चय करके तिसदेश में कुछ भी विद्यमा नहीं) अर्थात् स्वप्नका द्रष्टापुरुष । जिस देशको स्वप्नमें देखा है । तिस स्वप्न दर्शनके देश बिषे निश्चय करके प्रबोध (जाग्रत् को पायाहुआ है नहीं । अर्थात् जो कदापि स्वप्नका द्रष्टापुरु अन्यदेश बिषे जायके स्वप्नको देखता होय तो जिस देशमें जाय के स्वप्न देखे तिसही देश बिषे प्रबोध (जागरण) प्राप्तहुआ चाहिये, परन्तु सो होता नहीं, । किन्तु जिस बिषे सोवता है तहां ही जागता है । किम्बा रात्रि बिषे [श

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

के अन्तरही स्वप्नका देखना होता है, इसप्रकार सिद्धहुये दूरदेश के गमनागमन । योग्य काल के अभावसे स्वप्न का मिथ्यापना है, इसप्रकार कथन किये अर्थका वर्णन करते हैं, यहां यह अर्थहै कि, यद्यपि । वो स्वप्नका द्रष्टापुरुष । रात्रिबिषे सोवता है, तथापि दिवस में । सूर्यादि पदार्थ कि जिनका रात्रि में सर्वथा असंभव है । देखे हुयेवत् देखता है । अरु सोयाहुआ अविक्षुरादि इन्द्रियों के संकोच हुये भी रूपादि विषयों को देखता है, अरु सोयाहुआ भी विचरता है । अर्थात् जाग्रत्की ज्ञानेन्द्रिय अरु कर्मेंद्रियों के उपराम हुये भी स्वप्न में उभय इन्द्रियों के व्यापारको करता है । अरु यद्यपि वो पुरुष सहकारियोंसे रहित अकेला ' सोवता है, तथापि बहुत से । सहचारियों के साथ मिलाहुआ स्वप्नमें स्वप्नके पदार्थों को देखता है । एतदर्थ । देशान्तरके गमनागमन । योग्य । दीर्घ । कालके, अरु । उभय । इंद्रियोंके, अरु सहकारियोंके ।जो दर्शनादिकोंकी मुख्य सामग्री है । अभाव हुये भी । जो दूर देशादिरूप पदार्थों को देखता सुनता लेता देता आवताजाता आदिक व्यापार होता भासता है, ताते इस अनुमान लक्षणसे भी । स्वप्नका मिथ्यापना सिद्ध है] सोयाहुआ पुरुष दिवसवत् । सूर्य्यादि । पदार्थों को देखता है, अरु बहुतों के साथ मिलता है ।अरु । जो कदापि शरीर से बाह्य निकलके स्वप्नमें किसी से मिलताहोय तो । जिनसे मिलता है उन्होंकरके जाग्रत् कालबिषे पहिचाना चाहिये, परन्तु उसकरके पहिचाना जातानहीं । क्योंकि जो सोयाहुआ पुरुष शरीरके बाह्यप्रदेशमें स्वप्नबिषे मिलाहोय तो । ' आज मैंने तुझको अमुक स्थानबिषे देखाथा, इसप्रकार तिसपुरुष ने । कि जिसके साथ स्वप्नका द्रष्टा स्वप्नमें मिला है । कहना चहिये, परन्तु इस प्रकार कोई किसीसे कहता नहीं ।अतएव स्वप्नबिषे अन्यदेशको जातानहीं ॥ हे सौम्य यहपुरुष स्वप्नबिषे जिनपदार्थोंको देखता सो चिरकाल तैसाही न रहके अति शीघ्र अन्यभावको प्राप्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अभावश्चरथादीनांश्रूयतेन्यायपूर्वकम् । वैतथ्यं
नवैप्राप्तंस्वप्नआहुःप्रकाशितम् ३ ॥

हुआ देखता है । अर्थात् प्रथम मनुष्यको देखताहै, देखतेही
ते तिसही क्षणमें उसही को वृक्षादिरूपसे देखने लगता है,
मथुरादि देशोंको देखता २ उसही क्षणमें उसको काशी आ
देशोंको देखता है वा मिश्रित वा विपरीत देशकाल ग्रामा
को देखताहै, तैसा बाह्यका देशादिक अति अल्पकाल में
था भावको पावते नहीं, मनुष्य वृक्षाकार होते नहीं । इत्या
स्वप्नके अरु बाह्यके देशकाल वस्तु आदिकों में व्यभिचा
रतम्यताके देखने से भी, अरु चिरकालके मृतकहुओं को भी
प्नमें देखनेसे 'कि जिनका उस स्वप्नकालमें बाह्यहोना स
असंभव है, यह स्पष्ट सिद्धहै कि स्वप्नकाद्रष्टा शरीर के बा
देशोंमें जायके स्वप्न देखता नहीं २ ॥

३ ॥ हे सौम्य, इस अग्रिम कहनेके हेतुसेभी स्वप्नविषे दे
योग्य पदार्थ सर्व मिथ्या है । क्योंकि " अभावश्चरथादीनांश्रू
न्यायपूर्वकम् " (रथादिकों का अभावन्यायपूर्वक सुनते हैं) अ
जिसकरके स्वप्नविषे देखने योग्य (देखेहुये) जे रथादिक ति
अभाव " नतत्ररथानरथयोगानपंथानोभवति,इत्यादिश्रुति
(तहां रथनहीं, रथमें योजना करने योग्य अश्वचक्रादि नहीं,
रथके मार्गभी नहीं होते) इत्यादिक श्रुति करके न्याय (यु
पूर्वक श्रवण करते हैं । अतएव " वैतथ्यंतेनवैप्राप्तंस्वप्नआ
प्रकाशितम् " (तिससे स्वप्न बिषे प्राप्तहुआही मिथ्या
प्रकाशित किया कहते हैं) अर्थात् तिस (स्वप्नद्रष्टा
शरीर के मध्य (महासूक्ष्म) नाडीरूप स्थान बिषे संकोच
प्राप्तहोने (स्थानके अभाव) आदिक हेतुसे स्वप्न बिषे
हुआही जो मिथ्यापना, तिसको अनुवाद करनेवाली
स्वप्नबिषे आत्माके स्वयंज्योतिपनेके प्रतिपादनबिषे तत्पर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अन्तस्थानात्तुभेदानांतस्माज्जागरितेस्मृतम्। यथा तत्रतथास्वप्नेसंवृतत्वेनभिद्यते ४॥

यह बृहदारण्यक उपनिषद् सम्बन्धी श्रुतिहै, तिसने प्रकाशित कियाहै, इसप्रकार ब्रह्मवेत्ता कहते हैं ३॥

४ हे सौम्य, [उक्त रीतिसे स्वप्नरूप दृष्टान्तके असत्पनेके सिद्धहुये, फलित अर्थरूप अनुवादको कहतेहैं] "अन्तस्थानात्तु भेदानां तस्माज्जागरितेस्मृतम्। यथातत्रतथास्वप्ने संवृतत्वेन भिद्यते" (जैसे तहां स्वप्नमें है, तैसे जाग्रत् बिषे भीहै ताते जाग्रत्बिषे जान्या है, भेदको प्राप्तहुये को संकोच को प्राप्तहोने करके भेदको पावताहै) अर्थात् जैसे तिस स्वप्नबिषेहै, तैसेही तिस जाग्रत्बिषे भीहै, तस्मात् जाग्रत्बिषे भी तैसेही जान्याहै। परन्तु स्वप्न बिषे जाग्रत्के पदार्थोंसे भेदको प्राप्तहुये पदार्थोंको शरीरके मध्य (सूक्ष्मनाड़ी) रूप स्थानवाले होनेसे जाग्रत्से स्वप्न भेदको पावताहै॥ इसका यह अभिप्राय है कि जाग्रत्बिषे दृश्य पदार्थोंको (यावत् इन्द्रियादिकोंका विषयहै तिनसर्वको) मिथ्यापनाहै, यह तो प्रतिज्ञाहै, क्योंकि दृश्य (इन्द्रियादिकों का बिषय) है ताते। यहहेतुहै। अरु, स्वप्नबिषे सर्व दृश्य पदार्थोंवत्, यह दृष्टान्तहै अरु जैसे तिस (स्वयोग्य स्थानके अभाव वाले) स्वप्नबिषे (देखेहुये वा देखने योग्य) दृश्य पदार्थोंका मिथ्यापनाहै, तैसे जाग्रत्बिषे दृश्यपना (दृश्यपदार्थोंको मिथ्यापना) समानहीहै, यह हेतुका उपनयहै। एतदर्थ जाग्रत्बिषे भी मिथ्यापना जान्याहै यह निगमन है। अरु शरीरके मध्य (सूक्ष्मनाड़ी) रूप स्थानवाले होनेसे अरु संकोचको प्राप्तहोनेकरके स्वप्नबिषे दृश्य पदार्थोंका जाग्रत्के दृश्य पदार्थोंसे भेद भासता है। अरु (वास्तवकरके) दृश्यपना अरु मिथ्यापना जाग्रत् अरु स्वप्नविषे तुल्यहीहै॥ (अर्थात् जैसे स्वप्नका दृश्य अपने योग्य स्थान के अभावसे सत्यनहोयके केवल भ्रान्तिमात्रहीहै, तैसेही

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वप्नजागरितेस्थानेह्येकमाहुर्मनीषिणः । भेदानां समत्वेनप्रसिद्धेनैवहेतुना ५ ॥

जाग्रत्का सर्व दृश्य अपने योग्य स्थानके अत्यन्त अभावसे केवल भ्रान्तिमात्रहीहै । क्योंकि एक अद्वैत निराकार परिपूर्ण चिद्घनघन चैतन्यके शिलवत् सर्वत्र सघन अस्तित्वमें तिससे पृथक् रीते स्थानका अभाव है, अतएव जाग्रत् अरु स्वप्न, इन उभय स्थानकास्थूल सूक्ष्म यावत् इन्द्रियादिकोंका बिषय दृश्य प्रपंच सो स्वयोग्य स्थानके अत्यन्तअभावरूप हेतुसे केवल भ्रान्ति मात्रही है । ऐसा ब्रह्मवेत्तोंका निश्चितार्थ है इति सिद्धम् ४।

५ हे सौम्य, "स्वप्नजागरितेस्थाने ह्येकमाहुर्मनीषिणः । भेदानांहिसमत्वेनप्रसिद्धेनैवहेतुना ।" (भेदोंको प्राप्तहुये को प्रसिद्ध हेतुसे समानता करके ही मननशील स्वप्नअरु जाग्रत् इन उभय स्थानोंको एकसेही कहतेहैं) अर्थात् (परस्पर उक्तप्रकार) भेद को प्राप्तहुये जे जाग्रत् अरु स्वप्नके पदार्थ तिनको ग्राह्य अरु ग्राहक होनेसे दृश्यतारूप प्रसिद्ध हेतुकरके समानता होनेसे मनीषी (मननशील बिबेकी) जनहैं सो, स्वप्न अरु जाग्रत् इन दोनों स्थानों के एक (तुल्य) ही कहतेहैं । यहां [जाग्रत् अरु स्वप्नबिषे वर्त्तमान परस्पर भेदवाले पदार्थोंका ग्राह्यपना और ग्राहकपना समानहै । अरु तिस (दृश्यरूप) हेतुसे तिनका मिथ्यात्वकरके समभाव प्रसिद्धही है । अरुतिस (प्रसिद्धसमभावरूप) हेतुकरके बिबेकी पुरुषोंको जाग्रत् अरु स्वप्नरूप दोनों स्थानोंकी एकता बांछितहै । इसप्रकार जो पूर्व अनुमान नाम प्रमाण सिद्ध किया, तिसही का ' उभयस्थानोंकी एकतारूप, फल इसश्लोक करके कहाहै । इसप्रकार श्लोककी योजनासे देखावते हैं] यह पूर्वसिद्ध प्रमाणका ही फल कहा ५ ॥

६ हे सौम्य, भेदको प्राप्त (परस्परमें बिलक्षण) हुये जाग्रत्बिषे दृश्यपदार्थ तिनका आदि अरु अन्तबिषे अभाव होनेसे अर्थात् या

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आदावन्तेचयन्नास्तिवर्त्तमानेपितत्तथा । वितथैः सदृशाःसन्तोऽवितथाइवलक्षिताः ६ ॥

वत् उत्पत्तिमान् पदार्थहैं सोसर्ब अपनी उत्पत्तिसे पूर्व अभाव रूपहैं, अरु उत्पत्तिमान् पदार्थको अन्तवालाहोनेके निश्चयसे, सो उत्पत्तिमान् वस्तु अपने अन्तके पश्चात् भी अभावरूपहै। इस कहनेके हेतु सेभी तिनका मिथ्यापनाहै "आदावन्तेचयन्नास्ति वर्त्तमानेपितत्तथा" { जो आदिबिषे अरु अन्तबिषे नहीं है सो वर्त्तमानमें भी तैसाही है} अर्थात् जो मृगतृष्णादि बस्तु आदि बिषे अरु अन्तबिषे नहीं है, सो अपने वर्त्तमान कालबिषेभी है नहीं, यह लोकबिषे निश्चितहै। अरु "वितथैःसदृशाःसन्तोऽवितथा इवलक्षिताः" { मिथ्यासे सदृशहुयेसन्तेभी अमिथ्या (सत्य) वत् जानतेहैं } अर्थात् तैसेही यह भेदको प्राप्तहुये जाग्रत् के दृश्यपदार्थ { अपने } आदि अन्तबिषे अभाव रूपहोनेसे मृगतृष्णा आदिक मिथ्या पदार्थोंसे तुल्यहुये (तुल्य होनेसे) सन्ते मिथ्याहीहै। तथापि वो अनात्मज्ञानी मूढ़ पुरुषोंकरके सत्यवत् जाने जातेहैं ६ ॥

७हे सौम्य, { उक्तार्थपर वादी शंका करताहै }। ननु, स्वप्नके दृश्य पदार्थोंवत् जाग्रत्के दृश्य पदार्थोंकोभी असत्पना कहा सो अयुक्त है। अरु जाग्रत्के दृश्य जे अन्न पान अरु वाहनादिकहैं, सो क्षुधा तृषा आदिकोंकी निवृत्तिको अरु गमनागमन आदिरूप कार्य (व्यवहार) को करतेहुये प्रयोजन सहित उनको देखते हैं, अरु स्वप्नके दृश्य पदार्थोंको वो प्रयोजन सहितपनाहै नहीं। ताते स्वप्नके दृश्यपदार्थोंवत् जाग्रत्के दृश्यपदार्थोंका असत्पना मनोरथ (कल्पना) मात्रहै { इसप्रकारका जो वादीका कथन सो बने नहीं, क्योंकि "सप्रयोजनतातेषां स्वप्नेविप्रतिपद्यते" { तिनकी सप्रयोजनता स्वप्नबिषे बिरोधको प्राप्तहोतीहै } अर्थात् जिसकरके जाग्रत्बिषे उनअन्नपानादिकोंकी जो प्रयोजन सहितताको देखतेहैं सो स्वप्नबिषे बिरोधको प्राप्तहोतीहै। जैसे स्वप्नबिषे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सप्रयोजनतातेषांस्वप्नेविप्रतिपद्यते । तस्मादाद्यं
तत्त्वेनमिथ्यैवखलुतेस्मृताः ७ ॥

अन्नादिक भोजन अरु जलादिक पानकरके आतृप्त हुआ पुरु
भी जब उत्थान (जाग्रत्) को पावताहै तब अपने को क्षु
तृषाकरके युक्त अतृप्तही मानताहै । तैसेही जाग्रत्बिषेभी भोज
पानादि करके तृप्त,क्षुधा तृषारहित होयके सोयाहुआ पुरुष,तत्का
लही स्वप्नमें क्षुधा तृषादिकरके अति पीडित दिनरात्रिबिषे ज
पान अरु भोजनसे रहित अपने को मानताहै । अतएव जाग्रत्
दृश्योंका स्वप्नबिषेभी बिरोध देखाहै ।अर्थात् जैसे स्वप्नमें भोज
पानादिकरके तृप्तहुआ पुरुष जब जागताहै तब अपनेको क्षुधा तृ
करके युक्तही देखताहै ताते यह निश्चयहोताहै कि स्वप्नबिषे कि
खानपानादि सर्व दृश्य जाग्रत्हुये असत्ही होताहै, तैसेही जाग्र
में सम्यक् प्रकार खान पानादिकरके आतृप्तहुआ पुरुष सोवत
है तब तत्कालही स्वप्नमें अपने को क्षुधातृषाकरके पीडित देखत
है, तिसकरके यह निश्चय हुआ कि जाग्रत्के खानपान तृप्तिस्वप्
वान्को असत्यही है । अरु जाग्रत् में जाग्रत् सत्य अरु स्व
असत्यहै अरु स्वप्नमें स्वप्नसत्य अरु जाग्रत् असत्य है, ताते इ
दोनोंकी सत्यता असत्यता सापेक्षिक अरु व्यभिचारी है ता
दोनोंही असत्य भ्रान्तिमात्र हैं ताते तिन जाग्रत्के दृश्योंकाभी
असत्पना स्वप्नके दृश्योंवत् शंकाकरनेके योग्यनहीं ।अर्थात् जैसे
स्वप्नके दृश्योंके असत्पनेमें शंकानहीं, तैसेही जाग्रत्के दृश्यों
भी असत्पने में शंकानहीं, अरु जिनको है तिनको भ्रान्ति
है । ऐसा हम मानते हैं " तस्मादाद्यन्ततत्त्वेन मिथ्यैवखलु
स्मृताः " । (ताते आदि अन्तवाले होनेसे वे निश्चयकरके मिथ्या
ही जानने) अर्थात् तिसकरके आदि अरु अन्तकरके युक्तपन
जाग्रत् अरु स्वप्न इन दोनों बिषे समानही है, । ताते तिस
आदि अन्तवाले होनेकरके वे मननशील जाग्रत् के दृश्योंको

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अपूर्व्वस्थानिधर्मोहियथास्वर्गनिवासिनाम्।तांनयं
पेक्षतेगत्वायदैवेहसुशिक्षितः ८ ॥

नेश्चय करके मिथ्याही जानते, मानते, कहते हैं ७॥

८ हे साम्यै, [पुनः वादी शंकाकरेहै] ननु स्वप्न अरु जाग्रत्के पदार्थोंको तुल्यहोनेसे जाग्रत्के पदार्थोंका जो असत्पना कहा, सो असंगतहै, क्योंकि दृष्टान्तको असिद्धताहै ताते । कैसे कि जाग्रत्बिषे देखेहुये ये पदार्थही स्वप्नबिषे देखतेहोवें ऐसा नहीं किन्तु स्वप्नबिषे अपूर्व पदार्थोंको देखताहै । क्योंकि जिसकरके स्वप्नविषे चारदांतवाले हस्तिपर आरूढ अष्ट भुजावाला आपको देखता [मानताहै, अरु अन्य तीननेत्रवान्पनादिक भी अपने बिषे देखता मानताहै । इत्यादि प्रकार अपूर्व (पूर्वनदेखे) को स्वप्नबिषे देखताहै, एतदर्थ स्वप्न अन्य असत्यके तुल्य नहीं, किन्तु उक्तरीत्या सत्यहीहै । याते जाग्रत् के मिथ्यापने के साधनेबिषे जो स्वप्नका दृष्टान्तहै सो असिद्धहै, एतदर्थ स्वप्नवत् जो जाग्रत् को असत्पना कहा सो अयुक्तहै, । इसप्रकारका जो बादीका कथन सो बने नहीं । क्योंकि, हे वादिन् स्वप्नबिषे देखेहुये पदार्थोंको जोतू अपूर्व मानताहै, सोतो जडहोनेकरके स्वतः सिद्ध नहीं है, किन्तु [अपूर्व्वस्थानिधर्म्मोहियथास्वर्गनिवासिनाम्] अपूर्व स्थानीका ही धर्म्म है, जैसे स्वर्गके निवासियोंकाहै ; अर्थात् सो अपूर्व स्वप्नके द्रष्टारूप स्वप्नस्थानवाले [तैजसरूप] स्थानीकाहीधर्महै । जैसे स्वर्गकेनिवासी इन्द्रादिकोंका सहस्राक्षपना आदिक धर्महै,तैसे यह अपूर्व स्वप्नस्थानी स्वप्नके द्रष्टाका धर्म है,द्रष्टाके स्वरूपवत् स्वतः सिद्ध नहीं [अर्थात् स्वर्गरूप स्थानको प्राप्तहुयेको वहांका स्थानीपना अरु स्थानके सम्बन्धसे सहस्राक्षपनादि धर्म उसके होतेहैं, अरुजब वो इसलोकरूप स्थानको प्राप्त होताहै तब यहांका स्थानीपना अरु द्विभुजादिक धर्म उसके होते हैं, ताते स्थानके सम्बन्धसे प्राप्तहुये धर्म उस स्थानीके स्वरूपवत्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वप्नवृत्तावपित्वन्तश्चेतसाकल्पितन्त्वसत् ।
श्चेतोगृहीतंसद्वृतंवैतथ्यमेतयोः ९ ॥

स्वतः सिद्धनहोनेसे असत्हैं, क्योंकि जब वो स्वर्गकास्थानी
ताहै तब वहां उसके द्विभुजादि धर्म न होयके सहसनेत्र
भुजादि धर्महोतेहैं, अरु जबवो इसलोककास्थानी होता है
यहां उसके सहसनेत्रादि धर्म न होयके द्विभुजादि धर्महो
ताते स्थानमें अरु स्थान सम्बन्धी धर्मोंमें व्यभिचारके होने
असत्हैं अरु उस स्थानीके वास्तविक स्वरूपमें व्यभिचार न
से वो सत्यहै । तैसे ही आत्माको स्वप्नकास्थानी होनेसे
अपूर्वदृश्य उसका धर्महोताहै सपूर्व नहीं, अरु जबवो जाग्र
स्थानी होताहै तबयहांका सपूर्व उसका धर्महोताहै अपूर्व
अरु जैसे जाग्रत् स्वप्नरूप स्थानोंका परस्परमें व्यभिचारहै
तिनसम्बन्धी सपूर्व अपूर्व दृश्यरूपधर्मोंमेंभी व्यभिचारहै
उभय स्थानके स्थानीरूप आत्माके अव्यभिचारी स्वरूपवत्
सिद्ध नहोने से दोनों स्थान अरु तत्सम्बन्धी धर्म दोनों
असत्हैं । अरु "तानयं प्रेक्षतेगत्वा यदैवेहसुशिक्षितः" (ति
यहजायके देखताहै जैसेही यहां सम्यक् शिक्षापाया । देखता
अर्थात् तिन इसप्रकारके अपने चित्तके बिकल्परूप अपूर्व प
को यह स्थानी स्वप्नका द्रष्टा स्वप्नरूप स्थानबिषे जायके दे
है, जैसे यहां लोकबिषे शिक्षाको पाया । पुरुष । जो देशान्त
मार्गहै तिसमार्गसे देशान्तरको जायके तिन । देशान्तरके ।
र्थोंको देखता है, तद्वत् । एतदर्थ रज्जु सर्प अरु मृगतृष्णा
स्थानीके धर्मका असत्पना है, तैसे स्वप्नबिषे देखेहुये अपूर्व
पदार्थोंको स्थानीका धर्मपनाही है एतदर्थ असत्पना भीहै ।
स्वप्नके दृष्टान्तका । अर्थात् जाग्रत्के दृश्य पदार्थोंके असत्
में जो स्वप्नरूप दृष्टान्त तिसके असत्पनेका । असिद्धपना
किन्तु उसका असत्पना सिद्धही है । ८ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जाग्रद्वत्तावपित्वन्तश्चेतसाकल्पितन्त्वसत् ।
हिश्चेतोगृहीतंसद्युक्तंवैतथ्यमेतयोः १० ॥

९हे सौम्य,[जाग्रत्बिषे देखनेयोग्य पदार्थोंका जोमिथ्यापना सो तिसबिषे सत् अरु असत्के बिभागकी प्रतीतिसे बिरुद्ध है ह शंकाकरके तिसका दृष्टान्तसे समाधान करते हैं] स्वप्नरूप दृष्टान्तके अपूर्बपनेंकी शंकाका निषेधकरके,पुनः जाग्रत् के पदार्थोंकी स्वप्नके पदार्थोंसे तुल्यताको बर्णन करतेहुये कहतेहैं "स्वप्नवृत्तावपित्वन्तश्चेतसाकल्पितन्त्वसत् " (स्वप्नवृत्तिबिषे भी अन्तर तो चित्तसेकल्पित असत् है) अर्थात् स्वप्नवृत्ति (स्वप्नावस्था) रूप स्थानबिषे भी शरीरके अन्तर तो चित्तसे मनोरथ करके कल्पनाकिया बस्तु तो असत्है, क्योंकि अन्य कल्पना व कल्पके उत्थानके समकालही तिसका अदर्शनहै ताते । अरु "बहिश्चेतोगृहीतं सद्वतंवैतथ्यमेतयोः " बाह्य चित्तसे ग्रहण किया असत् है इनका मिथ्यापना देखाहै " अर्थात् तिसही स्वप्नबिषे बाह्यचित्तकरके चक्षुरादि इन्द्रियों द्वारा ग्रहणकिया जो घटादि बस्तु सो सत्यहै । असत्यहै, इसप्रकार निश्चय कियेहुये भी सत् अरु असत्य का बिभाग देखाहै । अरु इन अन्तर अरु बाह्य चित्तसे कल्पनाकिये दोनों बस्तुओंका कलित होनेसे मिथ्यापनाही देखाहै ९ ॥

१० हे सौम्य, " जाग्रद्वत्तावपित्वन्तश्चेतसाकल्पितन्त्वसत् " जाग्रत्की वृत्तिबिषे भी अन्तर तो चित्तसे कल्पना तो असत् है; अर्थातजाग्रत् की वृत्तिरूपस्थानविषे भी अन्तर चित्तकरके कल्पना किया बस्तु तो असत् है । अरु " बहिश्चेतोगृहीतंसद्युक्तंवैतथ्यमेतयोः " (बाहिर चित्तसे ग्रहणकिया सत्है इनका मिथ्यापना युक्तहै) अर्थात् तिसही जाग्रत्बिषे बाह्यचित्तसे चक्षुरादि इंद्रियों द्वारा ग्रहणकिया घटादि बस्तु सत्है । असत् है इसप्रकार निश्चय कियेहुये भी सत् असत्का बिभागदेखाहै। अरु इनसत् अरु असत्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उभयोरपिवैतथ्यंभेदानांस्थानयोर्यदि । कएतान्
बुद्ध्यतेभेदान्कोवैतेषांविकल्पकः ११ ॥

का मिथ्यापना युक्तहीहै, क्योंकि अन्तर अरुबाह्य चित्तसे कल्
पनेकी तुल्यताहै ताते १० ॥

११ हे सौम्य,[अब सर्बको मिथ्यापनाहोनेसे प्रमाता प्रमा
दिक व्यवहारका असंभवहोनेसे, पूर्बवादी बिशेष शंकाको क
हुआ कहे है "उभयोरपिवैतथ्यं भेदानांस्थानयोर्यदि "(;
उभय स्थानोंबिषे भेदोंको मिथ्यापना ही है ; अर्थात् जब ज
अरु स्वप्न इन उभय स्थानोंबिषे पदार्थोंके भेदोंका मिथ्याप
है, तब "कएतान्बुद्ध्यतेभेदान् कोवैतेषांविकल्पकः " (भे
कौनजानेगा अरु तिनका निश्चयकरके बिकल्पक कौन हो
अर्थात्, इन अन्तर अरु बाह्य चित्तसे कल्पनाकिये जे पदा
भेद तिनको कौनप्रमाता जानेगा अरु तिनका निश्चयकरके
कल्प (कल्पना) करनेवाला कौन होवेगा । यहां अभिप्राय
कि तिनकी स्मृति[यहां यह अर्थहै कि कार्यका कर्त्ताजो है सो
अनुभवकिये कार्यको स्मरणकरके तिनके सदृश जातिवाले
कार्योंको,इसप्रकार स्मृति अरु अनुभवके आश्रयके आक्षेपसे
का आक्षेपकहनेको इच्छितहै । तैसा होनेसे सर्ब के मिथ्या
सिद्धहुये कर्त्ता आदिकोंके व्यवहारका असंभव निवारण कर
अशक्य होवेगा] अरु अनुभवबिषे आश्रय कौन होवेगा, ।
अध्यात्मरूप प्रमाता (बुद्धिबिशिष्ट चैतन्य जीव)है अरु जो
दैवरूप जगत्का कर्त्ता ईश्वरहै, यह दोनोंभी मिथ्याहैं, इसप्र
अंगीकार करनेसे प्रमाता आदिकोंको असत्पना होवेगा, ।
शंकाकरके पूर्बवादी कहताहै । यहां यह अर्थहै कि 'जब प्र
वा कर्त्ता तुम्होंकरके अंगीकार नहीं कियाहै, तब, तुमको नि
भाव (शून्यपना) अभीष्टही होवेगा, परन्तु सो देखनेको
नहीं । उसका देखना अशक्यहै । क्योंकि आत्माबिषे । चक्षुरा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कल्पयत्यात्मनात्मानमात्मदेहःस्वमायया । सएव बुद्ध्यतेभेदानितिवेदान्तनिश्चयः १२॥

करणों [इन्द्रियों] की प्रवृत्तिका असंभवहै, अरु निषेधकरनेवाला ही आत्माहै ताते,] जब उनका कोई भी प्रमाता (प्रमाणकर्त्ता) वा कर्त्ता न मानोगे तब तुमको निरात्म (शून्य) बाद अभीष्ट होवेगा ११ ॥

१२ हे सौम्य, "कल्पयत्यात्मनात्मानमात्मदेहःस्वमायया" (आत्मारूपी देव अपनेबिषे अपनीमायासे आपकरके अपनेको कल्पताहै) अर्थात् [अबसिद्धान्ती कर्त्ता अरु कार्यादिकोंकी व्यवस्थाके असंभवको दूर करताहै] जो आत्मारूपी देव अपनेबिषे स्वमायासे आपकरके आपको रज्जु आदिकोंबिषे सर्पादिकोंवत् अग्रिम कहनेके भेदके आकारवाला [देह] कल्पताहै । अरु "सएवबुद्ध्यतेभेदानितिवेदान्तनिश्चयः" (सोई ही भेदों को जानताहै ऐसा वेदान्तका निश्चयहै) अर्थात् तैसे सोई [आत्मदेव] तिन भेदोंको जानताहै, इसप्रकारका वेदान्त (उपनिषद् वा ब्रह्मसूत्र) शास्त्रका निश्चयहै । एतदर्थ अनुभवज्ञान अरु स्मृतिज्ञानका आश्रय [आत्मदेवसे] अन्य नहीं । अरु क्षणिकवादियोंवत् अनुभवज्ञान अरुस्मृतिज्ञान निराश्रयनहीं । इत्यभिप्रायः१२॥

१३हेसौम्य,। प्रश्न। कौन संकल्पकरताहुआ किसप्रकारसे कल्पताहै,। तहां। उत्तर। कहते हैं, "विकरोत्यपरान्भावा नन्तश्चित्ते व्यवस्थितान् , नियतांश्चबहिश्चित्त एवंकल्पयतेप्रभुः" (प्रभु पदार्थोंको चित्तके अन्तर स्थित नियमित पुनः अनियमितपदार्थोंको नाना करताहै) अर्थात् प्रभु (समर्थ) जो ईश्वर आत्मा है सो बाह्य चित्तवालाहुआ बाह्य अपर 'लोकप्रसिद्ध, शब्दादि रूपपदार्थोंको, अरु अन्य [शास्त्रप्रसिद्ध] बासनारूपसे अन्तर चित्तबिषे [मायारूप चित्तके अन्तर] स्थित अस्पष्ट पृथिव्यादि नियमित (स्थिर) अरु बिद्युतादिक अनियमित (अस्थिर) पदार्थों

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विकरोत्यपरान्भावानन्तश्चित्तेव्यवस्थितान् । नि
यतांश्चबहिश्चित्तएवंकल्पयतेप्रभुः १३ ॥

को नानाप्रकारसे करताहै । तैसे अन्तर चित्तवालाहुआ मनो
थादिरूप आपबिषे स्थित पदार्थोंको [यहां यह अर्थ है, किबा
चित्तवालाहुआ आत्मा बहिर्मुख (बाह्यके व्यवहारयोग्य) प
र्थोंको कल्पताहै । अरु अन्तर चित्तवालाहुआ तिन (बाह्यव्य
हारयोग्य पदार्थों) से इतर आपबिषे स्थित मनोरथादि लक्ष
रूप व्यवहारके योग्य पदार्थोंको कल्पके पुनः व्यवहारकी
ग्यताके अर्थ कल्पताहै । यहां यह कथनकियाहै कि जैसे ल
विषे कुलाल वा तन्तुवाय (वस्त्ररचनेवाला) घट वा पट
कार्यके करनेकी इच्छावालाहुआ आदिबिषे व्यवहारके यो
व्यक्तिको (कार्यके आकारको) जानके वा प्रकटकरके, पश्चा
तिसही व्यक्तिको बाहिरके नामरूपकरके सम्पादनकरताहै । तै
ही यह (आत्माख्य) आदिकर्त्ता भी मायालक्षणरूप अपनेचि
बिषे नामरूपकरके अप्रकटरूपसे स्थितहुये सृजनेयोग्य पदा
कोप्रथमसृजनेकी इच्छा आकारसे प्रकट करके पश्चात् बाहि
सर्व ज्ञानके साधारण रूपसे सम्पादन करताहै । इसप्रकार प्र
की कल्पना बिषे क्रमका ज्ञान है] बाह्यके योग्य कल्पना क
पुनः व्यवहार की योग्यताके अर्थ कल्पता है १३ ॥

१४ हे सौम्य, । शंका । ननु, स्वप्नवत् चित्तकरके कल्पित
जाग्रत् का जगत् (है यहअद्यावधि निर्द्धारहुआ नहीं । अरु चि
कल्पित चित्त करके जाननेयोग्य मनोरथादि रूप पदार्थों
बाह्यके पदार्थोंकी परस्पर जाननेकी योग्यता रूप बिलक्षणता
एतदर्थ जाग्रत् का स्वप्नवत् मिथ्यापना अयुक्त है, [जैसे स्व
बिषे देखने योग्य सर्व कल्पित दृश्य बस्तु मिथ्याही अंगीक
करतेहैं, तैसेही जाग्रत् बिषे भी देखनेयोग्य सर्व बस्तु चित्तक
भासमान हैं, इसहेतुसे कल्पित मिथ्या है, ऐसा अद्यावधि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चित्तकालाहियेऽन्तस्तुद्वयकालाश्चयेबहिः ।कल्पिताएवतेसर्व्वेविशेषोनान्यहेतुकः १४॥

द्धारकिया नहीं, इस बिषय में पूर्बबादी हेतु कहता है, । यहां यह अर्थहै कि, आत्माकी अविद्याकरके कल्पित जो चित्त,तिस चित्तकरके प्रथम चित्तकेही अन्तररचित, अरु तत्रही वर्त्तमान मनोरथ (संकल्प) रूप पदार्थ, अरु बाह्यके रज्जुसर्पादिक पदार्थ सो चित्तकरकेही परिच्छेद (भेद) को पावनेयोग्यहै । अरु जिस करके वो कल्पनाकालबिषेही होनेवाले पदार्थ प्रमाज्ञान (प्रमाणजन्यज्ञान) के विषयहोते नहीं, जिसकरके तिनकेसाथ मन से बाह्य जाग्रत् बिषे देखनेयोग्य भावों (पदार्थों) का विलक्षणपना, अरु परस्परमें परिच्छेद्यताके पावनेकी योग्यता, अरु दोनों कालोंकरके परिच्छिन्न होनें करके प्रत्यभिज्ञारूप ज्ञानकी विषयता देखते हैं, तिसकरके जाग्रत्का स्वप्नवत् मिथ्यापना अयुक्त है,] उत्तर । यह शंका युक्तनहीं, इसप्रकार मूल के श्लोक के अक्षरों से उत्तर कहते हैं, चित्तके (कल्पना) काल से इतर अन्य परिच्छेद करनेवाला काल नहीं है (जिनका) ऐसे जे चित्त से परिच्छेद करनेयोग्य (अर्थात् चित्तकी कल्पना काल बिषेही जानने के योग्य) पदार्थ सो [जो मनके अन्तर मनोरथरूप पदार्थ हैं , सो चित्तकाल वालेहोते हैं, तिनके चित्तकालको स्पष्टकरते हैं] चित्तकालवाले कहते हैं, अरु जो परस्पर परिच्छेद करने (पृथक् २ जानने) योग्य पदार्थ हैं तिनको दोनों कालवाले कहते हैं [यहां यह अर्थ है कि, जो पदार्थ मनसे बाह्य दीखते हैं सो भेदकालवाले हैं । क्योंकि काल का जो भेद सो कहिये भेदकाल, सो भेदकाल जिनकाहै ऐसे जे पदार्थ तिनको भेदकालवाले कहतेहैं । इस व्युत्पत्तिसे । ताते सो पूर्वके अन्यकालकरके अरु पीछेके अन्यकालकरके परिच्छेद को प्राप्तहोनेयोग्य हैं । अरु भिन्नकालसे परिच्छिन्नहोने करके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

"सो यह है" इस आकारवाले प्रत्यक्ष ज्ञानकी सामग्री सहि संस्कारसे जन्य प्रत्यभिज्ञा ज्ञानके विषय होते हैं] जैसे [अ अत्के पदार्थोंकी प्रत्यभिज्ञा ज्ञानकी विषयताको उदाहरण का स्पष्ट करतेहैं] देवदत्त गौके दोहन पर्यन्त स्थित होता है, यावत् स्थितहोता है तावत् गौको दोहन करता है, अरु यावत् गौको दोहनकरता है तावत् स्थितहोताहै, अरु तितने कालपर्यन्त यहहै, अरु एतने कालपर्यन्त सोहै । इसप्रकार बाह्यके दार्थोंको परस्परमें परिच्छेदकपना है,एतदर्थ उनको उभयकाल वाले कहते हैं । एतदर्थ "चित्तकालाहियेऽन्तस्तु द्वयकाला येबहिः, कल्पिताएवतेसर्वे विशेषोनान्यहेतुकः" (जो अन्त बिषे तो चित्तकालवाले पदार्थहैं अरु बाह्य उभयकालवाले दार्थ हैं, सो सर्व कल्पितहीहैं,विशेष अन्यहेतुवालानहीं) अर्थ जो अन्तर (स्वप्न) बिषे तो चित्तकालवाले पदार्थ हैं, अरु बा (जाग्रत्बिषे) दोनों कालवाले पदार्थ हैं, सो सर्व (जाग्रत् स के (कल्पितही हैं । बाह्यका दोनोंकालकरके युक्ततारूप जो शेषहै सो कल्पितपनेसे अन्य हेतुवाला नहीं, क्योंकि कल्पि बिषे भी तिसप्रकारके विशेषका सम्भव है ताते, अतएव य जाग्रत्बिषे भी स्वप्नका दृष्टान्त स्पष्ट होताही है [इसका रहस्यहै कि जो कल्पनाकालबिषे होनहार पदार्थ मनके अन्त वर्त्तते हैं, अरु जो प्रत्यभिज्ञा ज्ञानके विषयहोने करके पूर्वो कालबिषे होनेवाले अरु बाहरही व्यवहारके योग्य देखियेहैं, सर्वकल्पित हुये मिथ्याही होनेके योग्यहैं । अरु प्रत्यभिज्ञा ज्ञा की विषयतारूप जो विशेषहै सो वस्तुके कल्पितपनेका कियाहै क्योंकि स्वप्नादिकोंकी कल्पित वस्तुबिषे भी "सो यहहै" इ प्रकार प्रत्यभिज्ञा ज्ञानकी विषयता देखतेहैं ताते १४ ॥

१५हेसौम्य, "अव्यक्ताएवयेऽन्तस्तु स्फुटाएवचयेबहिः । ल्पिताएवतेसर्व्वे" (जो अन्तर अस्पष्टहीहै, अरु जो बाह्यही सो सर्व कल्पितही हैं) अर्थात् जो मनके अन्तरभावनारूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अव्यक्ताएवयेऽन्तस्तुस्फुटाएवचयेबहिः। कल्पिता वतेसर्वेविशेषास्त्विन्द्रियान्तरे १५॥

से अस्पष्ट पदार्थही है, अरु जो मनके बाह्य जो प्रतीयमान पदार्थ स्पष्टहोतेहैं सो सर्व मनके स्फुरणमात्र रूपहोनेसे कल्पितहीहैं। अरु "विशेषास्त्विन्द्रियान्तरे" (विशेष इन्द्रियोंके भेद हैं कियेहैं) अर्थात् स्पष्टतारूप विशेष तो अन्तर अरु बाह्य इन्द्रिय भेदकेहुये (इन्द्रियोंके भेदरूप निमित्तवाला) है, तिसबिषे मिथ्यापना वा अमिथ्यापना उपयोगको प्राप्तहोता नहीं॥ इसका यह भावार्थहै कि, यद्यपि मनके अन्तर मनकी वासनामात्रसे प्रकटहुये पदार्थोंका अस्पष्ट (अप्रकट) पनाहै, वा मनसे बाह्य अरु चक्षुरादि इन्द्रियोंके अन्तर पदार्थोंका स्पष्टपना है; यह विशेषहै। तथापि यह विशेष पदार्थोंकी सत्यता कियानहीं, क्योंकि स्वप्नबिषेभी तैसेही देखते हैं। किन्तु यह विशेष इंद्रियोंके भेदोंका कियाहै, एतदर्थ जाग्रत्के पदार्थ भी स्वप्नके पदार्थोंवत् कल्पितहीहैं। इति सिद्धम्, यह सिद्धहुआ १५॥

१६ हे सौम्य,। प्रश्न। ननु, बाह्य अरु अन्तरके पदार्थों की 'परस्परके निमित्त अरु नैमित्तिक होनेकरके' कल्पनाबिषे कारण क्याहै। उत्तर। तहां कहतेहैं, आत्माजोहै सो अपनीमायाकेवशसे सर्वको कल्पताहुआ आदिबिषे 'मैंकरताहौं' मेरेकोसुखदुःखहैं, इसलक्षणवाले "जीवंकल्पयतेपूर्व्वं ततोभावान्पृथग्विधान्" (जीवको पूर्व कल्पता है तिसके अनन्तर पृथक् २ भावों को कल्पताहै) अर्थात् उक्तलक्षणवाले, जीवोंको रज्जुबिषेसर्पवत्। "सत्यंज्ञानमनन्तंब्रह्म" इत्यादि (श्रुतिउक्त लक्षणवालेही शुद्ध आत्माबिषे विशिष्टरूपसे पूर्व कल्पता है, अतएव तिसके अर्थहोनेकरके 'क्रिया, कारक, फलके भेदसे प्राणादिक नानाविध बाह्यके अरुअन्तरकेपदार्थोंको कल्पताहै॥प्रश्न॥तिस कल्पनाबिषे क्याहेतु है॥ उत्तर॥ तहां कहते हैं, "बाह्यानाध्यात्मिकांश्चैवयथाविद्यस्त-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जीवंकल्पयतेपूर्वंततोभावान्पृथग्विधान् । बाह्या-
ध्यात्मिकांश्चैवयथाविद्यस्तथास्मृतिः १६ ॥

थास्मृतिः ॥ (जैसी बिद्या वाला है तैसी स्मृतिवाला होत
तिसकरके, बाह्य अन्तरके पदार्थोंको सृजता है ।) अर्थात्
यह आप कल्पितहुआ जीव सर्व कल्पनाके करनेबिषे अधि
है सो जैसी विद्या (विज्ञान) वालाहै तैसीही स्मृति क
होताहै । [यहांयह अर्थ है कि, अन्नपानादि उपभोगके होते
आदिक होतीहै, अरु तिन (उपभोग) के न होनेसे होतेनहीं।
अन्वय व्यतिरेक रूप युक्तिसे भोजनादिक हेतहै । ऐसी कल
का विज्ञान उपजता है, ताते पुष्ट्यादिक फलहै, ऐसीकल्पना
विज्ञान उपजताहै, तिस करके अन्य किसी दिवसमें कथन
दोनों भी हेतु अरु फलकी स्मृति होती है, तिस करके फ
साधनसे असमान (भिन्न) जातिवाले अन्य साधनबिषे
व्यता का विज्ञान होताहै, तिससे बांछित तृप्ति आदिक फल
प्रयोजनता विषे पाकादिक क्रिया अरु तिसके कारक (साम
तंडुलादिक अरु तिनके फल अन्नकी सिद्धि आदिकके सम्ब
विशेष विज्ञानादिक होते हैं, तिसकरके हेतु आदिकों की स्मृ
होतीहै, ताते तिस साधनका अनुष्ठान होताहै. ताते पुनः
होताहै । इस क्रम करके परस्पर हेतुमद्भावसे कल्पना होतीहै
इस करके हेतुकी कल्पना के ज्ञानसे फलका ज्ञानहोता है, ताते
तुके फलकी स्मृति होतीहै, तिसकरके तिसकाज्ञान अरु तिस
अर्थ क्रिया कारक, अरु तिसकेफलके भेदकज्ञान होतेहैं, तिनका
तिनकी स्मृति होतीहै, अरु तिस स्मृतिसे पुनः तिसके ज्ञान
तेहैं तिन ज्ञानसे तिनकी स्मृति होती है अरु तिस स्मृतिसे पु
तिनके ज्ञान होतेहैं । इसप्रकार बाह्य अरु अन्तरके पदार्थोंकोप
स्पर निमित्त अरु नैमित्तिकभावसे अनेक प्रकारकल्पता है ।

१७ हे सौम्य, तिसपूर्वोक्त श्लोकबिषे जीवकी कल्पना सर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अनिश्चितायथारज्जुरन्धकारेविकल्पिता । सर्पधा-
दिभिर्भावैस्तद्वदात्माविकल्पितः ॥ १७ ॥

नाका मूलहै, इसप्रकारकहा । सोई जीवकी कल्पना किसनि-
मित्तवाली है इसको अब दृष्टान्तकरके प्रतिपादन करते हैं "अनि-
श्चितायथारज्जु रन्धकारेविकल्पिता, सर्पधारादिभिर्भावैः ।"
जैसे अन्धकार बिषे अनिश्चित हुई रज्जु सर्प अरु जल धारा
आदिक भावकरके बिकल्प को प्राप्तहोता है ? अर्थात् जैसे लोक
बिषे मन्द अन्धकार बिषे रही वस्तु अहं अमुक वस्तुही है, इस
प्रकार अपने स्वरूपसे अनिश्चय को प्राप्तहुई सो, क्या सर्प है
वा जलधाराहै, वा वक्र दंड है, वा भूमिकी दरारहै, इत्यादि
प्रकारसे सर्प धारा आदिक भावकरके अनेक प्रकारसे बिकल्पको
प्राप्तहोवेहैं । अर्थात् रज्जु बिषे सर्प अरु थाणू (ठूंठ) बिषे जो
पुरुषकी भ्रांति होती है सो मन्द अन्धकारके समय होती है,
दिन अन्धकारमें अरु स्पष्ट प्रकाश में नहीं क्योंकि जिसकालमें
रज्जुके सामान्यअंश, सर्पवत् बक्राकार, की प्रतीति, अरु बिशेष
अंश त्रिवली (ऐंठन) की अप्रतीति होती है तिसकालमें सर्पादि
भ्रान्ति होती है, अरु बादीने भ्रांती होने की सादृश्यतादि अनेक
सामग्री कहीहैं परन्तु, मुख्यसामग्री उक्तप्रकारका अन्धकारहीहै,
क्योंकि अन्धकारके अभावकी सामग्री दीपकादिकों के प्रकाश
करकेही भ्रान्ति में उपयोगी अन्धकार सहित सर्व सामग्री
अभाव होती है अंधकारमें स्थित रज्जुको सम्यक् प्रकारसे रज्जु
ही है ऐसे जाननेके अर्थ एक प्रकाशही सामग्री का उपयोग है,
भ्रान्ति कालवत् अनेक सामग्री का नहीं । अरु रज्जुबिषे भ्रान्ति
कालमें जो प्रायः सर्पकी स्मृति अरु भ्रान्ति अधिक, अरु दंड-
धारादिकों की क्वचित् होती है, तहां सर्पकी भ्रान्ति अधिक होने
में बिशेष करके मरणका भय हेतुहै, क्योंकि सर्पके डंशसे मरण
का भय है दंड धारादिकों से नहीं ताते ॥ अरु ऊषर भूमि में

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निश्चितायांयथारज्ज्वां विकल्पोविनिवर्त्तते ।
रज्जुरेवेतिचाद्वैतंतद्वदात्मविनिश्चयः १८ ॥

जलकी अरु शुक्तिकामें जो रजतकी भ्रान्तिहै सो अन्धकार होयके प्रकाशमें होतीहै, परन्तु द्रष्टाके देशसे दूरदेशमें अरु गोचरतासे होतीहै । अरु शुक्तिकी सादृश रजतलोह कागज़ होतेहैं, परन्तु विशेषकरके तहां रजतकी भ्रांतिहोती है तहां यः लोभहेतु है, क्योंकि अन अशनादि निमित्तक क्लेशादिक निवृत्ति रजतरूप द्रव्यसे होतीहै ताते । जैसे स्वरूपसे निश्चय कियेहुये अपने हस्तकी अंगुली आदिकों बिषे सर्प जलइत्यादि विकल्प देखतेनहीं, तैसेही रज्जुको स्वरूपसे सम्यक्प्रकार निश्चय कियेहुये सम्मुखवर्ती रज्जुरूप वस्तुबिषे सर्पादि विकल्प होतानहीं । अरु जिसकरके । सर्पादिविकल्प होताहै ' एतदर्थ । तिस विकल्पसे । पूर्व रज्जुके स्वरूपका निश्चयही । निश्चयका न होनाही । तिसका निमित्तहै ॥ जैसे दृष्टांतहै " तद्वदात्माविकल्पितः " (तैसे आत्मा विकल्पको हुआहै) अर्थात् जैसेउक्त दृष्टांतहै तैसेहेतु अरु फलादिक रके धर्म्मरूप अनर्थों से विलक्षण होनेकरके अपने शुद्ध मात्र सत्तासमान अद्वैतरूप करके अनिश्चय होनेसे । अपनेआप आत्माके शुद्धबुद्ध मुक्त ज्ञानमात्र सत्तासमान द्वैत स्वरूपका सम्यक्प्रकार यथार्थ निश्चय न होनेसे । अरु प्राणादिक अनेक भावोंके भेदोंसे आत्मा विकल्पको हुआहै । इसप्रकार यह सर्व उपनिषदोंका सिद्धान्त है १७

१८ हेसौम्य, [अविद्यासे रचितजीवकी कल्पनाहै, इसप्रकार अन्वयरूप द्वारसे कहा, अब तिसहीको व्यतिरेक रूपद्वारसे खावे है] " निश्चितायांयथारज्ज्वां विकल्पोविनिवर्त्तते " " रज्जुरेवेति, " (जैसे यह रज्जुहीहै, ऐसे रज्जुके निश्चयहुये विकल्प सर्वथा निवृत्त होताहै) अर्थात् जैसे 'यह रज्जुहीहै' इसप्रकार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राणादिभिरनन्तैश्च भावैरेतैर्विकल्पितः।
मायैषातस्यदेवस्य यथासम्मोहितःस्वयम् १९॥

रज्जुके निश्चयहोनेसे तिसके अज्ञानकी निवृत्तिसे तिससे उत्पन्नहुआ जो सर्पादिरूप विकल्प सो सर्वथा निवृत्त होता है, अरु रज्जुमात्र अवशेषरहेहै "तद्वदात्मविनिश्चयः" (तैसे आत्माबिषे निश्चय प्राप्तहोताहै) अर्थात् जैसेही जब आत्माबिषे श्रुतिवाक्यानुसार निश्चय प्राप्तहोताहै,तब आत्माकी अविद्या करके कल्पित जे जीवादिक विकल्प तिनकी अशेष निवृत्तिसे एक अद्वैत आत्मतत्त्वही परिअवशेष रहताहै।यहतो श्लोकका अक्षरार्थ है॥ अब इसका भावार्थ कहते हैं।जैसे "रज्जुरेवेति" (रज्जुही है) इसप्रकार निश्चयकेहोनेसे सर्व विकल्पोंकी निवृत्ति के होनेसे रज्जुही अद्वैतहै' इसप्रकार "नेति नेति" (नइति नइति)सूक्ष्मभी नहीं,स्थूलभी नहीं, कार्यभी नहीं, कारणभी नहीं , मूर्त्तभी नहीं अमूर्त्तभी नहीं। इत्यादि इस सर्व संसारके धर्म से रहित बस्तुके प्रतिपादक शास्त्रसे जनित ज्ञानरूप प्रकाश का किया जो यह आत्माका निश्चय है सोई "आत्मैवेदं सर्व्वं" "अपूर्व्वमनन्तरमवाह्य" "सबाह्याभ्यन्तरोह्यजः" "अजरोऽमरोऽमृतोऽभय एवाद्वयइति" (आत्माही यह सर्व है) अपूर्व है,अनपरहै, अनन्तरहै, अबाह्यहै, बाह्यान्तरके सहितहै, अरु जन्मरहित अजहै, अजरहै, अमरहै, अमृत (रोगरहित) है। अर्थात् जन्मादि षड्भावविकार रहितहै। अभयहीहै।इसप्रकारकाजो अपने आप आत्माका दृढ़ निश्चय है, सोई अद्वितीय परिशेष रहताहै, पुनः द्वैत सर्वही निवृत्त होताहै १८॥

१९॥हे सौम्य, "यद्यात्मैक एवेति" (जब आत्मा एकही है) अर्थात् जब उक्तप्रकारसे आत्मा एकही है, इसप्रकारका निश्चय है तब "प्राणादिभिरनन्तैश्च भावैरेतैर्विकल्पितः, मायैषा तस्य देवस्य" (प्राणादि अनन्तभावों करके विकल्पको प्राप्तहुआ है,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यह उस देवकी मायाही है ; अर्थात् जब निश्चय करके सर्व
सार धर्मरहित आत्माएकही है, तब इन संसाररूप प्राणा
अनन्तभावसे कैसे विकल्पको प्राप्तहोताहै , (जहां इसप्रकार
संशयहै (तहां कहते हैं, श्रवणकरो, यह उस आत्मरूप देव
माया है । जैसे मायावी पुरुष करके प्रेरणा को प्राप्तहुई
उसकी माया, सो ' अतिशय निर्मल जो आकाश, तिस
पुष्पपत्र सहित वृक्षोंकरके पूर्णहुयेवत् पूर्णकरेहैं,तैसे यह आ
देव की माया भी है । अरु जैसे इन्द्रजाली की मायासे
किक द्रष्टा जन उसमायाकृत मोहसे उस मायाकेही बश
देखते हैं । तैसे अपनी मायासेही यह आत्मा (अपने चि
भासरूपसे (आप भी मोहको प्राप्तहोताहै । एतदर्थ मोहरूपक
द्वारा आत्माबिषेही मायाका ज्ञानहोता है (अर्थात् मूलाज्ञान
शक्ति जो शुद्ध माया तद्विशिष्ट आत्माको माया के कार्य म
करके अपने बिषे माया का ज्ञान होताहै, अरु सर्व शब्दके
की साम्यता जो माया तिसका ज्ञाता होनेसे उसको सर्वज्ञक
हैं अरु वो मायासे रहित अरु माया का आश्रय शुद्ध अविदि
अपना सत्य स्वरूप तिसको स्वरूपसेही जानता है ताते ई
है । अरु अज्ञानकी द्वितीय शक्ति मलिन अविद्या तद्विशिष्ट
अविद्याके कार्य मोहरूप निमित्तसे उसको अविद्याका ज्ञानहो
है कि मुझबिषे अविद्या वा मायाहै, अरु तिससे पृथक् अपने
शुद्ध स्वरूप को ,बिना आचार्य के उपदेशके, जानता नहीं त
जीवहै,अरु एतदर्थही श्रुति कहतीहै कि "आचार्यवान् पुरुषोंवे
अरुमाया अरु अविद्यारूप उपाधिकेअभावसे उभयविशिष्ट चैत
आत्माकी अविशिष्ट ज्ञप्तिमात्र तत्त्वबिषे एकताहै । परन्तु आच
के उपदेशद्वारा सम्यक् प्रकारके आत्मज्ञान बिना माया अरु
विद्याकी निवृत्ति होवे नहीं (तथाच " ममम्मायादुरत्यया"
माया दुःखसे तरने योग्यहै ; इस गीतोक्तिसे भगवान्ने भी
याको मोहकी हेतुता कही है १९ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राणइतिप्राणविदोभूतानीतिचतद्विदः । गुणाइति गुणविदस्तत्त्वानीतिचतद्विदः २० ॥

२०॥ हेसौम्य,[कौनसे वे प्राणादिक अनन्तभावहैं कि जिन करके मायासे आत्मा भेदको पावता है, इसप्रकारके प्रश्नकी इच्छाके हुये प्राणादिकों की कल्पनाको उदाहरण करके कहते हैं] "प्राणइतिप्राणविदोभूतानीतिचतद्विदः" (प्राण ऐसे प्राणके वेत्ता, अरु भूत ऐसे भूतकेवेत्ता कहते हैं) अर्थात् प्राण (कहिये सूत्रात्मा हिरण्यगर्भ जगत्का ईश्वर वा जगत्का हेतु है) इस प्रकार प्राणकेवेत्ता हिरण्यगर्भके उपासक अरु वैशेषिकमतावलम्बी कल्पनाकरते हैं, सो केवल कल्पनामात्रही है, क्योंकि उस हिरण्यगर्भको जगत्का हेतुहोने के विषयमें प्रमाणका अभाव है अरु हिरण्यगर्भ उत्पत्तिवाला है ताते अरु पृथिवी जल अग्नि वायु, यहचार भूतही जगत्का कारण हैं (इनसे इतर ईश्वरादि कोई नहीं , इसप्रकार चार्वाक कल्पना करतेहैं, सोभी कल्पनामात्रही है, क्योंकि इनभूतोंको जड़होनेसे स्वतः सिद्धता (जगत् की रचना में स्वतन्त्रता) नहीं ताते । अरु "गुणा इतिगुणविद स्तत्त्वानीतिच तद्विदः" (गुण ऐसे गुणके वेत्ता, अरु तत्त्व ऐसे तत्त्वके वेत्ता कहते हैं) अर्थात् सत्वरज तम इन तीनोंगुणोंकी साम्यावस्था जगत्का कारणहै, इसप्रकार सांख्यमतवादी मानते हैं, सो भी कल्पनामात्रही है, क्योंकि साम्यावस्थाको प्राप्तहुये गुणोंको जड़त्व होनेसे उनबिषे ईक्षण बनैनहीं अरु श्रुतिप्रमाण से ईक्षणपूर्वक सृष्टिहै, ताते श्रुतिवाह्य होनेसे गुणोंको जगत्का कारणत्व कल्पनामात्रहीहै । अरु 'आत्मा, विद्या, अरु शिव,यह तीनतत्त्व जगत्के प्रवर्त्तक हैं, इसप्रकार शैवमतवादी मानते हैं, परन्तु श्रुतिवाह्यहोनेसे सोभी केवल कल्पनामात्रही है २० ॥

२१ ॥ हेसौम्य, "पादाइति पादविदोविषयाइतिच तद्विदः" पादहै ऐसेपादवेत्ता अरु विषय ऐसे विषयके वेत्ता ' कहते हैं,)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पादाइतिपादविदोविषयाइतिचतद्विदः। लोकाइ
लोकविदोदेवाइतिचतद्विदः २१ ॥

अर्थात् एक आत्माके जे विश्वादिक पाद हैं सोई सर्व व्यव
के हेतु हैं,इसप्रकार पादोंकेवेत्ता कहतेहैं, तथापि सोभी कल्प
मात्रही है,क्योंकि एक निरंशआत्माके बिषे विश्वादि अंशों
भेद अनुपन्नहै। अर्थात् एक निरंश आत्मा बिषे पादरूप अंश
वास्तवसे नहोयके केवल अविद्याकरके कल्पित है। ॥ अरु शब्दा
दिविषय बारम्बार भोगेहुये परमार्थ तत्त्वहै,इसप्रकार उन
योंके वेत्ता वात्स्यायनादिक काव्यके कर्त्ता कहते हैं,सोकहना
भ्रममात्रहै, क्योंकि विषयोंका बिषसे भी अति निकृष्टपना
बिषभक्षण करने से , अर्थात् भक्षणकिया बिष एकबार हनत
रता है , अरु विषय स्मरणमात्रसेही जन्मजन्मान्तरमेंभी म
ताही रहताहै। अरु विषयोंका अनुसंधान सर्वथा निंदितहै
निन्दितों को पारमार्थिक तत्त्वभाव मानना सर्वथा अयोग
"लोकाइति लोकविदो देवाइतिचतद्विदः"। (लोक ऐसे
कके वेत्ता अरु देवता ऐसे देवताके वेत्ता। मानते हैं।) अ
भूर्, भुवर्, स्वर्, इन तीन व्याहृतिरूप पृथिवी (मनुष्य
क) अन्तरिक्ष (पितृलोक) स्वर्ग (देवलोक) यह तीनों त
ही परमार्थ वस्तुरूप हैं , इसप्रकार लोकोंके वेत्ता पौरा
कल्पनाकरते हैं, सो उनका विभ्रममात्रही है,क्योंकि इनकी
संख्यावाले अरु स्थानभेद वाले व्यभिचारी अरु कर्म्मोंका
अरु "कर्मजितोलोकःक्षीयत"। इत्यादि प्रमाणसे विनाशीहो
अरु अग्नि वायु अरु इन्द्र, इत्यादि देवता। अपने अनुग्रह
तिन तिन। यज्ञादि कर्मोंके। फलकेदाताहैं, इनसे इतर
कोईनहीं, इसप्रकार देवताओंकेवेत्ता कल्पना करतेहैं, सोभी
ल्पनामात्रही है, क्योंकि देवताओंकी उत्पत्ति विनाशवाद
आत्माके जाननेमें संशययुक्त विषयासक्त अहंकारहीनेसे उ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वेदाइतिचवेदविदो यज्ञाइतिचतद्विदः ।
भोक्तेतिचभोक्तृविदो भोज्यमितिचतद्विदः २२ ॥

परमार्थरूपता अयोग्यहै ताते २१ ॥

२२॥ हेसौम्य, "वेदाइति चवेदविदो यज्ञाइतिचतद्विदः" (वेद ऐसे वेदकेवेत्ता अरु यज्ञ ऐसे यज्ञकेवेत्ता कल्पना करतेहैं) अर्थात्, ऋग्वेदादि चारवेदहीपरमार्थरूपहैं क्योंकि ब्रह्माद्वारा वेद ही सर्वजगत्के प्रवर्त्तक हैं ताते इसप्रकार वेदकेवेत्ता पाठक कल्पना करतेहैं, सोभी कल्पनामात्रही है, क्योंकि वेद जोहै सो लौकिक अकारादि स्वर अरु ककारादि व्यंजन, इनवर्णोंसे इतर दीखते नहीं, अरु वेदवाणीका विवर्त्तहोनेसे वाणीके अभावहुये अभावरूपहै, अरु आदिपुरुष जो ब्रह्मा तिसद्वारा स्फुरणहुये हैं, अरु निर्विशेष आत्माबिषे अवेदरूप है, ताते वेदको लोकान्तर लौकिकहोनेसे वेदको परमार्थरूपता सम्भवे नहीं। अरु ज्योतिष्टोमादिक यज्ञ परमार्थ वस्तुरूपहैं इसप्रकार यज्ञोंकेवेत्ता बौधायनादिक यज्ञकेकर्त्ता कल्पना करतेहैं, सोभी भ्रान्तिमात्रहीहै, क्योंकि "यज्ञं व्याख्यास्यामो द्रव्यं देवता त्याग इति" यज्ञको कहताहौं तहां तिसकी समिध हवि कुण्डादिक सामग्री, अरु यज्ञाभिमानी देवता अरु यज्ञमें त्याज्य वस्तुको अरु यज्ञकी सर्व कारक सामग्री प्रत्येकजड़हैं ताते काष्ठभारवत् यज्ञकी समुच्चयता को जड़त्वहोनेसे उसको यज्ञका विज्ञाननहीं, अरु यज्ञकर्त्ताके आधीन जड़हैं, अरु यज्ञकर्मके कर्त्ता कर्मकेफलमें अति रागवान् (आसक्त) होनेसे परमार्थतत्त्वको न जानके यज्ञकोही परमार्थ तत्त्व मानतेहैं ताते। अरु "भोक्तेतिचभोक्तृविदो भोज्यमितिच तद्विदः" (भोक्ता ऐसे भोक्ताकेवेत्ता, अरु भोज्य ऐसे भोज्यके वेत्ता कल्पना करतेहैं) अर्थात् भोक्ताही आत्माहै, कर्त्ता नहीं, इसप्रकार आत्माको केवल भोक्ताही माननेवाले जे सांख्यशास्त्र के वेत्ता कल्पना करतेहैं, सोभी भ्रांतिमात्रही है, क्योंकि जो क-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सूक्ष्मइतिसूक्ष्मविदःस्थूलइतिचतद्विदः । मूर्त्तमूर्त्तविदोऽमूर्त्तइतितद्विदः २३ ॥

दापि सांख्यमतवादी तिस आत्माबिषे जो भोक्तृत्वरूप वि स्वरूपसेही स्वीकारकरतेहैं तब अनित्यत्वादि क्योंनहीं अंगी करते, किन्तु करना चाहिये, अरु आत्माबिषे जो भोक्तापनेक तीतिहै सो विषयकी सांनिध्यतासे स्फटिकमें रक्तादिवत् है को वास्तवसे मानना भ्रान्तिहै । अरु जे भोज्यवस्तुके वेत्ता कार (रसोईकरनेवाले स्वादके वशहुये भोज्यकोही परमा की प्रतिज्ञा करतेहैं २२ ॥

२३॥ हेसौम्य, ' सूक्ष्मइति सूक्ष्मविदः स्थूल इतिच तद्वि (सूक्ष्म ऐसे सूक्ष्मकेवेत्ता, अरु स्थूल ऐसे तिसकेवेत्ता । क हैं।) अर्थात् आत्मा परमाणुके परिमाण सूक्ष्महै । अरु सोई मार्थ वस्तुहै । इसप्रकार कोई एक सूक्ष्मतत्त्वकेवेत्ता कल्प करतेहैं, सोभी यथार्थ नहीं, क्योंकि जो आत्मा अणुपरि होवे तो शरीरान्तर अणुपरिमाण देशमेंही होवेगा अरु ते अणुपरिमाणदेश व्यापि आत्माहुआ तो तिसको चैतन्यहो तिसही देशके सुख दुःखका अनुभवहोना चाहिये अन्यदे नहीं, परन्तु आत्मा पादाग्रसे लेकरके मस्तकाग्रपर्यन्त आ शवत् नखशिखमें व्याप्तहै क्योंकि पादाग्रमें मेरे कोव्यथाहै मस्तकमें सुखहै इसप्रकार शरीरमेंहुये सुख दुःखका समका मेंही अनुभव होताहै ताते, अरु श्रुतिने भी आत्माको सर्वव्या विभुकहाहै, ताते आत्माको जो अणुपरिमाण कहतेहैं सो भ्रा से श्रुतिवाह्य कहतेहैं । अरु स्थूलदेह आत्माहै । अरु सोई मार्थतत्त्वहै । इसप्रकार तिस स्थूलकेवेत्ता कोई एक चार्वा कहतेहैं । सोभी कल्पनामात्रहीहै, क्योंकि ' मृतक अरु सुषु बिषे भी भूतोंके संघातरूप शरीरसे चैतन्य पृथक्ही है शरीर त्मानहीं ' क्योंकि जिनभूतों का संघात शरीर है सो प्रत्येक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कालइतिकालविदोदिशइतिचतद्विदः । वादाइति
ादविदोभुवनानीतितद्विदः २४ ॥

ो चैतन्यत्वके अभावसे जड़त्व है ताते जड़भूतोंका संघातरूप
रीर काष्ठभारवत् जड़होनेसे इसको आत्मत्व सम्भवेनहीं।
रु "मूर्त्तइतिमूर्त्तविदो अमूर्त्तइतितद्विदः" (मूर्त्तऐसे मूर्त्तके
त्ता अरु अमूर्त्त ऐसे तिनकेवेत्ता कल्पना करते हैं) अर्थात् त्रि-
लादिकोंके धारणकरता महेश्वर अरु चक्रादिकोंके धारणकरता
विष्णु' यह मूर्त्तपदार्थ परमार्थरूपहै, ऐसे मूर्त्तकेवेत्ता आगमा-
भिमानी कल्पना करतेहैं, परन्तु सोभी भ्रान्तिमात्रही है क्योंकि
र्त्तपदार्थ एकदेशी परिच्छिन्न अल्पहोनेसे नाशवान् होवेहै ताते।
रु सर्वआकारसे रहित निःस्वभाव जो अमूर्त्त सो परमार्थरूप
, इसप्रकार तिस अमूर्त्तकेवेत्ता शून्यवादी कल्पना करतेहैं,सो
ी केवल भ्रान्तिमात्रहीहै २३ ॥

२४ ॥ हे सौम्य, "कालइतिकालविदो दिशइतिचतद्विदः"
काल ऐसे कालकेवेत्ता, अरु दिशा ऐसेदिशाकेवेत्ता कल्पना क-
ते हैं) अर्थात् कालकेवेत्ता जे ज्योतिषी सो कालकोही परमार्थरूप
कल्पना करते हैं,परन्तु सो कालभी परमार्थतत्त्व नहीं,क्योंकि
कालका एकरूपहोवै तो मुहूर्त्तादि व्यवहार, कि यह मुहूर्त्त श्रेष्ठ
, अरु यह मुहूर्त्त नेष्ट है, तिसकी अयोग्यता है ताते, अरु तिन
हूर्त्तादि व्यापारकरके कालको श्रेष्ठता अश्रेष्ठता आदिकनानात्व
ताते, अरु कालअन्य बिषयोंकरके प्रतीयमानहोता है। अर्थात्
क्षके पत्र पातहोने से वसंतऋतु ज्ञातहोताहै।ताते कालको स्व-
न्त्रता अरुस्वप्रकाशता नहीं। अरुजो परमार्थतत्त्वहै सोनाना-
वसे रहित एक एकरस सदा स्वतन्त्र स्वयंसिद्ध चैतन्यहै ताते
ालके वेत्ताओंका कथन जो 'कालही परमार्थतत्त्वहै, सोभ्रान्ति
मात्रही है। अरु स्वरोदयशास्त्रके वेत्ता पूर्वादि दिशाही परमार्थ
स्तुहै इसप्रकार कहते हैं सोभी भ्रान्तिमात्रही है, अरु "वादा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मनइतिमनोविदोबुद्धिरितिचतद्विदः । चित्तमिति चित्तविदोधर्माधर्मौचतद्विदः २५ ॥

इतिवादविदो भुवनानीतितद्विदः ॥ (वाद ऐसे वादकेवेत्ता भुवन ऐसे तिनकेवेत्ता (कल्पना करते हैं।) अर्थात् धातुवाद यनशास्त्र। अरु मन्त्रवाद (मन्त्रशास्त्र। इत्यादिवाद परमार्थ रूप होते हैं, इसप्रकार वादके वेत्ता कल्पनाकरते हैं, सो कल्पनामात्रहीहै, क्योंकि ताम्रादिधातु सुवर्णादि अरु सुव धातु ताम्रादि भावको प्राप्तहोते एकरसताको त्यागके व्यभि हैं अरु ओषधीके योगसे अपने स्वरूप स्वभावको त्यागतेहैं आकारवान् परिच्छिन्न जड अनेकरूप परतन्त्र है, ताते इ दूषणयुक्त लोभका बिषय धातु परमार्थतत्त्व होनेके योग्य अरु मन्त्रवादभी साधककाल आदिक अपनी कारक साम आधीनहोने से परतन्त्रतादि दोषयुक्तहुये परमार्थतत्त्वरूप योग्य नहीं । "वेदवादरतापार्थ नान्यदस्तीतिवादिनः" "अ वाचोविमुच्यथ, वाचोविग्लायनश्हि तत्" अरु चतुर्दश वस्तुरूप है,इसप्रकार उन भुवनकोशके वेत्ता कल्पना करते भीं कल्पनामात्रही है, क्योंकि सो अदृष्ट अरु विवादका वि ताते २४ ॥

२५॥ हेसौम्य,"मनइति मनोविदो बुद्धिरितिचतद्विदः" (म प्रकार मनकेवेत्ता, अरु बुद्धि ऐसे तिस बुद्धिकेवेत्ता । कल्पन रते हैं।) अर्थात् कोई एकमनकेवेत्ता चार्वाकमतकेभेद विशेषक वादीपुरुष, मनही आत्मा । परमार्थतत्त्व । है इसप्रकार क करतेहैं,सो उनकाकहनाभी भ्रान्तिमात्रहीहै, क्योंकि मनस्व नहीं, चंचलहै अरु विषयासक्तहुआ विवेकशून्य है, अरु अन होनेसे घटवत् करणाविशेषहैं अरु (जैसे दीपक पदार्थोंको प्रक है परन्तु दीपकका प्रकाशक तिससे अन्य चक्षुहै, तैसे मन योंको प्रकाशताहै परन्तु उसको जड़होनेसे उसका सि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पञ्चविंशकइत्येके षड्विंशइतिचापरे । एकत्रिंशकइ
याहुरनन्तइतिचापरे २६ ॥

प्रकाशक साक्षीआत्मा उससे भिन्नही है । ताते उक्त दोषस्वभाव
वाला मन आत्मा (परमार्थतत्त्व होनेके योग्यनहीं) अरु कोई
एकजे बुद्धि के वेत्ता बौद्धमत वादी हैं सो, बुद्धिही आत्मा (पर-
मार्थ तत्त्व) है, इसप्रकार कल्पना करते हैं, सोभी भ्रान्ति सेही
करते हैं क्योंकि सुषुप्तिविषे ज्ञातसे रहित हुई बुद्धि अपने कारण
अविद्या में लय होती है तब बुद्धिकी अभावरूप जड अवस्था का
प्रकाशक आत्मा पृथक्ही सिद्ध है ताते बुद्धिस्वरूपसेही ज्ञान
शून्य जड परतन्त्र होने से आत्मा (परमार्थतत्त्व) होने के योग्य
नहीं । अरु "(चित्तमिति चित्तविदो धर्माधर्म्मौ च तद्विदः) (चित्त
ऐसे चित्तके वेत्ता अरु धर्माधर्म ऐसे तिनके वेत्ता कल्पना करतेहैं)
अर्थात् चित्तही आत्मा (परमार्थतत्त्व) है इसप्रकार चित्तके वेत्ता
कल्पना करते हैं, सोभी भ्रान्तिमात्रही है, क्योंकि चित्तको अन्तः-
करणकी वृत्ति बिशेष होने से सोभी उक्तदोष करके अरु क्वचित्
स्वस्थ अरु क्वचित् भ्रमी होनेसे परमार्थरूप होनेके योग्य नहीं ।
अरु जो धर्माधर्मके वेत्तामीमांसक धर्माधर्मकोही परमार्थरूप क-
हते हैं, सोभी श्रुतिबाह्य होनेसे भ्रान्तिमात्रही है । तथाच "अन्य-
त्र धर्म्मादन्यत्राधर्म्मात् " इत्यादि श्रुतिप्रमाणसे परमार्थरूप
आत्मा धर्माधर्म से पृथक्ही है २५ ॥

२६ ॥ हे सौम्य, "पंचविंशक इत्ये के षड्विंशइतिचापरे" (पंच
विंशत्यात्मक ऐसे कोई एक अरु षड्विंशत्यात्मक ऐसे कोई एक
कल्पना करते हैं) अर्थात् [प्रधान जो है सो मूलप्रकृति (मूलका-
रण) है, अरु महत्तत्त्व अहंकार अरु पंचतन्मात्रा (सूक्ष्मभूत) यह
सात प्रकृति विकृति हैं । अर्थात् उक्त जो महदादि सप्त हैं सो
अग्रिम कहने के षोडश पदार्थ जो केवल विकृति (कार्य)हीहैं ति-
नकी अपेक्षा से प्रकृति (कारण) है, अरु पूर्वकहा जो प्रधान मू-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लोकान्लोकविदःप्राहुराश्रमाइतिताद्विदः। स्त्रीपु
पुंसकैलैंगाःपराषरमथापरे २७॥

ल प्रकृति तिसकी अपेक्षा से विकृति (कार्य) ही हैं। अरु प
ज्ञानेन्द्रियां, पांचकर्मेन्द्रियां, पांच विषय, अरु एकमन, यह षो
श पदार्थ केवल विकृति (कार्य) मात्रहीहैं इन षोडश विकृति
दार्थ कहे हैं तिन में जो पंच बिषय हैं तिनके स्थान में कोई
च महाभूतों को भी स्वीकार करते हैं, क्योंकि विषयकोही
न्मात्रा कहतेहैं सो पूर्व प्रकृति विकृति में कहा है ताते। अरु पु
तो सर्व का द्रष्टा रूपहीहै, वो किसीका भी कार्य्य कारण नहीं
इसप्रकार पंचविंशति संख्यावाला प्रपंच वास्तव है, इसप्र
सांख्यवादी कहतेहैं, सोभी कल्पनामात्रही है। अरु उक्त पंचवी
तत्त्वसे एक ईश्वर अधिकहोनेसे छब्बीस संख्यावाला प्रपंच
मतत्त्वहै इसप्रकार छब्बीसतत्त्वकेवेत्ता पातंजलि कल्पना क
हैं, सो कल्पनाभी अयुक्तहीहै, क्योंकि ईश्वरका पुरुषबिषे अंत
भावहै ताते, अरु जो ईश्वरका पुरुषबिषे अन्तरभाव नहीं
है तो ईश्वरको घटवत् अनीश्वरभावकी प्राप्तिका प्रसंगहोत
ताते। अरु "एकत्रिंशक इत्याहुरनन्त इति चापरे"। (एकत
ऐसेकहतेहैं, अनन्त ऐसे अन्यकहतेहैं) अर्थात् उक्त पंचबीसतत्त
राग, अविद्या, नियति, काल, कला, माया, यह छः अधिकहोनेसे
जो इकतीस संख्यावाला प्रपंच सो वस्तुरूप है, इसप्रकार प
पत मतवादी कहतेहैं, सोभी कल्पनामात्रही है। अरु पदार्थ
भेद अनन्तहैं नियमित (कियह इतनाही है ऐसा) नहीं, ताते
नन्तपदार्थ वस्तुरूप हैं, इसप्रकार अन्य मतावलम्बीवादी क
हैं, सोभी कल्पनामात्रही है २६॥

२७॥ हेसौम्य, "लोकान् लोकविदः प्राहुराश्रमाइतिताद्विद
(लोकोंको लोकके वेत्ताकहतेहैं, अरु आश्रमऐसे तिनकेवेत्ता(क
नाकरते हैं) अर्थात् लोकोंको रंजन(प्रसन्न)करनाही परमतत्त्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सृष्टिरितिसृष्टिविदोलयइतिचतद्विदः । स्थितिरितिस्थितिविदःसर्वेचेहतुसर्व्वदा २८ ॥

ऐसे लोकके वेत्ता कहते हैं; अर्थात् लोकोंको प्रसन्न करनाही परमार्थ तत्त्वहै इसप्रकार लोकके वेत्ता लौकिकजन कल्पना करतेहैं, सो भी विभ्रममात्रही है, क्योंकि लोकोंकी भिन्न भिन्न रुची होनेसे उनके चित्तको अनुरंजन करना ईश्वर करकेभी अशक्यहै ताते। अरु दक्षादि आश्रमही परमार्थरूपहैं, इसप्रकार तिन आश्रमों के वेत्ता कल्पनाकरते हैं, सोभी असत्ही हैं, क्योंकि आश्रम शब्दका अर्थ वेशहै तिस वेशकी शूद्रादिपर्यन्तभी व्याप्तिका प्रसंगादिदोषों की प्रवृत्तिहै ताते। अरु "स्त्रीपुन्नपुंसकंलैंगाः परापरमथापरे" ;स्त्री, पुरुष, नपुंसक, लिंगवाले , अरु इतरपर अपरको कल्पना करते हैं; अर्थात् 'स्त्री,पुरुष, अरु नपुंसक,इनतीन लिंगात्मक शब्दोंका समूहही परमार्थरूप है, इसप्रकार वैयाकरणी कल्पना करते हैं, सोभी अयुक्तही है । अरु कोईएक जे अपर अरु पर उभय ब्रह्मके मानने वालेहैं सो कहतेहैं कि पर अरु अपर दोनोंब्रह्म परमवस्तु रूपहैं। सोउनका कथनभी यथार्थ नहीं, क्योंकि दोब्रह्म होनेसे परस्पर में परिच्छिन्नतादि दोषकी प्राप्तिहोतीहै ताते २७ ॥

२८॥हेसौम्य,"सृष्टिरिति सृष्टिविदो लय इतिच तद्विदः"।;सृष्टि ऐसे सृष्टिके वेत्ता, अरुलयऐसे तिसकेवेत्ता कहतेहैं; अर्थात् सृष्टि (जगदुत्पत्ति)ही तत्त्व है इसप्रकार सृष्टिकेवेत्ता कहते हैं, वाकोई एकलयके माननेवाले कहते हैं कि लयही तत्त्व है, अरु "स्थिति रिति स्थितिविदः सर्वेचेहतुसर्व्वदा"।;स्थितिऐसे स्थितिकेवेत्ताअरु यह सर्वतो सर्वदाहै 'ऐसे कहतेहैं; अर्थात् स्थितिही परमार्थतत्त्व है ऐसी कल्पना करतेहैं,अरु उत्पत्ति स्थिति लय यहही तत्त्वहै, इसप्रकार पौराणिक कल्पना करते हैं, सोभी अयुक्तही है, क्योंकि सत्से असत् की उत्पत्त्यादिकों का अभाव वक्ष्यमाण है ताते,॥ हे सौम्य अब [उक्त कल्पना के अधिष्ठानको सूचित करते हैं]

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यं भावं दर्शयेद्यस्य तं भावं सतु पश्यति । तत्र
वतिस भूत्वासौ तद्ग्रहः समुपैति तम् २९ ॥

उक्त अनुक्त । अर्थात् जो कहे सो , अरु नहीं कहे सो । यावत्
ल्पना के भेद हैं , सो सर्व यहां इस आत्माबिषे तो सर्वदा क
नावस्थाबिषे कल्पना करते हैं, परन्तु । जिस कल्पक से यह
ल्पितहैं तिसा आत्मा को कल्पितपना नहीं, क्यों कि जो आ
भी कल्पित होय तो सर्व कोही कल्पित होनेसे सर्व कोही अ
ष्ठानपनेकी अयोग्या प्राप्तहोती है ताते अरु । जो सर्वका
क आत्मा है सो कल्पित नहीं क्योंकि जिसको आत्मा का
क मानेंगे सो आत्मा करके कल्पित ही होगा, अरु जो क
होगा तिसको असत् होनेसे उसबिषे कल्पकपनेका असंभव
अरु अनवस्था दोषभी आवता है ताते । प्राणरूप प्राज्ञ स
बीजरूप है, तिसके कार्य के भेद ही अन्यस्थिति पर्यन्त । अ
कारण के लक्षणसे भिन्न कार्यपनेके लक्षण की स्थिति पर्यन्त
दार्थ हैं, अरु अन्य सर्व लौकिक प्राणियों की सर्व कल्पनाके
ल्पित भेद हैं, सो जैसे रज्जुबिषे सर्प, तैसे तिनसे रहित आ
बिषे, आत्मस्वरूप के अनिश्चय की हेतु जो अविद्या तिस अ
करके कल्पित है । यह २१, वें श्लोकसे २८, वें श्लोक पर्यन्त
श्लोकोंका समुदायरूप अर्थ है । प्राणादि श्लोकन के एक
पदार्थोंके व्याख्यान का अल्पप्रयोजन के हुये प्रयत्न किया त
यह भास्कराचार्य स्वामी की उक्ति है २८ ॥

२९ ॥ हे सौम्य, "यं भावं दर्शयेद्यस्य तं भावं सतु पश्य
(जिस पदार्थ के ताईं जिसको देखावे है सो तो तिसको देखता
अर्थात् बहुत कहने से क्या है, किन्तु प्राणादिकों के मध्य उक्त
अनुक्त जिस एक पदार्थ के ताईं जिसको आचार्य वा अन्य
सुप्त । जाग्रत्हुआ । पुरुष " इदमेव तत्त्वमिति " (यहही
है (इसप्रकार देखावता (लखावता) है सो पुरुष तो तिसप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एतैरेषोऽपृथग्भावैः पृथगेवेति लक्षितः ।
एवंयोवेदतत्त्वेन कल्पयेत्सोऽविशङ्कितः ३० ॥

को "अयमहमिति वा ममेति" (यह मैं हूं वा मेरा है) इस प्रकार आत्मरूप देखताहै । अरु तिसदेखनेवालेको यह पदार्थ जैसा गुरु आदिकों ने देखायाहै सो तैसा होके उसकी रक्षाकरताहै, अर्थात् अपने स्वरूपकरके उसको सर्व ओर से रोकताहै । अर्थात् मनुष्योंको आचार्य जिसपदार्थबिषे निश्चय करावताहै सो पदार्थ पुनः अपनेसे अन्य पदार्थोंमें उस पुरुषका निश्चय होनेदेतानहीं केन्तु अपनी ओरही खींचता है । "तञ्चावति स भूत्वाऽसौ तद्ग्रहः समुपैतितम्" । (तिसबिषे आग्रहहै सो तिसको प्राप्तहोता है) अर्थात् तिसपदार्थबिषे यहही तत्त्वहै ऐसाजो आग्रहरूप अभिनिवेशहै सो तिस ग्रहणकरनेवालेको प्राप्तहोता है, अर्थात् सो तिसके आत्मभावको प्राप्तहोताहै २९ ॥

३०॥ हे सौम्य, (उक्तज्ञानकी स्तुत्यर्थ यह श्लोक कहते हैं) "एतैरेषोऽपृथग्भावैः पृथगेवेति लक्षितः" । (इन अपृथक्भावों से यह पृथक्ही है ऐसे लक्ष्यकरायाहै) अर्थात् इन प्राणादि आत्मा ने अपृथक् भूतकरके अपृथक् भावोंसे यह आत्मा सर्पादिक कल्पनारूप भावोंसे रज्जुवत् पृथक्ही है, इसप्रकार लक्ष्यकरायाहै अर्थात् रज्जुके आश्रय कल्पितसर्प रज्जुसे अपृथक्हुआ भावरूप है, परन्तु उस कल्पित सर्पादिकों से अकल्पित सत्यरूप रज्जु पृथक्ही है' अर्थात् कल्पितसर्पका आश्रय होनेसे उस अधिष्ठानरूप रज्जुका उस सर्पबिषे अन्वयहै, अरु उस अकल्पितअधिष्ठानरूप रज्जुबिषे अध्यस्त सर्प का व्यतिरेकहै, तैसे आत्मरूप अधिष्ठानके आश्रय कल्पित अरु अधिष्ठानसे अभिन्न भावरूप प्राणादिक तिसबिषे आत्मा का आश्रयरूपसे अन्वय है, अरु उन कल्पित प्राणादिकोंका अकल्पित आत्मरूप अधिष्ठानबिषे व्यतिरेकहै, ताते वो सत्यरूप आत्मा कल्पितभावरूप प्राणादिकों से

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पृथक्ही है, इसप्रकार आचार्यने लक्ष्यकरायाहै । तथापि पुरुषोंकरके अलक्षितही है " विमूढानानुपश्यन्ति " । अ कल्पित प्राणादिकों की स्वाधिष्ठान आत्मा से पृथक् सत्ता भावसे सो आत्मरूपही है, परन्तु सो अविवेकी को तैसा तानहीं । अरु विवेकी पुरुषों को, रज्जुबिषे कल्पित स कोंवत् प्राणादिक आत्मासे पृथक्नहीं । अर्थात् जो जिसके श्रयभासताहै तिसकी स्वसत्ताके अभावसे वो अपने आश्रय पृथक्हुआ सोईरूपहै, इसप्रकार " पश्यन्तिज्ञानचक्षुषः " पुरुष देखते हैं । यह अभिप्रायहै ॥ " इदंसर्व्वं पदमात्मा व्यह सर्वपदआत्माहै, इसश्रुतिप्रमाणसे । "एवं यो वेदतत्त्वेन येत्सोऽविशंकितः " । (इसप्रकार तत्त्वसे जानताहै सो शंका त हुआ कल्पताहै) अर्थात् जो उक्तप्रकार [उक्त प्रकारके वाला जो पुरुषहै सो वेदका किंकर होतानहीं, किन्तु सो जिस अर्थको कहताहै सोई वेदार्थहोता है यह अर्थहै] स र्पवत् आत्माबिषे कल्पित अनात्म पदार्थोंके स्वाधिष्ठानसे हुये असत्भावको, अरु कल्पना कल्पितसेरहित निर्विकल्प धिष्ठान । आत्माके । सद्भाव । को जोपुरुष । आत्मज्ञान (वाक्यार्थज्ञान) रूप तत्त्वकरके श्रुतिके वाक्य प्रमाणसे अनुभव युक्तिप्रमाणसे जानताहै, सो शंकारहित हुआ यह इसके अर्थ के परहै, अरु यह अन्य अर्थ के परहै, इसप्रका भागसे वेदार्थ को कल्पताहै । अरु यहां । इसअर्थबिषे । मनु राजका वचन प्रमाणहै " नह्यनध्यात्मविद्वेदान् ज्ञातुं शक्य तत्त्वतः । नह्यनात्मवित्कश्चि त्क्रियाफलमुपाश्नुत, इति म चनम् " " अध्यात्मतत्त्व का न जाननेवाला वेदों को तत्त्व जानने को समर्थहोता नहीं, अरु कोई भी अनात्मवेत्ता (प्रमाण) के फल (तत्त्वज्ञानको पावतानहीं, यह मनुमह का वचनहै ३० ॥

३१ ॥ हे सौम्य, [जिनयुक्तियोंकरके इस वैतथ्याख्य प्रकरण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वप्नमायेयथादृष्टे गन्धर्वनगरंयथा । तथाविश्वमिदंदृष्टं वेदान्तेषुविचक्षणैः ३१ ॥

नका मिथ्यापना कहाहै तिनयुक्तियोंको प्रमाणके अनुग्रहकरके क्त होनेसे तिनकीयथार्थता निश्चयकरनेकेयोग्यहै,ऐसे कहतेहैं] यह द्वैतका असद्भाव युक्तिसे कहा सो वेदान्त (उपनिषद्) के माणसे निश्चितहै,इसप्रकारकहते हैं।"स्वप्नमायेयथादृष्टे गन्धर्व गरंयथा" (जैसे स्वप्न माया देखे हैं, जैसे गन्धर्वनगर । देखे हैं।) र्थात् स्वप्न अरु माया (इन्द्रजालीकृतकौतुक) असत् वस्तु रूप असत्य हैं, तथापि सो अविवेकी जनोंकरके सत्वस्तुरूप हुये- त् लखने में आवताहै, अरु सो (स्वप्न,माया)बिबेकी जनोंकरके सत्रूप लखनेमें आवता है ।अर्थात् जो पुरुष स्वप्न अरु मायाके र्त्तमानकालमेंही यह स्वप्न अरु माया ही है, इसप्रकार यथार्थ नुभवसे सम्यक् प्रकार जानता है सो उनको असत्यही मान- ता है । अरु जैसे जहां तहां स्वपाणि प्रसारितवत् प्रकटताको प्राप्तहुये क्रयविक्रय करने योग्यादि रूप पदार्थों करके सम्पन्न ट्टों (बजारों) करकेयुक्त गृहगोपुर अट्टालियां प्रासादादि अरु स्त्री पुरुष पशु आदिरूप व्यवहारों करके पूर्णहुयेवत् सत्रूप करके देखाहुआ ही गंधर्वनगर अकस्मात् ही अभावको प्राप्तहोता खाहै । तथा विश्वमिदंदृष्टंवेदान्तेषु विचक्षणैः ।तैसेयह विश्व खा है वेदान्त बिषे विचक्षण । पुरुषों । करके ; अर्थात् जैसे स्वप्न जगत्, मायावी की माया, अरु गन्धर्व नगर, यह प्रत्यक्ष नासते संते भी असत्यही हैं, तैसे ही यह विश्वभी देखा है प्रश्न' कहां किन्होंने देखा है ' उत्तर, कहते हैं, "नेहनानास्ति किञ्चन" "इन्द्रोमायाभिः" "आत्मै वेदमग्र आसीत्" "ब्रह्मै वेदमग्र आसीत्" "सत्त्वेव सौम्येदमग्र आसीत्" "द्विती- याद्वैभयंभवति" "नतुतद्द्वितीयमस्ति" "यत्रत्वस्य सर्व्व मात्मैवाभूदित्यादिषु" (यहां नाना कुछभी नहीं । परमात्मा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

न निरोधो नचोत्पत्तिर्न बद्धोनचसाधकः। नमुमु
वैमुक्तइत्येषापरमार्थता ३२॥

माया करके नानारूप को प्राप्तहोता है। यह आगे आत्
था। यह आगे ब्रह्महीथा। हेसौम्य यह आगे एकसत्हीथा।
निश्चयकरके भयहोताहै। सो द्वितीयतो है नहीं। जहांतो
सर्वआत्माही होताहुआ इत्यादि उपनिषद्रूप वेदान्तबिषे
जे एक परमार्थ वस्तुके देखनेवाले अत्यन्त निपुणतर
आत्मानुभवी आत्मवेत्ता पंडितरूप विलक्षण पुरुषकरके दे
तथाच "तमःश्वभ्रन्निभंदृष्टं वर्षबुद्बुदसन्निभं, नाशप्रायं
द्धीनंनाशोत्तरमभावगमितिहि", मन्द अन्धकारबिषे स्थि
विषे भूच्छिदादिकों के तुल्य अरु वर्षा बुद्बुदके तुल्य नाश
ग्रस्त सुखसेहीन नाशोत्तर अभावरूपताको प्राप्त होनेवाला
श्व विवेकियों करके दृश्य है, इस व्यास स्मृति के प्रमाण
द्वैत वस्तु का असद्भावही निश्चित है ३१॥

३२॥ हेसौम्य प्रमाण अरु युक्तिसे द्वैतके मिथ्यापनेके
करके, अद्वैत ही पारमार्थिक है, इसप्रकार सिद्धहुये, तिसनि
किये अर्थको इसश्लोक बिषे संक्षेप से कहते हैं, अब इ
तीय प्रकरणकी समाप्तिके अर्थ यहश्लोक कहतेहैं। जब द्वैता
है अरु एक अद्वैत आत्माही परमार्थसे सत्रूपहै तब यहसि
आ कि "न निरोधो नचोत्पत्तिर्न बद्धोनच साधकः, न मु
र्नवैमुक्त इत्येषा परमार्थता" निरोध नहींपुनः उत्पत्ति भी
बद्धनहीं, साधकनहीं मुमुक्षु नहीं, मुक्त नहीं, यह परमा
नहीं अर्थात् यह सर्वलौकिक अरु वैदिक व्यवहार अविद्या
विषय (अज्ञान पर्यन्त) है तब निरोध कहिये प्रलय सो नहीं
त्पत्ति कहिये जगत् का जन्म सो भी नहीं, अरु जब जगद्
नहीं तब बद्ध कहिये संसारीजीव सो भी नहीं, अरु जब बद्ध
तब साधक कहिये मोक्षार्थ साधन करनेवाला सो भी नहीं,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मुमुक्षु कहिये साधन सम्पन्न मोक्षकी इच्छावाला सो भी नहीं, रु जब बद्धसे मुमुक्षु पर्यन्त नहीं तब मुक्त कहिये सर्व बन्धनों छूटा पुरुष सो भी नहीं। इस प्रकार उत्पत्ति प्रलयके अभाव बद्धादिक कुछभी हैं नहीं, यह परमार्थताहै॥ [उक्तार्थको ही इनोत्तर से विस्तार करते हैं] प्रश्न। उत्पत्ति अरु प्रलय का भाव कैसे है, उत्तर। इस द्वैतके असद्भावसे उत्पत्ति अरु प्रलय का अभाव है, क्योंकि "यत्र हि द्वैतमिव भवति, तदितर इतरं श्यति" "य इहनानेव पश्यति" "आत्मैवेदं सर्वम्" "ब्रह्मैवेदंसर्वम्" "एकमेवाद्वितीयमिदं सर्व्वम्" "सर्व्वं खल्विब्रह्म" "यदयमात्मा" "नेहनानास्ति किञ्चन" (जहांही द्वैतवत् होता है तहां और का और देखता है, जो यहां (एक अद्वैत आत्म तत्त्वबिषे) नानात्ववत् देखता है, आत्माही ह सर्व है, ब्रह्मही यह सर्वहै, एकही अद्वितीय यह सर्व है, निश्चय करके सर्व ब्रह्मही है, जोयह आत्माहै' इत्यादि नेक श्रुतियों करके द्वैत का असद्भाव ही सिद्ध है। अरु सत्वतुकीही उत्पत्ति वा प्रलय होती है, शशशृंग (खरहाके सींग) आदिक असत्पदार्थों की उत्पत्ति प्रलयहोवे नहीं अरु अद्वैतवस्तु ी उत्पत्ति वा लय होती नहीं (अर्थात् जो वस्तु उत्पत्ति अरु लय होती है सो दूसरेकी हेतुवाली है, क्योंकि जो उपजती है सो पने से इतर कारण से उपजती है अरु दूसरे में ही लीन होती ताते) अरु अद्वैत है सो उत्पत्ति वालाभी है यह कहना विरुद्ध ।एतदर्थ ही जो पुनः प्राणादिरूप द्वैतका व्यवहार है सो रज्जु बिषे सर्पवत् आत्मा बिषे कल्पितहै, इस प्रकार कहाहै अरु रज्जु र्पादिरूप जो मनकी कल्पना है तिसके रज्जु बिषे उत्पत्ति वा लयनहीं है, अरु तैसेही मनबिषे रज्जु सर्पकी उत्पत्ति वा प्रलय हीं है। अरु रज्जु अरु मन दोनों से भी नहीं है तैसेही द्वैत ो मनकी कार्यताके अविशेषसे (अर्थात् द्वैत प्रपंचको मनकी ार्यतारूप विशेषके अभाव से) तिस द्वैतकी उत्पत्ति वा प्रलयबने

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नहीं । अरु जिस करके निरोध किये । अफुरहुये । मनविषे सुषुप्तिबिषे द्वैत देखतेनहीं। एतदर्थ मनकी कल्पनामात्रही है यह सिद्धहुआ । तातेही कहाहै कि द्वैतके सुसद्भावसे निरोध कों का अभाव परमार्थता है, ॥ हे सौम्य । जब उक्तप्रकार अभाव बिषे शास्त्रका व्यापार है, द्वैतबिषे नहीं, क्योंकि अभ बोधन बिषे व्याप्तजो शास्त्र तिसका भाव के बोधनबिषे व्या होनेका विरोधहै ताते । अरु तैसेहुये । अर्थात् अभाव बोधक को भावबोधनसे विरोधहुये। अद्वैतकी बस्तुरूपताबिषे प्रमा अभावहुये अरु द्वैतके अभावहुये शून्यवादका प्रसंगप्राप्त हो । जहां वादी की ऐसी शंका है । तहां सिद्धांती समाधान यह वादी का कथन बने नहीं, क्योंकि जैसे रज्जु सर्पादिक कल्पना को निराश्रयता का असंभव है । अर्थात् रज्जु सर्प यावत्कल्पनाहै सो निराश्रयहोतीनहीं। तैसेही द्वैतकीकल्प अधिष्ठान (आश्रय) से रहितपने का असंभव है ताते, दर्थ तिस द्वैत का अधिष्ठान होनेकरके अद्वैत आस्था क योग्यहै । इस प्रकार ॐकारके प्रकरणबिषे इसशंकाकासमा हमने कियाहै तिसको तू पुनः कैसे उठावताहै ॥ । यह सिद्धा कहनेपर शून्यवादी। कहता है कि सर्पादि सर्व विकल्पोंकी य रूप जो रज्जु सोभी तुम्हारे मतबिषे कल्पितहीहै, इस दृष्टान्त का सम्भव है, । सो वादी का कथन बने नहीं, क कल्पनाके क्षयहुये अवशेष रही अवधिरूप सत्ताको रज्जु कों बिषे देखतेहैं ताते । अरु द्वैतभ्रमके बाधका साक्षी होते जो स्फूर्त्तिमात्र चैतन्यहै तिसको अकल्पित होने करकेही स का सम्भव है ताते शून्यभावकी प्राप्तिहै नहीं ॥ अरु जो क ऐसा कहे कि रज्जु सर्पवत् अद्वैत का असद्भाव है, सो भी नहीं, क्योंकि आत्मा। भ्रमरूप न होके। भ्रमका साक्षी है त सर्प के अभावके (भ्रान्ति) ज्ञानसे पूर्व अकल्पित रज्जुके वत् नियमसे अकल्पितहै ताते । अरु कल्पनाके कर्त्ताको क

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ही उत्पत्तिसे पूर्व सिद्ध होनेके अंगीकारसे ही तिसके असद्भाव का असम्भव है । अर्थात् कल्पनाके कर्त्ता की कल्पनासे पूर्व अरु पश्चात् सिद्धि होने से अरु कल्पनाके भावाभाव का साक्षीहोने से तिसका असद्भाव कदापि सिद्ध होवे नहीं। अरु जो ऐसाकहे कि अद्वैत स्वरूपबिषे व्यापारके अभावहुये पुनः शास्त्रको द्वैतके ज्ञानकी निवर्त्तकता कैसे होवेगी, सो दोषभी नहीं, क्योंकि रज्जु बिषे सर्पादिकों वत् आत्माबिषे द्वैतको अविद्या करके अध्यस्तपनाहै तातें। अरु अध्यस्त द्वैतके निवर्त्तक शास्त्रको भी अध्यस्तपनाहै ताते । ॥ प्रश्न ॥ आत्माबिषे द्वैतका अध्यस्तपना कैसेहै । उत्तरामैं जन्माहौं,सुखीहौं,दुःखीहौंजीर्णहुआहौं,मरताहौं,मूढहौं हवान्हौं, देखताहौं, स्थूलहौं, सूक्ष्महौं, कर्त्ताहौं, भोक्ताहौं, संयोग वियोगवान्हौं, वृद्धहौं, जर्जरहौं, यह मेराहै, मैं इसकाहौं, , इत्यादि सर्व विकल्प आत्माबिषे अध्यस्तहोवैहै । जैसेसर्प जलधारादिक भेदों विषे अव्यभिचारसे रज्जु अनुगतहै । तैसे सर्वत्र अव्यभिचारसे इनबिषे आत्मा अनुगतहै । जब इसप्रकारविशेषकेस्वरूपकी प्रतीतिको सिद्ध होनेसे, शास्त्रसे कर्त्तव्यताहै नहीं, अरु अकृतवस्तुका कर्त्ता जो शास्त्रहै सो कृतवस्तुके अनुसारीपने के हुये अप्रमाणहोवेगा । अरु जिसकरके आत्माका अविद्यासे आरोपित सुखीपनादिक जे विशेष प्रतिबन्ध तिसके स्वरूपसे अवस्थान, अरु स्वरूपसे अवस्थान श्रेयहै, ताते सुखीदुःखीपने आदिकोंका निवर्तक जो शास्त्रहै सो " नेति नेति " " अस्थूलमनएवं " इत्यादिक श्रुतिवाक्यों से आत्माबिषे असुखीपने आदिकोंकी प्रतीतिकेकरने से आत्मस्वरूपवत् असुखीपनादिकभी सुखीपने आदिक भेदोंबिषे अनुगतधर्म नहीं है, अरु जब अनुगतहोय तब सो सुखीपनेआदिकरूप विशेष आरोपित न होगा। जैसे उष्णतारूप गुणविशेषवाले अग्निबिषे शीतताहै तैसे । एतदर्थतिस निर्विशेषही आत्माबिषे सुखीपने आदिक विशेष कल्पिहै । अरु जो आत्माके असुखीपने आदिकों का जो प्रतिपादक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भावैरसद्भिरेवायमद्वयेनचकल्पितः । भावाअ
द्वयेनैव तस्मादद्वयताशिवा ३३ ॥

शास्त्रहै,सो तिसके सुखीपने आदिक विशेषकी निवृत्तिके अर्थही
यह सिद्धहुआ,। यहां "सिद्धन्तु निवर्तकत्वात्" (सिद्ध है निवर्त
होनेसे) इसप्रकार वेदकेवेत्ता द्रविडाचार्यका सूत्र प्रमाणहै॥[
इससूत्रका यहअर्थ है कि ब्रह्मविषे पदोंकी प्रवृत्तिके अभाव हुये
शास्त्र का प्रमाणिकपना सिद्धही है, क्योंकि अभावके बोधन
प्रवृत्त "नञ् (नकार)" पदकरके युक्त स्थूलादिक अर्थवाले
से स्वाभाविक द्वैतके अभावके बोधन करके अध्यस्त का नि
कहै ताते,] ३२ ॥

३३॥ हेसौम्य,[निरोधादिक सर्व विशेषके अभावकरके उप
क्षित जो वस्तुहै सो वास्तव रूप है, ऐसा उक्त श्लोक का
है । तिसको सामान्य विशेष वस्तुविषे विशेषतासे आश्रय क
निरोधादिकों का सम्यक् साधनरूप होनेसे, तिसके असत्पने
शंकाकरतेहैं,तिसहेतुकरके तिसके साधनेकीअपेक्षा होनेसेति
लखावनेके परायण यहश्लोकहै]अबपूर्वकहे श्लोकका हेतुकह
"भावैरसद्भिरेवायमद्वयेनचकल्पिता" (असत्रूपही भावोंसे
अद्वैत से यह कल्पितहै) अर्थात् जैसे रज्जुविषे असत्रूप सर्प
जलधारादिकों से, अरु सद्रूप अद्वैत रज्जु द्रव्यसे,यह सर्प है
यह जलधारा है वा यह भूदरारहै वा यह दंडहै, इत्यादि प्र
से रज्जु द्रव्यही कल्पना करते हैं । इसप्रकार ही अविद्यम
प्राणादिक अनन्त असत् वस्तुओंसेही यह आत्मा कल्पना क
हैं, परमार्थसे तिनकी सत्तानहीं । अर्थात् आत्मासे इतर प्रा
दिकों की पृथक् सत्ताके अभावसे यह प्राण है यह मनहै यह
द्रियहै,इसप्रकार आत्माकोही कल्पते हैं । अरु जिसकरके अ
संकल्पादि सर्ववृत्तिसे रहित अफुरांहुये मनविषे कोई भी प
किसीकरके भी जाननेको शक्य होतानहीं अरु आत्माका च

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नात्मभावेननानेदं नस्वेनापि कथञ्चन । नपृथङ्ना पृथक्किञ्चिदितितत्त्वविदोविदुः ३४ ॥

कल्पना करने को अशक्यहै, अरु चंचलतासे रहित आत्माकेही प्रतीयमान जो भावहैं सो परमार्थसे सत्‌रूप कल्पना करने को शक्य हैं नहीं, एतदर्थ असद्रूपही प्राणादि भावोंसे, अरु रज्जुवत् सर्व विकल्पके आश्रयभूत परमार्थ सत्‌रूप आप अद्वैतसे एकसत् स्वभाव वालाहुआ भी यहआत्मा आपही कल्पितहै। अरु "भावा अप्यद्वयेनैव तस्माद्द्वयता शिवा" (भावभी अद्वयसेही [कल्पित] हैं तस्मात् अद्वयता शिवहै) अर्थात् पुनः वे प्राणादि भाव भी सद्रूप अद्वैत आत्मासेही कल्पित हैं। अरु जिस करके अधिष्ठान [आश्रय] रहित कोई भी कल्पना देखते नहीं, एतदर्थ सर्व कल्पना का अधिष्ठान होनेसे अपने स्वरूपसे अद्वैतताके अव्यभिचारसे कल्पनावस्थामें भी अद्वैतता शिव कहिये कल्याणरूपही है। अरु सो कल्पनाही तो रज्जु सर्पआदिकों वत् [जन्म मरणादि लक्षणरूप] भयकी कारणहै एतदर्थही अशिवरूपहै, अरु भय का कारणजे कल्पना तिससे पृथक् कल्पनारहित अरु तिनका आश्रय [जो अद्वयता सो जिसकरके अभयरूपहै [क्योंकि "अभयं वै जनकप्राप्तोऽसीति" इत्यादि श्रुतिप्रमाणसे एक अद्वयरूप आत्माको जाननेवाला अभयरूप अपने आपको प्राप्तहोता है] ताते सोई सर्वका परमकल्याण शिवरूपहै। "विद्वान्न बिभेति कदाचन" ३३ ॥

३४॥ हे सौम्य, [किंवा यह नानारूप द्वैतक्या आत्माके तादात्म्य से सिद्धहोताहै, वा स्वतन्त्र सिद्धहोताहै। यहविवेचन करने के योग्यहै। तिनमें प्रथमपक्ष [आत्माकी तादात्म्यता] बने नहीं। यहां यहअर्थहै कि यह नानारूपद्वैत आत्माके तादात्म्यसे सिद्ध होनेकेयोग्य नहीं, क्योंकि परस्परमें विरुद्धस्वभाववाले जे जड़ अरुअजड़ तिनके तादात्म्यका असम्भव है ताते। अरु सर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वीतरागभयक्रोधैर्मुनिभिर्वेदपारगैः । निर्विकल्प
ह्ययंदृष्टः प्रपंचोपशमोऽद्वयः ॥ ३५ ॥

भेदसेरहित जो आत्मा तिससे तादात्म्य के हुये द्वैत के नाना
की असिद्धिहोवेगी ताते] अद्वैतता शिवरूपकहां से होवेगी, क्यों
जहां अन्यसे अन्यका नानारूप भिन्नपना देखाहै तहां अ
होता है, (ऐसा जो कदापि वादी कहे सो नहीं (क्यों
"नात्मभावेन नानेदं न स्वेनापि कथञ्चन" (यह आत्मभाव
नाना नहीं, अपने से भी कदाचिन्नहीं) अर्थात् जिसकरके इ
परमार्थ से सत्रूप आत्मा बिषे प्राणादिक संसार का समूह
यह जगत् आत्मभाव (परमार्थरूप) से नाना कहिये आत्मा
अन्य बस्तुरूप होतानहीं ।जैसे रज्जु स्वरूपसे प्रकाशकर निरूप
किया जो कल्पित सर्प सोनानारूप नहीं, तद्वत् । अरुअपने प्राण
दिक स्वरूपसेभी यहजगत् कदाचित्भी विद्यमानहै नहीं,क्यों
रज्जु में सर्पवत् कल्पित है ताते, अरु जैसे अश्व से महि
पृथक् ही विद्यमान है, तैसे प्राणादि वस्तु परस्परमें भिन्न नहीं
एतदर्थ "नपृथङ्नापृथक्किञ्चिदितितत्त्वविदोविदुः" (पृथक्अपृथ
कुछ भी नहीं ऐसे तत्त्वके वेत्ता कहते हैं) अर्थात् (नानात्वको
असत् होने से परस्पर में वा अन्यसे कुछ भी पृथक् नहीं, इ
प्रकार परमार्थ तत्त्वके वेत्ता ब्राह्मण जानते हैं । एतदर्थ अ
की हेतुता के अभाव से अद्वैतता ही शिवरूप है । यह अभि
प्राय है ३४ ॥

३५॥हेसौम्य, यह जो सम्यक् दर्शनकहा अब तिसकी स्तु
करते हैं । "वीतरागभयक्रोधैर्मुनिभिर्वेदपारगैः" (रागभयक्रो
से रहित मुनि अरु वेदके पारको प्राप्तहुये पुरुषोंकरके) अर्थ
विगतकहिये अभाव हुये हैं राग भय क्रोधादिक सर्वदोष जिनके
(अर्थात् राग भय क्रोधादिक दोष जे सम्यक् आत्मज्ञानकी प्राप्ति
में प्रतिबंधकहैं तिनकाहेतु अविद्या जन्य द्वैतभाव है सो जिसक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तस्मादेवं विदित्वैनमद्वैते योजयेत् स्मृतिम्।
अद्वैतंसमनुप्राप्य जडवल्लोकमाचरेत् ३६॥

एक अद्वैत आत्मज्ञान करके निर्मूल होता है तब रागादि सर्व दोषों का अभाव होता है, इसप्रकार जे रागादि दोष रहित। अरु सर्वदा मनन करने के स्वभाववाले मननशील परम-विवेकी मुनि, अरु वेदके पारको प्राप्तहुये जे वेदार्थ तत्त्वकेज्ञाता अरु वेदान्तके अर्थबिषे परम बोधवान्, ऐसे पुरुषोंकरकेही "निर्विकल्पो ह्ययं दृष्टः प्रपंचोपशमोऽद्वयः"। ६ निर्विकल्प प्रपंचके उपशमवाला अद्वैतरूप यहदेखा (जान्या) है; अर्थात् उक्तप्रकारके मुनि ज्ञानी पुरुषोंकरके सर्व विकल्पसे रहित अरु द्वैतभेद के बिस्ताररूप प्रपंच के अभाववाला, इसहीसे अद्वैतरूप यह आत्मा देखा जान्या, यथार्थ अनुभवकिया, है। इस कहनेका अभिप्राय यहहै कि द्वेषादि दोषरहित वेदांतके अर्थबिषे तत्पर पंडित संन्यासी करकेही परमात्मा देखने। अनुभव करने। को शक्यहै। अरु तिनसे इतर रागादिदोष करके मलिनहुये चित्तवाले, अरु अपने पक्षपातके देखनेवाले तार्किकादिकों करके नहीं "न कर्म्मिणो प्रवेदयन्ते रागात्" "नैषा तर्केण मतिरापनेया" इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाण से। ३५॥

३६॥ हेसौम्य, "तस्मादेवं विदित्वैनमद्वैते योजयेत् स्मृतिम्" ६ ताते ऐसे ज्ञानके अद्वैतबिषे स्मृतिको जोडना; अर्थात् जिस करकेपरमार्थरूप अद्वय आत्मा उक्त प्रकारका शिवरूपहै। ताते इसप्रकार उपनिषदादि वेदान्त शास्त्रसे सम्यक् प्रकार जानके अद्वैतबिषे स्मृतिको जोड़ना लिगावना अर्थात् अद्वैतके ज्ञानार्थ स्मृतिकरना वा रखना अर्थात् जबशास्त्र अरु आचार्यकरकेसम्यक् अद्वैततत्त्वका यथार्थ साक्षात् अनुभवपूर्वक उसका दृढनिश्चयात्मक भाव होताहै तब असत् नामरूप क्रियात्मक जगत् तिसकी साकारणाविस्मृतिरूप निर्विकल्प अवस्थान समाधिसे जब उत्थान

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निस्तुतिर्निर्नमस्कारो निःस्वधाकार एवच । च
चलनिकेतश्चयतिर्यादृच्छिकोभवेत् ३७॥

होवे तब प्रत्यक्ष भासमान जे मृगतृष्णाके जलवत् पंचविषयात्म
समस्त जगत् तिसबिषे तिसके अधिष्ठानकी स्मृतिकरना कि
सर्व नानात्मक द्वैत अपने अद्वैताधिष्ठानसे इतरनहीं यह वो
रूपहै सो अद्वय अधिष्ठानही सर्वात्मा है, ताते "मत्तः परतरं
न्यत् किञ्चिदस्ति" मुझ सर्वाधिष्ठानसे इतर कुछभी नहीं, इ
प्रकार अपनी दृढ भावनारूप स्मृतिको अद्वैत तत्त्वमें जोडना
अरु "अद्वैतंसमनुप्राप्य जडवल्लोकमाचरेत्" (अद्वैत को सम
प्रकार प्राप्तहोके जडवत् लोकबिषे विचरे) अर्थात् उक्तप्रक
अद्वैतमें स्मृतिको योजनाकरके । इस अद्वैतको "अहं ब्रह्मास्मि
(मैं ब्रह्महौं) ऐसे सम्यक् प्रकार जानके सर्वलौकिक व्यवह
को त्यागके । केवल शरीर यात्रामात्रके लिये । जड (मूर्ख) व
हुआ लोकबिषे विचरे । अभिप्राय यह है कि 'मैं इसप्रकार
यहहौं, ऐसे आपको विद्या अरु कुलादिक से अप्रख्यात अरु आ
लक्ष्यको अप्रकट करताहुआ विद्वान् ज्ञानी लोक बिषे विचा
"भैक्षचर्य्यंचरन्ति" ३६ ॥

३७ ॥ हे सौम्य, प्रश्न । पूर्वकहा जो विद्वान् जडवत्हुआ लो
बिषे विचरे सो । किस आचरण से विचरे, । उत्तर "निस्तु
निर्नमस्कारो निःस्वधाकारएवच" (स्तुति से रहित, नमस्कार
रहित, स्वधाकारसे रहितही होवे) अर्थात् । अपने आत्मासे
अन्य देवताओं की स्तुति (आराधनादिक) से रहित होवे, अ
मनुष्यों (ब्राह्मणादिकों) के अर्थ नमस्कारादिकोंसे रहितहो
अरु पितरोंके अर्थ स्वधाकार से रहित होवे । अर्थात् उक्तप्रका
का एकात्मदर्शी विद्वान् , स्तुति यज्ञादि देवकार्य से, अरु न
स्कार आतिथ्यादि मनुष्यकार्यसे, अरु स्वधाश्राद्धादिक पितृका
से, रहित यती (संन्यासी) ही होवे । अभिप्राय यहहै कि स्तु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नमस्कारादि सर्व कर्म्मों से रहित, अरु तिनकर्मों में प्रवृत्ति के हेतु जे, वित्तैषणा,पुत्रैषणा,लोकैषणा, अर्थात् वित्त पुत्र अरु स्वर्ग लोक, इनकी कामना तिसका अशेषत्यागी हुआ परमहंस परिव्राट् आश्रमको प्राप्तहोवे " एतंवैतमात्मानंविदित्वेत्यादिश्रुतेः " "तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायण इत्यादिस्मृतेश्च" इस प्रसिद्ध तिसआत्माको जानके । अरु तिसबिषे बुद्धिवालेतिसरूप तिस बिषे निष्ठावाले तिसपरायणहुये इत्यादि श्रुति स्मृतियों के प्रमाणसे। अरु "चलाचलनिकेतश्चयतिर्यादृच्छिकोभवेत् ।" "चलाचलनिकेतवाला यति यादृच्छिकहोवे" अर्थात् चलकहिये क्षण क्षणबिषे अन्यथाभावहोनेरूप स्वभाववाला चलशरीर है, अरु निराकार सर्वत्र पूर्णहोने से अचलआत्माहै। ताते जब कदाचित् भोजनादिक व्यापारके निमित्त आकाशवत् अचलस्वरूप आत्मतत्त्व रूप । अपने निकेत, आश्रय, (आत्मस्थिति) को विस्मरण करके। (अर्थात् लोकदृष्टिमात्र विस्मरण करके क्योंकि स्मरण अरु विस्मरण अन्यबिषे होताहै ज्ञानोत्तर अपने आप आत्माबिषे नहीं । मैंहों ऐसे मानता है, (वासाधारणलोक उसको यह भोजनआदि करताहै ऐसा मानते हैं । तिससमय विद्वान् शरीररूप चल निकेत (आश्रय) वाला होताहै, अरु तिस भोजनादि व्यापारसे अन्य कालबिषे आत्मतत्त्वरूप अचल निकेतवाला होवे है । इसप्रकार यह विद्वान् चलाचल निकेतवाला है । परन्तु बाह्य विषयों के आश्रयवाला नहीं। अरु सो विद्वान् यादृच्छिक होवे है, अर्थात् यदृच्छा जो दैवगति तिससे प्राप्तहुये ।अर्थात् विनायत्नके अनाश्रित प्राप्तहुये । कोपनि आच्छादन अरु ग्रासमात्र से देहकी स्थिति वाला होवे ३७ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तत्त्वमाध्यात्मिकं दृष्ट्वा तत्त्वं दृष्ट्वातु बाह्यतः। तत्त्वभूतस्तदारामस्तत्त्वादप्रच्युतो भवेत् ३८ ॥

इति गौडपादीयकारिकायां वैतथ्याख्यंद्वितीयं प्रकरणं समाप्तम् ॥

३८॥ हेतौन्य,["अहमेवपरंब्रह्म न मत्तोऽन्यदस्ति किञ्चिदिति" । मैंही परब्रह्महौं मुझसे अन्य रंचकमात्रभी कुछनहीं। इसप्रकार की स्मृतिका सन्तान कहिये प्रवाह करना । अर्थात् अपने वास्तविक आत्मरूपका अनुसंधानरूप स्मरण प्रवाहरूप करना । सोकोई एक कालविषे करना ऐसा नियमित नहीं, किन्तु निरन्तर करनेको योग्यहै । "निमेषार्द्धं न तिष्ठन्ति वृत्तिव्यतीतविना" । ऐसेकहाहै । इसश्लोकका यहअर्थहै कि शरीरादिक कल्पित आध्यात्मिक वस्तुको अधिष्ठानमात्र देखके, अरु शरीरसे बाह्यवत् स्थितहुये पृथिव्यादिकों को कल्पितपने करकेअवस्तुरूप होनेसे सो अधिष्ठानही है इतरनहीं, इसप्रकार अनुभव करके आप द्रष्टा पुरुषभी परमार्थ वस्तुके स्वभावको प्राप्तहुआ, तहांही आसक्त चित्तवाला, अरु बाह्य विषयोंसे निवृत्तिबुद्धिवाला हुआ तिसही परमार्थ तत्त्वविषे स्थितहुआ तिसके ज्ञानविषे स्थितहोवैहै] "वाचारंभणं विकारोनामधेयमित्यादिश्रुतेः" । वाणीसे उच्चारण किया विकार नाममात्रहीहै, इत्यादि श्रुति प्रमाणसे, "तत्त्वमाध्यात्मिकं दृष्ट्वा तत्त्वं दृष्ट्वातु बाह्यतः" । आध्यात्मिकको तत्त्वदेखके, अरु बाह्यको तो तत्त्वदेखके, अर्थात् रज्जुसर्पवत् अरु स्वप्न मायादिवत् असत् शरीर प्राण इन्द्रियादिरूप अध्यात्म , अन्तरवस्तु, को तत्त्व (अधिष्ठान) स्वरूप देखके । अरु शरीरादिकोंकी अपेक्षासेबाह्य पृथिव्यादिरूप वस्तुको भी तत्त्व (अधिष्ठान) स्वरूप देखके, "सबाह्याभ्यन्तरोह्यजः" "अपूर्वोऽनपरोऽनन्तरोऽबाह्यः" "कृत्स्नघन" "आकाशवत्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्वगतः" "सूक्ष्मोऽचलो, निर्गुणो, निष्कलो, निष्क्रियः" "तत् सत्यं स आत्मा तत्त्वमसीति श्रुतेः" (बाह्यान्तर सहित अजन्माहै, अपूर्व है अनपरहै अनन्तरहै अबाह्यहै, सम्पूर्ण है, आकाशवत् सर्वगत्है, सूक्ष्महै, अचलहै,निगुणहै, निष्कलहै, निष्क्रियहै, सो सत्है सो आत्माहै सो तू है) इत्यादि श्रुतियोंकी एक वाक्यतासे, "तत्त्वीभूतस्तदारामस्तत्त्वादप्रच्युतोभवेत्" (तत्त्व रूप अरु तिसबिषे रमणवाला तत्त्वसे अप्रच्युत होवे; अर्थात् उक्त प्रकार तत्त्वकी दृष्टिसे तत्त्वस्वरूप अरु तिसबिषे रमणवाला, अरु बाह्यबिषयों बिषे अरमणवाला हुआ तत्त्वसे अचलित होवे। 'जैसे कोई एक अतत्त्वदर्शी चित्तको आत्मतत्त्वकरके जानता हुआ चित्तके चलने पीछे आत्माको चलितहुआ मानता सता 'अभी मैं आत्मतत्त्वसे चलितहुआहौं, इसप्रकार देहादिरूप आत्माको चलितहुआ मानताहै। अरु चित्तके एकाग्रहुये कदाचित् 'अभी मैं तत्त्वरूप हुआहौं, इसप्रकार प्रसन्नहुये चित्तरूप आत्माको तत्त्वरूप मानताहै। तैसे आत्मवेत्ता होवे नहीं, क्योंकि आत्मा एकरूप एकरसहै ताते उसका स्वरूपसे चलना असंभव है। किन्तु "अहंब्रह्मास्मीति" मैं ब्रह्महौं इसप्रकार 'ब्रह्मानुसंधान करताहुआ' सदैव तत्त्वसे अप्रच्युत (अचलित) होवे। अभिप्राय यहहै कि सदा अचलित आत्माके दर्शन (अनुभव) वालाहोय। "समोनागे समोमशके" "शुनिचैव श्वपाकेच। समं सर्वेषु भूतेषु" (हाथी अरु मच्छर बिषे समानहै। श्वान बिषे अरु चांडालबिषे पंडित समदर्शी है। अरु सर्व भूतों बिषे समस्थितहोनेवाले आत्मरूप परमेश्वरको 'विद्वान् आत्मनिष्ठ अनुभवकरताहै' इत्यादि श्रुति अरु गीतास्मृति के प्रमाणसे ३८ ॐ तत्सत् ॥

इति श्रीगौडपादाचार्यकृतमांडूक्योपनिषद्कारिकायां वैतथ्याख्य द्वितीयप्रकरण भाषाभाष्य समाप्तम् २ ॥

ॐ तत्सद्ब्रह्मार्पणमस्तु ॥ हरिः ॐ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ

अथ अद्वैताख्यं तृतीयप्रकरणं प्रारभ्यते ॥

उपासनाश्रितोधर्म्मो जातेब्रह्मणि वर्त्तते । प्रागुत्पत्तेरजं सर्व्वं तेनासौ कृपणः स्मृतः १ । ८० ॥

अथगौडपादाचार्य्यकृतकारिकायामद्वैताख्यतृतीयप्रकरणभाषाभाष्यंप्रारभ्यते ३ ॥

हे सौम्य [पूर्व तर्क (युक्ति) से द्वैतके मिथ्यापने के निरूप को समाप्त करके, अब परमार्थ तत्त्वरूप अद्वैतको युक्ति का निश्चय करावने को अद्वैतनामवाले तृतीय प्रकरणके आरंभका को इच्छते हुये आचार्य प्रथम उपास्य अरु उपासक इस दृष्टिकी निंदा करते हैं] प्रथम प्रकरण बिषे ॐकार के निर्णय में । " प्रपञ्चोपशमः शिवोऽद्वैत आत्मेति " ‘प्रपञ्चके उपशम वाला शिव अद्वैत आत्मरूप है’ इन विशेषणों करके आत्म प्रतिज्ञामात्रसे अद्वैतरूप कहा । अरु तहां प्रथम प्रकरण बिषेही " ज्ञाते द्वैतं न विद्यत इति च " ‘जानेहुये द्वैत है नहीं’ इस स्थलमें प्रतिज्ञामात्रसे द्वैतकाअभाव कहा,सो द्वैतका अभाव तो द्वितीय वैतथ्याख्य प्रकरणसे ,स्वप्न, माया,गंधर्वनगर,इत्यादि दृष्टान्तरूप अरु दृश्यपने आदिक अन्तवान्पने आदिक हेतुरूप युक्तिसे प्रतिपादन किया । अरु इसबिषे प्रतिपादन करने योग्य अवशेष है नहीं ॥ प्रश्न ॥ क्या अद्वैतवस्तु शास्त्रमात्रसेहीजानने योग्य है किंवा तर्कसे भी जानने योग्य है॥उत्तर ॥ तहां कहते हैं अद्वैतवस्तु तर्क से भी जानने को शक्य है ॥ प्र० ॥ सो अद्वैत वस्तु तर्क (युक्ति) से कैसे जानने को शक्यहै, ॥ उत्तर ॥ तहां कहते हैं,इस अर्थके जानने के अर्थ । अर्थात् युक्तिसे भी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्वैत तत्त्वके जानने के अर्थ । अद्वैत संज्ञक तृतीय प्रकरण का आरंभकरते हैं। पूर्वके द्वितीय प्रकरणबिषे उपास्य अरु उपासना आदिक भेदोंका समूह सर्वमिथ्याहै अरु केवल अद्वैत आत्मा परमार्थ सत्यरूप है, इसप्रकार सिद्धहुआ है, एतदर्थ यहां आरंभ तृतीयबिषे उपासककी निंदा करतेहैं "उपासनाश्रितोधर्म्मो जातेब्रह्मणिवर्त्तते, प्रागुत्पत्तेरजं सर्व्वं तेनासौ कृपणः स्मृतः"। "धर्म्म उत्पन्नहुये ब्रह्मबिषे वर्त्ताहै उत्पत्तिसे पूर्वसर्व अजन्माथा उपासनाको आश्रितहुआ तिससे यह कृपण चिन्तन कियाहै" अर्थात् देहके धारणसे धर्म जो जीव सो । आकाशादि । भूतोंके समुदाय के आकारसे उत्पन्न हुये ब्रह्मबिषे तिसका अभिमानी होके वर्त्तता है। सो उत्पत्तिसे पूर्वसर्व अजन्माथा, इसप्रकार कालकरके परिच्छिन्न वस्तुको मानता है। सो जीव पुनः उपासना को पुरुषार्थका साधन जानके तदाश्रितहुआ देहपात हुये पश्चात् तिसही ब्रह्मको प्राप्तहोवोंगा, इसप्रकार जिसकारण से मिथ्या ज्ञानवान् होयके स्थित होवेहै, तिसकारणसे यह ब्रह्मवेत्ता पुरुषों ने कृपण (अल्प) चिन्तन कियाहै। हे सौम्य इसका यह अभिप्रायहै कि उपासनाके आश्रितहुआ । अर्थात् उपासनाको अपने मोक्षका साधनमानके प्राप्तहुआ "उपासकोऽहं ममोपास्य ब्रह्म; तदुपासनं कृत्वाजाते ब्रह्मणि इदानीं वर्त्तमानोऽजं ब्रह्मशरीरपातादूर्ध्वंप्रतिपत्स्ये प्रागुत्पत्तेश्चाजामदं सर्वमहंच" "मैं उपासक हूं मेरा उपास्य ब्रह्म है तिसकी उपासनाकरके अवभूतों के संघातके आकार से उत्पन्नहुये ब्रह्म बिषे वर्त्तमानहौं, अरु शरीर के पतनहुये पश्चात् अजन्मा ब्रह्मको प्राप्तहोवोंगा, अरु उत्पत्ति से पूर्व अवस्था बिषे यह सर्व अजन्माथा अरु मैं भी तैसाही अजन्माथा । इसप्रकार जिसकरके उपासक मानता है एतदर्थ पूर्वावस्थावाले ब्रह्मको विषयकरनेवाली अजन्मापनेकी श्रुतिबने है। अब "इदानींजातोजातेब्रह्मणिचवर्त्तमानउपासनयापुनस्तदेव प्रतिपत्स्यइत्येवउपासनाश्रितोधर्म्मः" "उत्पत्ति अवस्था बिषे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अतोवक्ष्याम्यकार्पण्यमजातिसमताङ्गतम् । न जायते किञ्चिज्जायमानं समंततः २ । ८१ ॥

मैं जन्मको पाया हौं, अरु इस स्थिति अवस्थाबिषे उत्पन्न ब्रह्मबिषे । अर्थात् भूतोंके संघातरूप शरीराकारसे उत्पन्न ब्रह्मबिषे । वर्त्तमानहौं, अरु उत्पत्ति से पूर्व जिसरूपवाला स्थित था तिसही को पुनः प्रलय अवस्था बिषे उपासनासे होवोंगा । इसरीति से उपासना के आश्रित हुआ साधक सो जिस हेतुसे इसप्रकार करके अल्प ब्रह्मका वेत्ता है तिस हेतुसे यह नित्य अजन्मा ब्रह्म के दर्शी (अनुभवी) महात्मा पुरुषों ने । उक्तप्रकार के उपासक को । कृपण, दीन, अल्प करके चिन्तन कियाहै "यद्वाचानाभ्युदितं येनवागभ्युद्यतेत ब्रह्म, त्वं, विद्धि, नेदंयदिदमुपासत, इत्यादि" जो वाणीसे अप्रकाशितहै । अर्थात् जिसकोबाणी कहनहींसक्ती। अरु जिसकरकेबाणी प्रकाशित होती । अर्थात् जिसकी सत्तासे वाणी अन्योंकोकहने में समर्थ होती है । तिसही को तू ब्रह्मकरके जान, जिसको । भेदवादी । लोक उपासते हैं सो ब्रह्मनहीं, वा जिसकोलोक उपासते हैं सो साकार परिच्छिन्नहुये ब्रह्म होनेको योग्य नहीं इत्यादि साम्नवेदीय तलबकार शाखाकी श्रुतिके प्रमाणसे १।८

हे सौम्य, [अद्वैत के विरोधी द्वैतवादी भेदी उपासकों की निन्दा करके अब सम्पत्ति अद्वैत प्रतिपादन की प्रतिज्ञा करते हैं] "सबाह्याभ्यन्तरोह्यजः" । इत्यादि श्रुति प्रमाण से बाह्य अन्तर सहित अजन्मा आत्मा है । कि जिसके जानने और का जानना अवशेष रहता नहीं । तिसके जानने में असमर्थ हुआ, अरु अविद्या करके अपने आपको दीन जानता हुआ "जातोऽहंजातेब्रह्मणिवर्त्तेतदुपासनाश्रितः सन् ब्रह्म प्रतिपत्स्ये" । मैं जन्माहौं अरु उत्पन्न हुये ब्रह्मबिषे वर्त्ताहौं, अरु तिसकी उपासना के आश्रित हुआ ब्रह्मको प्राप्त होवोंगा ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रकार जाननेवाला पुरुष कृपण होताहै। अर्थात् "न जायते म्रि-
यतेवा कदाचित्" इत्यादि श्रुति आदिकों के प्रमाण अनुभव से
जो जन्म मरण रहित सदा एक रस आत्मा तिसको, अरु "स
बाह्याभ्यन्तरोह्यजः" इत्यादि प्रमाणसे सहित बाह्य अन्तर स-
र्वाधिष्ठान सर्वरूपसे सुशोभित ब्रह्म तिसको। जो कि वास्तवमें
दोनों एक अरु जन्मादि विकार रहित हैं। जन्मे मानके, तिनमें
परस्पर स्वामी सेवकादि वा उपास्य उपासकादि भेद मानके
अरु अपने आपको अति दीन अपराधी ईश्वरके आश्रित हुआ
तिसकी उपासना से ब्रह्मभावकी प्राप्ति मानके जो उपासना
करने वाले पुरुषहैं सो आपभी मुये अरु ब्रह्मको भी मारा क्यों-
कि "जातस्यहि ध्रुवोमृत्युर्ध्रुवंजन्म मृतस्यच" इत्यादि प्रमाणसे
जो जन्मता है सो मरता है, अरु उस भेदीने जीवरूपसे आत्मा
को अरु भूतों के संघात रूपसे ब्रह्मको जन्मा माना है, ताते उक्त
प्रकारके भेदी उपासकों को श्रुति अरु ब्रह्मवेत्तादि महात्मा कृ-
पण कहते हैं। एतदर्थ अब अजन्मा ब्रह्मरूप अकृपण भाव को
कहताहौं "यत्रान्योऽन्यत् पश्यत्यन्यच्छृणोत्यन्यद्विजानाति तद-
ल्पं मर्त्यंसद्वाचारंभणं विकारो नामधेयमित्यादि श्रुतिभ्यः"
जिसविषे अन्य अन्यको देखता है, अन्यको सुनताहै अन्य को
जानता है सो अल्प मरनके योग्यहै, वाणीसे कहा विकार नाम
मात्रहै, इत्यादिक श्रुतियों के प्रमाणसे। अरु सो उक्त प्रकारका
अर्थात् भेदी उपासक करके माना। ब्रह्म कृपणभावका आ-
श्रय है। अरु तिससे विपरीत। अर्थात् श्रुतियों के वाक्य प्रमाण
अभेदवादी ब्रह्मवेत्ताओं करके जाना। बाह्य अन्तर सहित अज
पूमाख्यब्रह्म अकृपणभावरूपहै। अरु जिसकोज्ञानकेअविद्याकृत
सर्वकृपणभावकी अशेष निवृत्तिहोवैहै तिसकोअकृपणभाव कहते
हैं, तिस अकृपणभावको अब कहता हौं, इत्यर्थः "अतोवक्ष्या-
म्यकार्पण्यमजातिसमतांगतम्"। (अजाति है समताको प्राप्त है
अकृपणभाव है तिसको कहता हौं) अर्थात् सो ब्रह्म कैसा है कि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आत्मा ह्याकाशवज्जीवैर्घटाकाशैरिवोदितः। घ
दिवच्च संघातैर्जातावेतन्निदर्शनम् ३। ८२॥

अजाति है 'अर्थात् जाति जो जन्म तिससे रहित अजहै। वा
जन्मवान् होताहै सो मनुष्यादि वा ब्राह्मणादि जातिवाला हो
है अरु ब्रह्म अजन्मा होनेसे ब्राह्मणादि वा मनुष्यादि जाति
नहीं ताते सो अजाति अजन्मा है। अरु सर्व समताको प्राप्त
है, क्योंकि उसबिषे अवयवोंकी विषमताका अभाव है। अरु
सावयव वस्तु हैं सो अवयवों की विषमतावाली होती है,
प्रकार कहते हैं। अरु यह 'आत्माख्यब्रह्म' तो निरवयवहो
हेतु से समता को प्राप्तहुआ है। अरु सोब्रह्म किसी भी अव
से जन्मको पावता नहीं एतदर्थ सो सर्व ओरसे पूर्ण जन्मरा
अकृपणभाव है तिसको कहताहौं। अरु "यथानजायते किं
ज्जायमानं समंततः" 'जैसे कुछ भी जन्मतानहीं जायम
सर्व ओर से वर्त्तता है' अर्थात् जैसे रज्जु बिषे सर्प भ्रान्ति
जन्मता (उत्पन्नहोता) है, तैसे ही सर्व अविद्या कृत भ्रा
दृष्टिसे जन्मको प्राप्तहोनेकरके भासमान है, तथापि, जिसप्र
से वस्तुकरके कुछ भी जन्मको पावता नहीं, किन्तु सर्व देशक
अरु वस्तुसे पूर्ण कूटस्थ ही वस्तु होता है। 'अर्थात् सर्व
काल अरु वस्तु रूपसे एक अद्वैत ब्रह्मही सुशोभित है'
तिस प्रकार को श्रवणकर। यह इसका अर्थ है २। ८१॥

३। ८२ हे सौम्य, जन्मरहित ब्रह्मरूप अकृपण भावकोक
हौं, इसप्रकार प्रतिज्ञा किया जो वस्तुतिसकी सिद्धिके अर्थ
अरु दृष्टान्त को कहते हैं, इसप्रकार कहता हौं 'आत्मा
काशवज्जीवैर्घटाकाशैरिवोदितः' 'आत्मा आकाशवत् है,
घटाकाशों से तुल्य जीवों से कहा है' अर्थात् [प्रतिज्ञा
वाक्य बिषे ब्रह्मशब्द करके प्रसंग में प्राप्तकिया जो परमा
सो कैसा है, इसप्रकार प्रश्न करने की इच्छा के हुये कहते

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इस श्लोकके पूर्वार्द्ध का यह अर्थहै कि जैसे आकाश विभु (व्यापक) पने आदिक धर्मवालाहुआ अपने बिषे स्थित वास्तविक भेदवाला होतानहीं, तैसे विलक्षणताके अभावसे परमात्माभी है। अरु जैसे एक महदाकाश अनेक घटाकाशोंके आकारसे प्रतीत होता है। अर्थात् जैसे एकही महदाकाश मेघ मठ घटादिकोंकी उपाधि से अनेक आकारवान् नाना प्रतीतहोता है। तैसेही एकही परमात्मा [हिरण्यगर्भ से लेके पिपीलिकादि पर्यन्त उत्तम मध्यम छोटे बडे। नानाप्रकारके जीवों के आकारसे प्रतीतहोता है। परन्तु उपाधिकृत भेद से रहित वास्तव करके एक अद्वैतही है।] आत्मा जो परब्रह्म सो जिसकरके आकाशवत् सूक्ष्म निरवयव सर्वगत है तिसही से उसको आकाशवत् कहा है। अरु घटाकाशों के दृष्टान्त से आकाश के तुल्य क्षेत्रज्ञ रूप जीवों के स्वरूप करके कहा है। सोई आकाशके तुल्य परब्रह्मरूप आत्मा है। अथवा जैसे घटाकाशसे उत्पन्न हुआ महदाकाश है, तैसेही परमात्मा जीवों से उत्पन्न हुआ है। अर्थात् जीवों की परमात्मा से जो उत्पत्ति वेदान्त शास्त्र करके श्रवण करते हैं सो वास्तव करके महदाकाशसे घटाकाशोंकी उत्पत्ति के समान है, यह इसका अभिप्रायहै। अरु जैसे तिसही महदाकाशसे। वायु आदि क्रम करके। घटादिक संघात उत्पन्न होते हैं, तैसेही महदाकाशस्थानीय परमात्मासे पृथिव्यादिक भूतोंके भौतिक संघात, अरु कार्य कारणरूप आध्यात्मिक देहादि संघात, यह सर्व रज्जु में सर्पवत् कल्पितहुये उत्पन्नहोते हैं, एतदर्थ "घटादिवच्चसंघातैर्जातावेतन्निदर्शनम्।" (घटादिवत् संघातसे उत्पन्नहुआ ऐसाकहते हैं) अर्थात् जब मन्दबुद्धिवाले जिज्ञासुको निश्चय करावने की इच्छावाली श्रुतिने आत्मा से जीवादिकों की उत्पत्ति कही है, तब जानने योग्य तिस उत्पत्ति बिषे उत्पन्न हुये आकाशवत्, इत्यादिरूप यह दृष्टान्त है ३॥ ८२॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

घटादिषु प्रलीनेषु घटाकाशादयोयथा । आका
सम्प्रलीयन्ते तद्वज्जीव इहात्मनि ४ । ८३ ॥

४।८३॥हे सौम्य,"घटादिषु प्रलीनेषु घटाकाशादयो यथा आकाशेसंप्रलीयन्ते तद्वज्जीवइहात्मनि" जैसे घटादिकोंके हुये घटाकाशादिक आकाशबिषे लीनहोते हैं,तैसे इस आत्मा जीव होते हैं ; अर्थात् जैसे घटमठादिकों के अपने कारण पृ बिषे लय होने से तद्गत जे घटाकाशादि संज्ञक आकाश सो पने से अभिन्न महदाकाश बिषे लीन होते हैं, तैसेही इस काशवत् पूर्ण आकाश का भी आश्रय महासूक्ष्म अधिष्ठान तन्य आत्माबिषे, यह शरीरादि संघात बिशिष्ट चिदाभास लीन होता है । [जीवों के उत्पत्ति अरु प्रलय उपाधि के हैं, स्वाभाविक नहीं । अरु तिसप्रकार होने से उत्पत्ति की प्र पादक श्रुति से होता जो अद्वैत का बिरोध तिसके अभाव प्रलयकी श्रुतिसे भी अद्वैतका बिरोधहै नहीं,इसप्रकार श्लो अक्षरों के व्याख्यान से प्रकट करते हैं] अर्थ यह है जो, जैसे दिकों की उत्पत्ति से घटाकाशादिकों की उत्पत्ति होवे है, जैसे घट मठादिकों के लय हुये घटाकाशादिकोंका भी लय है।तैसेही देहादिक संघातकी उत्पत्तिसे । घटाकाशवत् । जीवों उत्पत्ति होती है, अरु तिन देहादि संघात का स्वकारण में होनेसे इन जीवोंका (संघातबिशिष्ट चैतन्यका) इस (संघा हित एक अद्वैत) आत्मा बिषे लय होताहै, परन्तु स्वरूप इस चैतन्य जीव का उत्पत्ति लय नहीं "न जायते म्रियते कदाचित्" इत्यादि श्रुतियों के प्रमाण से ४ ॥ ८३ ॥

५।८४॥हेसौम्य, सर्व देहोंबिषे आत्माकी एकताके होते, मरण अरु सुखादिक धर्मवाले एक आत्मा के हुये, सर्व आत्मा उन जन्मादिक धर्मोंसे सम्बन्ध होवेगा, और क्रिया अरु फ मिश्रभाव होवेगा, इसप्रकार जो द्वैतवादी कहता है, तिसके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यथैकस्मिन् घटाकाशे रजोधूमादिभिर्युते। नसर्व्वे-
सम्प्रयुज्यन्ते तद्वज्जीवासुखादिभिः ५। ८४॥

अब यह उत्तर कहते हैं। "यथैकस्मिन् घटाकाशे रजो धूमादिभि-
र्युते, न सर्व्वे सम्प्रयुज्यंते तद्वज्जीवासुखादिभिः"। जैसे रज
अरु धूमादिक करके युक्त एक घटाकाशके हुये, सर्व घटाकाशादि-
क तिन रज धूमादि करके संयोगको पावते नहीं तैसे जीव सु-
खादिकों से संयोग को पावते नहीं; अर्थात्। अनेक घटों में
आकाश एकही है सो घटरूप उपाधि के सम्बन्ध से अनेक आ-
काश कहेजाते हैं, अरु उन अनेक घटाकाशों मेंसे एक घटाकाश
को धूलि धूमादि करके युक्त होने से सर्व घटाकाश तिन धूलि
धूमादिकों से संयोग को पावते नहीं, तैसे एक आत्मवाद बिषे
एक जीव को सुखादि करके युक्त हुये सर्वजीव सुखादिकन से
संयोग को पावते नहीं॥ ननु, तब क्या सर्वत्र एकही आत्मा है,
जहां ऐसी शंका है। तहां कहते हैं, यह तेरा कथन सत्य है। जो
सर्वत्र एकही आत्मा है। शंका। ननु, तिस आत्मा की एकता
युक्ति रहित है तिसको कैसे अंगीकार करते हो। उत्तर। तहां
कहते हैं। सर्व संघातों बिषे एकही आत्मा है, इसप्रकार जो हम
ने पूर्व युक्ति सहित आत्मा की एकता कही सो क्या तैंने श्रवण
किया नहीं॥ शंका। ननु, जब एकही आत्मा है तब सो सर्वत्र
सुखी अरु दुःखी होवेगा। समाधान, तहां कहते हैं, यह प्रश्न
सांख्यवादी का है, किंवा वैशेषिकादिकों का है। तिनमें जब यह
सांख्यवादी का प्रश्न होवे, तब असंभव है, क्योंकि जिस करके
सांख्यवादी जो है सो सुख दुःखादिकों के बुद्धि के समवाय स-
म्बन्ध के अंगीकार से आत्मा को सुख दुःखादिक धर्मवानपना
इच्छता नहीं, अरु ज्ञानस्वरूप आत्मा के भेद की कल्पना बिषे
प्रमाण नहीं, एतदर्थ यह सांख्यका प्रश्न संभवे नहीं॥ अरु जो
ऐसा कहे कि आत्मा के भेद के अभाव हुये प्रधानको पर के अर्थ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होनेका संभव होवेगा ऐसाकहे तो सो बनेनहीं, क्योंकि प्रधान
भोग मोक्षरूप अर्थके आत्माबिषे असमवाय है ताते । अरु
प्रधानका किया बंध वा मोक्षरूप अर्थ पुरुषोंबिषे भेदकरके स
वायको प्राप्तहोवे, तब आत्माकी एकता करके प्रधानको
(जीवोंका शेष) होनेका असंभव होवे । एतदर्थ पुरुषके भे
कल्पना युक्तहै, परन्तु सांख्यबादियोंने बन्ध वा मोक्षरूप अर्थ
से समवाय संबंधवाला अंगीकार कियानहीं, किन्तु निर्विशेष
तनमात्र आत्मा अंगीकार कियाहै, एतदर्थ पुरुषकी सत्तामात्र
कियाही प्रधानका परार्थपना सिद्धहै, नतु पुरुषके भेदकाकि
किंवा प्रधानका जो परार्थपना है सो अन्य शेषीकी अपेक्षा
है, तिसबिषे भेदकी अपेक्षानहीं एतदर्थ पुरुषके भेदकी क
बिषे प्रधानका परार्थपना हेतु नहीं । अरु सांख्यबादियोंको पु
भेदकी कल्पनाबिषे अन्य प्रमाणहै नहीं । अरु प्रधान जो है सो
पर (पुरुष) की सत्तामात्रकोही निमित्तकरके आप बद्धहो
अरु मुक्त होवेहै । अरु सेश्वर सांख्यबादियों के मतबिषे पर
ईश्वरहै सो ज्ञानमात्रसत्ता स्वरूपसे प्रधानकी प्रवृत्तिबिषे
नहीं, किन्तु किसीभी बिशेषसे हेतुहोगा । एतदर्थ सांख्यबादी
केवल मूढतासेही पुरुषके भेदकी कल्पना अरु वेदार्थका परि
कियाहै, युक्ति अरु प्रमाणसे नहीं ॥ अरु जो वैशेषिकादि मत
कहतेहैं कि इच्छा आदिक आत्मासे समवाय सम्बन्ध वालेहैं
उनका कहनाभी असत्है । क्योंकि स्मृतिकेहेतु संस्कारोंके
यवरूप प्रदेशरहित । अर्थात् स्मृतिकेहेतु जे संस्कार तिन सं
रोंके अवयव रूप प्रदेश तिनसे रहित । आत्माबिषे समवाय
अभाव है ताते तिनके सिद्धान्तकी असिद्धि होगी । अरु आ
अरु मनके संयोगसे स्मृतिकी उत्पत्तिका अंगीकार करनेसे
तिके नियमका असंभवहोवेगा (आत्मा, मनके संयोगरूप स
के कारणके होते अनुभव कालबिषे भी स्मृतिहोवेगी) वा एक
बिषे सर्व्व स्मृतियोंकी उत्पत्तिका प्रसंग होवेगा । भिन्न [भि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

समान जातिवाले अरु स्पर्शादिक गुणवाले पदार्थोंका परस्पर सम्बन्ध देखा है। जैसे मल्लोंका मेषों का अरु रज्जुघटादिकनका सम्बन्धहै। तिस समानजाति अरु स्पर्शादि गुणके अभावसे आत्माकीमन आदिकोंसे सम्बन्धकी असिद्धि है, अरु उक्त असमवायि कारणसे ज्ञानादि गुणोंकी उत्पत्ति सिद्ध होवेनहीं, इसप्रकार कहते हैं] जातिवाले स्पर्शादि गुणरहित जीवोंका मन आदिकों से सम्बन्ध युक्तहै नहीं। अरु नैयायिकनके [गुणादिकोंकी समान जातिके अरु स्पर्शादिक गुणके अभावहुये भी द्रव्यसे सम्बन्धवाले आत्माका मन आदिकोंसे सम्बन्ध सिद्धहोता है, इसप्रकार जो कदापिबादी कहै, सो बनेनहीं ऐसा कहतेहैं। यहांयह अर्थहै कि स्वतन्त्र जो सन्मात्रबस्तु सो यहां द्रव्य शब्दकरके कहते हैं। अरु वेदान्तियोंके मतबिषे तिसद्रव्य से भेदकरके गुणादिक विद्यमान हैं नहीं। क्योंकि " शुक्लःपटः खण्डो गौरित्यादि " (शुक्लपट है, खंडा गौहै) इत्यादि स्थानमें गुण गुणी आदिकोंके सामानाधिकरणके देखनेसे। अरु द्रव्यही कल्पनासे तिसतिस आकार करके भासताहै, इसप्रकार अंगीकार करनेसे। एतदर्थ दृष्टान्तका असंभवहै नहीं] मतबिषे द्रव्यसे रूपादिक गुणकर्म जाति बिशेष अरु समवाय भिन्नहैंनहीं। अरु जब गुणादिक द्रव्यसे अत्यन्त भिन्न ही होवें, अरुजब इच्छा आदिक आत्मासे अत्यन्त भिन्नहोवें, तब भी तैसेही द्रव्यसे गुणादिकों के सम्बन्धका अरु आत्मासे इच्छा आदिकोंके सम्बन्धका असंभव होवेगा। अरु जोकहे कि अयुत (अभिन्न) सिद्ध बस्तुओंका समवायरूप सम्बन्ध बिरोधको पावतानहीं, सो कथन बनेनहीं [हेबादी तैंने जोयह गुणादिकोंका अयुतसिद्धपना कहा, सो क्या अभिन्न कालवान्पने रूपहै, किंवा अभिन्न देशवान्पने रूपहै किंवा अभिन्न स्वभाववान्पने रूपहै, किंवा संयोग अरु बिभागकी अयोग्यतारूप है, इस प्रकार यह चार पक्षहैं। तिनमें प्रथमपक्ष बनेनहीं क्योंकि बिकल्पको असहन करता है ताते। इसप्रकार कहते हैं] क्योंकि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ऐसे होनेसे अनित्य इच्छा आदिकोंसे पूर्व नित्य आत्मा है ताते । अरु आत्माके अयुत सिद्धपने का असंभव है [क्या इच्छा आदिकों की अपेक्षासे आत्माका अभिन्न कालवान्पना है, किंवा आत्माकी अपेक्षासे इच्छादिकों को अभिन्न कालवान्पना है । इस प्रकार विकल्प करके प्रथम पक्षके दूषण दिया है] आत्मा से इच्छा आदिकन के अयुत सिद्धके होने से इच्छादिकों को आत्मगत महत्पनेवत् नित्यता प्रसंग होवेगा, सो अनिष्ट है, क्योंकि इच्छादिकों की नित्यता हुये आत्माके मोक्षके प्रसंगका अभाव होवेगा ताते । अरु [आत्माके साथ इच्छा आदिकों को अभिन्न कालवान्पना तब आत्माको अनादि होने से तिस बिषे स्थित जो महत्ता तद्वत् तिन इच्छा आदिकों को भी नित्यताकी प्राप्ति होवेगी, प्रकार कहते हैं] समवाय सम्बन्धको द्रव्यसे इतरपनेके हुये, द्रव्य अरु गुणका समवाय सम्बन्धहै, तैसे तिस समवाय का द्र से अन्य सम्बन्ध कहना योग्य है । अरु जो ऐसा कहें कि समव नित्य सम्बन्धही है, एतदर्थ तिनका अन्य सम्बन्धकहना योग्यन तो तैसे [समवायको नित्य सम्बन्ध रूप होनेसे समवाय संब वाले द्रव्य गुण आदिकों को भी इस नित्य सम्बन्धवाले होने कदाचित्भी भेदकी अप्रतीतिसे तिनके भिन्नपने की प्रसिद्धि असंभव होवेगा, इस प्रकार दूषण कहते हैं] हुये समवाय बंध वाले द्रव्य गुण आदिकों को भी नित्य सम्बन्धके प्रसंग भिन्नता का असंभव होवेगा । अरु द्रव्यादिकों की अत्यन्त भि न्नताकेहुये, स्पर्शवान् अरु स्पर्शवान् द्रव्यके असम्बन्धवत् तिन सम्बन्धका असंभव होवेगा । अरु आत्माको गुणवान्पने के हु इच्छा आदिकोंकी उत्पत्ति अरु नाशवत् आत्माको अनित्यता क प्रसंग होवेगा । अरु देह अरु फलादिकोंवत् सावयवपना, अरु देह दिकोंवत्ही विकारवान्पना यह उभय दोष निवारण करने अयोग्य होवेंगे । जैसे [जब आत्माको इच्छादिक गुणवान्पन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रूपकार्य्यसमाख्याश्च भिद्यन्ते तत्र तत्र वै। आकाशस्य न भेदोस्ति तद्वज्जीवेषु निर्णयः ६। ८५॥

नहीं, तब तिसको बन्धके अभाव से मोक्ष न होवेगा, एतदर्थ बन्ध मोक्षकी व्यवस्थाके असंभवसे देह देहके प्रति सुख दुःखादि करके विशिष्ट आत्माके भेदकी सिद्धि है, इस प्रकारकी शंका करके कहते हैं] आकाश को अविद्यासे आरोपित 'रज, धूम, अरु मलपने आदिक दोषवान्पना है, तैसेही आत्माको अविद्याकरके आरोपित बुद्धि आदिक उपाधि के किये सुख दुःखादि दोषवान्पना है ऐसे अंगीकार किये व्यावहारिक बन्ध अरु मोक्षादिक बिरोध को पावते नहीं, क्योंकि सर्व बादियों करके अविद्याकृत व्यवहार का अंगीकारहै ताते। अरु परमार्थ(मोक्ष) बिषे व्यवहार का अनंगीकार है ताते। एतदर्थ तार्किकों करके आत्माके भेदकी कल्पना वृथाही किया है ५। ८४॥

६।८५॥ हे सौम्य,। शंका। ननु, एकहीआत्माबिषे अबिद्याकृत आत्माके भेद निमित्तक व्यवहार यद्यपि श्रुति आदिकों से बनेहैं, तथापि अनुमानसे कैसे बनेहैं। समाधान। तहां कहेहैं, "रूप कार्य्यसमाख्याश्च भिद्यन्ते तत्र तत्र वै" (रूप कार्य अरु नाम तिन तिन बिषे भिन्न देखते हैं ; अर्थात् जैसे इस एकही आकाश बिषे घट मठ कमंडलु अन्तर्गृह आदिकों के सम्बन्धी आकाशके अल्पपने अरु महत्पने आदिक रूप अर्थात् घटाकाशकी अपेक्षा मठाकाशको महत्पना अरु कमंडलुगत आकाश को अल्पपना, इत्यादि प्रकार एकही अरूप आकाशको घटादिकों के सम्बन्धसे अल्पपना अरु महत्पना आदिरूप। अरु जलका ल्यावना धारण करना अरु शयन करना, इत्यादि कार्य्य, अरु घटाकाश मठाकाश कमण्डल्वाकाश अरु अन्तर्गृहाकाश, इत्यादिक तिन घटादि रूप उपाधियोंके किये नाम। अर्थात् एक आकाशबिषे जो घटाकाश मठाकाशादि नाम भेद हैं सो उन घटादि उपाधिके सम्बन्धसे हैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नाकाशस्य घटाकाशो विकारावयवौ यथा । नै
त्मनःसदाजीवो विकारावयवौतथा ७ । ८६ ॥

स्वरूपसे ही नहीं । यह सर्व तिस तिस व्यवहारबिषे तहां
भिन्नभिन्न देखते हैं । अरु यह सर्व आकाशके रूपादिकोंके भे
किया व्यवहार अपरमार्थसेही है, अरु परमार्थसेतो "आका
न भेदोऽस्ति तद्वज्जीवेषु निर्णयः" (आकाशका भेद है नहीं
जीवोंबिषे निर्णय किया है) अर्थात् जैसे आकाशबिषे जो
रूप क्रियादि सहित भेद है सो घटादि उपाधि अरु तिनके
का किया है अरु बास्तव करके तो आकाश का भेद है न
अरु जैसे आकाश के भेदरूप निमित्त का किया व्यवहार सो
टादिक उपाधियोंकेकिये द्वारबिनाहै नहीं । तैसेही देहादिरू
पाधि के किये घटाकाशादि स्थानीय जीवोंबिषे भेदके निरूप
बुद्धियों करके किया भेद है, वास्तव करके आत्मा के स्वरू
भेद है नहीं, यह सम्यक् आत्मवेत्ताओं ने सम्यक्प्रकार
र्णय किया है ६ ॥ ८५ ॥

७।८६॥हेसौम्य,।शंका।ननु तहां घटाकाशादिकोंबिषे रूप
कार्य्य आदिकोंकेभेदका व्यवहार परमार्थरूप आकाशका किय
है । इसप्रकार का जो बादीका कथन सो बने नहीं । उ०॥क्यों
जैसे सुवर्ण का कुंडल कंकणादि बिकार है, वा जैसे जल का
बुद्बुद बरफादि बिकार है, तैसे परमार्थ रूप आकाश का
काशबिकार है नहीं । अरु जैसे बृक्षकी शाखा आदिक अव
हैं, तैसे भी आकाशका घटाकाशादि अवयव भी नहीं ।
घटाकाशादिकों बिषे जो भेद व्यवहार है सो परमार्थ रूप
काशका किया नहीं । ताते "नाकाशस्य घटाकाशो विकार
यवौ यथा" (जैसे आकाश का घटाकाश बिकार अरु अव
नहीं) अर्थात् जैसे कुंडलादिक सुवर्ण के अरु बुद्बुदादि जल
बिकार अरु शाखादि बृक्षके अवयवहैं, तैसे घटाकाशादि महा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यथा भवति बालानां गगनं मलिनं मलैः ।
तथाभवत्यबुद्धीनामात्माऽपिमलिनोमलैः ८। ८७॥

काशके विकार अवयव नहीं। अरु "नैवात्मनःसदाजीवो विकारावयवौ तथा" (तैसे आत्माका जीव सर्वदा बिकार अरु अवयव है नहीं ; अर्थात् जैसे आकाशके घटाकाशादिक बिकार अरु अवयव नहीं, तैसेही परमार्थ से सत्यरूप महाकाशस्थानीय एक अखंड अद्वैत निराकार परब्रह्म से अभिन्न आत्माका यह घटाकाशस्थानीय जीव सर्वदा (सर्वथा) उक्त दृष्टान्तवत् बिकार नहीं, अरु अवयव भी नहीं, एतदर्थ आत्माके भेदका किया व्यवहार मिथ्याही है। यह अर्थ है ७। ८६ ॥

८। ८७॥ हे सौम्य,[जीव जो है सो ब्रह्मका अंश नहीं, अरु बिकारभी नहीं किन्तु उपाधिबिषे प्रवेशको पाया ब्रह्मही जीव शब्दका वाच्यहै। इस प्रकार जो तुमने कहा सो अयुक्तहै। क्योंकि ब्रह्म तो (उपाधिसे रहित) शुद्ध है ताते। अरु जीव जो है सो रागादिक मल वालाहै ताते। अरु जीव अनेक हैं ताते, इत्यादि प्रकारसे तिन (ब्रह्मजीव) की एकताका असंभवहै यह आशंका करके परमार्थ से जीवको भी मलवान्पना आदिक है नहीं, ऐसा कहते हैं] जैसे घटाकाशादिक जो नाम रूप कार्य्यादिक भेदका व्यवहारहै सो भेदबुद्धिका कियाहै, तैसेही उपाधि वाले जीवोंका भेद अरु जन्म मरणादि व्यवहार हैं सो (अविद्याके किये हैं) ताते तिस अविद्या रचित भेदका कियाही क्लेश कर्म्म फल अरु रागादिक मल करके युक्तपना है, परमार्थ से नहीं। इस अर्थको दृष्टान्तसे प्रतिपादन करने को इच्छतेहुये कहते हैं "यथा भवति बालानां गगनं मलिनं मलैः" (जैसे बालकोंको आकाश मल करके मलिन होता है ; अर्थात् जैसे लोक बिषे (बिचारशून्य) अबिबेकी बालकों को, परम शुद्ध जो आकाश है सो मेघ रज धूमादि मल करके मलिन (मैलवाला) भासता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है, परन्तु जो आकाशके स्वरूप स्वभावके जाननेवालेजे वि
पुरुषहैं तिनको आकाश मलवाला प्रतीत होतानहीं । अर्थात् जि
पुरुषोंको आकाशके यथार्थ स्वरूप स्वभाव का ज्ञान है ति
आकाशमें धूमधूलि आदिकमलके होतेसंते भी, आकाश मी
प्रतीत होके जैसा है तैसाही प्रतीत होता है । "तथा भ
बुद्धीनामात्माऽपि मलिनोमलैः" (तैसे आत्मा भी अबुद्धि
को मलकरके मलिन होता है) । अर्थात् जैसे अविवेकी बाल
को आकाश धूम धूलि करके युक्त मलिन भासता है । तैसे
विज्ञाता प्रत्यक् चैतन्य परब्रह्म रूप आत्मा है , सोभी
प्रत्यगात्मा के यथार्थ विवेक से रहित अबुद्धिमान् (अज्ञान
पुरुषों को क्लेश कर्म अरु कर्मफल इत्यादि मलोंकरके मा
(विकारी) प्रतीत होता है । अर्थात् सर्व शरीरों में शुद्ध
मुक्तरूप एकही आत्मा है , परन्तु सो तैसा होता सत्ता भी
विवेकी पुरुषों को देह इन्द्रिय मन प्राणादिकों के जन्म म
क्लेश क्रिया फलादि धर्मवान्पने करके युक्त भासताहै । प
जैसे ऊषरदेश को देखके तिसबिषे , जलकी कामना व
तृषित पुरुष जल फेन तरंगादिकों का आरोप करताहै , त
पि तिस असत् आरोपसे वो ऊषरदेश जलफेन तरंगादि व
होतानहीं, तैसेही सदाशुद्ध निर्विकार प्रत्यगात्मा सो अबुद्ध अ
वेकी अज्ञानी पुरुषों करके आरोपकिये क्लेशादिक मल तिन
के मलिन होतानहीं । अर्थात् जिन पुरुषोंको अपने आप
शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव प्रत्यगात्माका यथार्थ ज्ञाननहीं सो
अपने आप आत्माबिषे देहेन्द्रिय मन प्राणादिकों के जन्म
णादि धर्मोंका आरोप करतेहैं, परन्तु तिनके आरोपसे वो
शुद्ध आत्मा कदापि किसी प्रकारसे विकारवान् मलिन
होतानहीं । इत्यर्थः ८ । ८७ ॥

९।८८॥हेसौम्य, शंका [ननु, जीव जोहै सो मरणके अन
अपने धर्म (शुभाचरण) के अनुसार स्वर्गको जाता है, अरु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मरणे संभवे चैव गत्यागमनयोरपि ।
स्थितौ सर्व्वशरीरेषु आकाशेनाविलक्षणः ९ । ८८ ॥

(दुराचरण)के वशहुआ नरकको पावताहै । अरु धर्म अधर्म दोनों के सुख दुःखादि फलभोगके अनन्तर उनके क्षीणहुये पुनः यहां आयके कोई एकयोनिमें जन्मताहै, अरु तहांभी यावत् प्रारब्ध भोग है तावत् स्थिरहोय प्रारब्धभोग आगे को धर्माधर्म कर्मकर पुनः भी परलोकके अर्थ गमनकरताहै । इसका आवागमन मिटा नहीं । इसप्रकार इसलोक अरु परलोकमें अपने कर्मानुसार विचरने रूप व्यापारवाला जीव सो । आवागमनसे रहित सदाशुद्ध बुद्ध मुक्तस्वभाव एकरस कैसे होवेगा । जहां इस प्रकारकी शंकाहै तहां कहतेहैं] पुनः भी उक्त अर्थकोही वर्णन करतेहैं " मरणेसंभवे चैव गत्यागमनयोरपि । स्थितौ सर्वशरीरेषु आकाशेनाविलक्षणः " 'सर्व शरीरों बिषे , जन्म , मरण, गमन, आगमन और स्थितिके हुये भी आकाशसे अविलक्षण है ' अर्थात् घटाकाशके जन्म मरण गमन आगमन अरु स्थितिवत् सर्व शरीरोंबिषे आत्माको जन्म मरण गमन आगमन औ स्थितिके हुये भी आत्मा आकाशसे अविलक्षण (आकाशके तुल्य) प्रतीति करनेको योग्य है । अर्थात् घटाकाश जोहै सो घटकी उत्पत्ति होनेसे उत्पन्नहुयेवत् अरु घटके ध्वंसहुये ध्वंसहुयेवत् अरु घटकेगये गयेवत् अरु घटके आये आयेवत् अरु घटके स्थितहुये स्थितहुये वत्, इत्यादि प्रकार घटाकाश बिषे जो उत्पत्ति आदि प्रतीत होवैहै सो घटरूप उपाधि के सम्बन्धसे होवेहै, परन्तु घटसे पृथक् दृष्टिकर केवल आकाशकोही अनुभव दृष्टिसे देखिये तो घटके बर्त्तमान कालमें भी आकाश उत्पत्ति बिनाशादिकोंसे रहित अपने स्वरूप करके ज्योंका त्यों एकरसही है, तैसेही आकाशसेभी महासूक्ष्म परिपूर्ण एकरस आत्माबिषे जो जन्म मरण सुख दुःख अरु परलोकमें गमन पुनः आगमन इत्यादि प्रतीत होताहै सो शरीरादि संघातरूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

संघाताः स्वप्नवत्सर्वे आत्ममायाविसर्जिताः ।
आधिक्ये सर्वसाम्ये वा नोपपत्तिर्हि विद्यते १०।८९

उपाधिके सम्बन्धसे होताहै, नतु बास्तव अपने स्वरूप करके उपाधि आत्मा आकाशवत् गमनागमनादि संघातके धर्मों से रहित सदा एकरस परिपूर्ण विज्ञानघनही है । इसप्रकार अपने आत्म बिषयक प्रतीतकरनेकोयोग्यहै, यहइसकाभावार्थहै ९।८

१०।८९॥हेसौम्य"संघाताः स्वप्नवत्सर्वे आत्ममाया विसर्जिताः" "सर्व संघात स्वप्नवत् आत्माकी मायासे रचितहै", अर्थात् देह इन्द्रिय मन प्राणादिकोंका सर्व संघात तो स्वप्नबिषे दृश्य(देखे)दिकोंवत्, अरु मायावी (इन्द्रजाली) पुरुषकरके किये देवादिकोंवत् आत्माकी अविद्यारूपा मायासे रचितहै, परमार्थ सेन अरु जिस करके तिर्यक् (तिरछे चलनेवाले पक्षीआदिक) के देहादिकोंकी अपेक्षासे देवादिकों के कार्य कारणरूप संघातों की "आधिक्ये सर्व्वसाम्ये वा नोपपत्तिर्हि विद्यते" । "आधिक्यता हुये वा सर्व की साम्यता के हुये उपपत्ति विद्यमान है नहीं" अर्थात् । तिर्यक् देहादिकों की अपेक्षा से देवादिकों के कार्यकारणात्मक संघातों की आधिक्यताकेहुये [देवतादिकों के शरीरोंको अति पूजनीय होने करके सर्व से अधिकता के अंगीकार से तिनके असत्यपने की सिद्धि न होवेगी, यह शंकाकरके, देहभेदों बिषे मूढ़पुरुषोंकी दृष्टिसे चैतन्यकी अधिकताको कल्पितभी विवेकी पुरुषों की दृष्टिसे सर्व देह समान पंचभूतात्मकहोने से सर्वकी समताके अंगीकार किये संघातोंकी सत्यताबिषे कोभी संभव नहीं इसप्रकार कहते हैं] वा सर्वकी समताके इन शरीरादि संघातों के सद्भावका प्रतिपादक हेतु नहीं । इत्यर्थः १०।८९॥

११।९०॥हेसौम्य, अब उत्पत्ति आदिकोंसे रहित इस अद्वैत आत्माको श्रुतिरूप प्रमाणकरके सिद्धताके लखावनेकेअर्थ श्रु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रसादयोहियेकोशा व्याख्यातास्तैत्तिरीयके।
तेषामात्मापरोजीवः खंयथासंप्रकाशितः ११।९०॥

वाक्योंके कहनेका आरंभकरतेहैं "रसादयोहियेकोशा व्याख्यातास्तैत्तिरीयके"। ‹ रसादिक कोश तैत्तिरीयबिषे व्याख्यान कियेहैं ; अर्थात् अन्नरसमय,प्राणमय मनोमयादिक, खड्गादिकों के कोश (म्यान) वत् जो पंचकोश हैं सो यजुर्वेदीय तैत्तिरीयोपनिषद् बिषे उत्तरोत्तरकी अपेक्षासे [जैसे खड्गादिकों के कोश जोहैं सो खड्गादिकोंकी अपेक्षा बाह्य होतेहैं, तैसेही इन पंचकोशोंको भी कहते हैं। तिसबिषे हेतु कहते हैं, यहां यह अर्थहै कि पूर्व के अन्नमयादिक कोशोंको पिछले पिछले प्राणमयादिकोंकी अपेक्षासे बाह्यपना होने करके, अरु सर्वान्तर आधाररूप ब्रह्मकी अपेक्षासे आनन्दमय को भी तिनके तुल्य बाह्य होनेसे, इन अन्नमयसे आनन्दमय पर्यन्त पांचोंका कोशपना तुल्यही है] पूर्वके बाह्य भावसे व्याख्यान किये हैं "तेषामात्मापरोजीवः खंयथासंप्रकाशितः"। ‹ तिनका पररूप आत्मा जीवहै , जैसे आकाश सम्यक् प्रकाशकिया है ; अर्थात् तिन अन्नमयादि कोशोंका परब्रह्मरूप आत्मा जीवहै ॥ शंका ॥ सो आत्मा तिन कोशोंका जीव कैसे है। समाधान। जिस अत्यन्त आन्तर आत्मासे यह पांच कोश भी आत्मावाले होते हैं, सो आत्मा सर्व कोशोंको जीवन का निमित्तहै, एतदर्थ तिन अन्नमयादि कोशोंका जीवहै ॥ सो कौनहै। उ०। जो परब्रह्मरूप आत्मा पूर्व "सत्यंज्ञानमनन्तंब्रह्म" ‹ सत्य ज्ञान अनन्त ब्रह्महै ›। इसप्रकार प्रसंगबिषे प्राप्तकियाहै। औ जिस आत्मासे स्वप्न अरु माया आदिकोंवत् आकाशादिकोंके क्रमसे अन्नमयादि कोशरूप संघात आत्माकी मायासे रचितहै, इसप्रकार कहाहै। अरु सो आत्मा हमोंकरके जैसे आकाशहै,तैसे "आत्माह्याकाशवत्" इत्यादि ‹ आत्मा आकाशवत् है › यह इस प्रकरणके तीसरे श्लोकसे सम्यक् प्रकार प्रकाश कियाहै। परन्तु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्वयोर्द्वयोर्मधुज्ञाने परंब्रह्मप्रकाशितम्।
पृथिव्यामुदरेचैव यथाऽऽकाशःप्रकाशितः १२।९१

नैयायिकों करके कल्पित आत्मावत् पुरुषकी बुद्धिकरके क
त प्रमाणोंका विषयरूप आत्मा प्रकाश किया नहीं। यह
प्राय है ११।९०॥

१२।९१॥ हेसौम्य,[मैं मनुष्य हौं,प्राणीहौं,प्रमाताहौं,क
भोक्ताहौं, इन उपाधि विशिष्ट पांचोंका जो एकस्वरूप अनु
प्रत्यक् चैतन्यहै सो ब्रह्मही है,इसप्रकार जीव ब्रह्मकी एकता
तैत्तिरीय श्रुतिके तात्पर्य को कहके, अब तिसही अर्थबिषे बृ
रण्यक उपनिषद् की श्रुतिकेभी तात्पर्यको कहते हैं। बृहदार
उपनिषद्गत मधु ब्राह्मण बिषे बहुतसें पर्यायन में अधिदैव
अध्यात्मरूप भिन्नस्थानोंबिषे "अयमेवसइति" (यहही सो
इसप्रकार परब्रह्मरूप प्रत्यगात्मा प्रकाश किया (लखाया
एतदर्थ बृहदारण्यकश्रुतिकाभी इसब्रह्म औ आत्माकी अभे
कताबिषे तात्पर्य है। यह इसश्लोकके पूर्वार्द्ध का अर्थ है]
"अधिदैवमध्यात्मञ्च तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषः पृथिव्याव
र्गतो योविज्ञाता पर एवात्मा ब्रह्म सर्वमिति" (अधिदैव अरु
ध्यात्म तेजोमय अमृतमय पृथिव्यादिकों के अन्तर्गत जो वि
पुरुष है)सो परमात्माही है, सर्वब्रह्महै (इसप्रकार "द्वयोर्द्वयो
ज्ञाने परंब्रह्मप्रकाशितम्"(द्वय द्वयबिषे परब्रह्म प्रकाश किय
मधुज्ञानबिषे) अर्थात् उक्तप्रकार दोनों दोनों स्थानोंबिषे द्वैतके
होने पर्यन्त परब्रह्म प्रकाशितकियाहै ॥प्र०॥ कहां प्रकाशित
है॥उ०। जिसबिषे ब्रह्म विद्या नामक मधु (अमृत) अमृ
का मोद न होने से। अर्थात् ब्रह्मविद्याको अमृतत्व (मोक्ष)
मानन्दकी प्राप्तिकाहेतुहोने से मधु वा अमृत कहते हैं, अरु
मुख्य अमृत है क्योंकि इसही करके जन्म मरणादि ल
वान्जीव सकारण मरण से रहित अमर अभय भावको प्रा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जीवात्मनोरनन्यत्वमभेदेनप्रशस्यते । नानात्वंनिन्द्यतेयच्चतदेवंहिसमञ्जसम् १३ । ९२ ॥

ता है । जानते हैं, ऐसा जो मधुज्ञान । अर्थात् बृहदारण्य उपनिषद्के द्वितीय अध्यायके अन्तक मधु ब्राह्मण। तिसबिषे प्रकाशित किया है । प्र० । किसवत् प्रकाशित किया है उत्तर । "पृथिव्यामुदरेचैव यथाऽऽकाशः प्रकाशितः" (जैसे पृथिवी अरु उदर बिषे आकाश प्रकाशित किया है जैसे लोक बिषे , पृथिवी बिषे अरु उदर बिषे एकही आकाश अनुमान प्रमाणसे प्रकाशित कियाहै, तैसे मधु ब्राह्मणमें पृथिवी आदिकों बिषे अधिदैवरूप अरु शरीरादिकों बिषे अध्यात्म रूपसे परब्रह्मही प्रकाशित किया है । इत्यर्थः १२ । ९१ ॥

१३ । ९२ हेसौम्य, "जीवात्मनोरनन्यत्वमभेदेनप्रशस्यते" (जीव अरु परमात्माका अनन्यपना अभेदकरके प्रशंसाका विषय करते हैं) अर्थात् जो कि युक्तियों से अरु श्रुतियों के प्रमाणसे निर्द्धार किया जीव अरु परमात्मा का अनन्यपना । अर्थात् "तत्वमस्यादि" महावाक्यों करके त्वंपद के लक्ष्य अरु तत्पदके लक्ष्यका अनन्य अभेदपना । व्यासादिक महार्षियों करके शास्त्र (ब्रह्मसूत्रादि वेदान्त) से अभेद करके प्रशंसा का विषय किया है । अर्थात् श्रुतियोंके महावाक्यों करके निर्द्धार निश्चित किया जो जीव अरु परमात्माका अनन्यपना अरु तिस अनन्यपने का यथार्थ ज्ञान, अरु तिस ज्ञानसम्पन्न ज्ञानी , इनको व्यासादि महार्षियोंने अपने ब्रह्मसूत्रादि शास्त्र करके प्रशंसा के विषय कियेहैं "सत्यं वै अभेदो" "ज्ञानादेवतु कैवल्यं" "ज्ञानंविमोक्षाय" "ज्ञानंलब्ध्वा परांशान्तिमचिरेणाधिगच्छाति" "तस्यादित्यवज्ज्ञानं" "ज्ञानित्वात्मैव मेमतम्" इत्यादि प्रमाणसे । अरु "नानात्वं निन्द्यते यच्च तदेवंहिसमञ्जसम्" नानात्व निंदा का विषय किया है, जो सो ऐसेही समीचीन है, अर्थात्, जो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जीवात्मनोःपृथक्त्वंयत्प्रागुत्पत्तेःप्रकीर्तितम् ।
विष्यद्वृत्त्यागौणंतन्मुख्यत्वंहिनयुज्यते १४ । ९३ ॥

सर्व प्राणियों को साधारण स्वाभाविक (अविद्यारचित) से बाह्यकिये कुतर्कों के कर्त्ता वादियों करके रचित नानाद र्शन तिनको । वेदशास्त्राचार्य्यमहर्षियोंने निन्दाका विषय कि तथाच "नतुतद्द्वितीयमस्ति" "द्वितीयाद्वैभयंभवति" "उदरम कुरुतेअथतस्य भयंभवति" "इदं सर्वम् ,यदयमात्मा" " स मृत्युमाप्नोति, इत्यादि" "सोद्वितीयनहीं है, द्वितीयसेनि यकरके भयहोताहै,जो यह सर्व है,सोयह आत्माहै,अल्पभीष को करताहै पश्चात् तिसको भयहोता है, सो मृत्युसे मृत्यु प्राप्तहोता है जो यहां (आत्मा अरु ब्रह्म बिषे) नानावत् ताहै , इत्यादि श्रुति वाक्यों करके अरु अन्य ब्रह्मवेत्ता पु करके निन्दाका विषयकियाहै । अरु जो यहहै सो ऐसेहीसमी है । अरु जो तर्क करनेवाले पुरुषों करके कल्पना करीहुई ष्टियां हैं, सो तो समीचीन नहीं । अरु निरूपण करीहुई को प्रकाशे भी नहीं ॥ यह अभिप्राय है १३ । ९२ ॥

१४।९३॥हेसौम्य,शंका।ननु,सम्यक् ज्ञानसेपूर्व ।अर्थात् ति म्यक् ज्ञानरूप अर्थवाली उपनिषदोंके वाक्योंसे पूर्वकर्मकाण्ड "इदंकामोऽदःकामइति" "यह काम है यहकाम है, इसप्रक अनेक कामकरके कामनाकेभेदसे जीवोंकाभेद कहाहै अरु "ऊच सदाधारपृथिवीद्यामित्यादि मन्त्रवर्णैः" "सो परमात्मा पृथिवी अरुस्वर्गको धारणकरताहुआ, इत्यादि मन्त्रोंके कथ तिन । पृथिव्यादिकों से पृथक् परमात्मा कहा है, इसप्रकार जीव अरु परमात्माका पृथक्पना कहा है । तहां कर्मकाण्ड ज्ञानकाण्डके वाक्योंसे विरोधहुये ज्ञानकाण्डके वाक्योंके एक रूप अर्थकाही समीचीनपना कैसे निश्चय करतेहो, जहां शंकाहै,तहां कहते हैं ।समाधान। "जीवात्मनोः पृथक्त्वं यत्प्रा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पत्तेः प्रकीर्त्तितम्" (सम्यक् ज्ञानरूप । उत्तरकांडके। पूर्व जो जीव अरु परमात्माका पृथक्पना कहा है) अर्थात् "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते" "यथाऽग्नेः क्षुद्राविस्फुलिंगाः" "तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः" "तदैक्षत" "तत्तेजोऽसृजत, इत्यादे" (जिससे प्रसिद्ध यहभूत उपजतेहैं, जैसे अग्निसे क्षुद्रविस्फुलिंग होतेहैं, तिस वा इस आत्मासे आकाश उपजताहुआ, सो ईक्षणकरताहुआ, सोतेजको सृजताहुआ, इत्यादिक सम्यक्ज्ञानरूप अर्थवाले उपनिषदोंके वाक्योंसे पूर्वकर्मकाण्डबिषे जो जीव अरु परमात्माका भिन्नपनाकहाहै "भविष्यद्वृत्त्या गौणंतन्मुख्यत्वंहिनयुज्यते" (सो भविष्यद्वृत्तिसे गौणहै निश्चयकरके मुख्यपना घटतानहीं) अर्थात् कर्मकांडबिषे जोजीव अरु परमात्माका पृथक्पना कहा है, सो परमार्थरूप नहीं, किन्तु महदाकाश अरु घटाकाशके भेदवत् "यथौदनं पचतीति" (चावलकी । रसोई । पकावताहै) इस वाक्यबिषे जैसे भविष्यत् प्रवृत्तिसे चावलोंबिषे भोजनपना है, तद्वत् गौण है, परन्तु भेदवाक्योंका कदाचित्भी मुख्य भेदरूप अर्थवान्पना घटतानहीं, क्योंकि आत्माके भेदके वाक्योंको स्वाभाविक (अनादि) अविद्यावाले प्राणियोंकी भेद दृष्टिअनुवादी (अनुवादकरनेवाली) है ताते। अरु यहां उपनिषद् बिषे उत्पत्ति अरु प्रलयादिकोंके वाक्यों से, अरु "तत्त्वमसि" "अन्योऽसावन्योऽहमस्मीति नसवेद" (सोतूहै, यह अन्य है मैं अन्यहौं, ऐसेजो जानताहै सोनहीं जानता) इत्यादि श्रुतिवाक्यों से जीवात्मा अरु परमात्माका ऐक्यपनाही प्रतिपादनकरनेको इच्छितहै। एतदर्थ उपनिषदोंबिषे एकपना श्रुतिकरके प्रतिपादन करनेको इच्छितहोवेगा, इसप्रकार भविष्यवृत्तिवाले उत्पत्त्यादिकोंके वाक्योंकी मुख्यावृत्तिको आश्रय करके, जो लोकबिषे भेद दृष्टिका अनुवादहै, सो गौणहीहै। यहअभिप्रायहै॥ अथवा "तदैक्षत, तत्तेजोऽसृजत" (सो ईक्षणकरता (इच्छा वा देखता)हुआ, सो तेजको सृजताहुआ) इत्यादिक वाक्योंसे "उत्पत्तेः प्रागेकमे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मृल्लोहविस्फुलिङ्गाद्यैःसृष्टिर्याचोदिताऽन्यथा।
पायःसोऽवतारायनास्तिभेदःकथञ्चन १५ । ९४।

वाद्वितीयम्" उत्पत्तिसे पूर्व एकही अद्वितीयथा, इसप्रकार
पना कहाहै। अरु "तत्सत्यं सआत्मा तत्त्वमसि" सो स
सोआत्माहै, सोतूहै, इसप्रकार सोई एकपना होवेगा। इसप्र
की जिस भविष्यद्वृत्तिकी अपेक्षाकरके जो जीव अरु आत्मा
भिन्नपना जहां किसीभी वाक्यबिषे जाननेमें आवताहै, सो
थौदनं पचतीति" चावलकी रसोई पकावताहै, इसवाक्य
जैसे भविष्यद्वृत्तिसे तंडुलोंबिषे भोजनपनाहै, तद्वत् गौणहै
सौम्य यहांजो जीवअरु परमात्मामें भेदके बोधक कर्मकांडके
मन्त्रको गौणपना कहाहै तिसका यहभी अभिप्राय जानना
कर्मकांड वेद है सो यज्ञादि कर्मोंद्वारा संसारकाही प्रवर्तक
प्रापकहै, एतदर्थ उसको उपनिषद् ज्ञानकाण्ड 'जो समूल ज
का निवर्तक अरु परमानन्द मोक्षका प्रापक है, बिषे "तत्रा
ऋग्वेदो" इत्यादि वाक्यों करके अविद्यात्मक कहा है, एत
कर्मकांडके वा अन्यके जेजीवात्मा अरु परमात्माके भेदकेबो
वाक्यहैं तिनकी गौणीवृत्ति जाननी १४ । ९३ ॥

१५।९४ हेसौम्य,। शंका। ननु, यद्यपि उत्पत्तिसे पूर्वजन्मरहि
सर्व एकही अद्वितीयथा, तथापि उत्पत्तिके अनन्तर यहसर्वउ
न्नहुआहै अरु जीव भिन्न है, इसप्रकार मतिकहो क्योंकि उत्प
कीश्रुतिका अन्यअर्थ है ताते। अरु "स्वप्नवदात्ममाया विसर्जित
संघाताः घटाकाशोत्पत्तिभेदादिवज्जीवानामुत्पत्तिर्भेदादिरिति
संघात स्वप्नवत् आत्मा की माया से रचित है, अरु घटाकाश
उत्पत्ति अरु भेदादिकोंवत् जीवों की उत्पत्ति अरु भेदादिक
इसप्रकार पूर्व भी हमने यह दोष निवारण किया है, एतदर्थ
यह प्रश्न अवकाश रहित है। अरु इसही से उत्पत्ति अरु भेद
दिक की श्रुतियोंसे खींचके यहां पुनः उत्पत्तिकी श्रुतियोंके अ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आत्मा की एकताबिषे तात्पर्यके प्रतिपादन करने की इच्छासे यह कहने का आरंभ है। तथाच "मृल्लोहविस्फुलिङ्गाद्यैः सृष्टिर्या चोदितान्यथा" (मृत्तिका लोह अरु बिस्फुलिंगादि से अरु अन्य प्रकार से जो सृष्टि कही है) अर्थात्, "यथा सौम्यैकेन मृत्पिंडेन सर्वं मृण्मयं विज्ञातं स्यात्" "यथा सौम्यैकेन नखनिकृन्तनेन सर्वं कार्ष्णायसंविज्ञातंस्यात्" "यथा सुदीप्तात् पावकाद्विस्फुलिङ्गाः सहस्रशः प्रभवन्ते स्वरूपाः" इत्यादि श्रुतियों करके कहे। मृत्तिका लोह अरु बिस्फुलिंगादिकन के दृष्टान्त के कथन से जो सृष्टि कही है, अरु अन्यप्रकारसे जो सृष्टि कहीहै, सो सर्व सृष्टिका प्रकार हमारे (ब्रह्मवेत्ताओं के)मतबिषे जीवात्मा अरु परमात्माके एकताकी बुद्धि की उत्पत्तिके अर्थ उपायहै। अरु जैसे प्राण अरु इन्द्रियोंके सम्बादबिषे बाक् आदिकोंकी आख्यायिका श्रवणकरते हैं। अरु देवता अरु असुरोंकेसंग्रामबिषे देवताओं ने उद्गातापने करके स्वीकार किये वाकादिकन के पापसे असुरों करके बधादि होनेकी आख्यायिका श्रवण करते हैं, सो सर्व प्राण की श्रेष्ठता के बोधकी उत्पत्ति के अर्थ कल्पित है। तैसेही श्रुति उक्त सृष्टिआदिक की प्रक्रिया भी अद्वैत बोधकी उत्पत्ति के अर्थ कल्पित है॥ अरु जो ऐसा कहे कि, सम्बाद श्रुति के मुख्यार्थ होनेसे सो श्रुति उक्त उदाहरणभी असिद्ध होवेगा। सो कथनबने नहीं, क्योंकि अन्य शाखाबिषे अन्य प्रकारसे प्राणादिकों के संबादके श्रवणसे जब संबाद परमार्थरूपहीहोता, तब सो संबाद एक रूपही सर्व शाखाओं बिषे श्रवणकरनेमें आवता। अरु अनेक बिरुद्ध प्रकारसे जो श्रवणकरने में आवता है सो तैसे सुनाजाता नहीं। [श्रुतियां कहीं कहीं प्राणादिक परस्पर में बिवाद करतेहुये आपही अपने निर्णय करने में असमर्थ होय प्रजापति (ब्रह्मा) के पासगयों अरु अपने परस्परके बिवादकेहेतुको श्रवणकराय अपने बिबाद का निर्णय इच्छते हुये। तब प्रजापति ने कहा कि। तुम्हारे सर्व के मध्यसे। जिसके निकसजाने से यह शरीर अमंगलरूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होय तिसको तुम सर्वबिषे श्रेष्ठ जानो। इसप्रकार तिन। प्रा
दिकों। का। अपने निर्णयार्थ। देहसे बाह्य गमन करना अ
होता है। अरु किसी एक श्रुतिबिषे तो। उन प्राणादिकों।
स्वतन्त्र होने करके। परस्पर में अपनी २ ज्येष्ठता श्रेष्ठता
निर्णयार्थ परस्पर में कहते हुये कि। जिसके उत्क्रमण
(निकसजाने) से यहशरीर मृतहुआ पतनहोय, सोई अपने
मध्य श्रेष्ठहै। इसप्रकार बिचार के। अपने ज्येष्ठत्व श्रेष्ठत्व
निर्णयार्थ। तिनका देहसे बाह्यगमन कहा है। अरु किसी श्रुति
करके पुनः वाक्, चक्षु, श्रोत्र, अरु मन, इन चतुष्टयों को, मु
प्राण से ये भिन्नहैं, ऐसा श्रवणकरनेमें आवताहै। अरु कहीं
आदिक को प्राण करके श्रवण करते हैं॥ इसप्रकार परस्प
बिरुद्ध अनेकप्रकार से प्राण अरु इन्द्रियों के सम्बादका श्रव
इस अभिप्राय से कहते हैं।] अरु जिस करके। परस्परमें। बि
अनेक प्रकारसे। प्राण अरु इन्द्रियों का। सम्बाद श्रवण करने
आवता है, तिसही करके। प्राणादिकों के। सम्बाद की श्रुति
का अपने मुख्यार्थबिषे तात्पर्य नहीं, किन्तु अन्य अर्थ बिषे ही
[अर्थात् सर्व के मध्य प्राण के ज्येष्ठत्व श्रेष्ठत्व के लखावने के
बिषे ही सर्व सम्बादकी श्रुतियों का तात्पर्य है, क्योंकि सर्व
रुद्ध संबादों में भी प्राण की ज्येष्ठ श्रेष्ठता अविरुद्धही प्रका
है। तिनका तात्पर्य है। [उक्त दृष्टान्त के अनुसारसे जगदुत्प
के वाक्य भी। मुख्यतासे। स्वार्थबिषे तात्पर्य वाले नहीं। क्यों
कहींक। तैत्तिरीय उपनिषद् की "तस्माद्वा एतस्मादात्म
आकाशः संभूतः" इस। श्रुति बिषे आकाशादिकों के क्रम
सृष्टि कहीहै। अरु कहींक। छांदोग्य उपनिषद्बिषे "तत्तेजो
जत" इत्यादि प्रकार तेजके क्रमसे सृष्टि कही है। अरु कहीं
। प्रश्नोपनिषद् बिषे "आत्मनः एष प्राणो जायते" इत्या
प्रकारप्राणादिकों के क्रमसे सृष्टि कहीहै। अरु कहींक क्रमवि
ही सृष्टि कहीहै। इसप्रकार। सृष्टिप्रतिपादक श्रुतियों का। प

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्परमें विरोध देखने से यहां कहते हैं] तैसेही उत्पत्ति के वाक्य भी शाखाओं के भेदसे विरुद्ध अनेक प्रकार के होने के कारण [वो अपने] मुख्यार्थ बिषे तात्पर्य वाले नहीं, किन्तु अन्यअर्थ बिषे तात्पर्य वाले हैं [अर्थात् सृष्टिकी प्रतिपादक श्रुतियों का परस्पर में भिन्न भिन्न विरुद्ध कथनसे प्रतीत होताहै कि वास्तव करकेसृष्टिकुछ हुईनहीं, क्योंकि जो वास्तवकरके सृष्टि हुई होती तो सर्व श्रुतियोंकी एक वाक्यता अरु एकही क्रमहोता, अरु तिसही करके उन श्रुतियों के [सृष्टि प्रतिपादक वाक्य] अपने] मुख्यार्थबिषे तात्पर्यवाले नहीं, किन्तु अन्य मुख्यार्थ बिषे तात्पर्य वाले हैं [अर्थात् सृष्टिप्रतिपादक श्रुतियों बिषे परस्पर में विरुद्ध क्रमहोने से प्रतीत होताहै कि उन श्रुतियों का तात्पर्यार्थ सृष्टि के प्रतिपादन बिषे न होयके एक अद्वैत आत्मतत्त्वके लखावने बिषे तात्पर्य है, क्योंकि उनश्रुतियों बिषे क्रमका विरुद्ध भेदहै परन्तु सर्व श्रुतियों ने सृष्टिका कारण अधिष्ठान एक सत् चैतन्य आत्मा ब्रह्मही कहाहै, ताते उन सर्व श्रुतियोंका मुख्य तात्पर्य एक अद्वैत आत्मतत्त्वके प्रकाशने बिषे है अन्यबिषे नहीं] अरु जो ऐसा कहे कि कल्पकल्पकी सृष्टिके भेदसे सम्बादकी श्रुतियोंकाभी सृष्टि सृष्टि के प्रति अन्यथापनाहोवेगा, सो कथनबने नहीं, क्योंकि उक्तबुद्धिकी उत्पत्तिरूप प्रयोजनकेबिना सम्बादकी श्रुतियोंकी निष्फलताहोतीहै ताते । अरु सम्बाद अरु उत्पत्तिकी श्रुतियोंका, उक्त बुद्धिकी उत्पत्ति के विना अन्य प्रयोजनवान्पना कल्पना करने को शक्य नहीं [अर्थात् प्राणादिकों के सम्बाद की श्रुतियों का अरु सृष्टिप्रतिपादक श्रुतियोंका, शरीरादिसंघातमें सर्वका ज्येष्ठ श्रेष्ठत्वपना, अरु आत्माका एक अद्वैतपना जानने की बुद्धि की उत्पत्तिकेविना अन्यप्रयोजन कल्पना करने को शक्य नहीं] अरु जो ऐसा कहै कि प्राणादि भावकी प्राप्तिके लिये ध्यानार्थ प्राणादिकों का कीर्त्तन है, सो कहना बनेनहीं, क्योंकि कलहकी उत्पत्ति अरु प्रलयकी प्राप्ति यह सर्वकोही अनिष्टहोवेहै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आश्रमास्त्रिविधाहीनमध्यमोत्कृष्टदृष्टयः । उपास
पदिष्टेयंतदर्थमनुकम्पया १६ । ९५ ॥

ताते उक्त आख्यायिका प्राणका कीर्त्तननहीं । एतदर्थ उत्प
दिकोंकी जो श्रुतियां हैं सो आत्माके एकताकी बुद्धिकी उत्प
हैं, अन्य अर्थवाली कल्पना करनेको योग्यनहीं । एतदर्थ उ
आदिकों का किया भेद किसीप्रकार से भी है नहीं १५ ।

१६ । ९५ हेसौम्य, । शंका । ननु, "एकमेवाद्वितीयम्" (ए
अद्वितीयहै, इत्यादि श्रुतियोंके वाक्य प्रमाणसे यदि परब्रह्म
आत्मा, नित्यशुद्ध, नित्यबुद्ध, नित्यमुक्त, स्वभाववाला एकप
रूपसत्है अरु अन्यअसत्यहै, तब "आत्मा वा अरेद्रष्टव्यः" "
त्माऽपहतपाप्मा, सक्रतुंकुर्वीत" "आत्मेत्येवोपासीतेत्या
(अरेमैत्रेयी आत्मा निश्चय करके देखनेयोग्यहै, जो आत्मा
रहितहै सो ध्यानकरने के योग्यहै, सो अधिकारी क्रतु (उप
के संकल्प) को करे, आत्माहै इसप्रकारही उपासना क
इत्यादि श्रुतिवाक्योंसे यह उपासना किस अर्थ उपदेशकि
अरु अग्निहोत्रादि कर्म्म किसवास्ते उपदेशकिये हैं ॥ जहां
शंकाहै तहां सिद्धान्ती कहै हैं, कि हे बादी तहां कारण श्रव
"आश्रमास्त्रिविधाहीनमध्यमोत्कृष्टदृष्टयः" (आश्रम तीन प्र
के हैं, मन्द, मध्यम, अरु उत्कृष्ट, दृष्टिकरके युक्तहैं ; अर्थात् आ
(अर्थात् आश्रमवाले अधिकारी) अरु आश्रमशब्दके देखा
अर्थ शूद्रसे पृथक् सन्मार्गगामी वर्ण (वर्णवाले अधिकारी)
प्रकारके हैं । प्रश्न । कैसे वे तीन प्रकारके हैं । उत्तर । वे, मन्द,
ब्रह्मको विषय करनेवाली, अरु, मध्यम, कारण ब्रह्मको
करनेवाली, अरु (उत्कृष्ट, शुद्ध अद्वैतको बिषय करनेवाली,
(बुद्धिकीसामर्थ्य)करके युक्तहै । वा 'मन्द वैश्यवर्ण, मध्यम क्ष
वर्ण, उत्कृष्टब्राह्मणवर्ण, यहतीन क्रमशः उक्तप्रकारकी दृष्टि
युक्तहैं । "उपासनोपदिष्टेयंतदर्थमनुकम्पया" । (तिनकेअर्थ ध्या

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वसिद्धान्तव्यवस्थासुद्वैतिनोनिश्चितादृढम् । परस्परंविरुध्यन्तेतैरियंनविरुध्यते १७ । ९६ ॥

यहउपासनाउपदेशकियाहै,अर्थात् तिनमन्द अरुमध्यमकार्यब्रह्मकी अरु कारण ब्रह्मकी दृष्टिवाले वर्णाश्रमियोंके अर्थ कि मन्द अरु मध्यम दृष्टिवाले सन्मार्गगामीहुये इससर्वोत्तम ब्रह्मआत्माकी एकताकी सम्यक् दृष्टिको कैसे प्राप्तहोवेंगे, इनकोभी अभेद दृष्टि जोपरम कल्याणकारीहै, प्राप्तहोनीचाहिये इसप्रकार विचारके परमदयालु वेद ने उनपर दयाकर के यह उपासना उपदेश कहीहै, अरु कर्मउपदेश किये हैं । अर्थात् जो मन्द मध्यम अधिकारीहै अरु जिनकोअभेद सर्वात्मदृष्टि प्राप्तहोनेकी इच्छाहै तिन पुरुषों के हितार्थ दयाकरके वेद भगवान्ने उनके अन्तःकरणकी शुद्धिकेअर्थ विहित नित्य निष्कामकर्म अरु अन्तःकरणकी स्थिरताके अर्थ प्रणवकी वा श्रवण मननरूपसेआत्माकी ज्ञानांग उपासना कही है, क्योंकि अन्तःकरणके मलविक्षेपरूप दोष अभाव हुये बिना आवरण भंगपूर्वक सर्वात्म अभेददृष्टि प्राप्तहोवे नहीं । "आत्मैकएवाद्वितीय" (आत्मा एकही अद्वितीय है) इसप्रकारकी निश्चयात्मक उत्तमदृष्टि जिनको प्राप्तहुईहै तिन उत्तमाधिकारीके अर्थ कर्मउपासना कहीनहीं । क्योंकि "यन्मनसा नमनुते येनाहुर्मनोमतं तदेवब्रह्मत्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते" "तत्त्वमसि" "आत्मैवेदं सर्व्वमिति" (उपास्य जोहैसो ब्रह्महीनहीं, इसप्रकारके निषेधसे उपासनाको मन्दमध्यम दृष्टिवाले पुरुषोंकी विषयता भासतीहै, ऐसा कहते हैं] जिसको मनसे मननकरता नहीं, अरु जिसने मनको जान्योहै तिसहीको तूब्रह्मजान, जिस इसकोलोक उपासतेहैं यहब्रह्मनहीं । सो तूहै, आत्माही यहसर्वहै ॥ इत्यादि श्रुतियोंसे १६ । ९५ ॥

१७।९६ हेसौम्य, शास्त्रअरु युक्तिकरके निश्चितहोनेसे अद्वैत आत्माका दर्शन (यथार्थ अनुभव) सम्यक् दर्शनहै,ताते अन्यदर्शन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

शास्त्र अरु युक्तिसे बाह्य होनेकरके मिथ्यादर्शन हैं, यह नि
किया । अब इसकथनके हेतुसे भी द्वैतवादियोंका मिथ्यादर्श
क्योंकि उनद्वैतवादियोंको राग द्वेषादि दोषोंकरके युक्तपनाहै
। अरु उनकेयहां अद्वैतबोधक श्रुतियोंका अग्रहणहै अरुजो क
ग्रहणभी है तो विपरीत अर्थसेहै ताते । प्रश्न । उन द्वैतवादि
उक्त दोषकरके युक्तपना कैसेहै, ।उत्तर। तहां कहतेहैं "स्वसि
व्यवस्थासु द्वैतनो निश्चिताद्दढम्" ‹द्वैतवादी अपने सिद्धा
रचनाके नियमोंबिषे दृढ निश्चितहुये› अर्थात् कपिल कणाद
बुद्ध इनआदिकोंकी दृष्टिके अनुसारी जो द्वैतवादी हैं सो
सिद्धान्तकी रचनाके नियमोंमें " एवमेवैषपरमार्थोनान्यथा
‹यह ऐसेही परमार्थ रूप है अन्यथा नहीं› इसप्रकार तहां
। अपने अपने सिद्धान्तोंबिषे दृढ़ आसक्तहुये । अरु अपने
पक्षिको देख तिसकेअर्थ द्वेषकरतेहुये । अर्थात् द्वैतवादी अप
कल्पितसिद्धान्तोंमें आसक्तहुये अरु "परस्परं विरुध्यन्ते तै
विरुध्यते" ‹परस्पर विरोधकरतेहैं तिसकरके यह बिरोधको
तानहीं› अर्थात् कपिलादि द्वैतवादी स्वकल्पित सिद्धान्तमें
पूर्वक आसक्तहुये अपने प्रतिपक्षियों से द्वेषमान उनकी
पूर्वक उनके सिद्धान्तोंका खंडनकरते हैं । इसप्रकार राग द्वे
के युक्तहुये अपने सिद्धान्तके दर्शनके निमित्तही परस्पर वि
कोपावतेहैं । तिन परस्पर विरोधीवादियोंकरके यह हमारा वे
आत्माकी एकताके दर्शनका पक्षसर्वसे अपृथक् (अनन्य) हो
'जैसे पुरुष अपने हस्त पादादिकोंसे विरोधको प्राप्तहोता
तैसेही, विरोधको पावता नहीं । अरु सर्वत्र एक आत्माकी
वाला सम्यक् आत्मवेत्ता " नातिवादी " अतिवादी किसी
निन्दा स्तुतिकरनेवाला होतानहीं । इसप्रकार रागद्वेषकी
श्रयता (त्यागी) होनेसे आत्माकी एकताकी बुद्धिही सम्यक्
नहै, इतर नहीं । इत्यभिप्रायः १७।१६ ॥

१८।१७ हेसौम्य, ।प्रश्न। किसहेतु करके यह ।अद्वैत सर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अद्वैतंपरमार्थोहिद्वैतंतद्भेदउच्यते । तेषामुभयथाद्वैतंतेनायंनविरुद्ध्यते १८ । ९७ ॥

क्षतिन । द्वैतवादियोंसे। बिरोधको पावतानहीं, । उत्तर। "अद्वैतंपरमार्थोहिद्वैतंतद्भेदउच्यते" । (अद्वैतही परमार्थरूपहै, द्वैततिसका भेद कहतेहैं; अर्थात् जिसकरके अद्वैतही परमार्थरूपहै, अरु द्वैत जो नानात्व सो तिस अद्वैतका भेद कहिये कार्य्य कहतेहैं । अर्थात् जेतनाकुछ द्वैत नानात्वहै सो सर्व अद्वैतकाही भेदरूपकार्य है, क्योंकि "। एकमेवाद्वितीयम्, तत्तेजोऽसृजत"। (एकही अद्वितीयहै,सो तेजको सृजताहुआ) इसप्रकार श्रुतिका प्रमाणहै ताते। अरु निर्विकल्प समाधि बिषे, अरुघन सुषुप्ति बिषे, अरु गाढमूर्छाबिषे, द्वैतके अभावहुये अपने चित्तके स्फुरणके अभावसे द्वैतके अदर्शनरूप युक्तिकरके अद्वैतही सिद्धहै । अर्थात् उक्तप्रकार समाधिसुषुप्ति अरु मूर्च्छा इनतीनोंअवस्था बिषे चित्तवृत्तिके अफुरहुये द्वैत के अभावसे केवल उनका साक्षी अद्वैत आत्माही अवशेष रहता है, इस युक्तिसे सारानानात्व चित्तकी स्फुरणाकरके कल्पित है, अरु विना आश्रय कल्पना होवे नहीं, अतएव एक अद्वैत आत्मसत्ताके आश्रय चित्तकी स्फुरण नानात्वकी कल्पना करेहै । । ताते नानात्वको अद्वैतका कार्य कहते हैं, कारण नहीं । अरु "तेषामुभयथाद्वैतं तेनायंनविरुद्ध्यते" । (तिनको उभयप्रकारसेभी द्वैतही है, तिनसे यह बिरोधको पावता नहीं; अर्थात् तिन द्वैतवादियोंकोतो व्यवहार अरु परमार्थ इन उभयप्रकारसेंभीद्वैतहीहै । अरुजब उन भ्रान्तभेदी पुरुषोंको द्वैतकी दृष्टिहै,अरुअस्मदादि अभ्रान्त अभेदी पुरुषोंको अद्वैतकी दृष्टिहै,तब तिसहेतुकरके यह हमारा अद्वैतपक्ष तिन्होंसे बिरोधको पावता नहीं "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" । "। नतुतद् द्वितीयमस्ति" । 'इन्द्र माया करके बहुतरूप पावता है, सोतो द्वितीय हैनहीं, इन श्रुतियों के प्रमाणसे । [भ्रान्तिरूप मूल है जिसका ऐसे द्वैतके सिद्धान्तसे,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मायया भिद्यते ह्येतन्नान्यथाऽजंकथञ्चन । तत्र
भिद्यमाने हि मर्त्यतामृतं व्रजेत् १९ । ९८ ॥

प्रमाणरूप मूलहै जिसका ऐसा अद्वैत सिद्धान्त अविरुद्धहै, अर्थको यहां दृष्टान्तसे प्रतिपादन करतेहैं] जैसे उन्मत्त गजा हुआ जो पुरुष सो पृथ्वी पर आरूढ हुए पुरुष के प्रति "रूढोऽहं वाहयमां प्रतीति" (मैं गजारूढ हौं मेरे प्रति बहा (लेजा) इसप्रकारके कहनेवाले भी उन्मत्त पुरुषों को तिसके ताईं बिरोध बुद्धिसे बहन करता नहीं, तद्वत् । ता मार्थ से ब्रह्म चैतन्य द्वैतबादियों का भी आत्माही है । से यह हमारा पक्ष तिन द्वैतबादियों से बिरोध को पावता क्योंकि अपने आप आत्मा से किसी का भी बिरोध नहीं १८ । ९७ ॥

१९।९८हे सौम्य, द्वैत जो है अद्वैतका भेदकहिये का प्रकारका जोकथन किया ताते द्वैत भी अद्वैतवत् परमार्थसे होवेगा, जहां इसप्रकार की किसीको भी शंकाहोय तहां कह परमार्थ से सत्रूप जो अद्वैत है, यह तिमिर दोष करके युक्त वाले पुरुषों करके कल्पित अनेक चन्द्रमावत्, अरु सर्प अरु धारा आदिक भेदोंसे रज्जुवत् "मायया भिद्यते ह्येतन्नान्यथा कथञ्चन" (मायासे भेदको पावता है, यह अजन्मा किसी प्रकारसे अन्यथा होता नहीं) अर्थात् मायाकरके भेदको पाव परमार्थ से नहीं [बिवाद का बिषय जो भेद, सो मिथ्या है, होनेसे चन्द्रादिकोंके भेदवत् ॥ बिवादका बिषय जो आत्म सो स्वरूप से भेद रहित है, क्योंकि निरवयवहै ताते, अरु है ताते, अरु अजन्मा है ताते, व्यतिरेक से मृत्तिकादिकों इसप्रकार कहते हैं] क्योंकि आत्मा निराकार निरवयव है अरु जिसकरके सावयव वस्तु अवयवन के अन्यथा भा भेदको प्राप्त होता है । जैसे घटसरावादिकन के भेदों से

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अजातस्यैवभावस्यजातिमिच्छन्तिवादिनः। अजा
तोह्यमृतोभावोमर्त्यतांकथमेष्यति २०। ९९॥

ता भेद को पावती है, (यह व्यतिरेकी दृष्टान्त है, ताते निर-
वयव अरु अजन्मा जो अद्वैत सो किसी भी प्रकार से अन्यथा
(भेदको प्राप्त) होता नहीं, यह अभिप्राय है ॥ अरु " तत्त्वतो
भेद्यमानेहि मर्त्यतामम्रृतं व्रजेत् " (जाते तत्त्वसे भेदको प्राप्त
हुये अमृत मरनेकी योग्यताको प्राप्तहोवेगा) अर्थात् जिसकर के
परमार्थ से भेदको प्राप्तहोनेके स्वभावसे अमृत (अमरणधर्मा)
अरु अजन्माहुआ अद्वैत मरणकी योग्यताको प्राप्तहोवेगा। जैसे
अग्नि शीतलताको प्राप्तहोवे तैसे सो स्वभावके विपरीतपनेकी
प्राप्ति, सर्व प्रमाणोंके विरोधसे अनिष्टहै।(अर्थात् अग्निका अप-
नस्विभावभूत उष्णताको त्याग शीतलस्वभाव होना सर्वप्रमा-
णोंसे विरुद्ध है, तैसे निरवयव निराकार अजन्मा एक अद्वैत
स्वभाववाले आत्मतत्त्वका, सावयव साकार सजन्मा नानाद्वैत
स्वभाववाला विनाशीधर्माहोना सर्व प्रमाणोंसे अरु युक्तिअनु-
भवसे विरुद्धहै, तातेसो किसीकोभी इष्टनहीं। ।एतदर्थ अजन्मा
अविनाशी जो आत्मतत्त्व सोअपनी मायाकरकेही भेदकोपावता
है, परमार्थसे नहीं। एतदर्थ द्वैत किसीप्रकारभी परमार्थसे सत्य
है नहीं १९। ९८॥

२०। ९९ हेसौम्य, जो [इसप्रकार अपने पक्षको कहके,
अब अपने वेदान्तीके यूथविषे परिगणितवादियोंके पक्षको अनु-
वादकरके दूषण देते हैं] पुनः कोईएक उपनिषदोंकी व्याख्याक-
रनेवाले वाचाल ब्रह्मवादी (उपासक) " अजातस्यैव भावस्य
जातिमिच्छन्तिवादिनः " (वादीलोक अजन्मा भावकी उत्प-
त्तिको इच्छते हैं) अर्थात् जो अन्तरसे उपासनाके आग्रहवाले
अरु बाह्य अद्वैत ज्ञानके वक्ता ऐसेजे वाचाल ब्रह्मवादी सो
स्वभावसे अजन्मा अरु अमररूपही आत्मतत्त्वरूप भावकी पर-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नभवत्यमृतंमर्त्यंनमर्त्यममृतन्तथा । प्रकृतेरन्य
भावोनकथञ्चिद्भविष्यति २१ । १०० ॥

मार्थसेही उत्पत्तिको इच्छते हैं "जातंचेत्तदेवमर्त्यतामेष्यत्यवश्य
८ जन्मको पायाहै सो अवश्य ही मरणकी योग्यताको प्राप्त
गा, इस न्यायसे तिनका सो आत्मा, स्वभाव से अजन्मा
अमृतभावरूपहुआ मरणकी योग्यताको कैसे प्राप्तहोवेगा,
किसी प्रकारसेभी मरणकी योग्यतारूप स्वभावकी विपरी
को पावनेकानहीं।।अर्थात् जो तत्त्ववास्तवकरके अपने स्वरूप
अजन्मा अविनाशी शुद्धबुद्ध मुक्तस्वभावहै सोकभी किसीप्र
सेभी अपने स्वरूप स्वभावसे अन्यथाभावको प्राप्तहोता ना
इत्यर्थः २० । ९९ ॥

२१ । १०० हेसौम्य, [पदार्थोंको स्वभावके विपरीतपने
प्राप्तिअघटितहै, ऐसाजोकहा तिसहीको वर्णनकरतेहैं] "न
स्यमृतंमर्त्यंनमर्त्यममृतन्तथा " ८अमृत मरनेकेयोग्य होता
तैसे मरनेके योग्य अमृत होतानहीं ; अर्थात् जिसकरके
बिषे अमृत (अविनाशी) वस्तु मरने (बिनाशके) योग्य
नहीं । ताते अग्निके [यहां यहअर्थ है कि अग्निके स्वभाव
उष्णपनेको शीतलपनेकी प्राप्तिरूप विपरीतपना अयुक्तहै,
अन्य ठिकानेभी स्वभावका विपरीत पना अयुक्तहै, क्योंकि
हुये स्वरूपके नाशका प्रसंग प्राप्तहोताहै ताते] उष्णस्वभाव
ताते " प्रकृतेरन्यथाभावो नकथञ्चिद्भविष्यति " ८स्वभाव
अन्यथा भाव किसीभी प्रकारसें होता नहीं; अर्थात् जैसे स्वरू
ही जोअग्निका उष्णस्वभाव सोअन्यथा होतानहीं ८तैसेहीस्व
का अन्यथाभाव (स्वरूपसेइतरपना) कदापि किसीप्रकार
होगानहीं।।हेसौम्य वस्तुको अन्यथाकरना 'जैसे आम्रकाफल
म खट्टाहोताहै सोई पश्चात् परिपक्वअवस्थाबिषे मधुर होत
सो कालकरके होताहै, क्योंकि वस्तुको अन्यथा करना काल

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वभावेनामृतोयस्यभावोगच्छतिमर्त्यताम् । कृतकेनामृतस्तस्यकथंस्थास्यतिनिश्चलः २२ । १०१ ॥

लक्षणहै, परन्तु जो वस्तु उत्पन्न होती है सो कालके व्यवधानसे युक्तहोनेकरके, कदाचित् कालके प्रभावसे अन्यथा भावको प्राप्त होवे तोहोवे परन्तु जो अजन्मा कालके व्यवधानसे सहितसर्वदा एकरस स्वभाव है तिसका किसीकरके किसीप्रकारसे भी अन्यथाभाव होवे नहीं ।यह परम सिद्धान्त है २१ । १०० ॥

२२।१०१ हेसौम्य,"स्वभावेनामृतो यस्य भावो गच्छति मर्त्यताम्"{जिसकास्वभावसे अमृतरूप भाव मरनेकी योग्यताकोप्राप्त होताहै } अर्थात् । शंका । ननु,ब्रह्म कारणरूपसे कार्य्योत्पत्तिके पूर्व मरणरहित हुआभी कार्यके आकारसे उत्पत्तिके अनन्तर कालबिषे मरणकी योग्यताको पावेगा,ताते स्वरूपकेभेदसे दोनों अबिरुद्ध हैं । जहां ऐसी शंकाहै तहां कहते हैं । जिस वादीका स्वभावसे अमृतरूप भाव मरणकी योग्यताको पावताहै ।अर्थात् परमार्थ से जन्मको पावताहै । तिस वादीकी "प्रागुत्पत्तेः सभावः स्वभावतोऽमृत इति" सो भाव, उत्पत्तिसे पूर्व स्वभाव से अमृत है । ऐसी जो प्रतिज्ञा सो मिथ्याही होवेगी । प्रश्न । तब कैसे है । उत्तर "कृतकेनामृतस्तस्य कथं स्थास्यति निश्चलः" { तिसका अमृत निश्चलहुआ कैसे स्थितहोवेगा } अर्थात् तिस वादीका जन्य होनेकरके अमृत, सो भाव निश्चलहुआ ।अर्थात् अमृतपनेके स्वभावकरके । कैसे स्थित होवेगा, किन्तु किसी प्रकारसेभी स्थित होवे नहीं । इसका यह अभिप्रायहै कि, आत्मा की उत्पत्ति वादीके मतबिषे सर्वदा अजन्मा वस्तु कोई है नहीं, किन्तु यह सर्ववस्तु मरणके योग्य है, इसकरके मोक्षके अभाव का प्रसंग प्राप्त होवेगा २२ । १०१ ॥

२३।१०२ हेसौम्य,[परिणामवादकी सृष्टिप्रतिपादक श्रुतिके अनुसारसेअंगीकार करनेकी योग्यताकी शंकाकरके निषेधकरतेहैं]

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भूततोऽभूततोवाऽपिसृज्यमानेसमाश्रुतिः। निश्चि
युक्तियुक्तश्चयत्तद्भवतिनेतरम् २३ । १०२ ॥

शंका।ननु, आत्माकी अनुत्पत्तिके वादीको सृष्टिकीप्रतिपादक श्रु
प्रमाणिक नहोवेगी,जहांऐसीशंकाहै तहां कहतेहैं, सृष्टिकी प्रति
दकश्रुतिहैं,यहजो तेराकहनाहै सो सत्यहै परन्तु सो अन्यअर्थके
रायणहै,सृष्टिपरायण नहीं। अरु यह हमने"उपायः सोवतारा
त्सो अद्वैत बोधकी उत्पत्त्यर्थ उपायहै" इसप्रकरणके पंचदश
वें श्लोकबिषे कहाहै। अब समाधानके पूर्व कहेहुयेभी तेराप्र
अरु उत्तर जो कहतेहैं सो कहनेको वांछित अर्थकेप्रति सृष्टि
पादक श्रुतिके अक्षरोंके अनुलोमपनेकेविरोधकी शंकामात्रकेनि
रणार्थहै "भूततोऽभूततोवाऽपि सृज्यमाने समाश्रुतिः" भूत
वा अभूतसेभी उत्पन्नहोनेवाले बिषे श्रुतिसमहै, अर्थात् भूत
कहिये परमार्थसे, उत्पन्नहोनहार वस्तुबिषे, वा अभूत,कहियेमा
से, वा माया विनाही सृज्यमान वस्तुबिषे, सृष्टिकीश्रुति तुल्
[यहां यह भावहै कि, परिणामवादबिषे अरु विवर्तवादबिषे सृ
प्रतिपादक श्रुतियोंके अविशेषसे अद्वैतके अनुसारी श्रुति अरु
केबशते विवर्त्तवादकीही अंगीकारकरनेकी योग्यताहै]।शंकान
मुख्य अरु गौण दोनों कार्योंके मध्य मुख्य बिषे शब्दके अर्थ
निश्चय युक्तहै,। इसप्रकार जो वादीनेकहा सो बनेनहीं, क्यों
मिथ्यापनेबिना अन्यप्रकारसे सृष्टिअप्रसिद्धहै ताते,अरु निष्प्र
जनहैताते। [अर्थात् वास्तव सिद्धान्तके बिचारसे देखियेतो आ
काम एक अद्वैत परिपूर्ण परमात्माको सृष्टि रचनेके प्रयोजन
अभाव होनेसे सृष्टि अप्रयोजनहै।। अरु "सवाह्याभ्यन्तरोह्यज
ह्याह्य अन्तरसहितहै अरु अजन्मा है"। इस श्रुतिकेप्रमाण
अरु अविद्या अवस्था बिषेही विद्यमान सर्वगौणी (स्वप्नगत
थादि) अरु मुख्या जाग्रतगतघटादि, रूपसृष्टि परमार्थ
नहीं, इसप्रकार हम कहते हैं। ताते [सृष्टिकी श्रुति को

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नेहनानेतिचाम्नायादिन्द्रोमायाभिरित्यपि । अजायमानोबहुधामाययाजायतेतुसः २४ । १०३ ॥

के अनुसारी पनेकेहुये प्रमाण अरु युक्तिके अनुग्रह सहित अद्वैत ही अंगीकार करनेके योग्यहै, इस प्रकार फलित अर्थ कहते हैं] ताते " निश्चितं युक्तियुक्तञ्च यत्तद्भवति नेतरत् " (निश्चित युक्ति करके युक्त सोई होता है अन्यनहीं ; अर्थात् श्रुति करके निश्चित जो एकही अद्वितीय अजन्मा अमृत रूप वस्तु है, अरु युक्तियों करके युक्त है, सोई श्रुतिका अर्थ होनेको योग्य है, अन्य कदाचित् भी नहीं । इसप्रकार इस पूर्वके ग्रंथसे कहते हैं २३ । १०२ ॥

२४।१०३ हेसौम्य, [सृष्टिके मिथ्यापनेके स्पष्टकरनेरूप द्वारसे अद्वैतकोही श्रुतिके अर्थपनेसे निर्द्धारकरनेको श्रुतिके निश्चयकोही वर्णन करते हैं] । प्र० । श्रुतिका निश्चय कैसा है । उ० । जब भाव रूपही सृष्टिहोय तो तिसकरके नाना सत्यही होवेगा । अरु जब नानात्व सत्यहोय, एतदर्थ तिसके अभावके देखावनेके अर्थ वेदका वाक्य न होवेगा। अरु " नेहनानेतिचाम्नायादिन्द्रोमायाभिरित्यपि " (इसबिषे नाना कुछ भी नहीं, यह वेदका आम्नाय (वाक्य है,अरु इन्द्र मायाकरके ऐसे भी है ; अर्थात् । " नेह नानास्तिकिञ्चन " । (यह नाना कुछ भी नहीं) इत्यादि, यह द्वैत भावके निषेधरूप अर्थवाला वेदका वाक्य है । (अर्थात् जो यह सृष्टिभाव (सत्य, कुछवस्तु) रूप होती तो,सृष्टि प्रतिपादक श्रुतियां सर्व्व उपनिषदोंमें एकरूपही होतीं, अरु " नेहनानास्ति किंचन " यह नानात्वके अभावके प्रतिपादक अर्थवाली श्रुति न होती, अतएव सृष्टिके वाक्यों में विरुद्ध नानात्व अरु नानात्वके निषेध की श्रुतियों के देखने से नानात्वका अभावही प्रतीत होताहै) ताते प्राणके संवादवत् । अर्थात् प्राण अरु इन्द्रियों के संवाद की जो आख्यायिका है सो सर्व संघात में

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राणकी ज्येष्ठता श्रेष्ठताके लखावनेके अर्थ कल्पित है, तैसेही अद्वैत आत्मतत्त्वके निश्चयकरावनेके अर्थ कल्पित जो सृष्टि मिथ्याही है अरु "इन्द्रोमायाभिः" (इन्द्रमायाकरके) इसप्र मिथ्या अर्थके प्रतिपादक मायाशब्द करकेकथनहै ताते।शंका। मायाशब्द प्रज्ञाका वाचीहै, ताते मिथ्यार्थवाला नहींहै, । यह जो तेरा कथन है कि मायाशब्द प्रज्ञाका वाची है सो है । [यहां यह अर्थ है कि मायाशब्द की वाच्य जो प्रज्ञा सो तन्य ब्रह्म है नहीं, क्योंकि "भूयश्चान्तेविश्वमायानिवृत्ति (पुनः अन्तबिषे विश्व । कार्य । अरु माया । कारण । इसकी वृत्ति होती है) इत्यादिक श्रुतिवाक्यों से मायाकी निवृत्ति ण करने में आवती है ताते । किन्तु वह प्रज्ञा इन्द्रियजन्य है तिसको अविद्या के अन्वय अरु व्यतिरेक की अनुसारी होने अविद्यारूप होने करके मिथ्या होनेसे मायाशब्दके मिथ्या वान्पने बिषे असंभव नहीं] तथापि इन्द्रियजन्य प्रज्ञाको विद्यात्मक होने करके माया (मिथ्या) पनेके अंगीकारसे नहीं । अर्थात् अविद्या से आकाशादि भूत तिनसे इन्द्रियां ति प्रज्ञा इसप्रकार होनेसे अविद्या का अन्वय जो अविद्यात्मक तिसको मायारूप से अंगीकार करने में दोष नहीं, एतदर्थ शब्द करके जो परमात्मा सो अविद्यारूप इन्द्रियजन्य बुद्धि मय माया करके बहुत रूपहुआ प्रतीत होता है । तथाच "जायमानो बहुधा विजायत इति" (जन्मरहित हुआ बहुत कारसे जन्मता है) इस श्रुतिके प्रमाणसे । ताते "अजायमा बहुधा मायया जायते तु सः" (सो तो जन्म रहित हुआ भी करके ही बहुत प्रकार जन्मता है) अर्थात् सो इन्द्र नामव परमात्मा मायाकरके ही बहुत रूपसे जन्मता है । अतएव एकही अग्निबिषे शीतलता अरु उष्णता ' जो परस्परमें वि है, इन दोनों का होना असंभव है, तैसे एकही आत्मा जन्मरहित अजपना, अरु बहुत प्रकार से जन्मपना, यह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

संभूतेरपवादाच्चसम्भवःप्रतिसिद्ध्यते।कोन्वेनंजनयेदितिकारणंप्रतिसिद्ध्यते २५।१०४॥

(जो परस्परमें विरोधी हैं) संभवे नहीं । एतदर्थ सो परमात्मा माया करकेही बहुत प्रकारसे जन्मताहै, यह कथन युक्तही है । अरु फलवान् होने से आत्मा की एकता का ज्ञानही सृष्टिकी श्रुतियों का निश्चितार्थ है " तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यत " (तहां एकताके देखनेवालेको क्या मोह अरु क्या शोक है) इत्यादि वेदमंत्र का कथन है ताते । अरु " मृत्योः सम्मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति " (जो यह एक आत्मा बिषे नानात्व को देखता है सो मृत्यु से मृत्यु को पावता है) इस प्रकार सृष्टि आदिक भेद दृष्टि निन्दित है २४ ॥ १०३ ॥

२५।१०४॥ हे सौम्य, [भेद दृष्टि के मिथ्यापनेबिषे अन्यहेतु कहते हैं] "सम्भूतेरपवादाच्च सम्भवः प्रतिसिद्ध्यते " (संभूतिके अपवाद (निन्दा) से संभव का निषेध करते हैं) अर्थात् "अंधंतमः प्रविशन्तियेसंभूतिमुपासते" (जो संभूति की उपासना करतेहैं सो अन्धतम में प्रवेश करते हैं) इस श्रुतिके प्रमाण करके संभूति के उपासकों की निन्दा से संभव कहिये कार्य का निषेध कियाहै। अरु जिस करके परमार्थसे संभूतिके विद्यमान होने से तिसकी निन्दा संभवे नहीं, अरु श्रुतिबिषे निन्दा कियाहै, एतदर्थ तिसका अवस्तुपना ही सिद्ध हुआ । शंका । ननु, विनाश(कर्म)से संभूति कहिये देवता की उपासना के समुच्चयार्थ संभूति की निन्दा है, जैसे " अन्धंतमः प्रविशन्ति ये अविद्यामुपासते " (जो अविद्या (कर्म)को उपासते हैं सो अन्धतममें प्रवेश को पावते हैं) इस वाक्यबिषे कर्म्म से उपासना के समुच्चय की विधिअर्थ कर्मकी निन्दा है तैसे, समाधान । संभूति (हिरण्यगर्भ) रूप विषयवाली देवताकी उपासना के, अरु विनाश शब्द के वाच्य कर्म से समुच्चय के विधानार्थ, संभूति की निन्दा है, यह तेरा कथन सत्य है,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तथापि जैसे [यहां यह अर्थ है कि कामचार (यथेष्टाचरण) अ
वाद (यथेष्टकथन) अरु कामभक्षण (यथेष्टभोजन)इत्यादि स
भाविक प्रमाद मय प्रवृत्तिरूप अशुद्धिका वियोग रूप संस
जैसे नित्य अग्निहोत्रादिकों का फलहै, तैसे निष्काम पुरुष
अनुष्ठानकिये कर्म उपासनाके समुच्चय का फलरूप काम ना
अशुद्धि की निवृत्तिहै, सोभी संस्कार है] पुरुषके संस्काररूप
वाले विनाश नामक कर्म को स्वाभाविक अज्ञानसे जन्य प्र
रूप मृत्युका तरणरूप अर्थवान् पना है, तैसे पुरुषके संस्का
अर्थवाले देवताके ज्ञान अरु कर्म के समुच्चय को, कर्मफल
यक रागसे जन्य जो प्रवृत्ति तिस प्रवृत्तिरूप साध्य अरु
इन दोनोंकी इच्छारूप मृत्युका तरनारूप अर्थवान् पनाहै॥
प्रकार कर्मरूप अविद्यासे दोनों एषणारूप मृत्यु से तरे हुये
उपनिषद्रूप शास्त्रके विचारबिषे तत्परहुये; विरक्तको परमा
के एकताके विद्याकी उत्पत्ति अन्तरायवाली नहीं, इसप्रकार
होनेवाली कर्मरूप अविद्याकी अपेक्षासे पश्चात् होनेवाली अ
भावकी साधनरूप ब्रह्मविद्या, एक पुरुषसे सम्बन्ध को प्राप्त
कर्मरूप अविद्यासे समुच्चय को प्राप्त होतीहै, इसप्रकार कहा
एतदर्थ अन्यअर्थ के होनेसे अमृत भावकी साधनरूप ब्रह्मवि
की अपेक्षाकरके संभूतिका जो अपवादहै सो निन्दा के अर्थ
होताहै, समुच्चयकी विधिके अर्थनहीं। अरु यद्यपि कर्मअरु उ
सनाका समुच्चय अशुद्धिके वियोग (अभाव) का हेतुहै, एत
सोई तिसका अन्यार्थ होवेगा, अपवादरूप अन्यअर्थनहीं। तथ
परमार्थ से पवित्रतारूप फलके अभाव से अपवादकी सिद्धि
एतदर्थ संभूतिके अपवादसे संभूतिका आपेक्षकही सत्पना
इसप्रकार परमार्थ सत्रूपआत्माके एकताकी अपेक्षाकरके अ
नामवाले संभव (कार्य) का निषेध कियाहै। इसप्रकार मा
रचित अरुअविद्यासे स्थितहुयेजीवको अविद्याके नाशहुये स्व
रूप होनेसे परमार्थसे "कोन्वेनं जनयेदिति कारणंप्रतिसिद्ध

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स एष नेति नेतीति व्याख्यातं निन्हुते यतः। सर्व्व मग्राह्यभावेन हेतुनाऽजं प्रकाशते २६। १०५॥

'इसको कौन उत्पन्नकरेगा इसप्रकार कारणका निषेधकिया है; अर्थात् इसको कौन उत्पन्नकरेगा' किन्तु कोई भी नहीं। जैसे अविद्या से रज्जुबिषे आरोपित, अरु पुनः रज्जुके विवेक से नष्ट हुये सर्पको कोई भी उत्पन्न करता नहीं, तैसे इसको कोई भी उत्पन्न करता नहीं, इसप्रकार कारणका निषेध करिहै। अभिप्राय यह है जो, अविद्यासे उत्पन्नहुये अरु नष्टहुये जीवका उपजावने वाला कारण कुछ भी नहीं, क्योंकि यह किसीसे भी हुआनहीं अरु कोईभी नहीं होताहुआ "नाऽयंकुतश्चिन्न बभूव कश्चिदिति श्रुतेः" २५। १०४॥

२६।१०५। हेसौम्य, [इस कथन करनेसे वास्तवकरके द्वैत होतानहीं इसप्रकार कहते हैं] "अथातो नेति नेतीति आदेशः" 'अब इसके अनन्तर नेति नेति यह आदेश होताहै' इसप्रकार सर्व-निषेधके प्रतिपादन किये आत्माके दुःखसे बोधन करनेकी योग्य ताको मानतीहुई श्रुति, बारम्बार अन्य उपायपने करके तिसही आत्माके प्रतिपादन करनेकी इच्छासे जो जो व्याख्यान किया है तिनसर्वको निषेध करैहै, अर्थात् ['सर्वको निषेध करैहै' इ-त्यादि रूप अर्थको स्पष्ट करतेहुये " सएषनेति नेतीति " 'सो यह ऐसे नहीं, ऐसे नहीं' इस श्रुतिवाक्यका व्याख्यान करते हैं। यहां यहअर्थ है कि 'सो यह ऐसे नहीं, ऐसे नहीं, इत्यादि रूप श्रुति विशेषके निषेधमुख द्वारसे आत्माकी अदृश्यरूपताको दे-खावती हुई जो दृश्यरूप कार्य, मन अरु वाणी का विषयहै तिन सर्व को अर्थसे निषेध करैहै। सोई श्रुति परमार्थसे तो अदृश्य ऐसे कहतीहुई दृश्यका वस्तुपना बनेनहीं, इसप्रकार कहतीहै। अरु तैसे हुयेवस्तुपनेके असंभवसे दृश्यवर्गका अवस्तुपनाही सिद्ध हुआ] "सएषनेति नेतीति व्याख्यातंनिन्हुते यतः"। 'सो यहनेति

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नेति व्याख्यानकरतेहैं जातेनिषेधकरतेहैं, अर्थात् सोयहऐसानहीं ऐसानहीं इसप्रकार आत्माकीअदृश्यताको देखावतीहुई श्रुति, अर्थ से उत्पत्तिवाले बुद्धिके विषय ग्राह्यवस्तुको निषेधकरती है। अर अर्थ से [शंका वनु यहश्रुति प्रपंचके समूहको क्यों निषेधकरती है, अरु इसप्रकार होने से पंकप्रच्छालन, (कीचडके धोनेके) न्यायकी प्राप्तिसे व्याख्यानकिये अर्थकीव्यर्थता होवेगी, यहशंका करके "अग्राह्यभावेन" (अग्राह्यभावसे) इत्यादिपदोंका व्याख्यान करते हैं। यहांअर्थ यह है कि " द्वेवावेत्यादि" (दोनों प्रसिद्ध) इत्यादि वाक्यकरके व्याख्यान किये, अरुब्रह्म आत्मामात्रस्वरूप से स्थितिपर्यन्त अप्रतिपादनकिये अरु ब्रह्मरूप उपेयवत् उपायपनेसे मानेहुये प्रपञ्चके बास्तवपने करके जाननेके योग्यताकी जो शंका, सो नहोय, इसप्रकार सर्व प्रपञ्चसे रहित होनेकरके अद्वितीय ब्रह्मस्वरूपके निर्धार करनेके अर्थ श्रुति, ' प्रपञ्च को आरोपित होनेसे ' तिसका निषेध करे है] उपाय को उपेयविषे स्थितिको न जाननेवाले पुरुषको उपायपनेकरके व्याख्यानकिये वस्तुकी उपेयवत् ग्राह्यता मतिहो, इस अभिप्राय से जिसकरके अग्राह्य भावरूप हेतु से व्याख्यानकिये सर्वको निषेध करते हैं। [उपायको कल्पित होने करके उसको बास्तवपनेका अभाव है ताते, अरु उपेय (उपायकरके प्राप्तहोने योग्य ब्रह्म) को कैसे तिसप्रकारसे (उपायके अवस्तुपनेके प्रकारसे) वा (तिससत्यरूप प्रकारको) वस्तुकी प्राप्ति कैसे होवेगी। यह शंका करके " अज अजन्मा इत्यादि पदका व्याख्यान करतेहैं। यहां यह अर्थहै कि, आरोपित सर्व प्रपञ्चके निषेधसे ही , आरोपित सर्पादिकों के अधिष्ठानपनेसे भिन्न असत्पनेवत्, स्वतन्त्रपने करके (अर्थात् अधिष्ठानकी सत्ताविना) मूर्त्तादि प्रपञ्चरूप उपायके वास्तवपने के अभावके निश्चयसे,उपेयरूप अद्वितीय ब्रह्ममात्र स्वरूपताको ही प्राप्तहुये, अरु ब्रह्मकी सदा एकरूपता कूटस्थता नित्यज्ञान स्वभावता, आदिकोंके जाननेवाले जो पुरुष तिनउत्तमाधिकारि-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सतो हिमायया जन्म युज्यते न तु तत्त्वतः। तत्त्वतो जायते यस्य जातं तस्य हि जायते २७। १०६॥

योंको, अन्यकी अपेक्षासे विनाउक्त विशेषणवाला आत्मतत्त्वस्वयं आपही प्रकाशितहोताहै। अरुकल्पित प्रपञ्चका जो उपायपनाहै प्रतिबिम्ब आदिकोंवत् अविरुद्धहै] ताते ऐसेउपायकी उपेयविषे स्थितिकोही जाननेवाले को अरु उपेयकी नित्य एकरूपता है, इसप्रकारके जाननेवाले तिस (उत्तमाधिकारी) पुरुषको, बाह्य अन्तर सहित जन्म रहित अजन्मा आत्मतत्त्व आप से आप ही प्रकाशताहै २६। १०५॥

२७।१०६॥हे सौम्य, [जो आत्मतत्त्वहै सो अजन्मा अद्वितीय परमार्थ रूपहै, अरु जो द्वैतहै सो मायासे कल्पित असत्यहैं, इस प्रकार प्रतिपादनाकिया, तहां ही अन्यहेतुको भी कहते हैं] इसप्रकारही शतावधि श्रुतियोंके प्रमाणसे बाह्यान्तर सहित अजन्मा आत्मतत्त्व अद्वैतहै, ताते अन्यहै नहीं, इसप्रकार (विद्वानों को) निश्चितही है, अरु सो तैसे युक्तिसे भी निश्चितही है,। अब यह ही आत्मतत्त्व (जो श्रुतिके प्रमाणों से अरु युक्तियोंसे निश्चित किया है) पुनः अन्ययुक्तिसे भी निर्द्धार करते हैं, ऐसे कहाहै। अरु जो ऐसा कहे कि तहां यह आत्मतत्त्व सदाही अग्राह्यहै ताते असत् होवेगा,सो कथन बनेनहीं,क्योंकि कार्यरूप लिंगवाले अनुमानके वशसे [यहां यह अनुमानरूप अर्थहै कि विवादकाविषय जो जगत्का जन्म सो सत्रूप अधिष्ठानवाला है, कार्य होनेसे, प्रसिद्धकार्यवत्] आत्मतत्त्वके अकारणपनेकरके सद्भावके निर्णय से। जैसे विद्यमान मायाविका मायाकरके जन्मरूप कार्य है, तैसे जगत्का जन्मरूप जो कार्य है सो ग्रहण कियाहुआ मायावीवत् विद्यमान जगत्के जन्म अरु मायाका आश्रयरूपही आत्मा को लखावे है (जो कारण सहित इसजगत्का कोई आश्रय अधिष्ठान सत्य चैतन्य रूपहै) अरु जिसकरके विद्यमान कारण से

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

असतो मायया जन्म तत्त्वतो नैव युज्यते । बन्ध्यापुत्रो न तत्त्वेन मायया वाऽपि जायते २८ । १०७ ॥

मायारहित हस्ति आदिक कार्योंवत् मायासे जगत्का जन्म है, असत्कारणसे नहीं, ताते कारणका सद्भाव विवादसे रहि है । अरु परमार्थसे तो आत्माका जन्म घटता नहीं । अथवा विद्यमान रज्जुआदिक वस्तुकासर्प आदिक रूपसे जन्मवत्मा करके जन्म घटित है, स्वरूप करके तो नहीं । तैसे "सतो मायया जन्म युज्यते नतु तत्त्वतः" (सत्का मायासे जन्म है तत्त्वसे तो नहीं ; अर्थात् जैसे रज्ज्वादिकों का सर्पादिरूप जन्म घटे है, तैसे अग्राह्य सत्रूप आत्माका भी मायासे जन्म घटितहै, परन्तु तत्त्व (परमार्थ) सेही अजन्मा आत्माका जन्म नहीं । अरु "तत्त्वतो जायते यस्य जातं तस्यहि जायते" जिसके (मतबिषे) जाते जन्मताहै तिसके (मतबिषे) जन्मको प्राप्त सत्ता जन्मता है ; अर्थात् पुनः जिस वादीके मतबिषे जिसका तत्त्वसे (अर्थात् परमार्थसत् रूपसे) अजन्मा आत्मतत्त्व जगत्रूप से जन्मताहै, तिसवादीके मतबिषे अजन्मा जन्मताहै, इसप्रकार कहनेको शक्य नहीं । क्योंकि अजन्माका जन्मसे विरोधहै तस्मात् एतदर्थ तिस वादीके मतबिषे, अर्थात् जन्मको पावताहुआ जन्मता है, इसप्रकार प्राप्तहुआ । तिसकरके जन्मको प्राप्तहुये आत्मा को पुनः जन्मको प्राप्तहोने करके अनवस्थाकी प्राप्तिहै, अर्थात् अजन्मा एकही आत्मतत्त्वहै, यह सिद्धहुआ २७ । १०६ ॥

२८ । १०७ ॥ हेसौम्य, [कार्यजोहै सो सत्रूप कारण पूर्वक है, ऐसीव्याप्तिहै नहीं, क्योंकि असद्वादियों करके असद्रूप कारण से सत्रूप कार्यके जन्मका अंगीकारहै, "असदेवेदमग्र आसीत् एकमेवा द्वितीयं तस्मादसतः सज्जायेत" यहशंका करके कहते हैं] "असतो मायया जन्म तत्त्वतो नैव युज्यते" (असत् मायासे वा तत्त्व से जन्म घटता नहीं ; अर्थात् असत् वादि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यथास्वप्ने द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः। तथाजाग्रद्द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः २९। १०८॥

योंके मतबिषे असत् पदार्थका मायाकरके वा तत्त्वसे किसी भी प्रकारसे जन्म घटित नहीं, तिसको अदृष्टरूपताहै ताते अरु "बन्ध्या पुत्रो न तत्त्वेन मायया वापि जायते" ‘बंध्याकापुत्रतत्त्व करके वामायाकरके भी जन्मकोपावतानहीं; अर्थात् बंध्याकापुत्र जो अत्यन्त असत् है ताते उसका बास्तव करके तो क्या किन्तु माया करके भी जन्मको पावता नहीं, अतएव असद्वाद दूरसे-ही अघटित ‘ त्याजनीय ’ है, इत्यर्थः २८। १०७॥

२९।१०८॥हे सौम्य,[सत्वस्तुकाही मायासेजन्महोताहै,इस प्रकार कथनकिये अर्थकोही प्रतिपादन करतेहैं]।प्रश्नापुनःसत्वस्तु काही मायासे जन्म कैसे है। उत्तर। तहां कहतेहैं, जैसे रज्जुबिषे कल्पित सर्प अपने अधिष्ठान रज्जुरूप से देखेहुये सत्यहै, इसप्रकार मन जो है सो परमार्थ ज्ञानस्वरूप आत्मरूप से देखाहुआ सत् है" यथास्वप्ने द्वयाभासंस्पन्दतेमाययामनः" ‘जैसे मन स्वप्नबिषे मायासे द्वैताभास रूपहुआ स्फुरता है’ अर्थात् जो मन अपने अधिष्ठान रूपसे देखाहुआ सत् है, सो मन जैसे रज्जुमें सर्प तैसे मायाकरसे ग्राह्य अरु ग्राहकरूप से द्वैताभासरूप हुआ स्फुरता है। तैसेही "तथाजाग्रद्द्वयाभासंस्पन्दतेमाययामनः" ‘तैसे जाग्रत्बिषे मन मायाकरके द्वैताभास रूपहुआ स्फुरता है’ अर्थात् जैसे मन स्वप्नबिषे माया वा अविद्या करके द्वैताभास ‘ जगदाभास ’ रूपहुआ स्फुरता है, तैसेही जाग्रत्बिषे भी मन मायाकरके जगदाभास रूपहुआ स्फुरता है। अर्थात् अविद्या के आश्रय हुआ मन स्वप्नबिषे अध्यास संस्कार के वश आपही जगदाकार से स्फुरण होताहै, तहां जैसे पूर्वके संस्कार अध्याससे स्वप्नमें आपको सोयाहुआ स्वप्नान्तर में देखताहै तैसेही स्वप्नके जाग्रत् मेंसे स्फुरण के तीव्र संवेगसे उस जाग्रतन्तर इस दीर्घ जाग्रत्रूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अद्वयञ्चद्वयाभासं मनः स्वप्ने न संशयः । अद्वयञ्चद्वयाभासं तथाजाग्रन्नसंशयः ३० । १०९ ॥

मनोदृश्यमिदंद्वैतं यत्किञ्चित्सचराचरम् । मनसो ह्य मनीभावे द्वैतं नैवोपलभ्यते ३१ । ११० ॥

स्फुरण जगदाकार होताहै । ताते यह सर्व स्वप्नरूपही है, परन्तु तैसा भासता तबहै जब बोधरूप जाग्रत् में स्वस्वरूप बिषे जागताहै अरु जाग्रत् स्वप्नका जो भेदहै सो मनके 'मन्द' मन्दतर 'तीव्र' तीव्रतर स्फुरणका भेद है, परन्तु असत्यता अरु स्मृतिमात्रता में दोनों की तुल्यता है। २९ । १०८ ॥

३०।१०९ ॥हे सौम्य,[तब द्वैतका स्वीकार किया, यह आशंका करके कहते हैं] "अद्वयंचद्वयाभासंमनःस्वप्नेनसंशयः" "स्वप्नविषे अद्वैत हुआ मन द्वैताभास स्फुरताहै यहां संशय नहीं" अर्थात् रज्जु सर्पवत् 'परमार्थ से आत्मरूप करके अद्वैत हुआ मन स्वप्नविषे द्वैताभास । नानारूप । होयके स्फुरता है । अरु स्वप्नबिषे हस्तिहयादिक ग्राह्य, अरु चक्षुरादिक ग्राहक यह दोनों ज्ञानसे भिन्न नहीं, एतदर्थ इसमें । मनके स्वप्नरूप से स्फुरणेबिषे । संशय नहीं । तैसेही "अद्वयञ्चद्वयाभासंतथाजाग्रन्नसंशयः" "तैसेही जाग्रत्बिषे भी मन अद्वैतरूप हुआ सताभी द्वैताभास । नानाप्रपंचाकार । होयके स्फुरता है इसमें भी संशय कुछनहीं । क्योंकि परमार्थसत्रूप विज्ञानमात्ररूपका अविशेष हैताते। अर्थात् यावत् जाग्रत् स्वप्नका नानारूप जगत् है सो केवल एक मनके स्फुरणमात्रहै क्योंकि सुषुप्ति समाधि आदिकों बिषे मनके लयहुये जगत्का अभावही है ताते मनके स्फुरणसे इतर जगत् नहीं ३०।१०९॥

३१।११० हेसौम्य; [मनोमात्र द्वैत है इस कथन। बिषे अब प्रमाण कहते हैं]रज्जु सर्पवत् कल्पनारूप मनही द्वैतरूपसे युक्तहै, तहां कौन प्रमाणहै, जब यह शंका हुई तब अन्वय अरु व्यतिरेकरूप अनुमानको कहते हैं । प्रश्न। सो कैसा अनुमान है । उत्तर।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आत्मसत्यानुबोधेन न संकल्पयते यदा। अमनस्तां तदायाति ग्राह्याभावेतदग्रहम् ३२। १११॥

"मनोदृश्यमिदंद्वैतंयत्किञ्चित्सचराचरम्" (देखने योग्य जोकुछ यह चराचर द्वैतहै मनही है) अर्थात् तिसही कल्पनारूप मनसे देखनेयोग्य जो कुछ यह सचराचर नानाद्वैतहै सोसर्व मनकी कल्पनारूप होनेसे मनहीहै, यह प्रतिज्ञाहै, क्योंकि तिस मनके भावहुये द्वैतका भाव अरु मनके अभावहुये द्वैतका अभाव होताहै ताते। अरु "मनसोह्यमनीभावे द्वैतं नैवोपलभ्यते" (जाते मनके अमनीभावहुये द्वैतको देखतेनहीं) अर्थात् जिस करके रज्जुबिषे लयकोप्राप्तहुये सर्पवत्, विवेक ज्ञानके आभास अरु सम्यक् वैराग्यकरके 'समाधिबिषे वा सुषुप्तिबिषे मनके अमन भाव (अफुर, निरोध) के हुये द्वैत प्रपंच देखतेनहीं। अर्थात् रज्जुबिषे जब सर्पकी प्रतीति भ्रांतिसे होती है तब तिस अध्यस्त सर्पसे भय कम्प स्वेदादिक हो आवतेहैं। अरु तिस भ्रांतीरूपअवस्थाबिषे जो भय कम्पत्वादि होतेहैं तिसकाकारण अध्यस्त सर्प है रज्जुनहीं। अरुजब सत्यरूप रज्जुका सम्यक् विवेक ज्ञानहोता है तब उस अध्यस्त सर्पके स्वाधिष्ठानमें लयहुये भय कम्पत्वादि सर्वका अशेष अभाव होताहै, अरु एकसत्य रूप रज्जुही अवशेष रहतीहै। तैसेही रज्जुस्थानीय एकअद्वैत सत्रूप आत्माबिषे तिसके अज्ञानसे सर्पस्थानीय मन स्फुरणहोता है तिस मन करके भय कम्पत्वादि स्थानीय सचराचर प्रपंच 'द्वैतरूप जगत्उपजताहै, ताते द्वैतरूप प्रपंचका कारण मनका स्फुरणहै। अरुजब आचार्य करके अपने आप सत्यरूप आत्माका सम्यक् विवेकज्ञान होताहै तब निर्विकल्प वा विचार समाधिमें मनके अमन 'अफुर' भावके प्राप्तहुये समस्त द्वैताभासका अशेष अभाव होताहै। एतदर्थ यहां द्वैतके अभावसे अद्वैत भाव सिद्धहै ३१। ११०॥

३२। १११॥हेसौम्य, [समाधिअरु सुषुप्तिबिषे द्वैतकी अप्रती

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तिकेहुये भी तिसका असत्पना नहीं, यह शंकाकरके प्रमाणके आधीन प्रमेयकी सिद्धिहै इस अभिप्रायसे कहतेहैं ॥ अरु मनका जो अमन भावकहा, अब तिसको प्रतिपादन करतेहैं] ।प्रश्न। पुनः इस मनका (जो द्वैतका कल्पकहै) अमनीभाव कैसे होताहै, उत्तर "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्" (वाणीसे उच्चारकिया विकार नाममात्र (कहनेमात्र) हीहै अरु मृत्तिकाही सत्यहै) इस श्रुतिके प्रमाणसे मृत्तिकावत् आत्मरूप ही जो सत्यहै, तिस सत्का "ऐतदात्म्यमिद ँ सर्वं तत्सत्य ँ स आत्मा तत्त्वमसि" इत्यादि शास्त्रका आचार्य द्वारा उपदेशहोनेके अनन्तर जो बोधहोता है सो सत्यरूप आत्माका अनुबोध है, ऐसे कहते हैं (आत्मसत्यानुबोधेन न संकल्पयते यदा) (सत्यरूप आत्माके अनुबोधसे जब 'मन' संकल्पको करता नहीं) अर्थात् तिस सत्यरूप आत्माके अनुबोधसे संकल्पके अभावसे युक्त होने करके जब (तिसकालबिषे) मन संकल्पको करतानहीं ।अर्थात् जैसे बरफकी पूतली सूर्यके तेजके प्रभावसे अपने कारण रूप जलमें लयहोती है, तैसे यह स्वाधिष्ठानसे अभिन्न मन रूप पूतली आचार्यरूप सूर्यके उपदेशके प्रभावसे अन्तरमुख हुई बरफकी पूतलीवत् अपने कारण अधिष्ठान आत्मरूप जलमें लीन होताहै, तब तिसकालमें वा तिस निर्विकल्प समाधिमें अपने अमनभावको प्राप्तहुआ संकल्प करता नहीं, अर्थात् स्फुरण होतानहीं। "अमनस्तां तदायाति ग्राह्याभावे तदग्रहम्" (तब ग्राह्यके अभावहुये ग्रहणरहित हुआ सो 'मन' अमनभावको पावता है) अर्थात् आत्माके अनुबोधसे यह मन संकल्पको करतानहीं, तब , तिसकाल बिषे , जलावने योग्य काष्ठादिकों के अभावहुये अग्निके जलनेके अभाववत् , ग्राह्य वस्तुके अभावहुये ग्रहणकी कल्पना से रहितहुआ सो मन अमन भावको प्राप्तहोता है॥ अर्थात् "अमनाःशुभ्रो" इत्यादि प्रमाणसे जैसा मनका अधिष्ठान आत्मा अमन है तैसाहीमन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अकल्पकमजं ज्ञानं ज्ञेयाभिन्नं प्रचक्षते। ब्रह्मज्ञेयमजंनित्यमजेनाजंविबुद्धयते ३३। ११२॥

अमन होता है "ब्रह्मविद्ब्रह्मैवभवति" ३२। १११॥

३३।११२॥ हे सौम्य, जो यह मनप्रधान द्वैत असत् है, तो यह समीचीन आत्मतत्त्व किसकरके जानाजाताहै, जहां इसप्रकारकी शंकाहै तहां समाधान कहतेहैं "अकल्पकमजं ज्ञानं ज्ञेयाभिन्नं प्रचक्षते" (कल्पनारहित अज ज्ञानस्वरूपको ज्ञेयसे अभिन्न कहतेहैं) अर्थात् सम्यक् आत्मानुभवी जे ब्रह्मवेत्ताहैं सो सर्वकल्पनासे रहित अजन्मा। अर्थात् "येनेदꣳ सर्व्वं विजानाति तं केन विजानीयात्" "यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनोमतं" इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाणसे, जो मन बुद्ध्यादिकोंकी कल्पनामें आवता नहीं अरु जो मन बुद्ध्यादि 'अर्थात् तृणसे ब्रह्मपर्यन्त, सर्वका कल्पक है, अरु जो सर्वका कल्पक है सो कल्पित होता नहीं, इस परम सिद्धान्त से, सर्व कल्पनासे वर्जित है, अरु जिसकरके सर्वकल्पनासे वर्जित है तिसही करके अजन्माहै। ऐसा जो ज्ञप्तिमात्र ज्ञानस्वरूप। आत्मा। है तिसको परमार्थसे सत् ब्रह्मरूप ज्ञेय अभिन्न कहतेहैं। मुमुक्षुओंकरके अज्ञात अवस्थामें जाननेयोग्य। से अभिन्न कहते हैं। अर्थात् "अयमात्माब्रह्म" यह आत्माही ब्रह्म है, ताते "नातः परमस्ति" इस आत्मासे भिन्न 'ब्रह्म नहीं' क्योंकि "तत्त्वमेवत्वमेवतत्" "तत्त्वमसि" इत्यादि श्रुतियोंके महावाक्योंने इस ज्ञानस्वरूप चैतन्य आत्मा कोही ब्रह्मकरके कहाहै, ताते सम्यक् आत्मानुभवी ब्रह्मवेत्ता इस ज्ञानरूप आत्माको उक्तप्रकार ज्ञेयरूप ब्रह्मसे अभिन्न कहते हैं। क्योंकि, "न हि विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपोविद्यते" "विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" (अग्निकी उष्णतावत् विज्ञाती (बुद्धि) के विज्ञाताका लोपनहीं, विज्ञान आनन्दरूप ब्रह्महै, सत्य ज्ञान अनन्तब्रह्महै। इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निगृहीतस्य मनसो निर्विकल्पस्य धीमतः । प्रचारः स तु विज्ञेयः सुषुप्तेऽन्यो न तत्समः ३४ । ११३ ॥

से सो ज्ञान ब्रह्मरूप ज्ञेयसे अभिन्न है ॥ अब तिस ज्ञानके विशेषण कहतेहैं । सो ज्ञान कैसाहै कि, "ब्रह्म ज्ञेयमजं नित्यमजेनाज विबुद्ध्यते" । (ब्रह्मरूप ज्ञेयवाला अजन्मा नित्य है, अजन्मासे जन्मरहितको जानताहै) अर्थात् अग्निसे अभिन्न उष्णता अरु उष्णतासे अभिन्न अग्निवत् जिसज्ञानके स्वरूपबिषे स्थित ब्रह्मरूप ज्ञेयहै, इसप्रकारका ब्रह्मरूप ज्ञेयवालाहै । पुनः कैसाहै कि अजन्माहै अरु नित्य है । अर्थात् जिसकरके ज्ञानस्वरूप ब्रह्म है तिसही करके अजन्माहै अरु जिसकरके अजन्माहै तिसहीकरके नित्यहै । तिस आत्मस्वरूप अजन्मा ज्ञानसे जन्मरहित ज्ञेयको आत्मतत्त्व आपही सम्यक्प्रकार जानता है । अर्थात् जैसे सूर्य नित्य प्रकाशरूपहै, तैसे नित्य एकरस विज्ञानघनहै ताते । अन्य ज्ञानान्तरकी अपेक्षा करता नहीं ॥ इत्यर्थ ॥ ३३।११२ ॥

३४।११३ ॥ हे सौम्य, [मुक्त पुरुषको जो ज्ञानका फलहै, सो स्वर्गादिवत् परोक्ष है नहीं, किन्तु प्रत्यक्ष है । एतदर्थ प्रसंग बिषे प्राप्तहुये मनके निरोधरूप ज्ञानके फलकी प्रत्यक्षताके अर्थ प्रसंगको कहतेहैं] सत्यरूप आत्माके अनुबोधकरके संकल्पको न करताहुआ बाह्य विषयोंके अभावसे इंधनादि रहित अग्निवत्, मन जोहै सो शान्तता अरु निरोधताको प्राप्तहोता है, इस प्रकार कहा अरु इसप्रकार मनके अमनीभावके होनेसे द्वैतका अभावकहा । अब कहतेहैं । "निगृहीतस्य मनसो निर्विकल्पस्य धीमतः प्रचारः स तु विज्ञेयः सुषुप्तेऽन्यो न तत्समः" । (निग्रह किये सर्व कल्पनासे रहित विवेकवाले मनका प्रचार सो तो जाननेयोग्य है सुषुप्तिबिषे अन्य है, तिसके तुल्य नहीं) अर्थात् इसप्रकार तिस निग्रहकिये सर्वकल्पनासे रहित (निर्विकल्प) अरु धीमान् (विवेकवाले) ऐसे मनका जो प्रचार । प्रत्यगात्म

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रूपसेस्थिति। सोतो कोईएकप्रकारकरके योगीपुरुषोंकरके जानने योग्य है ॥ शंका। ननु, सर्ववृत्तियों के अभावहुये सुषुप्ति विषे। स्थित मनका जैसा प्रचार है,तैसा ही प्रचार निरोध। अरु निर्विकल्पता। को प्राप्तहुये मनका भी होवेगा, क्योंकि उभय प्रकार से वृत्तिकी निरोधता तुल्यहै ताते। अतएव तिस निरोधको प्राप्तहुये मनविषे क्या जानने योग्य है। समाधान। सोबने नहीं, क्योंकि सुषुप्ति विषे अविद्या अरु तिसके कार्य मोहरूप अज्ञानसे ग्रस्त अरु अन्तर लीन (गुप्त) हुई अनेक अनर्थरूप फलवाली प्रवृत्तियोंकी बीजरूपा वासनावाले। उक्त प्रकारकी वासनाकरके युक्त। मनका प्रचार अन्यहै। अरु सत्‌रूप आत्माके। महावाक्यजन्य। अनुबोधरूप अग्नि से अशेष नाशहुईहै अविद्याऽऽदिक अनर्थरूप फलवाली प्रवृत्तियों की बीजरूपा वासना जिसकी, अरु शान्त हुयेहैं सर्वक्लेशरूप मल जिसके, इसप्रकारके निरोधको प्राप्तहुये मनका जो ब्रह्मस्वरूप बिषे स्थितिरूप स्वतन्त्र प्रचारहै सो अन्यहै। अर्थात् काम कर्म वासना अविद्या इत्यादि अनर्थ करके युक्त मनका जो सुषुप्ति बिषे प्रचार (लय) है सो अविद्यामें लयहै,जैसे सधूम अग्नि आवरण को पाया लयहुयेवत् भासताहै तैसे। अरु महावाक्यार्थके सम्यक् ज्ञानाग्निकरके जिसकी कामकर्म वासना अरु अविद्या, अशेष भस्महुई हैं, ऐसे मनकी जो निर्विकल्प समाधि बिषे आत्मतत्त्वमें लयता है सो। इंधनादि उपाधि से रहितहुये अग्नि की अपने सामान्यनिर्विशेष रूपमें लयतावत् है। ताते सुषुप्तिमें मनकी लयतासे यह ब्रह्मस्थितिरूप लयता अन्यही है, इस लयताको सोई जानता है कि जिस योगीको निर्विकल्प समाधि प्राप्तहै। एतदर्थ यहसुषुप्ति को प्राप्तहुये मनकाप्रकार तिस। आत्म स्थितिको प्राप्तहुये मनके प्रचार। के तुल्य नहीं। जिस करके इस प्रकार है, तिसही करके तिस निरोधको प्राप्तहुये मन को जाननेको। वाकरनेको। योग्यहै। इत्यभिप्रायः ३४।११३॥

३५। ११४॥ हे सौम्य, पूर्व जो कहा कि सुषुप्तिको प्राप्तहुये

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लीयतेहि सुषुप्ते तन्निगृहीतंनलीयते । तदेवनिर्भयं ब्रह्म ज्ञानालोकंसमन्ततः ३५ । ११४ ॥

मनके प्रचारका अरु । निर्विकल्प । समाधिको प्राप्तहुये मनके प्रचारका भेद है, तिसबिषे अब हेतु कहतेहैं " । लीयते हि सुषुप्ते तन्निगृहीतंन लीयते " । ' सुषुप्ति बिषे सो लीन होता है, गृहीत हुआ लीनहोता नहीं ; अर्थात् जिसकरके सुषुप्तिबिषे सो मनलीन होताहै, अर्थात् सर्व अविद्यादिक वृत्तियोंकी बीजरूप वासनाकरके सहित अज्ञानमय अविशेष रूप बीज भावको पावताहै, अरु समाधिको पाया हुआ मन विवेक ज्ञानपूर्वक निरोधको पायासत लीनहोता नहीं अर्थात् अज्ञानरूप बीजभावको पावतानहीं । तातें सुषुप्तिवाले अरु समाधिवाले मनकेप्रचारका लीनताका भेदयुक्त ही है । अरु जब समाधिको प्राप्तहुआ मन, ग्राह्य अरु ग्राहक रूप अविद्याके किये उभय मलसे रहित होताहै, तब सो मन परम अद्वैतरूप ब्रह्मभावकोही प्राप्तहुआ होताहै । एतदर्थ "तदेवनिर्भयं ब्रह्म ज्ञानालोकं समन्ततः " । ' सोई निर्भयहै ब्रह्महै ज्ञानालोकहै सर्वओरसे है ; अर्थात् जब । सम्यक् आत्मज्ञानको पायके यह मन अज्ञान रूप बीज भावसे रहित शुद्ध होताहै । तब सो मन परम अद्वैत रूप परब्रह्मही को प्राप्तहुआ है, एतदर्थ सोई भयरहित निर्भय ब्रह्महै । " विद्वान्न विभेति कदाचन " क्योंकि भयका निमित्तरूप जो द्वैत तिस द्वैत भावके ग्रहणका अभाव है ताते । ब्रह्म शान्त अरु अभयहै ॥ अब तिसही ब्रह्मको विशेषण देते हैं । सोई ब्रह्म ज्ञानालोक है, अर्थात् आत्माकी स्वभावभूत चैतन्यस्वरूप ज्ञप्तिरूप ज्ञानहै ' आलोक ' कहिये प्रकाश जिसका । अर्थात् ज्ञान रूप है प्रकाश जिसका । ऐसा जो ब्रह्म तिसको ज्ञानालोक (एकरस ज्ञानघन) कहतेहैं, अरु सर्वओर से है, तातें उसको 'समन्ततः' कहते हैं । अर्थात् आकाशवत् सर्वओर से निरन्तर व्याप्तहै " आकाशवत्सर्वगतः सनित्यः " ३५ । ११४ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अजमनिद्रमस्वप्नमनामकमरूपकम्। सकृद्विभातं सर्वज्ञं नोपचारः कथंचन ३६। ११५॥

३६। ११५॥ हे सौम्य, [प्रसंगबिषे प्राप्तप्रहुये अर्थको अन्य प्रकारसे भी निरूपण करते हैं] "अजमनिद्रमस्वप्न मनामकमरूपकम्" (अज है अनिद्रा है अस्वप्न है अनाम है अरूपहै ; अर्थात् सोई ब्रह्म । अर्थात् ब्रह्मनामक आत्मा कि जिसबिषे ज्ञानद्वारा लीनहुआ मन ब्रह्मभाव को प्राप्त होताहै । जन्म के निमित्तके अभावसे "सबाह्याभ्यन्तरोह्यजः" बाह्य अन्तर सहित अजन्मा है । अरु जिसकरके रज्जुसर्पवत् अविद्यारूप निमित्त वाला जन्म है, इस प्रकारहम कहतेहैं । अर्थात् जन्मके निमित्त जे अविद्याकाम कर्मादिक तिनके अत्यन्ताभाव से ब्रह्मबिषे जन्मका हेतु न होनेसे वो वास्तव करके सदा अजन्माही है, तिस बिषे अद्वैत के बोधार्थ आरोपमात्र जन्म (जगदुत्पत्ति) कही है, सो 'जैसे भ्रान्तिरूप निमित्त से रज्जुका सर्परूप से जन्महै तैसे उस अज ब्रह्मका अविद्यारूप निमित्तवाला जन्म है ऐसा हम कहते हैं । अरु सो अविद्या आत्मारूप सत्यके अनुबोध से निरोध को प्राप्तहुई है, एतदर्थ सो अजन्मा है । अर्थात् 'जैसे रज्जुको स्वस्वरूप विषयक भ्रान्ति का अत्यन्ताभाव है ताते सो भ्रांति करके भी सर्परूप से 'जो केवल भ्रान्तिमात्रही है, जन्मवान् न होके सदा अजन्माही है, क्योंकि रज्जु जो सर्परूप से भासती है सो भ्रान्तिकाल बिषे बुद्धिको भासती है स्वयंरज्जुको नहीं, तैसेही सदा ज्ञानप्रकाश स्वरूप अद्वितीय आत्मामें जन्मके निमित्त अविद्या आदिकों के अत्यन्ताभाव से उसके शुद्ध सत्यज्ञान स्वरूप में द्वैतके अभाव से जन्म (जगदुत्पत्ति) अध्यारोपमात्र भी नहीं, ताते उसबिषे जे जन्म (जगदुत्पत्ति) अध्यारोपमात्र कही है सो भी अविद्याश्रित बुद्धिने अद्वैत आत्मतत्त्व के निश्चयार्थ कही है, परन्तु तिस

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अविद्यात्मक बुद्धिका उस आत्मदेव बिषे सूर्य में अन्धकारवत् अ
त्यन्त अभाव है, क्योंकि सो अविद्या अपने अधिष्ठान चैतन्यस
के आश्रय चैतन्यवत् हुई स्वाधिष्ठान में जन्मादि (जगदुत्पत्त्य
दि·) कों की कल्पना करती है, सो अविद्या आचार्य से महाव
क्यार्थ का ज्ञानोपदेश पाय अपने अधिष्ठान आत्मारूप सत्य
अनुबोधवती हुई आप अपने सत्य चैतन्य अद्वैत आत्मारूप अ
धिष्ठान में निरोध (लय) को प्राप्त होतीहै, ताते वास्तव कर
आत्माबिषे उस कल्पक अविद्या के लयहुये, उस ब्रह्मनामक शु
निरुपाधि निर्विशेष चैतन्य आत्माबिषे कल्पना के भी निमि
का अत्यन्ताभाव होने से अध्यारोपमात्र भी जन्म (जगत्
उत्पत्त्यादि) नहीं । ताते वो नित्य अजन्मा है अरु जिसकर
सो अजन्मा है तिस करके ही अनिद्र (निद्रासे रहित) है
र्थात् निद्रादिक अविद्यात्मक बुद्धिके धर्म हैं तिससे पृथक् अ
अज आत्मा तिसके नहीं ताते सो अनिद्र है । अरु जिस कर
अविद्यारूप अनादि मायामय निद्रासे अद्वैतरूप आत्मतत्त्व बि
प्रबोध को पाया है, तिसकरके स्वप्नसे भी रहितहै । अर्थात् जा
ग्रत् स्वप्न सुषुप्ति आदिक जे अविद्यात्मक बुद्धिकी अवस्था ति
से रहित है। अरु जिसकरके अप्रबोधके किये जो अपने नामरू
है, सो रज्जुके ज्ञानसे सर्पवत् अपने प्रबोध से नाशको प्राप्तहु
पश्चात् यह ब्रह्मनाम करके कहते नहीं । अर्थात् एक अद्वैत नि
र्विशेष आत्मतत्त्व बिषे नामरूपादिकों की कल्पना करनेवाल
के अभाव से उसबिषे नामरूपादि दोनों नहीं । वा वो किसी भी
प्रकारसे निरूपण किया जातानहीं । क्योंकि वाणी आदिकों क
अविषयहै ताते । तातें सो निर्विशेष आत्मतत्त्व आकार विकार से
रहित निराकार होने से नाम अरु रूपसे रहित है " यतोवाचो
निवर्त्तन्ते " ‘जहां से वाणियां निवृत्ति होतीहैं’ इत्यादि श्रुतियों
के प्रमाण से किंवा "सकृद्विभातंसर्वज्ञंनोपचारः कथञ्चन" ‘स
र्वदाही प्रकाशरूप है सर्वज्ञ है किसीप्रकार से भी उपचार है नहीं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्व्वाभिलापविगतःसर्व्वचिन्तासमुत्थितः । सुप्रशान्तःसकृज्ज्योतिःसमाधिरचलोभयः ३७।११६॥

अर्थात् सो । आत्मतत्त्व । सर्वदाही प्रकाशरूप है,क्योंकि अग्रहण अन्यथा ग्रहण आविर्भाव अरु तिरोभाव इन सर्वका अभावहै ताते अरु । ग्रहण अरु अग्रहणरूप दिवस अरु रात्रि, अरु अविद्यारूप अन्धकार, यह तीन सदा अप्रकाशपने बिषे कारण हैं, तिनका । उस अद्वैत आत्मतत्त्व बिषे । अभाव है ताते । सो सर्वदा प्रकाशरूपही है । अरु नित्य चैतन्य प्रकाशरूप होने से ब्रह्मका सर्वदाही प्रकाशरूप होना युक्तही है । इसही करके सर्वरूप जो ज्ञानस्वरूप सो कहिये ज्ञानस्वरूप सो कहिये सर्वज्ञ,ऐसा है । अर्थात् उस ज्ञानस्वरूप को सर्वरूप से सुशोभित होने करके उसको उक्तप्रकारका सर्वज्ञ कहते हैं । इसप्रकार के इस ब्रह्म (ब्रह्मवेत्ता) बिषे किसीप्रकार से भी उपचार (कर्त्तव्य) है नहीं । जैसे अन्य । अनात्मवेत्ता । को आत्म स्वरूप से इतर चित्तकी एकाग्रता आदिक कर्त्तव्य है, तैसे ब्रह्मवेत्ता को नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव करके अविद्या के सम्यक् विनाश हुये किसी प्रकार से भी कर्त्तव्यता का संभव हैं नहीं[यहां यह अर्थ है कि अविद्यादशाबिषे ही सर्व व्यवहार है, अरु विद्यादशाबिषे अविद्या को असत् होने करके कोईभी व्यवहारहै नहीं। परन्तु 'बाधितानुवृत्तिसे' अर्थात् बाधितहुये व्यवहार की अनुवृत्तिसे । विद्वान् बिषे । व्यवहार के प्रतीति की सिद्धि है । प्रातिभासिकवत् । तिस करके उस विद्वान् के स्वरूप बिषे किञ्चित् भी क्षति नहीं ३६। ११५॥

३७। ११६॥ हे सौम्य ["ब्रह्मविद्ब्रह्मैव भवति" इत्यादि श्रुति प्रमाणसे । विद्वान् ही ब्रह्महै, इसप्रकार अंगीकार करके अब प्रसंग बिषे प्राप्तहुये ब्रह्मको पुरुषके वाची लिंगसे कहते हैं] अब । ब्रह्मबिषे । नामसे रहितता आदिक उक्तार्थ की सिद्धि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

के अर्थ कारण कहते हैं "सर्व्वाभिलाप विगतः सर्वचिन्ता स्थितः" (सर्व अभिलापसे रहितहै, सर्वचिन्तासे सम्यक् उत्थ को पायाहै ; अर्थात् भाषणकरते हैं जिसकरण विशेषसे ऐसा सर्वप्रकारके कथनका करण वाणी, तिसको अभिलापकहते हैं तिस सर्वअभिलाप (कथन) से रहितहै "नातिवादी" अर्थात् जो एक वागेन्द्रियको कहाहै सो उपलक्षणमात्रके अर्थ है, एतद् ब्रह्मरूपविद्वान् वागेन्द्रिय उपलक्षणकरके सर्वबाह्य करणोंसेरहि है, यह इसकाअर्थ है। तैसेही जिसकरके चिन्तन करते हैं ऐसी बुद्धि तिसको चिन्ताकहते हैं, तिससर्व चिन्तासे सम्यक् प्रका उत्थानको पायाहै, अर्थात् बुद्धिउपलक्षण करके बुद्धि आदि स अन्तःकरणों से रहितहै, क्योंकि "अप्राणोह्यमनाशुभ्रो ह्यक्षरात् रतःपरः" (अप्रमाणहै अमनहै, अरु शुभ्रकहिये शुद्धहै, अरुका से पररूपअक्षर (कारण) तिससे परहै (इसश्रुतिके प्रमाणकर सर्वकरण अरु तिनके विषयादि इनसे रहितहै। अरु "सुप्रशान्त सरुज्ज्योतिः समाधिरचलोऽभयः" (निरन्तर शान्तहै, सर्वदाही प्रकाशरूपहै समाधिरूपहै अचल है अभयहै ; अर्थात् जिसकरके बाह्यान्तरके करणादिकोंसे रहितहै, इसहीकरके निरन्तरशान्त अरु आत्म चैतन्य स्वरूपसे सर्वदाही प्रकाशरूपहै, अरु समाधि रूप निमित्तवाली बुद्धिसे जाननेयोग्यहोनेसेसमाधिरूपहै। अर्थ "दृश्यतेत्वग्र्यया बुद्ध्यासूक्ष्मयासूक्ष्मदर्शिभिः" "प्रज्ञानेनैनमाप्नु यात्" इत्यादि श्रुतियों के प्रमाण से समाधिरूप निमित्तवाली बु द्धिका विषयहोने योग्यहै, ताते समाधिरूपहै, वा "समाधानंक्रियते चित्तंयस्मिन् स समाधिः" "जिस बिषे समाधानकरते हैं चित्तको सो कहिये समाधि, तातेभी आत्म चैतन्य प्रकाशको समाधिकहते हैं, ताते वो समाधि है, वा इस परमात्मा बिषे जीव वा तिसकी उपाधि स्थापित करते हैं, याते यह परमात्मा समाधि है अर अचल (सर्वक्रियासे रहित) है अरु जिस करके क्रिया का उस बिषे अभावहै तिसही करके अभय है ३७। ११६ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अहो न तत्र नोत्सर्गश्चिन्ता यत्र न विद्यते। आत्मसंस्थन्तदाज्ञानमजाति समतांगतम् ३८। ११७॥

३८। ११७॥ हे सौम्य, [प्रसंगविषे प्राप्तहुये अविकारी ब्रह्म विषे विधि निषेध के आधीन लौकिकरूप अरु वैदिकरूप ग्रहण अरु त्याग व्यवहार है नहीं, इस प्रकार कहतेहैं] जिस करके ब्रह्म की समाधि अचल अरु अभय है इस प्रकार कहा है, एतदर्थ "अहो न तत्र नोत्सर्गश्चिन्ता यत्र न विद्यते" (तिसविषे ग्रहण नहीं त्यागनहीं, अरु जिसविषे चिन्ता विद्यमान नहीं) अर्थात् तिस ब्रह्मविषे ग्रहण नहीं वा त्यागनहीं। अर्थात् जहां विकार वा विकारका विषयपनाहोताहै, तहां ग्रहण अरु त्यागहोताहै। ताते अन्य विकार हेतुके अभावसे अरु निरवयवहोनेसे इस ब्रह्मविषे वे ग्रहण अरु त्याग दोनों संभवेंनहीं याते तिसविषे ग्रहण अरु त्याग यहहैं भी नहीं। अरु तिस ब्रह्मविषे चिन्तानहीं। अर्थात् जहां सर्वप्रकार (मोक्षपर्यन्त) की भी चिन्तानहीं संभवेहै, अरु असनीभाव है, तहां ग्रहण अरु त्याग कहांसेहोंगे ? किन्तु कदापि न होंगे, इत्यर्थः। अरु जबही आत्मरूप सत्यका अनुबोधहुआ तबही विषयके अभावसे अग्निकी उष्णतावत् "आत्मसंस्थन्तदा ज्ञानमजाति समतां गतम्" (आत्माविषेही स्थितहुआ जन्म से रहित समताको प्राप्तहुआ ज्ञान होता है) अर्थात् आत्माके सम्यक् बोधहुये विषयोंके अभावसे अग्निविषे उष्णतावत्, आत्माविषेही स्थितहुआ, अरु जन्मसे रहित परमसमताको प्राप्त हुआ ज्ञानहोताहै "अतोवक्ष्याम्यकार्पण्यमजातिसमतां गतमिति" (याते जन्मरहित अरु समताको प्राप्तहुये अकृपणभावको कहताहौं) इसप्रकार जो इस तृतीयप्रकरणकी आदि के दूसरे श्लोकमें पूर्व प्रतिज्ञाकियाहै, सो यह युक्तिसे अरु शास्त्रसे कहा, सो यहां "अजाति समतां गतम्" (जन्मरहित समताको प्राप्तहुआ होताहै) इसप्रकार कहके समाप्तकिया। अरु इस आत्म-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अस्पर्शयोगो वै नाम दुर्दर्शः सर्व्वयोगिभिः । योगि
नोविभ्यतिह्यस्मादभयेभयदर्शिनः ३९ । ११८ ॥

रूप सत्यके अनुबोधसे जन्य ज्ञान कृपणताको विषयकरनेवाल
है, क्योंकि " यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वा ऽस्माल्लोकात् प्रैति
स कृपण, इति " (हे गार्गी जो इस अक्षरको न जानके इस म
नुष्य शरीररूप लोकसे मरणको प्राप्तहोताहै सो कृपणहै) इस
प्रकार बृहदारण्यक उपनिषद्के पंचमाध्यायके अष्टम ब्राह्मण
विषे याज्ञवल्क्यमहाराजने गार्गीप्रति कहाहै । इसश्रुतिके प्रमाण
से इस तत्त्वज्ञानको पायके सर्वजन कृतकृत्य ब्राह्मण होते हैं
इत्यभिप्रायः ॥ " यो वा एतदक्षरं गार्गि विदित्वा अस्माल्लोकात्
प्रैति स ब्राह्मणः " इत्यादि श्रुतिः ३८।११७ ॥

३९।११८ ॥ हे सौम्य, यद्यपि [परमार्थरूप ब्रह्मस्वरूपमें
स्थितिरूप फलवाला जब अद्वैतका ज्ञानहै, तब तिसका सर्वपु-
रुष आदर क्योंनहीं करते, जहां ऐसी शंकाहै, तहां कहतेहैं] यह
परमार्थरूपतत्त्व प्रत्यगात्मारूप कूटस्थ सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म
इसप्रकार पूर्वोक्तरीत्या तत्त्वज्ञानसे प्राप्तहोताहै, तथापि (तिसकी
अप्राप्तिसे) संतोषको प्राप्तहुये जे मूढपुरुष सो तिसबिषे निष्ठा
वान् होतेनहीं इसप्रकार कहतेहैं " अस्पर्श योगो वै नाम दुर्दर्श
सर्वयोगिभिः " (अस्पर्शयोग नामवाला प्रसिद्ध स्मरण करतेहैं
अरु योगियोंसे दुःखसे दर्शनकरने योग्य है ; (सर्ववर्णाश्रमादि
धर्म अरु पापादिमल) से सम्बन्धरूप स्पर्शसे रहितहै ताते, अर
जीवको ब्रह्मभावबिषे योजनाकरताहै, यह अद्वैतका अनुभवरूप
अस्पर्श योग उपनिषदोंबिषे स्मरण करते हैं । अर्थात् उक्त योग
उपनिषदोंके वाक्य प्रमाणसे निश्चित करतेहैं । सो वेदान्तशास्त्र
(उपनिषद् ब्रह्मसूत्रादि) के विज्ञानसे रहित बहिर्मुख जे कर्म
निष्ठरूप सर्वकर्मयोगी (कर्म्मासक्त) तिनोंकरके श्रवण मननादि
रूप दुःखसे देखनेके योग्यहै । अर्थात् कर्मासक्त कर्मी पुरुषोंकरके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मनसोनिग्रहायत्तमभयंसर्वयोगिनाम्। दुःखक्षयःप्रबोधश्चाऽप्यक्षयाशान्तिरेवच ४०। ११९॥

वेदान्तशास्त्र ब्रह्मविद्याके श्रवण मननादि साधनोंके दर्शन भी अति दुःसाध्य हैं। क्योंकि "न कर्म्मिणो प्रवेदयन्ति रागात्" इत्यादि श्रुतिप्रमाणसे उस कर्म्मनिष्ठको कर्म्मोंके फलके निमित्त कर्ममें रागअधिकहै ताते। अर्थात् आत्मरूप सत्यके अनुबोधरूप वस्तुकीप्राप्ति सो श्रमसे होनेको योग्यहै। अरु "योगिनो विभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः" (भयरहित बिषे भयको देखनेके स्वभाववाले। कर्मयोगी। भयको करतेहैं) अर्थात् जिसकरके भयरहित इस। आत्मरूप सत्यकेअनुबोधरूप। योगबिषे, भयका निमित्त जो अपना नाश तिसको देखनेके स्वभाववाले। अर्थात् अविनाशी अभयरूप अपनेआप आत्माबिषे नाशरूप भयकेदेखनेके स्वभाववाले। जे अविवेकी। कर्मयोगी। हैं सो अपने नाशरूप योगको मानतेहुये, सर्व भयसे रहितभी इस। आत्मानुबोधरूप। योगसे, भयको करते हैं। ताते सो। आत्मानुबोधरूप योग। सर्व योगियों करके दुःखसेही देखने (प्राप्तहोने) को योग्य है, इसप्रकार इस श्लोकके पूर्वार्द्धसे सम्बन्ध है ३९। ११८॥

४०। ११९। हेसौम्य, [उक्तप्रकार उत्तमबुद्धिवाले अधिकारी पुरुषोंके अर्थ, अद्वैतज्ञान अरु अद्वैत ज्ञानकाफल रूप मनकेनिरोधको कहके, अब मन्दबुद्धिवाले अधिकारी पुरुषोंके अर्थ मनके निरोधके आधीन आत्मज्ञान के कहनेका आरंभ करते हैं] पुनः जिनको ब्रह्मस्वरूपसे भिन्न मन अरु इन्द्रियादिक आत्मा बिषे रज्जुबिषे सर्पादिवत् कल्पितहीहै, परमार्थसे नहीं। इसप्रकारका अनुबोध हुआहै। तिन ब्रह्मस्वरूप पुरुषोंको अभय (तत्त्वज्ञान) अरु मोक्षनामक अक्षय शान्ति स्वभावसेही सिद्धहै, अन्यसाधनोंके आधीन नहीं, क्योंकि "सकृद्विभातंसर्वज्ञं नोपचारःकथञ्चन" किसीप्रकारसेभी उपचार कहिये कर्तव्य सोहैनहीं, यहपूर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उत्सेकउदधेर्यद्वत्कुशाग्रेणैकबिन्दुना । मनसोनिग्रहस्तद्वद्भवेदपरिखेदतः ४१ । १२० ॥

इसही प्रकरणके ३६वें श्लोकविषे कहाहै ताते, इसप्रकार हम कहतेहैं । अरु जो इन उत्तमाधिकारियोंसे । अन्य सन्मार्गगामी मन्द अरु मध्यम दृष्टिवाले योगी (कर्मयोगी अरु उपसनयोगी) आत्मासे भिन्न मनअरु अन्य इन्द्रियादिक तिनको आत्माकासम्बन्धी देखतेहैं तिनको "मनसो निग्रहायत्तमभयं सर्वयोगिनाम्" 'सर्व योगियोंको मनके निग्रहके आधीन अभयहै' अर्थात् जोमन अरु इन्द्रियोंको आत्माके सम्बन्धी देखतेहैं तिन आत्मरूपसत्य के अनुबोधसे रहित, सर्व योगियोंको मनके निग्रहके आधीन अभय (तत्त्वज्ञान) है । अर्थात् मनका संकल्पादिकोंसे अरुइन्द्रियोंका विषयोंसे यावत्निग्रह होतानहींतावत् यथार्थ तत्त्व(आत्म) ज्ञान होतानहीं इसप्रकार योगीजन मानतेहैं । अथवा जिसकरके अविवेकी पुरुषों को आत्माके सम्बन्धी मनको चंचल होनेते दुःखका क्षय होतानहीं, एतदर्थ उनको दुःखकाक्षय मनकेनिग्रहके आधीनहै । अर्थात् जो अविवेकी मनको आत्माका सम्बन्धी मानतेहैं तिनके मतमें आत्माको जो दुःखहै सो तिसके सम्बन्धी मनके चंचल होनेसेहै ताते आत्माके दुःखका क्षय मनके निग्रह होनेके आधीनहै जब मनका निग्रहहोय तबहीं दुःखका क्षयहोवे तिसबिना नहीं । ताते "दुःखक्षयःप्रबोधश्चाऽप्यक्षया शान्तिरेव च" 'दुःखका क्षय आत्माका प्रबोध अरु अक्षय शान्तिभी 'मनके निग्रहसेही है' अर्थात् जो योगी पुरुष मनको आत्माका सम्बन्धी मानतेहैं तिनके मतमें दुःखकाक्षय अरु आत्मज्ञान अरु पराशान्ति मोक्ष यह मनके निग्रहके आधीनही है ४०।११९॥ ४१ । १२० ॥ हे सौम्य ,[मोक्षकी इच्छावाले मुमुक्षुपुरुषों को मनका निरोध कैसे सिद्ध होवेगा , यहशंका करके कहते हैं] "उत्सेक उदधेर्यद्वत् कुशाग्रेणैकबिन्दुना" 'जैसे कुशके अग्रसे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उपायेन निगृह्णीयाद्विक्षिप्तं कामभोगयोः । सुप्रसन्नं लयेचैव यथाकामो लयस्तथा ४२।१२१ ॥

एक बिन्दुकरके समुद्रका उत्सेक हुआ है ; अर्थात् जैसे अतिसूक्ष्म कुशाके अग्र करके बाह्यफेंके हुये एक बिन्दु करके समुद्रका उत्सेक । बाह्यफेकनेका निश्चय । टिट्टिभ नामक पक्षी को हुआ है " मनसो निग्रहस्तद्वद्भवेद परिखेदतः " ' तैसे अखेद से मनका निग्रह भी होता है ; तैसे निश्चयवाले अरु उद्वेग रहित अन्तःकरणवाले जो हैं तिन पुरुषोंको अनिर्वेदरूप अखेदसे । खेद रहित । मनका निग्रहभी होताहै " अभ्यासेनतुकौंतेय वैराग्येणचगृह्यते " ४१ । १२० ॥

४२।१२१ ॥ हे सौम्य, [समाधि करनेवाले पुरुषोंको तत्त्वके साक्षात्कार होनेके प्रतिबन्धक ।विघ्न । 'लय, विक्षेप, रसास्वाद (सुरुचि) अरु कषाय (राग) है, तिनसे आगे कहनेके उपाय करके मनका निग्रह करना, क्योंकि अन्यथा समाधिकी सफलता का असंभव है ताते, इसप्रकार कहतेहैं] प्रश्न ॥ क्या खेदरहित निश्चयमात्रही मनका निग्रह होनेबिषे उपाय है । उ० । तहां 'नहीं, इस प्रकार कहते हैं " उपायेन निगृह्णीयाद्विक्षिप्तंकामभोगयोः " ' उपायसे कामभोग बिषे विक्षेपको प्राप्तहुयेको निरोध करे', अर्थात् खेदसे रहित निश्चयवान् हुआ अग्रिम कहनेके उपायसे कामभोग अरु विषयोंबिषे विक्षेपवान् हुये मनको आत्मा विषेही निरोधकरे । अर्थात् मन सहित सर्व उत्तम स्वर्गादिकों के अरु मध्यम इसलोक के यावत् दृश्य अरु अदृश्य विषयादि भोग हैं सो एक सर्वाधिष्ठान आत्माबिषे अध्यस्तहैं ताते स्वाधिष्ठानसे उनकी इतरसत्ताके अभावसे वो असत्है अरु उन सर्वका अधिष्ठान आत्मा सत्यहै, ताते जहां जहां जिस जिसबिषे मनजाय तहां तहां तिसको असत्य कल्पितजान तिनका आश्रय सत्यरूप आनन्दघन आत्माका निश्चयकर तहांही मनको स्थिरकरे । अरु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दुःखंसर्व्वमनुस्मृत्य कामभोगान्निवर्त्तयेत्। अजंसर्व्वमनुस्मृत्यजातंनैवंतु पश्यति ४३।१२२॥

"सुप्रसन्नंलये चैव यथा कामो लयस्तथा" ' लयबिषे प्रसन्नहुये को जैसा काम तैसा लयभी है ' अर्थात्, किंवा जिसबिषे मन लीनहोताहै, ऐसी जो सुषुप्ति तिसको लय कहतेहैं, तिस लयबिषे प्रसन्नहुये ' अर्थात् खेद रहितहुये ' भी मनको निरोध करे ' अर्थात् प्राणादिकोंका निग्रहकरके समाधिमेंस्थितहुआ पुरुषअपनेमनकोसुषुप्ति, निद्रा, बिषे न जानेदे क्योंकि निर्विकल्प चिन्मात्र स्थितिमें अविद्यारूप जड़ सुप्ति विघ्नकारीहै ताते ' शंका॥ नन्नु जब मन प्रसन्नहुआ तब किसवास्ते तिसका निरोधकरिये। जहां इसप्रकारकी शंकाहै, तहां समाधान कहतेहैं " सुप्रसन्नंलयेचैव यथाकामो लयस्तथा " ' लयबिषे प्रसन्नहुये कोभी ' निरोधकरो जैसाकाम है तैसाही लयभीहै ' अर्थात् सुषुप्तिमें लयहुआ मन प्रसन्नहोताहै परन्तु सुषुप्ति अविद्यारूप होनेसे तिसबिषे लयहुआ मन पुनः जाग्रत् स्वप्नरूप विक्षेप दुःखकोही पावता है, ताते जैसा काम मनको अनर्थका हेतुहै, तैसाही ' सुषुप्तिबिषे ' लयका होनाभी अनर्थकारी है, अतएव कामको विषयकरने वाले मन के निग्रहवत्, ' अर्थात् जैसे काम अरु विषयादिकोंसे मनका निग्रह करतेहैं ' निद्रारूप लयसेभी मनका निरोध करनायोग्य है ' अर्थात् लय ' सुषुप्तिमें मनकालय (निद्रा) का होना, अरु विक्षेप ' अफुरहुये मनमें संकल्पोंका फुरना, अरु रसास्वाद, समाधिसुखमेंरागका होना, अरु कषाय कर्मणी बुद्धिआदिकअन्तःकरणके दोष ' यहचारो समाधि वाले पुरुषको समाधिमें विक्षेप करनेवाले विघ्नहैं, ताते मुमुक्षुपुरुष करके जैसे कामसे मनको निग्रहकरना है तैसेही लयादि चारोंसेभी मनका निग्रह करना योग्यहै ४२।१२१॥

४३।१२२॥ हेसौम्य, [ज्ञानकेअभ्यास अरु वैराग्य ' अर्थात्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आत्माके श्रवण मननरूप ज्ञानका अभ्यास अरु समस्त नाम रूप क्रियात्मक जगत्से वैराग्य। इनदोनों उपायों करके 'लय' अरु विक्षेपसे निवर्त्त (निरोध) किया जो मन सोजब रागसे प्रतिबन्धको प्राप्तहोवे, तब श्रवण मनन अरु निदिध्यासन के अभ्याससे जन्य संप्रज्ञात (सविकल्प) समाधिपर्यन्त अभ्याससे तिस रागरूप प्रतिबन्ध से निवर्त्त करने को योग्य है। अर्थात् आत्मा के श्रवणादिकों के अभ्यासरूप उपाय करके इस मन को रागरूप प्रतिबन्ध से निवर्त्त करना योग्य है।] ॥ प्रश्न ॥ तिस मन के। [कि जिसका स्थित अचलहोना योगीजन इच्छतेहैं।] निग्रहकरनेका उपाय कौनहै, । तहां ज्ञानाभ्यास अरु वैराग्य उपायहै, इसप्रकार उक्त प्रश्नका उत्तर कहतेहैं "दुःखं सर्व्वमनुस्मृत्य कामभोगान्निवर्त्तयेत्" 'सर्व्व दुःखरूपहीहै इस प्रकार स्मरण करके कामके भोगको निवारणकरे' अर्थात् अविद्यारचित समस्त द्वैतसर्व दुःखरूपहीहै, इसप्रकार[ज्येष्ठ श्रेष्ठोंसे वा शास्त्रसे स्मरणकर]सर्वदा स्मृतिमें रखके कामके भोग(रूपादिविषय)से प्रसरित हुये मनको। अर्थात् जो कामनाके बशहुआ मृगजलवत् इसलोक परलोकादिकोंके उत्तम मध्यम विषयभोग तिनबिषे आसक्त प्रसरितहुआ क्षणमात्रको भी विश्राम पावता नहीं, ऐसा जो विक्षेपवान् चंचलमन तिसको। वैराग्यकी भावना से निवारणकरे ।। अर्थात् यावत् उत्तम मध्यम बिषयभोगहैं, तिन बिषे यद्यपि सुखभी प्रतीतहोताहै, तथापि बिषयुक्त अति सुन्दर स्वादिष्ट पाकवत् साधन परतन्त्रत्व अरु क्षीणत्व यहदो अनिवार्यदोष तिनकरके युक्त बिषय दुःखरूपही हैं, इसप्रकार सम्यक्ज्ञान के अनुभवकरके, अरु "श्वोभावामर्त्यस्य यदन्तकैतत् सर्व्वेन्द्रियाणाञ्जरयन्ति तेजः" इत्यादि श्रुतिवाक्योंसे स्मरणकर उक्त प्रकार सर्वत्र सम्यक्दोषदृष्टिरूप वैराग्यकीभावनासे निवारणकरे। अरु "अजं सर्व्वमनुस्मृत्य जातं नैव तु पश्यति" 'अजन्मासर्व है ऐसा स्मरण करके उत्पन्नहुआ कुछभी तो जानता नहीं', अर्थात्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लयेसम्बोधयेच्चित्तंविक्षिप्तंशमयेत्पुनः । सकषायंविजानीयात्समप्राप्तंनचालयेत् ४४ । १२३ ॥

अजन्मा ब्रह्मरूप सर्वहै, इसप्रकार श्रुति अरु आचार्यके उपदेशसे स्मरणकरके पश्चात् तिस ज्ञानाभ्यासके दृढहोनेसे । तिससर्वात्म भावसे विपरीत द्वैतके समूहको तिसके अभाव से देखताही नहीं ४३ । १२२ ॥

४४।१२३॥ हेसौम्य, "लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तंशमयेत्पुनः" लयबिषे चित्तको प्रबुद्धकरे विक्षेपके प्राप्तहुयेको शान्तकरे, अर्थात् उक्तप्रकारके इन ज्ञानके अभ्यास अरु वैराग्य रूप उभय उपायोंकरके लय (सुषुप्ति)बिषे लीनहुये चित्तको जगावे । अर्थात् आत्माके अनुभव ज्ञानबिषे लगावे । अर्थात् समाधिकालमें जब चित्त सुषुप्तिमें प्राप्तहोनेलगे तब लयहोनेसे पूर्व उस निर्विकल्प अवस्थाबिषे कि जहां मन अरु प्राण के अवरोध से बिशेष वृत्ति आदिकों का अभाव अरु सामान्य आत्मानुभवाकार वृत्ति का भाव है तिनभावाभावका प्रकाशक साक्षीआत्मा अज्ञात सुषुप्तिसे पृथक् सिद्धहै कि जिसकरके अज्ञात सुषुप्ति सिद्ध होती है सो अनुभवतत्त्व लयादिकोंका साक्षी नित्य जाग्रत (बोध) स्वभाव है तिस अधिष्ठानबिषे चित्तको जोडे । ॥ पुनः कामोंके भोगों (बिषयों) बिषे विक्षेपको प्राप्तहुये चित्तको शान्तकरे । इसप्रकार बारम्बार बिचार अभ्यास करनेवाले योगीका चित्त लयसेजगाया गया, अरु बिषयोंसे निवृत्तकियागया, अरु समभावको प्राप्तहुआ नहीं, किन्तु मध्य अवस्थावालाहै, तब सो उस अवस्थामें कषाय दोषवालाहै "सकषायंविजानीयात् समप्राप्तंनचालयेत्" कषाय सहितको जानना समप्राप्तको चलावेनहीं, अर्थात् लयतासेजागा अरु समताको प्राप्तहुआ नहीं ऐसेजो समाधिकी मध्यमावस्थाको प्राप्तहुआ चित्त सो कषायदोष सहित होता है, तब तिस कषाय रागके (बीज) सहितको जानना । अरुतिस कषायसेभी सविकल्प

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नास्वादयेत् सुखं तत्र निःसंगप्रज्ञया भवेत्। निश्चलं निश्चरत् चित्तं एकीकुर्य्यात् प्रयत्नतः ४५।१२४॥

समाधिरूप प्रयत्नसे निर्विकल्प समाधि रूप समभावको प्राप्तकरे है, परन्तु जब चित्त सर्व विशेष वृत्तियोंको त्यागके केवल समभावकी प्राप्तिके सन्मुखहोय तब तिस सम प्राप्तिवाले चित्तको चलावे 'स्फुरणा के सन्मुख करे नहीं ४४। १२३॥

४५।१२४॥ हेसौम्य [समाधि करनेकी इच्छाबिषे जो सुख उपजताहै तिससुखको बिषय करनेवाली इच्छासेभी मनकोरोकना योग्यहै इसप्रकार कहतेहैं] समाधि करनेकी इच्छावाले योगीको "नास्वादयेत् सुखं तत्र निःसंगप्रज्ञया भवेत्" 'सुख को स्वादन करेनहीं तहां प्रज्ञाकरके निःसंगहोय', अर्थात् 'निर्विकल्प' समाधि को प्राप्तहोनेकी इच्छावाले योगीको 'निर्विकल्प समाधिसे पूर्व सविकल्प समाधि बिषे चित्तको बिषयोंसे उपराम अरु प्रत्यक् आत्माके सम्मुख होनेसे' जो सुख होताहै तिसको सोयोगी आस्वादन करेनहीं। अर्थात् सविकल्प समाधिके अन्त अरु निर्विकल्प समाधिके पूर्वमें जो सुखहै तिसके आस्वादनको रसास्वाद कहते हैं तिस बिषे आसक्त होवेनहीं। क्योंकि तिस समाधि बिषे जो सुख प्रतीत होताहै सो अविद्याकरके कल्पित। विशेषके अभाव अरु अन्तर मुखता करके जन्य। मिथ्याहै। क्योंकि वो सत्य आत्मानन्द सुखनहीं ताते। ऐसी विवेकवती बुद्धिकरके निःसंग। अर्थात् उक्त अविद्यात्मक सुखसे निस्पृह। होवे। अर्थात् उस सुखकी स्पृहासे रहित असंगहुआ परमानन्दमय आत्माकी भावनाकरे, अर्थात् तिस समाधि सुखके रागसेभी चित्तको निरोधकर अराग आत्माकार होवे। अरु "निश्चलं निश्चरत् चित्तं एकीकुर्य्यात् प्रयत्नतः" 'निश्चल बाहर जानेवाले चित्तको प्रयत्नसे एकाकारकरना', अर्थात् जब सुखके रागसे निवृत्तहोके निश्चल स्वभाववाला हुआ चित्त पुनः बाह्य जानेवाला होवे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः। अनिंगनमनाभासं निष्पन्नं ब्रह्म तत्तदा ४६। १२५॥

। अर्थात् रसास्वादसे निवृत्त निश्चल हुआ चित्तभी जो कदाचि पूर्वाभ्यासके संस्कारवश बाह्य बिषयोंके सम्मुख वा तिस अवस्थाबिषे दर्शितहुई जो सिद्धि तिसमें रागवान् हुआ तिनके सम्मुख होवे । तब तिस निश्चल हुये परभी पूर्व संस्कारोंके वश बाह्य जानेवाले चित्तको भी, तिन तिन बिषयोंसे उक्त ज्ञानाभ्यासादिक उपायोंसे रोंकके पुनः सविकल्प समाधिरूप प्रयत्न करके आत्माबिषेही एकरूप करना । अर्थात् निर्विकल्प समाधि करके युक्त चैतन्यस्वरूप सत्ता समान मात्रही सम्पादन करना। । अर्थात् समाधिसे उत्थान (विषय सम्मुख) हुये चित्तको पुनः सविकल्प समाधिरूप प्रयत्नसे अन्तर आत्माके सम्मुखकर अचेत्य चिन्मात्र सत्ता समान स्वरूपबिषे अभेदतासे एकाकार स्थित करना ४५। १२४॥

४६। १२५ हेसौम्य, [पुनः यह चित्त ब्रह्ममात्रको कब पावताहै, जहां इसप्रकारकी शंका है तहां कहते हैं] "। यदानलीयते चित्तं नचविक्षिप्यते पुनः "। 'चित्त लीनहोवे नहीं अरु पुनः बिक्षेपको पावतानहीं', अर्थात् उक्तज्ञानाभ्यास अरु बैराग्यरूप उपायोंसे निरोधकिया चित्त जब सुषुप्तिबिषे लीन होवेनहीं, अरु पुनः बिषयों बिषे विक्षेप (उत्थान) को पावतानहीं । अर्थात् समाधिकी प्राप्तिमें जे 'लय, बिक्षेप, रसास्वाद, अरु कषाय, यह चार बिघ्न तिनसे रहित होताहै । अरु पवनसे रहित दीपशिखावत् अचल अरु अनाभास । अर्थात् किसीभी कल्पित बिषयके अभासमान, अर्थात् जैसे सुषुप्ति में अपने कारण अविद्यामें लय हुआ चित्त भासतानहीं,तैसेही समाधिमें अपने अधिष्ठान आत्मतत्त्वबिषे लीनहुआ भासेनहीं ऐसा।।होवे "अनिंगनमनाभासंनिष्पन्नंब्रह्मतत्तदा "। 'अचल अरु अनाभास होवे तब सो चित्तब्रह्म

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वस्थं शांतं सनिर्वाणं अकथ्यं सुखमुत्तमम्। अज-
मजेन ज्ञेयेन सर्व्वज्ञं परिचक्षते ४७। १२६॥

सम्पन्न होताहै ; अर्थात् जब उक्तप्रकार अचल अरु अनाभास होताहै तबसोचित्त ब्रह्म स्वरूपकरके सम्पन्न होताहै ४६।१२५॥

४७। १२६ हे सौम्य, [असंप्रज्ञात (निर्विकल्प) समाधिबिषे जिसरूपकरके चित्त सम्पन्न होताहै तिस ब्रह्मस्वरूपको विशेषण देते हैं]" स्वस्थं शान्तं सनिर्वाणं अकथ्यं सुखमुत्तमम्" (उत्तम सुखको स्वस्वरूप बिषे स्थित शान्त निर्वाण अरु अकथकहतेहैं ; अर्थात् उक्तप्रकारके योगीकेप्रत्यक्ष परमार्थरूप सर्वोत्तमब्रह्म सुख को ब्रह्मवेत्ता 'आत्मरूप सत्यका अनुबोधरूप स्वस्वरूपबिषे स्थित अरु सर्वअनर्थोंकी (कामनाकी) निवृत्तिरूप शान्त, अरु निर्वाण (मोक्षकरके सहित बर्त्तमान, अरु असाधारण बिषयवाला होने से कहने को अशक्य (अर्थात् नेत्रमें लगाया अंजन नेत्रके अति समीप नेत्रान्तर होनेसे वो नेत्रका बिषय नहीं, तैसेही बागादिक सर्व इन्द्रियों का अन्तरात्मा अत्यन्त निकट होनेसे बागादिकों का अविषय है (अरु " अजमजेन ज्ञेयेन सर्वज्ञं परिचक्षते " (जन्मसेरहित अनुत्पन्नहुये ज्ञेयसे सर्वज्ञ ब्रह्मही कहतेहैं ; अर्थात् जैसे स्त्रीसंगादि सुख बिषयजन्य है तैसे सर्व्वोत्तम ब्रह्मानन्द सुख बिषयजन्य न होने से अरु केवल परमशान्त निर्वाण रूप होने से बाणी आदिकों का बिषय नहीं, किन्तु जन्म से रहित अनुत्पन्न हुये ज्ञेयसे (अर्थात् 'अज्ञान पर्यन्त जानने योग्य अरु वास्तवसे ज्ञानस्वरूप' निर्विकल्प समाधि करके प्राप्त जो निर्वि-शेष ज्ञप्तिमात्र सत्तासमान आत्मतत्त्व सो अव्यक्तादिवत् जन्म-वान् न होनेसे जन्मरहित अजहै अरु (आकाशादिक जो ज्ञेयहैं सो उत्पन्नहुये ज्ञेयहैं, अरु आत्मतत्त्व जो ज्ञेयहै सो अज्ञानपर्यंत ज्ञेय है वास्तवकरके अनुत्पन्न ज्ञेयहै (तिस जन्मरहित अनुत्पन्न हुये ज्ञेयसे अभिन्नहुआ अपने सर्वज्ञरूपसे सर्व ब्रह्म ही कहते हैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते
एतत्तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते ४८। १२७।
इति अद्वैताख्यं तृतीयं प्रकरणं समाप्तम् ॥

[अर्थात् निर्विकल्प समाधिकरके ब्रह्मको प्राप्तहुआ योगी "ब्रह्मविद्ब्रह्मैव भवति" इत्यादिप्रमाणसे ब्रह्मही होताहै ४७। १२६। ४८। १२७॥ हे सौम्य, [उक्त उपायोंको परमार्थसे सत्य ताके हुये अद्वैत की हानिहोवेगी, अरु अन्यथा उन उपायों का प्रमाज्ञान न होवेगा, यह शंकाकरके तब कहतेहैं] मनकेनिग्रहादिक उपाय, अरु मृत्तिका सुवर्ण आदिकोंवत् सृष्टिअरु उपासना यह सर्वही परमार्थ स्वरूप की प्राप्तिके उपाय होने करके परमार्थरूप कहे हैं, परन्तु बास्तवसे सत्य हैं नहीं, क्योंकि "न कश्चिज्जायते जीवः संभवोऽस्य न विद्यते" ‘कोई भी जीव उत्पन्न होता नहीं, इसका कारण है नहीं ; अर्थात्, मनके निग्रह आदिक जे उपाय (साधन कहे हैं सो परमार्थ से सत्य नहीं, क्योंकि परमार्थसे सत्यतो कोईभीकरता भोक्तारूपजीव किसी भी प्रकारसे उत्पन्नहोतानहीं। एतदर्थ स्वभावसे अजन्मारूप इस एकही आत्मा का कारण है नहीं। अरु जिस करके कारण नहीं तिसही करके कोई भी जीव उपजता नहीं। यहइसका अर्थ है। अरु "एतत्तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते" ‘तिनके मध्ययह उत्तम सत्यहै जहां (जिसबिषे) कुछ भी उपजतानहीं ; अर्थात् पूर्वके ग्रंथबिषे उपायपने करके कथन किये जो तिन व्यावहारिक सत्यरूप साधनों के मध्य यह उत्तम सत्य है जिस सत्यरूप ब्रह्मबिषे कुछ (अणुमात्र) भी उत्पन्न होतानहीं ४८। १२७॥

इतिश्रीगौडपादाचार्यकृतमाण्डूक्योपनिषद्कारिकायां
अद्वैताख्यतृतीयप्रकरणभाषाभाष्यं समाप्तम् ॥

हरिः

ॐ तत्सद्ब्रह्म

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ गौडपादीयकारिकायां अलातशान्ताख्य चतुर्थप्रकरणं प्रारभ्यते ॥

ज्ञानेनाकाशकल्पेन धर्म्मान् योगगनोपमान्। ज्ञेयाभिन्नेन सम्बुद्धस्तंवन्दे द्विपदांवरम् १। १२८

अथ गौडपादीयकारिकायां अलातशान्ताख्य चतुर्थप्रकरणभाषाभाष्यं प्रारभ्यते ॥

१।१२८ हेसौम्य [पूर्वके अरु पिछलेप्रकरणके सम्बन्धकी सिद्धि के अर्थ पूर्वोक्त तीनप्रकरणोंबिषे उक्तार्थको क्रमसे कथन करतेहैं] ॐकारके निर्णयरूप द्वारकरके आगम नामक प्रथम प्रकरण से प्रतिज्ञाकिये। अरु द्वितीय वैतथ्याख्य प्रकरणबिषे बाह्य बिषयों के भेदको मिथ्यापने से सिद्धहुये अरु पुनः अद्वैताख्य तृतीय प्रकरणबिषे शास्त्र अरु युक्तियों करके साक्षात् निर्द्धारकिये अद्वैत का "तदुत्तमं सत्यमिति"। यह उत्तम सत्य है। यह इसतृतीय प्रकरणके अन्तके श्लोकबिषे। पूर्व प्रकरण की प्रतिज्ञा। समाप्त किया। अरु तिस इसश्रुतिके अर्थरूप जो अद्वैत सिद्धांत तिसके विरोधी (प्रतिपक्षी) हुयेजे भेद (द्वैत) वादी अरु वैनाशिक (निरात्मवादी) हैं तिनका परस्पर में विरोध होनेसे उनकासिद्धान्त रागद्वेषादि क्लेशोंका आश्रय है। अर्थात् सर्व भेद वादियोंके सिद्धांतरूप वृक्ष रागद्वेषादि क्लेशरूप पक्षियोंके विश्रामका आश्रय है। अरु अद्वैतवादियों का जो सिद्धान्त है सो रागद्वेषादि क्लेशों का अनाश्रयहै। अर्थात् रागद्वेषादिक्लेशोंका आश्रय नहीं, क्योंकि रागद्वेषादि क्लेशपरस्परके भेदकोआश्रयकरके रहते हैं, अरु परस्पर का भेद द्वैतके आश्रयहै, अरु सो सर्वअनर्थोंका आश्रय जो द्वैतभाव सो अद्वैत सिद्धान्तमें नाममात्रभीनहीं तातेतिनके आश्रितजे राग द्वेषादि अनर्थ क्लेश सो कैसे होगा, किन्तु कदापि नहीं। वा अद्वैत

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सिद्धान्तसे "सर्वमात्मैवाभूत" जिनको सर्व्वात्म दृष्टिहोनेसे उ
को भेदके अभावसे रागद्वेषादि क्लेश आश्रय करतेनहीं, अरु "नाति
वादी" वो अतिवादी होतेनहीं अर्थात् निंदास्तुति करतेनहीं ॥ अ
भेदवादियोंको परस्परमें रागद्वेषादि क्लेशोंका आश्रयपना, वैष्ण
मतवादी अरु शैवमतवादियोंमें इस सांप्रतकालमेंसर्वको प्रत्य
है, ताते भेदवादियोंका सिद्धान्त रागद्वेषादि क्लेशका आश्रयहै। अ
अद्वैत सिद्धान्तहै सो उक्तक्लेशोंका अनाश्रयहोनेसे सम्यक्ज्ञान
इसप्रकार अद्वैत ज्ञानकीस्तुतिकेअर्थ, तिन भेदवादियोंकी सिद्धा
का मिथ्या ज्ञानपना सूचितकिया । अरु सो तिनके पक्षोंकामि
थ्या ज्ञानपना यहां परस्पर विरुद्धहोने करके विस्तारसे देखाय
तिसके निषेधसे अद्वैत ज्ञानकी सिद्धि, आवीत न्याय कर
(आवीत न्याय नाम, व्यतिरेक न्याय का है जैसेजो क्रियाकर
साध्य है सो अनित्य है इस अन्वयसे अनित्यताके जानेहुये भी
जो अनित्य नहीं, सोक्रिया करके साध्यभी नहीं, इस प्रकार
व्यतिरेक भी व्यभिचारकी शंकासे रहितहोने करके व्याप्तिके नि
श्चयार्थ अंगीकार करतेहैं। अरु तैसे तर्कसे घटितहुये अर्थकेज्ञानके
जानेहुये भी विरोधी अन्यवादके निषेधके वर्णनबिना अन्यपक्षमें
सम्यक् पनेकी शंकाहोवेगी । एतदर्थ अन्यवादोंके निषेधसे अद्वै
सिद्धान्त की सिद्धि समाप्त करने को योग्य है । इस अभिप्राय
से अलात शान्ति के (अर्द्धदग्ध काष्ठके घुमावनेके) दृष्टान्त
उपलक्षित अलात शान्ति नामक चतुर्थ प्रकरण प्रारम्भ करतेहैं
इत्यर्थः]समाप्त करनेके योग्यहै। एतदर्थ यहअलात शान्तिनामक
चतुर्थ प्रकरण प्रारंभकरतेहैं। अरु तिस चतुर्थ प्रकरणबिषे अद्वै
ज्ञानके सम्प्रदायके कर्त्ता नारायण भगवान रूप आचार्यके अद्वै
स्वरूप सेही नमस्कारार्थ यह प्रथम श्लोक है। [आदिअन्त
अरु मध्य बिषे मंगलाचरणकरके युक्त जो ग्रंथ हैं सो प्रवृत्तिवाले
होतेहैं, इसअभिप्रायसे श्रीगौडपादाचार्य आदिबिषे ॐकारकेउच्चा
रणवत् अरुअन्तबिषे परदेवताके प्रणामवत् मध्यबिषे भी परदेवता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अस्पर्शयोगो वै नाम सर्व्वसत्त्वसुखो हितः। अविवादोऽविरुद्धश्च देशितस्तं नमाम्यहम् २। १२९॥

रूप उपदेष्टा (आचार्य) को प्रणाम करते हैं] जिस करके शास्त्रके आरंभ बिषे बांछित अर्थकी सिद्धिके लिये आचार्यकी पूजा अंगीकार करतेहैं। एतदर्थ यहां आचार्यको नमस्कार रूप मंगल करते हैं "ज्ञानेनाकाशकल्पेन धर्म्मान् योगगनोपमान्, ज्ञेयाभिन्नेन सम्बुद्धस्तं वन्दे द्विपदांवरम्" 'जो ज्ञेयोंसे अभिन्न आकाशके तुल्य ज्ञानसे आकाशकी उपमावाले धर्मोंको सम्यक् जानताहुआ, तिन द्विपदनके मध्य श्रेष्ठको बन्दनाकरताहौं', अर्थात् जो नारायण नामक परमेश्वर अग्निकी उष्णताअरु सूर्यके प्रकाशवत् उपाधि करके कल्पित भेदसे बहुरूप आत्मस्वरूपधर्म्मरूप ज्ञेयपनेसे अभिन्न आकाशके तुल्य यद्यपि[आकाशको जडताकी अधिकतासे स्वप्रकाशरूप ज्ञानको आकाशकीउपमाअपूर्णहै,तथापि ज्ञानके व्यापकपने आदिक बिषे आकाशकी उपमा पूर्णतासे जाननेयोग्यहै]ज्ञानरूपतासे आकाशके तुल्यताकीउपमावालेआत्माके धर्म्मों को सम्यक्प्रकार जानता हुआ, तिस द्विपदों (मनुष्यसे उपलक्षित पुरुष) के मध्यश्रेष्ठ(प्रधान) पुरुषोत्तम गौडपादाचार्य्य जो हैं सो पूर्व नरनारायणकरकेआश्रित बदरिकाश्रमबिषे नारायण भगवान् को चित्त में ल्यायके बडे तपको तपते हुये, ताते नारायण भगवान् प्रसन्न होयके तिनके अर्थ विद्या बरदान देतेहुये। तातेतिस नारायण भगवान् रूप परमेश्वरबिषे वेदान्त सम्प्रदायका परमगुरुपना प्रसिद्ध है। यह भावहै] कोमैं बन्दना करता हौं, यह अभिप्राय है॥ उपदेष्टा आचार्य के नमस्काररूप से विरोधी पक्षोंके निषेध द्वारा इसचतुर्थ प्रकरणबिषे प्रतिपादन करने को इच्छित, ज्ञान, ज्ञेय, अरु ज्ञाताकेभेद रहित (अर्थात् ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेय, इसत्रिपुटी से रहित (परमार्थ तत्त्वका ज्ञान (परमार्थ बोधरूप) प्रतिज्ञा कियाहोताहै १। १२८॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

२ । १२९ ॥ हे सौम्य, अब अद्वैत दर्शनरूप योगकी अर्थात् अद्वैत ज्ञानकी स्तुति के अर्थ तिसको नमस्कारसे स्तुति करते हैं "अस्पर्शयोगोवैनाम सर्व्वसत्त्वसुखोहितः" ६ अस्पर्शयोग प्रसिद्ध नामहै सर्वसत्त्व सुखहोताहै हितरूपहै, अर्थात् जिसयोगका किसी सेभी कदाचित्भी स्पर्श । सम्बन्धहोवेनहीं, ऐसा जो ब्रह्मस्वरूप योग सो कहिये अस्पर्श योग नामहै, सो ब्रह्मवेत्ताओं को ही अस्पर्श योगहै । अन्योंको नहीं । यह प्रसिद्धहै । अर्थात् अस्पर्श योगनाम वाला अद्वैत ब्रह्मरूप ज्ञान है सो अद्वैत ब्रह्मके जानने वाले सम्यक् ब्रह्मवेत्ताओं को है । तिनसे इतरजे कर्मवादि तर्कवादि आदिक भेदी हैं तिनको "न कर्मिणो वेदयन्ते" "नैषा तर्केण मतिरापनेया" । इत्यादि श्रुतिप्रमाणसे सो ज्ञान नहीं । ॥ अरु कोई एक अत्यन्त सुखके साधन । दिव्य सर्व्वोत्तम भोग्य सामग्री । करके युक्तहुआ भी योग दुःखरूप हैं । जैसे तप, अरु यह ब्रह्मरूप अस्पर्श योग तैसा नहीं । किन्तु "सर्वेषां सत्त्वानां देहभृतां सुखयतीति," इस व्युत्पत्त्यार्थ से जो सर्व देहधारी जीवोंको सुखी करे, सो सर्व सत्त्वसुखहै । ताते सो । अस्पर्श नामयोग सर्व जीवोंको सुखरूप है । अरु तैसेही इस योग करके हितहोता है । अर्थात् जो कदापि किसी बिषयका उपभोगरूप सुख है सो सुख तो है परन्तु सो हितरूप नहीं । क्योंकि बिषयों का उपभोग जन्य सुख है सो क्षणिक अरु परिणामी है ताते । अरु यह अस्पर्श योग । सुखरूप है, अरु हितरूप है, क्योंकि सो क्षणिक अरु परिणामी न होयको सर्वदा एकरस अचल स्वभाव वालाहै ताते। किंवा "अविवादोऽविरुद्धश्च देशितस्तं नमाम्यहम्" । अविवादहै अविरुद्धहै उपदेशकियाहैतिसको मैं नमस्कार करताहौं, अर्थात् जिसबिषेपक्ष अरु प्रतिपक्षके ग्रहणसे विरुद्धकथनरूपविवादनहीं, एतदर्थ अविवादहै । अर्थात् जहां द्वैतहै तहां स्वपक्ष अरु प्रतिपक्षका ग्रहणहै तहांही परस्परमें राग द्वेष पूर्बक विरुद्धकथनरूप विवादहै अरु इसभेदरहित अद्वैत अस्पर्श नामयोग बिषे भेदके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भूतस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः केचिदेवहि। अभूतस्यापरे धीरा विवदन्तः परस्परम् ३। १३०॥

भूतं न जायते किञ्चिदभूतं नैव जायते। विवदन्तोऽद्वयाह्येवमजातिं ख्यापयन्ति ते ४। १३१॥

अभाव से स्वपक्ष अरु परपक्ष अरु तदाश्रित रागद्वेष अरु परस्पर का विरुद्ध कथनरूप बिवाद समूलनहीं, ताते सो अविवाद है। अर्थात् जिस पुरुषको एकअद्वितीय ब्रह्मका सो रूपही अस्पर्शयोग प्राप्तहुआ है सो विद्वान् "विद्वान् भवते नातिवादी" सम्यक्अद्वैत ज्ञानीहुआ किसीका भी खंडन मंडनरूप विवाद करतानहीं, ताते सो अविवाद है। क्योंकि अविरुद्ध है। अतएव ऐसा जो सर्वोत्तम सुख रूप हितरूप अविवाद अरु अविरुद्ध 'योग जिसशास्त्रने सम्यक् उपदेशकिया है, तिस शास्त्रको मैं नमस्कार करता हौं २। १२९॥

३।१३० हे सौम्य,[अद्वैत बादको अविरुद्ध होने करके तिसबिषे विवादके अभाव को स्पष्ट करनेको प्रथम द्वैतवादियों के विवाद को उदाहरण करके कहते हैं]। प्रश्न। द्वैतवादी परस्पर विरोध को कैसे प्राप्त होते हैं,। उत्तर। कहते हैं "भूतस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः केचिदेवहि" (कोई एकवादी विद्यमान भूतों (बस्तुओं) की उत्पत्ति इच्छते हैं) अर्थात् जिस करके कोई एक सांख्यशास्त्र मतके अनुसारी द्वैतवादी विद्यमान वस्तुकी उत्पत्तिको इच्छते हैं, सर्व नहीं अरु "अभूतस्यापरेधीरा विवदन्तः परस्परम्" (पंडितपने के अभिमानी अन्य अविद्यमान बस्तुकी उत्पत्तिको इच्छते परस्पर बिवाद करते हैं; अर्थात् जाते सांख्यवादियोंसे अन्य अपनेबिषे पंडितपने के अभिमानी वैशेषिक अरु नैयायिक मतके, अविद्यमान बस्तुकी उत्पत्तिको इच्छते हैं, एतदर्थही परस्पर बिवाद करते हैं (अन्यको जय करने को इच्छते हैं इत्यभिप्रायः ३। १३०॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ख्याप्यमानामजातिन्तैरनुमोदामहे वयम् ।
विवदामो न तैः सार्द्धमविवादं निबोधत ५ । १३२॥

४।१३१हे सौम्य, । प्रश्न । इसकहे प्रकार विरुद्ध कथन से परस्परके पक्षके खंडनकेकर्त्ता वादियों करके सिद्धकिया क्याहोता है,।उत्तर।तहां कहते हैं "भूतं न जायते किञ्चिदभूतं नैव जायते" ‘कुछभी भूत (विद्यमान) उपजता नहीं, अविद्यमान उपजता नहीं ; अर्थात् कुछ भी विद्यमान बस्तु उपजता नहीं, क्योंकि सो आत्मावत् विद्यमान है ताते, इसप्रकार कहताहुआ असत्वादी सत्के जन्मरूप सांख्यके पक्षका निषेध करताहै। अरुतो अविद्यमान बस्तुभी उपजता नहीं,क्योंकि सो शशशृंगवत् अविद्यमान है ताते। इस प्रकार कहताहुआ सांख्यवादी भी असत् के जन्मरूप असत्वादीके पक्षका निषेध करताहै " विवदन्तोऽद्वयाह्येवमजातिं ख्यापयन्ति ते " ‘ऐसे अद्वैतवादी विवाद करते हुये अनुत्पत्तिको ख्यापन करते हैं ; अर्थात् जे अद्वैतवादीहैं सो विवाद करते (निर्णयकरते) हुये। अरु सत् अरु असत्के जन्मरूप, इस परस्पर के पक्षरूप विवादको निषेध करतेहुये कोई कहताहै इसविद्यमान बस्तुकी उत्पत्ति है कोई कहताहै अविद्यमान की उत्पत्ति है इस प्रकार परस्परमें वादी विवाद करते हैं तिनदोनोंके पक्षको निषेध करतेहुये। सत् असत्से भिन्न (विलक्षण) बस्तुके अर्थसे अनुत्पत्ति को प्रकाश करते हैं ४ । १३१

५।१३२ हेसौम्य,[तब वादियों करके उक्त होनेसे अनुत्पत्तिको तुमकरके निषेधकरनेको योग्यहै यह शंका करके कहते हैं [इस प्रकार तिनप्रतिवादियों करके । अर्थात् "ख्याप्यमानामजातिन्तैरनुमोदामहे वयम् " ‘तिनकरके प्रकाशित किया अनुत्पत्ति को हम अनुमोदन करते हैं ; अर्थात् ऐसे तिन प्रतिवादियों करके प्रकाशित किया जो अनुत्पत्ति तिसकोही इसप्रकार होवो, ऐसे हम केवल अनुमोदन करते हैं। परन्तु "विवदामो न तैः सार्द्धम

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अजातस्यैव धर्म्मस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः ।
अजातो ह्यमृतो धर्म्मो मर्त्यतां कथमेष्यति ६ । १३३ ॥
न भवत्यऽमृतं मर्त्यं न मर्त्यममृतन्तथा ।
प्रकृतेरन्यथाभावो न कथञ्चिद्भविष्यति ७ । १३४ ॥

विवादं निबोधत " ; तिनके साथ विवाद करते नहीं अविवाद को श्रवणकरो ; अर्थात् जैसे वे (भेदवादी) परस्पर विवाद करते हैं, तैसे हम तिनके साथ पक्ष अरु प्रतिपक्ष के ग्रहण से विवाद करते नहीं । एतदर्थ हे हमारे शिष्यो, हमोंकरके अनुमोदनकिये अविवादको (अर्थात् विवादसे रहित परमार्थ रूप ज्ञान को) श्रवण करो ५ । १३२ ॥

६ । १३३ हे सौम्य [उत्पन्नहुये वस्तुकेही जन्मकरके अनर्थ की प्राप्तिसे अरु अनवस्था दोषकी प्राप्तिसे अनुत्पन्नहुये पदार्थकेही जन्मको सत्वादी अरु असत्वादी सर्वही स्वीकार करते हैं।इसप्रकार अन्यबादियों के पक्षका अनुबाद करते हैं] " अजातस्यैवधर्मस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः" ; सर्ववादी जन्मरहित धर्मकी उत्पत्ति को इच्छते हैं ; अर्थात् सर्व जो सत् असत्वादी हैं सो , जो जन्म रहित ही धर्म्मनामवाला परमात्माहै, तिसकी उत्पत्ति को इच्छते हैं, परन्तु " अजातो ह्यमृतो धर्म्मो मर्त्यतां कथमेष्यति " ; अजन्मा मरणरहित धर्म्म मरनेकी योग्यताको कैसे पावेगा ; अर्थात् अजन्मा अरु अमृत (मरणरहित) जो धर्म नामक परमात्मा सो मरणकीयोग्यताको कैसे प्राप्तहोवेगा, किन्तु किसीप्रकारसेभी प्राप्त होवे नहीं ॥ अर्थात् जो जन्मताहैतिसका मरण भी निश्चित है, तातें जो परमात्मा उत्पन्नहोयतो विनाशभी अवश्य होगा, परन्तु सो परमात्मा श्रुतिके प्रमाण अरु अनुभवसे निराकार महासूक्ष्म एकअद्वैत परिपूर्ण अजन्मा है, अरु जिसकरके अजन्मा है तिसही करके कदापि मरणके योग्य नहीं । ६ । १३३ ॥

७ । १३४ हे सौम्य, [परिणामी ब्रह्मके वादबिषे जो अब्रह्मवा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वभावेनामृतो यस्य धर्म्मो गच्छति मर्त्यताम्।
कृतकेनाऽमृतस्तस्य कथं स्थास्यति निश्चलः ८।१३५॥

दियों करके दूषण कहे हैं, सो भी हमने अनुमोदन किया है, इस प्रकार मानके कहते हैं,] "न भवत्यऽमृतं मर्त्यं न मर्त्यममृतं तथा" (मरणरहित मरनेके योग्य होता नहीं, तैसे मरनेके योग्य मरण रहित नहीं ; अर्थात् मरणरहित जो ब्रह्म सो मरने के योग्य होता नहीं, क्योंकि स्थितरूपका विरोधहै ताते । तैसेही मरनेके योग्य कार्य सो स्वरूपकी स्थितिविषे वा प्रलय अवस्थाविषे मरणरहित ब्रह्मको पावता नहीं।एतदर्थ "प्रकृतेरन्यथाभावो न कथञ्चिद्भविष्यति" (प्रकृतिका अन्यथा भाव किसीप्रकार से भी होगा नहीं ; अर्थात् प्रकृति , कहिये स्वभाव, का अन्यथा भाव किसी प्रकार से भी होनेका नहीं ॥ इति सिद्धम् ७ । १३४ ॥

८।१३५हेसौम्य, "स्वभावेनामृतो यस्य धर्म्मो गच्छति मर्त्यताम्" (जिसका स्वभावसे मरणरहित धर्म मरने की योग्यता को पावताहै ; अर्थात् जिस परिणामवादी के मतमें स्वभावसेही मरणरहित धर्म्म (परमात्मा नामक पदार्थ) कार्य भावकी प्राप्तिसे मरने की योग्यता को प्राप्तहोताहै "कृतकेनाऽमृतस्तस्य कथं स्थास्यति निश्चलः" (तिसका समुच्चय के अनुष्ठानसे मरणरहित निश्चल हुआ कैसे स्थित होवेगा ; अर्थात् तिस बादी के मतविषे समुच्चय के अनुष्ठान से मरणरहित अरु मुक्तहुआ कहने के योग्यहै । सो धर्म निश्चलहुआ कैसे स्थितहोवेगा, किन्तु किसीप्रकार से भी स्थितहोवे नहीं ॥ [पूर्व अद्वैत नामक प्रकरण विषे कथन कियाहै अर्थजिन्होंका ऐसे इन ६ से लेके ८ पर्यन्त तीन श्लोकों का जो पुनः यहां निवेश कियाहै, सो अन्य वादियों के पक्षों के परस्पर विरोध करके प्रसिद्धहुये अपने अनुमोदनके दिखावने के अर्थ किया है ८ । १३५ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सांसिद्धिकी स्वाभाविकीसहजा अकृता च या। प्रकृतिः सेति विज्ञेया स्वभावं न जहाति या ९।१३६॥

९।१३६ हेसौम्य, जिसकरके जब यह लौकिक प्रकृति भी अन्यथा भावकोपावती नहीं, तबयह अजन्मा अरु अमृत स्वभाव वाली प्रकृति अन्यथा भावको न प्राप्तहोवे, इसमें क्या कहना है 'किन्तु कुछभीनहीं। प्रश्न।कौन यह प्रकृतिहै'तहां।उत्तर।कहतेहैं। "सांसिद्धिकी स्वाभाविकी सहजा अकृता च या" (सांसिद्धिकीहै स्वाभाविकी है सहजाहै अरु जो अकृतहै ; अर्थात् [प्रकृतिका अन्यथाभाव किसी भी प्रकारसे होनेका नहीं, इस प्रकार ७ वें श्लोकबिषे कहा। तहां प्रकृति शब्दके अर्थको कहतेहैं] सम्यक् सिद्धिबिषे होनहार है एतदर्थ सांसिद्धिकी है। जैसे सिद्ध योगियोंकी अणिमादि ऐश्वर्यकी प्राप्तिरूप जो प्रकृतिहै, सो भूत अरु भविष्यत्काल बिषे अन्यथा भावको पावतीनहीं, तैसेही सो प्रकृति अन्यथा भावको पावतीनहीं, एतदर्थ तिसको सांसिद्धिकी कहतेहैं।तैसेही स्वभावहीसे सिद्धहै याते सोई स्वाभाविकीहै, जैसे अग्नि आदिकोंकी उष्ण अरु प्रकाशादिरूप प्रकृतिहै सोभीकालान्तरबिषे अरुदेशान्तर बिषेभी व्यभिचारको प्राप्तहोती नहीं, तैसेही यहभीव्यभिचारको पावतीनहींएतदर्थ इसको स्वाभाविकीकहते हैं। अरु तैसेही सहजा।आत्माके साथही होनहार।है। जैसे पक्षी आदिकों की आकाश विषे गमनादिरूप प्रकृति (स्वभाव) सहजहै। तैसेही यहआत्माके साथही होनेवाली है, एतदर्थ इसको सहज कहतेहैं। अरु अन्यभी जो कोई एक किसी निमित्तसेभी अकृत (अरचित) होवे, जैसे जलकी अधोदेश बिषे गमनादि रूप प्रकृतिहै, अरु जैसे घटका घटत्वहै अरु पटका पटत्वहै, तैसे अन्यभी जो कोई एक कदाचित् भी स्वभावको त्यागेनहीं सोसर्व प्रकृतिहै। इस प्रकार जाननेको योग्यहै। अरु "प्रकृतिःसेति विज्ञेया स्वभावं न जहाति या" (जो स्वभावको त्यागेनहीं सो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जरामरणनिर्म्मुक्ताः सर्व्वेधर्म्माःस्वभावतः । जरामरणमिच्छन्तश्च्यवन्ते तन्मनीषया १० । १३७ ॥

सर्व प्रकृतिहै इस प्रकार । प्रकृति शब्दका अर्थ जानने योग्यहै, अरुजब लोकबिषे मिथ्या कल्पित लौकिक बस्तुबिषे जो प्रकृति (स्वभाव) है सोभी अन्यथा होतानहीं, तब अजन्मा स्वभाव वाले परमार्थ रूप सत्य बस्तुबिषे जो अमृत भावरूप स्वभाव है सो अन्यथा न होवे, तिसमें क्या आश्चर्यहै किन्तु कुछभीनहीं। यह इसका अभिप्रायहै ९ । १३६ ॥

१० । १३७ ॥ हेसौम्य, । प्र० । पुनः जिसका अन्यथाभाव बादियों करके कल्पित है, ऐसी जो प्रकृति सोकिस बिषयवाली है, अरु तिसके अन्यथाभावकी कल्पना करनेबिषे उन बादियों की क्या हानिहै । तहां । उ० । कहतेहैं "जरामरण निर्म्मुक्ताः सर्व धर्म्माःस्वभावतः" । ' सर्व धर्म स्वभावसेही जन्ममरण रहित हैं ', अर्थात् सर्व धर्म्म [प्रसंग बिषे प्राप्तहुईही जीवोंकी प्रकृति (स्वभाव तिसके देखावने को, कहनेका आरंभ करते हैं] कहिये आत्मा। अर्थात् "अणुरेषधर्म्मः" इस कठकी श्रुतिने आत्माको धर्म्म नाम करके कहाहै। आत्मा सो स्वभावही से जन्म मरणादिसर्व (षट् भाव) विकारोंसे रहित है, ऐसे स्वभाववाले हुये जे धर्म (आत्मा) हैं। । यहां जो आत्माको बहुवचनसे कहाहै सो घटाकाशोंवत् शरीरादिक उपाधिके सम्बन्धसे कहाहै । । तिनबिषे । "जरामरणमिच्छन्तश्च्यवन्तेतन्मनीषया" । ' जरामरण को इच्छते हैं सो तिसकी चिन्ताकरके भ्रष्ट होते हैं ', अर्थात् जो अपने स्वभावसेही जन्म मरणादिक सर्व विकारोंसे रहित अजर अमर अभय आत्मा है, तिसबिषे जो रज्जुबिषे सर्पवत् । अनहुआही । जन्म जरा मरणको इच्छतेहुयेवत् इच्छा करते हैं (कल्पते हैं) सो तिस जरामरण की चिन्ता करके स्वभाव से । अपने जन्ममरणादि भावसे। भ्रष्ट होते हैं । अर्थात् जन्मादि सर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कारणं यस्य वै कार्य्यं कारणं तस्य जायते। जायमानं कथमजं भिन्नं नित्यं कथञ्च तत् ११। १३८॥

विकार रहित जो आत्मा तिस बिषे विकार की कल्पना के हुये तिसकी वासना से उन वादियों को स्वभाव की हानिही होतीहै यह दोष है १०। १३७॥

११। १३८॥हे सौम्य,[प्रसंगबिषे प्राप्तहुये अर्थको त्यागके सांख्य वादियोंके पक्षबिषे वैशेषिक आदिकरके कथनकिया अरु आपअद्वैत वादियों करके अनुमोदन किया जो दूषण है,तिसका अनुवाद करते हैं] सत् कहिये विद्यमान वस्तुकी उत्पत्ति के कहनेवाले सांख्यवादियों करके अघटित कैसे कहा है, । जहां ऐसा प्रश्न है तहां वैशेषिककहतेहैं "कारणं यस्य वै कार्य्यं कारणं तस्य जायते "। ‘जिसके , मतबिषे , कारणही कार्य होता है तिसके , मतबिषे, कारण जन्मता है ; अर्थात् जिस सांख्यवादियों के मतबिषे मृत्तिकावत् उपादानरूप कारणही कार्य्य होता है । जैसे मृतपिंड घटरूप परिणाम को तैसे कारण कार्यके आकार से परिणाम को प्राप्त होताहै । तिनके मतबिषे जन्मरहित ही कारण महत्तत्त्वादि कार्य रूपसेही जन्मता है । अरु जब महत्तत्त्वादिकोंके आकारसे उत्पन्न होनेवाला प्रधानहै तब सो अजन्मा अरु नित्य कैसे कहा है , एतदर्थ जन्मता है अरु अजन्मा नित्य है, इसप्रकार तिन करके यह विरुद्ध कथन किया है । अरु "जायमानं कथमजं भिन्नं नित्यं कथञ्च तत्"। ‘सो जायमान है तब अज कैसे होगा, अरु विदारण को प्राप्तहुआ नित्य कैसे होवेगा ; अर्थात् सो प्रधान एक देशसे भिन्नता , भेद वा विदारण, को प्राप्त हुआ नित्य कैसे होवेगा [विवाद का विषय जो प्रधान सो अनित्य है, क्योंकि सावयव है ताते । घटादिकोंवत् , इस अनुमान के अभिप्राय से दृष्टान्त को साधते हैं] जिसकरके लोकबिषे सावयव एक देशसे फूटने रूपधर्मवाला घट नित्य देखा नहीं,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कारणाद्यद्यनन्यत्वमतः कार्य्यमजं यदि। जायमानाद्धि वै कार्य्यात् कारणं ते कथं ध्रुवम् १२।१३९॥

अजाद्वै जायते यस्य दृष्टान्तस्तस्य नास्ति वै। जाताच्च जायमानस्य न व्यवस्था प्रसज्यते १३।१४०।

एतदर्थ एक देशसे बिदारण को पाया जो प्रधान सो अजन्मा है अरु नित्य है, इसप्रकार जो उन सांख्यवादियों करके कथन किया है सो विरुद्ध किया है। यह इसका अभिप्रायहै ११।१३८।

१२।१३९॥ हे सौम्य, अब पूर्व देखाया जो कार्य्य कारणका भेदवाद तिसके निषेधरूप उक्तार्थ को ही स्पष्ट करने के अर्थ कहते हैं "कारणाद्यद्यनन्यत्वमतः कार्य्यमजं"। "जब कारण से अनन्यपना मानता है तब कार्य्य अजन्मा है"; अर्थात् जब जन्मरहित कारण से कार्यका अनन्यपना तेरेको बांछित (मन्तव्य) है, तब तिस प्रकारके (जन्मरहित; कारण से अपृथक् होने करके कार्य भी अजन्मा है, ऐसे प्राप्तहुआ। एतदर्थ तेरे मतको प्रधानका अजन्यपना अरु जन्यपना यह विरोध हुआ। अरु कार्य है औ अजन्मा है यह दूसरा विरुद्ध हुआ। किंवा कार्य कारण के अनन्य भावविषे अन्यदोष यह है कि "यदि, जायमानाद्धि वै कार्य्यात् कारणं ते कथं ध्रुवम्"। "जब प्रसिद्ध जायमानकार्य से अनन्य कारण है तब सो तेरे मतविषे नित्य अरु अचल कैसे होवेगा, किसी प्रकारसे भी होवें नहीं। अरु जैसे कोई कहै कि कुक्कुट (मुरगे) का एक अंग (मस्तकादि कोई) भोजनार्थ पचावते (पकावते) हैं अरु दूसरा अंग (गर्भाशय, अंडोंके जन्मार्थ कल्पना करते हैं (रहने देते हैं) सो कहना बने नहीं। तैसे कार्य से अभिन्न कारण नित्य अरु ध्रुव है, ऐसी व्यवस्था तेरे मतविषे बनी नहीं, अरु अद्वैतवादियों के माया विवाद विषे कार्य कारण के अभेद होनेसे भी कार्य केही कारणमात्रपने के अंगीकार से यह दोष है नहीं यह सिद्धहुआ १२।१३९॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हेतोरादिः फलं येषामादिर्हेतुः फलस्य च। हेतोः फलस्य चानादिः कथं तैरुपवर्ण्यते १४।१४१॥

१३।१४०हे सौम्य, "अजाद्वै जायते यस्य दृष्टान्तस्तस्य नास्ति वै" (अजन्मा से जन्मता है तिसबिषे दृष्टान्त है नहीं) अर्थात् जिस प्रधानवादीके मतबिषे अनुत्पन्न वस्तुसे कार्य उत्पन्न होताहै, तिस के मतबिषे दृष्टान्त है नहीं। अरु दृष्टान्त के अभाव से केवल अर्थ करकेही अनुपन्न वस्तुसे कुछ भी उत्पन्न होता नहीं, इसप्रकार सिद्ध होताहै। अरु "जाताञ्च जायमानस्य न व्यवस्था प्रसज्यते" (उत्पन्नहुयेसे उत्पन्नहुयेका (अंगीकार है तब) सो व्यवस्थाको प्राप्तहोता नहीं) अर्थात् जब पुनः उत्पन्नहुये कारणसे उत्पन्नहुई वस्तुका अंगीकारहै, तब सो अन्य उत्पन्नहुयेसे उत्पन्नहोता है, अरु सोभी अन्य उत्पन्नहुयेसेही उत्पन्न होताहै, इसप्रकार होनेसे व्यवस्था प्राप्तनहोगी, किन्तु अनवस्था दोषही प्राप्तहोवेगा। इत्यर्थ १३।१४०॥

१४।१४१॥ हे सौम्य [द्वैतवादियोंकरके परस्परके पक्षके निषेधद्वारा सिद्धकिया जो वस्तुका जन्यपना, सो अद्वैतवादीने अनुमोदन किया। अब श्रुतिप्रतिपादित अरु विद्वान्के अनुभव का अनुसारी द्वैतका निषेध भी इस अद्वैतवादीने अनुमोदन किया हीहै। इसप्रकार कहते हैं:] "यत्र त्वस्य सर्व्वमात्मैवाऽभूत्तदिति" (जहां तो जिस पुरुषको सर्व्व आत्माही होताहुआ) इसप्रकार श्रुतिने परमार्थसे द्वैतका अभावकहाहै। तिसको आश्रयकरके कारणरूप द्वैतका दुर्निरूपणपना कहतेहैं "हेतोरादिः फलं येषामादिर्हेतुः फलस्य च" (जिसहेतुका आदि फलहै अरु फलकाहेतु आदि है) अर्थात् जिन वादियोंके मतबिषे धर्म्मादि रूप हेतुका आदि (कारण) देहादि संघातरूप फल है, अरु देहादि संघातरूप फलका धर्म्मादिरूप हेतु आदि (कारण) है। इसप्रकार हेतु अरु फलके परस्परके कार्य्य अरु कारणभावकरके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हेतोरादिः फलं येषामादिर्हेतुः फलस्य च । तथा जन्म भवेत्तेषां पुत्राज्जन्म पितुर्यथा १५।१४२॥

आदिवान् पनेके कहनेवाले करके "हेतोः फलस्य चानादिः कैस्तैरुपवर्ण्यते" ‘तिनकरके हेतु अरु फलका अनादिपना कैसे वर्णनकिया है’; अर्थात् उक्तप्रकारके हेतु अरु फलके परस्परके कार्य कारणभाव करके। अर्थात् फलका कारण हेतु, अरु हेतुका कारण फल इसप्रकारके कार्य कारण भावकरके। आदिवान्पनेके कहनेवाले जे वादी तिन वादियोंकरके हेतु अरु फलका निषेध (विरुद्ध) अनादिपना कैसे वर्णन कियाहै। जिसकरके नित्य कूटस्थ निर्विकार आत्माकी हेतु अरु फलरूपता संभवे नहीं, एतदर्थ हेतु अरु फलका आत्माके परिणामहोनेसे आदिमान्पना अरु उपादानरूपसेअनादिपनाभी बनेनहीं १४।१४। १५।१४२॥ हे सौम्य, [हेतु (अदृष्ट) अरु फल (शरीरादिक) इनके परस्परके आदिमान्ताको कहनेवाले वादीने तिन हेतु अरु फलरूप संसारका अनादिपना निषेधकिया। इसप्रकार प्रतिपादन किया। अब तिनका कार्यकारणभाव भी संभवे नहीं, ऐसे कहतेहैं]। प्र०। तिनकरके विरुद्ध अंगीकार कैसे कियाहै, तहां। उ०। कहते हैं "हेतोरादिः फलं येषामादिर्हेतुः फलस्य च।" ‘जिनके हेतु का आदि फल है अरु फलका आदि हेतु है’; अर्थात् जिनके मतबिषे धर्म्मादिरूप हेतुका आदि (कारण) फल (देहादिसंघात) है अरु फलका आदि, हेतु है, तिन हेतुसे जन्म ही फलसे हेतुके जन्मको अंगीकार करनेवाले वादियों के मतमें इसप्रकार का विरोध कथन किया होताहै कि "तथा जन्म भवेत्तेषां पुत्राज्जन्म पितुर्यथा" ‘जैसे पुत्रसे पिताका जन्म तैसे जन्म होवेगा’; अर्थात् पुत्रसे पिता का जन्म होना असंभव अरु कहना विरुद्ध है तैसे फलसे हेतुका जन्म कहना विरुद्ध होवेगा। यह तात्पर्य है १५। १४२॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सम्भवे हेतुफलयोरेषितव्यः क्रमस्त्वया। युगपत्सम्भवे यस्मादसम्बन्धो विषाणवत् १६। १४३॥

फलादुत्पद्यमानः सन्न ते हेतुः प्रसिद्ध्यति। अप्रसिद्धः कथं हेतुः फलमुत्पादयिष्यति १७। १४४॥

१६। १४३॥ हे सौम्य, [प्रतीति से हेतु अरु फलकी उत्पत्ति को स्वीकार करने योग्य होनेसे तिसका निषेध करना युक्तनहीं, यह शंकाकरके कहतेहैं]"संभवेहेतुफलयोरेषितव्यः क्रमस्त्वया" "हेतु अरु फलकी उत्पत्तिबिषे क्रम तुझकरके अन्वेषण करने को योग्य है" अर्थात्, हे वादी, जब उक्त प्रकारका विरोध अंगीकार करनेकेयोग्य नहीं, ऐसे तू मानताहै। तब हेतु अरु फलकीउत्पत्ति बिषेहेतु पूर्वहै फल पश्चात् है इसप्रकारका जो क्रमहै सो तुझकरके अन्वेषण करने योग्य है। अरु।"युगपत्सम्भवे यस्मादसम्बन्धो विषाणवत्"। "जाते एककालबिषे संभव के हुये शृंगोंवत् असम्बन्धहोवेगा" अर्थात् जिसकरके एककालबिषे उत्पत्तिके होनेसे शृंगोंवत् असम्बन्ध होवेगा। जैसे एक काल बिषे उत्पन्न होनेवाले वाम दक्षिणरूप जो गौके दोनों शृंग तिनका परस्पर कार्य कारण भावकरके असम्बन्ध है, तैसेही एककालबिषे उत्पन्नहुये हेतु अरु फलका कार्य कारण भावसे असम्बन्ध होवेगा, एतदर्थ तिनका क्रम तुझकरके अन्वेषण करनेके योग्य है १६। १४३॥

१७। १४४॥ हे सौम्य, [अब। "पुण्यो वै पुण्येन कर्म्मणा भवति"। "पुण्य कर्म्म करके निश्चय पुण्यरूप होताहै" इत्यादिक श्रुति प्रमाणसे धर्मादिकों बिषे हेतु अरु फल भावकी शंका करके श्रुतिको अघटित अर्थ बिषे प्रमाणहोनेके असंभवसे श्रुतिका पूर्वापर भाव (प्रथम पश्चात् पना) अवश्य कहने के योग्य है, इसप्रकार कहते हैं]। प्र०। तब तिनका "हेतु अरु फलका" सम्बन्ध कैसेहै। उ०। कहते हैं, "फलादुत्पद्यमानः सन्न ते हेतुः प्रसिद्ध्यति" "फलसे उत्पन्न होनेवाला हुआ हेतु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यदि हेतोः फलात्सिद्धिः फलसिद्धिश्च हेतुतः। कतरत्पूर्व्वनिष्पन्नं यस्य सिद्धिरपेक्षया १८ । १४५ ॥

अशक्तिरपरिज्ञानं क्रमकोपोऽथवा पुनः । एवं हि सर्व्वथा बुद्धैरजातिः परिदीपिता १९ । १४६ ॥

सिद्ध होगा नहीं ; अर्थात् जन्य अरु स्वरूपसे अप्रतीत रूपवाले फलसे उत्पन्न होनेवालाहुआ हेतु शशशृंग आदिक असत् वस्तुवत् सिद्ध न होवेगा । अर्थात् जन्मको न पावेगा । अरु "अप्रसिद्धः कथंहेतुः फलमुत्पादयिष्यति" ; अप्रसिद्धहुआ हेतु कैसे फलको उत्पन्न करेगा ; अर्थात् शशशृंगादिकोंवत् अप्रतीतिरूपवाला अप्रसिद्धहुआ हेतु तेरेमतबिषे कैसे फलको उत्पन्न करेगा। क्योंकि परस्परकी अपेक्षाकरके सिद्धिवाले शशशृंगकेतुल्य वस्तुओंका कार्य कारणभाव से कहीं भी सम्बन्ध देखा नहीं ॥ यह अभिप्रायहै १७।१४४ ॥

१८।१४५॥ हेसौम्य, "यदिहेतोः फलात्सिद्धिः फलसिद्धिश्चहेतुतः" ; जब फलसे हेतुकीसिद्धि अरु हेतुसे फलकीसिद्धिहै, अर्थात् असम्बन्धपने रूप दोषसे हेतु अरु फलके परस्पर कार्य कारण भावके निषेधकियेहुये भी जब तुझकरके फलसे हेतुकी सिद्धि अरु हेतुसे फलकीसिद्धि अंगीकार कियाहीहै, तब "कतरत्पूर्व्वनिष्पन्नं यस्य सिद्धिरपेक्षया" ; पूर्वकी सिद्धिकी, अपेक्षासे जिसकी सिद्धिहोती है ऐसा पूर्व उत्पन्नहुआ कौन है ; अर्थात् उक्त प्रकार जब हेतु अरु फलकी परस्परसे सिद्धि अंगीकार कियाहै, तब हेतु अरु फलके मध्य पूर्वकी सिद्धिकी अपेक्षासे जिस पश्चात् होनहारकी सिद्धि होती है, ऐसा पूर्व उत्पन्नहुआ कौन है सो आप कहिये १८।१४५ ॥

१९।१४६॥ हेसौम्य, "अशक्तिरपरिज्ञानं क्रमकोपोऽथवापुनः" ; अशक्ति अपरिज्ञान है, अथवा क्रम कोप होवेगा ; अर्थात् जब यह क्रम जाननेको अशक्यहै, इसप्रकार मानता है, तब सो यह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बीजांकुराख्यो दृष्टान्तः सदा साध्यसमो हि सः। नहि साध्यसमो हेतुः सिद्धौ साध्यस्य युज्यते २०। १४७॥

अशक्ति (अर्थात् कहनेका असामर्थ्य) अज्ञानहै, अर्थात् तत्त्वका अविवेकरूप मूढताहै। अथवा पुनः जो यह तूने , हेतुसे फलकी सिद्धि होतीहै अरु फलसे हेतुकी सिद्धि होती है, इसप्रकार अन्योन्यके पश्चात् होने रूप क्रमकहा (अर्थात् हेतुसे पश्चात् फल होताहै अरु फलसे पश्चात् हेतुहोताहै ऐसाक्रम तूनेकहा) तिसका कोप (अर्थात् अन्यथा भावरूप विपर्यय) होवेगा। यह अभिप्राय है। अरु "(एवं हि सर्व्वथाबुद्धैरजातिः परिदीपिता "(ऐसे बुद्धिमानोंने सर्वप्रकारसेही अनुत्पत्तिही प्रकाशितकिया है' अर्थात्, इसप्रकार [परस्पर के पक्षके निषेधरूप द्वारसे सत् अरु असत् वस्तुके जन्मके निषेध कियेहुये क्रम अरु अक्रम करके उत्पत्तिके असंभवसे वादियों करके देखाईहुई अनुत्पत्तिही हम को इष्ट होती है, इसप्रकार अजातवादको समाप्त करतेहैं] हेतु फलके कार्य्यकारण भावके असंभवसे परस्परकी अपेक्षासे दोष के कहनेवाले वादीरूप पंडितोंने सर्वप्रकारसेही सर्व वस्तुकी अनुत्पत्तिही प्रकाशित कियाहै १९। १४६॥

२०।१४७॥ हेसौम्य, अब पूर्वपक्षी शंकाकरताहै। शंका। हे सिद्धान्ती हेतु अरु फलका कार्य्य कारण भावहै, इसप्रकार हम ने कहाहै। अरु तैंने' जैसे पुत्रसे पिताका जन्म होता है, अरु गौके शृंगोंवत् असम्बन्ध होवेगा, इत्यादिरूप कहनेको इच्छित अर्थसे रहित शब्दमात्रको आश्रयकरके, यहछल कहा है। अरु जिसकरके हमोंने असिद्ध हेतुसे फलकी सिद्धि, वा असिद्धफल से हेतुकी सिद्धि, अंगीकार कियानहीं, किन्तु बीजांकुरन्यायवत् हेतु अरु फलका कार्यकारण भाव अंगीकार कियाहै, तहां हमारे मतबिषे कोईभी दोषनहीं। अब समाधान। कहतेहैं "(बीजांकुराख्यो दृष्टान्तः सदा साध्यसमो हि सः"। (बीज अंकुर नामवाला

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जो दृष्टान्तहै सो सदा साध्यकरके तुल्यहै, अर्थात् जो बीजांकुर न्यायवाला दृष्टान्तहै सोमुझ मायावादीके मतबिषे साध्यकरके सदा तुल्यहीहै, क्योंकि वास्तवकरके कार्य कारण भावकीप्रतीति कहींभीनहीं ताते। यह तात्पर्यहै। शंका। ननु,बीज अरुअंकुर का जो कार्यकारण भावहै सो प्रत्यक्ष अनादिहै, इसप्रकार जब बादीने कहा तब सिद्धान्ती समाधान कहताहै, हेबादी बीजअरु अंकुर व्यक्तिका कार्य कारणभाव तुझकरके अंगीकार किया है, किंवा बीज अरु अंकुरके संतानका कार्याकारणभाव अंगीकार कियाहै,तहां प्रथमपक्ष। जो बीज अरु अंकुरकी व्यक्तिका कार्याकारणभाव सो। बनेनहीं, क्योंकि पूर्व पूर्वके पिछलेवत् आदिमानपनेका अंगीकारहै ताते। जैसे,अभी उत्पन्नहुआ बीजआदिकवाला पिछला अंकुर औ पिछला बीज, अन्य अंकुर अरु बीजसे पूर्वहै, एतदर्थ क्रमकरके उत्पन्नहोनेसे आदिवाला है। इस रीति से एकएक सर्व बीज अरु अंकुरके समूहको आदिवाला होनेसे किसीकेभी अनादिपनेका। अर्थात् परस्पर कारणपनेका संभव नहीं,। इसप्रकार हेतु अरु फलोंकेभी अनादिपनेका अरु परस्पर कारणपनेका संभव नहीं। अरु जो दूसरा पक्ष कहे कि बीजअरु अंकुरकी सन्तति (सन्तान)का अनादिपनाहै, तोसोभी बनेनहीं, क्योंकि तिनकी सन्ततिकी एकरूपताका असंभव है ताते। अरु जिसकरके उनबीज अरु अंकुरके अनादिपनेकेवादियोंकरके, बीज अरु अंकुरसे भिन्न बीज अरु अंकुरका सन्तान नामक एकव्यक्ति अंगीकार किया नहीं। अतएव हेतु अरु फलका अनादिपना उन वादियोंकरके कैसे वर्णनकियाहै, सोकहो। तैसे हेतुअरु फलके कार्यकारण भावकी कहीं भी प्रतीतिका संभव नहोनेसे,अन्यभी जो हमोंने कहाहै सो छलरूपहैनहीं। यह अभिप्रायहै। अरु लोकमें प्रमाणबिषे कुशल पुरुषोंकरके "नहि साध्यसमो हेतुः सिद्धौ साध्यस्य युज्यते" साध्यसे तुल्यहेतुसाध्यकी सिद्धीबिषे जोडते नहीं, अर्थात् साध्यवस्तुसे तुल्यहेतु कहिये

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पूर्व्वापरापरिज्ञानमजातेः परिदीपकम्। जायमानाद्धि वै धर्म्मात्कथं पूर्व्वं न गृह्यते २१।१४८॥

स्वतो वा परतो वाऽपि न किञ्चिद्वस्तु जायते। सदसत्सदसद्वाऽपि न किञ्चिद्वस्तु जायते २२।१४९॥

दृष्टान्त साध्यकी सिद्धिबिषे सिद्धिके निमित्त योजना करतेनहीं यहां हेतुशब्दके मुख्यार्थको त्यागके दृष्टान्तरूप गौणअर्थ कहनेको इच्छितहै, क्योंकि सूचकहै ताते। अरु जिसकरके प्रसंगबिषे प्राप्तहुआ हेतुहैनहीं दृष्टान्तहै, यातेसोई ग्रहणकियाहै २०।१४७॥

२१।१४८॥ हे सौम्य,। प्रश्न। पण्डितोंने सर्व वस्तुकी अनुत्पत्ति कैसे प्रकाशित कियाहै,। उत्तर। "पूर्वापरापरिज्ञानमजातेः परिदीपकम्" (पूर्वापर (कार्य्य कारण) का अपरिज्ञान अनुपत्तिका प्रकाशक है ; अर्थात् जो यह हेतु अरु फलके कार्य अरु कारणभावका अपरिज्ञानहै सोई यह अनुत्पत्तिका प्रकाशक कहिये अवबोधकहै। अरु "जायमानाद्धि वै धर्म्मात्कथं पूर्व्वं न गृह्यते" (उत्पन्न होनेवाले प्रसिद्ध धर्मसे पूर्व कैसे ग्रहणकरते नहीं ; अर्थात् जब उत्पन्नहोनेवाला धर्म्म कहिये कार्य्य ग्रहण करतेहैं, तब उत्पन्नहोनेवाले प्रसिद्ध कार्य्यरूप धर्मसे पूर्व (कारण) कैसे ग्रहणकरते नहीं। अरु जिसकरके उत्पन्न होनेवाले कार्यके ग्रहणकरनेवाले पुरुषोंकरके तिसकाजनक अवश्यग्रहण करनेयोग्यहै, क्योंकि जन्यजनकका संबन्ध अभिन्नहै ताते, अतएव सो कार्य कारण का अज्ञान अनुत्पत्ति का प्रकाशक है इत्यर्थः २१। १४८॥

२२।१४९॥ हेसौम्य, इस कथनकरनेके हेतुसे कुछभी वस्तु जन्मता नहीं, इसप्रकार सिद्धहोताहै। अरु "स्वतो वा परतो वाऽपि न किञ्चिद्वस्तु जायते। सदसत्सदसद्वाऽपि न किञ्चिद्वस्तु जायते" (स्वतः वा परतः वाउभयसे कुछभी वस्तु उत्पन्नहोता नहीं याते सत्, असत्, वा सदसत्, कुछभी वस्तु उत्पन्नहोता नहीं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थात् जिसकरके आपसे वा परसे वा दोनोंसेभी कुछभी वस्तु उपजता नहीं, एतदर्थ सत्, असत्, वा सदसत् दोनों रूपसे कुछभीवस्तु उत्पन्नहोता नहीं । (अर्थात् जब स्वतः वा परतः कुछ किसीप्रकारभी उत्पन्नहोतानहीं, तब सत्रूपसे वा असत्रूपसे वा सदसत् उभयरूपसे कुछभी उपजता नहीं॥ इसका यहभावार्थहै किजो उत्पन्नहोनेवाला वस्तुआपसे वा पर (दूसरे से वा स्व, पर दोनोंसे सत् वा असत् वा सदसत् उभयरूप उपजताहै, तिसका किसीभी प्रकारसे जन्म संभवे नहीं । जैसे घट आपही तिसहीघटसे उपजता नहीं, तैसेप्रथम आपही अनुत्पन्न होनेसे अपने स्वरूपसे उपजता नहीं जैसे घटसेपट अरु पटसे अन्यपट उपजता नहीं, तैसे अन्यसे अन्यभी उपजता नहीं। अरु जैसे घट अरुपट इन दोनों से घट वा पट उपजता नहीं, तैसे दोनोंसेभी कोईवस्तु उपजतानहीं । शंका । ननु, मृत्तिकासे घट उपजताहै अरु पितासे पुत्र उत्पन्नहोताहै । (तब कैसेकहते हो जो उक्तप्रकार कुछभी उपजता नहीं। । समाधान । तहांकहते हैं 'मूढ पुरुषोंको' उपजताहै, ऐसाज्ञान अरु शब्दहै, यह तेरा कथन सत्यहै, तथापि सोईशब्द अरु ज्ञान विवेकी पुरुषों करके वे शब्द अरु ज्ञान क्या सत्यहै वा असत्य है, इसप्रकार यावत् परीक्षाकरते हैं तावत् वो मिथ्या है (क्योंकि तद्विषयक निश्चय नहीं । । इसप्रकार परीक्षाकियेहुये शब्द अरु ज्ञानका बिषय घट पुत्रादिकरूप जोंवस्तुहै सो शब्दमात्रहीहै " वाचारंभणंविकारो नामधेयम् " (वाणी से उच्चारणकिया विकार कहनेमात्रही है) इसश्रुतिके प्रमाणसे । अतएव शब्द अरु ज्ञानको । अर्थात् शब्द अरु तदाश्रितज्ञानको। । असत्यबिषयवान्पना माननेके योग्य है अरुजबसत्है तब उपजता नहीं, क्योंकि सत्वस्तु उत्पत्तिमात्र होतानहीं ताते,। मृतपिंडादिवत् । अरु जबअसत्है तोभीजन्मता नहीं (विद्यमान नहीं) क्योंकि शशशृंगवत् असत्है ताते। अरु जबसदसद्रूपहै तोभीजन्मतानहीं, क्योंकि तमप्रकाशवत् परस्पर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हेतुर्न जायतेऽनादेः फलञ्चापि स्वभावतः। आदिर्न विद्यते यस्य तस्य ह्यादिर्न विद्यते २३।१५०॥

विरुद्धरूपके एकवस्तुपनेका असंभव है ताते। एतदर्थ कुछभी वस्तु जन्मता नहीं, इतिसिद्धम्॥ पुनः जिन बौद्धोंके मतविषे उत्पत्तिरूप क्रियाही उपजती है, इसप्रकार क्रियाकारक अरुफल की एकता अरु वस्तुका क्षणिकपना अंगीकार किया है, एतदर्थ वेवादी दूरसेही युक्तिकरके रहित हैं, क्योंकि 'यह ऐसे है, इस निश्चयकी स्थितिका अन्यक्षणबिषे अभावहै ताते, अरु अनुभव किये वस्तुकी स्मृतिका अभावहै ताते २२।१४९॥

२३।१५०॥ हे सौम्य, किंच, हेतु अरु फलके अनादिपनेको अंगीकार करने वाले तुझ बादी करके बलात्कारसे हेतु अरु फल की अनुत्पत्ति ही अंगीकार की होगी। प्रश्न। कैसे अंगीकार की होगी। उत्तर। तहां कहते हैं "हेतुर्न जायतेऽनादेः फलं चापि स्वभावतः। आदिर्न विद्यते यस्य तस्य ह्यादिर्न विद्यते"। आदिरहित से हेतु जन्मता नहीं, अरु आदि रहित हेतुसे फलभी स्वभाव से उपजता नहीं। अरु जिसकी आदि नहीं तिसकी आदि विद्यमान नहीं; अर्थात् आदि रहित फलसे। अर्थात् जो फल देहादिक आदि से है नहीं तिन से। तिनसे हेतु (अदृष्ट) जन्मता नहीं, अरु आदि रहित हेतुसे फलभी स्वभाव से अपने आपसे जन्मता नहीं। अरु जिस करके अनुत्पन्न हुये अनादि फल से अर्थात् जो उत्पन्नही नहीं हुआ ऐसे फलसे हेतुका जन्म, अरु आदि रहित अजन्मा हेतुसे फलभी स्वभावसेही अर्थात् निमित्त बिनाही उपजता है इस प्रकार तुझ करके अंगीकार न किया होगा। ताते हेतु अरु फलके अनादिपने के अंगीकार करनेवाले तुझ करके हेतु अरु फलकी अनुत्पत्तिही अंगीकार किया है। एतदर्थ लोक बिषे जिसका आदि (कारण) है नहीं तिसकी आदि (उत्पत्ति) है नहीं। अर्थात् कारण वाले वस्तु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वमन्यथाद्वयनाशतः । सङ्क्लेश स्योपलब्धेश्च परतन्त्राऽसिता मता २४ । १५१ ॥

की ही उत्पत्ति अंगीकार करते हैं, कारणरहित की नहीं । एतदर्थ अनादिरूप इन हेतु अरु फलकी अनुत्पत्तिही सिद्ध हुई इति सिद्धम् २३ । १५० ॥

२४।१५१॥ हे सौम्य, [वस्तुके वास्तव करके जन्मके अभावसे एक अजन्मा विज्ञान घनमात्र तत्त्व है इस प्रकार कह अब वाह्य अर्थके बाद को उठावते हैं] उक्तार्थ को ही दृढ करने की इच्छा से पुनः आक्षेप करते हैं " प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वमन्यथा द्वयनाशतः " (प्रज्ञप्तिका निमित्त करके सहितपना है अन्यथा द्वैतके नाशसे तिसका नाश प्राप्तहोवेगा ; अर्थात् शब्दादिकों की प्रतीति रूप जो ज्ञान सो प्रज्ञप्ति है, तिस प्रज्ञप्तिका विषय रूप निमित्त (कारण) करके सहितपना (आपसे पृथक् विषयवान् पना) है, इस प्रकार हम प्रतिज्ञा करते हैं । ताते शब्दादिकोंकी प्रतीति रूप प्रज्ञप्ति विषय रहित होवे नहीं, तिस को विषय रूप निमित्त करके सहितपनाहै ताते । अतएव इस प्रज्ञप्तिको आपते भिन्न वस्तुरूप विषयवान्पना युक्तहै । अन्यथा (अर्थात् तिसको विषय रहितपने के हुये) शब्द स्पर्श नील पीत रक्तादिकों के ज्ञानों की विषयता रूप द्वैतका अभावहै नहीं, क्योंकि सो प्रत्यक्ष है ताते । एतदर्थ ज्ञानों की बिचित्रतारूप द्वैतके दर्शन से अन्य वादियों का शास्त्र परतन्त्र है, इस प्रकार अन्यों का जो शास्त्र तिसके परतन्त्र आश्रयरूप ज्ञानसे । भिन्न वाह्यार्थ की अस्तिता (विद्यमानता) माननी (हमको बांछित) है अरु प्रकाशवान् स्वरूप प्रज्ञप्तिका नील पीतादि बाह्य बिषयोंकी बिचित्रता बिना स्वाभाविक भेदसेही बिचित्रपना संभवे नहीं, जैसे स्फटिक का नीलादिक उपाधिरूप आश्रयों के बिना बिचित्रपना घटे नहीं तैसे, यह अभिप्रायहै । इस[बाह्यार्थबिना अग्निकरके दाहआदिकों

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रज्ञप्तेःसनिमित्तत्वमिष्यतेयुक्तिदर्शनात् । निमित्तस्यानिमित्तत्वमिष्यतेभूतदर्शनात् २५ । १५२ ॥

केकिये दुःखकी प्रतीतिका असंभवहै ताते, बाह्यार्थहै, इसप्रकार कहतेहैं।] अन्य हेतुसेभी परतन्त्र आश्रयरूप ज्ञानसे पृथक् बाह्यार्थकी अस्तिता (सद्भाव)है। अरु "सङ्क्लेशस्योपलब्धेश्चपरतन्त्राऽस्तितामता" (क्लेशकी उपलब्धिसे परतन्त्रकी अस्तिता मानी है; अर्थात् क्लेश कहिये दुःख तिसकी प्रतीतिसे परतन्त्रकी अस्तिता मानी है । जिसकरके अग्नि आदिक निमित्तका किया दुःख प्रतीत होताहै। अरु जब दाहाऽऽदिकों का निमित्त अग्नि आदिक बाह्यवस्तु, ज्ञानसे भिन्न नहोय तो दाहादिकरूप दुःख प्रतीत न होना चाहिये, परन्तु सो प्रतीत होताहै, एतदर्थ तिस प्रतीति करके बाह्यार्थ है, इसप्रकार हम मानते हैं। अरु जिस करके विज्ञानमात्रबिषे क्लेशयुक्त नहीं, अरु अन्य सृक् चन्दनादिकोंके ठिकाने दुःखका अदर्शनहै ताते। अर्थात् अग्निदाहादिकोंसे क्लेशकी प्रतीतिहै ताते, अरु सृक् चन्दनादिकोंके ठिकाने दुःखका अदर्शनहै ताते। । एतदर्थ ज्ञानसे भिन्न बाह्यार्थके अभावहुये दुःखकी प्रतीतिका अभाव है, ताते । ज्ञानसे भिन्न बाह्यार्थ संभव है ताते । इत्यभिप्रायः २४ । १५१ ॥

२५।१५२॥हेसौम्य, इसप्रकार [दोनों अर्थापत्ति प्रमाणोंकर केबाह्यार्थके वादके प्राप्तहुये विज्ञानवादको प्रकटकरतेहैं।] वादीने पूर्वश्लोक बिषे आक्षेपकिया । तिसकी निवृत्त्यर्थ कहते हैं । "प्रज्ञप्तेःसनिमित्तत्वमिष्यतेयुक्तिदर्शनात्" (प्रज्ञप्तिका निमित्तकरके साहितपना युक्तिके देखने से तुझकरके अंगीकारहै, सो सत्यहै; अर्थात्,हेवादी उक्तप्रकार द्वैत अरु दुःखकी प्रतीतिरूप युक्तिके देखनेसे प्रज्ञप्तिका बिषयरूप निमित्तकरके सहितपना तुझकरके अंगीकार किया है यह सत्यहै, परन्तु प्रथम बाह्यार्थरूप वस्तुकी प्रज्ञप्तिकी बिषयताके अंगीकारबिषे पूर्वोक्त युक्तिका देखना कारण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है, इस अर्थबिषे तैंने स्थितरहना ॥ प्र० ॥ मैं बिचार दृष्टिकोहीं आश्रयकरके वर्त्तताहौं तिसकरके मेरेको क्यादूषणहै सो कहो। तहां सिद्धान्ती [उत्तर] कहता है कि, दूषण कहते हैं "निमित्तस्य निमित्तत्वमिष्यतेभूतदर्शनात्" [निमित्तका अनिमित्तपना अंगीकार करतेहैं परमार्थके देखनेसे] अर्थात् तेरेकरके प्रज्ञप्तिके आश्रय मानेहुये जे घटादिरूप निमित्त तिनका अनिमित्तपना। [अर्थात् विचित्रता का अकारण होनेरूप अनाश्रयपना] हमोंकरके अंगीकार कियाहै, क्योंकि परमार्थको देखाहै ताते। अरु घटजो है सो परमार्थरूप मृत्तिकाके स्वरूपसे देखाहुआ 'जैसे अश्वसे भिन्न महिषहै तैसे, [मृत्तिकासे घट] भिन्न नहीं। वा जैसे तन्तुसे भिन्न पट अरु अंशु [अतिसूक्ष्म तन्तु वा तूल] से पृथक् तन्तु नहीं, इस प्रकार उत्तरोत्तर परमार्थरूप वस्तुके देखेहुये शब्द अरु ज्ञानसे आरंभकरके [अर्थात् पद पदार्थ अरु पद पदार्थ का ज्ञान इनसे आरंभकरके] सर्वके निरोधहुये प्रज्ञप्तिका निमित्त हमदेखतेनहीं, यह अर्थहै। अथवा रज्जुबिषे सर्पादिकोंवत् परमार्थके देखने से बाह्यार्थका अनिमित्तपना अंगीकार करते हैं, यह अर्थ है। अरु भ्रान्ति ज्ञानका बिषयहोनेसे निमित्तका अनिमित्तपना होता है। अरु जिसकरके सुषुप्तिमान्, समाधिमान, अरु मुक्त, इनपुरुषों को भ्रान्तिदर्शनके अभावहुये, आपसे भिन्न पदार्थ प्रतीतहोते नहीं। अरु जिसकरके अनुत्पत्तिसे [अर्थात् उत्पत्तिके अभावहुये] भी उत्तम पुरुष करके ज्ञातवस्तु विद्वानों करके तिसप्रकारका जानतेनहीं [देहाभिमानीको जो वाह्य अर्थकी प्रतीतिका निश्चय यहै [कि यह जो बाह्य प्रतीतिमान् पदार्थहै सो सत्यहै] तिसकरके अद्वैतदर्शीकोभी तिसकी प्रतीति प्रतिबन्धरहित होवेगी, यह शंका करके कहते हैं] एतदर्थ भ्रान्तिके अभावहुये बाह्यार्थका अभाव बनताहै। [बाह्यार्थके प्रतिपादनार्थ कथनकिये जे उभय अर्थापत्ति प्रमाण सो कैसे निषेधकरनेके योग्यहै, इस शंकाकेहुये कहते हैं, इस कथनकरके द्वैतकादर्शन अरु दुःखकी प्रतीतिरूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चित्तं न संस्पृशत्यर्थं नार्थाभासंतथैवच । अभूतो हि यतश्चार्थो नार्थाभासस्ततः पृथक् २६ । १५३ ॥

प्रज्ञप्तिके निमित्त सहितपनेबिषे कथनकिये कारणका निषेधकिया जानना २५ । १५२ ॥

२६ । १५३ ॥ हेसौम्य, जिसकरके [ज्ञानको आश्रय कहिये बिषय वा ज्ञेय, तिसकरके सहितपनेकी प्रसिद्धिकेहुये । अर्थात् ज्ञान जोहै सो ज्ञेयकरके सहितही है, इस प्रसिद्धिकेहुये? । वास्तवदृष्टि करके देखेहुये ज्ञेयके अभावसे ज्ञानकाभी अभाव होवेगा, । यह शंकाकरके कहते हैं] बाह्यनिमित्त नहीं है एतदर्थ "चित्तंनसंस्पृशत्यर्थंनार्थाभासंतथैवच" । "चित्त अर्थको स्पर्श करता नहीं, पुनः तैसेही अर्थके आभासको; अर्थात् जब बाह्य निमित्त है नहीं, ताते चित्त जो है चैतन्य सो वाह्यके आश्रय अरु विषय रूप अर्थको स्पर्श करता नहीं [चैतन्य को पदार्थ के अर्थ स्पर्श करने के स्वभाव के अभाव हुये भी तिस पदार्थ के आभासार्थ स्पर्श करने का स्वभाव होवेगा, । यह शंका करके तब कहते हैं] अरु "अभूतोहियतश्चार्थोनार्थाभासस्ततःपृथक्" । "जाते अर्थ मिथ्या है ताते अर्थाभास भी तिससे भिन्न नहीं"; अर्थात् चित्त कहिये जो चैतन्य है सो वाह्यके अर्थ अरु तिसके आभास को स्पर्श करता नहीं, क्योंकि । निराकार । चैतन्य है ताते 'जैसे स्वप्न के पदार्थों को चैतन्य स्पर्श करता नहीं तैसे, । अरु जिस (उक्त हेतु) करके [अब श्लोकके तृतीय पादका व्याख्यान करते हैं। विवाद का विषय जो अर्थ सो सत्‌रूप होता नहीं, क्योंकि अर्थ है ताते, प्रसिद्ध अर्थोवत् । इस अनुमान से ज्ञानका आश्रय है नहीं । इत्यर्थः] जाग्रत् बिषे भी वाह्य शब्दादिरूप अर्थ स्वप्न के अर्थवत् मिथ्याही हैं । एतदर्थ [यहां यह अर्थहै कि, जब घटादिक वाह्यार्थ को ग्रहण नहीं करते, तब असत्‌रूप तिस घटादिक बिषे ही तिन घटादिकों की प्रतीति के होनेसे ज्ञानका विपर्यास

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निमित्तं न सदा चित्तं संस्पृशत्यध्वसुत्रिषु । अनिमित्तो विपर्यासः कथं तस्य भविष्यति २७। १५४॥

कहिये भ्रम होवेगा, क्योंकि तिसकरके रहित बिषे तिसकी बुद्धिरूप विपर्य्यास तिस प्रकार का है ताते, अरु विपर्य्यास के अंगीकार किये कहीं भी अविपर्यास कहिये अभ्रान्ति कहने के योग्यहै, क्योंकि अन्यथा ख्यातिवादियों करके भ्रान्तिकी अभ्रान्ति पूर्वक तिसका अंगीकार है ताते] अर्थाभास भी उक्त चित्तसे भिन्न है नहीं, किन्तु चित्त कहिये 'ब्रह्म' चैतन्य, ही घटादिरूप अर्थवत् भासता है। जैसे स्वप्नबिषे भासता है तैसे २६ । १५३ ॥

२७।१५४हेसौम्य,[ज्ञानको विषयरूप आश्रय करके सहितताके अभाव हुये तिसके तिसप्रकार होनेकी प्रतीति भ्रान्ति होवेगी, अरु भ्रान्ति जो है सो आभ्रान्तिरूप प्रतियोगी वालीहै,इसप्रकार अन्यथा ख्यातिके मतकी शंका लेके कहते हैं] । शंका। ननु,तब चैतन्यको असत् घटादिकों बिषे घटादिक की आभासतारूप विपर्यय (भ्रम) होवेगा,। अरु तैसे हुये कहिंक (किसी भी ठिकाने) अविपर्यक कहने को योग्यहै । अर्थात् जब चैतन्य को असत् घटादिकों बिषे घटादिकों की आभासतारूप भ्रम होवेगा तब तिस भ्रमका प्रतियोगी जो अभ्रम सो भी किसी न किसी बिषे कहने को योग्यही है । तहां उत्तर कहते हैं, [भ्रान्ति तो अन्यप्रकारसे भी होवेगी, इसप्रकार कहते हैं]"। निमित्तंनसदाचित्तंसंस्पृशत्यध्वसुत्रिषु "। "निमित्त तीनमार्गों बिषे भी सदा चित्त (चैतन्य) को स्पर्श करता नहीं ; अर्थात् निमित्त जो है विषय सो भूत भविष्यत् अरु वर्त्तमानरूप इन तीन मार्गों (कालों) बिषे भी चित्ताख्य चैतन्य को स्पर्श करता नहीं, जब कहीं भी स्पर्श करे तब सो परमार्थ से अविपर्यय है । एतदर्थ तिस चित्तके स्पर्शकी अपेक्षा से असत् घटबिषे घटका आभासरूप विपर्य्यास होवे है, परन्तु सो चित्त (चैतन्य)का अर्थ (बिषय) से कदाचित्भी स्पर्श

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तस्मान्नजायतेचित्तंचित्तदृश्यंनजायते। तस्यपश्यन्तियेजातिंखेवैपश्यन्तितेपदम् २८। १५५॥

नहीं "अनिमित्तो विपर्य्यासःकथंतस्यभविष्यति" निमित्तरहित विपर्य्यास तिसको कैसे होवेगा? अर्थात् जब चैतन्यका अर्थसे स्पर्श किसीप्रकारभी नहीं, ताते निमित्तरहित तिस चित्तकोविपर्य्यास कहिये भ्रान्ति कैसे होवेगी, किन्तु किसी प्रकारसे भी विपर्य्यास हैनहीं। इत्यभिप्रायः। अरु यहही चित्त (ब्रह्मचैतन्य) का स्वभाव कहिये अविद्याहै कि जो घटादिरूप निमित्तके अविद्यमानहुये तद्वत् (विद्यमानहुयेवत्) भासना एतदर्थ अभ्रान्तिके अभावसे भ्रान्तिकेभी असंभवहुये। अर्थात् जो जिसका सापेक्षकहै सो तिसके अभावसे अभाव होताहै। ज्ञानकी असत् घटादिकों बिषे घटादिकोंकी आभासरूपता निर्वाह करतेहैं २७।१५४॥

२८। १५५॥ हे सौम्य [इसप्रकार बाह्यार्थ वादीके पक्षको विज्ञानवादी के मतद्वारा निषेधकरके अब विज्ञानवादका भी निषेध करतेहैं] "प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वं" प्रज्ञप्तिका निमित्त सहित पनाहै, इससे आदिलेके यहां पर्यन्त विज्ञानवादी जो बौद्ध तिसका बाह्यार्थके वादीके पक्षके निषेध परायण वचनहैं, सो आचार्यने अनुमोदनकिया। अब तिसही वचनको हेतुकरके तिस विज्ञानवादीके पक्षके निषेधार्थ यह कहते हैं "तस्मान्न जायतेचित्तं चित्तदृश्यं न जायते" ताते चित्त जन्मता नहीं जैसे चित्तका दृश्य जन्मता नहीं; अर्थात, जिसकरके विज्ञानवादीने असत्ही जो घटादिक तिसबिषे चित्त (चैतन्य) को घटादिकोंकी आभासरूपता अंगीकार कियाहै, सो हमोंने भी परमार्थ दृष्टिसे अनुमोदनकिया। अतएव तिस चित्तकी भी जन्मके अविद्यमान हुये ही जानने में आवनहार वस्तुकी आभासरूपता होनेको योग्यहै एतदर्थ चित्त कहिये चैतन्य जन्मता नहीं, जैसे चित्तका दृश्य जन्मता नहीं तैसे। एतदर्थ तिसही चित्तकरके देखनेको अशक्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अजातंजायतेयस्मादजातिःप्रकृतिस्ततः। प्रकृतेरन्यथाभावोनकथञ्चिद्भविष्यति २९। १५६ ॥

चित्तस्वरूपके धर्म्म, तिसकारणसे (क्षणिकता दुःखरूपता अरु अनात्मरूपता, इत्यादिकोंको देखतेहुये "तस्य पश्यन्ति ये जातिं खेवैपश्यन्ति ते पदम्" (जो तिसकी उत्पत्तिको देखते हैं सो आकाशबिषे पादोंको प्रसिद्ध देखतेहैं ; अर्थात् जो विज्ञानवादी तिस चित्त (चैतन्य) की उत्पत्तिको देखते हैं सो आकाशबिषे (अनहुये) पक्षि आदिकोंके पादचिह्नों को प्रसिद्ध देखते हैं। एतदर्थ यह विज्ञानवादी अन्य द्वैतवादियोंसे भी अत्यन्त विचार शून्यहै। इत्यर्थः। अरु जे शून्यवादी हैं सो भी सर्वकी शून्यता को देखते हुयेही अपने सिद्धान्तको भी शून्यताकी प्रतिज्ञा करते हैं, सो आकाशको मूठी बिषे ग्रहणकरने की इच्छाकरते हैं। अतएव सो शून्यवादी विज्ञानवादीकी अपेक्षा तिससे भी अधिकतर विचारशून्यही है २८। १५५ ॥

२९। १५६॥ हे सौम्य, "अजमेकं ब्रह्मेति" (अजन्मा एक ब्रह्महै) इसप्रकार जो पूर्व प्रतिज्ञा कियाहै, तिसके कहेहुये हेतुओंसे जो जन्मका अनिरूपण तिसकरके सो अजन्मा ब्रह्म सिद्ध हुआ। तिस सिद्धहुये अर्थके फलकी समाप्तिके अर्थ यह श्लोक है। [यहां यह अर्थ है कि, जब चैतन्यरूप स्फूर्ति अजन्मा इष्ट है, तब सो ब्रह्मही है, क्योंकि सो एक कूटस्थ स्वभाववाला है ताते (अर्थात् कूट नामेहै लोहकार वा सुवर्णकारकी ऐरन का कि जिसके आश्रय वो सर्व कार्योंको करते हैं अरु वो जहां जैसाहै तहां तैसाही निर्विकार है, तद्वत् निरुपाधि निर्विकार एकरस चैतन्यको भी " कूटवत्तिष्ठतीति कूटस्थः" इस व्युत्पत्त्यर्थसे उसको कूटस्थ कहते हैं (सो पुनः वास्तवसे अजन्माही है, तथापि मायासे जन्मवान् होताभासेहै, इसप्रकार जब कल्पना करते हैं, तब तिस कूटस्थको अजन्मा होनेकरके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अनादेरन्तवत्त्वंचसंसारस्यनसेत्सति । अनन्तता वादिमतोमोक्षस्यनभविष्यति ३०।१५७॥

तिसकी अनुत्पत्तिही (अजन्मापनाही) प्रकृति कहिये स्वभाव होताहै] "अजातंजायते यस्मादजातिः प्रकृतिस्ततः" (जिसकरके अजन्मा जन्मता है, तिसकरके अनुत्पत्तिही प्रकृति है ; अर्थात् अजन्माही जो चैतन्य ब्रह्महै सो जन्मता है, इसप्रकार वादियों करके कल्पनाकियाहै । अरु जिसकरके सो चैतन्य ब्रह्म कूटस्थ, अजन्मा जन्मताहै, एतदर्थ तिसकी अनुत्पत्ति प्रकृति कहिये स्वभावहै।ताते "प्रकृतेरन्यथाभावो नकथञ्चिद्भविष्यति" प्रकृतिका अन्यथाभाव किसी प्रकारसेभी होतानहीं; अर्थात् जाते चैतन्य ब्रह्मकी अनुत्पत्तिही स्वभाव ,प्रकृति, है ताते सो अनुत्पन्नतारूप प्रकृतिका अन्यथाभाव कहिये उत्पत्ति ,जन्म, किसी प्रकारसे भी होता नहीं ॥ इति सिद्धम् ॥ २९ । १५६ ॥

३०।१५७॥ हेसौम्य, आत्माके बिषे ,संसार अरु मोक्ष, इनके परमार्थसे सद्भावके माननेवाले वादियोंको यह दूसरादूषण कहतेहैं । पूर्वथानहीं, इस अवच्छेदसे रहित अनादि संसारकी अन्तवान्ता कहिये समाप्ति युक्तिसे सिद्ध न होगी । अरु जिसकरके लोकबिषे अनादिहुआ कोईभी पदार्थ अन्तवान् देखा नहीं, एतदर्थ [यहां यह अनुमानहै कि विवादका विषय जोसंसार सोअन्तवान् हैनहीं क्योंकि आत्मावत् अनादि भावरूपहै ताते] यह अर्थ घटितहै ॥ अरु जो ऐसाकहै कि बीज अरु अंकुरका हेतु अरुफल भावसे जो सम्बन्धहै, तिसके सन्तानके अनादिभावरूप हुये भी तिसका अन्त देखते हैं ताते, संसारकी अनन्तताके साधने बिषे "अनैकान्तिकतेति" (अनादिहोनेसे) । यह जोहेतु कहा तिसको व्यभिचारवान्ताहै, । सोकथन बनेनहीं, क्योंकि बीज अरु अंकुर के सम्बन्ध के संतानरूप वस्तुको एकरूपताके अभावकरके पूर्व इसप्रकरणके २०वें श्लोकसे निषेधकियाहै । अरु "अनन्तताचा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आदावन्तेचयन्नास्तिवर्त्तमानेऽपितत्तथा । वितथैःसदृशाःसन्तोऽवितथाइवलक्षिताः ३१ । १५८॥

दिमतो मोक्षस्यनभविष्यति ।' 'आदिवाले मोक्षकीभी अन्तता न होगी' अर्थात् तैसे ज्ञानकी प्राप्तिकालबिषे उत्पत्तिरूप आदिवाले मोक्षकी अनन्तताभी न होगी, क्योंकि आदिवाले घटादिकों विषे अनन्तताको देखते नहीं । अरु जोकहे कि घटादिक नाशवान् हैं, क्योंकि अवस्तुरूप हैं ताते, इसप्रकार मानेहुये दोष नहीं, । तो तैसाहोनेसे परमार्थसे मोक्षके सद्भावके प्रतिज्ञाकी हानिहोवेगी, अरु मोक्षको शशशृंगवत् असत् होतेही तिसके आदिवान्पनेका (ज्ञानसे उत्पत्तिका) अभाव होवेगा ३० । १५७ ॥

३१।१५८॥ हेसौम्य ।वादी कहताहै। तब मोक्षको आदिअन्तवान्पना होहु,। तहां ।सिद्धान्ती। कहताहै, "आदावन्तेचयन्नास्ति वर्त्तमानेऽपितत्तथा, वितथैःसदृशाःसन्तो ऽवितथाइवलक्षिताः।" 'जो आदि अरु अन्तबिषे नहीं है सो वर्त्तमानाबिषे भी नहीं, जैसे मिथ्यावस्तुके सदृशहुयेभी सत्यवत् जानतेहैं' अर्थात् मृगजलादिक वस्तुआदि अरु अन्तबिषे हैनहीं सोअपने वर्त्तमानसमयभी तैसेही ,आदि अन्तवत्ही, हैनहीं। ।अथवा जोवस्तु अपने अभाव हुये हैनहीं, सोअपनी उत्पत्तिसे पूर्वभी हैनहीं अरुजो अपनेआदि अन्तमें नहीं सो अपने वर्त्तमान कालमेंभी हैनहीं "अव्यक्तादीनि भूतानि" इत्यादि गीतोक्तिप्रमाणसे। जैसे यह दृष्टान्तहै तैसेमोक्षादिक पदार्थभी ।सम्यक् ज्ञानकरके जन्य होनेसे । मिथ्यावस्तु के तुल्य है, तथापि उसको मूढ पुरुष सत्यवत् जानते हैं । । अर्थात् सत् शुद्ध स्वरूप आत्माबिषे जो भ्रान्तिमात्र बंधहै सो अविवेकी को सत्यवत् भासताहै, तैसेही भ्रान्तिरूप बन्धका प्रतिपक्षी(सापेक्षिक) जो मोक्ष सोभी भ्रान्तिरूप असत् है तथापि सोभी अविवेकी पुरुषोंको सत्यवत् भासताहै । ३१ । १५८ ॥

३२।१५९॥हेसौम्य, ।शंका। ननु,मृगजलादिकोंसे स्नानपाना-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सप्रयोजनतातेषांस्वप्नेविप्रतिपद्यते। तस्मादाद्यन्तवत्त्वेनमिथैवखलुतेस्मृताः ३२। १५९ ॥

दिरूप प्रयोजनकी अप्रतीति (असिद्धि)से सां मिथ्याहै, परन्तु मोक्ष अरु स्वर्गादिकों के सुखादिकों की प्राप्तिरूप प्रयोजन की प्रतीतिहै, ताते मोक्षादिकोंका मिथ्यापना नहीं,। यह शंकाकरके समाधान, कहते हैं "सप्रयोजनतातेषां स्वप्नेविप्रतिपद्यते" तिनकी सप्रयोजन सहितता स्वप्नबिषे विपर्य्ययको पावती है, अर्थात् तिन मोक्षादिकोंकी सप्रयोजनता स्वप्नबिषे विपर्य्ययको प्राप्तहोती है। अरु जैसे स्वप्नबिषे देखेहुये पदार्थोंकी विपरीतता(असत्यता) जाग्रत् बिषे होती है। अर्थात् स्वप्नमें यह स्वप्नहै अरु मिथ्या है ऐसी प्रतीत होतीनहीं अरु जब जाग्रत्को प्राप्तहोताहै तब जाग्रतसे स्वप्नकी विपरीतता प्रतीतहोती है। तैसे जाग्रत्बिषे देखेहुये पदार्थोंकी विपरीतता स्वप्नबिषे होतीहै। अर्थात् जाग्रत्से विपरीत स्वप्न है अरु स्वप्नसे विपरीत जाग्रत् है इस कहने से स्वप्न बिषे जाग्रत् नहीं अरु जाग्रत्बिषे स्वप्न नहीं; अतएव येदोनों परस्पर विपरीत व्यभिचारी होनेसे मिथ्याहैं। यह अर्थहै। अरु "तस्मादाद्यन्तवत्त्वेन मिथैवखलुतेस्मृताः" तस्मात् आदि अन्तवान् होनेकरके तिनको निश्चयकरके मिथ्याही जानाहै, अर्थात्, तिस जाग्रत् अरुस्वप्नके परस्पर विपरीत व्यभिचारीपनेकेदृष्टान्त करके आदि अरु अन्तवान होनेसे, विवेकी पुरुषोंने निश्चय करके मोक्षादिसर्व मिथ्याही जानेहैं। अर्थात् जाग्रत् अरु स्वप्नवत्, बंध अरु मोक्ष यहभी परस्पर विपरीत व्यभिचारी, अरुसापेक्षिक होनेसे मिथ्याहैं, अरु जैसे जाग्रत् स्वप्नका परस्पर व्यभिचारहै, तैसे उनका एकसाक्षी आत्मासे भी व्यभिचारहै, तैसेहीइन बन्ध अरु मोक्षका परस्पर, अरु अव्यभिचारी निर्पेक्ष सत्य एकरूप आत्मासे, व्यभिचारहै, ताते ज्ञानवानोंने इनबन्ध अरुमोक्ष दोनोंको निश्चयसे मिथ्याकरकेही जाना है। अरु यद्यपि यह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्व्वेधर्मामृषास्वप्नेकायस्यान्तर्निदर्शनात् । संवे
ऽस्मिन्प्रदेशेवैभूतानांदर्शनंकुतः ३३ । १६० ॥

दोनोंश्लोक द्वितीय प्रकरणमें व्याख्या किये हैं, तथापि यहां
अरु मोक्षके अभावके प्रसंगसे पुनः पठनकिये हैं, ताते यहां पु
रुक्तिदोष विचारनीय नहीं ३२ । १५९ ॥

३३।१६०॥ हेसौम्य, "निमित्तस्यानिमित्तत्वमिष्यतेभूतद
नात्" परमार्थके देखनेसे निमित्तका अनिमित्तपना हमों क
अंगीकार कियाहै, यह २५ वें श्लोकबिषे कथनकिया जो अर्थ
अब इन श्लोकोंसे विस्तारित करतेहैं। [जिस हेतुकरके स्वप्न
मिथ्यापना इष्टहै तिस हेतुको जाग्रत् बिषेभी तुल्यहोनेसे जाग्र
काभी मिथ्यापना इष्टकरके अजन्मा (जन्मादि विकार रहित
ज्ञानमात्र तत्त्वही अंगीकार करनेयोग्यहै, इस कहनेके अभिप्रा
से कहतेहैं] "सर्वेधर्म्मामृषास्वप्ने कायस्यान्तर्निदर्शनात्" "स्व
बिषे सर्वधर्म्म मिथ्याहै शरीरान्तर होनेसे" अर्थात् जब शरीरान्त
रहोनेसे स्वप्नके सर्व पदार्थ असत्य हैं, तब विराट् के शरीरान्त
सर्व जगत्के देखनेसे तिसका मिथ्यापना निवारणकरनेकोशक
नहीं । अर्थात् बृहदारण्यक उपनिषद् बिषे, शरीरके अन्तर ए
खडे केशके सहस्रवें भाग प्रमाण हितानाम्नि नाडियां हैं तिनमें
एकनाडी के अन्तर स्वप्नजगत् भासता है, परन्तु स्वप्नके पर्व
सागरादि सहित जगत् के होने प्रमाण देशकाल वस्तुका अ
संकोच अभाव होनेसे, अरु तिस नाडीके अन्तर भी महासूक्ष
आत्माकी पूर्णता से, एकठिकाने दोवस्तु रहे नहीं इस न्याय
उस नाडीके अन्तरस्थानादिकों के अभावसे वहां भासमान ज
स्वप्नजगत् सो भ्रान्तिमात्र होनेसे असत्है । तैसेही इस जाग्र
जगत्को विराट्के शरीरान्तर होनेसे अरुतहांभी इस व्यष्टिशरी
रवत् देशकालादिकोंके संकोचसे अरु चैतन्य आत्माकी पूर्णत्व
तिसे यहदृश्यमान जो जाग्रत् जगत् तिसकोभी भ्रान्तिरूपहो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नयुक्तंदर्शनंगत्वाकालस्यानियमाद्गतौ । प्रतिबुद्धश्चवैसर्वस्तस्मिन्देशेनविद्यते ३४ । १६१ ॥

से तिसका मिथ्यापना निवारण करनेको शक्य नहीं। अरु जो ऐसाकहो कि यह समस्त जाग्रत् जगत् विराट्का वपुहै विराट् के शरीरान्तर स्वप्नवत् नहीं,ताते असत्भी नहीं,। तो श्रवणकरो हेसौम्य आकाशसेभी महासूक्ष्म आत्मतत्त्व घनशिलावत् पूर्णतासे व्याप्त है, उससे खालीस्थान जगत्के रहनेको कोई नहीं, अरु एकठिकाने दोवस्तु रहेनहीं इसन्याय प्रमाण देखनेसे उस परिपूर्ण अखंड चैतन्यबिषे उससे रीते स्थानके अभावसे आकाशादि सर्व जगत् उस अधिष्ठान तत्त्वबिषे रज्जुमें सर्पवत् अध्यस्त होने से भ्रान्तिरूप असत्यही निश्चयकरने के योग्यहै। यह अर्थ है, किंवा, जब योग्य देशके अभावसे स्वप्नका मिथ्यापना दृष्ट है, तब प्रत्यगात्मा से अभिन्न अखंड एक रस अवकाश रहित इस ब्रह्मरूप देशबिषे प्रसिद्ध विद्यमान वस्तु का दर्शन कहांसे होगा, किन्तु ब्रह्मको आपसे इतर अवकाश रहित होनेसे किसी प्रकारसे भी उसबिषे अन्यका दर्शन बनेनहीं,। अरु जिस करके स्थान विना जगत्का दर्शन होता है, तातेस्थान बिनाके स्वप्नवत् जाग्रत् जगत् भी मिथ्या है। यह इसका अर्थ है ३३। १६० ॥

३४। १६१ ॥ हे सौम्य अब उक्तार्थको ही वर्णन करते हैं "नयुक्तंदर्शनंगत्वा कालस्यानियमाद्गतौ" गति बिषे काल के अनियमसे जायके दर्शनयुक्तनहीं, अर्थात् जैसे स्वप्नबिषे देशान्तर को जानेमें कालके अनियमसे देशान्तरको जायके देखना युक्त नहीं। अर्थात् स्वप्नमें जो अनेक योजनोंके अन्तरवाले देशान्तर वा द्वीपान्तरको अरु तहांके पदार्थोंको पुरु देखताहै सो शरीरसे बाह्य उन देशान्तर वा द्वीपान्तरमें जायके देखता नहीं क्योंकि जाग्रत्को त्यागके स्वप्नको प्राप्त होने के मध्य इतना दीर्घ काल नहीं जो उन देशान्तरके प्राप्त होनेमें चाहिये, किन्तु शनैःशनैः

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जाग्रत्की निवृत्ति अरु स्वप्नकी प्रवृत्ति प्रायः समकालही होति है, अरु तैसेही स्वप्नकी निवृत्तिके समकालही जाग्रत्की प्रा होती है ताते जाग्रत्से स्वप्नमें जाने अरु स्वप्नसे जाग्रत्में आव के मध्य इतना दीर्घ काल नहीं जो स्वप्नमें देहसे बाह्य देशान्त को जाय अरु आवे । तैसे जाग्रत् बिषे भी मरणोत्तर अर्चिरा मार्गसे जायके ब्रह्मका दर्शन युक्त नहीं, क्योंकि ब्रह्म जो है काल, अरु देश, के अवच्छेदसे रहितहै । अर्थात् यहां जो स्वप्न दृष्टान्तसे, जाग्रत्बिषे मरणोत्तर अर्चिरादि मार्ग से जायके ब्र के दर्शन युक्त नहीं ऐसा कहाहै सो अस्तु परन्तु अर्चिरादि उ रायण मार्गके साधनेवालेको, ब्रह्मात्माके अभेद ज्ञानीवत् शरी से उत्क्रमण (निकसे) बिना यहांहीं "ब्रह्मैवसन्ब्रह्माप्येति" नि र्विशेष ब्रह्मभावकी प्राप्तिवत्, ब्रह्म प्राप्ति नहीं, किन्तु उसको अ र्चिरादि क्रमसे ब्रह्मलोक प्राप्तिहै, ताते उसका मरणोत्तर वा गमन युक्तहै " यचेमेऽरण्ये श्रद्धातपइत्युपासते तेऽर्चिषमभि म्भवत्यर्च्चिषोऽहरह्न आपूर्यमाण यक्ष्मापूर्य्यमाणपक्षाद्यान् षड् ङ्डेतिमासाꣳस्तान् । मासेभ्यःसम्बत्सरꣳ सम्बत्सरादादित्य मादित्याच्चन्द्रमसं चन्द्रमसोविद्युतं तत्पुरुषोमानवःसएनां ब्र गमयत्येषदेवयानःपन्था इति " " तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेतीति इत्यादि प्रमाण से अर्चिरादिकों के उपासकको साक्षात् मो प्राप्ति न होयके उसको सुषुम्नानाडीके मार्ग देहसे उत्क्रमणहो देवयान मार्गकी रीतिसे ब्रह्मलोक प्राप्ति अरु ब्रह्माके साथ स पेक्षिक मोक्ष है, ॥ किंवा ॥ "प्रतिबुद्धश्चवैसर्व्वस्तस्मिन् नविद्यते" "सर्वजन प्रबोधको पाया हुआ तिस देशबिषे वि मान होता नहीं; अर्थात् जैसे सर्वजन जिस देशबिषे स्थितहो सोयेहुये स्वप्नोंको देखते हैं सो पुनः प्रबोध (जाग्रत्) को प के तिस देशबिषे कि जिन देशान्तर वा द्वीपान्तरोंको स्वप्नमें दे खताहै, स्थित होतानहीं । इसप्रकार होने से स्वप्नका मिथ्या नाही बांछितहै । तैसे जाग्रत्बिषे भी जिस देहरूप देशबिषे स्थि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मित्राद्यैः सह सम्मन्त्र्य सम्बुद्धो न प्रपद्यते। गृहीतश्चापि यत्किञ्चित् प्रतिबुद्धो न पश्यति ३५। १६२॥

हुआ पुरुष संसारको अनुभव करताहै, पुनः ब्रह्मभावको पाया हुआ तिस देहरूप देशबिषे स्थित नहीं है, क्योंकि परिपूर्ण ब्रह्मरूप होयके स्थित हुआहै। एतदर्थ जाग्रत्का भी मिथ्यापना अंगीकार करने योग्यहै॥ इस श्लोक का तात्पर्य्यरूप अर्थ यहहै कि जाग्रत्बिषे गमनागमनके काल जो नियमितहैं अरु जो देश प्रमागसे हैं, तिनके नियमसे स्वप्नबिषे देशान्तरको गमन होवे नहीं, किन्तु देहके भीतर देशान्तरादि प्रपंच देखते हैं, तैसे जाग्रत्बिषे भी घटित हैं, याते तिन (जाग्रत् अरु स्वप्न) दोनोंको तुल्यहोने से, उन दोनोंका मिथ्यापनाभी तुल्यही है ३४।१६१॥

३५।१६२॥हेसौम्य, [जैसे स्वप्नबिषे विसंवादसे (अर्थात् निष्फल प्रवृत्तिके जनक भ्रमरूपतासे, अप्रमाणपना इच्छितहै, तैसे ही जाग्रत्बिषेभी ब्रह्मवादियोंके साथ मिल बिचारकरके अविद्या निद्रासे सम्यक्प्रकार प्रबोधको पाया जोपुरुष, सोपुरुष (परम श्रेय, हमोंकरके साधनेयोग्यहै, (वा नहीं) इसप्रकार बिचार किये मोक्षके साध्यभावको जानता नहीं (अर्थात् ब्रह्मवेत्ताओंका सत्संगी सम्यक् बिचारवान् आत्मानुभावि पुरुष (मोक्ष हमों करके साधनेयोग्यहै इस भावको जानता नहीं) क्योंकि (उसको सत् संगके प्रभाव से आत्माकी एकता के अनुभवहुये सर्वकी नित्य मुक्तताका निश्चयहै ताते। एतदर्थ मुमुक्षुपना अरु श्रवणादिसाधनोंकी कर्त्तव्यता भ्रान्तिसेहीहै, इसप्रकार कहते हैं]"मित्राद्यैःसह सम्मन्त्र्य सम्बुद्धो न प्रपद्यते, गृहीतश्चापि यत्किञ्चित् प्रतिबुद्धो न पश्यति"(मित्रादिकोंके साथ गुप्त भाषणकरके प्रबोधकोपाया हुआ पावता नहीं, अरु ग्रहणकिये जिसकिसकोभी देखतानहीं, अर्थात् स्वप्नबिषे मित्रादिकोंके साथ गुप्तभाषण करके प्रबोधको पायाहुआ पावता नहीं। अरु [किंवा स्वप्नवत् अनुभवकिये उप-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वप्ने चावस्तुकः कायः पृथगन्यस्य दर्शनात्। यथा कायस्तथा सर्वं चित्तदृश्यमवस्तुकम् ३६। १६३॥

देशादिकोंको विद्वान् देखता नहीं, क्योंकि तिस विद्वान् का साध्य फलका अभावहै, [उससे श्रेष्ठअरु अन्य कुछभी नहोने इसप्रकार कहते हैं] ग्रहणकिये जिसकिसको। अर्थात् स्वप्नबि ग्रहणकिया जोकुछ। सुवर्णादि पदार्थ तिनकोभी देखता (पावता नहीं, अरु गयाहुआ देशान्तरकेताईं जातानहीं। 'अर्थात् स्व बिषे जिन देशान्तरको जाता है, तिन देशान्तरको जाग्रत् हु जातानहीं ३५। १६२॥

३६।१६३॥ हेसौम्य, [किंवा स्वप्नावस्था बिषे जिस शरी करके नदी अरण्यादिकोंबिषे विचरता है, सो मिथ्या है, क्योंकि तिस स्वप्नगत देहसे भिन्न निश्चल जाग्रत्गत शरीरको देख हैं, तैसे जाग्रत्बिषेभी जिस संन्यासीआदिक शरीरसे लोकोंक के पूजनेयोग्य वा द्वेषकरने योग्य देखते हैं, तिसको मिथ्याकह हैं, क्योंकि तिस शरीरसे पृथक् ब्रह्मनामवाला कूटस्थ रूप शरी का यथार्थ अनुभवहै ताते, इसप्रकार कहते हैं] "स्वप्ने चावस्तु कः कायः पृथगन्यस्य दर्शनात्" 'स्वप्नबिषे जो शरीर है अवस्तु रूप है, अन्य से पृथक् देखने से; अर्थात् स्वप्नबिषे अ रण्यादिकों में भ्रमताहुआ जो शरीर देखते हैं सो अवस्तुरूप क्योंकि तिस स्वप्न के शरीर से पृथक् जाग्रत् का शरीर देखते ताते "यथा कायस्तथा सर्वं चित्तदृश्यमवस्तुकम्" 'जैसे शरी तैसे चित्त का दृश्य सर्व अवस्तुरूप है; अर्थात् जैसे स्वप्नका दृ श्य शरीर असत् है तैसे जाग्रत् बिषे भी सर्व चित्तका दृश्य अव स्तुरूपही है, क्योंकि चित्तका दृश्य (कल्पित है ताते। अरु स्व के तुल्य होने से जाग्रत् भी असत्यही है, ऐसा इस प्रकरण का अर्थ है ३६। १६३॥

३७। १६४॥ हे सौम्य, [जैसे जाग्रत् को अनुभव करतेहै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ग्रहणाज्जागरितवत्तद्धेतुः स्वप्न इष्यते। तद्धेतुत्वात्तु तस्यैव सज्जागरितमिष्यते ३७।१६४॥

तैसे स्वप्न को भी अनुभव करते हैं। अरु स्वप्न को जाग्रत्का कार्य्य होनेसे जो स्वप्नका द्रष्टाहै तिसहीका जाग्रत् (स्वप्नरूप कार्य हुआ विद्यमान है (अरु स्वप्न असत् है (एतदर्थस्वप्नवत् जाग्रत् का मिथ्यापनाही है, इस प्रकार कहते हैं] इस कहनेके हेतु से भी जाग्रत्की बस्तुका असत्पना है "(ग्रहणाज्जागरित वत्तद्धेतुः स्वप्न इष्यते "((जाग्रतवत् ग्रहणसे तिस हेतुवाला स्वप्न अंगीकार करते हैं ; अर्थात् जाग्रत्वत् ग्राह्य ग्राहक रूपसे स्वप्नके ग्रहणसे तिस जाग्रत्रूप हेतुवाला (जाग्रत् का कार्य) स्वप्न अंगीकार करते हैं, [किंवा, जाग्रत्का अनेक पुरुषों को साधारणहोने रूप जो विद्यमानपनाहै सो वास्तवसे है नहीं, क्योंकि स्वप्नका कारण है ताते, किन्तु तैसे अनेकको साधारण होनेवत् भासमानपना है, इसप्रकार कहते हैं] तिस हेतुवाला होनेसे (जाग्रत्का कार्य होनेसे) तिसही स्वप्नके द्रष्टाको जाग्रत् सत्य अंगीकार करतेहैं, अन्योंका नहीं 'जैसे स्वप्नहै, । [प्रमाताके होते वाध्य होनेरूप स्वप्नका मिथ्यापनाहै, अरु जाग्रत् को पुनः तिस बाध्यहोनेकी अप्रतीतिसे परमार्थसे सत्पना है, अरु कार्यको मिथ्यापनेके हुये कारणको भी मिथ्यापना है, इस विषे प्रमाणके अभावसे सर्वको साधारण अरु विद्यमान जो जाग्रत् सो मिथ्याहोनेके योग्य नहीं। यह शंकाकरके कहते हैं] यह अभिप्रायहै। जैसे स्वप्नजोहै सो स्वप्नके द्रष्टाकोही सत्य है (अर्थात् साधारण विद्यमान वस्तुवत् भासता है, तैसे तिस जाग्रत् रूप कारणवाला होनेसे तिस स्वप्नका स्वप्नके द्रष्टाकोही साधारण विद्यमान वस्तुवत् भासनाहै, परन्तु साधारण विद्यमान जो वस्तुहै सो स्वप्नवत् है नहीं। यह इसका अभिप्रायहै ३७।१६४॥

३८।१६५॥ हे सौम्य, [स्वप्न अरु जाग्रत्के कार्य्य कारण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उत्पादस्याप्रसिद्धत्वादजंसर्व्वमुदाहृतम्।नचभूतादभूतस्य संभवोस्ति कथञ्चन ३८।१६५॥

भावकेहुये भी दोनोंका मिथ्यापना तुल्य नहीं ' क्योंकि सो परस्पर अत्यन्त विलक्षणहै । यह शंकाकरके कहते हैं] शंका। ननु जाग्रत्के पदार्थको स्वप्नकी कारणताके हुये तिस ' जाग्रत्के पदार्थ ' का स्वप्नवत् अवस्तुपना न होवेगा, क्योंकि जिसकरके स्वप्न अत्यन्त अस्थिर है अरु जाग्रत्को स्थिर देखते हैं, अतएव तिनकी परस्पर विलक्षणता है ताते ' तहां ' समाधान ' कहते हैं । हे वादी तिसप्रकारका अनुभव अविवेकी पुरुषोंको होता है यह तेरा कथन सत्य है, परन्तु विवेकी पुरुषोंको तो किसी भी वस्तुकी उत्पत्ति प्रसिद्ध है नहीं "उत्पादस्याप्रसिद्धत्वादजं सर्वमुदाहृतम् " [उत्पत्तिको अप्रसिद्धहोनेसे सर्व अजन्मा कहाहै] अर्थात् विवेकी पुरुषोंको किसी भी पदार्थकी उत्पत्ति प्रसिद्ध नहीं एतदर्थ उत्पत्तिको अप्रसिद्धहोनेसे अज आत्माही सर्वहै "सबाह्याभ्यन्तरोह्यजः" ' बाहर भीतर सहित है अरु अजन्मा है' इसश्रुतिके प्रमाणसे । इसप्रकार वेदान्तों बिषे सर्व अजन्माही कहाहै । अरु सत्रूप जाग्रत्से असत्रूप स्वप्न उपजाता है, इस प्रकार तू मानताहै, तथापि सो ' जाग्रत् ' असत्ही है । क्योंकि " नच भूतादभूतस्य संभवोस्ति कथञ्चन " विद्यमानसे अविद्यमानका किसीप्रकारसे भी संभव नहीं] अर्थात् विद्यमान पदार्थसे अविद्यमान वस्तुका किसीप्रकारसे भी संभवहोना संभव नहीं । अरु लोक बिषे असत्यरूप शशशृंगादिकों का किसीप्रकारसे भी संभव होतानहीं अरु देखा भी नहीं ३८।१६५॥

३९।१६६॥ हे सौम्य, । शंका । ननु, हे सिद्धान्ति तूनेही तो ३७ वें श्लोकबिषे स्वप्न जाग्रत्का कार्य्य है इसप्रकार कहाहै तब उत्पत्ति अप्रसिद्ध है ऐसा कैसे कहता है, । तहां समाधान कहते हैं, हे वादी जिसप्रकार कार्य कारणभाव हमोंकरके कहनेको इ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

असज्जागरितं दृष्ट्वा स्वप्ने पश्यति तन्मयः। असत्स्वप्नेऽपि दृष्ट्वा च प्रतिबुद्धो न पश्यति ३९।१६६॥

नास्त्यसद्धेतुकमसत्सदसद्धेतुकन्तथा। सच्चसद्धेतुकंनास्तिसद्धेतुकमसत्कुतः ४०।१६७॥

च्छितहै, तैसे कहतेहैं, सो तू सावधानहोय श्रवणकर "असज्जागरितेदृष्ट्वा स्वप्ने पश्यति तन्मयः"। [जाग्रत् बिषे असत्को देखके तन्मयहुआस्वप्नबिषेदेखताहै]अर्थात्असत् (रज्जुसर्पवत्कल्पित) बस्तुको देखके तिसके भावकी भावना करके युक्त 'वा तिस असत् बस्तुके ज्ञानके दृढ संस्कार करके युक्त' तन्मय हुआ पुरुष जाग्रत्वत् स्वप्नबिषे ग्राह्य अरु ग्राहक (बिषय अरु इन्द्रिय) रूप से कल्पना करता हुआ देखताहै, [जैसे जाग्रत्बिषे देखेहुये प्रपंचको स्वप्नबिषे देखने से जाग्रत्की बासनाके आधीन जो स्वप्न सो जाग्रत्का कार्य होने करके व्यवहार करते हैं, तैसे स्वप्नबिषे देखेहुये प्रपंचको जाग्रत्बिषे भी देखनेसे जाग्रत्को तिस स्वप्नका कार्यपना सिद्ध होता है, यह शंका करके श्लोकके उत्तरार्द्ध को कहते हैं (व्याख्यान करते हैं)] तैसे "असत्स्वप्नेऽपि दृष्ट्वा च प्रतिबुद्धो न पश्यति"। स्वप्नबिषे असत्को देखके जाग्रत्को प्राप्त हुआ देखता नहीं ; अर्थात् 'जैसे जाग्रत्के असत् पदार्थों में तन्मय हुआ स्वप्नबिषे तिनको देखताहै, तैसे स्वप्नबिषे भी असत् अविद्यमान, वस्तुको देखके जाग्रत्को प्राप्तहुआ पुरुष कल्पना न करताहुआ देखता नहीं, अरु तैसे कदाचित् जाग्रत् बिषे भी देखके स्वप्नबिषे नहीं देखताहै, यहअर्थ श्लोकके चकारसे बोधित है। ताते विशेषकरके स्वप्नको जाग्रत्की वासनाके आधीनहोने से, जाग्रत्को स्वप्नका हेतुहै इसप्रकार कहतेहैं, परन्तु सो। जाग्रत्। परमार्थसे सत्यहै ऐसेकरके कहते नहीं ३९।१६६॥

४०। १६७॥ हेसौम्य,[व्यवहारदृष्टिसे जाग्रत् अरु स्वप्नका कार्य कारणपना कहा,अरु वास्तवदृष्टिसेतो कहीं भी कार्य्य का-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रणपनाहै नहीं । इसप्रकार कहतेहुये वस्तुके अज्ञानसे अवस्तुही कार्यहोताहै,ऐसे कहनेवालेके मतका निषेध करतेहैं,] परमार्थसे तो किसीका भी किसीभी प्रकारसे कार्य कारणभाव संभवता नहीं । प्रश्न । कार्य कारणभाव कैसे नहीं संभवे है, । उत्तर। तहां प्रथम , जो वस्तुके अज्ञानसेही अवस्तुरूप कार्य होता है, ऐसे माननेवाले पुरुषोंप्रति कहते हैं " नास्त्यसद्धेतुकमसत् सद्धेतुकन्तथा " [असत् हेतुवालेको असत् कहते हैं सो है नहीं, सत् असत् हेतुवाला है नहीं] अर्थात् असत् जो शशशृंगादिक सो जिस असत्काही कारण है ऐसे जे आकाशके पुष्पादिक तिनको असत् हेतुवाला असत् कहतेहैं सो है नहीं । अरु शून्यवादी तो " " असतः सज्जायते " इस विकल्पकी श्रुति प्रमाणसे शून्यसेही सत्रूप कार्यहोता है इसप्रकार मानते हैं, अब तिनके प्रति कहते हैं, जैसे सत् ,विद्यमान, घटादिरूप वस्तु भी असत् हेतुवाला " अर्थात् शश शृंगादिकोंका कार्य " होतानहीं " अर्थात् अभाव (असत्) रूप जे शशाके शृंग (सींग) तिसका कार्य भावरूप , सत्य, धनुष किसीने भी कहीं भी किसी कालबिषे भी देखानहीं, ताते अभावरूप शून्य कारणसे भावरूप सत्यकार्यकी उत्पत्ति कहनी माननी असत्ही है ॥ अब कारण अरु कार्य्य दोनोंके सद्भावके माननेवाले जे सांख्यादि वादी तिनके प्रति कहते हैं " सच्च सद्धेतुकं नास्ति सद्धेतुकमसत्कुतः " [,सत्, सत् हेतुवाला नहीं, तब सत्रूप हेतुवाला असत् कैसेहोगा, कदापि होतानहीं,] अर्थात् " सांख्यवादी कारण प्रधान अरु तिसका कार्य सूक्ष्म स्थूल प्रपंच, इन दोनोंबिषे सद्भाव मानतेहैं कि सत् कारणसे सत् कार्य्यहोताहै, तिनकेप्रति कहते हैं, जैसे सत् ,विद्यमान घटादिक सत् हेतुवाला " अर्थात् अन्य सत्वस्तुका कार्य नहीं । "अर्थात् सत् उसको कहतेहैं जो उत्पत्त्यादि रहित कालत्रयअबाध्य सदा एकरसरहै सो सत्, अरुप्रधान कार्यरूपसे उत्पन्नहोनेवाला ताते सत् नहीं, अरु कार्य अपनी उत्पत्तिसे पूर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अरु लयके पश्चात् अभावरूप होनेसे उत्पत्ति अभाववालाहुआ कदापि सत् होनेके योग्य नहीं, ताते कार्य, कारण उभय विसत् भावनाके करनेवालेका मत सत् नहीं। अब कोई एकवादी इस मिथ्या प्रपंचरूप सृष्टिका सत्रूप ब्रह्मकारण है ।। अर्थात् सत्रूप ब्रह्मसे यह मिथ्यासृष्टि उत्पन्न होती है, इसप्रकार बर्णन करते हैं, तिनके प्रतिनिषेधकरते हैं कि, तैसे सत्रूप हेतुवाला (सत्काकार्य) कैसे संभवेगा। किन्तु कदापि नहीं। अर्थात् जो सत् होताहै सो कार्य भावको प्राप्तहोता नहीं क्योंकि एकरस सत्रूप है ताते, अरु सत्से असत्कार्य, अर्थात् सत्का कार्य असत् होतानहीं क्योंकि कारण सद्रूप है, अरु कार्यरूप प्रपंच असत् है, ताते सो सत्का कार्य होनेके योग्य नहीं, ताते सत् रूप ब्रह्म अरु असत् प्रपंच इनका कार्य कारण भाव युक्तनहीं। अरु जो कहो कि "सदेवसौम्येदमग्रआसीत" इत्यादि श्रुतियोंने इस सृष्टिका कारण सत्कहा है, तो तिन श्रुतियों का तात्पर्य कार्य्याकारण भाव कहनेका नहीं किन्तुएक अद्वैतआत्मत-त्वके प्रकाशनार्थ है, क्योंकि "वाचारंभण विकारो नामधेयं" इत्यादि श्रुतियोंने कार्यको वाचारंभण (कहने) मात्रही कहाहै पृथक् सत्तावाला नहीं, ताते "मृत्तिकेत्येवसत्यं"। एकमृत्तिका ही सत्यहै, इस दृष्टान्तसे एकसर्वाधिष्ठान सत्आत्माही सत्है, ऐसे कहके "एतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ सआत्मा तत्त्वम-सि" इस उपदेश से कार्य्याकारण भाव भेद रहित एक अद्वैत आत्मतत्त्व प्रकाशित कियाहै ॥ ताते सत्रूप ब्रह्मका असत्रूप सृष्टिकार्यहै यह कथन अयुक्तहै ॥ अरु अन्यप्रकारका कार्यकारण भाव संभवे नहीं, वा कल्पनाकरनेको शक्य नहीं, एतदर्थ विवे-की पुरुषोंको किसीभी वस्तुका कार्याकारण भाव सिद्ध नहीं ॥ इत्यभिप्रायः ॥ ४० । १६७ ॥

४१।१६८॥हेसौम्य, पुनः भी असत्रूप जाग्रत् अरु स्वप्नके पदार्थों से कार्य कारण भावकी शंकाको अन्य हेतुसे दूरकरतेहुये

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विपर्य्यासाद्यथा जाग्रदचिन्त्यान् भूतवत् स्पृशेत्।
तथा स्वप्ने विपर्य्यासाद्धर्म्मांस्तत्रैव पश्यति ४१।१६८॥
उपलम्भात् समाचारादस्तिवस्तुत्ववादिनाम्।
जातिस्तु देशिताबुद्धैरजातेस्त्रसतां सदा ४२।१६९॥

कहते हैं "विपर्य्यासाद्यथाजाग्रदचिन्त्यान् भूतवत् स्पृशेत्। (जैसे जाग्रत्बिषे विपर्य्याससे अचिन्त्य परमार्थवत् स्पर्शकरता है) अर्थात्जैसे कोईपुरुष जाग्रत्बिषे विपर्य्यास कहिये अविवेक से अचिन्त्य कहिये चिन्तन करनेको अशक्य, रज्जु सर्पादिक पदार्थोंको परमार्थवत् स्पर्श करताहै। अर्थात् स्पर्श करतेहुयेवत् विकल्प करताहै "तथा स्वप्ने विपर्य्यासाद्धर्म्मांस्तत्रैव पश्यति" (तैसे स्वप्नबिषे विपर्य्याससे धर्मोंको तहांही देखताहै) अर्थात्जैसे जाग्रत्बिषे तैसे स्वप्नबिषे विपर्य्यास (अविवेक)से हस्तिअश्वादि पदार्थोंको तहांहीं (अपने अन्तरजहां स्वप्नके पदार्थयोग्यस्थान का अभाव है) देखता है,। अर्थात् देखेहुयेवत् कल्पना करता है, परन्तु जाग्रत्से उत्पन्नहोनेवालेको देखतानहीं ४१। १६८॥

४२।१६९॥हेसौम्य,[वास्तव दृष्टिसे कार्यकारण भावके अप्रसिद्धहुये "जन्माद्यस्य यतः" (इस जाग्रत्के जन्मादिक जिससे होते हैं, इत्यादि वेदान्त शास्त्र व्याससूत्रोंकरके ब्रह्मको जगत्काकारण कैसे सूचितकियाहै,। यह शंकाकरके कहते हैं]"उपलम्भात् समाचारादस्तिवस्तुत्ववादिनाम्, जातिस्तुदेशिताबुद्धैर जातेस्त्रसतां सदा" (उत्पत्ति उपालम्भसे अरु सम्यक् आचरण से, ऐसे कहनेके स्वभाववाले अरु अनुत्पत्तिसे सदा भयके पावने वालेके अर्थ उपदेशकिया है) अर्थात् व्यासादिक अद्वैतवादी पंडितों ने जो जगदुत्पत्ति कही है (उपदेशकिया है) सो तो उपालंभ,द्वैतकी प्रतीति,से। अरु वर्णाश्रमादिक धर्म्मके सम्यक् आचरणसे।[इनदोनों हेतुओं से "वस्तुभावमस्ति" (द्वैतका वस्तुभाव है, इसप्रकार कहनेके स्वभाववाले वस्तुवादी, अरु जगत् की

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अनुत्पत्तिसे सदाभयके पावनेवाले दृढ आग्रही कर्मादिकों बिषे श्रद्धावान् मन्दविवेकियोंके अर्थ[कार्यकारण भावको अंगीकारकरके जन्मके उपदेश करनेवाले अद्वैत वादियों का उपदेश मन्द विवेकियों बिषे विवेकी दृढ़ता का उपाय होने करके कैसे होवेगा, यह शंका करके तब कहते हैं] वो (कर्म्मवादी मन्द विवेकी) तिस उत्पत्तिको प्रथम ग्रहणकरो, परन्तु पश्चात् वेदान्तके अभ्यासियों को अजन्मा अद्वय आत्मा को विषय करनेवाला विवेक स्वतःही होवेगा "वेदान्ताभ्यासिनान्तु स्वयमेवाजाद्वयात्मविषयो विवेको भविष्यतीति" इसप्रकार दृढविवेकका उपाय होनेकरके, उपदेश करतेहैं, परन्तु परमार्थ बुद्धिसे नहीं। अरु जिस करके वे (कर्म्मवादी) अविवेकी पण्डित स्थूल, बहिर्मुख, बुद्धिवाले होने से, अनुत्पन्नहुये बस्तुसे अपने विनाश को मानते हुये सदा भयको ही पावते हैं, एतदर्थ तिनकेलिये सूत्रकारादिक पण्डितों की प्रवृत्ति उचितहै। यह अर्थ है (अर्थात् कर्म्मवादी आदिक जे बहिर्मुख वृत्तिवाले मन्द विवेकी हैं तिनको आत्मसत्तासे पृथक् सत्तावाला जगत् भासताहै, तिसकी निवृत्तिकेअर्थ उनपर उपकार करतेहुये सूत्रकार व्यासादि वेदान्ती पण्डितों ने ब्रह्मसे जगदुत्पत्ति कहीहै तिसकरके वो स्वतः ही समझेंगे कि कारणसे कार्य की पृथक् सत्ताहोती नहीं अरु यह सर्वजगत् ब्रह्मसे उत्पन्नहुआ है ताते इसकी पृथक् सत्ताके अभावसे यह ब्रह्मरूपही हैं, इस प्रकार एक अद्वैत ब्रह्मज्ञान होनेके अर्थ सूत्रकारने ब्रह्म से सृष्टि का जन्म (उत्पत्ति) कही है, परमार्थ दृष्टिसे नहीं (अरु यहही अर्थ " उपायः सोवताराय नास्ति भेदः कथञ्चन " इस तृतीय प्रकरणके १५ वें श्लोक बिषे कहाहै (सो सृष्टिका प्रकार (अद्वैत बिषे बुद्धिकी उत्पत्तिके अर्थ है (४२ । १६९ ॥

४३ । १७० ॥ हे सौम्य, [" उदरमन्तरंकुरुते अथ तस्यभयं भवतीति" (जो थोडा भी अन्तर (भेद) करताहै पश्चात् तिसको भयहोता है) इत्यादि श्रुतियों के प्रमाण से ब्रह्म बिषे विकारके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अजातेस्त्रसतान्तेषामुपलम्भाद्भयन्तिये। जातिदो
षा न सेत्स्यन्ति दोषो ऽप्यल्पो भविष्यति ४३।१७०

देखने वाले को भयका होना सुनते हैं। अरु तैसे हुये श्रुति
अर्थके जाननेवाले पण्डितोंको भी भेदज्ञानसे अनुग्रहकी योग्य
ता न होगी। यहशंका करके तब कहते हैं] "अजातेस्त्रसतान्ते
षामुपलम्भाद्भयन्तिये" (अनुत्पत्तिसे भयको पावतेहुये उपलम्भ
(आत्मा) से विरुद्ध जाते हैं ; अर्थात् जो ऐसे उपलम्भ (प्र
तीति)से अरु सम्यक् आचरणसे अनुत्पत्तिसे। अर्थात् अनुत्पन्न
हुई वस्तुसे। भयको पावते हुये द्वैत वस्तु है , इसप्रकार अद्वैत
आत्मासे विरुद्ध जातेहैं। अर्थात् द्वैतको प्राप्तहोते हैं। तिन अनु
त्पत्तिसे भयको प्राप्तहोनेवाले श्रद्धा सम्पन्न सन्मार्ग को आश्रय
करनेवालेको "जातिदोषा न सेत्स्यन्ति दोषोऽप्यल्पोभविष्यति"
जातिके किये दोष होते नहीं, यद्यपि कोईदोष अल्पही होवेगा
अर्थात् जातिकहिये प्रतीतिके किये दोषहोते नहीं। अर्थात् सिद्धि
को पावतेनहीं,क्योंकि सन्मार्ग कहिये विवेकमार्ग तिस बिषे प्रवृत्त
होतेहैं ताते।अरु यद्यपि(जो कदापि) कोईएक दोष होताहै,सो भी
सम्यक् ज्ञानकी अप्राप्तिरूप निमित्तका किया गर्भवासादिरूप अल्प
ही दोष होवेगा यह अर्थ है॥ अर्थात् यहां जो कहाहै कि जो कदापि
कोई एकदोष होताहै सोभी सम्यक् ज्ञानकी अप्राप्तिरूप निमित्त
का किया गर्भवासादि अल्प दोष होवेगा , सो गर्भवासको अल्प
दोष कहा सो आक्षेप प्रतीति होता है, क्योंकि गर्भवासरूप दोष
सर्व दोषोंका मूल है , ताते उक्त कथनका यह अभिप्राय प्रतीत
होता है कि सम्यक् ज्ञानसे रहित पुरुष को गर्भवास उपलक्षण
करके सर्वदोष (अनर्थ) प्राप्तहोताहै ४३। १७०॥

४४। १७१॥ हे सौम्य,। शंका। ननु, द्वैत की प्रतीति अरु
वर्णाश्रमके धर्म्मके आचारको प्रमाणरूप होनेसे, द्वैतवस्तु वास्तव
ही है, सो कथनबने नहीं, क्योंकि प्रतीति कहिये अनुभव अरु आ-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उपलम्भात् समाचारान्माया हस्ती यथोच्यते ।
उपलम्भात् समाचारादस्तिवस्तु तथोच्यते ४४।१७१॥

वारका परस्पर में व्यभिचार है तातें । प्रश्न । तिनका व्यभिचार कैसेहै । तहां उत्तर, कहते हैं "उपलम्भात् समाचारान्मायाहस्ती यथोच्यते" [जैसे मायाका हस्ति प्रतीतिसे अरु आचारसे । हस्ती ऐसे कहते हैं]अर्थात् जैसे मायाका । किसी इन्द्रजाली आदिकों करके रचित । हस्ती (हाथी) हस्तिवत् प्रतीति होता है, अरु जैसे अन्य हस्तीके अर्थ आचरते हैं तैसे इसमायाके हस्ती बिषे भी आचरते हैं , । अर्थात् उसके रूप गुण स्वभावादिकोंके वर्णन में प्रवर्त्तहोतेहैं । एतदर्थ जैसे असत् हुआ भी मायाका हस्तिको प्रतीति अरु आचारसे । अर्थात् हस्तिके सम्बन्धी धर्म्मोंसे । यह हस्तीहै इसप्रकार कहते हैं " उपलम्भात् समाचारादस्ति वस्तु तथोच्यते " ; तैसे प्रतीति अरु आचारसे वस्तु है, इसप्रकार कहते हैं ; अर्थात् जैसे मायाके हस्तिको प्रतीति अरु आचारसे हस्तीहै ऐसा कहतेहैं । तैसेही प्रतीति अरु आचारकरके भेदरूप द्वैतवस्तुहै इसप्रकार कहते हैं । एतदर्थ [जैसे । मायावी करके रचित । मायामय हस्तिबिषे वास्तवताका अभावहोनेसे भी तिसकी प्रतीत अरु आचरणहोताहै, तैसे द्वैतबिषे भी उनकी प्रतीति अरु वर्णाश्रम आदिकोंके आचरणको भी । देखते करते हैं परन्तु तिसकरके तिस द्वैतबिषे । वास्तविकपनेकी साधकता नहीं, इस प्रकार इस प्रसंगको समाप्त करते हैं ।] प्रतीति अरु आचार द्वैत वस्तुकेसद्भावबिषेहेतुहोतानहीं यह इसकाअभिप्रायहै ४४।१७१॥

४५।१७२ ॥ हे सौम्य, [वास्तव दृष्टिके आश्रयसे निमित्त को अनिमित्तपना कहा, सो यह अनन्त श्लोकोंकरके कहा है, अब वास्तवदृष्टिको समाप्त करते हैं]। प्रश्न । तब जिस आश्रय कहिये अधिष्ठान वालियां उत्पत्त्यादिकोंकी मिथ्या बुद्धियां हैं,ऐसी जो परमार्थ वस्तु सो क्याहै, । उत्तर । कहते हैं, " जात्याभासं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जात्याभासं चलाभासं वस्त्वाभासं तथैव च । अ
जाचलमवस्तुत्वं विज्ञानंशान्तमद्वयम् ४५ । १७२॥

चलाभासं वस्त्वाभासं तथैव च ” [जात्याभास है चलाभास
अरु वस्तुआभास है तैसेही] अर्थात् जैसे देवदत्त । अर्थात् को
एक मनुष्य । उत्पन्न होता है । अर्थात् देवदत्त इस नामसे
शरीर तिस शरीरान्तर जो शरीरी जीव सो देवदत्त नामका
क्ष्यहै सो जीव अनादि होनेसे उत्पन्न होतानहीं परन्तु शरीर
उत्पत्तिसे तिस शरीरीका उत्पन्नहोना है सो आभासमात्र है,
रन्तु कहते हैं, जैसे देवदत्त उत्पन्नहोताहै । तैसे विज्ञान (विज्ञा
घन, विज्ञप्ति) सो उत्पत्त्यादिकों से रहित हुआ भी । स्वमाया
करके । उत्पन्नहुयेवत् भासताहै, एतदर्थ वो जात्याभास है। अ
जैसे सोई देवदत्त चलता है, । अर्थात् वास्तव करके देवदत्तना
मक देही (जीवात्मा) अचल है, परन्तु शरीरके सम्बन्धसे
टाकाशवत् चलता भासता है सो उसमें आभासमात्रहै तथापि
तिसको देखके कहतेहैं कि, देवदत्त चलताहै । तैसे सो । विज्ञा
आप अचलहुआ स्वमायाकरके । चलता भासताहै, अतएव सो
चलाभास है । अरु जैसे सोई देवदत्त गौरहै दीर्घ है पीन (मोटा)
है, इसप्रकार भासता है तैसे सो विज्ञान (विज्ञप्ति चैतन्य)द्रव्य
रूप धर्मीवत् भासताहै । परन्तु “ अस्थूलमनएवमदीर्घ ” इत्या
दिप्रमाणसे द्रव्यके धर्म्मोंसे रहित अद्रव्यहै। अरु “ रूपंरूपं प्र
तिरूपो बहिश्च ” द्रव्योंके साथ मिलनेसे द्रव्य धर्मवान् भास
ताहै । एतदर्थ वो वस्त्वाभासहै । ताते देवदत्त जन्मता है, चलता
है, वस्तुहै, दीर्घ है, गौरहै तैसेही यह विज्ञान भासता है । परन्तु
“अजाचलमवस्तुत्वं विज्ञानंशान्तमद्वयम्” (अजन्माहै, अचल है,
अवस्तुभाव है, विज्ञानघन है, शान्तहै, अद्वय है,) अर्थात् जो
। विज्ञप्ति शरीरादि अनहुई उपाधिसाथ मिलने से ‘ उपजेवत्
चलतेवत् वस्तुवत् भासता है, सो वास्तव करके अजन्मा है

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एवं न जायते चित्त मेवंधर्म्मा अजाःस्मृताः।एवमेव विजानन्तो न पतन्ति विपर्य्यये ४६। १७३॥

अचलहै अद्रव्यहै केवल विज्ञानघनहै अरु जन्मादि सर्व विकारसे रहितहोने से शान्त है, अरु एतदर्थही "एकमेवाद्वितीयम्" एक अद्वैत अद्वितीय है,। इत्यर्थः॥ ४५। १७२॥

४६।१७३॥ हेसौम्य, "एवं न जायते चित्तमेवंधर्म्मा अजाः स्मृताः"। ऐसेचित्त (चैतन्य) जन्मता नहीं ऐसे धर्म्म (आत्मा) को अजन्मा कहतेहैं, अर्थात्। अब परमाचार्य प्रकरणोंका उपसंहार करतेहैं। पूर्वोक्तप्रकार कहेहुये हेतुओंसे, चित्त कहिये जो चैतन्यब्रह्महै सो अजहै। एतदर्थ जन्मता नहीं, इसप्रकार ब्रह्मवेत्ता आत्मानुभवि। योंने धर्मकहिये आत्माको अजन्मा जाना है। अरु "एवमेव विजानन्तो न पतन्ति विपर्य्यये"। ऐसेहीजाने हुये विपर्य्ययबिषे गिरतेनहीं, अर्थात् ऐसे उक्तप्रकारसे जानेहुये ही। अर्थात् तत्त्वमस्यादि महावाक्योंका आचार्यसे सम्यक्उपदेशपाय पुनः तिसका मनन निदिध्यासनकर साक्षात् यथार्थ आत्मानुभव कियेहुयेही। जन्मादिकोंसे रहित अर्थात् एकजन्म उपलक्षणकरके जायते, अस्ति, वर्धते, विपरिणमते, विनश्यति, इन छः षट्भाव विकार। सेरहित अद्वैत निरुपाधि निर्विशेष शुद्ध। आत्मतत्त्वरूप विज्ञान विज्ञप्तिमात्र विज्ञानघन ब्रह्म। को। "कश्चिद्धीरा प्रत्यगात्मनमैक्षतावृत्तचक्षुः" इत्यादि श्रुतियोंकेवाक्यानुसार। बाह्यशब्दादिक विषयोंकी इच्छासे रहित। समाहित चित्त। होयके, जानेहुये पुनः 'यह विद्वान्' अविद्यामय अन्धकारके सागररूप विपर्य्ययबिषे अर्थात् अजन्मादि लक्षणवान् आत्मा, तिससे विपर्य्यय जे जन्मादि षट्विकार भावादि लक्षणवान् शरीरादि संघात तिस विषयक जे आत्मभावरूप अज्ञानमय महा अंधसागर। तिसबिषे गिरते नहीं। क्योंकि "तत्रको मोहः कःशोक एकत्वमनुपश्यत" इत्यादि मन्त्रवर्णके प्रमाणसे ४६। १७३॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ऋजुवक्रादिकाभास मलातस्पन्दितं यथा । ग्रहण-ग्राहकाभासं विज्ञानस्पन्दितन्तथा ४७ । १७४ ॥

४७ । १७४ ॥ हे सौम्य, (अजन्मा अचल अरु जात्याभास है) इसप्रकार पूर्व ४५ वें श्लोक बिषे, कथनकिये परमार्थरूप ज्ञानको दृष्टान्तसे वर्णन करतेहुये कहते हैं " ऋजुवक्रादिकाभासमलातस्पन्दितंयथा " (जैसे सरल अरु वक्रादिक आभास अलातकाचलनाहै; अर्थात् जैसेलोकबिषे सरल अरुवक्र (अर्थात् सीधा अरु टेढ़ा) आदिक प्रकार वा आकारवाला जो आभास कहिये प्रकाश है, सो अलात कहिये बनेठी वा अर्द्ध दग्धकाष्ठ रूपउल्का, तिसका चलना है (अर्थात् बनेठी वा अर्धदग्धकाष्ठके मुखपर जो एक अग्निबिंदु है तिस अग्नि बिन्दुका जो वक्रादि रूपसे सीधा टेढ़ा आदिक भासनाहै सो उस बनेठी वा अर्द्धदग्ध काष्ठके चलने वा भ्रमणसे है, उस अग्नि बिन्दुके स्वरूपसे ही नहीं) " ग्रहण ग्राहकाभासं विज्ञानस्पन्दितन्तथा " (तैसे ग्रहण अरु ग्राहकका आभास विज्ञानका चलनाहै ; अर्थात् (जैसे अलातगत अग्नि बिन्दुका जो सीधाटेढ़ा भासनाहै सोउसअलात के भ्रमणादिकों सेहै, तैसेही ग्रहण अरु ग्राहकका जो आभास कहिये भासनाहै सो विज्ञानका अविद्यासे चलनेवत् चलना है। [अपने स्वरूपको नत्यागकरने वाले अधिष्ठानका जो असत् नाना आकारसे अवभास (प्रतीति अरु तिसकाविषय) है तिसका विवर्त्त कहते हैं । यहां विज्ञानका जो स्फुरण (जगदाकारसेभासना,है सो विवर्त्त रूपहै] जिसकरके अचल विज्ञानको वास्तवसे चलनानहीं, तिसकरकेही विज्ञानको (अजन्मा अचल है, इस प्रकार पूर्व कहाहै ४७ । १७४ ॥

४८ । १७५ ॥ हे सौम्य, अब विज्ञानशान्तहै, इसप्रकार पूर्व ४५ वें श्लोकबिषे वर्णन कियाहै तिसको अब दृष्टांत करके दृढ़करतेहैं, " अस्पन्दमानमलातमनाभासमजं यथा " (जैसे चलनेसे रहित

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अस्पन्दमानमलातमनाभासमजंयथा । अस्पन्द-मानंविज्ञान मनाभासमजं तथा ४८। १७५॥

अलातेस्पन्दमानेवै नाभासा अन्यतो भुवः।नततो ऽन्यत्रनिस्पन्दान्नालातम्प्रविशन्तिते ४९। १७६॥

अलात अनाभास अरु अजन्माहै ; अर्थात् निस्पन्दमान अलात (अर्थात् भ्रमणेसे रहित बनेठी) सरलादिक आकारसे जन्म रहित हुआ अनाभास अरु अजन्मा है (अर्थात् अलातके वा काष्ठके मुखपरलगा जो अग्नि बिन्दु सो अलातके भ्रमणेसेभ्रमण रूपसे उत्पन्न होय भ्रमतेवत् भासताहै अरु उस अलातकेस्थित हुये वो अग्निबिन्दु जैसा उत्पत्ति अरु भ्रमणसे रहितहै तैसाही अनाभास अरु अजन्मा होताहै, अर्थात् वो अलातपरका अग्नि बिन्दु जैसे अलातके भ्रमणसे पूर्वहै तैसाही अलातके भ्रमणके शान्तहुयेहैं, अरु मध्यबिषे जो भ्रमणरूपसे उत्पन्नहुये अरु भ्रम-तेवत् भासताहै सो अलातके भ्रमणरूप उपाधि करके भासताहै, परन्तु तिस अलातके भ्रमणकालमें भी वो अग्निबिन्दु अपने स्वरूपसे अलातके भ्रमणादिकोंकरके रहित सदा एकरस है। "अस्पन्दमानं विज्ञान मनाभासमजं तथा" तैसे निस्पन्दहुआवि-ज्ञान अनाभास अरु अजन्मा है ; अर्थात् जैसे अलातका अग्नि बिन्दु जैसा अज अचल है तैसा अलातके स्थिरहुये भासता है तैसेही अविद्याकरके चलायमान अरु अविद्याकी निवृत्तिके हुये चलनेसे रहित (अर्थात् उत्पत्त्यादि आकारसे अभासमान) हुआ जो विज्ञान सो अनाभास कहिये अचल अरु अजन्माही है (वा विज्ञान कहिये बुद्धि तद्विशिष्ट जो विज्ञान (चैतन्य) सो बुद्धिरूप उपाधिके साथ मिलनेसे बुद्धिके जन्मादि वाकर्तृत्व भोक्तृत्वादि धर्मवान् भासताहै परन्तु स्वरूपसे तैसानहीं॥इत्यर्थः४८।१७५॥

४९।१७६॥हेसौम्य [अलातके दृष्टान्त बिषे सरल वक्रादिक आकारोंका असत्पना कैसेहै, इस शंकाकेहुये निरूपणके असहन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करनेसे तिनका असत्पनाहै, इसप्रकार समाधान कहतेहैं, यहां यह अर्थहै कि अलात वा अर्द्धदग्धकाष्ठ जब भ्रमता है तब तिस बिषे अन्य देशान्तर से उसमें आयके प्रकाश होताहै, इसप्रकार कथनकरनेको शक्य नहीं क्योंकि सरलअरु वक्रादिक प्रकाशोंके देशान्तरसे आगमनकी अप्रतीतिहै ताते, अरु जब सोई अलात स्थित वा स्थिर होताहै तब तिससे अन्य ठिकाने प्रकाश होताहै यहभी कहनेको शक्य नहीं क्योंकि तहांभी तिसकी अप्रतीतिके तुल्यताहै ताते ।। अर्थात् जैसे अलातके अग्निबिंदुके जेसरलवक्रादि रूप प्रकाशहैं तिनका अलातके भ्रमणकालमें देशान्तरसे आयके अलातमें प्रवेशकी अप्रतीति है, तैसेही अलातके भ्रमण रहित स्थिरहुये उन प्रकाशोंकी देशान्तर जानेकीभी अप्रतीति है ताते अलातबिन्दुके सरलवक्रादिक प्रकाशोंकी देशान्तरसे आवगमनकी अप्रतीति तुल्यही है ।। अरु वे आभास, प्रकाश, इसही अलातबिषे लीनभी होतेनहीं, क्योंकि उस अलातको उन आभासों के उपादानपने का अभाव है ताते । अरु जब भ्रमणका निमित्त अलात उपादान होवे, तबतिसको प्रतीतिमात्र निमित्त होनेसे तिस निमित्तकरके हुयेजे प्रकाश तिनके अभावके अदर्शनसे सरल अरु वक्रादिक जे आकार हैं, सो भ्रमणके अभाव के हुयेभी अलातबिषे होवेंगे । परन्तु ऐसा हैनहीं, एतदर्थ सोअलात सरल वक्रादि प्रकाशोंका उपादान नहीं, ताते किसीप्रकारसे भी निरूपणके असहनसे तिनका असत्पनाहै) "अलातेस्पन्दमानेवै नाभासा अन्यतोभुवः" (अलातके स्पन्दमानहुये आभास अन्यते होनेवालेनहीं) अर्थात् किंवा तिसहीअलातके चलते हुयेसीधे अरुवक्रादिक आभास (प्रकाश) अलातसे अन्यकिसीभी देशसे आयके अलातबिषे होते नहीं, एतदर्थ सो प्रकाश अन्यते होनेवालेनहीं। अरु "नततोऽन्यत्रनिस्पन्दान्नालातम्प्रविशंतिते" (अचलहुये तिससे अन्य ठिकाने निकसते नहीं, औअलातकेताईं प्रवेश करते नहीं) अर्थात् अलातके अचलहुये सो सीधे ठेढे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

न निर्गता अलातात्ते द्रव्यत्वाभावयोगतः। विज्ञानेऽपि तथैव स्युराभासस्याविशेषतः ५०।१७७॥

प्रकाश अलातसे निकल अन्य ठिकाने (देशान्तर) को जाते नहीं, अरु वे प्रकाश अचलहुये अलातबिषे प्रवेशकरते नहीं। अर्थात् अलात बिषे लगा जो अग्निबिन्दु तिसके भ्रमण से भासते जे सीधे टेढे प्रकाश सो किसी देशान्तरसे आयके भासते नहीं अरु उस अग्निबिन्दुके स्थिरहुये देशान्तरको जातेनहीं, अलातहीमें लय भी होतेनहीं, क्योंकि अलातसे निकसे नहीं ताते, अभिप्राय यहहै कि अलातके जे सीधे टेढे आदिक प्रकाश हैं सो न तो उस अग्निबिन्दुसे निकसे हैं न देशान्तरसे आयेहैं, अरु अग्निबिन्दुके स्थिरहुये न तो देशान्तरको जातेहैं न उसही में लयहोते हैं। किन्तु उस काष्ठके भ्रमणसे वो अग्निबिन्दु आपही सीधा टेढाहो भासताहै सोभी उपाधिके सम्बन्धसेहै स्वरूप से नहीं ४९।१७६॥

५०।१७७॥ हे सौम्य, किम्बा "न निर्गता अलातात्ते द्रव्यत्वाभावयोगतः" (अलातसे निकसेहुये नहीं, द्रव्यभावके अभावके योगसे) अर्थात् वे आभास कहिये सीधे टेढे प्रकाश ग्रह से निकसे हुयेवत् अलात (अग्निबिन्दु) से निकसेहुये नहीं, क्योंकि उनको द्रव्यभाव के अभावका योग है। अर्थात् उनको वस्तुपनेका अभाव है। ताते। जिसकरके वस्तुका प्रवेशादिक संभवे है अवस्तुका नहीं, ताते तिन आभासोंको (वस्तुपने के अभावसे अवस्तुरूपहुये) तिनके, निकसनेका अरु प्रवेशहोनेका असंभवहैं ताते। अरु "विज्ञानेपि तथैव स्युराभासस्याविशेषतः" (तैसेही विज्ञानबिषे भी आभाससे अविशेष (तुल्य) होनेसे; अर्थात् अलातके अग्निबिन्दुवत्, विज्ञान (विज्ञप्ति मात्र चैतन्य) बिषे भी उत्पत्त्यादिकोंके आभास होतेहैं, तिनकी अलातके आभासोंसे अविशेषता है। अर्थात् अग्निबिन्दुके सीधे टेढे प्रकाशा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विज्ञाने स्पन्दमानेवै नाभासा अन्यतोभुवः । न ततोऽन्यत्र निस्पन्दान्न विज्ञानं विशन्ति ते ५१।१७८॥

कारों बिषे अरु विज्ञान (चैतन्य) के जन्मादिक आकारों बिषे आभासमात्रताकी तुल्यताहै ५०।१७७ ॥

५१।१७८ ॥ हे सौम्य, । प्र० । तिन । अलातके सीधे टेढ़े प्रकाशरूप आभासकी अरु विज्ञानके जन्मादिक आभासोंकी बिषे आभासोंकी एकता कैसेहै, । तहां उत्तर कहते हैं "। विज्ञाने स्पन्दमाने वै नाभासा अन्यतो भुवः" ।विज्ञानके स्पन्दहुये अन्य से भी आभास होनेको योग्य नहीं ; अर्थात् विज्ञान । कहिये विज्ञप्तिमात्र चैतन्य आत्मा, जोकि अपने स्वरूपकरके अचलहै तिसके जिस किसप्रकारसे । अर्थात् मायादिक उपाधिसे । भी चलतेहुये तिस विज्ञानसे अन्य । प्रधानादिक । अन्य किसी कहींसे भी आयके आभास । जन्मादिक । तिस विज्ञान, बिषे होनेको योग्य नहीं, क्योंकि तिसकी प्रतीतीका अभावहै ताते। अरु "। न ततोऽन्यत्र निस्पन्दान्न विज्ञानं विशन्तिते" । निस्पन्द हुये तिसके अन्य ठिकाने होनेको योग्य नहीं, अरु वे विज्ञानबिषे प्रवेश करते नहीं ; अर्थात् । जो किसी भी प्रकारसे चलनको प्राप्तहुये विज्ञानके । चलनेसे रहित अचल स्थिरहुये तिस विज्ञान से इतर ठिकाने वे आभास होनेके योग्य नहीं, क्योंकि प्रतीति रूप आभासको सर्वत्र तबही विज्ञानकी अचलपने करके स्थिति बिषे तुल्यता है ताते, । अरु सो आभास तिसही विज्ञानबिषे प्रवेशकरते नहीं, क्योंकि तिस केवल शुद्ध विज्ञानको तिन आभास के उपादानपनेकी अप्रतीती है ताते ॥ अर्थात् ज्ञप्तिमात्र चैतन्य विज्ञानसे जन्मादि आभास उपजते नहीं तिसहीसे तिसबिषे प्रवेशको पावते नहीं एतदर्थ वे जन्मादि आभास तिस विज्ञानबिषे मायाकृत भ्रान्तिमात्रही हैं, वास्तवसे नहीं ५१।१७८ ॥

५२।१७९॥हेसौम्य,"न निर्गता विज्ञानात्ते द्रव्यत्वाभावयोगतः।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

न निर्गताविज्ञानात्तेद्रव्यत्वाभावयोगतः । कार्य्य कारणताभावाद्यतोऽचिन्त्याःसदैवते ५२ । १७९ ॥

{सो विज्ञानसे निकसते नहीं द्रव्यत्वके अभावकरके युक्त होने से; अर्थात् जैसे वे जन्मादि आभास विज्ञान कहिये चैतन्यबिषे प्रवेश करते नहीं, तैसेही वे आभास विज्ञप्तिसे निकसतेभी नहीं, क्योंकि वो द्रव्यभाव कहिये वस्तुभाव के अभाव करके युक्त हैं ताते ॥ इसका यह तात्पर्यहै विज्ञानका अन्यसर्व अलातके तुल्य है, परन्तु विज्ञानका जो सदा अचलपना है सो अलातसे विशेष है। अर्थात् विज्ञान बिषे जो जन्मादिक आभास हैं सो कुछवस्तु न होयके केवल आभास (भ्रान्ति) मात्रहीहैं ताते वास्तव करके न तो विज्ञानसे निकसते हैं न विज्ञानमें प्रवेशको प्राप्त होतेहैं। अरु अलातके आभासोंका (प्रकाशोंका) जो अलातसे निकसना अरु अलातमें प्रवेशका पावना भासता है सो अलातके भ्रमणे करके भासताहै, अरु विज्ञान है सो अलातवत् चल न होयके अचलहै यह उसमें अलातसे विशेषता होनेसे उसबिषे जन्मादिक आभासके होनेके हेतुका अभाव है। । प्रश्न । तब अचल विज्ञान, ज्ञप्तिमात्र, बिषे जन्मादिकों के आभास किसके किये हैं। तहां उत्तर कहते हैं, "कार्य्यकारणताभावाद्यतोऽचिन्त्याः सदैवते" { जाते वे कार्य कारण भावके अभावसे सदैव अचिन्त्य हैं; अर्थात् जिसकरके वे जन्मादि आभास तिन आभासोंके अरु विज्ञप्तिमात्र विज्ञानके कार्यकारण भावका अभाव होनेसे अर्थात् जन्य जनक भावके असंभवकरके सो आभास अभावरूपहैं ताते सोसदा अचिन्त्य कहिये अनिर्वचनीय है ॥ { अथवा आभासोंको अरु विज्ञानको कार्य्यकारण भावका अभाव है, अर्थात् आभासों को भ्रान्तिमात्र होनेसे नतो कोई उनका कारणहै नवो किसीका कार्यहै, अरु विज्ञान को अजन्मा होनेसे न वो किसीका कारणहै न किसीका कार्यहै, अतएव आभास अरु विज्ञानके कार्य्य कारण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्रव्यंद्रव्यस्यहेतुःस्यादन्यदन्यस्य चैवहि । द्रव्यत्व-मन्यभावोवाधर्म्माणांनोपपद्यते ५३ । १८० ॥

भावका अभावहै, परन्तु वे आभास केवल भ्रांतिमात्र अध्यस्त होनेसे सत्नहीं किन्तु असत् हैं अरु विज्ञान उन आभासों का अधिष्ठान (आश्रय) होनेसे असत् न होके सत्रूप है क्योंकि आश्रयविना भ्रान्ति होती नहीं, अरु ज्ञानकाल बिषे भ्रान्तिके अभावहुये सत्रूप अधिष्ठान पावताहै, अरु जैसे मरुस्थलकाजल अनहुआभी अपने अधिष्ठान मरुस्थलको सत्रूप होनेसे सदैव भासताहै ताते अत्यन्त असत्भी नहीं,अरु जोपुरुष जलजानके प्रवर्त होताहै तिसको जलकी प्राप्तिहोती नहीं ताते सो सत्भी नहीं किन्तु अनिर्वचनीय है, तैसेही अनहुये जन्मादि आभास अपने अधिष्ठान नित्य सत्विज्ञान बिषे सदाही अनिर्वचनीयहैं। एतदर्थ सो मिथ्याही होतेहैं ॥ जैसे अलात बिन्दुमात्र बिषे मिथ्या जो सरलादिक अलातके आभास तिनबिषे (बिनाबिचारित) सरलादी आभास बुद्धि होतीहै, तैसेही विज्ञान (विज्ञप्ति) मात्रबिषे मिथ्या जो जन्मादिक तिन बिषे (विनाविचारितही) जन्मादिक बुद्धिहै सो मिथ्याहै (ताते सो सर्वथा त्याग करने योग्यही है) यहसमुदायकातात्पर्यार्थ है ५२ । १७९ ॥

५३।१८०॥ हे सौम्य, [" कार्यकारणताभावात् " (कार्य्य अरु कारण भावके अभावसे , इसप्रकार जो ५२ वें श्लोकबिषे कहा, तिसको प्रतिपादन करनेका अब आरंभ करतेहैं । यहांयह अर्थ है कि,अवयवरूप जो द्रव्यहै सो अवयवीरूप द्रव्यका उपादानहै । अरु अवयवके जो गुणहैं सो अपने समान जातिवाले अवयवीके गुणोंबिषे असमवायी कारणदेखेहै । इसप्रकारआत्मा को द्रव्यपनाहै नहीं कि जिसकरके उसको उपादानपनाहोवे। अरु तिसरूप वाले गुणोंका कहीं भी असमवायी कारणपना है नहीं क्योंकि तिस आत्मा बिषे भेदरूप गुण गुणी भावके कथन का

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एवं न चित्तजा धर्म्माश्चित्तं वा ऽपि न धर्म्मजम्।
एवंहेतुफलाजातिं प्रविशन्ति मनीषिणः ५४। १८१॥

असंभवहै ताते] इस प्रकार "अजमेकमात्मतत्त्व मिति" (अज, कहिये अवयव अवयवी भाव रहित, अरु एक कहिये गुण गुणी भाव रहित, आत्मतत्त्व है) इस प्रकार सिद्धहुआ। तिस आत्म तत्त्वबिषे जिन वादियों करके जन्मादिकोंके आभास अरु विज्ञान का कार्य्यकारण भाव कल्पितहै, तिनके मतबिषे "द्रव्यं द्रव्यस्य हेतुः स्यादन्य दन्यस्य चैवहि" (द्रव्य द्रव्यका अरु अन्य अन्य का हेतु (कारण) होताहै) अर्थात् जिन वादियों के मत बिषे जन्मादि आभासोंका अरु विज्ञानका कार्य्य कारण भावकल्पित है तिनके मतबिषे द्रव्य द्रव्यका अरु अन्य अन्यका कारण होता है, परन्तु तिसही का (अर्थात् अपना कारण आप) सो होता नहीं। अरु जिसकरके लोकबिषे जो अद्रव्य कहिये रूपादि गुण है, सो स्वतन्त्र किसीका भी कारण देखानहीं। अरु "द्रव्यत्व-मन्य भावो वा धर्म्माणां नोपपद्यते" (धर्म्मका द्रव्यभाव वा अन्य भाव उपपद्य नहीं) अर्थात् जिसकरके आत्मा को अन्यका कारणपना वा कार्यपना प्राप्तहोवे ऐसा आत्मरूप धर्म्मोंका द्रव्य भाव वा किसीसे भी अन्य भाव बनता नहीं (अर्थात् द्रव्यभाव करके रहित निराकार निर्विशेष आत्माका द्रव्यभाव न होनेसे वो किसीका भी कारण नहीं अरु एक अद्वैत होनेसे उसका किसीसे अन्यभाव भी नहीं) एतदर्थ अद्रव्यरूप होनेसे अरु सर्वसे अभिन्न अनन्य होनेसे आत्मा न किसीका कार्यहै न किसीका कारणहै, यह अर्थहै ५३। १८०॥

५४। १८१॥ हे सौम्य, [रचने को इच्छित जो घटतिस घटकेज्ञान के अनन्तर घट उत्पन्न होता है, अरु उपजाहुआ, इदं घट, इस प्रकार विषयरूप होनेसे अपने ज्ञानका उत्पादक है, इस प्रकार का व्यवहार भी संभवता नहीं, क्यों कि किसी भी वस्तु को

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यावद्धेतुफलावेशस्तावद्धेतुफलोद्भवः । क्षीणे हेतुफलावेशे नास्तिहेतु फलोद्भवः ५५ । १८२ ॥

विद्वान्की दृष्ट्यनुसार भिन्नरूपता नहीं इसप्रकार कहते हैं, "एवं न चित्तजा धर्म्माश्चित्तं वा ऽपि न धर्म्मजम् ।" इसप्रकार धर्म्म, चित्तसे जन्य नहीं, वा चित्त भी बाह्य, धर्म्मसे जन्य नहीं; अर्थात् ऐसे उक्तप्रकारके हेतुओं करके आत्मरूप विज्ञानस्वरूपही चित्त कहिये चैतन्य ब्रह्म है, एतदर्थ घटादिरूप बाह्य धर्म चित्त जो चैतन्य तिस करके जन्य नहीं । वा चित्तभी बाह्य धर्म्मसे जन्य नहीं । अरु जीवरूप धर्म्मोंका परमात्मस्वरूप चित्से जन्म युक्तनहीं, क्योंकि सर्वजीवाख्य धर्म्मोंको विज्ञानस्वरूपके आभास कहिये प्रतिबिम्ब भावहै ताते । अर्थात् यावत् जीव हैं सो सर्व विज्ञानरूप चैतन्यके जलगत सूर्य के प्रतिबिम्बवत् प्रतिबिम्बरूपहै ताते उनका परमात्मासे जन्म युक्त नहीं, "एवं हेतु फलाजातिं प्रविशन्ति मनीषिणः ।" इसप्रकार बुद्धिमान् पुरुष हेतु अरु फलकी अनुत्पत्ति को निश्चयकरते हैं; अर्थात् चैतन्य करके बाह्य घटादिक जन्य नहीं, तैसेही चैतन्य भी बाह्य घटादिकरके जन्य नहीं, अरु अन्तर सर्वजीव भी चैतन्यसे जन्य नहीं, प्रतिबिम्बरूप होनेसे, ताते अन्तर बाह्यके सर्वधर्म्म चैतन्य करके जन्यनहीं केवल भ्रांतिमात्र हैं । इसप्रकार बुद्धिमान् पुरुष कहते हैं वा निश्चय करतेहैं । तात्पर्य यह है कि जो ब्रह्मरूप हुये ब्रह्मवेत्ता है सो वा ब्रह्मवेत्ता कहियें यथार्थ वेदवेत्ता हैं सो आत्मा बिषे हेतु अरु फलको । अर्थात् प्रारब्ध अरु देह जो परस्पर हेतु अरु फलरूपहैं तिन्होंको । अभावरूपही निश्चय करके जानते हैं ५४ । १८१ ॥

५५ । १८२ ॥ हे सौम्य, [फल जो देहादिक तिनसे, हेतु जो धर्म्मादिक सो होते नहीं, अरु तैसेही उक्तहेतुसे उक्त फलादिकभी होते नहीं । इसप्रकार वास्तविक दृष्टिसे उपदेशकिया । अवतिरि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यावद्धेतुफलावेशः संसारस्तावदायतः। क्षीणेहेतुफलावेशे संसारं न प्रपद्यते ५६। १८३॥

विषयक मुमुक्षुओंके आग्रहकी निवृत्तिकेअर्थ, तिसबिषे आग्रहके अभावाभावके हुये तिनकी उत्पत्ति अरु अनुत्पत्तिको देखावे हैं] प्रश्न। जो पुनः हेतु अरु फलबिषे आग्रहको प्राप्तहुये हैं तिनको क्या फलहोताहै। उत्तर। "यावद्धेतुफलावेशस्तावद्धेतु फलोद्भवः" 'यावत् हेतु अरु फलबिषे आग्रहहै तावत् हेतु अरु फलका उद्भव होताहै' अर्थात् धर्म अरु अधर्मनामवाले जे हेतु (शरीरोत्पत्तिके कारण)। हैं तिनका कर्त्ता मैं हौं, अरु धर्मअधर्म मेरेहैं तिन धर्म अधर्मोंका फल कालान्तरबिषे कोईएक (स्वर्ग नरकादि)देश बिषे प्राणधारियोंके समूहबिषे।(अर्थात् कोईएक योनिबिषे) उत्पन्नहुआ मैं भोगोंगा। इसप्रकारका यावत् हेतुअरु फलबिषे (कर्तृत्व भोक्तृत्वका) आग्रह है। अर्थात् तिनबिषे तत्पर चित्तवाले पुरुषकरके अपने आपबिषे हेतु अरु फलका आरोप करते हैं, तावत् धर्म अधर्मरूप हेतुका अरु तिनके फलका उद्भव कहिये 'उच्छेदरहित प्रवृत्ति, होती है। तथाच "धर्म्मेतरौतत्रपुनःशरीरकं पुनःक्रियाश्चत्र वदीर्यतेभवः" अरु "क्षीणेहेतु फलावेशे नास्ति हेतुफलोद्भवः" 'हेतु अरु फलबिषे आग्रहके क्षीणहुये हेतु अरु फलका उद्भव होता नहीं' अर्थात्, जबपुनः 'जैसे मन्त्रअरुओषधिकरके प्रेतादिकके आवेशके अभावहोनेवत्, उक्तप्रकारके अद्वैत तत्त्वके 'श्रवण मनन, दर्शनसे 'अविद्याकरके उद्भूत जोहेतु अरु फल तिनका आवेश सम्यक् प्रकार दूरहोता है,। तब तिन उक्त हेतुअरु फलबिषे आग्रहके क्षीण (नाश)हुये हेतु अरु फलकापुनः उद्भव होता नहीं। इतिसिद्धम् ५५। १८२॥

५६।१८३॥हेसौम्य, (प्रश्न) जोकदापि हेतु अरु फलकाउद्भवहोवे तो क्या दोषहै,। उत्तर। कहते हैं। "यावद्धेतुफलावेशः संसारस्तावदायतः" अर्थात् यावत् सम्यक् ज्ञानकरके हेतु अरु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

संवृत्याजायतेसर्व्वं शाश्वतंनास्ति तेन वै। सद्भावेन ह्यजंसर्व्वमुच्छेदस्तेननास्तिवै ५७। १८४॥

फलका आग्रह (सम्यक्प्रकार अशेष) निवृत्त होतानहीं, किन्तु (अज्ञान) करके होताहै तावत् अक्षीणहुआ संसार दीर्घहोता है (अर्थात् यावत् सम्यक् आत्मज्ञान करके उक्तहेतु अरु फल इन विषयक आग्रह अशेष निवृत्त होतानहीं तावत् अज्ञानकरके हेतु अरु फलरूप संसार विस्तारको ही पावताहै। अरु "क्षीणेहेतुफलावेशे संसारं न प्रपद्यते" (हेतु अरु फलविषयक आग्रहके क्षीण हुये संसारको पावता नहीं; अर्थात् पुनः जब (सम्यक् आत्मज्ञान करके) उक्त हेतु अरु फल विषयक (समूल अज्ञान के) आग्रह अशेष क्षीण (नाश) होता है तब कारणके अभाव हुये संसारको पावता नहीं॥ इति सिद्धम् ५६। १८३॥

५७। १८४॥ हे सौम्य,। शंका। ननु, "अजादात्मनोऽन्यन्नास्ति" (अजन्मा आत्मासे अन्य है नहीं) इसप्रकार कूटस्थ अद्वितीय आत्मतत्त्वको इच्छनेवाले तुमकरके, हेतु अरु फल, अरु संसारकी, उत्पत्ति अरु विनाश कैसे कहाहै,। हे वादी अपनी इस शंकाका समाधान श्रवणकर "संवृत्या जायते सर्व्वं शाश्वतं नास्ति तेन वै" (ढापने से सर्व उपजता है तिसकरके नित्य नहीं है; अर्थात् अविद्याके आधीन लौकिक व्यवहाररूप ढापनेसे सर्व उपजता है तिसहेतु करके उत्पन्नहुये अविद्याके आधीन वस्तुबिषे नित्य (नित्यता) है नहीं, एतदर्थ उत्पत्ति अरु विनाशरूप संसार उपजता है, इसप्रकार कहते हैं। अरु "सद्भावेनह्यजंसर्व्वमुच्छेदस्ते न नास्तिवै" (सद्भावसे जन्मरहित सर्वहै तिसकरके उच्छेद है नहीं; अर्थात् जिस करके परमार्थ सद्भाव, परमार्थसत्ता, से तो जन्मरहित सर्व आत्माही है "आत्मैवेदं सर्व्वं" इत्यादि श्रुति। एतदर्थ तिस जन्मके अभावरूप कारणकरके हेतु अरु फलादिक किसीका भी उच्छेद

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धर्म्मा य इति जायन्ते जायन्ते तेन तत्त्वतः। जन्म मायोपमन्तेषां सा च माया न विद्यते ५८। १८५॥

कहिये विनाश है नहीं॥ [यहां यह भाव है कि, जैसे सम्मुखवर्ति रज्जु बिषे सर्प के अभावका अनुभवकर्त्ता विवेकी पुरुष ,सर्प नहीं यह रज्जुहै वृथाही भयको क्यों प्राप्तहोता है, इसप्रकार भ्रान्त पुरुषको कहता है अरु वो भ्रान्त पुरुषतो अपने अपराधसेही (शुद्ध रज्जुबिषे) सर्पकी कल्पनाकर भयको पावतसन्ते भागता है। तहां विवेकीका वचन मूढ़की दृष्टिसे विरोधको पावता नहीं, तैसे परमार्थरूप कूटस्थ आत्माका दर्शन व्यावहारिक जन्मादिकोंके वचनसे विरोधको न पायके अविरुद्धही है, ५७। १८४॥

५८। १८५॥ हे सौम्य, ["संवृत्या जायते सर्व्वम्" (लौकिकव्यवहार से सर्व होताहै) इसप्रकार ५७ वें श्लोकबिषे कहा, तिसको अब पुनः वर्णन करतेहैं] "(धर्म्मा य इति जायन्ते जायन्ते ते न तत्त्वतः) " (जो भी धर्म्म जन्मते हैं ऐसे, तत्त्वसे सो जन्मते नहीं ; अर्थात् जो अपि आत्मा अरु अन्य अनात्मरूप धर्म्म कहिये पदार्थ उपजते हैं इसप्रकार कहते हैं (अर्थात् कल्पना करते हैं) सो धर्म्म इसप्रकारके हैं, इसप्रकार पूर्वोक्त लौकिक व्यवहाररूप ढक्कन (पडदा) कहते हैं, कि ढांपने कहिये गुप्तपनेसेही वे धर्म्म जन्मतेहैं, परन्तु तत्त्व कहिये परमार्थ से जन्मते नहीं। अरु "(जन्म मायोपमन्तेषां सा च माया न विद्यते) " (तिनका जन्म मायाकी उपमावालाहै अरु सो माया विद्यमान है नहीं ; अर्थात् जो पुनः ढपनेसे तिन उक्तप्रकार के धर्म्मोंका जो जन्म है सो ,जैसे मायाका जन्महोता है तैसे है, एतदर्थ सो तिनका जन्म मायाकी उपमावाला प्रतीतकरने के योग्यहै। प्रश्न। तब मायानामक कुछ वस्तु होवेगी, ।उ०। सो माया कुछ विद्यमान नहीं, अभिप्राय यह है कि अविद्यमान वस्तुका नाम मायाहै ५८॥ १८५॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यथामाया मयाद्बीजाज्जायते तन्मयोऽङ्कुरः । नाऽसौ नित्यो न चोच्छेदी तद्वद्धर्म्मेषु योजना ५९।१८६॥

नाजेषु सर्व्वधर्म्मेषु शाश्वता शाश्वताभिधा । यत्रवर्णा न वर्तन्ते विवेकस्तत्र नोच्यते ६०।१८७॥

५९।१८६॥ हे सौम्य, । प्रश्न । तिन धर्म्म कहिये पदार्थोंका जन्म माया की उपमावाला कैसेहै, । तहां उत्तर, कहते हैं "यथा मायामयाद्बीजाज्जायते तन्मयोऽङ्कुरः" । जैसे मायामय बीजसे माया मय अंकुर होताहै ; अर्थात् जैसे आम्रादिकों के मायामय बीज से । अर्थात् कोई ये मायावी पुरुष करके आरोपित आम्रादिक वृक्षके मायामयबीजसे मायामय अंकुर उपजताहै । अरु "नाऽसौ नित्यो न चोच्छेदी तद्वद्धर्मेषु योजना" । यह नित्यनहीं वा विनाशी नहीं तैसे धर्म्मोंबिषे योजनाहै ; अर्थात् यह मायामय अंकुर नित्य नहीं, वा विनाशी नहीं, क्योंकि मिथ्याहै ताते, तैसेही धर्म्म कहिये पदार्थों बिषे जन्मअरु नाशादिकोंकी योजनाहै । अर्थ यहहैकिपरमार्थसे धर्म्मोंकाजन्मवानाशघटतानहीं ५९। १८६॥

६०।१८७॥ हे सौम्य, [सद्भावसे सर्व अजन्माहै, इस प्रकार जो ५७ वें श्लोकबिषे कहा, तिसको वर्णन करतेहैं] "नाजेषु सर्वधर्म्मेषु शाश्वता शाश्वताभिधा" । अजन्मा सर्व धर्म्मों बिषे नित्यहै वा अनित्यहै ऐसा नाम 'कहना' नहीं ; अर्थात् परमार्थ से तो नित्य एकरस विज्ञप्तिमात्र सत्तारूप अजन्मा सर्व धर्म्म कहिये आत्माबिषे नित्यहै वा अनित्यहै, ऐसानाम कहना, प्रवर्त्त होता नहीं । क्योंकि "यत्रवर्णा न वर्त्तन्ते विवेकस्तत्र नोच्यते" जिनबिषे वर्ण प्रवर्त्तहोते नहीं तिन बिषे विवेक कहते नहीं ; अर्थात् जिन्हों करके अर्थोंका वर्णन करिये ऐसे जो शब्द तिनको वर्ण कहते हैं, सो जिस आत्माबिषे वर्ण "यह ऐसा है" इसप्रकार कहने को प्रवर्त्त होते नहीं, तिस आत्मा बिषे नित्य है वा अनित्यहै, ऐसा विवेक कहते नहीं, क्योंकि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यथा स्वप्ने द्वयाभासं चित्तं चलति मायया । तथा जाग्रद्द्वयाभासं चित्तं चलति मायया ६१।१८८ ॥

अद्वयञ्च द्वयाभासं चित्तं स्वप्ने न संशयः । अद्वयञ्च द्वयाभासं तथा जाग्रन्न संशयः ६२।१८९ ॥

"यतोवाचो निवर्त्तन्ते" इत्यादिश्रुति प्रमाण है ६० । १८७ ॥

६१।१८८॥ हे सौम्य, आत्माको शब्दकी अगोचरताके (अर्थात् अविषयताके) हुये, यह आत्मा व्याख्याकारोंकरके, शब्दोंसेही प्रतिपादनकरनेकी योग्यताको कैसे प्राप्तहोताहै, । यहशंका करके चित्तका स्फुरणमात्र अविचारित सुन्दर प्रतिपाद्य अरु प्रतिपादकरूप द्वैतहै, इसप्रकार दृष्टान्त सहित कहतेहैं "यथास्वप्नेद्वयाभासं चित्तं चलति मायया । तथा जाग्रद्द्वयाभासं चित्तं चलति मायया" (जैसे स्वप्नबिषे द्वैताभासरूप चित्त (मन) मायासे चलताहै, तैसे जाग्रत्बिषे द्वैताभासरूप चित्त मायाकरके चलित होताहै ; ६१ । १८८ ॥

६२ । १८९ ॥ हे सौम्य, । शंका । ननु, स्वप्नबिषे प्रतिपाद्य अरु प्रतिपादकरूप द्वैतको मनके चलन कहिये स्फुरणमात्ररूप के हुये भी जाग्रत्बिषे तिसप्रकार (मनका स्फुरणमात्र) कैसे होवेगा, यह शंकाकरके उत्तर कहतेहैं "अद्वयञ्च द्वयाभासं चित्तं स्वप्ने न संशयः । अद्वयञ्च द्वयाभासं तथा जाग्रन्न संशयः" (स्वप्नबिषे अद्वैतरूपहुआ चित्त द्वैताभासरूप होता है, यामें संशय नहीं, तैसे जाग्रत् बिषे अद्वैतरूपहुआ चित्त द्वैताभासरूप होताहै इसमें संशय नहीं ; अर्थात् स्वप्नबिषे वास्तव करके अद्वैतरूप हुआही मन अपनी स्फुरणासे द्वैतरूप होताहै तिसमें संशयनहीं, तैसे जाग्रत् बिषे भी अद्वैतरूप हुआही मन अपनी स्फुरणासे द्वैतरूप होता है इसमें भी संशय नहीं ॥ अरु जो पुनः परमार्थसे अद्वैतरूप विज्ञानमात्र वस्तुको वाणीका विषयपनाहै सो मनका स्फुरणमात्रहै, परमार्थसे नहीं, यहपूर्व अद्वैतनामक तृतीय

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वप्नदृक् प्रचरन् स्वप्ने दिक्षु वै दशसुस्थितान्। अण्डजान् स्वेदजान् वाऽपि जीवान् पश्यति यान् सदा ६३ । १९० ॥

स्वप्नदृक् चित्तदृश्यास्ते न विद्यन्ते ततः पृथक्। तथा तद्दृश्यमेवेदं स्वप्नदृक् चित्तमिष्यते ६४।१९१॥

प्रकरणबिषे व्याख्यानकिये इन ६१,६२, दो श्लोकोंका तात्पर्यहै ६२।१८९ ॥

६३।१९०॥हे सौम्य, "स्वप्नदृक् प्रचरन् स्वप्ने दिक्षु वै दशसुस्थितान्, अण्डजान् स्वेदजान् वाऽपि जीवान् पश्यति यान् सदा" ' स्वप्नका द्रष्टा स्वप्नबिषे विचरताहुआ दशहों दिशाबिषे स्थित, अण्डज वा स्वेदजरूप भी जीवोंको सदा देखताहै ; अर्थात् इस कथनके हेतुसे भी वाणीका विषय जो द्वैत तिसका अभाव है, । जैसे स्वप्नरूप स्थानबिषे स्वप्न जगत्का देखनेवाला ऐसा जो स्वप्नका द्रष्टा सो स्वप्नबिषे विचरताहुआ दशहों दिशाबिषे स्थितकहिये वर्त्तमान अण्डज वा स्वेदजरूप भी ' जरायुज अरु उद्भिजरूप ' जिन प्राणियोंको सदा देखताहै [सो तिससे भिन्ननहीं इसप्रकार अग्रिम श्लोकसे संबन्धहै ६३ । १९० ॥

६४ । १९१ ॥ हे सौम्य, । प्र० । जब ऐसे है तब तिसकरके हुआक्या, । तहां उत्तर कहतेहैं " स्वप्नदृक् चित्तदृश्यास्ते न विद्यन्ते ततः पृथक् " ' स्वप्नद्रष्टाके चित्तकरके देखनेयोग्य तिसतें पृथक्नहीं ; अर्थात् स्वप्नद्रष्टाके चित्तकहिये मनकरके देखनेयोग्य वे जीव सो स्वप्नद्रष्टाके चित्तसे भिन्ननहीं । अरु जो ऐसाकहे कि, तब चित्तही जीवादिक भेदके ' द्रष्टा अरु चित्तके ' आकारसे विकल्पको पावताहै, । सो कथन बनेनहीं । तहां कहतेहैं "तथा तद्दृश्यमेवेदं स्वप्नदृक् चित्तमिष्यते " ' तैसे यह स्वप्नके द्रष्टाका चित्त तिसकरके देखनेके योग्यही अंगीकार करतेहैं ; अर्थात् तैसे यह स्वप्नके द्रष्टाका चित्त तिस स्वप्नके द्रष्टाकरके देखनेके योग्यही

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चरन् जागरिते जाग्रद्दिक्षुवै दश सुस्थितान्। अण्डजान्स्वेदजान् वाऽपि जीवान् पश्यति यान् सदा ६५। १९२॥

जाग्रच्चित्तेक्षणीयास्ते नविद्यन्ते ततःपृथक्। तथा तद्दृश्यमेवेदं जाग्रतश्चित्तमिष्यते ६६। १९३॥

अंगीकार करते हैं। अर्थात् जैसे स्वप्नके द्रष्टाकरके स्वप्नके पदार्थ देखने योग्यहैं, तैसे चित्तभी है। एतदर्थ स्वप्नके द्रष्टासे भिन्न चित्तनाम कोई वस्तुनहीं, इत्यर्थः ६४। १९१॥

६५।१९२॥हेसौम्य, अब दृष्टान्तबिषे स्थित अर्थको दार्ष्टान्त बिषे योजना करते हैं। "चरन्जागरिते जाग्रद्दिक्षुवै दशसुस्थितान, अण्डजान् स्वेदजान्वाऽपि जीवान् पश्यति यान सदा" 'जाग्रतबिषे जाग्रत्के दशहोदिशाबिषे विचरता तहां स्थित अंडज वा स्वेदज भी जिन जीवोंको सदा देखता है' अर्थात् जाग्रत् बिषे जाग्रत् अवस्थावाला पुरुष दशहो दिशाबिषे स्थित जे अंडज वा स्वेदज, जरायुज अरु उद्भिजरूप, चारिखानिके जिन जीवोंको 'अर्थात् कार्य्य कारणात्मक संघातको' सदा देखताहै ६५।१९२॥

६६।१९३॥हेसौम्य, "जाग्रच्चित्तेक्षणीयास्ते न विद्यन्ते ततः पृथक्" 'जाग्रत्के चित्तसे देखनेके योग्य तिससेपृथक् विद्यमान नहीं' अर्थात् जाग्रदवस्थावाले पुरुषके चित्तकरके देखनेके योग्य वे। उक्त चारखानिके। जीव तिस जाग्रदवस्थावाले पुरुषके चित्तसे भिन्न नहीं "तथा तद्दृश्यमेवेदं जाग्रतश्चित्तमिष्यते" 'तैसे यह जाग्रत्का चित्त तिस द्रष्टाकरके देखनेकेयोग्यही अंगीकार करतेहैं' अर्थात् जैसे जाग्रत्के द्रष्टाकरके जाग्रत् केजीवादि पदार्थ देखनेके योग्यहैं, तैसे इस जाग्रदवस्थावाले पुरुषकाचित्त तिस जाग्रत्के द्रष्टा पुरुषकरके देखनेके योग्य है ऐसा अंगीकार करतेहैं॥ अरु इन' ६५,६६, दो श्लोकोंके भावार्थरूप यह दो अनुमानहैं। जाग्रदवस्थावाले पुरुषकेदृश्य जो जीवादि सोतिस

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उभे ह्यन्योन्यदृश्येते किन्तदस्तीति चोच्यते । लक्षणाशून्यमुभयं तन्मतेनैव गृह्यते ६७ । १९४ ॥

के चित्तसे अभिन्नहै, क्योंकि चित्तकरके देखनेयोग्यहै ताते, जैसे स्वप्न के द्रष्टाके चित्तकरके देखने के योग्य स्वप्नके जीवादिक (चित्तसे अभिन्नहैं) तैसे ॥ अरु सो जीवोंके देखनेरूप चित्तहैसो द्रष्टा से अभिन्न है, क्योंकि द्रष्टाका दृश्य है ताते, स्वप्न के चित्तवत् ६६ । १९३ ॥

६७।१९४॥हेसौम्य,[दृश्य अरु दर्शनके भेदकेग्राहक प्रमाण करके बाधितहुये यह दोनों हेतुहैं,। यह शंका करके तब कहतेहैं यहां यह अर्थहै कि दृश्य अरु दर्शन यहदोनों परस्परकी अपेक्षा से सिद्ध होनेवाले हैं । दृश्यके सिद्धहुये तिसकरके अविच्छिन्न कहिये विशिष्ट, दर्शन (ज्ञान) सिद्ध होता है, अरु तिस दर्शन के सिद्धहुये तिसकरके अविच्छिन्न दृश्य (विषय) सिद्ध होतेहैं ।इस प्रकार अन्योन्याश्रय रूप दोष करके दृश्य वा दर्शन सिद्ध होते नहीं । एतदर्थ तिनके भेदकेग्राहक प्रमाणके अभावसे उन दोनों हेतुओंका बाध है नहीं] वेजीव अरु चित्त यह दोनों परस्परके दृश्य कहिये विषय होतेहैं । अरु जिसकरके जीवादिक विषयोंकी अपेक्षावाला चित्त प्रसिद्ध होताहै, अरु जिसकरके चित्तकी अपेक्षावाला जीवादिक दृश्यहै, एतदर्थ " उभेहयन्योन्यदृश्येते किन्तदस्तीतिचोच्यते " वेदोनों अन्योन्यकरके दृश्यहैं सो क्याहै ऐसे (प्रश्नकर्त्ताप्रति) कहते हैं; अर्थात् वे जीव अरु चित्त दोनों परस्परके दृश्य हैं । (अर्थात् परस्पर करके देखने (विषयकरने) योग्य हैं, । अरु जिसकरके वे दोनों परस्पर के दृश्य हैं, एतदर्थ (अन्योन्याश्रयरूप दोषके सद्भावसे) चित्त अथवा चित्तकरके देखनेके योग्य जो दृश्य पदार्थहै सो क्याहै, इसप्रकार प्रश्न किये हुये, विवेकी पुरुषकरके 'यह कुछभी हैनहीं, इसप्रकार कहाहै वा कहतेहैं । जैसे स्वप्नबिषे । ("तत्ररथानरथयोगा " इत्यादि प्रमाण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यथास्वप्नमयोजीवो जायतेम्रियतेऽपिच। तथाजीवाअमीसर्व्वे भवन्तिनभवन्तिच ६८। १९५॥

सो हस्ती वा हस्तीका चित्त विद्यमान हैनहीं, तैसे यहां जाग्रत् बिषे भी विवेकी पुरुषको कुछभीवस्तु विद्यमानकरके प्रतीतहोता नहीं॥ यह अभिप्राय है। प्रश्न ॥ जाग्रत्बिषे चित्त वा चित्तका दृश्य यह दोनों विद्यमान कैसे नहीं,। तहां उत्तर, कहते हैं "लक्षणा शून्यमुभयं तन्मते नैव गृह्यते" यह दोनों लक्षणा शून्यहैं तिनके मतसेही ग्रहण करतेहैं ; अर्थात्, जिस करके लखा (देखा) जाय सो कहिये लक्षणा ऐसा जो प्रमाण तिसको यहां लक्षणाकहते हैं। अरु जिस करके चित्त अरु चित्तका दृश्य, चेत्य, यह दोनों लक्षणा कहिये प्रमाण तिससे रहित हैं, ताते तिनके भेदका प्रमाणीकपना [प्रमाण करने योग्यपना] है नहीं। अरु वादियोंने तो तिनके मत करके [तिस दृश्य अरु ज्ञानबिषें तत्पर चित्तवान्तारूप दोष करके] सो दृश्य अरु दर्शन ग्रहण किये हैं, ताते घटकी बुद्धि को दूरकरके [यहां यह अर्थ है कि घटबिषे क्या प्रमाणहै, । इस प्रकार प्रश्न किये हुये, ज्ञान प्रमाणहै, ऐसा उत्तर बने नहीं, क्योंकि अन्य बस्तुओंके ज्ञानबिषे अतिप्रसंग [अति व्याप्ति] होवेगी ताते। अरु घटका ज्ञान प्रमाणहै, ऐसा उत्तर भी बने नहीं, क्योंकि अन्योन्याश्रय दोषका प्रसंग प्राप्त होता है ताते। अतएव घट अरु तिसके ज्ञानका प्रमाण अरु प्रमेयभाव संभवे नहीं] घट ग्रहण करते नहीं, अरु घटको दूरकरके घटकी बुद्धि (ज्ञान) भी ग्रहण करतेनहीं। एतदर्थ तिस ज्ञान अरु ज्ञेयरूप चित्त अरु चित्त के दृश्यबिषे प्रमाण अरु प्रमेय का भेद कल्पना करने को शक्य नहीं॥ इत्यभिप्रायः॥ ६७। १९४॥

६८। १९५॥ हे सौम्य, [दर्शन कहिये ज्ञानसे भिन्न अंडजादि दृश्य पदार्थोंके असद्भावके अनुमानके ग्राहक प्रमाणकरके बाधको निवारण करके, अब दर्शनसे भिन्न तिन अंडजादिकनके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यथामायामयोजीवो जायतेम्रियतेऽपिच। तथाजीवाअमीसर्व्वे भवन्तिनभवन्तिच ६९। १९६॥

यथानिर्मितकोजीवो जायतेम्रियतेऽपिवा । तथाजीवाअमीसर्व्वे भवन्तिनभवन्तिच ७०। १९७॥

असद्भावके हुये जन्मादिकोंकी प्रतीतिका बाधहोवेगा, इस शंकाको दूर करते हैं,] "यथास्वप्नमयोजीवो जायतेम्रियतेऽपिच। तथाजीवाअमीसर्वे भवन्तिनभवन्तिच"। ‘जैसे स्वप्नमय जीव जन्मताहै अरु मरता भी है, तैसेही यह सर्वजीव होते भी हैं अरु नहीं भी होते’॥ अर्थात् जैसे स्वप्न बिषे अन हुये ही जीव जन्मते अरु मरते हैं, तैसे यह जाग्रत् के जीव भी न हुये हुये जन्मते अरु मरते हैं ६८। १९५॥

६९। १९६॥ हे सौम्य [अब मायामय जीवके अरु निर्मितक जीवके भेदके जानने की इच्छावालेके प्रति कहते हैं] "यथामायामयोजीवो जायतेम्रियतेऽपिच । तथाजीवाअमीसर्व्वे भवन्तिनभवन्तिच"। ‘जैसे मायामय जीव उपजता है अरु मरता भी है, तैसे यह सर्व्व जीव होतेभी हैं अरु नहीं भीहोते’; अर्थात् ‘जैसे इन्द्रजालिक मायावियोंकी मायासे ‘मायामय जीव जन्मता है अरु मरता भी है, तैसेही प्रज्ञप्तिमात्र चैतन्यकी मायासे ‘जो कि वास्तवमें है, नहीं’ यह ‘अंडजादि’ सर्व जीव उत्पत्त्यादि होते भी हैं अरु नहीं भी होते ६९। १९६॥

७०। १९७॥ हे सौम्य, "यथानिर्मितकोजीवो जायतेम्रियतेपिवा। तथाजीवाअमीसर्व्वे भवन्तिनभवन्तिच"। ‘जैसे निर्माण किया जीव जन्मता भी है वा मरता भी है, तैसे यह सर्व जीव होते भी हैं अरु नहीं भी होते’; ॥ अर्थात् जैसे मन्त्र ओषधि आदिक सामग्रीसे इन्द्रजाली आदिक मायावियों करके निर्माण किया जीव जन्मता भी है अरु मरताभी है, तैसेही यह अंडजादि सर्व जीव होते हैं नहीं भी होते। अर्थात् ६८, ६९, ७०, इन तीन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते।
एतत्तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते ७१।१९८॥

श्लोकों का तात्पर्यार्थ यह है कि, जैसे [संवित् कहिये चैतन्य रूपज्ञान तिससेभिन्न अंडजादिकोंका परमार्थकरके सद्भावके अभावके अनुमानका जन्मादिककी प्रतीतिसे बाधहोतानहीं, क्योंकि सद्भावके अभावहुये भी स्वप्नादिकों बिषे जन्मादि विकल्पके बाहुल्यता की प्रतीतिहै ताते। इसप्रकार ६८, ६९, ७०, इनतीन श्लोकोंके तात्पर्यको कहते हैं] स्वप्नमय मायामय अरु औषधि आदिकरके रचित अंडजादि जीव जन्मते हैं अरु मरते हैं, तैसेही यह मनुष्यादिरूप जीवभी अविद्यमानहुयेही चित्तकी कल्पना मात्रही हैं ७०। १९७॥

७१।१९८॥ हे सौम्य, "न कश्चिज्जायतेजीवः संभवोऽस्य न विद्यते" (इसका कारण नहीं ताते कोई भी जीव जन्मता नहीं ; अर्थात् जिसकरके [जो वादी, जन्मादिक सत्यहै, इस प्रकार मानताहै तिसके प्रति पूर्व तृतीय प्रकरणके अन्तके श्लोकबिषे "न कश्चिज्जायते जीवः" इत्यादि कहाहै तिस अर्थको पुनः स्मरण करावतेहैं] इस (जगत्) का कारण नहीं, तिसही करके कोई भी जीव जन्मता (उपजता) नहीं। अरु "एतत्तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते" (जिसबिषे कुछ भी जन्मता नहीं यह तिनके मध्य उत्तम सत्यहै, अर्थात् जिस सत्यरूप (एक अद्वितीय) ब्रह्मबिषे कुछ किञ्चिन्मात्र भी उपजता नहीं, यह उन पूर्वके ग्रन्थोंबिषे उपायपने करके उक्त सत्योंके मध्य उत्तम सत्यहै। इसका भावार्थ यहहै कि, व्यवहारबिषे सत्य विषयका अरु जीवोंका जन्म मरणादिक स्वप्नादिकोंके जीवोंवत् है। अर्थात् जैसे स्वप्नबिषे जीवादिक अनेक पदार्थ उपजते विनशते हैं तैसेही यह जाग्रत्के जीवादिकोंको कल्पनामात्रही जानना। इसप्रकार पूर्वके तीन श्लोकोंबिषे कहा, परन्तु "न कश्चिज्जायते

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चितस्पन्दितमेवेदं ग्राह्यग्राहकवद्द्वयम् । चित्तं निर्व्विषयं नित्यमसंगन्तेनकीर्त्तितम् ७२।१९९॥

जीवः" ८ कदापि कोई भी जीव जन्मता नहीं, यह परमार्थसे जो सत्य है ॥ इस श्लोकका अर्थ पूर्व तृतीय प्रकरणके अन्तके श्लोकबिषे कहाहै ७१ । १९८ ॥

७२।१९९ ॥ हे सौम्य, "चित्तस्पन्दितमेवेदं ग्राह्यग्राहकवद्द्वयम्, चित्तं निर्व्विषयं नित्यमसंगन्तेन कीर्त्तितम्" ८ चित्तका स्फुरण रूपही यह ग्राह्य अरु ग्राहकवाला द्वैत, विषयरहित चित्त है तिसकरके नित्य असंग कहा है ; अर्थात् [ज्ञानको, कल्पित दृश्यकरके उपहित कहिये उपाधिवाले रूपकरके दृश्यपनाहोने से, तिसका देखेहुये पदार्थोंसे भिन्न सद्भाव है नहीं, इसप्रकार स्वप्नके दृष्टान्तसे कहा, अब वास्तवसे ज्ञानको विषयसे सम्बन्ध के अभावसे आत्माही ज्ञान है, इसप्रकार कहते हैं] चित्त जो मन तिसका स्फुरणरूपही यह ग्राह्य कहिये विषय अरु ग्राहक कहिये इन्द्रिय, इनवाला द्वैत है, अरु विषयरहित चित्त कहिये चैतन्य आत्माहै । तिस हेतुकरके सो चित्त कहिये आत्म चैतन्य को नित्य असंग कहाहै । इसका तात्पर्य यह है कि सर्व्व ग्राह्य अरु ग्राहकवाला चित्तका स्फुरणरूपही द्वैत परमार्थसे आत्माही है "आत्मैवेदं सर्व्वं" एतदर्थ सो चित्त संज्ञक चैतन्य आत्मा निर्विषय है । अरु तिस निर्विषयहोने रूप हेतुकरके तिसको नित्य असंग कहाहै "असंगोह्ययं पुरुषः" ८ असंगही यह पुरुषहै, यह बृहदारण्य उपनिषद्के प्रमाणसे । विषय सहित वस्तुका विषयबिषे संग कहिये आसक्ति होवे है अरु चित्त संज्ञक आत्मा जिसकरके अविषय है एतदर्थही असंग है, इस युक्तिसे आत्मा का असंगपना सर्वदा सिद्धही है । जैसे आकाश निराकार निरवयव अतिसूक्ष्महोनेसे जल घृत तैलादिक सर्वमें व्याप्तहुआ भी जलादिक किसीपदार्थ अरु तिनके धर्म्मोंसाथ कदापि स्पर्शमात्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

योऽस्तिकल्पितसंवृत्या परमार्थेननास्त्यऽसौ। परतन्त्राभिसंवृत्या स्यान्नास्तिपरमार्थतः ७३। २००॥

भी करता नहीं, तैसे आकाशसे भी महासूक्ष्म निराकार निर्विकार आत्मा आकाशादि सर्वमें व्याप्तहुआ हुआ भी सदा असंगहीहै। ७२।१९९॥

७३।२००॥ हेसौम्य,। शंका। ननु, जब निर्विषय होने करके चित्त जो चैतन्य ब्रह्म, तिसका असंगपनाहै, तब सो असंगपना सिद्धहोता नहीं, क्योंकि शास्ता कहिये शिक्षाका करनेवालागुरु, शास्त्र अरु शिष्य (अर्थात् 'शास्ता, शास्त्र अरु शिष्य, इत्यादि (प्रमाता प्रमाणादिक विषय विद्यमान हैं ताते,। समाधान यह दोष बने नहीं, क्योंकि "योऽस्तिकल्पितसंवृत्या परमार्थेननास्त्यऽसौ"। 'जो कल्पित तिसकरके हैं यह परमार्थसे है नहीं' अर्थात् जो शास्त्र शास्तादि पदार्थ विद्यमान है, सो परमार्थकी प्राप्तिकासाधन (उपाय) होने करके कल्पित जो व्यवहार तिसकरके है। परन्तु यह शास्त्रादि पदार्थ परमार्थसे हैनहीं। इसमें "ज्ञातेद्वैतं नविद्यते" 'जानेहुये द्वैत है नहीं' यह प्रथम प्रकरणके २५ वें श्लोक करके, उक्तवाक्य अनुकूल है। अरु [ननु, वैशेषिक वादी जो हैं सो द्रव्यसे आदिलेके समवाय पर्यन्त षट्पदार्थों को परमार्थसे मानते हैं, अरु जब तैसे है तब चैतन्यको असंगपना कैसेहै,। तहां समाधान, कहते हैं,। यहां यह अर्थहै कि वैशेषिक मतवादियोंकी परिभाषासे कल्पित व्यवहारके अनुसारसे जोद्रव्यसे आदिलेके समवाय पर्यन्त पदार्थ हैं सो परमार्थसे हैं नहीं, किन्तु व्यवहारसत्ता करके भासताहै, अतएव चैतन्यआत्माका असंगपना सर्वदा अविरुद्धही है।]"परतन्त्राभिसंवृत्या स्यान्नास्तिपरमार्थतः"। 'अन्य शास्त्रके, व्यवहारसे होय सो परमार्थसे नहीं' अर्थात् जोअन्य वैशेषिकादि मतवादियोंके शास्त्रके व्यवहारसेहोवे सो परमार्थसे निरूपण कियाहुआ नहीं। अतएव तिस करके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अजःकल्पितसंवृत्या परमार्थेननाप्यजः । परतन्त्रोऽभिनिष्पत्या संवृत्या जायतेतुसः ७४ । २०१ ॥

असंगकहाहै,इसप्रकारका जोहमारा कथनसोयुक्तहीहै७३।२००॥

७४।२०१॥हेसौम्य,।शंका।ननु, शास्त्रादिकनको व्यवहाररूपताके होनेसे "अजइति" अजन्माहै, यह । शास्त्रोक्त कल्पनाभी व्यवहाररूपही होगी, । समाधान । तहां ऐसेही सत्यहै, यहकहते हैं "। अजःकल्पितसंवृत्या परमार्थेननाप्यजः "। 'कल्पितव्यवहारसेही अजन्मा है परमार्थसे अजन्माभी नहीं' अर्थात् शास्त्रादिकोंके कल्पित व्यवहारसेही अजन्माहै, ऐसा कहतेहैं, अरु परमार्थसेतो अजन्माभी नहीं । अरु "परतन्त्रोऽभिनिष्पत्या संवृत्याजायते तु सः"। 'अन्य शास्त्रकी प्रसिद्धिसे सोतो व्यावहारिक है, अरु जन्मताहै' अर्थात् जिसकरके [यहां यह अर्थहै कि, द्रव्यका अरु गुणादि पांचका जो लक्षणहै, सो तिससे व्यावर्त्तक अपने लक्षणके संभवबिना कल्पते नहीं । अरु तैसेहुये तिन तिनके लक्षणसे तिनकी प्रतीतिके हुये तिससे भिन्नकी प्रतीति होवेहै, अरु तिस भिन्न पदार्थके औ लक्षणसे तिसकी प्रतीतिकेहुये तिससे व्यावृत्त । पृथक्किये । पदार्थकी प्रतीतिहोवेहै । इसप्रकार परस्परकेआश्रयरूप दोषसे कुछभी वस्तु वास्तवसे सिद्धहोती नहीं] अन्य परिणामवादियोंके शास्त्रकी प्रसिद्धिसे । 'अर्थात् अन्योंके शास्त्रविषे जो परिणामरूप जन्मकी प्रसिद्धिहै तिसके निषेधसे' । जो "आत्मा अजन्मा है" ऐसे कहाहै सोतो व्यवहारसे है । अरु जिसकरके अजन्माहै तातेजन्मरूप प्रतियोगीको व्यवहारकरके सिद्धहोनेसे तिसका निषेधरूप अजन्मापनाभी तैसाही है । यह अर्थ है। एतदर्थ "अजइति" अजन्मा है, इसप्रकारकी यह कल्पना भी परमार्थरूप विषयसे प्रवृत्त होतीनहीं ।[अजन्मापने आदिकव्यवहारकरके उपलक्षित जोस्वरूपहै तिसकाअकल्पितपनाहै, क्योंकि तिसको कल्पनाका अधिष्ठानपना है तातें । अरु कल्पित शास्त्रा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अभूताभिनिवेशोऽस्ति द्वयं तत्र न विद्यते। द्वयाभावं स बुद्ध्यैव निर्निमित्तो न जायते ७५। २०२॥

यदा न लभते हेतूनुत्तमाधम मध्यमान्। तदा न जायते चित्तं हेत्वाभावे फलं कुतः ७६। २०३॥

दिकोंको अकल्पित वस्तुके प्रमाज्ञान [प्रमाण जन्यज्ञान] की अहेतुता नहीं, क्योंकि प्रतिबिम्बादिकों को बिम्बादिकों के प्रमा-की हेतुता सिद्धहै ताते, ऐसा जानना] इत्यर्थः ७४। २०१॥

७५। २०२॥ हे सौम्य,। शंका। ननु, [ज्ञानको, कल्पित शास्त्रादिकोंसे अन्यता (पृथक्ता) के हुये तिसको मिथ्याहोनेसे अपुनरावृत्ति कहिये आवागमनसे रहित मोक्षरूप फलकी साधनता होगीनहीं,]। समाधान। तहां कहते हैं "अभूताभिनिवेशोस्ति द्वयं तत्र न विद्यते, द्वयाभावं स बुद्ध्यैव निर्निमित्तो न जायते" {असत्बिषे अभिनिवेशहै तिसबिषे द्वैत विद्यमाननहीं, द्वैतके अभावको जानके ही निमित्तसे रहित होताहै सो नहीं; अर्थात् जिस करके असत् कहिये मिथ्या ज्ञानका विषय संसारहै, एतदर्थ असत्यरूप द्वैतबिषे केवल अभिनिवेश कहिये आग्रह, है। अरु जिस करके तिस आत्माबिषे मिथ्या आग्रहमात्र अरु जन्मका कारण द्वैत विद्यमानहै नहीं, एतदर्थ जो पुरुष द्वैत के अभावको जानकेही मिथ्या द्वैतके आग्रहरूप निमित्तसे रहित होताहै सो जन्मता नहीं। अर्थात् मिथ्या ज्ञानरूप द्वैत प्रपंचके आग्रह रूप अभिनिवेशके सम्यक् अभाव हुयेही मोक्षहै। "ऋते ज्ञानान्नमुक्तिः"। ७५। २०२॥

७६। २०३॥ हे सौम्य, ["निर्निमित्तो न जायते" निमित्त से रहित हुआ जन्मता नहीं, इसप्रकार जो पूर्व ७५ वें श्लोक बिषे कहा तिस इस अर्थको वर्णन करते हैं] जाति कहिये वर्ण अरु आश्रमको। अर्थात् ब्राह्मणादि वर्ण अरु ब्रह्मचर्यादि आश्रम इनकरके युक्त पुरुषके अर्थ विधान किये जे। शम

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दम अग्निहोत्रादि विहित कर्म्म रूप हेतु, सो फलाभिलाषा से रहित निष्काम अधिकारी पुरुषों करके अनुष्ठान किये धर्म्म अर्थात् धर्म्म अरु कर्म्मका इसप्रकार विचारहै कि कर्म्म जो अग्नि है सो, नित्य, नैमित्तिक, प्रायश्चित्त, अरु कामुक, अरु निषिद्ध इन पांचोप्रकारके कर्म्मों बिषे समान वर्त्ताहै, परन्तु सर्व कर्म्म धर्म्म नहीं क्योंकि निषिद्ध आदि कर्म्मों को धर्मपना नहीं, ताते जिन संध्या गायत्री अग्निहोत्रादिक कर्म्मोंके न करनेसे प्रत्यवाय (पातक) होताहै सो कर्म्म मुख्य (उत्तम) धर्म्महैं, अरु जिन अश्वमेधादिक यज्ञ रूप कर्म्म के न करने में प्रत्यवाय नहीं अरु करे तो फलकी प्राप्तिहोय, ताते सो कामनावाले के अर्थ होने से गौण (मध्यम) धर्म्महै, अरु अश्वमेधादि यज्ञ जो पूर्व राजर्षियोंने किये हैं सो बहुधा स्वर्ग प्राप्तिकी कामनासे, वा महत् प्रायश्चित्त की कामनासे किये हैं, अतएव यज्ञादिक कामुक कर्म्म गौण धर्म्म है, ताते निष्काम अधिकारी करके अनुष्ठान किये अग्निहोत्रादि कर्म्म रूप मुख्य धर्म्म। सो देव भावादिक उत्तम जन्मकी प्राप्ति के प्रयोजनार्थ होनेसे केवल उत्तमहै। अरु धर्म्म अधर्म मिश्रित रूप कर्म्म। अर्थात् यहां धर्म्म अधर्म्म को मिश्रित कहाहै तिस करके कुछ अश्वमेधादि धर्म्म अरु ब्रह्महत्यादि अधर्म्मका समुच्चय नहीं कहा, किन्तु कामनासे रहित जो केवल उत्तम अग्निहोत्रादि धर्म्म, अरु तिनकी अपेक्षा कामुक कर्म्म रूप अधर्म्म तिनका समुच्चय धर्म्माधर्म्म अरु मिश्रित, शब्दका अर्थ जानना। सो मनुष्यादिक मध्यम जन्म भावकी प्राप्तिके अर्थ होनेसे, मध्यमहै। अरु जो निषिद्धाचरणहैं सो तिर्यकादि अधम योनिकी प्राप्तिका निमित्त होनेसे अधर्म्म रूप प्रवृत्ति विशेष अधर्म्म है। अतएव "यदा न लभते हेतूनुत्तमाधम मध्यमान्, तदा न जायते चित्तं हेत्वाभावे फलं कुतः"। जब चैतन्य उत्तम मध्यम अरु अधम हेतुओं को देखता नहीं, तबजन्मता नहीं अरुहेतुके अभाव हुये फल कहांसे होगा; अर्थात् । उक्त प्रकार के उत्तम मध्यम

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अनिमित्तस्य चित्तस्य याऽनुत्पत्तिः समाऽद्वया। अ-
जातस्यैव सर्व्वस्य चित्तदृश्यं हि तद्यतः ७७। २०४॥

अधम हेतुओं को। जब चित्त कहिये चैतन्य उन अविद्या करके कल्पित उत्तम मध्यम अरु अधम हेतुओं को, सर्व कल्पना से रहित एक ही अद्वितीय आत्मतत्त्व को जानता हुआ, देखता नहीं। जैसे अविवेकी बालकों करके आकाश बिषे दृश्यमान जो मल (मलिनता) तिसको विवेकी पुरुष देखता नहीं, तद्वत् तब देवादिक आकारों करके उत्तम मध्यम अरु अधम, कर्मोंके फलरूप से जन्मता नहीं। अरु बीजादिक के अभाव हुये धान्य के वृक्षादिकोंवत् हेतु के अविद्यमान हुये फल उपजता नहीं, एतदर्थ हेतु के अभाव हुये फल कहां से होवेगा किन्तु कहीं से भी नहीं ७६। २०३॥

७७। २०४॥ हे सौम्य, ["तदा न जायते चित्तं" 'तब चित्त जन्मता नहीं' इसप्रकार अभी ७६ वें श्लोक बिषे कहा, सो कालपरिच्छेदकी प्रतीतिसे आगंतुकताकी शंका करके निवारण करते हैं] "हेत्वभावे चित्तं नोत्पद्यत इति" 'हेतु के अभाव हुये चित्त उपजता नहीं' इसप्रकार पूर्व श्लोकबिषे कहा। पुनः तिस चित्तकी अनुत्पत्ति किस प्रकारकीहै सो अब कहतेहैं "अनिमित्तस्य चित्तस्य या ऽनुत्पत्तिः समा ऽद्वया"। 'अनिमित्त चित्त की जो अनुत्पत्तिहै सो सम अद्वैतरूप है' अर्थात् परमार्थ ज्ञान दर्शन से निवृत्त हुआहै, धर्म्म अधर्म्म नामवाला जो उत्पत्तिका निमित्त है सो, जिसका ऐसा जो चित्त सो अनिमित्तचित्त कहते हैं। तिस अनिमित्त चैतन्यकी जो मोक्षनामवाली अनुत्पत्ति है सो सर्वदा [जैसे रूपेकी कल्पना कालबिषे भी सीपीका अरूपेपना स्वाभाविक है। अर्थात् अविवेकी पुरुष को लोभ के वशसे जिसकालमें सीपीबिषे रूपेकी भ्रांतिहोती है, तिस कालबिषे भी सीपीका जो अरूपापनाहै सो स्वाभाविक सिद्धही है। तैसे ही

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बुद्ध्वानिमित्ततां सत्यां हेतुं पृथगनाप्नुवन् । वीतशोकं तथा काममभयं पदमश्नुते ७८ । २०५ ॥

जन्मकी कल्पनाकालबिषे भी चैतन्यरूप ज्ञानकी निष्प्रपंच अद्वितीय ब्रह्मरूपता स्वाभाविकही है। अरु जन्मके भ्रमकी निवृत्तिकी अपेक्षा से तो "तदा न जायते" तब जन्मता नहीं, इसप्रकारकहा अरु यह , सर्वदा, इसपद करके सूचित करते हैं। केवलमोक्षावस्थावाले चैतन्यकाही अजन्मापना होय ऐसा नहीं, किन्तु घटादिक उपहित चैतन्यको भी अजन्मापनाहै, इस अभिप्रायसे यह , सर्व अवस्था बिषे , इसप्रकार कहा । अरु चैतन्य के सर्व्वदा प्रतिबिम्बको अपने बिम्बके तुल्य ब्रह्मरूपता है ताते । इसहेतुके अभिप्राय से यह अनुत्पत्ति अद्वैतरूप कहीहै] सर्व्वावस्था विषे समकहिये विशेष रहित अरु अद्वितीय है। [सर्व द्वैतको चैतन्य का दृश्य होने करके मिथ्यत्व होनेसे, अरु नित्य सिद्ध परिपूर्ण चैतन्य नामक स्फूर्तिको जन्मका असंभवहै ताते, तिसकी जो अनुत्पत्ति है सो उक्त लक्षणवाली युक्त ही है] अरु "अजातस्यैव सर्व्वस्य चित्तदृश्यं हि तद्यतः" "जन्मरहित चित्तका सर्व दृश्यही है" अर्थात् जिसकरके सम्यक् ज्ञानसे पूर्व भी सो द्वैत अरु जन्मचित्त (चैतन्य)का दृश्यहीहै। एतदर्थ निमित्त रहित अद्वैतरूप चैतन्य की जो अनुपपत्ति सो सम अरु अद्वैतही है । अरु सो अनुत्पत्ति पुनः कदाचित् होताहै, इसप्रकार नहीं, वा कदाचि होतानहीं, इसप्रकार नहीं, किन्तु चैतन्य आत्मा सर्वदा एकरूप एक रसही है " पर प्रत्यक् एकरसः " इत्यर्थः ७७ । २०४ ॥

७८ । २०५॥ हे सौम्य, ["द्वयाभावं सबुद्ध्यैव निर्निमित्तो न जायते" "सो द्वैतके अभाव को जानके निमित्तसे रहित हुआ जन्मता नहीं, इसप्रकार पूर्व ७५ वें श्लोकबिषे कहाहै, तिसको अब पुनः वर्णन करते हैं] "बुद्ध्वानिमित्ततां सत्यां हेतुं पृथगनाप्नुवन्" "निमित्तरहित सत्ताकोजानके हेतुको पृथक ग्रहणकरता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अभूताभिनिवेशाद्धि सदृशे तत्प्रवर्त्तते। वस्त्वभावं सबुद्ध्वैव निःसंगं विनिवर्त्तते ७९। २०६॥

हुआ; अर्थात् उक्त प्रकारकी युक्ति करके जन्मका निमित्त जो द्वैत तिसके अभावहुये, निमित्त रहित परमार्थरूप सत्ताको जान के धर्म्मादिक कारणरूप हेतु को देवादिक योनिकी प्राप्तिके अर्थ भिन्न ग्रहण करता हुआ। अर्थात् बाह्य विषयों की इच्छासे रहित हुआ। "बीतशोकं तथाकाममभयं पदमश्नुते" "विगतशोक काम से रहित अभयपदको प्राप्तहोताहै" अर्थात् देवादि योनिके प्रापक जे उक्तधर्म्मादिक तिनको अग्रहणकरता हुआ, अरु कामसेरहित विगत शोकहुआ। अर्थात् अविद्यादि कारण कार्य से रहित हुआ। अभय पदको प्राप्तहोता है। पुनः जन्मको पावतानहीं अर्थात् यहां जो कहा कि पुनर्जन्मको पावता नहीं सो जिन अविवेकियों की दृष्टिसे आत्मा जन्मता है तिनकी दृष्टिकी अपेक्षा से कहाहै, नतु आत्मातो सदा अजन्मा एकही है ७८। २०५॥

७९। २०६॥ हे सौम्य, [जब ऐसे है तब। उक्तप्रकारके पदकी प्राप्ति सदाही है, यह शंका करके कहते हैं] "अभूताभिनिवेशाद्धि सदृशेतत्प्रवर्त्तते" "अभूत अभिनिवेश से सदृशविषे सो प्रवर्त्त होता है; अर्थात् जिसकरके मिथ्या द्वैतविषे द्वैत के सद्भावका निश्चयरूप जो मिथ्या आग्रह है, तिस अविद्यात्मक व्यामोहरूप मिथ्या अभिनिवेश, कहिये आग्रह, से सदृश, कहिये तिसके अनुसारी, वस्तुविषे सो चित्त प्रवर्त्त होता है। एतदर्थ "वस्त्वभावंसबुद्ध्वैव निःसंगं विनिवर्त्तते" "सो वस्तुके अभावको जानकेही निःसंगहुआ निवृत्तहोताहै" अर्थात् सो पुरुष तिसद्वैत रूप वस्तुके अभावको सम्यक्प्रकार जानके ही। अर्थात् जबजानता है तब। अपना चित्त, जैसे तिस मिथ्या अभिनिवेश के विषयसे निःसंग, कहिये निरपेक्ष, हुआ निवृत्तहोता है, तैसे तिसकी निवृत्तिके अनुसारी होता है ७९। २०६॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निवृत्तस्याप्रवृत्तस्य निश्चला हि तदा स्थितिः।
विषयः सहि बुद्धानां तत् स्वाम्यमजमद्वयम् ८०।२०७॥
अजमनिद्रमस्वप्नं प्रभातम्भवति स्वयम्। सकृद्विभातो ह्येवैष धर्म्मो धातुः स्वभावतः ८१ । २०८॥

८०। २०७॥ हे सौम्य, "निवृत्तस्याप्रवृत्तस्य निश्चला हि तदा स्थितिः, विषयः स हि बुद्धानां तत्स्वाम्यमजमद्वयम्।" निवृत्त हुये अप्रवर्त्त भये की अचल ब्रह्मरूप स्थिति होती है, जाते वो बुद्धिमानों का विषय है सो समभाव अज अद्वैत है, अर्थात् यदि ऐसे (उक्त प्रकार) होय तदा द्वैतरूपविषयोंसे निवृत्त हुये, अरु अन्य विषय बिषे अभावके ज्ञानसे अप्रवर्त्त हुये चित्त (आत्मा) की चलन से रहित (अचल) स्वरूपही अद्वैत एक रस विज्ञान घन ब्रह्मरूप स्थिति होती है। अर्थात् भेद वादियों करके कल्पित शास्त्रोंका जो द्वैत भावरूप विषय तिस द्वैत भावादि रूप विषयों से निवृत्त हुये, अरु अन्य शब्दादि विषयों बिषे तिनको भ्रान्ति रूप होनेसे तिनके अभावदर्शक यथार्थ ज्ञान से तिनबिषे अप्रवर्त्त हुये चित्त, कहिये आत्मा, की यह निश्चल स्वरूपही। अर्थात् स्वरूपसेही जैसी है तैसी। निश्चल अद्वैत एकरस विज्ञानघन ब्रह्मरूप स्थितिहोती है। अरु जिस करके सो मोक्षरूप आत्मा "दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः, प्रज्ञानेनैनमाप्नुयात्" इत्यादि श्रुतिप्रमाण से, परमार्थदर्शी बुद्धिमानों का विषय है, एतदर्थ सो समभाव 'कहिये परम निर्विशेष वस्तु अजन्मा अरु अद्वैत रूप है ८०। २०७॥

८१। २०८॥ हेसौम्य, प्रश्न। पुनःभी यहसूक्ष्मदर्शी बुद्धिमान् पण्डितोंकाबिषय ब्रह्मस्वरूपसे स्थितिरूप मोक्षकैसाहै, तहांउत्तर, कहते हैं "अजमनिद्रमस्वप्नं प्रभातम्भवति स्वयम्।" अज है, निद्रासे रहितहै, स्वप्न रहितहै, अरु आपही प्रकाशरूप होता है, अर्थात् सो समभाव अजन्माहै, अरु निद्रा अरु स्वप्नसे रहितहै,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सुखमाब्रियतेनित्यंदुःखंविब्रियतेसदा । यस्यकस्य चधर्म्मस्यग्रहेणभगवानसौ ८२ । २०९ ॥

अरु आपही प्रकाशरूप होताहै, अन्य सूर्य्यादिक प्रकाशवानोंकी अपेक्षावाला नहीं, अर्थात् ज्ञानरूप स्वप्रकाश स्वभाववाला है "तस्यभाषा सर्वमिदं विभाति" अरु "सकृद्विभातोह्येवैष धर्मो धातुःस्वभावतः" [सर्वदा प्रकाशरूपही यह धर्म्म स्वभावसे धातु है] अर्थात् सर्वदा प्रकाशरूपही यह इस लक्षणवाला आत्मनामक धर्म्म स्वभावसेही धातु कहिये सर्वका धारण करनेवालाहै, वा धातु । कहिये वस्तुके स्वभावसे युक्त प्रकारका है ८१ । २०८ ॥

८२ । २०९ ॥ हे सौम्य, प्रश्न । इसप्रकार कथनकिया भी परमार्थतत्त्व लौकिक पुरुषों करके क्यों नहीं ग्रहण होता । तहां उत्तर कहते हैं "सुखमाब्रियतेनित्यंदुःखंविब्रियतेसदा, यस्यकस्यच धर्म्मस्य ग्रहणेभगवानसौ" [जिस किस बी धर्म्मके ग्रहणसे सुख सदा आच्छादित करतेहैं, दुःखसदा प्रकट करियेहै यह भगवान्] अर्थात् जिस करके जिस किसभी द्वैतबस्तुरूप धर्म्म । कहिये पदार्थ,के ग्रहणके आग्रहसे । अर्थात् द्वैतरूप बस्तु कुछहै इस प्रकारके आग्रहसे । सुख जोहै सो सदा श्रमबिनाही आच्छादन करतेहैं । अर्थात् उक्त प्रकारके असत् द्वैतरूप बस्तुके आग्रहरूप आवरण करके सुख स्वरूप जो आत्माहै तिसको निरन्तर बिनाही श्रमके आच्छादन करते हैं । अरुतिस सुखबिषे [उक्त प्रकारका] आवरण जो है, सो अपनी निवृत्तिके अर्थ अद्वैतके ज्ञानके निमित्त । साधन । कोही इच्छताहै, अन्य प्रयत्नकी अपेक्षा करतानहीं । अरु दुःख जोहै सो सदा प्रकट करतेहैं, क्योंकि परमार्थका ज्ञान अति दुर्लभहै ताते । अर्थात् यावत् यह पुरुष अपने दुःखोंको आचार्यके समीप जाय प्रकट कहतानहीं अरु आचार्य उसको दुःखी देखता नहीं तावत् उसको दुःखकी समूल निवृत्तिके अर्थ तत्त्व ज्ञान उपदेश करतानहीं, अतएव तत्त्व ज्ञानको अति दुर्लभजान

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अस्तिनास्त्यस्तिनास्तीति नास्तीतिनास्तिवापुनः
चलस्थिरोभयाभावैरावृणोत्येवबालिशः ८३ । ३१०॥

के दुःखको सदा प्रकट करतेहैं । तिस हेतुसे यह भगवान् कहि
सर्व करके पूजनेयोग्य 'अद्वैतरूप आत्मदेव, वेदान्त शास्त्र अरु आ
चार्यों करके अनेक प्रकारसे कथन कियाहुआ भी जाननेको शक्य
नहीं । क्योंकि "आश्चर्योयस्यवक्ताकुशलोस्यलब्धा" इसआत्म
का कहनेवाला आश्चर्यरूपहै, अरु प्राप्तहोनेवाला कुशल है, य
श्रुतिकेप्रमाणसे आत्मदेवकावक्ता श्रोताआश्चर्यवत्है ८२।२०९

८३। ३१०॥हेसौम्य, " अस्तिवानास्ति " ' है वा नहींहै
इत्यादिक 'सूक्ष्म विषयवाले बुद्धिमान् पंडितोंके भी आग्रहसे ज
भगवान् परमात्माके आवरणहीहै, तब मूढजनोंकी बुद्धिको आव
रणहै तिसमें क्या कथनहै, इस प्रकार के अर्थको देखावतेहुए
कहतेहैं "अस्ति नास्त्यस्ति नास्तीति नास्तीति नास्तिवा पुनः
चलस्थिरो भयाभावैरावृणोत्येवबालिशः" ' है, नहीं है, है नहींहै
नहींहै पुनःनहीं है, ऐसे अरुसत् असत् भावजोहै सोस्थिर अस्थि
र रूपहै तातेइन चल, स्थिर उभयरूप अरु अभावोंकरके बालक
आवरण करतेही हैं ', अर्थात् " आत्मा देहादिकोंसे भिन्नहै, इस
प्रकार कोई एकवैशेषिकादि मतवादीजानतेहैं । अरु आत्मादेहा
दिकोंसे तो भिन्नहै परन्तु बुद्धिसे भिन्ननहीं । इस प्रकार अन्य
क्षणिकवादी जानताहै । अरु आत्मा है भी अरु नहीं भीहै, इस
प्रकार अन्य जोअर्द्ध क्षणिकबादी सत्यअरु असत्यका कहनेवाला
दिगंबर जानता मानता कहताहै । अरु आत्मा नहीं है पुनः नहीं
है, इसप्रकार हठपूर्वक अत्यन्त शून्यवादी मानता है [यहांयह
अर्थ है कि अनित्य घटादिकों से , सुखादिआकार परिणामवाला
होने करके, विलक्षण होने से अस्ति भाव रूप जो यह प्रमाता
कहा सो चल अरु सोपाधिक हुआ परिणामी है] तिनमें अस्ति
भावजो है सो चल ,कहिये अस्थिर,है । क्योंकि घटादि अनित्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कोट्यश्चतस्र एतास्तु ग्रहैर्य्यासां सदा वृतः । भगवानाभिरस्पृष्टो येन दृष्टः स सर्व्वदृक् ८४।२११॥

वस्तुवों करके विलक्षणहै ताते । अरु नास्तिभाव जो है सोस्थिर है,क्योंकि सदा निर्विशेष निरुपाधि है ताते अरु सदसद्भावजो है सो स्थिर अरु अस्थिर, उभयरूप है । अरु स्थिर अस्थिर विषय हैं, सो अभाव है । तिन इन चल अरु स्थिर उभय रूप अरु अभावे करके सर्व भी सत् अरु असत् वादियोंका वादीरूप बालक कहिये अविवेकी भगवान् (प्रत्यगात्मा) को आच्छादन करताही है । अरु यद्यपि वो वादी पण्डितहै, तथापि परमार्थ तत्त्वके अबोधसे उक्तप्रकार के, बालकही हैं । तब जो स्वभावहीं से मूढ पुरुष हैं सो बालक कहिये परमार्थ तत्त्वके विवेक से शून्य होय इसमें क्या आश्चर्य है । इत्यभिप्रायः ॥ तथाच " नायमात्माप्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन । यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा वृणुतेतनूंस्वाम् ८३।२१०॥

८४।२११॥ हेसौम्य, । प्रश्न । पुनः जिसके सम्यक्ज्ञान करके पुरुष अबालक कहिये विवेकी बुद्धिमान् पंडित होते हैं ऐसा जो परमार्थ तत्त्व (प्रत्यगात्मा) सो कैसा है, तहां उत्तर, कहते हैं "कोट्यश्चतस्र एतास्तु ग्रहैर्य्यासां सदावृतः" (जिनके आग्रह से सदा आवृत्त है, चारकोटियां हैं तिनकरके ; अर्थात् जिनकोटियों के प्राप्तिके निश्चयरूप ग्रहणों से । अर्थात् आग्रह हठ, विशेषसे) आत्मा सदा आवृत्त कहिये ढकाहुआ, है। अरु वे प्रसिद्ध " अस्तिनास्ति, इति " (है अरु नहीं है) इत्यादिक प्रकारसे कथनकरीहुई वादियों करके कल्पित शास्त्रोंके निर्णयसे निरूपण करनेयोग्य चार कोटियां कहिये पक्ष, हैं । अरु "भगवानाभिरस्पृष्टो येन दृष्टः स सर्व्वदृक् " ! (भगवान् स्पर्श रहित जिसने देखाहै सो सर्वदृक् (द्रष्टा) होताहै ; अर्थात् तिन वादियों की इन " अस्तिनास्ति,, इत्यादि चारकोटियोंसे । अर्थात्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राप्य सर्व्वज्ञतां कृत्स्नां ब्राह्मण्यं पदमद्वयम्। अनापन्नादिमध्यान्तं किमतः परमीहते ८५।२१२॥

अस्ति, नास्ति, निर्विशेष, विशेष, इन चारकोटियोंसे। जोभगवान् (प्रत्यगात्मा) स्पर्शरहित। अर्थात्, अस्ति, नास्ति, भावादिकोंसे रहित। है जिस मुनि कहिये वेदान्तशास्त्रके मनन विषे कुशल पुरुष, ने देखा (साक्षात् यथार्थ अनुभव किया) है सो उपनिषदों का वेत्ता पुरुष अर्थात् मुख्यताकरके उपनिषद्ही वेदान्तहै। सर्वदृक् 'कहियेसर्वज्ञ,परमार्त्थ दर्शी बुद्धिमान् पंडित होताहै॥ क्योंकि "मैत्रेय्यात्मनि खल्वरे दृष्टे श्रुतेमते विज्ञाते इदꣳ सर्व्वं विदितम्" इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाणसे जो सर्वाधिष्ठान प्रत्यगात्माको सम्यक् प्रकार जानता है सो पंडित सर्व्वज्ञ होताहै। तिससे इतर सर्व मायिक सर्वज्ञता है, इसप्रकार जानना ८४। २११॥

८५। २१२॥ हे सौम्य, 'प्राप्य सर्व्वज्ञतां कृत्स्नां ब्राह्मण्यं पदमद्वयम्, अनापन्नादि मध्यान्तं किमतः परमीहते'। 'सम्पूर्ण सर्व्वज्ञताको पायके अद्वैत अरु आदि मध्य अन्तको अप्राप्तहुये अरु ब्रह्म भावरूप पदको पायके इसते पश्चात् क्या चेष्टाकरता है' कुछभी नहीं,' अर्थात् सो ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मण, इस उक्तप्रकार की समस्त सर्वज्ञताकोपायके अद्वैत अरु 'आदि मध्य अन्त 'कहिये उत्पत्तिस्थिति अरु लय,इनको अप्राप्तहोयके,अरु "एषनित्या महिमा ब्राह्मणस्य" 'यह नित्य महिमा ब्राह्मणका है' इसबृहदारण्यकी श्रुतिप्रतिपादित ब्रह्मभावरूप पदकोपायके इस सर्वोत्कृष्ट आत्मलाभके। कि "आत्मलाभान्नपरविद्यते" इत्यादि प्रमाणसे जिसलाभसे पर (श्रेष्ठ) अन्यलाभ विद्यमान नहीं) पश्चात् क्या निष्प्रयोजन चेष्टाकरता है,। अर्थात् साक्षात् आत्मज्ञान होनेके पश्चात् सो विद्वान् क्या निष्प्रयोजन कर्म्मादिकों में प्रवर्त्त होताहै। किन्तु कदापि वृथा चेष्टा करता नहीं, क्योंकि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विप्राणां विनयोह्येष शमः प्राकृतउच्यते॥ दमःप्रकृतिदान्तत्वादेवं विद्वांच्छमं ब्रजेत् ८६ । २१३॥

"नैवतस्य कृतेनार्थ तस्यकार्य्यं न विद्यते" इत्यादि गीतास्मृतिके प्रमाणसे उसको कर्म्मोंसे कुछ भी अर्थ नहीं, ताते उसको कुछ भी कर्त्तव्यता विद्यमान है नहीं। अर्थात् उक्त प्रकार के आत्मलाभी को कुछ भी कर्तव्य नहीं ८५। २१२॥

८६।२१३॥ हे सौम्य, ["यावज्जीव मग्निहोत्रं जुहोति" ८यावत् जीवतारहे तावत् अग्निहोत्रको करे ? इत्यादि श्रुतिको अविद्वान् को विषयकरने वाली होनेसे, विद्वान् (आत्मज्ञानी) को अग्निहोत्रादि कर्म कर्त्तव्य नहीं, इसप्रकार कहा। अब तिस विद्वान्को भी शमदमादिककी विधिसे कर्त्तव्य है, यह शंकाकरके कहते हैं,। यहां यह अर्थ है कि ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मणको यह विनय स्वाभाविक है, ताते सो श्रुतिकी आज्ञाके आधीन कर्त्तव्यताको सम्पादन करता नहीं अरु शमभी स्वाभाविक है ताते श्रुतिकी आज्ञासे करता नहीं। अरु दम भी स्वाभाविक होनेसे श्रुतिकी आज्ञाको इच्छता नहीं। अर्थात् शमदमादिक जो साधन है सो सम्यक् आत्मज्ञानकी प्राप्तिसे पूर्व जिज्ञासावस्थामें "शान्तो दान्तउपरति तितिक्षु समाहितोभूत्वा" इत्यादि श्रुति आज्ञा प्रमाण कर्त्तव्य है अरु जब उनसाधनों करके अन्तःकरण की शुद्धिद्वारा सम्यक् ज्ञान होताहै,तब वो पूर्वकिये शमादिक साधन स्वभाव भूत होनेसे वो विद्वान् साधनप्रवर्त्तक श्रुति आज्ञा को इच्छता नहीं। इसप्रकार कूटस्थरूप आत्मस्वरूप का जानने वाला विद्वान् पुरुष सर्व विकारसे रहित ब्रह्मस्वरूपसे स्थित होताहै "ब्रह्मविद्ब्रह्मैव भवति"]"विप्राणांविनयोह्येषशमः प्राकृत उच्यते, दमः प्रकृतिदान्तत्वादेवं विद्वांच्छमंब्रजेत्"। ८ब्राह्मणोंका विनयहै सोई स्वाभाविक शमकहते हैं, अरु दमभी यहीहै स्वाभाविक दमहोनेसे ऐसे विद्वान् शमको पावता है ; अर्थात् ब्राह्मणों

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सवस्तु सोपलम्भंच द्वयं लौकिकमिष्यते । अव-
स्तु सोपलम्भंच शुद्धंलौकिकमिष्यते ८७।२१४॥

(ब्रह्मवेत्तों)का जोयहस्वाभाविक आत्मस्वरूपसे स्थितिरूपविनय है, यह विनयहै । अरु यहही विनय स्वाभाविक शम कहते हैं। अरु दमभी यही है, क्योंकि स्वभावसे शान्तरूप होनेसे स्वाभाविक दमकरके युक्त है ताते। ऐसे उक्तप्रकारका स्वभावसेशान्त ब्रह्मका जाननेवाला विद्वान् ब्रह्मस्वरूप स्वाभाविक शान्ति रूप शमको पावताहै । अर्थात् सम्यक् आत्मवेत्ता विद्वान्कीजोस्वरूप स्थिति है सोई शमदमादि हैं क्योंकि आत्मास्वभावसेही शम दमादि रूपहै ताते, सो विद्वान् भी तैसाही है ८६ । २१३॥

८७ । २१४ ॥ हे सौम्य, [इसप्रकारपरमतके निराकरण द्वारा आत्मतत्त्व निर्धार किया । अब अपनी प्रक्रियासे तीन अवस्थाके कथन द्वारा भी तिस आत्मतत्त्वका निर्द्धार करने को प्रथम दोनों अवस्थाका कथन करते हैं] ऐसे (उक्तप्रकार)परस्पर विरुद्धहोनेसे संसारके कारणअरु रागद्वेषरूप दोषोंकेआश्रय वादियोंके सिद्धान्तहै, एतदर्थ सोमिथ्याज्ञानरूपही है,इसप्रकार तिनकी युक्तियोंसेही देखायके,अरु उक्त चारकोटियोंसे रहित राग द्वेषादिकदोषोंका अनाश्रय स्वभावसेही शान्त अद्वैत सिद्धान्तही सम्यक्ज्ञानहै,यह निर्णय यहांपर्य्यन्त समाप्तकिया ।अब [यहांयह अर्थहै कि शिष्यकरके साधनेयोग्य जे आरोपदृष्टि तिसको आश्रय करकेजाग्रदादि पदार्थके शोधनपूर्वकजो बोधकाप्रकार सो अपनी प्रक्रियाहै । ताते तिसही आत्मतत्त्वके लखावनेके अर्थ(परायण) शेषग्रंथहै] अपनी प्रक्रियासे आत्मतत्त्व लखानेके अर्थ अवशेषरहे ग्रंथका आरम्भहै,[जो प्रातिभासिक अरु व्यावहारिक रूप स्थूल पदार्थोंका समूह, सूर्य्यादि देवताके अनुग्रहकरके युक्त इन्द्रियों करके जानाजाय व जानते हैं सो जाग्रदवस्था है] सत् कहिये स्थूल, वस्तु करके सहित जो वर्त्तमान होवे ऐसा जो व्यवहार,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अवस्त्वनुपलम्भश्च लोकोत्तरमिति स्मृतम्। ज्ञानं ज्ञेयञ्च विज्ञेयं सदा बुद्धैः प्रकीर्तितम् ८८। २१५॥

तिसको सवस्तु कहते हैं "सवस्तु सोपलम्भञ्च द्वयं लौकिकमिष्यते"। सवस्तु अरु सोपलम्भ रूप शास्त्र, द्वैत लौकिक प्रसिद्ध है, अर्थात् स्थूल वस्तुकरके वर्त्तमान होय ऐसा जो व्यवहार तिसको सवस्तु, कहते हैं। अरु तैसेही उपलम्भ कहिये प्रतीति, तिसकरके सहित जो वर्त्तमानहोवे तिसको सोपलम्भ, कहते हैं। ऐसा जो सवस्तु अरु सोपलम्भ रूप शास्त्रादिक सर्व व्यवहारका विषय ग्राह्य अरु ग्राहकरूप द्वैत लौकिक। अर्थात् लोकबिषे प्रसिद्ध जाग्रदवस्था। ऐसे लक्षणवाला जाग्रत् वेदान्तबिषे अंगीकार कियाहै [बाह्य इन्द्रियनका किया जो व्यवहार, सो संवृत्ति, शब्दका अर्थ है। सो भी स्थूल पदार्थोंवत् स्वप्नबिषे होते नहीं। तैसे होनेसे बाह्य इन्द्रियोंके विलयहुये जाग्रत्की वासनासे मनका तिन तिन पदार्थोंके आभास रूप आकारसे भासना सो स्वप्न, शब्दका अर्थ है]। अरु "अवस्तुसोपलम्भञ्च शुद्धं लौकिकमिष्यते"। अवस्तु अरु सोपलम्भ रूप शुद्ध लौकिक अंगीकार करते हैं; अर्थात् स्थूल व्यवहारके भी अभावसे अवस्तु रूप, अरु प्रतीति सहित वस्तुवत् असत् वस्तु बिषे भी प्रतीति होवे है। तिस प्रतीति करके सहित वर्तमानहै, एतदर्थ सोपलम्भ, है। ऐसा अवस्तु अरु सोपलम्भ रूप शुद्ध। अर्थात् स्थूल जाग्रत्से केवल सूक्ष्म। लौकिक। अर्थात् सर्व प्राणियोंको साधारण (सम) होने से लोक बिषे प्रसिद्ध स्वप्न। है इसप्रकार अंगीकार करते हैं ८७। २१४॥

८८। २१५॥ हे सौम्य, "अवस्त्वनुपलम्भश्चलोकोत्तरमितिस्मृतम्"। अवस्तु अरु अनुपलंभ, लोकोत्तर है ऐसे जान्या है; अर्थात् अवस्तु कहिये स्थूल अरु सूक्ष्म वस्तु रूप विषयोंसे रहित, अरु अनुपलम्भ कहिये सर्व ज्ञानोंसे रहित, अर्थ यह जो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ज्ञानेचत्रिविधेज्ञेये क्रमेण विदिते स्वयम्। सर्व्वज्ञ-
ताहि सर्व्वत्र भवतीह महाधियः ८९। २१६॥

ग्राह्य अरु ग्रहणसे जो रहितहै सो लोकोत्तरहै। अर्थात् उक्त जा-
ग्रत् अरु स्वप्न रूप लोकसे पीछे होनेवाली जो सुषुप्ति अवस्था
तिसको लोकोत्तर कहते हैं। इसप्रकार जान्याहै, अतएव। तिस
सुषुप्तिको लोकातीत कहते हैं। अरु जिस करके ग्राह्य अरु ग्रहण
का विषयही लोकहै, तिसके अभावसे सर्व प्रवृत्तिका बीज सुषुप्ति
अवस्थाहै, इसप्रकार शास्त्रवेत्ता पुरुषोंको प्रसिद्धहै। अरु "ज्ञानं
ज्ञेयञ्च विज्ञेयं सदा बुद्धैः प्रकीर्त्तितम्" ज्ञान अरु ज्ञेय, अरु वि-
ज्ञेय सदा बुद्धिमानोंने कहाहै; अर्थात् उपाय सहित परमार्थ
तत्त्व लौकिक, शुद्ध लौकिक, अरु लोकोत्तर, इस क्रमकरके जिस
ज्ञानसे जानिये है, सो ज्ञान उक्त इन तीन ज्ञेय रूप है, क्योंकि
इस ज्ञानसे भिन्न ज्ञेयका असम्भवहै ताते। अरु सर्ववादियोंकरके
कल्पित वस्तुके इन्हीं तीनोंबिषे अन्तरभाव होनेसे, विशेषकरके
जाननेयोग्य परमार्थ रूप सत्य एक तुरीयनामवाला अद्वैत अ-
जन्मा आत्मतत्त्वही सदा परमार्थदर्शी ब्रह्मवेत्ता पंडितों ने कहा
है "ज्ञेयंयत्तत्प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वामृतमश्नुते" इत्यादि गी-
तोक्ति भगवद्वाक्य प्रमाणसे सर्व ब्रह्मवेत्ता पंडितोंने अपने शिष्य
मुमुक्षुओंप्रति विशेषकरके जानने योग्य वस्तु एक तुरीय नाम
वाला आत्मतत्त्वही कहाहै। अतएव सर्व जिज्ञासुओं को आत्म-
ज्ञानार्थ पुरुषार्थ कर्त्तव्य योग्य है ८८। ११५॥

८९।२१६॥ हेसौम्य,["आत्मनिविज्ञाते सर्व्वमिदंविज्ञातम्भ-
वतीति" आत्माके जानतेसंते सर्वयह जानाजाताहै"। इसश्रुति
की जो प्रतिज्ञाहै सो उक्तवस्तु (आत्मा)के ज्ञानहुयेही सिद्धहोती
है, इसप्रकार कहतेहैं] "ज्ञानेचत्रिविधेज्ञेये क्रमेणविदितेस्वयम्,
सर्व्वज्ञताहिसर्व्वत्र भवतीहमहाधियः" ज्ञानबिषे अरु तीनप्रका-
रके ज्ञेयबिषे क्रमकरके स्वयं (आत्माको) जानेहुये, महाबुद्धिमा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हेयज्ञेयाप्यपाक्यानि विज्ञेयान्यग्रयाणतः। तेषाम-न्यत्रविज्ञेयादुपलम्भस्त्रिषुस्मृतः ९०।२१७॥

न् पुरुषको इसलोक बिषे सर्वत्र सर्वज्ञताही होती है'। अर्थात् लौकिकादिक विषयवाले ज्ञानबिषे, अरु लौकिकादिक तीनप्रकार के ज्ञेयबिषे, तहां प्रथम लौकिक (जाग्रत्) स्थूलहै, तिसके अभाव हुये पश्चात् शुद्ध लौकिक (स्वप्न) है, तिसके अभावहुये पश्चात् लोकोत्तर (सुषुप्ति) है। इसप्रकारही क्रमकरके तीनों स्थानके अभावसे, परमार्थ सत्य तुरीय अज अद्वैत अभय आत्मतत्त्व के जानेहुये सर्वलोकसे अतिशय (अलौकिक) वस्तुको विषयकरने वाली सूक्ष्म बुद्धिकरके युक्तहोनेसे, इसप्रकार जाननेवाला जो आत्मवेत्ता महाबुद्धिमान् पुरुषहै तिसको इस संसारबिषे सर्वदा आत्मस्वरूपभूतही सर्व्वज्ञता ,कहिये सर्वरूप ज्ञानभाव, होतीहै, क्योंकि एकबारके जानेहुयेही स्वरूप बिषे व्यभिचारका अभाव हैताते, ॥ अर्थात् जैसे एकबारही सम्यक्प्रकार रज्जुके जानेहुये पुनः उसबिषे सर्प जलधारादि भ्रान्तिरूप व्यभिचार होतानहीं तैसे ।।अरु जिसकरके अन्यवादियोंवत् परमार्थके ज्ञाता पुरुषको ज्ञानकेउद्भव अरु तिरस्कार होतानहीं, एतदर्थ ,आत्मवेत्ता, विद्वा-नको परिपूर्ण ज्ञानरूपता होवेहै ८९।२१६॥

९०।२१७ हेसौम्य,[तीन अवस्थाके ज्ञेयपनेके कथनसे तिन का परमार्थसे सद्भाव होवेगा,। यह शंकाकरकेतिसका निषेध करते हैं]लौकिकादिकनके क्रमकरकेज्ञेयपनेके कथनसे परमार्थसे अस्ति भावकी शंका होतीहै,। सो युक्तनहीं, इसप्रकार कहतेहैं। त्यागने योग्य लौकिकादि, ,जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, यह तीन आत्मा बिषे असत्पने करके रज्जुबिषे सर्पवत् त्यागकरने योग्य (हेय) है। अरु यहां उक्त चारकोटियोंसे रहित जो परमार्थतत्त्व सोज्ञेय कहते हैं अरु बाह्य तीन एषणासे संन्यासीकरके प्राप्तहोने योग्य ,पांडित्य, बाल्य, अरु मौन, इन नामवाले क्रमसे जे 'श्रवण, मनन, निदि-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रकृत्याकाशवज्ज्ञेयाः सर्व्वे धर्म्मा अनादयः ।
विद्यते नहि नानात्वं तेषां क्वचन किञ्चन ९१।२१८॥

ध्यासन, रूप साधन सो प्राप्तकरने योग्यहै । अरु राग द्वेष काम क्रोध मोहादि जो कषायनामवाले दोष हैं सो पकावने को योग्य होनेसे पाक्य हैं ।। अर्थात् जैसे पाककिया अन्नादिक उदरविषे विकारकेहेतु वा अंकुरके उत्पादक होतेनहीं, तैसेही शमदम क्षमा आर्जवता आदिरूप अग्निकरके सम्यक् प्रकारसे पाककिये उक्त कषायादि दोष सो विद्वान्केविषे आभासमात्र रहेहुये अपने अनर्थरूप अंकुर वा फलके उत्पादक होतेनहीं ।। ताते " हेयज्ञेयाप्य पाक्यानि विज्ञेयान्यग्रयाणतः । तेषामन्यत्रविज्ञेयादुपलम्भस्त्रिषु स्मृतः " हेयज्ञेय आप्य पाक्य उपायोंकरके जाननेयोग्यहै। तिन काज्ञेयसे अन्यत्र उपलंभ तीनठेकाने जान्या है, अर्थात् उक्तसर्व हेय (त्याज्य) ज्ञेय (जाननेयोग्य)आप्य (पावनेयोग्य) पाक्य(पकावनेयोग्य) जोहैं सो संन्यासियोंकरके उपायनसे जाननेके योग्य हैं । अरु प्रथमसे तिन हेयादिकोंका ज्ञेयते।। अर्थात् परमार्थसत्य एक ब्रह्मरूप ज्ञेयको छोड़िकै ।।अन्य ठिकानेजो अविद्याकी कल्पनामात्र उपलंभ कहिये ज्ञान,है, सो,हेय, आप्य, अरुपाक्य, इन तीनविषेभी ब्रह्मवेत्ता पुरुषोंने जान्या है । तिनके परमार्थ सत्य से नहीं ॥ इत्यर्थः ॥ ९० । २१७ ॥

९१ । २१८ हे सौम्य, जो पूर्व कहा , अस्तिआदि चारकोटियोंसे रहित जो ज्ञेय (जानने योग्य) है सो परमार्थ तत्त्व है, तिसको अब स्पष्ट करते हैं] " प्रकृत्याकाशवज्ज्ञेयाः सर्वे धर्म्मा अनादयः । विद्यते नहि नानात्वं तेषां क्वचन किञ्चन " सर्व धर्म्म स्वभावसे आकाशवत् हैं अरु अनादि हैं अरु जानने योग्य हैं । तिनका नानात्व कहीं भी कुछ भी विद्यमान नहीं ; अर्थात् परमार्थ से तो सर्व धर्म्म 'कहिये आत्मा' स्वभावसे सूक्ष्मानिरंजन अरु सर्वगतपने बिषे आकाशवत् है " आकाशवत्सर्वगतः

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आदिबुद्धाः प्रकृत्यैव सर्व्वे धर्म्मा सुनिश्चिताः ।
यस्यैवम्भवति क्षान्तिः सोऽमृतत्वायकल्पते९२।२१९॥

स नित्यः" अरु अनादि ' कहिये व्यवधानसे रहित नित्यहैं, इसप्रकार मुमुक्षुओं करके जानने योग्यहैं। अरु तिनका नानात्व कहीं भी । अर्थात् देशकाल अवस्थादिक किसीबिषे भी । कुछ भी । अर्थात् अणुमात्र भी । विद्यमान ही । अर्थात् एक अद्वैत परिपूर्ण आत्माबिषे एक अणुमात्र भी नानात्व नहीं ॥ यह अर्थ है ९१ । २१८ ॥

९२ । २१९ ॥ हे सौम्य, अब आत्माख्यधर्म्मकी ज्ञेयताकहिये जाननेकी योग्यता, भी व्यावहारिकही है, पारमार्थिक नहीं, इस प्रकार कहतेहैं । "आदिबुद्धाः प्रकृत्यैवसर्व्वे धर्म्मा सुनिश्चिताः" ' सर्व धर्म स्वभावसेही आदिबिषे बुद्ध निश्चित स्वरूपवालेहैं ; अर्थात् सर्व धर्म , कहिये आत्मा, स्वभावसे ही आदिबिषे बुद्ध है, अर्थात् जैसे नित्यप्रकाश स्वरूप है तैसेही नित्य बोध स्वरूप है अर्थात् नित्य निरन्तर बोधरूपही प्रकाशवाला है । अरु तिसका निश्चय अब करनेका है ऐसा नहीं , अरु ऐसा है, ऐसे भी नहीं इस प्रकारके संशय युक्त स्वरूपवाले नहीं , किन्तु नित्य निश्चित स्वरूप वालेहैं " । यस्यैवम्भवति क्षान्तिः सोऽमृतत्वायकल्पते" ' जिसको ऐसे शान्ति होती है सो अमृत भावके अर्थ समर्थ होता है ; अर्थात् जिस करके सर्व धर्म्माख्य आत्मा बोधरूप निश्चित स्वरूपवाले हैं , ताते जिस मुमुक्षुको ऐसे उक्त प्रकार करके अपने अर्थ वा परके अर्थ सर्वदा बोधरूप निश्चय बिषे निर्पेक्षतारूप शान्ति होती है । अर्थात् जैसे सूर्य्य अपने अर्थ अरु परके अर्थ अन्य प्रकाशकी अपेक्षा से रहित होता है , तैसे जिसको आत्मा बिषे सर्वदा बोध के कर्त्तव्यता की निरपेक्षारूप शान्ति होती है सो अमृतभाव ,कहिये मोक्ष, के अर्थ समर्थ होता है ॥ इत्यर्थः ९२ । २१९ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आदिशान्ताह्यनुत्पन्नाः प्रकृत्यैव सुनिर्वृताः। सर्व्वे-धर्माः समाभिन्ना अजं साम्यं विशारदम् ९३।२२०॥

वैशारद्यन्तु वै नास्ति भेदे विचरतां सदा। भेदनिम्नाः पृथग्वादास्तस्मात्ते कृपणाः स्मृताः ९४।२२१॥

९३।२२०॥ हे सौम्य, [अब विद्वान् मुमुक्षुकी रुचिबढ़ावने के अर्थ अविद्वान्की निन्दाको देखावतेहैं] तैसे (उक्त प्रकार के) आत्मा बिषे शान्ति की कर्त्तव्यता भी है नहीं, इसप्रकार कहते हैं "आदिशान्ताह्यनुत्पन्नाः प्रकृत्यैव सुनिर्वृताः। सर्व्वे धर्म्माः समाभिन्ना अजं साम्यं विशारदम्"। (सर्व धर्म आदिबिषे शान्त अनुत्पन्न हैं अरु स्वभावसे ही सम्यक् सुखरूप हैं अरु समान हैं अभिन्नहैं अरु जन्मरहित समभाव विशारदहैं; अर्थात् जिसकरके सर्व्व धर्म्म, कहिये आत्मा, आदिबिषे, कहिये नित्य-ही शान्त हैं, अरु अनुत्पन्न, कहिये अजन्मा, है अरु समान हैं अरु अभिन्न है। इसप्रकार जिसकरके जन्म रहित समभाव, कहिये आत्मतत्त्व, विशारद, कहिये विशुद्ध, है, ताते शान्ति वा मोक्ष कर्त्तव्य नहीं। अरु जिस करके नित्य एक स्वभाव वाले आत्मा का कुछ भी किया हुआ होता है नहीं एतदर्थ आत्मा को संसार दुःख की निवृत्ति वा सुख की उत्पत्ति क्रिया जन्य नहीं, किन्तु नित्यही सिद्धहै इत्यर्थः ९३।२२०॥

९४।२२१॥हे सौम्य,[ऐसे,उक्तप्रकार, अविद्वान् नानात्वदर्शीकी निन्दाको देखायके, अब विद्वान्की प्रशंसाको प्रसरितकरतेहैं]जो पुरुष उक्तप्रकारके परमार्थतत्त्वके ज्ञाता हैं सोई लोकबिषे अकृपण (ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मण) हैं "एतदक्षरं गार्गि विदित्वा अस्माल्लोकात्प्रैति स ब्राह्मणः"। अरु तिन अकृपण से अन्य तो सर्व कृपणहैं, इसप्रकार कहते हैं "वैशारद्यन्तु वैनास्ति भेदे विचरतां सदा, भेदेनिम्नाः पृथग्वादास्तस्मात्ते कृपणाः स्मृताः"। (द्वैतवादी भेदके अनुयायी हैं ताते तिनको कृपण जानते हैं, भेदबिषे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अजे साम्ये तु ये केचिद्भविष्यन्ति सुनिश्चिताः ।
तेहि लोके महाज्ञातास्तच्च लोको न गाहते९५।२२२॥

सदा वर्त्तमानकी विशुद्धि है नहीं) अर्थात् जिसकरके नानावस्तु है, इसप्रकार के कहनेवाले द्वैतवादी भेदके अनुयायी (अर्थात् संसारके अनुगामी) (संसारके पीछेही चलनेवाले) हैं एतदर्थ तिनको कृपण तुच्छ जानते हैं वा जानने। अरु जिसकरके उन अविद्याकल्पित द्वैत मार्गरूप भेदबिषे सर्वदा वर्त्तमान पुरुषोंकी विशुद्धि नहीं है, तिसकरके उनका कृपणपना युक्तही है " एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वा अस्माल्लोकात्प्रेति स कृपणः " " मृत्यो स मृत्युमाप्नोति यइहनानेव पश्यति " इत्यभिप्रायः ९४।२२१ ॥

९५।२२२ ॥ हे सौम्य, जो यह परमार्थतत्त्व है सो अमहात्मा अपण्डित वेदान्त विचारसे बाह्यहुये तुच्छ अल्पज्ञ अविवेकी पुरुषों करके जाननेको अयोग्यहै (अर्थात् उन भेदवादी अपण्डितों करके परमार्थतत्त्व (प्रत्यगात्मा) जानने के योग्यनहीं (इस प्रकार कहते हैं "अजे साम्ये तु ये केचिद्भविष्यन्ति सुनिश्चिताः। तेहि लोके महाज्ञातास्तच्चलोको न गाहते " (जो कोई एक अज समभावबिषे सम्यक् निश्चित होवेंगे, तब सोई महाज्ञानी है, अरु तिसको लोकविषय करता नहीं) अर्थात् जो कोई एक स्त्रियादिक भी अजन्मा समभाव, कहिये समपरमात्मतत्त्व, बिषे यह ऐसेही है, इसप्रकार जब सम्यक् निश्चयवाला होता है वा होवेंगे, तब सोई लोकबिषे महाज्ञानी (अर्थात् (सर्वसे अधिक साक्षात् तत्त्वको विषय करनेवाले ज्ञानवान्) है (अर्थात् सोई विज्ञान पुरुष है " ज्ञानित्वात्मैवमेमतं " अरु तिस तिनके जानेहुये परमार्थ तत्त्वरूप मार्गको, अन्य सामान्य बुद्धिवाला लोक विषय करता नहीं, क्योंकि "सर्व्वभूतात्मभूतस्य सर्व्वभूत हितस्यच। देवामार्गेऽपि मुह्यन्तिह्यपदस्य पदैषिणः॥ शकुनीनामिवाकाशे गतिर्नैवोपलभ्यत, इत्यादि स्मरणात् " (सर्वभूतोंके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अजेष्वजमसंक्रान्तं धर्म्मेषु ज्ञानमिष्यते । यतो न क्रमते ज्ञानमसंगं तेन कीर्त्तितम् ९६।२२३ ॥

आत्मारूप अरु सर्वभूतोंके हितरूप विद्वान्के मार्गबिषे पद (पद चिह्न) को खोजतेहुये देवता भी मोहको पावतेहैं । जैसे आकाश बिषे पक्षियोंकी वा जलबिषे मीनादिकोंकी गति (खोज वा पद चिह्न) देखते (पावते) नहीं) तैसेही पावनेयोग्य पदसे रहित पुरुष, परिपूर्ण ज्ञानवान् महात्माकी गति जाननेको शक्यनहीं (क्योंकि वो ज्ञानवान् आवागमनसे रहित होनेसे गति (मार्ग) से रहितहै ताते " गतिरत्रनास्ति " इत्यादिक श्रुतियोंके प्रमाणसे ९५।२२२ ॥

९६।२२३ ॥ हे सौम्य, [" अजे सान्ये " (अजन्मा समभावहै) इसप्रकार जो पूर्व ९५ श्लोक बिषे कहा, सो प्रमेयहै, तिसको विषय करनेवाले निश्चयवाला प्रमाता है, अरु तिस प्रकारका निश्चयरूप ज्ञान प्रमाण है । इसप्रकार वस्तुके परिच्छेद (कहिये भेद, के, हुये तिन ज्ञानीपुरुषका महाज्ञानवान्पना कैसेहै । यह शंकाकरके कहते हैं] । शंका । कैसे उनका महाज्ञानीपनाहै, । तहां (समाधान) कहते हैं "अजेष्वजमसंक्रान्तं धर्म्मेषु ज्ञानमिष्यते । यतोनक्रमतेज्ञानमसंगंतेनकीर्त्तितम् " (अजन्माधर्मोंबिषे अजन्मा ज्ञानहै न जाननेवाला अंगीकार करते हैं जाते ज्ञान गमन करता नहीं ताते असंग कहाहै) अर्थात् जिस करके सूर्य्य बिषे उष्णता अरु प्रकाशवत्, अजन्मा 'कहिये अचल धर्म' कहिये आत्मा ' बिषे अजन्मा 'कहिये अचल' ज्ञान अंगीकार करते हैं, (क्योंकि आत्मा ज्ञानस्वरूप है ताते) एतदर्थ अजन्मा ज्ञान अन्य अर्थबिषे न जाननेवाला अंगीकार करते हैं अरु जिस करके ज्ञान अन्य अर्थ बिषे गमन करता नहीं, तिसही कारण करके सो आकाश के तुल्य असंग है ९६ । २२३ ॥

९७ । २२४॥ हे सौम्य, [कूटस्थरूप ब्रह्मही तत्त्व है, इसप्र-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अणुमात्रेऽपिवैधर्म्येजायमानोऽविपश्चितः। असंगतासदानास्तिकिमुतावरणच्युतिः ९७। २२४॥

अलब्धावरणाःसर्वेधर्माःप्रकृतिनिर्मलाः। आदौबुद्धास्तथामुक्ताबुद्ध्यन्तइतिनायकाः ९८। २२५॥

कार अपने ' सिद्धान्ती ' के मतबिषे ज्ञान असंग सिद्ध होताहै, इसप्रकार कहा। अरु मतान्तरबिषे पुनः अपने को विषय करने वालाहोने से ज्ञानका असंगपना असंगत होताहै, इसप्रकार कहते हैं] " अणुमात्रेऽपिवैधर्म्येजायमानोऽविपश्चितः। असंगता सदा नास्ति किमुतावरणच्युतिः "। ' अणुमात्र भी विरुद्ध धर्मवाले अरु उत्पन्न होनेवाले बिषे अविवेकी को सदा असंगभाव नहीं तब आवरण का नाश क्या कहना है ; अर्थात् याते अन्यवादियों के मतबिषे अणुमात्र ' कहिये अल्प रंचकमात्र, भी विरुद्ध धर्म्मवाले, अरु बाह्य वा अन्तर उत्पन्न होनेवाले वस्तु (पदार्थ) बिषे अविवेकी पुरुषको जब सदा (निरन्तर) असंगभाव नहीं है तब उनको बन्धरूप आवरणका नाश न होवे इसमें क्या कहना है, किन्तु कुछ भी नहीं ९७। २२४॥

९८।२२५॥हे सौम्य, [जो कोई ऐसा कहे कि तिन वादियोंको आवरणकानाश नहीं ऐसेकहनेवालेजो 'तुम सिद्धान्ती अनावरण वादी तिन, तुमने अपने सिद्धान्तबिषे आत्मारूप धर्म्मोंको आवरण अंगीकार किया, सो कथन बने नहीं, इसप्रकार कहते हैं " अलब्धावरणाःसर्व्वेधर्म्माःप्रकृतिनिर्मलाः "। ' सर्व्व धर्म्म आवरणको अप्राप्त हैं अरु स्वभाव से निर्मल हैं ; अर्थात् सर्व्व धर्म्म ' कहिये आत्मा '। अर्थात् यहां आत्माको सर्व शब्दकरके जो बहुवचन है सो बुद्ध्यादिरूप उपाधिको लेके हैं ' घटाकाशवत् ' ऐसे जानना, अरु निरुपाधि आत्मा तो एकही है महदाकाशवत्, ऐसे जानना। अविद्यादिक बन्धनरूप आवरणको अप्राप्त ' कहिये बन्धन रहित, हैं। अरु स्वभाव से निर्मल 'कहिये सदा शु-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्रमते नहि बुद्धस्य ज्ञानं धर्मेषु तापिनः॥ सर्वे धर्मास्तथा ज्ञानं नैतद्बुद्धेन भाषितम् ९९। २२६॥

द्ध, हैं "शुद्धमपापविद्धम्" अरु "आदौबुद्धास्तथामुक्ताबुद्धयन्त इतिनायकाः"। "आदिबिषे बुद्धहै तैसे मुक्त है, ऐसे नायक जानते हैं ऐसे कहते हैं"; अर्थात् जैसे धर्म्मास्य आत्मा आवरण रहित शुद्धहै तैसे, आदिबिषे कहिये नित्य, बुद्ध कहिये बोधस्वरूप, है। अरु तैसेही नित्य मुक्त है। जिसकरके नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाववाले आत्मा हैं तातेही बन्धन रहित हैं, इसप्रकार पूर्वके "अलब्धावरणाः" इस पदसे सम्बन्ध है। अरु प्रश्न जब ऐसे हैं तब कैसे जानते हैं, तहां 'उत्तर' कहते हैं, जैसे नित्य प्रकाशरूप हुआ भी सूर्य्य प्रकाशता है, इसप्रकार कहते हैं, अथवा जैसे नित्य अचलहुये भी पर्व्वत नित्यही स्थित होतेहैं, इस प्रकार कहते हैं। तैसेही ये आत्मा नायक अर्थात् जाननेको समर्थ होनेकरके स्वामी हुये भी अर्थात् बोधशक्ति मुक्त स्वभाववाले हुये भी जानते हैं, इसप्रकार कहते हैं ९९। ३ ५ ॥

९९।२२६॥हे सौम्य, "क्रमतेनहिबुद्धस्यज्ञानंधर्मेषुतापिनः। सर्व्वेधर्मास्तथाज्ञानंनैतद्बुद्धेनभाषितम्"। "संतापवाले, पंडितका ज्ञान धर्मोंबिषे जाता नहीं, अरु सर्वधर्म भी अरु ज्ञान भी तैसे हैं"; अर्थात्, जिसकरके सन्तापवाले कहिये सूर्य्य के तापवाले आकाशकेतुल्य भेदसेरहित, वा पूजाकरनेयोग्य बुद्धिमान् परमार्थदर्शी पण्डितकाज्ञान अन्यविषयरूप धर्मोंबिषे जाताहीं, किन्तु जैसे सूर्य्यबिषे प्रकाश अभिन्नरूपसे स्थितहै, तैसे आत्मरूपधर्मबिषेही स्थित है, इसप्रकार अंगीकार करतेहैं। ताते आत्मा बिषे मुख्यपना होनेके योग्य है। अरु सर्व धर्म कहिये आत्मा भी तैसेही है अर्थात् ज्ञानवत्ही आकाशकेतुल्य होनेकरके अन्य अर्थ बिषे कोई भी जाते नहीं। अरु जो इस चतुर्थ प्रकरण को अथवा श्लोकबिषे "ज्ञानेनाकाशकल्पेन" "आकाशके तुल्य ज्ञान से

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इत्यादिक कथनकरनेका आरंभ कियाथा, सो यह आकाशकेतुल्य सन्तापवाले परमार्थदर्शी पण्डितोंका (ज्ञानआत्मासे) अभिन्न होनेकरके, आकाशके तुल्य ज्ञान अन्य किसीभी अर्थ बिषे जाता नहीं (अर्थात् जैसे आकाशकी अवकाशता आकाश से अभिन्न होने करके अन्य किसी विषेभी जाता नहीं, तैसे परमार्थदर्शी विद्वान्का ज्ञान आत्मासे अभिन्न होनेकरके अन्य किसीभी अर्थ बिषे जातानहीं) तैसे धर्म्माख्य आत्माहै॥ इस रीतिसे आकाशवत् अचल, अक्रिय, निरवयव, नित्य, अद्वितीय, असंग, अदृश्य, अग्राह्य, क्षुधादिकोंसे रहित ब्रह्मरूप आत्मतत्त्वहै। क्योंकि "न-द्रष्टुर्दृष्टि विपरिलोपोविद्यते" । (द्रष्टाकी दृष्टिका लोप विद्यमान है नहीं) इस श्रुतिके प्रमाणसे। अरु ज्ञान, ज्ञेय, अरु ज्ञाता, इनके भेद से रहित परमार्थ तत्त्व अद्वैतहै (अर्थात् अद्वैत रूप आत्मतत्त्व से इतर ज्ञेय (जाननेयोग्य) वस्तुका अभावहै ताते जाननेरूप ज्ञानकाभी अभावहै अरु जब ज्ञेय, ज्ञाताका, अभाव है ताते आत्माबिषे ज्ञाताविशेषणका भी अभाव है, इस प्रकार विशेष विशेषण, अरु विशेष्यत्वके अभावसे एक अद्वैत निर्वाच्य परमार्थ तत्त्वही है) यह बुद्धने कहा नहीं। अरु यद्यपि वाह्यार्थका निषेध अरु ज्ञानमात्रकी कल्पनारूप अद्वैतवस्तु की समीपता कहीहै तथापि यह तो परमार्थ तत्त्वरूप अद्वैत वेदान्त बिषेही जानने के योग्य है॥ इत्यर्थः॥ ९९। २२६॥

१००।२२७॥ हेसौम्य, [चार प्रकरणोंकरके युक्तइस कारिकारूप शास्त्रकी आदिवत् अन्तबिषे भी परदेवतारूप तत्त्व को स्मरणकरते हुये तिसके नमस्काररूप मंगलाचरणको सम्पादन करते हैं] शास्त्रकी समाप्ति बिषे परमार्थ तत्त्वकी स्तुत्यर्थ नमस्कार कहते हैं (दुर्दर्शमतिगम्भीरमजं साम्यं विशारदम्। बुद्ध्वा पदमनानात्वं नमस्कुर्मोयथाबलम् (दुःखसे देखने योग्य अति गंभीर अजन्मा समभावरूप विशुद्ध नानाभावसे रहित पदको जानके यथाबल तथा नमस्कार करते हैं ; अर्थात् दुःखसे दर्शन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दुर्दर्शमतिगम्भीरमजंसाम्यंविशारदम्। बुद्ध्वापदमनानात्वंनमस्कुर्मोयथाबलम् १०० । २२७ ॥

इतिगौडपादीयकारिकायामलातशान्तास्यं चतुर्थप्रकरणम् ॥

इतिश्री गौडपादाचार्य कृत कारिका सहित माण्डूक्योपनिषद् समाप्तम् ॥

के योग्य , कहिये " अस्ति नास्ति " (है, नहीं है) इत्यादि चार कोटियोंसे । जो वादियों करके कल्पित सापेक्षक हैं। रहितहोने से अतिश्रम । सूक्ष्मबुद्धिकरने । से जानने योग्यहै, अरु एतदर्थही अति गंभीर , कहिये अल्पबुद्धिवाले पुरुषोंकरके महासमुद्रवत् दुःखसे प्रवेश करनेके योग्य, अरु अजन्मा समभावरूप विशुद्ध नानाभावसे रहित, ऐसे पदको जानके तिसरूपहुयेहम तिसपदके अर्थ , परमार्थ से व्यवहारकरनेके अयोग्यको भी, मायासे व्यवहारका विषय सम्पादनकरके । अर्थात् जो वास्तव करके सर्व व्यवहारातीत एक अद्वैत निर्वाच्य परमार्थ तत्त्व है, तिस बिषे नमस्कार करनेयोग्य अरु नमस्कार करनेवाला अरु नमस्काररूप क्रिया इनकी कल्पना करके । जैसी सामर्थ्य है तैसे नमस्कार , विधान , करते हैं १०० । २२७ ॥

इतिश्री गौडपादाचार्य कृत कारिकाचतुर्थ प्रकरण , भाषाभाष्य, समाप्तम् ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भाष्यकार श्रीशंकराचार्य्यकृत मंगलाचरणम्॥

अजमपिजनियोगंप्रापदैश्वर्य्ययोगादगतिचगतिमत्ताम्प्रापदेकंह्यनेकम्। विविधविषयधर्म्मग्राहिमुग्धेक्षणानांप्रणतभयविहन्तृब्रह्मयत्तन्नतोस्मि १॥

१॥ हेसौम्य, अबभाष्यकार श्रीशंकराचार्य भीभाष्यकी समाप्तिविषे शास्त्रकरके प्रतिपादन किये पर देवताके स्वरूपको स्मरण करके तिसके नमस्काररूप मंगलाचरणको आचरण करते हैं॥ "अजमपि जनियोगं प्रापदैश्वर्ययोगादगतिच गतिमत्ताप्रापदेकंह्यनेकम्। विविधविषयधर्म्मग्राहिमुग्धेक्षणानां प्रणतभयविहन्तृब्रह्मयत्तन्नतोस्मि" (जो जन्मसे रहितहुआ भी ऐश्वर्य के योगसे प्राप्तहोता हुआ, गतिसे रहित हुआ गतिमान् पने को प्राप्त होताहुआ अरु एकहुआ विविध प्रकारके विषयरूप धर्म्मों के ग्रहणकरनेवाले विवेकहीन दृष्टिवाले को अनेकवत् भासता है, अरु जो ब्रह्म प्रणतके भयको नाश करता है तिसके अर्थ में नमस्कार करता हों; अर्थात् जो ब्रह्म जन्मादिक सर्व षड्भाव (विकार रहितहुआ भी (अर्थात् वास्तव से कूटस्थ सिद्ध है तथापि) सो अनिर्वचनीय अज्ञानके शक्तिरूप ऐश्वर्य के योगसे आकाशादि कार्य्यरूप करके जन्मके बन्धन को प्राप्त होताहुआ। अर्थात् प्राप्त होयके जगत्का उपादान कारण है, ऐसे व्यवहार का भागी होताहै, इसप्रकार श्रुति अरु ब्रह्मसूत्रविषे ब्रह्मको जगत् का कारणपना प्रसिद्ध है। अरु जो ब्रह्म, यद्यपि कूटस्थपने अरु व्यापकपने करके गमन से रहित हुआ स्थित होताहै, तथापि उक्तप्रकारके अज्ञानके माहात्म्यसे कार्य्य ब्रह्मरूपताको पायके गमनमानपने को प्राप्त होताहुआ। अरु जो ब्रह्म एक हुआ, अर्थात् वास्तव से सर्व नानाभावसे रहित एक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ प्रज्ञावैशारद्यवेधक्षुभितजलनिधेर्वेदनाम्नोऽन्तरस्थं भूतान्यालोक्यमग्नान्यविरतजननग्राहघोरेसमुद्रे। कारुण्यादुद्धृताराम्रतमिदममरैर्दुर्लभंभूतहेतोर्यस्तंपूज्यापि पूज्यं परमगुरुममुं पादपातैर्नतोऽस्मि २॥

रसं अद्वैत है, इसप्रकार उपनिषदों करके जानाजाता है, तथापि अनादि अनिर्वचनीय अविद्या के वशते विविधप्रकार के विषयरूप धर्मों के ग्रहण करनेवाले होने करके विवेकरूप दृष्टि से रहित पुरुषों को, जीव, जगत्, अरु ईश्वर, इन भेदों करके अनेकवत् भासताहै। अरु जो ब्रह्म आचार्यके उपदेशसे जनित बुद्धिवृत्तिविषे फलरूपसे आरूढहुआ प्रणत, कहिये ब्रह्मनिष्ठावान् पुरुषोंके, अविद्या अरु तिसके कार्यरूप भयका नाशकरताहै, तिस सर्व उपनिषदोंविषे प्रसिद्ध सर्व परिच्छेद भेदसे रहित प्रत्यगात्मारूप ब्रह्मके अर्थ मैं नमस्कार करताहौं, अर्थात् तिसको विषयकरनेवाले भावको प्रकट करताहौं ॥ १ ॥

॥ हे सौम्य, अब ग्रन्थरचनाके प्रयोजनके देखाइनेपूर्वक इस व्याख्यान किये आगमरूप शास्त्रके कर्त्ता होनेरूपसे स्थितहुये परमगुरु को प्रणाम करते हैं ॥ प्रज्ञावैशारद्यवेधक्षुभितजलनिधेर्वेदनाम्नोऽन्तरस्थं भूतान्यालोक्यमग्नान्यविरतजननग्राहघोरेसमुद्रे। कारुण्यादुद्धृताराम्रतमिदममरैर्दुर्लभंभूतहेतोर्यस्तंपूज्यापि पूज्यं परमगुरुममुं पादपातैर्नतोऽस्मि ॥ जो निरन्तर जन्मरूपी ग्राहोंकरके भयंकर समुद्रविषे परवश हुये भूतोंको देखके करुणाभावसे बुद्धिरूप मंथनकाष्ठके डालने से विडोलनको प्राप्तहुये वेदनामक समुद्रके अन्तरास्थित अरु देवताओं को भी दुःखसे प्राप्तहोने योग्य इस अमृत को भूतत्वके हेतुसे ग्रहण करता हुआ, तिस इस पूज्योंकरके भी पूजने योग्य परमगुरुको पादमाविषे प्रतनसे मैं नम्रहुआहौं, अर्थात् जो जन्मादिरूप ग्राहादि जलचरोंकरके भयंकर जो संसाररूप समुद्र प्रति

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यत्प्रज्ञालोकभाषा प्रतिहतिमगमत् स्वान्तमोहान्धकारो मज्जोन्मज्जच्चघोरेह्यसुकृदुपजनोदन्वतित्रासनेमे । यत्पादावाश्रितानां श्रुतिशमविनयप्राप्तिरग्राह्यमोघा तत्पादौ पावनीयौ भवभयविनुदौ सर्व्वभावैर्नमस्ये ३ ॥ इति ॥

विषै पर (कर्म्म) वशहुये प्राणियोंको देखके प्रकटहुई जो करुणा तिसकरके बुद्धरूपी मंथनकाष्ठ (रयि) के डालने से मंथनको प्राप्तहुये वेदनामक समुद्रके अन्तर स्थित अरु "देवारत्रापि विचिकित्सितंपुरानहि सुविज्ञेयमणुरेषधर्म्मः" इत्यादि प्रमाण से देवताओं करकेभी दुःप्राप्य, इस ज्ञानरूप अमृतको प्राणियोंके (हितार्थ उद्धारकरता (तिकासता) हुआ, तिस इस पूज्योंकरके भी पूजनेयोग्य (अर्थात् श्रीशंकराचार्य्य करके पूजनेयोग्य उनके गुरु श्रीगोविन्दाचार्य, अरु तिनकरके पूजनेयोग्य उनकेगुरु श्रीगौडपादाचार्य, अतएवयहां भाष्यकार श्रीशंकराचार्य ने परमगुरु गौडपादाचार्य्यके अर्थ (पूज्योंकरके भी पूजने योग्य) यह विशेषण दियाहै) परमगुरुको उनके चरणोंविषे अपनेमस्तकके बारम्बार नमनभावरूप पतनसे (अर्थात् उनके चरणों में बारम्बार अपने मस्तकको स्पर्श करावनेसे) मैं नम्रहुआहौं २॥

३॥ हे सौम्य, पुनः अब अपने गुरुकी भक्तिके विद्याकी प्राप्ति विषे अन्तरंगपनेको अंगीकारकरके तिन गुरुकेपादपद्म युगलको प्रणाम करतेहैं "यत्प्रज्ञालोकभाषा प्रतिहतिमगमत् स्वान्तमोहान्धकारो मज्जोन्मज्जच्चघोरे ह्यसुकृदुपजनोदन्वतित्रासनेमे । यत्पादावाश्रितानां श्रुतिशमविनयप्राप्तिरग्राह्यमोघा तत्पादौपावनीयौभवभयविनुदौसर्व्वभावैर्नमस्ये ।" (जिनकी बुद्धिरूप प्रकाशकी प्रभासे मेरा अनेक जन्ममय घोर भयंकर समुद्रविषे अनुद्भूत अरु उद्भूत अन्तःकरणविषे मोहरूप अन्धकार नाशको प्राप्तहोताहुआ, तिनके उभय पादपद्मके अर्थ आश्रितहुये श्रव-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

णज्ञान शान्ति अरु विनयकी प्राप्ति होती है, अरुजाते सफल है तातेश्रेष्ठ है, अरु पवित्र करनेवाले, संसार के किये भय को नाश करने वाले, तिनके उभय पादपद्मोंके अर्थ सर्वके भावसे नमस्कार करताहौं ; अर्थात् जिनकी बुद्धिरूप प्रकाशकी प्रभासे मेरा अनेकदेव तिर्यक्आदिक योनियोंबिषे नानाप्रकारके देहभेदके ग्रहणरूप जन्ममयघोर कहिये क्रूर, अरु भयंकर समुद्र बिषे कदाचित् कार्यरूपसे अनुद्भूतअरु कदाचित् कार्यरूपसेउद्भूत कहिये अनर्थकारी अन्तःकरणबिषे व्याकुलताके हेतु अविवेकका कारण अनादि अज्ञानमय मोहरूप अन्धकार नाशहोताहुआ, अरु जिन गुरुके उभय चरणोंकेताईं आश्रितहुये अन्य शिष्योंको भी मनन अरु निदिध्यासन सहित श्रवणज्ञान अरु इन्द्रियोंकी उपरतिरूप शान्ति अरु नम्रतारूप विनय (निरहंकारता) की प्राप्तिहोतीहै । अरु जिसकरके उन श्रवणादिकोंकी प्राप्ति सफल है तातें श्रेष्ठहै सो होती है । अरु सर्व जगत्केभी पवित्रकरनेवाले अरु अपने सम्बन्धी सर्वजनों के संसार के किये भयको कारण सहित नाशकरनेवाले, तिन हमारेगुरुके युगलपाद पद्मोंकेअर्थ ,कायिक, वाचिक, मानसिक, इनसर्व के प्रकटभावसे नमस्कार करताहौं ॥ नमस्कार करताहौं, नमस्कार करताहौं ३ ॥ इति मंगलम् ॥

इति श्री मत्परमहंस परिव्राजकाचार्य्य ब्रह्मानन्दसरस्वति पूज्यपाद अति अल्पज्ञ, शिष्य यमुनाशंकर नागरब्राह्मणकृत मांडूक्योपनिषद् संहितगौडपादीयकारिका, श्रीभगवत्पाद भाष्यानुसार क्वचित् स्वकल्पित भाषाभाष्य समाप्तम् ॥

हरिः ॐ तत्सद्ब्रह्मार्पणमस्तु ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ अथ

अब इस भाषाभाष्यकार कृत सर्व उपनिषद् आदिकोंका प्रणवोपासनविचार देखावने के अर्थ संग्रहनाम प्रकरण, प्रारम्भकरतेहैं ॥

सूचना ॥

हे सौम्य, यह मांडूक्यनाम उपनिषद्केवल प्रणवकी व्याख्या अरु ब्रह्म आत्माकी अभेद एकताका बोधक अरु संन्यासियोंका उपास्य इष्ट होनेसे सर्व उपनिषदोंका सारहै, अतएव कर्मादिकों से अरु तिनके फलादिकों से उपराम चित्त वैराग्यशील मुमुक्षुओं को उसकी उपासना अरु अर्थविचार अवश्य कर्त्तव्य है, क्योंकि ब्रह्मप्राप्ति के अर्थ यह सर्व्वोत्तम आलम्बन (आश्रय) है "एतदालंबनंश्रेष्ठमेतदालम्बनंपरम्, एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते" इत्यादि श्रुतिप्रमाणसे। एतदर्थ यहां इस उपनिषद्की अरु तदुपरि श्रीगौडपादाचार्यकृत कारिकाकी व्याख्याकी समाप्तिके पश्चात् अवसरपायके अन्य उपनिषदोंमें जो प्रणवोपासना अरु तिसकाफल अरु प्रणवकी महिमा कही है, अरु जिसप्रकार हिरण्यगर्भादिक सातो सिद्धान्तकारोंने अपने अपने सिद्धान्तानुसार प्रणवोपासना कहीहै अरु जिसप्रकार अन्य ऋषियोंने मात्राके विचारकहे हैं अरु प्रणवके जो १०नाम हैं सो अरु तिनकी व्याख्या अरु जिसप्रकार अकारादि मात्राओंके लयचिंतवन से सर्व्वाधिष्ठान निर्विशेष शुद्ध प्रणवके लक्ष्य तुरीय आत्माका लक्ष्यकराया है सो। इत्यादि सर्व अरु अन्य भी कल्पित विचार, जो प्रणव विषयक है, तुम्हारे प्रति संक्षेपमात्र कहताहौं क्योंकि यहां प्रणव विषयक विचार कहने का अवसर अवकाश है, तिसको भी सावधानहोय श्रवण करो ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ईशावास्योपनिषद्गतओंकारोपासना

ओंक्रतोस्मरकृतंस्मर क्रतोस्मरकृतंस्मर॥

हे सौम्य, अब प्रथम ईशावास्य नामक शुक्लयजुर्वेदीय संहितोपनिषद्के सप्तदशवें १७ वें मन्त्रके उत्तरार्द्धविषे प्रणवोपासना पूर्वक निष्काम कर्म्म कर्त्ता पुरुषके अर्थ वा वर्णत्रयिके मनुष्य जो वेदाध्ययनके अधिकारीहैं तिनके अर्थ उनके अन्तकाल कहिये देहावसानसमय, ओंकार के स्मरणकरनेके अर्थ वेदकी वा वेद द्वारा ईश्वरकी आज्ञाहै। अरु तिस आज्ञाके अनुसार उक्त प्रकारकेउत्तम विद्वान् पुरुष अपने देहावसान समय अपने मनको जो शिक्षा करते हैं तिसको श्रवण करो। तथाच श्रुति "ओंक्रतोस्मरकृतंस्मर क्रतोस्मरकृतंस्मर" वो विद्वान अपने मनसे कहते हैं, हे निरन्तर संकल्प विकल्प के करनेहार महाचंचल संकल्परूप मनतू एतनेकालपर्य्यन्त असंख्य संकल्पोंको करताही रहा, अरु उभयलोकके विषयोंको अरु शास्त्रानुसार कर्म्मों के होनहार फलको स्मरण करताही रहाहै सो अस्तु, परन्तु अब जो तुझको स्मरण करने योग्यहै तिसही के स्मरण करनेका समय आय उपस्थितहुआहै, अरु जिसकी तैंने सम्यक्प्रकार उपासना कहिये जपअरुअर्थकी भावना, कियाहै, तिस ओंकारका जो ब्रह्मका प्रतीकहै, स्मरण कर, क्योंकि जिस समय के साधने के अर्थ बाल्यावस्थासेही उपासनादिक कियेहैं, सोसमय अबप्राप्तहै। अतएवअबतू अपनेपरम कल्याणार्थ ओंकारका स्मरणकर। अरु हे मन बाल्यावस्था (यज्ञोपवीत संस्कार) से अरु अद्यावधि पर्य्यन्त जो तूने कर्म्मानुष्ठान कियाहै, अर्थात् जिनसंध्या गायत्री अग्निहोत्रादि निष्काम कर्मोंके करने से अशुभ कामुक, कर्मस्पर्श करते नहीं "एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्तिन कर्म्म लिप्यतेनरे" इसमन्त्रप्रमाणसे। तिन कर्मोंका स्मरणकर। अर्थात् तेरेकर्म्म उपासना ऐसेनहीं कि देहत्यागोत्तर अवगति प्राप्तहोने

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कठवल्ली उपनिषद् गतप्रणवोपासना ॥

सर्व्वेवेदा यत्पदमामनन्ति तपाꣳसि सर्व्वाणिचयद्वदन्ति। यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्य्यञ्चरन्ति तत्तेपदꣳ संग्रहेणब्रवीम्योमित्येतत् ॥ एतद्ध्येवाक्षरम्ब्रह्म एतदेवाक्षरम्परम् । एतद्ध्येवाक्षरंज्ञात्वा योयदिच्छति तस्य तत् ॥ एतदालम्बनꣳश्रेष्ठमेतदालम्बनम्परम्। एतदालम्बंनज्ञात्वा ब्रह्मलोकेमहीयते ॥

काभय होय, अतएवतू अपनेकिये सर्व्वोत्तम कर्म्म उपासनाको इस उपस्थित समय स्मरणकर समयको साध निर्भयहो ॥ हे सौम्य इसप्रकार मनुष्यवर्णत्रयि,को 'सर्वकाल परमोत्तम वेदोक्त कर्म्म उपासनाकरके अन्तसमय तिनके स्मरण से अवगतिसे निर्भयहोय परमोत्तम गतिको प्राप्तहोना योग्यहै यह शुक्लयजुमाध्यन्दिनि संहिताकी अन्तिम आज्ञा है। अरु इस मन्त्रार्थमें जो स्मरण करनेको दोबार कहाहै सो स्मरणके आदरार्थ है, अतएव अपने कल्याणार्थ ॐकारका स्मरण विचारअवश्यही कर्त्तव्य है ॥ इति सिद्धम् ॥

अथ कठवल्ली उपनिषद् सम्बन्धि प्रणव विचार ॥

हे सौम्य अब कठवल्ली उपनिषद्बिषे जो ॐकारोपासना की प्रशंसा महिमा कही है तिसको भी श्रवण करो। हे प्रियदर्शन कोई एक उद्दालक नाम ऋषिके नचकेता नाम बालक पुत्र सर्व्वोत्तमाधिकारी ने आत्मदेव के जानने की इच्छा धारके तीसरे वरदान करके अपने आचार्य भगवान वैवस्वत(यमराज,वा मृत्यु) महाराजसे प्रार्थना किया कि हे भगवन् "अन्यत्रधर्म्मादन्यत्राधर्मादन्यत्रास्मात्कृताकृतात्। अन्यन्य भूताच्च भव्याच्च यत्तत्पश्यसि तद्वद" जो शास्त्रोक्त धर्म्म अरु तिसके स्वर्गादिक फल

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

से, अरु तिनके कारक साधनोंसे पृथक्है, अरु तैसेही शास्त्रकरके कहे अधर्म्म अरु तिनके नरकादिफल अरु कारक साधनोंसे पृथक् है। अरु तैसेही इन कार्य्य अरु कारणोंसे भी अन्यहै, अरु तैसेही भूत भविष्यत् अरु वर्त्तमान कालत्रयसे भी जो पृथक्है, अर्थात् भूत भविष्यत् वर्त्तमान यह तीनकाल, अरु कार्य्य कारण देश, अरु धर्म्म अधर्म्म अरु तिनके फल अरु साधन, यह वस्तु। इसप्रकार उक्त देश काल वस्तुसे पृथक् हुआ, इन करके परिच्छेद (भेद) को प्राप्त होतानहीं, ऐसा जो सर्व व्यवहारके विषय से रहितहै, अर्थात् जो प्रमाणादिक अरु बुद्ध्यादिक किसीका भी विषय नहीं, तिस वस्तुको आप देखतेहौ अर्थात् साक्षात् यथार्थ अनुभव करतेहौ अतएव सो वस्तु मेरे प्रतिकहो ॥ हे सौम्य इस प्रकार जब नचकेता ने आत्मजिज्ञासा पूर्वक मृत्यु भगवान से विनय किया तब तिसको श्रवणकर प्रथम निर्विशेष आत्मतत्त्व न कहके तिसकी प्राप्तिमें मुख्य आलम्बन जो आत्माका प्रतीक ॐकार तिसकी उपासनाकी अरु तिसके ज्ञानकी महिमा कहते हुये ॥ मृत्युरुवाच "सर्व्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपाꣳसि सर्व्वाणि च यद्वदन्ति। यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्य्यञ्चरंति तत्तेपदꣳसङ्ग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत् ॥ एतद्ध्येवाक्षरंब्रह्म एतदेवाक्षरम्परम्। एतद्ध्येवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्यतत् ॥ एतदालम्बनꣳश्रेष्ठमेतदालम्बनम्परम्। एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते" १५, १६, १७, ॥ हे नचकेतः ऋगादि सर्व वेद, अर्थात् ऋगादि वेदके एक देश ब्रह्मविद्या रूप उपनिषद्, जिस पावने योग्य पदको अविभागसे एकही निश्चयसे, प्रतिपादन करते हैं ॥ हे सौम्य यहां वेद शब्दके अर्थ से वेदके एक देशरूप उपनिषद् का ग्रहण है, तिसका यह तात्पर्य है कि उपनिषद् जो है सो ज्ञानके साधन होनेकरके तिस (प्रणवके लक्ष्य) परमात्म पदसे साक्षात् सम्बन्धवाले हैं। अर्थात् उपनिषदोंके महा वाक्यार्थ ज्ञानसे परमात्माकी अपरोक्ष साक्षात् अनन्यप्राप्ति

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होतीहै, अतएव उपनिषद् परमात्मपदसे साक्षात् सम्बन्धवाले हैं। अरु जिसकी प्राप्तिकेअर्थ सर्वविद्वान् तपको (स्वधर्म्मानुष्ठानको) कहतेहैं। अथवा सर्वतपाचरण करनेवाले तपस्वी जिसको कहतेहैं। अरु जिसकी इच्छाधारके गुरुकुलवासादि ब्रह्मचर्य्यको आचरतेहैं। अर्थात् जिस प्रणवकेलक्ष्य परमात्मपदकी प्राप्तिकी इच्छावाले श्रद्धासम्पन्नहुये गुरुकुल में बासकर उपनिषदों का अध्ययनादि रूप ब्रह्मचर्य करते हैं। अरु जिस पदके जाननेकी इच्छा तूभी करताहै। हेनचिकेतः तिसपदको तेरेअर्थ संक्षेपमात्र कहताहौं सोयह ॐकारही है। अर्थात् हेनचिकेतः जिस पदको जाननेकोतू इच्छताहै तिसका प्रतीक (प्रापक) ॐकारहै,क्योंकि वो ॐकारकालक्ष्य अरु ॐकाररूप प्रतीकवालाहै। ताते यहॐ अक्षर सगुण वा त्रिमात्रिक होनेसे अपर (अश्रेष्ठ) ब्रह्महै, अरु यही अक्षर अपने लक्ष्यरूपसे गुण वा मात्रासे रहित अविनाशी अमात्रिक निर्गुण पर (श्रेष्ठ) ब्रह्महै। एतदर्थ इस उक्त अक्षरको सम्यक्प्रकार जानकेजो उपासनाकरताहै सोपर वा अपर जिस ब्रह्मको प्राप्तहोनेको इच्छताहै तिसको सोई होताहै। अर्थात्जो ब्रह्मलोककी इच्छाधारके त्रिमात्रिक प्रणवकी समाहित चित्त ब्रह्मचर्य्यादि साधनपूर्वक जपादिरूपसे उपासना करताहै तिसको सोई ब्रह्मलोक होताहै। अरु जो मुमुक्षु मोक्षकी इच्छाधारके त्रिमात्रिक प्रणवके विचारपूर्वक तिसके अधिष्ठान अमात्रिक आत्माका ब्रह्मकेसाथ अभेद अभ्यास वा निदिध्यासन करताहै तिसको प्राप्तहोता है। अतएव हेनचिकेतः ब्रह्मलोक प्राप्तिवालेको अन्य अङ्गादि आलम्बनों से इस त्रिमात्रिक प्रणवोपासनारूप आलम्बन श्रेष्ठ है, क्योंकि प्रणवोपासना के आलम्बन से ब्रह्मलोक को प्राप्तहुआ विद्वान् ब्रह्मा से प्रणव के लक्ष्य का ज्ञानपाय पुनरावृत्तिसे रहित मोक्षहोताहै। अरु परब्रह्मप्राप्तिकी इच्छावालेको इस ॐकारकी विचाररूप उपासना अन्यसर्व साधनोंके मध्य प्रशंसाकरनेयोग्य परमोत्तम आलम्बन (आश्रय)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ प्रश्नोपनिषद्गत प्रणवोपासना ३ ॥

स योहवैतद्भगवन्मनुष्येषु प्रायणान्तमोंकारमभिध्यायीत कतमंवावसतेन लोकं जयतीति ॥

है, मुमुक्षुको परमात्म प्राप्तिकेअर्थ इस ॐकारकी उपासनासे अधिकश्रेष्ठ आलम्बन कोईनहीं, एतदर्थ इस आलम्बनको सम्यक्प्रकार जानके उपासनाकरनेवाला ब्रह्मलोकबिषे महिमाको पावताहै, अर्थात् जो ब्रह्मलोककी प्राप्तिकी इच्छासे त्रिमात्रिक ॐकारकी उपासना करताहै सोतिसके आश्रय ब्रह्मलोकमेंजाय ब्रह्मावत् पूजनीय होता है। अरु जो साक्षात् ब्रह्मप्राप्ति के अर्थ इस ॐकाररूप प्रतीकद्वारा तिसके लक्ष्य परब्रह्मकी उपासना करताहै सो ब्रह्मरूप लोकबिषे अनन्यहुआ तिसकी महिमाको प्राप्तहोताहै "ब्रह्मविद्ब्रह्मैवभवति" हे सौम्य उक्तप्रकार मुमुक्षु के अर्थ अमृतत्व प्राप्तिमें ॐकारकी उपासनारूप आलम्बनसे इतर सर्व्वोत्तम आलम्बन कोई नहीं। ऐसा कठवल्ली उपनिषद् की श्रुतिवाक्य प्रमाणसे सिद्धहीहै। अतएव मुमुक्षुने अपनेमोक्षार्थसर्व्वोत्तम परमश्रेष्ठ ॐकारोपासनाकाही आश्रयकरना उचितहै ॥ इति २ ॥

अथ प्रश्नोपनिषद्गतॐकारोपासना ३ ॥

हे सौम्य, अब अथर्ववेदीय प्रश्नोपनिषद् में जिसप्रकार प्रश्न पूर्वक ॐकारके पर अरु अपर दोभेद अरु क्रमसे मात्राओं के उपासकोंकी गति कही है, तिसको भी संक्षेपमात्र कहताहौं सावधानहोय श्रवणकरो ॥ हे प्रियदर्शन प्रश्नोपनिषद्के पञ्चम प्रश्नबिषे सत्यकामानामकऋषि ने अपने आचार्य्य पिप्पलाद नामकऋषिसे प्रश्नकियाहै कि "सयो ह वैतद्भगवन्मनुष्येषु प्रायणान्तमोंकारमभिध्यायीत, कतमं वावसतेन लोकं जयतीति"

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तस्मैसहोवाच। एतद्वै सत्यकाम परञ्चापरञ्च ब्रह्म यदोंकारस्तस्माद्विद्वानेतेनैवायतने नैकतरमन्वेति ॥

हे भगवन् (पूजनेयोग्य) मनुष्यों के मध्य सो आश्चर्यवत् है जो कोई एक मनुष्य अपने मरण पर्य्यन्त सम्यक् प्रकार सर्व धर्म्माचरण अरु इन्द्रियों के अरु मनके निग्रहवाला हुआ समाहित चित्ततासे ॐकारके अभिध्यान से 'कर्म्मों के फल जे स्वर्गादि अनेक लोक हैं तिनमें से कौन से लोक का जयकरता है' अर्थात् वो प्रणवोपासक कौनसे लोक को प्राप्त होता है, सो आप कृपा करके कहिये॥ हे सौम्य इस प्रकार जब सत्यकामनामवाले ऋषि ने अपने आचार्य्य पिप्पलाद ऋषि से प्रश्न किया तब सो उत्तर कहते हुये "तस्मैसहोवाच। एतद्वै सत्यकाम परञ्चापरञ्च ब्रह्म यदोंकारस्तस्माद्विद्वानेतेनैवायतनेनैकतरमन्वेति" पिप्पलाद मुनि तिस प्रश्नकर्त्ता सत्यकामा प्रति कहतेहुये हे सत्यकाम यह जो सत्य अक्षर पुरुषनामवाला परब्रह्म है अरु जो प्रथम उत्पन्न हुआ प्राणनामक अपर ब्रह्महै, सो उभय प्रकारका ब्रह्म ॐकार ही है। अथवा ॐकार का लक्ष्य सर्व्वाधिष्ठान अमात्रिक परब्रह्म है, क्योंकि मात्रारूप उपाधि से पर (पृथक्) है ताते वा मात्रा वाले सोपाधि ब्रह्म से श्रेष्ठ है ताते। अरु तिसका प्रतीक होनेसे त्रिमात्रिक अक्षर वर्णात्मक ॐकार अपर (अश्रेष्ठ) ब्रह्म है। अरु इस ॐकार अक्षर (वर्ण) को जो ब्रह्मत्व है सो "जैसे शालिग्राम नामक पाषाण को विष्णु (हिरण्यगर्भ) का प्रतीक होने से उसको भी विष्णुपना है, तैसे है, ताते इस ॐकार को निरुपाधि निर्विशेष सर्व्वाधिष्ठान परब्रह्म का प्रतीक होने से यह अपर ब्रह्म है, तिसकी अकारादि मात्रा की जाग्रदादि अवस्थादि रूप पादों के साथ एकताकर प्रथममात्रा को दूसरी में अरु दूसरी को तीसरी में, अरु तीसरी को, तीनों की अपेक्षा से जो सर्व्वाधिष्ठान चतुर्थ शिवहै तिसमें लयकर तदाकार अनन्य स्थिति से ए-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स यद्येकमात्रमभिध्यायीत तेनैव संवेदितस्तूर्णमेव जगत्यामभिसम्पद्यते । तमृचो मनुष्यलोकमुपनयन्ते स तत्र तपसा ब्रह्मचर्य्येण श्रद्धया सम्पन्नो महिमान मनुभवति ३ ॥

कात्म्य ध्यानकरके उस ॐ कार का लक्ष्य जानने में आवता है। इसप्रकार जानके जो परब्रह्महै सो ॐ कारही है । अर्थात् "ॐ" इस ॐकार अक्षरका जो लक्ष्य अविनाशी अक्षर परब्रह्महै ताते ॐ कारही परब्रह्म है , अरु परब्रह्म का वाचक 'प्रतीक' होनेसे यह अपरब्रह्म है । इसप्रकार ॐ कार को पर अरु अपर उभय ब्रह्मरूप जाननेवाला पुरुष ॐकारकी उपासना के आश्रय दोनों में से एक को पावता है । अर्थात् जो ॐकारकी उपासना (मात्राओंकी लयता) के विचाररूप आलम्बन से सर्ववृत्ति आदिकोंके अभावसे निर्विकल्प समाधिमें निर्विशेष आत्मस्थिति दृढ़तासे पावता है सो अभेदतासे परब्रह्म को पावता है । अरु जो उक्तप्रकार की आत्मस्थिति को न पायके तिसकी प्राप्तिके अर्थ 'ॐ' इस अक्षर की जप विचारात्मक उपासना को सम्यक्प्रकार यथाशास्त्र विधि आश्रयकरताहै , सो तिसका फल ब्रह्मलोकको प्राप्तहोय वहां ब्रह्मद्वारा लक्ष्यको पावता है ॥ हेसौम्य उक्तप्रकार कहके पुनः पिप्पलाद मुनि कहता हुआ कि हे सत्यकाम अब ॐकारकी मात्राके ज्ञानउपासनाकेआश्रय अधिकारी उपासकों को जोजो फल, कहिये गति, प्राप्तहोता है तिसकोभी क्रमशः श्रवण करो जो पुरुष ॐकारको ब्रह्म का प्रतीक होनेसे समीपवर्त्ती अरु आलम्बनों में श्रेष्ठ आलम्बन परम उपकारक साधन जानताहै, अरु त्रिमात्रिक प्रणवकी उपासना करने योग्य है , इस प्रकार जानताहै । परन्तु ॐकारकी सर्व मात्राओं को यथार्थ विभाग पूर्वक जानता नहीं , किन्तु ॐकारकी एक अकार मात्रा ही उपासना करने योग्य है , इसप्रकार जानके ॐकार की पूर्णरूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

से उपासना न करके खण्डरूप से एकमात्रा कीही उपासना करताहै सो खण्डोपासक भी अवगतिको पावता नहीं, अब उसको जो गति प्राप्तहोती है सो श्रवण करो " स यद्येकमात्रामभिध्यायीत तेनैव संवेदितस्तूर्णमेव जगत्यामभिसम्पद्यते । तमृचो मनुष्यलोकमुपनयन्ते स तत्र तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया सम्पन्नो महिमानमनुभवति " अर्थ यह जो, सो उक्तप्रकार का उपासक जब केवल एकमात्राके विभागका जाननेवाला हुआ सर्वदा एक मात्रा रूपसे ही ॐकारको ध्यावता (ध्यान विचारकरता) है, सो पुरुष तिस ॐकारकी एकमात्राके ध्यानके प्रभावसे ही तिस मात्राका साक्षात्कारवान् हुआ , देहत्यागके अनन्तर तत्काल ही पृथिवी (मनुष्यलोक) विषे । जन्म । पावताहै, तहां पृथिवी विषे अनेक योनियों के जन्म हैं तिनमें तिस उपासक को सर्व्वोत्तम वर्णत्रयि मेंसे कोई एक मनुष्यलोक (शरीर) को ॐकारकी ऋग्वेदरूप प्रथममात्रा प्राप्तकरती है, तब सो उपासक मनुष्यलोकमें द्विजोत्तमहुआ , तपकरके , ब्रह्मचर्य करके, श्रद्धा करके, सम्पन्नहुआ महिमाको अनुभव करताहै । हे सौम्य महिमाका स्वरूप सामवेदीय छान्दोग्य उपनिषद्विषे " गो अश्व मिहमहिमेत्याचक्षते हस्ति हिरण्यं दासभार्य्यं क्षेत्राण्यायतनानीति " गो अश्व हस्ति आदिक पशु अरु सेवकादिक भृत्य । अरु भार्य्या उपलक्षण करके भार्य्या पुत्र पौत्रादि कुटुम्ब, अरु सुवर्ण उपलक्षण करके सुवर्ण रजत रत्नादिक धन, अरु रोगादिकोंसे रहित अरु दीर्घायु सहित सुन्दर शरीर, अरु क्षेत्र पृथिवी (राज्य) अरु आयतन कहिये सुन्दर निवासस्थान । इत्यादिकों को महिमा करके प्रतिपादन कियाहै तिस महिमाको वो ॐकार की एक मात्राका उपासक पावता है । परन्तु श्रद्धादिकोंसे रहित हुआ यथेष्टाचरणकरता नहीं किन्तु शास्त्रानुसार ही चेष्टा अरु पूर्वाभ्यास वश प्रणवोपासना । ही, करताहै । अतएव उक्तप्रकार का प्रणवोपासक दुर्गतिको कदापि प्राप्तहोता नहीं ॥-॥ हे सौम्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ यदि द्विमात्रेण मनसि सम्पद्यते सोऽन्तरिक्षं यजुर्भिरुन्नीयते । स सोमलोकं स सोमलोके विभूतिमनुभूयपुनरावर्त्तते ४ ॥

उक्तप्रकारके उपासकसे अन्य पुरुष " अथयदि द्विमात्रेण मनसि सम्पद्यते सोऽन्तरिक्षं यजुर्भिरुन्नीयते । स सोमलोकं स सोमलोके विभूतिमनुभूय पुनरावर्त्तते " अर्थ, यदि ॐकारकी दो मात्रा के जाननेवाला ॐकारको , अकार, उकार , इन दो मात्राका जानके मात्राओं के विभागपूर्वक ॐकारको ध्यावताहै । अर्थात् ॐकारका जप अरु दोमात्राके विभागके विचारसे अर्थ भावना रूप ध्यान करताहै, सो यजुर्वेदमय चन्द्रमारूप दैवतवाले । अर्थात् चन्द्रमा है देवता जिसका ऐसे मनबिषे एकाग्रतासे आत्म भावको प्राप्त होताहै, सो । देहत्यागान्तरं । यजुर्वेद सम्बन्धी ॐकारकी दोमात्राके प्रभावसे अन्तरिक्षरूप आधारवाले चन्द्रलोक को प्राप्त होताहै, अर्थात् तिस ॐकारकी दोमात्राके उपासक साधकको यजुर्वेद जोहै सो चन्द्रलोक सम्बन्धी जन्म प्राप्त करता है । अर्थात् जो पुरुष यजुर्वेद सम्बन्धी ॐकारकी दोमात्रारूपसे उपासना करते हैं सो उस उपासना के प्रभावसे यहां देहत्यागान्तर चन्द्रलोक में । जो इस लोक की अपेक्षा उत्तम अरु द्वितीय है । जन्म पावता है, तब सो तिस चन्द्रलोक सम्बन्धी महिमा (विभूति) को अनुभव करके (भोगके) पुनः इस मनुष्यलोक में आय जन्म पावता है । यह ॐकार को दोमात्रा रूप जानके उपासना करनेवाले की गति कहीहै । अरु धूमादि दक्षिणायन मार्गवालोंकी भी यही गति है हेसौम्य, अब ॐकार के तीनों मात्रा की पूर्ण उपासक की जो गति है तिसको भी श्रवण करो " यः पुनरेतन्त्रिमात्रेणैवोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुष मभिध्यायीत स तेजसि सूर्य्ये सम्पन्नः " अर्थ पुनः जो पुरुष तीनमात्रा का ज्ञाताहुआ, अरु इस ॐकार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यः पुनरेतन्त्रिमात्रेणैवोमित्येतेनैवाक्षरेणपरं पुरुषमभिध्यायीत स तेजसि सूर्य्ये सम्पन्नः। यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यत एवं ह वै सपाप्मना विनिर्म्मुक्तः स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं। सएतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते तदेतौ श्लोकौ भवतः५॥

को ब्रह्मका प्रतीक होनेसे ब्रह्म प्राप्तिमें उसको परम आलम्बन जानके त्रिमात्रिक ॐकार रूप सूर्य्य के अन्तरगत पुरुषको (ॐकारके लक्ष्यको) ध्यानकरता है। (अर्थात् जिस अधिष्ठान रूप परम पुरुष के आश्रय तीनों पादरूप मात्रा अध्यस्तहै, अरु सर्प में रज्जुके अन्वयवत् जिसका तीनों मात्राओंमें अन्वय है। अरु सत्यरूप रज्जुमें अध्यस्त असत्य सर्प के व्यतिरेकवत् व्यतिरेक है, तिस सर्वाधिष्ठान निरुपाधि परम पुरुष को, त्रिमात्रिक ॐकार जो ब्रह्मका प्रतीक है तिसरूप सूर्य्यबिषे उक्त परमपुरुषको ध्यानकरता है, वा आकाशगत सूर्य्यमंडलबिषे, अरु त्रिमात्रिक 'ॐ' इस अक्षररूप सूर्य्य विषे जो सूर्यादि सर्वका प्रकाशक सर्वाधिष्ठान सर्वका आश्रय परमपुरुषहै तिसको उभय सूर्य्य बिषे एक जानके अरु तिसके साथ आत्माकी एकताजानके (अर्थात् जो चैतन्यपुरुष प्रकाशरूप से सूर्य्य बिषे स्थित है, अरु सर्वका साक्षीरूपसे शरीरादि संघातबिषे स्थित है, अरु लक्ष्यार्थरूप होयके त्रिमात्रिक ' ॐ ' इस अक्षरबिषे स्थितहै, सो एकही है इसप्रकार ' ॐ ' इस अक्षरबिषे, अरु सूर्य्यमंडलबिषे, अरु शरीरादि संघातबिषे, अरु इन तीनोंको उपलक्षणकरके ' अधिदैवत, अधिभूत, अध्यात्म, इन तीनोंप्रकारके जगत्बिषे, एक अखंड अविनाशी चैतन्यपुरुषको " ॐकारेवेदं सर्व्वम् " इत्यादि श्रुति अरु स्वानुभव प्रमाणसे)। जो मात्राओंके ज्ञान पूर्वक ध्यानकरता है सो तिस ध्यान उपासना के प्रभाव से मरणोत्तर (तेजोमयहुआ) तेजोमय सूर्य्य बिषे प्राप्त होताहै।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अरु सो उपासक, जैसे ॐकारकी दोमात्रा का उपासक चन्द्र-लोकमें विभूतिको अनुभवकर पुनरावृत्तिको प्राप्त होताहै, तैसे त्रिमात्राका उपासक सूर्य्यमंडलबिषे प्राप्तहुआ पुनरावृत्तिको प्राप्त होता नहीं, किन्तु सूर्य्यबिषे प्राप्तहुआ ही होताहै । अर्थात् सूर्य्यलोकमें जाय वहां की विभूति महिमाको भोक्ताहुआ वहां ही रहता है । यथा पादोदरस्त्वचा विमुच्यत एवं ह वै स पाप्मना विनिर्मुक्तः स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं । अरु सो पुरुष, जैसे सर्प अपनी जीर्ण त्वचाको त्यागके पश्चात् नवीनहुआ पुनः उस परित्याग कीहुई जीर्ण त्वचाको देखता (पावता वा ग्रहणकरता) नहीं । तैसेही प्रसिद्ध सो प्रणवोपासक सर्प की त्वचास्थानीय अशुचितारूप पापों से मुक्त होताहै । (अथवा जैसे सर्प अपनी जीर्ण त्वचाको त्याग नवीन हुआ पुनः उस त्यागी हुई त्वचाको ग्रहण करता नहीं, तैसे वो तीनमात्रा का उपासक इस मनुष्य लोक सम्बन्धी शरीर रूप पापोंसे मुक्त हुआ सूर्य्य लोक बिषे देव शरीरको पाय पुनः इसलोक सम्बन्धी शरीर को न ग्रहण करके देवरूपही रहता है । अरु इस लोक सम्बन्धी शरीररूप पापोंसे मुक्तहुआ सूर्य्यलोकबिषे देव शरीरको पाय वहां भी उपासना के प्रभावसे, तीसरी मात्रारूप सामवेद करके, सूर्य्यलोकसे भी ऊंचे हिरण्यगर्भ नामक ब्रह्माकेसत्यलोक नामकलोकको प्राप्तहोताहै ॥ अरु "सएतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयंपुरुषमीक्षते तदेतौ श्लोकौ भवतः" सो तीसरी मात्रा वा तीनोंमात्रा का उपासक विद्वान् पुरुष सत्यलोक में स्थितहुआ इस सर्वोत्कृष्ट जीवघनरूप हिरण्यगर्भ से (अर्थात् सर्व सूक्ष्म शरीरोंकी समष्टतारूपहिरण्यगर्भहै अतएव उसको जीवघन कहतेहैं) भीपर कहिये, श्रेष्ठ, परमात्म नामवाले पुरुषको 'जोसर्व शरीररूप पुरियों में स्थितहै वा सर्व शरीरगत पुरीतति नाडी बिषे स्थितहै, देखताहै (अर्थात् जो ॐकारका लक्ष्य अरु हिरण्यगर्भादि सर्व अध्यस्थोंका अधिष्ठान जोएक सर्व्वात्मा परमपुरुषहै तिसको

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तिस्रोमात्रामृत्युमत्यः प्रयुक्ता अन्योन्यसक्ता अनविप्रयुक्ताः। क्रियासु बाह्याभ्यन्तरमध्यमासु सम्यक् प्रयुक्तासुनकम्पते ज्ञः ६॥

साक्षात् सोहमस्मिभावसे अनुभवकर्त्ता पुरुष पुनरावृत्तिसे रहित हुआ ब्रह्माकेसाथ त्रि ब्रह्मसे महावाक्यार्थका ज्ञानोपदेश पायके मोक्ष होताहै। तहां इस उक्त अर्थ के प्रकाशक अग्रिम दो मन्त्र प्रमाणहैं "तिस्रोमात्रा मृत्युमत्यः प्रयुक्ता अन्योन्यसक्ता अनविप्रयुक्ताः।क्रियासुबाह्याभ्यन्तरमध्यमासुसम्यक्प्रयुक्तासुनकम्पतेज्ञः" अर्थतीन संख्याहैं जिनकीऐसी जोओंकारकी अकारउकार ,मकार, यह तीनमात्रा हैं, सो मृत्युकी विषयही हैं अरु परस्पर सम्बन्ध वालीहैं, अरु वो तीनों मात्रा विशेष करके एकएक विषय विषेही योजनाकरीगईहोवें ऐसानहीं, किन्तु विशेषकरकेएकही ध्यानकाल विषे त्यागकीहुईं, जाग्रत्, स्वप्न,सुषुप्ति, यह तीन स्थान ,अरुतिन के अभिमानी, जे ,स्थूल, सूक्ष्म, कारण, के अभिमानी ' वैश्वानर, हिरण्यगर्भ, अरु अव्याकृत, तिनसे अपृथक्, विश्व, तैजस, प्राज्ञ,पुरुषतिनकी,अकार,उकार,मकार,इनतीन मात्रासे तादात्म्य करके। अर्थात् जाग्रदवस्था विश्वाभिमानी स्थूल भोग, इस व्यष्टि प्रथम पादकी, विराट् स्थान वैश्वानर अभिमानी स्थूल भोग,इस समष्टि पादसे एकताकर तिसका अकार रूप प्रथम मात्रासे तादात्म्य करके। अरु तैसेही स्वप्नावस्था तैजसाभिमानी बिरलभोग, इस व्यष्टि द्वितीय पादकी सूक्ष्मस्थान हिरण्यगर्भाभिमानी बिरलभोग, इस समष्टि द्वितीय पादसे एकताकर, पुनः तिसका उकाररूप द्वितीय मात्रा से तादात्म्य करके, पुनः, सुषुप्ति अवस्था प्राज्ञाभिमानी आनन्द भोग, इस व्यष्टि तृतीय पादको कारणावस्था रुद्रवा ईश्वराभिमानी आनन्द वा अज्ञान भोग,इससमष्टि तृतीय पादविषे एकता करके, पुनः उस पादकी मकार मात्रासे तादात्म्य करके। अर्थात् उक्त प्रकार जाग्रदादि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ऋग्भिरेतं यजुर्भिरन्तरिक्षं स सामभिर्यत्तत्कवयो वेदयन्ते । तमोंकारेणैवायतनेनान्वेति विद्वान् यत्तच्छान्तमजरममृतमभयं परञ्चेति ॥ ७ इति ॥

तीनों पादों को अकारादितीनों मात्रासे तादात्म्य (एकता)करके ध्यानरूप जो बाह्य भीतर अरु मध्यकी योगक्रिया है तिसको सम्यक् ध्यानके कालबिषे योजनाकिये हुये जब वे तीनोंमात्रा योजना किया होय, अर्थात् समष्टि उक्त पादोंबिषे व्यष्टि उक्त पादोंकी योजनाकरके पुनः क्रमशः प्रथम अकार मात्राको द्वितीय उकारमात्राबिषे लयकरे, अरु उस अकारयुक्त द्वितीय उकार मात्राको मकाररूप तृतीय मात्राबिषे लयकरे, पुनः उस तृतीय मात्राको उस ॐकारके वाच्य अधिष्ठानबिषे नामनामीके अभेद से लयकरे, वा अध्यस्तरूप तीनों मात्राको उसके अधिष्ठानसे अपृथक् जानके लयकरे ।॥ इसप्रकार सम्यक्ध्यानके कालबिषे तीनोंमात्रा उक्तप्रकार जब योजना करीहोय, तबउस ॐकारका ज्ञाता योगी चलायमान होतानहीं । अर्थात् विक्षेपको पावता नहीं, किन्तु अचलही होताहै । अरु जिसकरके उक्तप्रकारका प्रणवोपासक विद्वान् "ॐकारएवेदं सर्व्वम्" इत्यादि प्रमाण अनुभवसे सर्व्वात्मा ॐकाररूपहुआहै एतदर्थ उसका चलना (विक्षेप) किसकारणसे होवेगा ? किसीसे भी नहीं, क्योंकि विक्षेपका कारण द्वैतभेद भावहै, सो उसको न होयके सर्वत्र ॐकार आत्मभावही है, ताते विक्षेप के कारण द्वैतभावके अभावसे एक ॐकारदर्शी विद्वान् चलायमान होतानहीं ॥ हे सौम्य "ऋग्भिरेतंयजुर्भिरन्तरिक्षंससामभिर्यत्तत्कवयोवेदयन्ते" अर्थ, ऋग्वेद से ॐकारको एक मात्रारूप जानके भजन उपासन करनेवाला पुरुष इस मनुष्य लोकको प्राप्तहोताहै, अरु यजुर्वेद से ॐकार को दोमात्रारूप जानके उपासना करनेवाला विद्वान् देहत्यागोत्तर पितृलोक (चन्द्रलोक) को प्राप्त होताहै। अरु जिसको वे-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दवेत्ता विद्वान् पुरुष जानते हैं, ऐसा जो तृतीय सर्वोत्तम ब्रह्म-लोक है तिसको, सामवेद से ॐकारको त्रिमात्रा रूपजानके उपासना करता है सो उत्तम उपासक इसलोक (शरीर) के त्यागान्तर,प्राप्त होताहै। इसप्रकार ॐकारकावेत्ता विद्वान् तिस अपर ब्रह्मरूप त्रिमात्रिक ॐकार को उक्तप्रकार जानके तिसकी क्रमसाध्य उपासना करते हैं सो उक्तप्रकार के तीनोंलोक में से एकको ' अपनी उपासना के अनुसार ॐकारकी उपासनारूप आलम्बन (आश्रय वा साधन) से प्राप्त होताहै अरु जो त्रिमा-त्रिक प्रणवके लक्ष्य चैतन्य अक्षर सत्य परम पुरुष नामवाला सदा शान्त अरु मुक्त, अरु जाग्रदादि सर्वभेद प्रपञ्चसे रहितहै अरु इसहीहेतुसेजरा मृत्युआदिकोंसे भी रहित है। अरु जिस करके जरादि रहित है एतदर्थही अभय है । इसप्रकारका जो शान्त मुक्त अजर अमर अभय परम अक्षर ॐकार का लक्ष्यहै, तिसको त्रिमात्रिक प्रणवोपासनारूप आलम्बन से विद्वान् पावता है ॥ हे सौम्य उक्तप्रकार प्रश्नोपनिषद् करके प्रतिपाद्य अपररूप अरु पररूप ॐकार तिसकी मात्रादिकों के भेदसे उपासना करनेवाले उपासकों को जो फल होताहै, अरु त्रिमा-त्रिक प्रणवोपासना के आलम्बन से ॐकारके लक्ष्य अमात्रिक परमात्माकी उपासना से परमात्म भावरूप फलकी प्राप्ति " तद्भावगतेनचेतसालक्ष्यं " होती है, सो सर्व जिसप्रकार श्रुतिने कहाहै तैसे संक्षेपमात्र तुम्हारे प्रतिकहा अब जिसप्रकार मुंडक उपनिषद् बिषे प्रणवोपासना कहीहै तिसको भी संक्षेपमा-त्र श्रवणकरो ॥

इतिप्रश्नोपनिषद्गत ॐकारोपासनसमाप्तम् ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथमुंडकोपनिषद्गत प्रणवोपासनाप्रारभ्यते ॥

प्रणवोधनुःशरोह्यात्माब्रह्मतल्लक्ष्यमुच्यते । अप्रमत्तेनवेद्धव्यं शरवत्तन्मयोभवेत् ॥

अथ मुंडको पनिषद्गतप्रणवोपासनप्रारभ्यते ॥

हे सौम्य, मुंडकउपनिषद् के द्वितीय मुंडकगत द्वितीयखंड के चतुर्थ मन्त्र बिषे कहा है " प्रणवोधनुःशरोह्यात्मा ब्रह्मतल्लक्ष्यमुच्यते । अप्रमत्तेनवेद्धव्यंशरवत्तन्मयोभवेत् " अर्थ । ॐकाररूप धनुष है, अर्थात् बाणको लक्ष्य(निशाने) बिषे प्राप्त होनेको धनुष कारण है, धनुष विनाबाण लक्ष्य बिषे प्राप्त होता नहीं। तैसेही आत्मा (बुद्धिविशिष्ट चैतन्य) रूप बाणको अपने लक्ष्य अक्षर ब्रह्मबिषे प्राप्त होनेको कारण ॐकारोपासन है, अतएव ॐकारको धनुषरूपकरके कहाहै । अरु जैसे बाण चलावने का अभ्यासकिये, अरु संस्कारयुक्त (शिलीमुख) हुआ बाणधनुष के आश्रयहुआ लक्ष्यबिषे स्थित होताहै, तैसेही ॐकारकउपासनाके विचाररूपसे सूक्ष्म शिलीमुख अरु शमदमादि साधनों करके संस्कारयुक्त हुआ, प्रणवोपासना रूप धनुष के आश्रय उक्त आत्मारूपबाण सो अपने आभास (प्रतिबिम्ब) भावको । जोकि अवस्थात्रयात्मक बुद्धिरूपा उपाधिके सम्बन्धसे प्राप्त हुआहै। त्यागके अपने अक्षररूपबिम्बबिषे जैसे प्रतिबिम्ब बिम्ब मेंतैसे , अभेदतासे स्थित होताहै। एतदर्थ आत्मरूप बाणको अपने अक्षररूपलक्ष्य बिषे प्राप्तहोने को प्रणब जोहै सो धनुषवत् धनुष है । अरु उक्त आत्मारूप बाण है । अर्थात् उपाधि करके लक्षित परमात्माअक्षरकाही , जलादिकोंगत सूर्य्यादिकों के प्रतिबिम्बवत् , इस देहादिक संघात बिषे सर्व बुद्धियोंकी वृत्तियों का साक्षीहुआ प्रवेशकोपायाहै सो बाणवत् बाणहै । अरु आत्मा के अर्थ जो विषयोंकी तृष्णा सोई प्रमादहै,तिस प्रमादसे रहित

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अप्रमत्त अरु सर्वसे वैराग्यवान् जितेन्द्रिय समाहित चित्तता इत्यादि साधनरूप संस्कारसम्पन्नता तिसकरके सहितसे वेधन (प्रवेश) के योग्य जो ब्रह्म सो लक्ष्य है। ताते प्रणवरूप धनुष के आश्रय आत्मरूप बाणका जब ब्रह्मरूप लक्ष्यबिषे प्रवेशरूपसे उक्त लक्ष्यका बेधन होताहै, तिसके पश्चात् आत्मा बाणवत् लक्ष्य बिषे तन्मय (तारूप) होताहै। अर्थात् जैसे बाणकोलक्ष्य के साथ एकरूपतामयफल होताहै, तैसेही देहादि अनात्माकार वृत्तियोंके तिरस्कारसे, अक्षर के साथ तन्मयतारूप फलकोप्राप्त होना, यह सर्व बुद्धिमान् मुमुक्षुओं करके योग्य है॥ हे सौम्य, अब इसका और प्रकारसे कल्पित विचारको श्रवण करो॥ हे प्रियदर्शन धनुष से जो बाण चलताहै सो अपने मार्गगत वस्तुओंको उल्लंघनकरता अपने लक्ष्यको प्राप्तहो तन्मय होताहै, तैसेही यह चिदाभासरूप बाण त्रिमात्रिक प्रणवरूप धनुष से अपने बिम्ब ब्रह्मरूप लक्ष्य की ओरचलता है, तब अपने जाग्रदादि अवस्थारूप वेष्टिपादोंको, विराडादि समष्टिपादों के साथ, अरु तिनको अकारादि मात्राओं के साथ अभेद विचारके तिनको अध्यस्तहोने से पीछे अविद्यात्मकताकी ओर डाल आप अपने अमात्रिक ब्रह्मरूपलक्ष्य बिषे प्राप्तहोय पश्चात् विचाररूप वेग से रहितहुआ लक्ष्यमय होताहै॥ अरु यहां जो कहाहै कि "शरवत्तन्मयो भवेत्" तिसका विचार इसप्रकार जानना कि, बाण जोहै सो अपने लक्ष्यमें प्रवेशको पाय अदृश्य होनेसे तन्मयहुयेवत् भासता है, परन्तु लक्ष्यरूपतासे अभेद तन्मय होता नहीं अर्थात् बाण लक्ष्यमें प्रवेशपायासताभी लक्ष्यके साथ अभेद एकताको पावता नहीं, लक्ष्यसे विजाति है ताते, एतदर्थ इसका अर्थ अग्रिम कल्पित कहेप्रकार भी जानने योग्य है। प्रणवरूप धनुषके आश्रय चिदाभासरूप बाणकरके ब्रह्मरूप लक्ष्यको प्रमाद (आलस्यवाविषयासक्तता) से रहितहोय वेधनकरना योग्य है। यहां पर्यन्त बाणके दृष्टान्त प्रमाण यथार्थ है

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आगे जो तिसका फल "शरवत्तन्मयो भवेत्" तारूप होना कहा है । तिसको जल अरु हिमका दृष्टान्त विचार युक्त है, क्योंकि जलको भी "शर" कहते हैं, अरु जल हिमकी अभेद एकता भी युक्तहै । अर्थात् जैसे "गुलेल", वा धनुष, कि जिनका आकार एकरूपहै, नामक यन्त्रके आश्रय हिम (बरफ) का खंड रूप गिल्ला व बाण जलकी ओर चलाया हुआ अपने लक्ष्यजल को प्राप्त होय अभेद तन्मयताको प्राप्त होताहै, ताते शर शब्दका अर्थ जल अंगीकार करके उक्त दृष्टान्त प्रमाण विचारनेसे अभेद तन्मयता होनेमें शंका रहेनहीं, अरु अर्थ भी युक्तहै । अर्थात् जैसे जल अपनी शीतलता स्वभाव करके हिम भावको प्राप्त होताहै, अरु जलकी कोमलतादि धर्मसे विपरीत काठिन्यतादि धर्मवाला भासताहै, परन्तु सो तिस हिम अवस्थामें भी जलसे इतर कहने मात्रही है, अरु पुनः जलमें गया अपने काठिन्यतादि बाह्य धर्म को त्याग अभेदतासे जलके साथ तन्मयताको पावताहै "यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय, तथाविद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः परात्परंपुरुषमुपैतिदिव्यम्" तैसेही ब्रह्मकी इच्छा वा स्वभाव रूपा मायाकरके ब्रह्मही अल्पज्ञतादि धर्मवाला जीव भावको प्राप्तहुआसा भासताहै, परन्तु वास्तव करके तत्त्वमस्यादि प्रमाणोंकरके ब्रह्म रूपही है, सो जीव (चिदाभास)प्रणव रूप धनुषको आश्रयकर आप बाणवतहुआ ब्रह्मरूपजललक्ष्यमें प्रवेशकर तन्मयताको प्राप्तहोताहै।तातेइसचिदाभासरूप आत्मा जीवको ब्रह्मरूप लक्ष्यकेसाथअभेद तन्मयता होनेके अर्थ प्रणवोपासनरूप मुख्यआलम्बन है ॥ "ॐमित्येवंध्यायथ" "ॐ" इस उक्तप्रकारसे ॐकाररूप आश्रयवालेहुये शास्त्रोक्त कल्पनासे ॐकारका ध्यानकरो, इसप्रकारज्ञानवान् आचार्य्य ने मुमुक्षुको ब्रह्म आत्माकी अभेदतारूपमोक्षकीप्राप्तिकेअर्थ ॐकारकीउपासनारूप सर्व्वोत्तम आलम्बन कहा, तिसहीको आश्रयकरनायोग्य है ॥-॥

प्रणवोपासनविचारसम्पूर्णम् ॥ॐ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथकृष्णयजुर्वेदीयतैत्तिरीयोपनिषद्गत प्रणवविचार ॥

ॐ । ॐ मिति ब्रह्म। ॐ मितीदꣳ सर्व्वम्। ॐ मित्येतदनुकृतिर्हस्मवा आप्योश्रावयेत्याश्रावयन्ति। ॐ मितिसामानि गायन्ति।ॐꣳशोमिति शास्त्राणिशꣳसन्ति। ॐमित्यध्वर्य्युःप्रतिगरंप्रतिगृणाति। ॐ मितिब्रह्माप्रसौति। ॐ मितिअग्निहोत्रमनुजानाति। ॐ मितिब्राह्मणः प्रवक्षन्नाह। ब्रह्मोप्राप्नुवानिति ब्रह्मैवोपाप्नोति ॐ दश इति ॥

हेसौम्य, अब तैत्तिरीयोपनिषद्विषे जिसप्रकार प्रणवकी श्रेष्ठता वर्णनकियाहै तिसकोभी श्रवणकरो "ॐ मितिब्रह्म। ओमितीदꣳसर्वम्। ॐमित्येतदनुकृतिर्हस्मवा अप्योश्रावयेत्याश्रावयन्ति। ॐमिति सामानिगायन्ति। ओंꣳशोमिति शास्त्राणिशꣳसन्ति। ॐमित्यध्वर्य्युः प्रतिगरंप्रतिगृणाति" अर्थ अब सर्व उपासनाके अंगभूत ॐकारोपासन कहतेहैं।'ॐ, इसप्रकारका यह शब्दरूप ब्रह्महै, इसप्रकार मनकरके ॐकारकी मात्रादिकोंका स्मरण विचाररूप उपासनाकरे। अरु जिसकरके 'ॐ' इसप्रकारका शब्द यहसर्व है। अर्थात्शब्दरूप यहसर्व प्रपञ्चएक ॐकारसेही व्याप्त है, अरुजो वाच्य (नामी)है सो वाचक (नाम)के आधीनहै,एतदर्थ यहसर्व ॐकारही है,इसप्रकार कहतेहैं॥ अब ॐकारकोसर्वसेज्येष्ठ श्रेष्ठ होनेसे तिसकी स्तुति कहते हैं। ॐकारको उपास्य होनेसे, ॐकारका यह अनुकरणहै। अर्थात्जाते अन्यकरके"कहताहौं वा पावताहौं, ऐसेकहे वचनको श्रवणकरके ॐ, ऐसे अनुकरण करताहै,एतदर्थ ॐकार अनुकरणहै, यह ॐकारका अनुकरणपना प्रसिद्धहै। अरु ॐ,इसप्रकार श्रवणकराओ, इस कथनको प्राप्तहुये पुरुष उसॐकारके उच्चारणपूर्वक श्रवणकरावत है

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तैसेहा जो सामवेदके गायनकरनेवाले पुरुषहैं सो 'ॐ' इसप्रकार सामोंको गायनकरतेहैं। अर्थात् सामवेदके गानकरके सर्वसामगा ॐकारही को गायन करते हैं। अरु जो ऋचाके पाठक हैं सो 'ॐशो' ऐसे शास्त्र कहिये गानरहित केवल ऋचाको कथन करते हैं। अरु तैसेही जो अध्वर्यु (अर्थात् यज्ञविषे यजुर्वेदीय ऋत्विज् विशेष) है सो 'ॐ' इसप्रकार प्रतिगर (वेदके शब्द विशेष) को हवन करनेवाले के कथन कथनप्रतिउच्चारण करताहै (अर्थात् यज्ञमें ऋग्वेदीय ऋत्विज् हवन करनेवाला होता है सो जब मन्त्रोंको उच्चार करताहै तब अध्वर्यु उसके प्रतिमन्त्र के साथ ॐकार पूर्वक प्रतिगरका उच्चार करता है। अरु जो ब्रह्मा (यज्ञकर्मका कर्त्ता (वा यज्ञमें दक्षिण दिशामें स्थित होय यज्ञका रक्षण करनेवाला (ऋत्विज् विशेष) है सो 'ॐ' इस प्रकार अनुमोदन करता है अरु 'ॐ' इस प्रकार अग्निहोत्र को अनुमोदन करता है। (अर्थात् होताकरके होम करता हौं, इसप्रकारके कथन कियेहुये को 'ॐ' ऐसे कहके अनुमोदन करता है। अरु जो ब्राह्मण है सो 'ॐ' इसप्रकार कहने को इच्छताहुआ, अध्ययन करता हुआ 'ॐ' ऐसेही कहता है (अर्थात् अध्ययन करने को ॐकाररूप से ग्रहण करता है। अरु ब्रह्म 'कहिये वेद' को प्राप्त होवोंगा इसप्रकार इच्छा करता हुआ 'ॐकारद्वारा वेदकोही प्राप्त होताहै' वा ब्रह्म 'कहिये परमात्मा' को प्राप्त होवोंगा इसप्रकार आत्माको प्राप्त होने की इच्छाको करता हुआ 'ॐ' ऐसेही कहता है (अर्थात् आत्मकामा पुरुष ॐकारकी उपासना द्वारा आत्मपदको प्राप्तहोताहै इन सर्वका अभिप्राय यहहै कि ॐकारके उच्चार पूर्वक करीहुई सर्व क्रियाको फलवान्पना है, एतद्वर्थ ॐकाररूप ब्रह्मकी उपासना करनी योग्यहै यह इसका तात्पर्य है॥

इति तैत्तिरीय उपनिषद् सम्बन्धी प्रणवोपासन विचार॥

—❀—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथसामवेदीयछान्दोग्यउपनिषद्सम्बन्धीप्रणवोपासनविचार॥

ॐ मित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत॥
ॐ मित्युद्गायति तस्योपव्याख्यानम् १॥

हेसौम्य, अब सामवेदीय छान्दोग्य उपनिषद्सम्बन्धी प्रणवोपासन विचार संक्षेपमात्र श्रवणकरो। इस उपनिषद्में 'प्राण' आदित्यादि, अनेक दृष्टिसे प्रणवोपासना कहीहै सोसर्व यहां न कहके ॐकारकी रसतमत्वादि श्रेष्ठता अरुब्रह्मप्राप्तिमें मुख्यआलम्बन अरु मोक्षसाधनता संक्षेपमात्र कहताहौं। अरु इसकासविस्तर विचार इस उपनिषद्की व्याख्यामें होगा "ॐ मित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत"।'ॐ' यह जो एकवर्णात्मक अक्षरहै सोपरब्रह्मका प्रतकि, मुख्यनाम होनेसे इसकी अपरब्रह्म रूपसे उपासना कर्त्तव्यहै, क्योंकियह परब्रह्मका प्रतीक अरुनाम होंने करके इसकी उपासनासे परब्रह्म प्रसन्नहोताहै, जैसे लोकबिषे जिसका प्रियनामलेके बोलावनेसे वोनामी प्रसन्नहोताहै तैसे,।अरु यह परब्रह्मका प्रतीक(प्रतिमा)अरुनामहै ताते इसबिषे ब्रह्मबुद्धिकर इसकी मात्राओं के विचारपूर्वक इसके लक्ष्यकी ध्यानादि रूपसे उपासना कर्तव्यहै। अर्थात् इसॐकार अक्षरकी ध्यानादि रूपसे उपासना कर्तव्य है अर्थात्इस ॐकार अक्षरकी जपरूपसे वा ध्वनीरूपसे अरु मात्राओंके भेद विचाररूपसे उपासनाकरे। अरु मात्राओंके क्रमशः लय चिंतवनपूर्वक मात्रादिकोंके अधिष्ठानअक्षर परब्रह्मसे अपनेको अभेद अनुभवकर तादात्म्य स्थिति (निर्विकल्प समाधि)रूपसे ध्यानरूप उपासनाकरे।जैसे शालिग्राम नामक शिलाबिषे विष्णुबुद्धि करके तिसका पूजनादिरूप उपासन, अरु तिस शालिग्रामरूप आलम्बन करके तिसकरकेलक्षित लक्ष्य सर्वव्यापी हिरण्यगर्भ वा श्यामसुन्दर चतुर्भुजादि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एषां भूतानां पृथिवीरसः पृथिव्या आपोरसः अपामोषधयोरसः ओषधीनां पुरुषोरसः पुरुषस्य वाग्रसो वाच ऋग्रसऋचःसाम साम्नः उद्गीथोरसः ॥ सएष रसानाꣳ रसतमः परमः परार्द्ध्यो ऽष्टमो यदुद्गीथः१। २। ३ ॥ इति ॥

नामरूप अवयववान् वैकुंठाधीश विष्णुका ध्यान लोक बिषे प्रसिद्ध है तैसे ॥ अरु परमात्माकी मुख्य उपासना बिषे मुख्य आलम्बन अरु परमात्मा का प्रतीक (स्मारकप्रतिमा) होनेसे, इस ॐकारको सर्व वेदान्त उपनिषदों बिषे सर्वसे श्रेष्ठ करके कहाहै, अतएव यह श्रेष्ठ है, अरु, जप, कर्म्म, स्वाध्यायादिकोंमें सर्व से प्रथम ॐकारका स्मरण करते हैं, अरुजिस जपादिकर्म्म में प्रथम इसके उच्चारण स्मरण पूर्वक जप कर्म्मादिकोंको करते हैं सोई फलवान् होताहै, एतदर्थ भी यह सर्वसे श्रेष्ठ है। अतएव इसवर्णात्मक ॐकार अक्षर उद्गीथकीउपासना सर्वोत्तमहै। ताते श्रद्धा भक्ति जितेन्द्रिय समाहित चित्त होय इस ॐकार की उपासना कर्त्तव्य योग्य है। अरु सामवेदीय उद्गाता (सामवेद का गायन करनेवाला) ऋत्विज् विशेष यज्ञादिकों में ॐकारका गायन करता है अतएव इसको उद्गीथ कहते हैं। अर्थात् उद्गाता जो सामका गायन करता है सो'ॐ' इस अक्षर के स्मरण पूर्वक करता है। ताते ॐकार को उद्गीथ विशेषण से कहतेहैं ॥ अरु यह जो ॐकारकी, उपासना, श्रेष्ठता, विभूति, फलादिक है सो इस ॐकार का उपव्याख्यान है ॥ अब इस ॐकारकी सर्वोत्तमता को श्रवण करो, हे सौम्य " एषां भूतानां पृथिवी रसः " इन सर्व चराचर भूतोंका पृथिवीरस (गति, परायण, अवष्टंभ) है। अर्थात् गति कहिये उत्पत्ति का कारण है, अरु परायण कहिये सर्व चराचर भूतोंकी स्थिति का हेतुहै, अरु अवष्टंभ कहिये प्रलयमें निदान है। यह गति, परायण,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अरु अवष्टंभ,इनतीनोंपदोंका भेद है॥ ऐसी जो सर्वचराचरभूतों का,रस, पृथिवी तिसका जलरस है "अप्सु ह्योताच प्रोताच" यह बृहदारण्यके पंचमाध्याय की श्रुति है। इस, रस, शब्दका अर्थ कारणता अरु सार भूतता बिषे जानना। तिस जल का ओषधी रस है। शंका, ओषधी को जलके कारणत्व का अभाव होनेसे उसको जलका रसत्व कैसेहै। तहां समाधान कहते हैं, ओषधी जलका परिणाम सार है, एतदर्थ उसको जलका रस कहते हैं। अरु ओषधी का रस (सार) पुरुष 'कहिये शरीर, है क्योंकि यह शरीर अन्नरूप ओषधी का परिणाम (सार) है ताते। अर्थात् "एषां भूतानां" यहां से लेके "आपोरसः" यहां पर्यन्त रस शब्द का अर्थ कारण (आश्रय) परत्वजानना, अरु इससे आगे रसशब्द का अर्थ सार परत्व हैऐसे जानना।॥ अरु शरीररूप पुरुषका रस वाणी है, क्योंकि शरीरके अवयवों में वाणी सारीष्ट है ताते, अरु वाणीकोही लोकबिषे सरस रसना रसवती,इत्यादि विशेषणों से कहते हैं। अरु तिस वाणीका रस, कहिये सार, ऋचाहै। अरु तिस ऋचाओंका सामरसतर है 'अर्थात् सारहै। अरु तिस ऋचाओं के सारतर साम का उद्गीथ ,ॐकार, सारतर है। इस प्रकार यह उद्गीताख्य ॐकारचराचर भूतोंका उत्तरोत्तर रसों का अतिशय करके रसतर है। अर्थात् जैसे इक्षु रसका सार गुड़ वा राब है, तिसका सार शक्कर है, तिसका सार खांड है, तिसका सार बूरा है, तिसका सारतर कंद वा मिसरी है, तैसे।॥ अरु परमात्मा का प्रतीक होने से इस ॐकारको पराद्धर्य कहते, हैं अर्थात् परमात्माकी उपासना का स्थान होनेसे यह वर्णात्मक ॐकार अक्षर परमात्मावत् मुमुक्षुओं करके उपास्य है। इत्यभिप्रायः॥ अरु पृथिव्यादि रसों की संख्या से यह अष्टम है, अतएव इसको अष्टम कहा है। अर्थात् भूतोंका रस पृथिवी १, पृथिवीका जल २, जलका ओषधी ३, ओषधीका शरीर ४, शरीरका वाणी ५, वाणीका ऋचा ६,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्रयो धर्म्मस्कन्धा यज्ञोऽध्ययनं दानमिति प्रथम स्तपएव द्वितीयो ब्रह्मचार्य्याचार्य्यकुलवासी। तृतीयो ऽत्यन्तमात्मानमाचार्य्यकुले ऽवसादन्सर्व एतेपुण्यलोका भवंति ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति इति ॥

ऋचाका साम७, सामका उद्गीथ ॐकार८, । इसप्रकार पृथिव्यादि उत्तरोत्तर रसोंका अष्टम रस होनेसे ॐकारको "रसतमः" सर्वोत्कृष्ट रसतर कहाहै ॥—॥ हेसौम्य अब इसछान्दोग्य उपनिषद् के द्वितीय प्रपाठकके षष्ठ खंड बिषे प्रणवको अमृतत्व (मोक्ष) प्राप्ति का साधन कहा है, तहां तिसकी विधि के अर्थ प्रथम "त्रयोधर्मस्कंधा" धर्म के तीनस्कन्ध (भेद) कहे हैं, तहां "यज्ञोऽध्ययनं दानमिति, प्रथम" अग्निहोत्रादि कर्म्म करना, अरु नियम से ऋगादि वेदों का अध्ययन करना, अरु भिक्षुक याचकको दानदेना, यह धर्म्मका प्रथम स्कन्ध है, सो मुख्यकरके गृहस्थका धर्म्महै। यहांजो प्रथमाश्रमी ब्रह्मचारी के धर्म्मको त्यागके गृहस्थके धर्म्मको प्रथमकहाहै सो वानप्रस्थ की अपेक्षासे वा आर्षछान्दस प्रयोगसे क्रमव्यत्ययसे वा गृहस्थ को अन्यतीनोंका रक्षक पोषक होनेसे कहा जानना। अरु "तप एव द्वितीयो" कृच्छ्रचान्द्रायणादि व्रतरूप तप, धर्म्मका द्वितीय स्कंधहै, सो वानप्रस्थका धर्म्म जानना। यहां जो वानप्रस्थके धर्म्मको जो तृतीयहै, द्वितीयकरके कहाहैसो गृहस्थके प्रथमकी अपेक्षासे जानना। अरु "ब्रह्मचार्य्याचार्य्यकुलवासी तृतीयोऽत्यन्तमात्मानमाचार्य्यकुलेऽवसादन्" आचार्य्यकुल में वास करनेका शील, कहिये स्वभाव, है जिसका, ऐसा आचार्य्य कुलवासी ब्रह्मचारी, अर्थात् केवल वेदाध्ययनकरनेमात्रही आचार्य कुलमें वासनकरके आजन्मपर्यन्त ब्रह्मचर्यपूर्वक गुरुकुलमें वास करके वहांही देहत्यागकरना, इस नैष्ठिक ब्रह्मचर्यके लखावने के अर्थ "अत्यन्त" यहपद दियाहै। अर्थात् विधिपूर्वक जो नैष्ठिक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ब्रह्मचर्य्यहै सो धर्म्मका तृतीय स्कंधहै। इस उक्तप्रकार के धर्म्मवान् ,ब्रह्मचारी, गृहस्थ, बानप्रस्थ, यहतीनोंअपने अपने धर्म्माचरणके प्रभावसे स्वर्गादि पुण्यलोकको प्राप्तहोतेहैं, अतएव इन तीनोंको "पुण्यलोका" इस विशेषणसे कहाहै ॥ अरु इनतीनों की अपेक्षासे जो चतुर्थ संन्यासीहै सो "ब्रह्मसंस्थो ऽमृतत्व मेति" ब्रह्मजो ॐकार तिसकी उपासनामें स्थितहोने से तिस उपासनाके प्रभावकरके अमृतत्व(मोक्ष)को प्राप्तहोताहै। अर्थात् यहां जो केवल संन्यासीको ही प्रणवोपासना कहा है तिसका हेतु यह जानना कि सामान्य रीतिसेतो चारोंही आश्रमके पुरुष प्रणवोपासनाके अधिकारी हैं परन्तु संन्यासीको अन्य अग्निहोत्रादि कर्म्मोंके त्यागपूर्वक शमदमादि करतसन्ते केवल प्रणवोपासनाका अधिकारहै, ताते उसको प्रणवोपासनाका अधिकार विशेष होनेसे उसको "ब्रह्मसंस्थो" यह विशेषण दियाहै। अरु पूर्वोक्तप्रकार ॐकारकेलक्ष्य परमात्माकी ॐकाररूप आलम्बन से उपासना करनेवाला अमरणभाव (मोक्ष) को प्राप्तहोता है, अतएव कहाहै कि "ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति" प्रणवोपासक मोक्षको प्राप्तहोताहै ॥ इति ॥

इति सामवेदीय छान्दोग्य उपनिषद्सम्बन्धी
प्रणवोपासनविचार समाप्तम् ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ यजुर्वेदीय बृहदारण्यक उपनिषद् सम्बन्धी प्रणवोपासन विचार प्रारभ्यते ॥

ॐ३ खं ब्रह्म ।

खंपुराणं वायुरं खमिति ह स्मा ह कौरव्यायणीपुत्रो वेदोऽयं ब्राह्मणा विदुर्वेदेनेन यद्वेदितव्यम् ॥ इति ॥

हे सौम्य, अब यजुर्वेदीय बृहदारण्यक उपनिषद् के सप्तमाध्याय सम्बन्धी प्रणवोपासनविचार संक्षेपमात्र कहताहौं सो श्रवणकरो यहां जो "ॐ३ खं ब्रह्म" यह ब्राह्मणभागका मन्त्र है। तिसमें ॐकारका वाच्य जो ब्रह्म तिसका खं विशेषण है। अर्थात् निराकार सर्वव्यापी परिपूर्ण एकरस ब्रह्महै सो विशेष्य है, अरु तैसा होनेसे, खं, उसका विशेषण है। अरु विशेष्य विशेषणका समानाधिकरण होनेसे इसका, नीलकमलवत्, "खं ब्रह्म" ऐसा निर्देश (उपदेश) है। अरु ब्रह्मशब्द विशेषकरके बृहत् (बडे) का बोधकहै, अतएव उसको आकाशका विशेषण देके, खं ब्रह्म, कहा है। जो सो खं विशेषणवाला ब्रह्म है सो, ॐ, शब्दका वाच्य होनेसे 'ॐ' यह शब्दरूप है, अरु उक्तप्रकारके विशेष्य विशेषणकरके अरु वाच्य वाचकता करके उभयथा भी उसका सामानाधिकरण अविरुद्ध है, अतएव ब्रह्मोपासन साधनेके अर्थ, ॐ, यहशब्द युक्तहीहै। अरु श्रुत्यन्तरमें भी कहा है। तथाच "एतदालम्बनंश्रेष्ठमेतदालम्बनम्परम्" "परमोसि त्वात्मानं युंजीत" "ॐमित्येवं ध्यायथ आत्मानमित्यादि" अरु ॐकारका अन्यार्थ असंभवहै, जैसे अन्यत्र "ॐमिति शंसत्योमित्युद्गायतीति" कहाहै सो, स्वाध्यायके आरम्भ अपवर्गके बिषे ॐकारका प्रयोग विनयोग होनेसे कहाहै नतु तहां अर्थान्तरकेहेतु एतदर्थ ध्यान साधनत्वकरके ॐकारका उपदेश है। अरु यद्यपि ब्रह्म, आत्मा, इत्यादिक जो शब्दहै सो ब्रह्मवस्तु के

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वाचकनामहै, तथापि श्रुतियोंके प्रमाणसे ब्रह्मका उपदेश ॐकार करकेही है, अतएव ब्रह्मप्राप्तिकी इच्छावालेको ब्रह्मप्राप्तिके अर्थ ॐकार सर्व्वोत्तम साधनहै। अरु यहां जो ॐकार ब्रह्मका ,खं, आकाश विशेषण है तिसकरके भूताकाशको न ग्रहणकरके ॐकारके लक्ष्य चिदाकाश (चैतन्याकाश) का ग्रहणहै, सो कैसा है, पुराण कहिये चिरन्तन है। अर्थात् उत्पत्त्यादि रहित अनादि है। अरु उसको "सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं नित्यम्" "सूक्ष्माच्च तत्सूक्ष्मतरं विभाति" इत्यादि प्रमाणकरके पृथिव्यादि भूतोंसे आकाश सूक्ष्महै अरु आकाशसे सर्वशक्तिकी समष्टतारूप अव्याकृतनाम आकाश ,जो चिदाकाशरूप अक्षरबिषे ओतप्रोत है, सूक्ष्महै। अरु तिससे सूक्ष्म ॐकारका लक्ष्य चैतन्याकाश परम सूक्ष्महै, अतएव उसको सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म कहते हैं। ताते उस महासूक्ष्म अक्षर आत्मा ब्रह्मको आलम्बनविना जाननेको कोई भी शक्यनहीं, अतएव जैसे लोक विष्णुआदिक देवताके आकारसे अंकित पाषाणादिकोंबिषे विष्णु आदिकोंकी भावना करते हैं, तैसेही श्रद्धाभक्ति भाव विशेषकरके परब्रह्मका प्रतीक जो ॐकार अपरब्रह्म तिसबिषे परब्रह्मकी भावनाकर उपासना करनी। अरु "वायुरं खमिति" ,वायुरं, कहिये जिस आकाशविषे वायु विद्यमानहोय तिस आकाशको ,वायुरं, कहते हैं। अर्थात् वायु कहिये सूत्रआत्मा समस्त जगत्को ,जैसे सूत्रमें मालाके मणके तैसे, अपनेबिषे धारके जिस परमाकाशबिषे स्थितहै तिस चैतन्याकाश प्रणवके लक्ष्यको ,वायुरं, कहते हैं, ,सो कौन जानता है, कौरव्यायणीका पुत्र जानता है, अतएव ,खं, इस शब्दका अर्थ यहां चैतन्याकाशही युक्त है, ऐसा मानते हैं। तात्पर्य यहहै कि ,खं, शब्दकरके निरुपाधि ब्रह्म, अरु ,वायुरं, इसकरके सोपाधिब्रह्म, सो उभयप्रकारके ब्रह्मका बोधक ॐकारही है ,क्योंकि परब्रह्मका प्रतीकहोनेसे, प्रतिमावत् साधनरूपसे प्रतिपाद्य है। तथाच "एतद्वैसत्यकामपरञ्चापरञ्चब्रह्मयदों-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कारइति " अरु यह ॐकार वेद है, जो जानने योग्य वस्तु है सो जिसकरके जानीजाय तिसका नाम वेद है, सो मुमुक्षुओंकरके अज्ञानावस्थामें जानने योग्य ज्ञेयरूप जो परब्रह्म आत्मा सो दुर्विज्ञेय होनेसे ॐकाररूप आलम्बनद्वाराही जानाजाताहै, अरु ऋगादि वेदोंका बीज (कारण) होनेसे ॐकारही वेद है ' जैसे नामकरके नामी जानाजाता है तैसे, ताते ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मण' यह ॐकारही वेदहै, इसप्रकार जानते मानते हैं ॥

इति यजुर्वेदीयबृहदारण्यउपनिषद्सम्बन्धीप्रणवोपासन विचारसमाप्तम् ॥

हे सौम्य, इन ईशादि सर्व उपनिषद् करके प्रतिपाद्य ॐकारोपासन कहने का अभिप्राय यह है कि मुमुक्षुको ब्रह्मभावरूप मोक्षकी प्राप्तिके अर्थ त्रिमात्रिक प्रणवोपासनारूप आलम्बन सर्वोत्तमहै "नातःपरमस्ति " इससे उत्तम और आलम्बन कोई नहीं। अरु विष्णुआदिकोंकी प्रतिमावत् यह ॐकार परमात्मा की प्रतिमास्मारक (स्मृतिकरावनेवाला)है। अरु यही उसअनामी परमात्माका मुख्य नामहै, अतएव इसको परमात्मप्राप्ति में मुख्य आलम्बन जानके मुमुक्षुओंकरके इस ॐकारकी उपासना अवश्य कर्त्तव्यहै ॥

इतिश्रीईशादिसर्वउपनिषद्सम्बन्धीप्रणवोपासन विचारसंक्षेपतःसमाप्तम् ॥

अथ हिरण्यगर्भादिसप्तसिद्धान्तसम्बन्धीप्रणवोपासनविचार ॥

हेसौम्य समस्त शास्त्रोंके सात सिद्धान्त हैं, तहांप्रथम हिरण्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गर्भ (ब्रह्माजी)का सिद्धान्त१। द्वितीय सांख्यशास्त्रके कर्त्ता कपिलदेवका सिद्धान्त२। तृतीय कर्मवादी अपान्तरतम मुनिकासिद्धान्त३। चतुर्थ सनत्कुमारोंका सिद्धान्त४। पञ्चम ब्रह्मनिष्ठोंका सिद्धान्त५। षष्ठ पशुपति शिवजीका सिद्धान्त६। सप्तमपंचरात्र विष्णुजीका सिद्धान्त७॥ इसप्रकार सात सिद्धान्त हैं तहां सातों सिद्धान्तकारोंने तीनमात्राके तीनतीन भेदसे एक ॐकारके नवनव भेदसे उपासनाकिया अरु कहाहै, अतएव सातों सिद्धान्तकरके एक ॐकारकी मात्राके ६३ भेदहुयेहैं। अबइनप्रत्येकसिद्धान्तकारों करके कहेजे ॐकारकी मात्राकेभेद सोभीतुम्हारेप्रति कहताहौं तिसकोभी श्रवणकरो॥

१प्रथम हिरण्यगर्भका सिद्धान्त॥

हेसौम्य, हिरण्यगर्भ सिद्धान्तके मतवादी पुरुष ऐसा कहतेहैं किजिस जिज्ञासुको परमात्मयोग (परमात्मा जीवात्माकाअभेद) पावनेकी इच्छाहोयसो ॐकारकी इसप्रकार उपासनाकरे किजो परमात्माकावाच्य ॐकार त्रिमात्रिकरूपहै सो तीनमात्रारूप है, तीन ब्रह्मरूपहै, तीन अक्षररूपहै, ऐसा जानके जो ॐकारकीउपासना करताहैसो परमपदको प्राप्तहोताहै, अब इसका बिस्तार श्रवणकरो। अग्नि,वायु, सूर्य्य, यह तीन ॐकारकी मात्राहैं।अरु ऋग्, यजु, साम, यह तीन वेद ॐकारके ब्रह्महैं। अरु 'अकार' उकार,मकार,यह तीन ॐकारकेवर्णात्मक अक्षरहैं। इसप्रकारका है स्वरूप जिसका ऐसाजो ॐकारहै सो परमपदहै। अर्थात्उक्त प्रकारका ॐकार परब्रह्मका प्रतीकहोनेसे इसको परमपद कहते हैं क्योंकि इसकी उपासनासे मुमुक्षुओंको परमपद (ब्रह्मपद) की प्राप्ति होती है, ताते इसको परमपद कहते हैं। अरु यही ॐकार परब्रह्म प्राप्तिका मुख्य आलम्बन होनेसे मुमुक्षुकी परमगतिहै "गतिरत्रनास्ति" यहां इस मोक्षमार्गविषे इस ॐकारोपासनसे इतर गति (आश्रय) अन्य कोई नहीं। इसप्रकार शास्त्रतः वा गुरुतः सम्यक्प्रकार जानके जो ॐकार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

की उपासना करते हैं सो मोक्षको प्राप्त होतेहैं वो पुनः जन्म मरणको प्राप्तहोते नहीं । प्रथम जो , अग्नि, वायु, सूर्य्य, यह तीन मात्रा कही हैं तिनका व्यष्टिमें इसप्रकार विचारहै कि, जीव, ईश्वर, आत्मा, यह तीन मात्रारूप जानने, तहां , सर्व अन्न का भोक्ता वैश्वानररूपसे सर्व देहोंमें स्थित है सो जीवहै , भोक्ता होनेसे, अरु प्राणरूप सूत्रात्मा हिरण्यगर्भ सर्व देहमें व्याप्त ईश्वर है, सर्व संघातको धारणकर्त्ता सर्व में ज्येष्ठ श्रेष्ठहोनेसे। अरु , सूर्य्य, साक्षी आत्माहै, सर्व का प्रकाशक सर्व से असंग सर्व का द्रष्टाहोनेसे । अरु , ऋग् , यजु, साम इन तीनोंके कहनेसे शब्द ब्रह्मको जानना, क्योंकि सर्व शब्दोंका बीजरूप ॐकार है । अरु , अकार, उकार, मकार, यह तीन वर्णात्मक अक्षर कहे हैं, तिनकरके जाग्रत् स्वप्न, सुषुप्ति, यह तीन अवस्था रूप कार्य्य कारणात्मक प्रपंच जानना, क्योंकि मांडूक्योपनिषद् बिषे जाग्रदादि अवस्थारूप पादोंकी अकारादि मात्राके साथ एकता कही है । अतएव प्रथमकही जो मात्रा तिसको जाग्रत् स्थानादिरूप प्रथमपाद अकारमात्रा रूप जानना, अरु शब्दब्रह्मको सूक्ष्महोनेसे सूक्ष्म स्वप्नावस्थादि स्थानरूपको उकारमात्रारूप जानना, अरु सर्व के साक्षी आत्माको सर्व का कारण होनेसे उसको सर्व का कारण सुषुप्तिअवस्था प्राज्ञाभिमानीरूप मकार मात्रारूप जानना। इसप्रकार व्यष्टि समष्टिकी एकताकर पुनः तिसकी मकारादि मात्रासाथ ऐकता विचारके इन सर्व को ॐकाररूप जानके जो मुमुक्षु परब्रह्मके प्रतीक त्रिमात्रिक ॐकारकी उपासना करता है सो पुरुष ॐकारके लक्ष्यरूप परब्रह्मरूप परमपदको प्राप्त होताहै पुनः वो संसारबिषे आवते नहीं । इसप्रकार हिरण्यगर्भ सिद्धान्तके मतवादी प्रणवोपासन मानते करते कहते हैं ॥ इति प्रथम हिरण्यगर्भ सिद्धांत १ ॥

अथ द्वितीय कपिलदेव सिद्धान्त २ ॥

हे सौम्य, सांख्यशास्त्रके कर्त्ता कपिलदेवजी के सिद्धान्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बिषे इसप्रकार कहाहै कि, जब मुमुक्षु पुरुष , तीन ज्ञान, तीन गुण, तीन कारण इन नौ भेदवाले एक ॐकारको जाने तब मोक्षको प्राप्त होवे। अब इनका भेदार्थ श्रवणकरो, तीनप्रकार का जो ज्ञान कहाहै सो इसप्रकार है कि एक व्यक्त ज्ञानहै, दूसरा अव्यक्त ज्ञानहै, तीसरा ज्ञेय ज्ञानहै, । तहां , आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी, पंचमहाभूत, अरु इनका कार्य घट पट देहादि प्रपंच है सो सर्व व्यक्तरूप आगमापायि अनित्यहै कधी इनका भावहोता है कधी अभावहोता है। ताते यह सत्य न होयके असत्यही है। इनका जो यथार्थज्ञान है सो प्रथम व्यक्त ज्ञानहै। अरु इनका जो कारण , शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध, यह पांच तन्मात्रा, अहंकार, महत्तत्त्व, अरु प्रकृति, यह आठों अव्यक्तरूप हैं, ताते जो इनका यथार्थ ज्ञानहै सो अव्यक्त ज्ञानहै। अरु ज्ञेय , कहिये जाननेयोग्य अर्थात् मुमुक्षुको अज्ञानपर्यन्त जानने योग्य अरु ज्ञानहुये अपना आप ज्ञानरूप। ऐसा जो चैतन्य आत्मा पुरुष तिसका जो यथार्थ ज्ञान सो ज्ञेयज्ञानहै। इसप्रकार व्यक्त अव्यक्त अरु ज्ञेय, इन तीनोंका जो जानना है सोई तीनप्रकारका ज्ञान है। हे सौम्य अब इन सर्वको जिसप्रकार जाननाहै सो भी श्रवण करो, जो मूल प्रकृति है सो अव्यक्तरूप है अरु सूक्ष्म स्थूल सर्वका कारणहै, वो कार्य्य किसीका भी नहीं। अरु महत्तत्त्व अहंकार अरु पंचतन्मात्रा, यह सात कारणरूप भी हैं अरु कार्य्यरूप भी है, तहां कार्य्यतो प्रकृतिकेहैं अरु कारण , पंच महाभूत दश इन्द्रिय अरु एक मन इन, षोडश पदार्थोंके हैं, अतएव इनको प्रकृति विकृति भी कहतेहैं, अरु उक्त षोडश पदार्थ केवल कार्यरूपही हैं वो कारण किसीके भी नहीं ताते उनको केवल विकृति रूपही कहतेहैं। अरु पुरुष जो चैतन्यहै सो न तो किसीका कारणहै न किसीका कार्य्यहै केवल स्वयंज्योति सर्वका साक्षी निराकार निर्विकार कूटस्थ है। अर्थात् व्यक्तजो स्थूल प्रपंचहै सो केवल कार्यरूप है, अरु महत्तत्त्व अहंकार अरु पंचतन्मात्रा यह सात

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उक्त प्रकार कारणरूप भी हैं अरु कार्य्यरूप भी हैं, अरु अव्यक्त प्रकृति जिसको प्रधानभी कहतेहैं सो केवल कारणरूपहीहै, अरु पुरुष ज्ञानरूपहै । इन सर्वको यथार्थ जानना तिसका नाम तीनप्रकारका ज्ञान है । अरु सत्त्व, रज, तम, यह तीनगुणहैं; तहां सत्त्वगुणसे ज्ञान अरु दैवी सम्पदा होतेहैं, रजोगुणसे काम रागादि होतेहैं, तमोगुणसे प्रमाद आलस्य निद्रा क्रोध हिंसादि आसुरी सम्पदा होतेहैं । अरु पुनः सत्त्वगुणसे देवतादिक होतेहैं, रजोगुणसे मनुष्यादि होतेहैं, तमोगुणसे पशु वृक्षादि होतेहैं । पुनः सत्त्वगुणसे स्वर्गादि उत्तमलोक होतेहैं, रजोगुणसे मनुष्य लोकादि मध्यम लोकहोते हैं , अरु तमोगुणसे नरकादि अधम लोक होतेहैं, इसप्रकार त्रिगुणात्मक सर्व कार्य्य जानना । यह तीन ॐकारके गुणहैं ॥ अरु तीन कारणहैं तहां एक, मन, द्वितीयबुद्धि, तृतीय अहंकार, इसही तीनकरके सर्व प्रवृत्तिहोतीहै अतएव यह तीनों कारणहैं ॥ हेसौम्य यह सर्व कथनसे यह जानना, जो ॐकारका लक्ष्य परब्रह्महै सोई अव्यक्तरूपहै अरुसोई व्यक्तरूप है अरु सोई पुरुष ज्ञेयरूपहै । ताते कारणरूप भी वोहीहै अरु कार्य्यरूप भी वोहीहै अरु साक्षीरूप भी वोहीहै, ताते सर्व ॐकाररूपही है । अरु ॐकार बिषे जो दो मात्राहै अकार अरु उकार तिसको कार्य्य कारणात्मक प्रकृतिरूप जानना अरु यह व्यंजन जो मकारहै जिसको अनुस्वार कहतेहैं सो चैतन्य पुरुषरूप है । अरु ॐकार तीनमात्राकरके त्रिगुणरूप है एतदर्थ समस्त प्रपंच त्रिगुणात्मक ॐकारही है, अरु व्यंजनरूप निर्गुण परम पुरुषहै ताते सर्व ॐकारही है । अरु इस ॐकारका वाच्य प्रकृत्यात्मक प्रपंचहै । अरु इसका लक्ष्य सर्वका साक्षी प्रकाशक अधिष्ठान सच्चिदानन्द आत्माहै । ताते जो पुरुष उक्त प्रकार जानके परब्रह्मके वाचक प्रतीक ॐकारकी उपासना करताहै सो तिस उपासनरूप आलम्बन करके परमपदको प्राप्त होताहै॥ हे सौम्य पूर्व जो, व्यक्तज्ञान, अव्यक्तज्ञान, अरु ज्ञेयज्ञान

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यह तीन प्रकारका ज्ञान, अरु सत्त्व रज तम, यह तीनगुण, अरु मन बुद्धि अहंकार, यह तीन कारणकहे हैं। तहां स्थूलव्यक्त प्रपंचसहित व्यक्तज्ञान, अरु सत्त्वगुण अरु मन कारण, इस सर्व का समुच्चय जाग्रदवस्थारूप प्रथम पादको अकाररूप प्रथम मात्रा साथ एककरे, पुनः अव्यक्त प्रपंचसहित अव्यक्तज्ञान अरु बुद्धिकारण अरु रजोगुण इन सर्वका समुच्चयरूप स्वप्नावस्था को, क्योंकि स्वप्नका प्रपंच सूक्ष्महोनेसेअव्यक्तहै, अरु तिसका रजोगुणहै बुद्धि तिसका करताहै, तातेअव्यक्त प्रपंचसहित अव्यक्तज्ञान रजोगुण अरु बुद्धिकारण, इन तीनोंके संघातरूप स्वप्नावस्था द्वितीय पादको दूसरी उकारमात्रा साथएककरे, अर्थात् सूक्ष्मप्रपंचको उकार मात्रारूप जाने, अरु ज्ञेयज्ञान, तमोगुण, अरु अहंकार कारण, इनतीनोंकासंघातरूप सुषुप्त्यवस्थारूपपादको तीसरी मकारमात्रा साथ एककरे। इसकारण तीनों पादोंको विभागसे विचारके मात्राओंकेसाथ एककरके एक परब्रह्म सर्वाधिष्ठान अक्षर परमात्मा का प्रतीक जो ॐकार तिसकी उपासनाकरे तब तिस उपासन विचाररूप आलम्बनके प्रभावसे उपासकमुमुक्षु ॐ कारके लक्ष्य सर्वकेअधिष्ठान आश्रयअक्षर परमात्म रूप परमपदको प्राप्तहोताहै॥ इति द्वितीयकपिलदेवसिद्धान्त २॥

अथ तृतीय अपान्तरतममुनि सिद्धान्त ३॥

हेसौम्य, अपान्तरतम मुनि कहतेहैं कि जो जिज्ञासु पुरुषॐकार ब्रह्मको, त्रिमुख, तीन देवता, तीन प्रयोजन, इन नव नाम रूपकरके सुशोभितहै, यथार्थ जानके, तिसकी सम्यक्प्रकार उपासना करता है सो परमपदको प्राप्तहोता है॥ अब इसका अर्थ सुनो। तीन जो अग्नि हैं सोई तीन मुख हैं, तहां एक गार्हपत्य नाम अग्निहै, दूसरा दक्षिणाग्निहै, अरु तीसरा आहवनीय नाम अग्निहै। तहां गृहस्थाश्रमका जो महानस (रसोईके स्थान) विषे जो अग्निहै कि जिसकरके पाक सिद्धहोताहै, तिस अग्निको गार्ह्य-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पत्य नामसे कहते हैं। अरु जिस अग्निबिषे अग्निहोत्र होता है तिसको दक्षिणाऽग्नि कहतेहैं। अबइसका भेदसुनो जिसदिनइन ब्राह्मणादि वर्णत्रयीके पुरुषोंका यज्ञोपवीत संस्कार होताहै उस दिवस जो वेदोक्त मंत्रोंसे अग्निस्थापित होताहै तिसका नाम दक्षिणाऽग्निहै, तिसबिषे प्रातःकाल अरु सायंकाल दोनों कालों बिषे वेदोक्त मंत्रोंसे नित्य आहुतिदेना, इसप्रकार अग्निहोत्रहोता है तिसको वा जिसबिषे वशीकरणादि प्रयोगार्थ हवनहोताहै तिसको दक्षिणाऽग्नि नामसे कहतेहैं, अरु जिस अग्निबिषे यज्ञादि होतेहैं अरु जिसकी आराधनासे सर्व मनोरथ सिद्ध होते हैं तिस अग्निको आहवनीय नामसे कहते हैं। इसप्रकार जो उक्त तीन अग्निहैं तिसको त्रिमुख कहतेहैं। अरु ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, यह तीन देवताहैं। अरु धर्म्म अर्थ काम, यहतीन प्रयोजनहैं॥ अब पुनः श्रवणकरो तीनजो अग्नि कही हैं सो जगत्के उत्पत्ति पालनसंहारका हेतु (कारण) है, तहां "यज्ञाद्भवतिपर्ज्जन्यो" इत्यादि प्रमाणसे आहवनीय अग्निमें यज्ञाहुतिद्वारा मेघ होतेहैं मेघोंद्वारा वर्षाहोती है वर्षाद्वारा अन्नहोताहै अन्नद्वारा प्रजाहोती है, तातेआहवनीय नामवाला अग्नि जगदुत्पत्तिका कारण है। अरु गार्हपत्याग्निजो (पाकशाला)का अग्निहै सो अन्तर बाह्यका अन्न परिपक्व करताहै, ताते सो जगत्के पालन (स्थिति)का हेतुहै। अरु जो अग्निहोत्रका अग्नि है तिस बिषे अग्निहोत्रकर्त्ता यजमानके शरीरपातोत्तर उसके शरीरकादाहहोताहै, ताते दक्षिणाऽग्नि जगत्के संहारका कारणहै, अतएव उक्तप्रकारके तीनों अग्नि उक्त प्रकार जगत्के उत्पत्ति पालन संहारका कारणहै। अरु यहसर्व जगत्के निर्बाहक ईश्वरहैं, एतदर्थ इनको त्रिमुखकरके कहतेहैं॥ अरु ब्रह्मा विष्णु रुद्र, यहजो तीन देवताहैं सोभी जगत्की उत्पत्तिपालन संहारका हेतु हैं, तहां ब्रह्मा जगत्को उत्पन्न करता है, अरु विष्णु जगत्का पालनकरताहै, अरुरुद्र जगत्का संहारकरताहै, ताते उक्त तीनों देवताभी जगत्की उत्पत्ति स्थिति संहार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

का कारण होनेसे जगत्के निर्वाहक ईश्वरहैं। अरुधर्म अर्थ काम यह जो तीन प्रयोजनहैं सोभी जगत्के प्रवर्त्तक हेतुहैं, तातेसर्व्व जगत् ॐकारका वाच्यहोनेसे ॐकाररूपहै अरु जगत्का वाचक ॐकारही नामनामीकी एकतासे जगत्रूपसेसुशोभितहै अरु ॐ-कारही जीवईश्वर ब्रह्मरूपहै, अर्थात् ॐकारकालक्ष्य प्रत्यगात्मा अकारमात्रा स्थूल प्रपंच जाग्रदवस्थारूप उपाधिका अभिमानी हुआ विश्व जीवरूपहै, अरु उकारमात्रा सूक्ष्मप्रपंच स्वप्नावस्था रूप उपाधि साथमिल तिसका अभिमानीहुआ तैजस स्वप्नका कल्पक ईश्वरहै, अरु मकारमात्रा जाग्रत् स्वप्न स्थूल सूक्ष्म, का कारण सुषुप्त्यवस्थाका अभिमानी मायाविशिष्ट सर्वका कारण होनेसेब्रह्म है, अतएव जीव ईश्वरब्रह्म, यह तीनोंरूपसे सो-पाधि हुआ ॐकार का लक्ष्य प्रत्यगात्माही सुशोभित है। इसप्रकार यथार्थ जानके जो ॐकारोपासना करते हैं सो मोक्ष को प्राप्तहोते हैं। इसप्रकार अपान्तर मुनि कहते हैं॥ हे सौम्य अब इसका विचार श्रवणकरो, यहां जो तीन अग्नि, तीन देवता, तीन प्रयोजन, कहे हैं तहां जगदुत्पत्तिका कारण जे आहवनीय अग्नि अरु ब्रह्मादेवता अरु धर्म्म, इनतीनों को जाग्रदवस्था स्थूलभोग विश्वाभिमानी, इसस्थूल प्रथम पाद साथ अभेदकर पश्चात् उस प्रथमपादको अकार मात्रासाथ एकविचार उस को अकार मात्रारूप जानें। अरु दूसरा जो जगत् की स्थितिका हेतु जो गार्हपत्य अग्नि, विष्णुदेवता, अरु अर्थ, इनतीनोंको स्वप्ना-वस्था सूक्ष्मभोग तैजसाभिमानी, इस सूक्ष्म द्वितीय पाद साथ एक कर पश्चात् उस द्वितीय पादको द्वितीय उकार मात्रासाथ अभेदकर उसको उकारमात्रा रूप जाने अरु तृतीय जो दक्षिणा-ऽग्नि, रुद्रदेवता, अरु काम, इनतीनों को सुषुप्त्यवस्था आनन्द भोग अरु प्राज्ञाभिमानी, इसकारण तृतीयपाद साथ अभेद विचार पुनः तिस तृतीयपाद को तृतीय मकार मात्रासाथ एक कर तिसको मकार मात्रारूप जाने॥ इसप्रकार उक्त तीनोंअग्नि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

देवता प्रयोजनको विभाग से अकारादि तीनों मात्रा साथ एक कर प्रपंच रूपनामी अरु ॐकार नाम इनको अभेद जानके जो ॐकारकी उपासनाकरता है, अर्थात् ॐकारके जप अरु पादोंके भेद विचार उपासनरूप आलम्बनकरके जो तिसके अधिष्ठान अक्षरचैतन्य आत्माको सम्यक् प्रकार जानता है सो उपासक परमपदको प्राप्तहोताहै॥इति अपान्तरतम मुनिकासिद्धान्त३॥

अथ चतुर्थ सनत्कुमार सिद्धान्त ४॥

हे सौम्य,सनत्कुमार सिद्धान्तवाले पुरुष ॐकारकीउपासना इस प्रकार करते कहते हैं कि जोजिज्ञासु पुरुष, तीनकाल, तीनलिंग, तीनसंज्ञा, यहनवनाम रूपवाला जानके ॐकारकी उपासना करताहै, सोमोक्षको प्राप्तहोताहै। अब इसकाअर्थ भेद श्रवणकरो तीनकाल उसको कहते हैं, जो भूत,भविष्यत्,वर्त्तमानरूप कालहै। तहां भूतकाल उसको कहते हैं जो पूर्व व्यतीतहुआ, अरु वर्त्तमानकाल उसको कहते हैं जो वर्त्तमान है, अरु भविष्यत्काल उसको कहते हैं जो आगे आवना है, अब इसको पुनः श्रवण करो। हे सौम्य यह जो युग वर्त्तता है तिसके पूर्व्व जो युग व्यतीत हुआ सो भूतकाल कहिये है, अरु जो युग अब वर्त्तमान है सो वर्त्तमानकाल है अरु जो युग आगे आवना है सो भविष्यत्काल है। इसही प्रकार इस वर्त्तमान युग के आवान्तर जो वर्ष व्यतीत हुये सो भूतकाल है, अरु जो वर्ष वर्त्तता है सो वर्त्तमानकाल है, अरु जो वर्ष अग्रिम आवना है सो भविष्यत्काल है, तैसेही एक वर्ष के आवान्तर जो मास व्यतीत हुये तिनको भूतकाल कहते हैं, अरु जो मास वर्त्तता है तिसको वर्त्तमानकाल कहते हैं, अरु जो मास अग्रिम आवने हैं तिनको भविष्यत्काल कहते हैं ऐसेही एक मासके आवान्तर जो दिवस व्यतीतहुये तिनकी भूतकाल संज्ञा है, अरु जो दिवस वर्त्तता है तिसकीवर्त्त-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मान संज्ञा है, अरु जो दिवस अग्रिम आवने हैं तिनकी भविष्यत्काल संज्ञा है। इसही प्रकार एक वर्त्तमान दिवसमें जो प्रहर व्यतीतहुआ तिसकी भूतकाल सञ्ज्ञा है, अरु जो प्रहर वर्त्तताहै तिसकी वर्त्तमान संज्ञा है, अरु जो प्रहर आगे आवनाहै तिसकी भविष्यत् संज्ञाहै। अरु तैसेही एकप्रहरके आवान्तर जो घड़ी व्यतीत हुई सो भूतकाल हुआ अरु जो घड़ी वर्त्तती है सोवर्त्तमान है अरु जो घड़ी आगे आगन्तुक (आवनेवाली) है तिसको भविष्यत् जानो। इसप्रकार परार्द्ध से लेके घड़ी निमेषकला काष्ठा परमाणु पर्यन्त यावत् कालावयवहैं सोसर्व पूर्वपूर्वके आवान्तर होतसन्ते भूत वर्त्तमान अरु भविष्यत् भावकरके युक्तही हैं। अरु सर्वनाम रूपात्मक पदार्थोंको अपने स्वभावसे अन्यथा करना यह कालका लक्षण है, जैसे आम्रका फल प्रथम अतिलघु अरु कसाइला होताहै पश्चात् कुछ बड़ा अरु खट्टाहोने लगताहै पुनः बड़ाहोके पूर्णखट्टाहोताहै पुनः शनैःशनैःमधुरहोता है पुनः उत्तर सड़के नष्ट होजाता है सो यह सर्वकाल का किया होता है, ताते यावत् नामरूप क्रियावान् वस्तु हैं तिनको एक रस न रहनेदेना यह कालका स्वरूप स्वभाव है, अरु जो विभाग रहित एकरस एककाल है सो किसी उपाधि की विशेषता सेही भूत वर्त्तमान अरु भविष्यत् सञ्ज्ञाको पाय परार्द्ध से परमाणु पर्यन्त अतिदीर्घ अरु अतिअल्प संज्ञाको पावता है। हे सौम्य इस कहने करके यह सिद्धहुआ कि एकही काल की उपाधिके संबंधसे तीन संज्ञाहुई हैं, तैसेही एकही ॐकार (परमात्मा) की मायारूप उपाधि करके अनेक नामरूप संज्ञाहुई हैं, परन्तु वास्तवकरके निरुपाधि अक्षर ॐकार एकही है। इस प्रकार त्रिकालको जानना। अरु, स्त्री, पुरुष, नपुंसक, यह तीन ॐकार के लिंग हैं, अर्थात् एक ॐकार अक्षर का विस्तार यावत् शब्द ब्रह्म है सो अरु शब्दों के अर्थ पदार्थ ये सर्व उक्त तीनों लिंगों बिषेही वर्तते हैं। अरु तीन जो संधी कही हैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तहां एक बहिर्सन्धी है, दूसरी सन्धसन्धी है, तीसरी क्रान्त सन्धी है, सो यह तीन सन्धी हैं, सो यह विश्व, तैजस, प्राज्ञ, रूपहैं। हे सौम्य इस कहनेसे यह जानना कि एक ॐकारही उक्तप्रकार तीन कालरूप, तीन लिंगरूप, अरु तीन सन्धीरूप से सुशोभित है ताते सर्व ॐकार रूपही है, तिससे इतर रंचकमात्र भी नहीं। इसप्रकार ॐकार को जानके जो मुमुक्षुपुरुष तिसकी उपासना करता है सो मोक्ष को प्राप्त होता है ॥ हे सौम्य अब इसकी मात्राओं का क्षेपक विचार भी श्रवणकरो। भूतकाल, स्त्रीलिंग, अरु बहिर्सन्धी, इन तीनोंकोजाग्रदवस्था स्थूलभोग, विश्वाभिमानी, इस प्रथम पादसाथ एककर पुनः उस प्रथम पाद को प्रथम अकारमात्रा साथ एक विचारे। पश्चात् वर्त्तमानकाल पुरुषलिंग, अरु सन्धसन्धी, इनतीनोंको स्वप्नावस्था, बिस्लभोग, तैजस अभिमानी, इस द्वितीयपाद साथ एककर पुनः उसद्वितीयपाद को द्वितीय उकारमात्रा साथ एकता विचारे। पुनः भविष्यत्काल नपुंसकलिंग, क्रान्तसन्धी, इनतीनों को सुषुप्त्यवस्था, आनन्द भोग, प्राज्ञाभिमानी, इस तृतीयपादसाथ एककर पुनः उस तृतीयपादको मकार मात्रा साथ अभेद विचारे, अरु पुनः विचारे कि यहउक्तसर्व ॐकारही है अरु इस ॐकारका आश्रयअधिष्ठान अक्षर परमात्माहै, अरु तिसअक्षर परमात्माका प्रतीक अरु वाचक यह त्रयात्मक ॐकारहै ताते इस परब्रह्मके प्रतीक ॐकारकी उपासनारूप आलम्बनसे उस सर्वाधिष्ठान परमात्म पदकी प्राप्तिहोती है, अरु यह प्रणवोपासना परमपदकी प्राप्तिमें सर्वोत्तम मुख्य आलम्बन है। इसप्रकार विचारके जो समाहितचित्त शमदमवान् हुआ इस ॐकारकी उपासना करता है, सो मुमुक्षुपुरुष मोक्ष को प्राप्त होता है ॥ इति चतुर्थ सनत्कुमार सिद्धान्तः ४ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ पंचम ब्रह्मनिष्ठ सिद्धान्तः ५ ॥

हे सौम्य ब्रह्मनिष्ठ सिद्धान्तवाले कहते हैं कि हम ॐकारको तीनस्थान रूप, तीन पदरूप, तीनप्रज्ञारूप, जानके उपासना करते हैं तहां, हृदय, कंठ, मूर्द्धा, यह तीन स्थान हैं, क्योंकि ॐकारउच्चारकरने से इन तीनों स्थानोंबिषे प्रकट होता है ताते यहतीन उसके स्थान हैं। अरु, जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, यह तीन इसके पाद हैं। अर्थात् इस संघात विशिष्ट आत्मारूप ॐकार के उक्त तीनोंपाद उक्त तीनों स्थानों बिषे क्रमशः वर्तते हैं, तहां मस्तक (नेत्र) बिषे जाग्रदवस्था, अरु कंठरूप स्थानबिषे स्वप्नावस्था, अरु हृदयरूप स्थानबिषे सुषुप्त्यवस्था, इस प्रकार उक्त तीनों स्थानों बिषे क्रमशः तीनोंपाद वर्त्तते हैं, अरु बहिःप्रज्ञा, अन्तः प्रज्ञा, अरु घनप्रज्ञा, यह तीन इसकी प्रज्ञा हैं। अर्थात् नेत्रस्थान जाग्रदवस्था बिषे बाह्यके घटपटादि पदार्थों को विषय करनेवाली जो प्रज्ञा (बुद्धि) तिसको बाह्यप्रज्ञा कहतेहैं। अरु कंठस्थान स्वप्नावस्था बिषे स्वप्नके पदार्थों को विषय करने वाली जो प्रज्ञा तिसको अन्तःप्रज्ञा कहते हैं। अरु हृदयस्थान सुषुप्त्यवस्थाबिषे सर्व विशेष प्रपंचके अभावसे कारण अविद्या बिषे लय हुई जो प्रज्ञा तिसको घनप्रज्ञा कहते हैं, अरु इन तीनों प्रकारकी प्रज्ञाके सम्बन्धसे तद्विशिष्ट चिदाभास को, बाह्यप्रज्ञ, अन्तःप्रज्ञ, घनप्रज्ञ, इसप्रकार तीनों प्रज्ञावाला कहते हैं। अरु "यद्भूतं भवद्भविष्यदिति सर्वं ॐकारएव" इत्यादि श्रुति प्रमाण से, जो कुछ होगया, अरु जो कुछहै, अरु जो कुछ होगा, सो सर्व ॐकारहीहै। अतएव तीनस्थान रूप भी अरु तीन पद रूप भी अरु तीन प्रज्ञारूप भी, एक ॐकारही है, अरु इसही करके इस ॐकारको सर्वव्यापी भी कहते हैं। अथवा बहिःप्रज्ञ जो विभुहै सो विश्वरूप है, अरु अन्तःप्रज्ञ तैजसरूप है, अरु घनप्रज्ञ प्राज्ञरूप है, ताते विश्व तैजस प्राज्ञ, इन तीन प्रकारहोय के सर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

देहोंबिषे एक ॐकारही स्थितहै। तहां बाह्यजो स्थूल वैश्वानर नाम प्रपंच है तिस बाह्यकाभोक्ता विश्व है। अरु अन्तर सूक्ष्म प्रकृति (स्वप्नके पदार्थ)का भोक्ता तैजसहै। अरु कारण आनन्द का भोक्ता प्राज्ञहै। ताते जोइन तीनप्रकारके भोग्य भोक्ताको जो जानता है सो जाननेवाला सर्वका साक्षी मुक्तरूप है। अरु जब सात्त्विकी प्रकृतिहोती है तब यहजीव (चैतन्यपुरुष) ब्रह्माहाके स्थूल प्रपंचको रचताहै, अर्थात् जाग्रत् जगत्(जैसेकेतैसे पदार्थ) दृष्ट आवते हैं। अरु जब रजोगुणात्मक प्रकृतिहोती है तब यह जीव तैजसभाव को प्राप्तहुआ अन्तर प्रवृत्ति स्वप्नरूप सूक्ष्म जगत्को रचताहै। अरु जब तमोगुणात्मक प्रकृति होतीहै तब स्थूल सूक्ष्म अन्तरबाह्य सर्वकाअभावकर सुषुप्तिस्थानबिषे प्राज्ञरूपहुआ आनन्दको भोक्ताहै। अतएव जो उक्तप्रकारके भोग्य भोक्तास्थान, इनका जाननेवाला चतुर्थ सर्वका साक्षी आत्मा है सो सर्व से असंग हुआ शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभावहै। अरु सो सर्व संघात साथ मिलाहुआ भी तिसके अरु तिनके धर्म कर्म स्वभावादिकों सें लिपायमान होतानहीं, ताते सदा शुद्धहै, ताते जो तीनस्थान, तीनपद, तीनप्रज्ञा, इन नव ९ नाम रूप करके सुशोभित है सो एकअक्षर ॐकारहीहै। अरु सो अक्षर ॐकार, जैसे रज्जु सर्पका तैसे, सर्व जगत्का कारण सन्तजनोंने वर्णन किया है। अरु वेद बिषे भी कहाहै कि ॐकार अक्षरही स्वमाया करके सर्वको उत्पन्न करताहै, जैसे मरुस्थल वा ऊषरभूमि अपने ऊषरत्वरूप स्वभाव करके लहरादि संयुक्त नदी को उत्पन्न करे है वा उत्पन्न होवेहै तैसे, अरु सो अक्षर चैतन्य स्वभाव होनेसे सर्वका ज्ञाताहै। अरु सोई ॐकार का लक्ष्य परमात्म पुरुष परमेश्वर परब्रह्म परम पुरुष परमात्मा आदि नामोंसे कहाजाता है। अरु सोई परमात्मा स्वमाया विशिष्ट ईश्वरहुआ सर्वको उत्पन्न करताहै अरु सोई जीव (चिदाभास) रूपसे सर्वका भोक्ताहै अरु सोई सर्व बिषे प्रवेशकरके सर्वात्माहुआ सर्वकासाक्षी है। इसप्रकार जो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एकही अक्षर (अविनाशी अजन्मा ॐकारकर्त्ता भोक्ता अरु साक्षी रूप से सुशोभित हैं, परन्तु सो महासूक्ष्म अविषय होने से अति दुर्विज्ञेय है, ताते जो जिज्ञासु पुरुष तिसपरम अक्षर परमात्माकी तिसके प्रतीक, वाचक त्रिमात्रिक वर्णात्मक ॐकार रूप आलम्बन द्वारा यथोक्तरीत्या उपासना करताहै सोमोक्षको प्राप्तहोताहै ॥ हे सौम्य अब इसका क्षेपक विचारभी श्रवणकरो। प्रथम कहा जो, तीनस्थान, तीनपद, तीनप्रज्ञा, तिनमेंसे प्रथम मूर्द्धास्थान, जाग्रदवस्थासाभिमानी पाद, अरु बहिःप्रज्ञा इनतीनों को प्रथम अकारमात्रा साथ एककरे। पश्चात् कंठ स्थान, स्वप्नावस्था साभिमानी रूप पाद, अरु अन्तःप्रज्ञा, इन तीनों को द्वितीय उकारमात्रा साथएककरे। तिसके पश्चात् हृदय स्थान, सुषुप्तिअवस्था साभिमानी रूपपाद, अरु घनप्रज्ञा, इनतीनोंको तृतीय मकारमात्रा साथ एककरे। इसप्रकार तीन स्थान, तीनपद, तीनप्रज्ञा, इनको क्रमशः अकार उकार मकार, इनतीनों मात्रासाथ एककरके पश्चात् इनसर्व वाच्यको लक्षरूप परमात्मा बिषे अध्यस्थ जान इनका असद्भावसे बाधकर एक सत्यरूप सर्वाधिष्ठान चैतन्य आत्माकी अहमग्रे उपासना करनेवाला मुमुक्षु मोक्षको प्राप्तहोताहै। परन्तु तिसको निर्विशेष महासूक्ष्म होनेसे बिना आलम्बनके तिसकी उपासना करनेको कोई समर्थ नहीं ताते तिसअक्षरपरमात्माके प्रतकिवाचक वर्णात्मक त्रिमात्रिक ॐकार अक्षरके जप अरु अर्थकी भावना बिचाररूप उपासनाके आलम्बनसे तिसके लक्ष अक्षर परमात्माकी उपासना करता है सो मुमुक्षु मोक्षको प्राप्तहोताहै ॥ इति ब्रह्मनिष्ठ सिद्धान्त ५ ॥

अथ षष्ठपशुपतिसिद्धान्त ६॥

हेसौम्य, पशुपति (शिवजी)के सिद्धान्तके मतावलम्बी पुरुष ऐसा कहतेहैं किजो विभु ॐकार नवनाम रूपसे स्थितहै तिसकी हम उपासना करते हैं। तहां तीन अवस्थारूप, तीन भोग्यरूप,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तीन भोक्तारूप, इसप्रकार नवनामरूपकरकेएक ॐकारहीसुशोभितहै । तहां प्रथम तीन अवस्थाको श्रवणकरो ,प्रथम शान्त, द्वितीय घोर, तृतीय मूढ,यहतीन अवस्था हैं। सो ,जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति,कोभी ,शान्त, घोर, मूढ,इन नामों से कहतेहैं। अरु इन जाग्रदादि प्रत्येक अवस्थाबिषे यहशान्त घोरअरु मूढ, यह तीनों अवस्था वर्त्तती हैं। तहां जाग्रत् अवस्था जो सत्त्वगुणात्मक है तिसबिषे चित्त शान्तरूप होताहै, अरु स्वप्नावस्था जो रजोगुणात्मकहै तिसबिषे चित्त घोररूप होता है, अरु सुषुप्तिअवस्था जो तमोगुणात्मकहै तिसबिषे चित्त मूढरूप होताहै। अब इस प्रत्येक अवस्थाके अवान्तर भेदको भी श्रवणकरो । जाग्रत्बिषे जोकुछ पदार्थहै सो ज्योंकात्यों (जैसेकातैसा) भासताहै तहांजो चित्तकी अवस्थाहै सो शान्तावस्थाहै, अरु जाग्रत् बिषे जो विपर्य्यय भासताहै ,जैसेहै तो रज्जु अरु भासताहै सर्प,तहांजो चित्तकी अवस्था है तिसको घोर अवस्था कहते हैं, अरु जाग्रत्बिषे सुषुप्तिवत् कुछ भी नहीं भासता तहांजो चित्तकी अवस्था है तिसका नाम मूढ अवस्था है ॥ तैसेही स्वप्नावस्थाबिषे जो पदार्थ स्फुरणहुआहै सो जैसा हुआहै तैसाही भासता है तहां चित्तावस्थाका नाम शान्त अवस्थाहै, अरु स्वप्नबिषेजो औरकाऔरही भासताहै ,जैसे स्फुरण हुआ हाथी सो भासनेलगा पक्षी, ऐसी जो स्वप्नमें चित्तावस्था है तिसकानाम घोर अवस्था है, अरु स्वप्नबिषे जो पदार्थ स्फुरण हुआहै सो भासता नहीं (जाग्रत्हुये स्मरणमें आवतानहीं)तहां जो चित्तकी अवस्थाहै तिसका नाम मूढ अवस्था कहतेहैं ॥ अरु सुषुप्ति अवस्थाबिषे चित्त लीनहुआहै, तिससे जाग्रत्हुये कहताहै कि मैं बड़े सुखसे सोवाथा, वो जो सुषुप्तिमें चित्तकी सुखावस्था है सो शान्त अवस्थाहै ।अरु जो सुषुप्तिसे जाग्रत्हुये कहताहैकि मुझको अस्थवस्त निद्राआई सो सुषुप्तिमें चित्तकी घोर अवस्था है, अरुजो सुषुप्तिसे जाग्रत्हुआ कहता है किमैं ऐसा बेसुध सोवा कि मुझको कुछभी ज्ञात न रही, ऐसी जो सुषुप्तिमें चित्तावस्थाहै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तिसका नाम सुषुप्ति मूढावस्थाहै ॥ हेसौम्य अब इन तीनोंको औरप्रकारभी श्रवणकरो। जाग्रत्बिषे जो चित्तको सुख विश्राम होता है तहां चित्तावस्था का नाम शान्तावस्था है, अरु जाग्रत् बिषे जो चित्तको दुःख से विश्रामहोता है तिस चित्तावस्थाका नाम घोर अवस्था है, अरु जाग्रत् बिषे जो मूर्च्छादि अवस्था है तिसका नाम मूढ अवस्थाहै, अरु जाग्रत् बिषे जो दैवी सम्पदा शास्त्रप्रमाण यज्ञ दान अध्ययन जप पाठ पूजासेलेके जो सात्त्विक कर्म्म व्यवहारहैं तिनबिषे चित्तकी प्रवृत्ति जिस अवस्थाबिषे होती है तिसका नाम शान्तावस्थाहै, अरु जाग्रत्बिषे जो व्यवहारादिक राजसी कर्म्म हैं तिस बिषे जब चित्तप्रवृत्त होता है तिस चित्तावस्थाका नाम घोर अवस्थाहै, अरु जाग्रत् बिषे जो हिंसादि तमोगुणात्मक कर्म हैं तिसबिषे प्रवृत्त होनेमें जो चित्तावस्थाहै तिस का नाम मूढ अवस्था कहते हैं ॥ हे प्रियदर्शन तिसही प्रकार स्वप्नमें जो सुखानुभव होताहै चित्तको जिस अवस्थामें तिस अवस्थाका नाम स्वप्न शान्त अवस्थाहै, अरु स्वप्नबिषे जो चित्तको दुःखानुभव होता है जिस अवस्थामें तिस चित्तावस्था का नाम स्वप्न घोरावस्था है, अरु स्वप्न बिषे जो चित्तकी मूर्च्छादि अचेत अवस्थाहै तिसका नाम स्वप्न मूढावस्थाहै॥ इसही प्रकार सुषुप्ति अवस्थाबिषे सोयाहुआ पुरुष उठके कहताहै कि मैं सुखसे सोया मुझको शान्ति प्राप्तहुई ऐसी जो सुषुप्तिमें चित्तावस्था तिसका नाम सुषुप्ति शान्तावस्थाहै,अरु सुषुप्तिसे उठके कहताहै कि आज मुझको दुःखसे निद्राआई मुझको कुछ सुख भान न हुआ परन्तु निद्रा आगई ऐसे जे सुषुप्ति में दुःखके संस्कारयुक्त चित्तावस्था तिसका नाम सुषुप्ति घोर अवस्थाहै, अरु सुषुप्तिसे उठके कहता है कि मैं ऐसा सोया जो मुझको सुखदुःखका कुछ भी भान न रहा ऐसी जो सुषुप्तिमें चित्तकी बेसुध अवस्था तिसकानाम सुषुप्ति मूढ अवस्था कहते हैं ॥ हे सौम्य अब एकप्रकार और भी श्रवण करो, इस जाग्रदवस्थामें यथार्थ अनुभवसे अपनेआप चिदानन्द

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आत्माबिषे जो चित्तकी स्थिति तिस चित्तावस्थाकी अरु तिसकी प्राप्तिके अर्थ जो श्रवणादि साधनों बिषे चित्तके प्रवृत्त वा स्थित होनेकी जो चित्तावस्था तिसकानाम क्रमसे उत्तम मध्यम शान्त अवस्थाहै, अरु विषयोंबिषे जो चित्तकी स्थितिहोनी जिस अवस्था करके तिस चित्तावस्थाका नाम घोर अवस्था है, अरु देहादि अनात्म अभिमान करके रागद्वेषादि आसुरी सम्पदाबिषे जो चित्त की स्थिति तिस चित्तावस्थाका नाम मूढ अवस्था कहते हैं, इस ही प्रकार स्वप्नबिषे धर्म्मादिक सत्त्वगुणी सम्पदाबिषे जो चित्तकी प्रवृत्तिहोनी जिसकरके तिस चित्तावस्था का नाम स्वप्न शान्तावस्था है, अरु स्वप्नमें जो बिषयोंबिषे चित्तकी प्रवृत्तिहोनी जिस करके तिस अवस्थाका नाम स्वप्न घोर अवस्थाहै, अरु स्वप्नबिषे हिंसादिक आसुरी सम्पदामें चित्तका प्रवृत्त होना है जिस करके तिस चित्तावस्थाका नाम स्वप्न घोर अवस्थाहै, ॥ अरु इसही प्रकार सुषुप्तिबिषे जो ब्रह्मविचारके संस्कारलेके चित्तलय होता है तिस चित्तावस्थाका नाम सुषुप्ति शान्तावस्थाहै, अरु सुषुप्तिबिषे जो विषयोंके संस्कार स्मृतिको लेके चित्तलय होताहै तिस चित्तावस्थाका नाम सुषुप्ति घोर अवस्थाहै, अरु सुषुप्तिबिषे जो देहादि अनात्माभिमान संस्कारको लेके चित्त लय होताहै तिस चित्तावस्थाका नाम सुषुप्ति मूढ अवस्था है ॥—॥ हे सौम्य उक्तप्रकार कहा जो अवस्थाओंका स्वरूप भेद सो यह तीनों सूक्ष्म अवस्था ॐकारकी हैं ॥ अब तीनप्रकारके जे भोग्यहैं तिनकोभी श्रवणकरो, अन्न, जल, अरु सोम (चन्द्रमा) यहतीनों भोग्यहैं, भोग्य कहिये भोगनेयोग्य वस्तुहै, अर्थात् जिसकरके तुष्टि, पुष्टि, अरु आनन्द होय तिसको भोग्य कहते हैं; तहां प्रत्यक्ष सर्व जीवोंको अन्न अरु जलकरके पुष्टि, तुष्टि, अरु आनन्द होताहै ॥ हे सौम्य अद, धातुसे अन्न शब्द बनताहै अरु अद, धातु भक्षण बिषे वर्त्तता है ताते जो भक्षण कियाजाय तिसको अन्न कहते हैं, अतएव जो जीव जिसको भक्षण करता है सो तिसका अन्न है अरु ति-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सही से उसकी तुष्टि पुष्टि अरु आनन्द होता है, अरु जल सर्व जीवों को समान है ; अरु चन्द्रमा करके ओषधी वनस्पति तुष्ट पुष्ट अरु आनन्दित होती हैं, ताते अन्न, जल, अरु चन्द्रमा यह तीनोंकरके स्थावर जंगम सर्व, तुष्ट, पुष्ट, अरु आनन्दित होतेहैं, एतदर्थ अन्न, जल, चन्द्रमा, यह तीनों भोग्यहैं ॥ अरु अग्नि, वायु (प्राण) अरु सूर्य्य, यह तीन भोक्तारूप हैं। सो यह अनुभव सर्वको प्रत्यक्षहै, देखो क्षुधापिपासा प्राणका धर्म्म है क्योंकि जहां प्राणहोता है तहांहीं क्षुधा पिपासा अरु भोगनेकी शक्तिहोतीहै, ताते देहभोक्ता न होयके प्राण भोक्ताहै। अरु अग्नि देवता भी प्रत्यक्ष भोक्ताहै, काष्ठादिकोंके सम्बन्धसे बाह्य हुतभुक्है, अरु प्राणरूप समिधके सम्बन्धसे अन्तर हुतभुक् अर्थात् भोजनकिये अन्नका भोक्ताहै, ताते अग्निभी प्रत्यक्ष भोक्ता है। अरु सूर्य भगवान्भी अपनी किरणों द्वारा सर्व रसजातिको प्रत्यक्ष भोक्ता है, ताते प्राण, अग्नि, सूर्य्य, यह तीनोंहीं भोक्तारूपहैं ॥ अर्थात् अग्निवाह्य समष्टि वैश्वानररूपसे हविषादिकों का भोक्ताहै अरु अन्तर व्यष्टि वैश्वानररूपसे भोजनकिये अन्नादिकों का भोक्ता है, अरु वायु बाह्य समष्टि सूत्रआत्मा रूपसे सर्वको अपने बिषे धारण करनेद्वारा भोक्ताहै, अरु व्यष्टि प्राणरूपसे देहादिकोंका धारण करनेरूपसे भोक्ताहै, अरु सूर्य्य वाह्य सूर्य्यरूपसे सर्वका प्रकाशक होनेसे समष्टिका भोक्ताहै, अरु अन्तर चक्षुरूपसे व्यष्टि का प्रकाशक भोक्ताहै, इसप्रकार समष्टि व्यष्टिबिषे अग्नि, वायु, सूर्य्य, यह तीनों भोक्ताहैं ॥ इसप्रकार जो तीन अवस्था, तीन भोग्य, अरु तीनभोक्ता, इननव ९ नामरूप होके एक ॐकारही सुशोभित है, तिसको यथार्थ जानके जो मुमुक्षु पुरुष उपासना करताहै सोमोक्षको प्राप्तहोताहै ॥—॥ हेसौम्य अब उक्त तीनोंकी अकारादि तीनोंमात्राके साथ एकताका क्षेपक बिचारभी श्रवण करो यहां जो तीनअवस्था, तीनभोग्य, तीनभोक्ता, कहे हैं तहां शान्त अवस्था, अन्न भोग्य, अरु अग्नि भोक्ता, इन तीनोंको

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रथम जाग्रत् अवस्था स्थूलभोग्य अरु वैश्वानरभोक्ता इसप्रथम पादके साथ एकता विचारकरे। पश्चात् घोर अवस्था जल भोग्य, अरु प्राणभोक्ता, इन। तीनोंको, स्वप्नावस्था, विरलभोग्य तैजस भोक्तारूप द्वितीय पादकेसाथ एकविचारकरे तिसकेपश्चात् मूढ अवस्था चन्द्रमा भोग्य, अरु सूर्य्य भोक्ता,इन तीनोंको, सुषुप्ति अवस्था, आनन्दभोग्य प्राज्ञभोक्ता, इस तृतीयपाद साथ एक बिचारकरे। तिसके पश्चात् उक्त तीनों पादोंको क्रमशः अकारादि तीनों मात्रा ॐकेसाथ एकबिचार सर्बको ॐकाररूप जानके एक ॐकारकी उपासनाकरे तहां बिचारे कियह ॐकार रूप अपरब्रह्मका जोलक्ष्य अक्षर परब्रह्महै तिसका यह वर्णात्मक अक्षर ॐकार प्रतीक अरु वाचक (नाम)है ताते इस त्रिमात्रिक ॐकाररूप श्रेष्ठ आलम्बनद्वार इसके अधिष्ठान अक्षर परब्रह्म कि जिसबिषे यह तीनों मात्रारूप जगत् रज्जुमें सर्पवत् अध्यस्त है तिस परमात्मा परब्रह्मकी हम उपासना करतेहैं। इसप्रकार जानकेजो मुमुक्षु ॐकारकी उपासना करता है सो परमपदरूप मोक्षको प्राप्तहोताहै॥ इतिपशुपतिसिद्धान्तः ६॥

अथ सप्तम विष्णुपञ्चरात्र सिद्धान्तः ७

हे सौम्य, अब सप्तम विष्णुपञ्चरात्र सिद्धान्तको श्रवणकरो, विष्णुपञ्चरात्रके सिद्धान्तवादी कहते हैं कि जो ॐकार, तीन आत्मरूप है, तीनस्वभावरूप है, तीन व्यूहरूप है, इसप्रकार नव ९ नामरूपसे सुशोभित हुआ है तिसकी हम उपासनाकरते हैं, अरु और भी जो इस ॐकार की उपासना करता है सो मुमुक्षु मोक्षको प्राप्तहोता है। अब इसका भेद श्रवणकरो, तहां, बल, बीर्य, तेज, यह तीन आत्मा हैं, तहां जो देहबिषे सामर्थ्य है तिसका नाम बल है, अरु जो इन्द्रियों की शक्ति है तिसका नाम वीर्य कहते हैं, अरु मन बिषे जो उत्साह वा उदारतादि धर्म है तिसका नाम तेज कहते हैं, अर्थात् देहसे जो चेष्टा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होती है सो सर्वबल की है, अरु चक्षुरादि ज्ञानेन्द्रियोंसे जो देखना सुनना सूंघना रसलेना मिलना आदिक क्रिया पञ्च विषयों का सेवन आदिक होता है सो सर्व वीर्य्य रूप है, अरु मनबिषे जो उत्साह उदारतादिक हैं सो तेज है। सो यह बल वीर्य्य तेज तीन आत्मा हैं ॥ अरु ज्ञान, ऐश्वर्य्य, शक्ति, यहतीन स्वभाव हैं, तहां यह जो देह इन्द्रिय प्राण मन बुद्धि चित्त अहंकार महत्तत्त्व प्रकृति आदिक अनात्मरूप हैं सो सर्व असत्य भान्तिमात्र हैं, अरु इनका जो साक्षी आत्मा प्रत्यक् चैतन्य कूटस्थ अन्तर्यामी है सोई सत्य सर्वका प्रकाशक परमात्मा मैं हौं, माया से आदिलेके जो प्रपञ्च हैं सो मेरी सत्ताके बिषे उपजते हैं स्थित होते हैं अभाव होते हैं, जैसे समुद्र बिषे तरंग उपजते हैं वर्त्तते हैं लयहोते हैं, तैसेही मेरे बिषे जगत् है, मैं चैतन्यरूप समुद्रहौं मेरा एक अद्वैत अखण्ड सच्चिदानन्दरूप है, ऐसा जो निश्चय सो ज्ञान है ॥ अरु अणिमासे आदिलेके जो अष्टसिद्धि आदिक हैं सो ऐश्वर्य्य रूप हैं ॥ अरु जो अन्य किसी से न बनिआवे तिसको बनावना तिसका नाम शक्ति है। सो यह ज्ञान ऐश्वर्य्य शक्ति, तीन स्वभावहैं॥ अरुसंकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध यह तीन व्यूहहैं॥अतएव तीनआत्मा, तीनस्वभाव, तीनव्यूह, यह नवनाम रूप करके एक अव्यय पुरुष ईश्वर ॐकारही है। ॐकार से इतर कुछभी वस्तु नहीं "ॐकारएवेदंसर्वम्" अरु ॐकार जो नाम है सो प्रकृतिका वाचक है ताते भी सर्व ॐकाररूप ही है। अर्थात् जो कुछ स्थूल सूक्ष्ममूर्त्त अमूर्त्त कार्य्य कारणात्मक जगत् है, अरु उत्पत्ति स्थिति संहार है सो सर्व ॐकार का लक्ष्य एक बासुदेवही है। तथाच "वासुदेवः सर्वमिति" गीता अ० ७ के श्लोकप्रमाण से, ताते एक अद्वैत वासुदेव से इतरकुछ भी नहीं "सर्व्वमिदमहंच वासुदेवः" इसप्रकारॐकारकालक्ष्यजो सर्वात्मा ब्रह्म है तिसकी जो मुमुक्षु उपासना करते हैं सो मोक्ष को प्राप्त होते हैं ॥—॥ हेसौम्य, अबइसका क्षेपक विचार श्रवणकरो। प्रथम

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कहे जे, तीन आत्मा, तीन स्वभाव, तीन व्यूह, तहां तिनमें से बल आत्मा, अरु ज्ञान स्वभाव, अरु संकर्षणव्यूह, इन तीनों को जाग्रत् स्थानादि रूप प्रथम पाद से एकताकरे, पश्चात् वीर्य आत्मा, ऐश्वर्य्य स्वभाव, प्रद्युम्न व्यूह, इन तीनों की स्वप्नस्थानादि रूप द्वितीय पाद से एकताकरे, तिसके पश्चात् तेज आत्मा, शक्ति स्वभाव, अरु अनिरुद्ध व्यूह, इन तीनों की सुषुप्ति स्थानादि रूप तृतीय पाद से एकता करे। पुनः उनपादों की क्रमशः अकारादि तीनों मात्राओं के साथ अभेदता करके विचारे कि इन उक्त प्रकार की मात्रा जिस अधिष्ठान परमात्मा बिषे कल्पित हैं अरु जो इन मात्रारूप प्रपञ्चका साक्षी प्रकाशक चैतन्य है तिस भगवान् वासुदेव की हम इस वर्णात्मक त्रिमात्रिक ॐकाररूप तिसके प्रतीक वाचकके आलम्बन से उपासना करते हैं इस प्रकार जानके जो ॐकारकी उपासना करता है सो वासुदेव पद को प्राप्त होता है॥ इतिविष्णुपञ्चरात्र सप्तम सिद्धान्तः ७॥

हे सौम्य, यह जो सातो सिद्धान्तियों के मतसे सर्वका उपास्य एक ॐकार अक्षर कहा है सो परब्रह्मका वाचक नाम, होने से अरु नाम नामी की एकतासे ब्रह्मरूप है, अरु इसअक्षर ब्रह्म की उपासना करके विगत रागादि दोष हुये योगी यती जो आत्म ज्ञानी हैं सो ॐकार प्रतीकके लक्ष्य सर्व्वाधिष्ठान चैतन्य बिषे समुद्रमें नदीवत् अभेदता से प्रवेश करते हैं। हे प्रियदर्शन यह जो ॐकार अक्षर है तिसका स्मरण अरु अर्थ विचार करत सन्ते इसके लक्ष्य अखण्ड सच्चिदानन्द चैतन्य आत्माहै सो मैं हौं, क्योंकि इन जाग्रदादि अवस्थाओं का साक्षित्व मेरे बिषे पायाजाताहै अरु यहजाग्रदादिअवस्था मेरेआश्रयवर्त्तती हैं तातेइसका अधिष्ठानभी मैंही हौं, अरु यहअवस्था परस्पर अरु अपने प्रकाशक साक्षीसे व्यभिचारको पावती है ताते असत्यहैं अरु इन तीनोंअवस्थाका साक्षित्व मेरेबिषे पायाजाताहै ताते अव्यभिचारी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मैं एक सत्यरूपहौं अरु चैतन्य आनन्द स्वरूपएकहौं ताते अवस्थादि सर्व उपाधि से रहित निरुपाधि सच्चिदानन्द लक्षणवान् आत्मा ब्रह्म मैंहौं। इसप्रकार परमात्माके साथ आपको अभेद जानके एकहुये ज्ञानवान् परमात्म पदरूप परमगति प्राप्तहोतें हैं। तहां जो त्रिमात्रिक प्रणव का जापिक उपासक अपने मरणसम ॐकारका स्मरण करताहुआ देहको त्यागता है सो "ॐ मित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्, यः प्रयाति त्यजन्देहं सयाति परमांगतिम्" इत्यादि प्रमाणों से परमगति को प्राप्तहोताहै। अरु जो ॐकारको एकमात्रारूप जानके उपासना करता है सो देह त्यागके इस मनुष्य लोकको प्राप्तहोय धर्माचरण पूर्वक यहांके भोगोंको भोगता है। अरु जो ॐकारको दो मात्रारूप जानके उपासना करता है सो पितृलोक को प्राप्तहोय वहांके भोगोंको भोग पुनः इसलोक बिषे आवता है। अरु जो ॐकारको त्रिमात्रारूप जानके उपासना करता है सो पुरुष देह त्यागानन्तर ब्रह्मलोक को प्राप्तहोता है वहां ब्रह्माद्वारा ॐकारके लक्ष्यका उपदेश पाय ब्रह्मसाथ एकहुआ मोक्षहोता है। अरु जो वाचकरूप त्रिमात्रिक प्रणवोपासनाकर पुनः आचार्य्यके मुखसे तिसके लक्ष्य सच्चिदानन्द लक्षणवान् आत्माको अपना आप आत्मत्वसे साक्षात् अनुभव करता है सो देहादि अनात्म अहंकारसे रहितहुआ ब्रह्मही होता है "ब्रह्मविद्ब्रह्मैव भवति"। हे सौम्य यह जो सातों सिद्धान्तकारों के मतसे ॐकारकी मात्राके तिरसठ ६३ भेदकहे हैं सो सर्व वाचकरूप त्रिमात्रिक ॐकारके सगुण स्थूल रूप हैं। अरु जो इनसेरहित ॐकार का लक्ष्य चौसठवां रूप है सो केवल निर्गुणरूप है। "केवलो निर्गुणश्च" अरु शास्त्रकारोंनेभी कहाहै कि जो विष्णु अक्षर है सो निरञ्जन, अर्थात् अविद्यारूपा श्यामतासे रहित परम शुद्ध, है परमशान्त आनन्द घन है। तथाच "निरञ्जनं शान्तमुपैति दिव्यम्" सो न स्थूल है न सूक्ष्म है, न ह्रस्व है न

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दीर्घ है, न प्लुतहै, न रक्तहै न पीतहै न श्वेत है न श्यामहै न हरितहै।इत्यादि सर्ववर्णरूपसे रहितहै सो न इन्द्रिया है न प्राण है न मनहै, न बुद्धिहै न इनकाविषयहै। ताते सर्वविशेषतासेरहित निर्विशेषहै निरन्तरहै अवाह्यहै सर्वाधिष्ठान परमशान्तसत्तामात्र है, तिसबिषे एक दो संज्ञा कोईनहीं सर्व संख्यासेरहित निरक्षर है अरु सम विषम भावसे रहित सदा अच्युतहै ज्योंका त्यों एक रस है ताते परम अक्षर है सो कैसा परम अक्षर है जो अधोक्षज है, अर्थात् शब्द ध्वनिसे रहित है, अरु जो अक्षर परापश्यन्ति मध्यमा अरु वैखरी इनचारो वाचाके आश्रय होठ कंठ तालू नासिका,इत्यादि स्थानोंद्वारा प्रकटहोतेहैं सो क्षररूपहैं वोहोतेही भूतसंज्ञा को प्राप्त होते हैं वा भविष्यत् में रहते हैं वर्त्तमान में उनका अभावहै ताते सो क्षररूप हैं, अरु जो होठ तालू कंठादि स्थानों से प्रकटहोता नहीं अरु सर्व का प्रकाशक साक्षी अधिष्ठान है सो सदा वर्तमानरूप अक्षर है स्वयंभू है, अर्थात् अपनेआप करके आपही सिद्ध है, ऐसा जो परम ॐकारहै सो अचिन्त्य सर्व प्रमाणों का अविषय होने से अप्रमेय नित्य है अचल है पूर्ण है परम शिवरूप है सनातन पुरुष है अरु सोई विष्णु का परम पद, कहिये पावनेयोग्य, है तिसकी प्राप्ति से पुनः संसार भ्रम होता नहीं, ताते सोई परमधामहै, सोई क्षराक्षरसे रहित उत्तम पुरुष परम अक्षरहै, अर्थात् सर्व कार्य कारणसे रहित निराकार सर्वाधिष्ठान परमात्मा सर्वका अपना आपप्रत्यक् आत्मा है तिसही के सम्यक् ज्ञानसे मोक्ष होता है तिससे इतर मोक्षका मार्ग कोई भी विद्यमान नहीं तथाच "नान्यः पंथा विमुक्तये" "नान्यः पन्थाविद्यते अयनाय"इत्यादि श्रुति प्रमाणसे॥

इतिसप्तसिद्धान्तकारोंकेमतानुसारॐकारोपासन विचार समाप्तम्॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ ॐकारस्य एकादिमात्रोपासन विचार प्रारभ्यते ॥

हे सौम्य, अब ॐकारके अन्य विद्वान् उपासकोंने जिस २ प्रकार मात्राओंके भेदसे उपासना कियाहै सोभी तुम्हारे प्रति संक्षेपमात्र कहताहौं तिसको भी श्रवणकरो हे प्रियदर्शनवाष्कल्यऋषि के मतावलम्बी पुरुष ॐकार को एकमात्रा रूप जान के भजते हैं। अरु साल अरु काइत्थ, इन आचार्यों के मतावलम्बी पुरुष ॐकार को दोमात्रा रूप जान के भजते हैं। अरु नारदऋषिके मतबिषे ॐकारको ढाई २॥ मात्रारूप जानकेभजते हैं। अरु मौंडल किंवा मांडूक्य ऋषि के मतबिषे ॐकारको तीन मात्रारूप जानके भजतेहैं, अरु सप्त सिद्धान्ती आदि अन्यऋषियोंने भी ॐकारको तीनमात्रारूप जानकेही भजन कियाहै। अरु पराशरादिक जे अध्यात्म चिन्तक मुनिहैं तिनके मतबिषे ॐकार को चारमात्रारूप जानके उपासना करतेहैं। अरु भगवान् वशिष्ठ ऋषिके मतबिषे ॐकार को साढेचार ४॥ मात्रारूप जानकेउपासना करतेहैं। अरु अन्य ऋषियोंने अन्य अन्य मात्रारूप से ॐकारका भजन कियाहै। अरु भगवान् याज्ञवल्क्यजीने ॐकार अक्षर को अमात्रारूप भजन कियाहै॥ अतएव वेद शास्त्रद्वारा किंवा आचार्य्य वा अपने अनुभवद्वारा जैसा जिसने ॐकारका स्वरूपमात्रा जानाहै तैसेही उसने उपासना कियाहै। अरु सर्व काही भजना सफल है, क्योंकि ॐकार ब्रह्मकी अनन्तमात्रा हैं ताते जिसने जैसा जानके भजन किया है तिसने एक ॐकारही का भजनकियाहै एतदर्थ सर्वका भजन सफल है सो यह विशेष वाच्यरूप ॐकारका भजनहै, अरु जो लक्ष्यरूप निर्विशेष ॐकार ब्रह्महै सो वास्तवकरके सर्वमात्रासे रहित अमात्रिक है उसबिषे मात्रारूप विशेषतानहीं। हेसौम्य इस ॐकारके पर अरु अपर, वा समात्रिक अरु अमात्रिक, वा वाच्यरूप अरु लक्ष्यरूप, इत्यादि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रकार दोरूपहैं सो पूर्व प्रश्नोपनिषद् सम्बन्धी ॐकारकी व्याख्या में कहआयेहैं। तहां एक सगुणरूप है दूसरा निर्गुण रूपहै, तहां सगुणतो समात्रिक शब्दमय वाच्यरूप ॐकार अक्षर ब्रह्महै, अरु दूसरा निर्गुण शब्दसे रहित अमात्रिक लक्ष्यरूप परब्रह्महै। तहां अब सगुण ॐकार ब्रह्मकी मात्राओंके भेदसे ऋषियों ने जिस जिस प्रकार उपासना किया अरु कहाहै तिसको भी संक्षेपमात्र श्रवणकरो ॥

हे सौम्य, जो वाष्कल्यऋषि हैं कि जिनके मतविषे ॐकार को एकमात्रारूप जानके उपासना करते हैं सो इसप्रकार कहते हैं कि जितनाकुछ स्थूल सूक्ष्म विराट् वपुहै सो सर्व ॐकारका ही स्वरूप है तिससे इतर कुछ भी नहीं। अर्थात् ॐकार जो ईश्वर है सो दो प्रकारका है, तहां एक सगुणरूप दूसरा निर्गुण रूप, तिनके भजनकरने वाले अपने २ अधिकारानुसार भजन करते हैं, तहां सगुण ॐकारके उपासक जानतेहैं कि इससगुण रूपका अधिष्ठान (आश्रय) निर्गुणहै ताते यह अपने अधिष्ठानसे अपृथक् होनेसे यही ॐकार ब्रह्महै इससे इतर निर्गुण नहीं, अरु निर्गुण ब्रह्मके उपासक जानतेहैं कि ॐकार निर्गुण ब्रह्महै सो अपनी इच्छाशक्ति करके सगुणरूप हुआहै, ताते निर्गुणसे इतरसगुण नहीं वोहीरूप हैं। इसप्रकार सगुण निर्गुणकी एकता होने से एक ॐकार ब्रह्मही उभयप्रकारसे सुशोभितहै, ताते उभयप्रकार के उपासक कल्याणको प्राप्त होतेहैं, अरु उस एकही ॐकारब्रह्म का यह स्थूल सूक्ष्म कार्य्य कारणात्मक विराटात्मा उसका वपुहै ताते ॐकार एकमात्रा रूपही है, अतएव हम इस एकमात्रारूप ॐकार की उपासना करते हैं। यह ॐकार को एक मात्रारूपसे जानके भजन करनेवाले ऋषियों का मत है १ ॥

हे सौम्य, अब, साल अरु कइस्त आदिक जे ॐकार की दो मात्रारूप जानके उपासना करनेवाले उपासक हैं सो इसप्रकार कहतेहैं कि ॐकार दो मात्रारूपहै, तहां एक स्थूलरूप कार्य्यमा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्राहै, अरु दूसरी सूक्ष्मरूप अव्याकृत कारण मात्राहै, इस प्रकार कार्य कारणरूप स्थूल सूक्ष्म दो मात्रा हैं जिसकी तिस ॐकार ब्रह्मकी हम उपासना करते हैं। अथवा जो ॐकार चैतन्य ब्रह्महै तिसकी दो मात्रा हैं, तहां एक यह स्थूलरूप जाग्रत् जगत्, अरु दूसरी सूक्ष्मरूप स्वप्न जगत्, इन दोनों मात्राओंकालक्ष्यरूप साक्षी चैतन्य है कि जिसके आश्रय उक्त दोनों मात्राहैं अरु वा आप मात्राओं से रहित अमात्रिकहै तिसकी हम इस समात्रिक ॐकार के आलम्बनसे उपासना करते हैं। यह ॐकार की दो मात्रारूपसे उपासना करनेवाले ऋषियों का मतहै २॥

हे सौम्य नारदऋषि आदिक जे ॐकार को ढाई २॥ मात्रा रूप जानके उपासना करते हैं सो इसप्रकार कहते हैं कि जो अकार जाग्रत्रूप जगत् है, अरु उकार स्वप्नरूप जगत् है, अरु मकार सुषुप्तिरूप अर्धमात्रा है कि जिसविषे जाग्रत् स्वप्न दोनों लीन होते हैं तातेही इसका नाम सुषुप्ति अर्द्धमात्राहै, इसप्रकार ढाई २॥ मात्रारूप जगत् है वपु जिसका तिस ॐकार ब्रह्मकी हम उपासना करते हैं। अथवा अकार स्थूलदेह जाग्रत् जगत् समेत प्रथम मात्रा, अरु उकार सूक्ष्म देह स्वप्नरूप जगत् समेत द्वितीय मात्रा अरु अर्धमात्रा चैतन्य तत्त्व है सो सर्व का ज्ञाताहै तिसका ज्ञाता कोई नहीं, अतएव उसका नाम अर्धमात्रा है, इस प्रकार ढाई २॥ मात्रारूप वपु है जिसका तिस ॐकार परब्रह्मकी हम इस ढाई मात्रावाले बाच्यरूप अपरब्रह्म ॐकार के आलम्बन से उपासना करते हैं। यह ॐकारको ढाई २॥ मात्रा रूप जानके भजन करनेवाले उपासकों का मतहै २॥

हे सौम्य मौंडलऋषि आदिक जे ॐकारको तीन मात्रारूप जानके उपासना करनेवाले उपासक हैं सो इसप्रकार कहते हैं जो जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, यह तीन अवस्था, अरु अकार उकार मकार, यह तीन मात्रा, अरु ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, यह तीन देवता, इनका संघातरूप है वपु जिसका, अरु जो है इस स्थूल सू-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्ष्म कारणरूप सर्व जगत् का आश्रय अधिष्ठान, अरु जिसबिषे स्वरूपकरके मात्रादि उपाधि अध्यस्त (कल्पित)होने से कोईनहीं, तिस सर्व्वाधिष्ठान निर्विशेष लक्ष्यरूप ॐकार की हम उपासना करते हैं। अरु ॐ कार की तीन मात्रारूप से उपासना अनेक प्रकार से कही है, अरु सप्तसिद्धान्तकारोंने भी तीनमात्रा रूपसे कही है, यह ॐकार को तीन मात्रारूप जानके भजनकरनेवाले उपासकों का मत है ३ ॥

हे सौम्य, अब ॐकार को साढ़ेतीन ३॥ मात्रारूप जानके उपासना करनेवाले ऋषि इसप्रकार कहते हैं कि अकार, उकार, मकार, रूप जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, यह तीन मात्रा हैं अरु अर्ध मात्रारूप चैतन्य ब्रह्म है। अथवा कोई एक ऐसा कहते हैं कि प्रथम मात्रा अकार स्थूल जगत्, अरु दूसरी मात्रा उकार सूक्ष्म जगत् अरु तीसरी मात्रा जीव कला, अरु अर्धमात्रा सर्व्वाधिष्ठान चैतन्य परमपद रूप है कि जिसबिषे जीवकला संयुक्त स्थूल सूक्ष्म सर्व मात्रा लीन होती हैं, अरु जिसबिषे मात्रा कोई नहीं ऐसा जो लक्ष्यरूप ॐकार है तिसकी हम समात्रिक ॐकारके आलम्बनसे उपासनाकरतेहैं। यह ॐकारको साढ़ेतीन ३॥ मात्रारूप जानके उपासना करनेवाले उपासकोंका मतहै ३ ॥

हेसौम्य, अब पराशरआदिक ऋषिजो ॐकारको चारमात्रा रूपजानके उपासना करनेवालेहैं सो इसप्रकार कहतेहैं कि प्रथम मात्रा अकाररूप स्थूलविराट् पुरुष, अरु द्वितीयमात्रा उकाररूप सूक्ष्म हिरण्यगर्भ, अरु तृतीयमात्रा मकाररूप कारण अव्याकृत, अरु चतुर्थ बिन्दुरूप चैतन्य पुरुष, कि जिस अधिष्ठानके आश्रय अध्यस्तरूपसे स्थूल सूक्ष्म कारण व्यष्टि समष्टि तीनों शरीररूप प्रपंचहै, सो सर्वाधार चैतन्य परमपदहै, अतएव अध्यस्तकीपृथक्सत्ताके अभावसे सर्व चैतन्यहीहै, तातेहम ॐकारके लक्ष्य निर्विशेषसर्व्वाधिष्ठान अमात्रिक ॐकारकी इस चारमात्रारूप समात्रिक ॐकारके आलम्बनसे उपासना करतेहैं। यहॐकारको

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चारमात्रारूपसे जानके उपासना करनेवालों का मत है ४ ॥

हेसौम्य, वशिष्ठादिक ऋषिजो ॐकारको साढ़ेचार ४ ॥ मात्रारूप जानके उपासना करते हैं सो इसप्रकार कहते हैं कि अकार प्रथममात्रा यहस्थूल जगत्है, अरु उकार दूसरीमात्रा यह सूक्ष्म जगत्है, अरु मकार तृतीयमात्रा सुषुप्तिहै, अरु चतुर्थमात्रा नादरूप परमशक्ति है, अरु अर्धमात्रा चैतन्यपुरुषहै, कि जिसके आश्रय चारोमात्रा सिद्धहैं अरुवो आपमात्रासे रहित अमात्रिक है, तिस लक्ष्यरूप ॐकारकी हमइस साढ़ेचार मात्रात्मक वाच्य रूप ॐकारके आलम्बनसे उपासना करतेहैं। यह ॐकारकोसाढ़े चारमात्रारूप जानके उपासनाकरनेवाले उपासकोंका मतहै४॥

हेसौम्य, कोई एक ऋषि इस ॐकारको पांचमात्रारूप विचारके भजनकरतेहैं, सो ऐसा कहतेहैं कि अकार अन्नमयकोश, अरु उकार प्राणमयकोश, अरु मकार मनोमय कोश, अरु अर्ध मात्रा विज्ञानमयकोश, अरु बिन्दुरूप आनन्दमय कोशहै। यहउक्त पांचोमात्रा। जिस चैतन्य अधिष्ठानके आश्रय अध्यस्तहैं, अरुजो इनमात्राओंसे रहित पंचकोशातीतहै, तिस लक्ष्यरूप ॐकारकी उक्त समात्रिक ॐकारके आलम्बनसे उपासना करतेहैं। यह ॐकारको पांचमात्रारूप जानके उपासना करनेवाले उपासकों का मतहै ५। ८ ॥

हेसौम्य, कोई एक ऋषि ॐकार को षट्मात्रारूप जानके भजते हैं, सो ऐसा कहते हैं कि जो अकाररूप जाग्रत् जगत् है, उकाररूप स्वप्न जगत्है, अरु मकाररूप सुषुप्तिहै, अरु अनहद शब्दसे आदिलेकेजो वाचाहैंसो शब्दरूपा चतुर्थमात्राहै, अरुबिन्दु रूप कारणप्रकृति पंचममात्राहै, अरु षष्ठरूप साक्षी चैतन्य आत्मा है। ऐसाहै विशेष स्वरूप जिसका अरुआप अपने स्वरूपसे निर्विशेषहै तिस लक्ष्यरूप ॐकारकी हम सविशेषरूप वाचक ॐकार के आलम्बनसे उपासना करते हैं। यह ॐकारको षष्ठमात्रारूप जानके उपासना करनेवालोंका मतहै ६।९॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हेसौम्य कोई एक आचार्य्य ॐकार को सप्तमात्रारूप जानके भजते हैं, सो ऐसा कहते हैं कि पृथिवी, अप, तेज, वायु, आकाश, यह भूतोंकी शब्दादिरूप पंचमात्रा पंचतत्त्व अरु अहंकार अरु महत्तत्त्व, यहसात मात्राहैं अरु अष्टमआप चैतन्यपुरुष है। तिसकी हम सप्तमात्रात्मक ॐकारके आलम्बन (आश्रय) से उपासना करतेहैं। यह ॐकारको सप्तमात्रारूप जानके भजन करनेवाले उपासकोंका मतहै ७।१०॥

हेसौम्य, इसप्रकार ३८, ४९, ५२, ६३, ६४, मात्रापर्य्यन्त ॐकारकी उपासना करतेहैं सोआचार्य्य ऐसा कहतेहैं कि यावत् स्वर व्यंजनादिक वर्णअक्षरहैंसोसर्व ॐकारकीमात्राहैंक्योंकिसो सर्वकारण ॐकारसे फुरीहै अरु स्फुरण होती है अतएव सर्वमात्रा ॐकारका ही है, इसही से सर्व जगत् ॐकार रूप है जिसकिसी पदार्थ का नाम है सोसर्व उक्त मात्राओंके अन्तरगत है, अरु जेतने कुछ वर्णाक्षर हैं सो सर्व ॐकारकी मात्रा हैं, ताते वर्णात्मक जो ॐकार अक्षर है सो सर्व नामोंकेबिषे ओतप्रोतहै, एतदर्थ भी ॐकार रूपही सर्व जगत् है, ॐकारही वाच्यरूप होयके इस प्रकार सर्व नामों के मध्य आदि अन्त मध्य ओत प्रोत है, अरु लक्ष्यरूप जो चैतन्य आत्मा है सो अस्ति भाति प्रियरूपकरके व्याप्तहै तांते भी वाच्य वाचक सर्व ॐकारही है॥

इति ॐकार की एक आदि मात्राओंका उपासनाविचार॥

अथ ॐकारके ॐकारादि दश नामोंका अर्थ विचार प्रारभ्यते॥

ॐकारं प्रणवं चैव सर्वव्यापिनमेवच। अनन्तञ्च तथा तारं शुक्लं वैद्युतमेवच॥ तूर्यं हंस परब्रह्म इति नामानि जानते॥ यह सार्द्ध श्लोक है॥

हे सौम्य, इस ॐकार ईश्वरके दश नाम मुख्य हैं सो सर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सार्थ, कहिये अर्थ सहित हैं, अरु जिज्ञासु करके जानने योग्यहै, अतएव अब इसके नामों के अर्थको भी संक्षेपमात्र श्रवणकरो ॥

अथ प्रथम नाम ॐकार १॥

हे सौम्य, प्रथम नाम ॐकार है तिसका यह अर्थ है कि जब शरीर ग्रीवा अरु शिर, इनको सम सीधेकर पद्मासन बैठ इन्द्रियोंको विषयों से अरु मनको संकल्पों से रोक ह्रस्व दीर्घ प्लुत ध्वनिपूर्वक ॐकारका यथा स्थानसे उच्चारण करते हैं तब चरण से लेके मस्तक पर्य्यन्त सब शरीरगत नाड़ियों को ऊँचाकरता है, अथवा प्राणायामकी रीति से इसका उच्चार करता है तब प्राण ब्रह्मरंध्र ऊंचे स्थानको प्राप्त होताहै, एतदर्थ इसका नाम ॐकार है ॥१॥अथवा जो योग क्रियाकी रीतिसे प्राणायाम द्वारा स्थान विशेष में ध्वनिको साधके ॐकार का आन्तर्य उच्चार करता है तिसके प्राण ब्रह्मरंध्रको प्राप्त होते हैं, अरु देहान्त समय उसके प्राण "तयोर्द्धमायन्नमृतत्वमेति" इत्यादि प्रमाण से सुषुम्ना नाडी द्वारा ब्रह्मरंध्रसे निकल ब्रह्मलोक को प्राप्त होताहै, अतएव इसका नाम ॐकार है ॥२॥ अथवा ॐकारके दो अक्षर, कहिये मात्रा, हैं तिनका अर्थ योग क्षेम (पालन अरु रक्षा) है, अर्थात् जो पुरुष इस ॐकार की उपासना करते हैं तिनकी रक्षा अरु पालन ॐकार करताहै, अर्थ यह जो उपासक को वांछित पदार्थ को प्राप्तकरदेता है अरु प्राप्तकी रक्षा करता है, इसप्रकार अपने उपासककायोग क्षेम ॐकार करताहै।अर्थात् सकाम उपासकको संसारके भोग्यपदार्थ प्राप्तकरके पालन,अरु रक्षाकरताहै,अरु जो उसके निष्काम जिज्ञासु उपासकहैं तिनकोप्राप्तहुई जो ज्ञान भूमिका तिसकापालन(वृद्धि)अरु रक्षाकरताहै। अथवा अपनेउपासक जिज्ञासुको जो कदापि ज्ञानभूमिकाअप्राप्यहै तोतिसकीप्राप्ति करदेताहै अरुजो ज्ञानभूमिकाप्राप्तहै तो कामक्रोधादि आसुरीसम्पदासे तिसकी रक्षा करताहै,अतएव इसकानाम ॐकारहै। अथवा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐकारका अर्थ अंगीकारभीहै, अर्थात् जो कोई ॐकारका सम्यक् प्रकार भजन करनेवाला उपासकहै तिसके कहेहुये वर शापादिक वाक्य देवता आदिक सर्वही अंगीकार करते हैं, एतदर्थ इसका नाम ॐकार है ॥४॥ अथवा ॐकार का अर्थ ब्रह्म भी है क्योंकि जो इसकी समाहित चित्तसे सम्यक् प्रकार उपासना करते हैं तिसको अपने आप आत्मा ब्रह्म की अभेदता प्राप्त करता है, अर्थात् उस उपासकको ब्रह्म आत्मा का अभेद ज्ञान होता है, एतदर्थ भी इसको ॐकार कहते हैं ॥ ५ ॥ यह सर्व ॐकार नामके अर्थ हैं ॥ १ ॥

अथ द्वितीयनाम प्रणव २ ॥

हे सौम्य, अब ॐकार के प्रणव नामका अर्थ श्रवण करो। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्वणवेद, अरु ब्रह्मा आदिक सर्व देवता ऋषि मुनि मनुष्य दैत्य आदिक जो हैं सो सर्व तीन अक्षररूपहै जो ॐकार तिसको मन वाणी शरीरकरके प्रणाम करते हैं, ताते ॐकार का नाम प्रणव है। "सर्व्वे वेदा यत्पदमामनन्ति"। २ ॥

अथ तृतीयनाम सर्व्वव्यापि ३ ॥

हे सौम्य, अब ॐकारके तृतीय सर्वव्यापि नामका अर्थ श्रवणकरो। यह जो स्थूल सूक्ष्म स्थावर जंगम कार्य कारणात्मक शरीर हैं, यावत् वेद स्मृति पुराण इतिहास शास्त्रादिक विद्याहैं, तिन सर्व विषे व्यापरहा है। अर्थात् उस सर्व बिषे नाना भेद भावकरके एक विष्णु ॐकारही को वर्णन किया है, ताते इस ॐकार को सर्वव्यापि वर्णन किया है वा कहते हैं। अथवा एक ॐकारही अनेक मात्रा होयके वेदादि सर्व विद्याबिषे ओत प्रोतहै, क्योंकि बावन आदि यावत् स्वर व्यंजनात्मक मात्राहैं सो सर्व ॐकारकाही विस्तारहै, ताते ॐकार सर्व व्यापिहै॥२॥ अथवा जो अक्षर आत्मा अस्ति भाति प्रिय रूपहोके स्थितहै अरु सोई

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐकारका वाच्यलक्ष्य है ताते भी ॐकार को सर्वव्यापि कहते हैं॥३॥ यह ॐकारके तृतीय सर्वव्यापिनामका अर्थहै॥इति ३॥

अथ चतुर्थनाम अनन्त ४॥

हेसौम्य, अब ॐकारके चतुर्थ अनन्तनामका अर्थ श्रवणकरो जब जिज्ञासु इस ॐकारका सम्यक् प्रकार यथाविधि भजन करताहै तब तिस अपने उपासकको अपने अनन्त ब्रह्मपद बिषे प्राप्तकरताहै, ताते ॐकारकानाम अनन्तहै॥१॥अथवा इस ॐकार ब्रह्मका देशकाल वस्तुकरके अन्तपाया जाता नहीं, क्योंकि वायु अग्नि जल पृथिवी आदिकोंकी अपेक्षा आकाशका अन्तनहीं ताते सो अनन्तहै उसहीके अन्तरगत वायु आदि तत्त्वोंका अन्त होताहै, अतएव चारो तत्त्वों की अन्तताकी अपेक्षा आकाशकी अनन्तता है, सो आकाशकी अनन्तता ॐकारके लक्ष सर्वाधिष्ठान आत्माके भरपूर अस्तित्वके ज्ञानहुयेएक परमाणुमात्र भी न रहके अपने अन्तको प्राप्तहोती है, ताते ॐकारका नाम अनन्तहै॥२॥अथवा ॐकारके वाच्यनाम रूपात्मक जगत्काअंत विना सर्व्वाधिष्ठान चैतन्यआत्माके साक्षात् ज्ञानकेअन्य किसी देवता दैत्य ऋषि मुनि आदिकों करके पायाजाता नहीं, एतदर्थ भी ॐकारका नाम अनन्तहै॥३॥ यह ॐकारके चतुर्थ अनन्त नाम का अर्थ है॥४॥

अथ पंचम नाम तारकाअर्थ ५॥

हे सौम्य, अब ॐकारका पंचमनाम जो तार है तिसकाभी अर्थ श्रवणकरो। सर्वजे 'आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक, दुःखहैं, तहां काम क्रोध तृष्णा चिन्ता आदिकोंके क्षोभसे जो अन्तःकरण बिषे दुःख होताहै तिसकानाम आध्यात्मिक दुःख है, अरु ज्वरादिक रोग जन्य, अथवा सर्प सिंहादिकोंके भय जन्य जे दुःखहैं तिनकानाम आधिभौतिक दुःख है। अरु ग्रहादि देवताओंके कोपजन्य जे दुःखहैं तिनकानाम आधिदैविक दुःखहै।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इत्यादि सर्व दुःखोंसे अपने उपासक को तारदेताहै एतदर्थ ॐ-कारका नाम तारहै॥१॥अथवा यहजो नामरूप क्रियात्मक महा-दुःखमय अपार संसार सागरहै तिसबिषे जन्म जरा मरण काम क्रोध लोभ मोहादिरूप बड़ेबड़े ग्राह मकरादि, सर्वकोग्रासकरने वाले हैं, अरु तृष्णा कामना अभिलाषा इच्छा आदिक बड़ी २ शेषलोक से ब्रह्मलोक पर्य्यन्त उछलती सर्वको अपनेबिषे आक-र्षणकर तृणवत् अधो ऊर्ध्वको प्राप्तकरती तरंगें हैं,तिसबिषे ज्ञान रूपा तारूविद्यासे रहित जे अज्ञानी जीवहैं सो पड़े मग्नहोते हैं अरु दुःखपावते हैं पुकारते रोवते हाड़ूबे हाड़ूबे शब्दकरते हैं,अरु इस संसारसागरमें मग्नहोते जीव सो देवता आदिक बड़े श्रेष्ठ पूजनीय भजनीयहैं तिनको अपनात्राण(रक्षक)समझके उनका आश्रय लेते हैं, परन्तु उनको भी उक्त सागरमें मग्नहोते सुनते अरु जानते हैं तब उनकी ओर से भी निराश निराधारहुये जन्म जन्मान्तरपर्य्यंत दुःखही पावते हैं।ऐसा जो परमदुःखमय असार अपार संसार महादुस्तर सागर, तिससागरसे अपने उपासकको यह ॐकारतार देताहै, अतएव ॐकारकानाम तारहै॥२॥अर्थात् ऋगादि सर्व वेदोंकरके यहॐकारही तारक प्रख्यातप्रतिपाद्यहै, ताते जिन वर्णत्रयी के मनुष्योंको संस्कारपूर्वक वेदाध्ययनका अधिकारहै तिनको संसारदुःखकी सकारण निवृत्तिके अर्थ सर्वो-त्तम तारक ॐकारकी यथाशास्त्रविधि उपासनाकरना योग्य है। अरु जे वर्णत्रयीसे इतर वेदाध्ययनादिकके अनधिकारी पुरुष हैं तिनको अपनेकल्याणार्थयथाविधि पुराणोक्त रामनामादि तारक की उपासना कर्त्तव्ययोग्य हैं क्योंकि उनका कल्याण उसीसे है "स्वधर्म विगुणश्रेयो"यह ॐकारके पंचमतारनामकाअर्थ है॥५॥

अथ षष्ठः नाम शुक्ल का अर्थ ६॥

हे सौम्य, अब ॐकारके शुक्ल नामका अर्थश्रवण करो। वर्ण करके जो शुक्लहोय कहिये शुद्ध होय,सो कहिये शुक्ल। अर्थात्जो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्व मलसे रहित निर्मल शुद्ध होवे तिसका नाम शुक्ल कहते हैं तहां सर्वमलोंका कारण अविद्या है तिसअविद्यारूप महामलसे रहित सदाशुद्धएक ॐकारही है एतदर्थ ॐकारकानाम शुक्ल है। "शुद्धमपापविद्धम्"। "तदेवशुक्रंतद्ब्रह्मतदेवामृतमुच्यते" इत्यादि अनेक श्रुतियों के प्रमाणसे॥१॥अथवा ॐकार अपने उपासकको शुद्ध अपने लक्ष्य आत्मपद बिषे प्राप्तकरता है ताते ॐकारका नामशुक्लहै॥२॥अथवा तीनप्रकारकेजे कायिक वाचिक मानसिक, पापहैं तिनको नाशकरके अपने उपासकको शुद्ध करताहै एतद्-र्थ ॐकारकानामशुक्लहै।३॥अथवा तीनप्रकारके जे कर्मरूप पाप हैं तिन पापोंसे अपने भक्तोंको शुद्ध करता है ताते ॐकार का नाम शुक्लहै॥४॥हेसौम्य, अब इनतीनप्रकारके कर्मरूप पापोंको श्रवणकरो। प्रथम एक क्रियमाण कर्म्महै, दूसरा संचित कर्महै, तीसरा प्रारब्धकर्म्महै। सो यह तीनप्रकारके कर्म्मरूप पाप ,तर्क समें बाणवत् , अन्तःकरणरूप तर्कसबिषे रहते हैं। सो कैसा है अन्तःकरणरूप तर्कस जो साक्षी आत्माके आभास वा प्रति-बिम्ब करके युक्त है,अरु अविद्याका कार्य होने से अज्ञान अंश करकेभीयुक्तहै, तिसअन्तःकरणरूप तर्कसबिषे तीनोंप्रकारकेकर्म्म रूप बाणरहते हैं,अरु स्वतः अन्तःकरणजड़है ताते बिनाचैतन्या-भास अरु अज्ञानके कर्मधारने में समर्थनहीं, जब अन्तःकरण चै-तन्याभास अरु अज्ञानकरके युक्तहोताहै तबहीं कर्म्मोंकोधारने बिषे समर्थ होताहै॥ हेसौम्य अब अन्तःकरणका स्वरूप श्रवणकरो जो क्याहै। अरु अज्ञान क्याहै, अरु चैतन्यक्याहै, अरु सो कर्म्मों को धारता कैसे है , सो सर्वश्रवणकरो ,जैसे मृत्तिका, अरु जल, अरु आकाश, यहतीनों मिलते हैं तबघट उत्पन्नहोय पदार्थों को धा-रता है तहां न तो केवल मृत्तिकाही पदार्थ को धारसक्ती है न केवल जलही पदार्थ को धारसक्ता है, अरु न केवल आकाशही पदार्थ को धारसक्ता है, जब मृत्तिका जल अरु आकाश तीनों मिलतेहैं तब घटरूपहोय पदार्थको धारते हैं, तैसेही सत्त्वगुणरूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मृत्तिका अरु अज्ञानरूप जल अरु चैतन्यरूप आकाश यह तीनों मिलते हैं तब अविद्याके सत्त्वगुण भागका परिणाम अन्तःकरण होय तीनों प्रकारके कर्म्मोंको धारता है सोभी प्राणरूप सूत्रके आश्रय धारता है। ऐसा जो अन्तःकरणरूप तर्कस है तिसबिषे कर्म्मरूप बाण रहतेहैं, अथवा अन्तःकरणरूप मन्दिरहै तिसबिषे तीनोंप्रकारके कर्मरूप अन्नकेदाने भरेहुयेहैं, तहां व्यतीतहुये जे अनेकजन्म तिनके कर्म्मोंके सूक्ष्म संस्कार जे अन्तःकरण बिषे संचित हैं तिनका नाम संचित कर्म्म है तिन कर्म्मोंमेंसे जो कर्मोंको अपना फल सुख दुःखादि भोगावना है अरु जिन कर्मों नेयह शरीर रचाहै तिनकानाम प्रारब्धकर्म्महै। अरुजो वर्त्तमान शरीरकरके अहंकारपूर्वककर्म कियेजाते हैं तिनकानाम क्रियमाण कर्महै। अरु सो क्रियमाण कर्म्मही तीनसंज्ञाको प्राप्तहुआ है। तहां कर्म्मकरनेके समय उसको क्रियमाण कहते हैं, अरु करनेकेपश्चात् उसही कर्म्मकी संचितसंज्ञा होतीहै। अरु जब उसके फलभोगका समय आवताहै तबउस कर्म्मकी प्रारब्धसंज्ञा होती है। जैसे एकहीकाल भूतभविष्यत् अरु वर्त्तमान तीनसंज्ञाकोप्राप्त हुआहै,तैसेही एक क्रियमाण कर्म्म क्रियमाण संचित अरु प्रारब्ध, इन तीनसंज्ञाको प्राप्तहुआ है। तिसबिषे जे प्रारब्धकर्म्म हैं तिसकाफल ,जाति, आयुष्य, अरुभोग, इन तीनरूपसे प्राप्तहोता है। तहां जाति कहिये, देव दैत्य मनुष्य पशु पक्षी वृक्षआदिक तिनबिषेभी ,उत्तम, मध्यम, कनिष्ठ, अरु अधम, ।सो सर्वजीवों कोअपने अपने प्रारब्धका फलहै। अरु आयुष्य जोहै सो लव निमेषादिकोंसे लेके परार्ध्य ब्रह्माके आयुपर्यन्त न्यूनाधिक्य सो सर्व प्रारब्ध कर्मके फल हैं। अरु भोग जोहैं नानाप्रकारके स्वर्ग नरकादिकों के उत्तम मध्यम निकृष्टरूप सुख दुःख सो सर्व प्रारब्धका फलहैं सो अवश्यमेव देहधारियोंको भोक्तव्यहैं। हे सौम्य यह प्रारब्ध भोग , साधारण , अरु असाधारण, उभय प्रकार के भी चिन्तनीय हैं, तहां जैसे ज्वरादिक रोग हैं सोभी प्रारब्धकर्म

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

का फलहै परन्तु तिनकी औषधी आदिक यत्न करनेसे निवृत्ति होती है सो साधारण है, अरु जिन रोगादिकोंकी प्रयत्न करनेसे भी निवृत्ति होती नहीं सो असाधारण कहिये असाध्य जानना। अरु यह तीनोंप्रकारके प्रारब्ध कर्मके फल भोग भोगनेहीसे निवृत्तहोते हैं अन्य किसीप्रकारसे भी इनकी निवृत्ति होतीनहीं। अरु संचित, क्रियमाण,यहदोनों कर्म ज्ञानवान्के ज्ञानाग्निकरके नष्ट होजातेहैं। अरु प्रारब्धकर्म्म देहकेआश्रय रहताहै सो अपनाफलदे के नष्टहोताहै मध्यमें मिटतानहीं । जैसेकिसी शस्त्रधारीके तर्कस बिषे जोबाण होताहै तिसको अरु जोबाण चलावनेकेलिये हाथमें धारणकियाहै तिसकोनाशकरनेको वोशस्त्रधारी समर्थहोताहै,अरु जोबाण उसकेधनुषसे चलचुकाहै तिसको नाशकरनेमें वो समर्थ होता नहीं वोबाण जो धनुषसे चलचुका है सोजब अपने बेगसे रहितहोताहै तब गिरपड़ताहै पुनः आगे चलतानहीं, तैसेही तर्कसके बाणोंवत् संचित कर्म्म हैं, अरुहाथके बाणवत् क्रियमाण कर्म्महैं, सोयह संचित अरु क्रियमाण दोनों कर्म्म आत्मज्ञानकी प्राप्तिहुये नाशहोजातेहैं । अरुजो तीसरा प्रारब्धकर्म्महै सोधनुष से चलेहुये बाणवत्है, सो ज्ञानप्राप्तहुयेभी रहताहै वोजब अपने भोगदातव्यरूप बेग से रहित होताहै तबअपने आश्रय शरीरसहितगिरपड़ताहै पुनः आगेको चलता नहीं। अर्थात् ज्ञानवान्का प्रारब्ध जब अपना भोग देचुकता है तब सशरीर के नष्ट होजाता है तब उस विद्वान् को पुनः जन्मके आरंभक कोई भी कर्म्म अवशेष रहते नहीं ,क्योंकि जब वो आचार्य से तत्त्वमस्यादि महा वाक्यों को श्रवण करता है तब अपने आप को जानता है कि मैं अविद्यात्मक स्थूल सूक्ष्म कारण इन तीनों शरीरों से रहित अशरीरी आत्मा हौं ताते अजन्मा अक्रिय हौं, अतएव मेरे साथ शरीर अरु तदाश्रित कर्म कोई नहीं, मैं एतने काल से अपने अज्ञानरूप पिशाच के वश हुआ अपने को कर्त्ता भोक्ता सुखी दुःखी मानता रहा, परन्तु अब श्रुति अरु आचार्य्य की कृपा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

से मेरा उक्त पिशाच निवृत्त हुआ तब जाना जो मैं तो सर्व शरीरादि उपाधिसे रहित निर्विकार निराकार निःक्रिय असंग आत्मा हौं मैं कर्त्ता भोक्ता नहीं, अतएव न मैं पूर्व कर्त्ता रहा न मुझको आगे को कुछ कर्त्तव्य है, मैंतो सर्वदा अकर्त्ता अभोक्ता एकरस चैतन्य आत्मा हौं। इसप्रकार विद्वान् को अपने आप आत्मस्वरूप का साक्षात् सम्यक् ज्ञान होनेसे तिसही ज्ञानरूप अग्निद्वारा संचितकर्म्म जो तर्कसके बाणवत् हैं सर्व भस्म होते हैं। तथाच "क्षीयन्तेचास्यकर्माणि" "ज्ञानाऽग्निदग्धकर्माणि" इत्यादि श्रुतिस्मृतियों के प्रमाणसे। अरु सम्यक् आत्मज्ञानहोने के उत्तर कुछभी कर्त्तव्य अवशेष रहतानहीं, क्योंकि कर्मके हेतु कामना का उसबिषे अत्यन्ताभाव है। अरु अवशेष रहा जो प्रारब्धकर्म्म सो अपना भोग देके नष्ट होता है, अरु तिस प्रारब्धके भोगकालमें भी वो विद्वान् प्रारब्ध का भोक्ता नहीं क्योंकि आत्मा अभोक्ता है। ताते प्रारब्ध के सुख दुःखादि भोगों का भोक्ता साभास लिंगशरीर जीवात्मा है, अरु स्थूलशरीर भोगालय है, अरु इन दोनों का कारण अविद्या है। अरु मैंतो इन सर्व से पृथक् इन सर्व का प्रकाशक साक्षी हौं हे सौम्य, इसप्रकार अपनेआप अकर्त्ता अभोक्ता सत्यस्वरूप आत्माको यथार्थ अनुभव करके ज्ञानवान् संचितादि सर्व कर्म से अरु तिनके फल सुख दुःखादिकोंसे रहित सर्वदा अकर्त्ता अभोक्ता ज्योंका त्यों है। अरु यावत् लोक दृष्ट्या ज्ञानी का देह भासता है तावत् प्रारब्ध भी भासता है वा यावत् प्रारब्ध भासताहै तावत् तदाश्रित शरीर भी भासता है, तथापि ज्ञानी के स्वरूप में देह अरु प्रारब्ध अरु तदाश्रित सुख दुःखादि भोग इत्यादि कुछभी नहीं। अतएव ज्ञानवान् का प्रारब्ध कर्म अपना फल देके समाप्त हुआ पुनः शरीरारंभ का कारण होता नहीं क्योंकि उसका संचितकर्म जो प्रारब्धरूप से फलकी प्रवृत्तिका हेतु है सो ज्ञानाग्नि करके नाशको प्राप्त होताहै ताते। अरु अज्ञानीका एक शरीरका आरंभक अरु उस शरीरकरके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अपने फल सुख दुःखादिकों का भोगावनेवाला प्रारब्ध कर्म अपना फल देके समाप्त होनेपर आवता है तबहीं उसके संचित कर्मोंमें से जो कर्म्म अपना फल देनेको सम्मुख होते हैं तब वो प्रारब्धरूप से पुनः शरीरके आरंभक अरु सुख दुःख के भोगावने वाले अरु अपने अनुसार कर्मों के करावनेवाले होते हैं, ताते अज्ञानी को क्रियमाण अरु क्रियमाण से संचित अरु संचित से पुनः प्रारब्ध, प्रारब्ध से पुनः क्रियमाण, इसप्रकार घटी यन्त्रवत् कर्मचक्र भ्रमावताही रहता है उसके कर्मबिना सम्यक् ज्ञान के हुये अन्य किसीप्रकार से भी अभाव होते नहीं ॥ हे प्रियदर्शन प्रारब्ध भोग जो ज्ञानी अरु अज्ञानी के बिषे तुल्य हैं सोभी तीन प्रकारके हैं, तहां एक इच्छितरूप है, दूसरा अनिच्छितरूप है, तीसरा पारेच्छितरूपहै। सो यह तीनप्रकारके प्रारब्धके अनुसार तिनके फलक्रिया भोग सर्व जीवोंको प्राप्तहोते हैं। सो तीनोंप्रकार की प्रारब्ध क्रिया भोग श्रीकृष्ण परमात्मा ने गीताबिषे निरूपण कियाहै सो ज्ञानी अज्ञानी दोनोंको तुल्यहै, परन्तु अज्ञानीको साभिमानहै ताते बन्धनका कारणहै, अरु ज्ञानवान् निरभिमान है ताते उसको बन्धन का कारण है नहीं। अब तीनों प्रकार की प्रारब्ध क्रिया भोग,देखावतेहैं। तथाच। भगवानुवाच। "सदृशं चेष्टते स्वस्याः प्रकृते ज्ञानवानपि, प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति" अर्थ 'भगवान् कहते हैं कि हे अर्जुन अपने प्रारब्ध कर्म्मके अनुसार सर्व प्राणी चेष्टा करते हैं, अर्थात् ज्ञानवान् भी अरु अज्ञानी भी सर्व अपने २ पूर्व कर्म्म संस्कारों के आश्रय चेष्टा करतेहैं, अरु उसही स्वभाव (प्रकृति) को प्राप्त होते हैं तब पुनः निग्रह किसका करिये। अर्थात् पूर्व शरीरों से किये जे कर्म्म सो संस्कार रूपसे अन्तःकरणबिषे स्थित हैं, तिन संस्कारों का जो प्रबुद्ध होना (जागना) है, तिसही के आश्रय ज्ञानी अरु अज्ञानी सर्व चेष्टा करते हैं तब उनका निग्रह क्यों करिये। यह तो इच्छा पूर्वक क्रिया भोग हैं, क्योंकि पूर्व जन्मों

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

के किये जे इच्छा पूर्वक शुभाशुभ कर्म्म सो संस्काररूपसे अन्तः-करण में स्थित होय इन शरीरोंको अपने आश्रय वर्त्तावे हैं, एतदर्थ इस स्वाभाविक चेष्टाका नाम इच्छापूर्वक चेष्टा है, अर्थात् इच्छित प्रारब्ध क्रिया भोग है ॥ हे सौम्य अब अनिच्छित को भी श्रवणकरो पूर्व अर्ज्जुन ने श्रीकृष्ण परमात्माप्रति प्रश्नकिया है कि "। अथ केन प्रयुक्तोयं पापंचरति पूरुषः , अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादपिनियोजितः "। हे भगवन् उत्तम पुण्यरूप क्रिया करने की इच्छा सर्वको होती है , सुखप्राप्तिवास्ते, पापकर्म की इच्छा कोई भी करता नहीं , दुःख की अप्राप्तिवास्ते , तथापि जिस पापकर्म्म की इसको इच्छा नहीं तिसही पाप कर्मों में प्रवृत्त होते हैं सो किसकी प्रेरणासे होते हैं , जैसे राजाकी प्रेरणा से, विनाही अपनी इच्छाके भृत्य युद्धरूप कर्म करता है कि जिस क्रिया में मरण पर्यन्त का भयहै, तैसेही यह पुरुष जो विना अपनी इच्छाके पापरूप कर्म, कि जिसमें परिणाम नरकादिकों का भय है, करताहै सो किसकी प्रेरणासे करता है , यह आप कृपाकर मुझसे कहिये ॥ हे सौम्य इसप्रकार जब अर्ज्जुन ने प्रश्नकिया तब श्रीकृष्ण भगवान् ने उत्तर कहा कि "। कामएषः क्रोधएषः रजोगुण समुद्भवः, महाशनोमहापाप्मा विद्धेनमिह वैरिणम् "। हे अर्जुन यह जो काम अरु क्रोध है सो रजोगुण से उपजे हैं अरु बडे भोजन के करनेवाले पापात्माहैं, अरु जिज्ञासु के नित्यही वैरी हैं। तिनकी प्रेरणासे यह जीव अनिच्छित भी पापकर्मोंमें प्रवृत्त होतेहैं। अर्थात् यह जो कामना हैं सोई अपनी अपूर्णतासे क्रोधरूप परिणाम को पावती है, क्योंकि जब कोई किसी पदार्थ की कामना से किसी क्रियामें प्रवर्त्त होताहै, तिस क्रियामें जब कोई द्वेषी पुरुष विघ्नकरता है तब वोही कामना जो पूर्व रजोगुणात्मकरही सो क्रोधरूप से तमोगुणात्मक परिणामको प्राप्तहोती है, सो विवेक शून्य पापात्मा है, अरु कामना भोगों करके तृप्तहोती नहीं , आहुतिसे अग्निवत् , अतएव सो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

महाशना है अरु जिज्ञासु की तो यह नित्यही वैरी है ॥ हे सौम्य इसही कारणसे श्रीकृष्णपरमात्मा ने कहा है कि "जहि शत्रुंमहाबाहो कामरूपंदुरासदम्" हे अर्ज्जुन इस कामरूप बलवान् शत्रुको जयकरो तिसविना कल्याण नहीं ॥ अरु पूर्व जन्मों के जे रजोगुणात्मक कर्म्मोंकेसमूह सो सूक्ष्म संस्कार रूपसे अन्तःकरण बिषे स्थित हैं, सो जब अपना फल देने को सम्मुख होते हैं तब प्रारब्ध रूप भावको प्राप्तहोय कामना रूप से प्रबुद्धहोते (जागते) हैं, तब तिसके वशहुआ जीव अनिच्छित भी पाप कर्म्मों में प्रवृत्त होता है, सो क्रिया अरु तिसका फल भोग, सो सर्व अनिच्छित क्रिया भोग है। तातें इस को अनिच्छित क्रिया भोग कहते हैं ॥ अब परइच्छित प्रारब्ध को श्रवणकरो। हे सौम्य श्रीकृष्ण भगवान्ने कहा है कि, हे अर्ज्जुन अपने पूर्वकर्म्मों के संस्कारजन्य प्रकृति 'कहिये स्वभाव' तिसके वश हुआ जो तू सो अपने अज्ञानभ्रम करके भ्रमाहुआ अपना धर्म्म रूपजे युद्ध कर्म सो नहीं भी करता तथापि परवश हुआ युद्ध कर्म्म करेहीगा इसबिषे संशय कुछ नहीं, तातें यह जो तेरी युद्धरूप क्रिया है अरु तिसका जो परिणाम फलभोग है सो दोनों पर इच्छितहै। अरु कामना अरु क्रिया यह परस्पर ओत प्रोत हैं, क्योंकि कामनाबिना क्रिया होवे नहीं, अरु क्रियाहै सो कामना को लखावती है, अरु यह दोनों अविद्या के आश्रय हैं, अरु सो अविद्या अनादि होनेसे तदाश्रित काम क्रिया भी अनादि है, तथापि सर्व्वाधिष्ठान आत्मसत्ता के साक्षात् ज्ञानसे अविद्या अरु तदाश्रित सर्व काम कर्म्मादिकों का अभाव होताहै, तातें अविद्या अरु तिसका कार्य समस्त नामरूप क्रियात्मक जगत् असत्य है। अरु अज्ञानावस्था पर्यंत जे अनादि कालसे अनेक जन्मों के काम कर्म्मादिकों के संस्कार सो जब अपना फल भोगदेने के अर्थ सम्मुख होते हैं। तब वोही संचित से प्रारब्ध संज्ञाको प्राप्तहोय 'इच्छित' अनिच्छित, अरु परेच्छित, इन तीनप्रकार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

से प्रवृत्त होते हैं, ताते प्रारब्ध क्रिया भोग तीनप्रकार के हैं॥

हे सौम्य तुम्हारी दृढ़ता के अर्थ पुनः कहते हैं तिसको भी श्रवण करो, तहां प्रथम इच्छारूप क्रियाभोग श्रवण करो ' जैसे कोई एकरोगी पुरुषहै तिसको औषधकर्त्ता वैद्यने आज्ञाकिया कि तू कुपथ्य भोजन मतकरियो जो करेगा तो दुःख भोगेगा, सो यह आज्ञा वैद्यकी श्रवण करके भी वो रोगी पुरुष कुपथ्यकी इच्छाकर पुनः सोई भोजन करके दुःख भोगता है। सो कुपथ्य भोजनरूप क्रियाको वैद्यद्वारा क्लेशदायक जानके भी पुनः सोई कुपथ्य भोजन करना अरु दुःख भोगना, सो यहक्रिया अरु भोग दोनों स्वइच्छित प्रारब्ध है। तैसे चौर्यादि निषिद्ध कर्म्मोंके ताडनादि दुःखरूप फलको जानके भी तिस चौर्यादि कर्म्ममें प्रवृत्त होना अरु तिसके फल ताडनादि दुःखोंको भोगना,सो यह सर्व क्रिया भोग स्वइच्छित प्रारब्धहै॥ अब अनिच्छित कोभी श्रवण करो, हे सौम्य जैसे कोई एक पुरुष किसी ग्रामको जाताहै सो उसग्रामके मार्गपर चलते २ उसमार्ग को भूलके अन्यग्राम के मार्गपर चलने लगा तब उसमार्गबिषे उसको कंटकादि चुभने से अति दुःखहुआ वा किसी उत्तम पदार्थ की प्राप्तिसे उसको हर्षहुआ ' सो उस पुरुषकी उसमार्ग में ' कि जिसपर भूलके चलता है, गमनकिया, अरु दुःख सुखकाभोग सो उस पुरुषको अनिच्छित क्रिया भोग है, क्योंकि उस पुरुषको उस मार्ग पर चलने की वा तिस मार्गजन्य सुख दुःख भोगने की पूर्व से इच्छा नहीं॥ हे सौम्य अब परेच्छितको भी श्रवणकरो ,हेप्रियदर्शन कोई एक निर्धनपुरुष अपने किसी प्रयोजनार्थ कहींको जातारहा किंवा कहीं बैठारहा तिसको अकस्मात् किसीराजकीय बलवान् पुरुषने अपने बन्धनमें कर अपना जो कुछ सामान(भार)था सो बलात्कार से उसके मस्तकपर धरके उसको ताडनासहित अपनेअनुकूल मार्गपर चलावनेलगा। सो उसनिर्धन मनुष्यका उस राजकीय मनुष्यके वशहोय उसकेभारको उठावना उसकेअनुकूल मार्गपर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चलना, अरु उसकीकीहुई ताडनाके क्लेशको भोगना, सो सर्व क्रिया भोग उसकी परेच्छित है॥ हे सौम्य, अब इसपर वृद्धों की साक्ष्य श्रवणकरो जैसे अपनी सत्यवती माता के वशहुये व्यासदेवजीने राजापांडु, धृतराष्ट्र, अरु विदुर इनकी माताकेसाथ उनके संतानार्थ बिषय भोग किया सो व्यासदेवजी ने अपनी इच्छा पूर्वक नहीं किया किन्तु केवल अपनी माताकी आज्ञाकेवश होयके किया सो उनका परेच्छित प्रारब्ध क्रिया भोगहै॥ हेसौम्य एकप्रारब्ध के तीन प्रकारके क्रियाभोग भेद तुमसेकहा, सो सर्वको समान भोक्तव्यहैं क्योंकि प्रारब्धकर्म बिना भोगे अन्य किसीप्रकार से भी अभाव होतेनहीं। तिन तीनोंमेंसे आत्मज्ञानीको इच्छित अरु अनिच्छित दोप्रकारकी प्रारब्धक्रिया भोग अभाव होजातेहैं। क्योंकि उस ज्ञानवान्को सर्व्वात्म भाव उदयहुआ है, तब वो इच्छा अनिच्छा कौनकीकरे, क्योंकि "यत्रद्वैतमिवभवति तदितर इतरम्पश्यति" इत्यादि प्रमाणसे इच्छा अनिच्छा द्वैतभाव प्रिय अप्रिय बस्तुबिषे होतीहै, अरु द्वैतभाव अविद्याके आश्रयहोता है, सो द्वैतभावका आश्रय अविद्या ज्ञानवान्की अभाव होतीहै ताते ज्ञानी बिषे इच्छा अनिच्छाका भी अभावहै। अरु एकलोक दृष्ट्या शरीरयात्रामात्र जो ज्ञानीबिषे भोजनादि क्रिया भासतीहै सो परेच्छित है, क्योंकि जो किसीने कुछ भोजन करायदिया तो करलिया वा किसीने वस्त्र ओढ़ाया तो ओढ़लिया, अरु जोकोई तर्ककरे कि उस ज्ञानीके मुखमें ग्रास किसी अन्यने देदिया परन्तु उसको चबायके कंठके नीचे उदरमें उतारना यह जो क्रिया है सो तो ज्ञानवान् बिषे स्वइच्छित होनेसे उसको बन्धनका हेतु होगी, सो कहनाबने नहीं क्योंकि ज्ञानवान्के बिषे जो शरीरकी स्थितिमात्रके अर्थ भोजन शौचादिक क्रियाहै सो निरभिमानता से होनेकरके बंधनका कारण होवेनहीं। तथाच "शारीरंकेवलं कर्म्मकुर्वन्नाप्नोतिकिल्विषम्" "लिप्यतेनसपापेभ्योपद्मपत्रमिवांभसि" "नलिप्यते कर्म्मणा पापकेनेति" इत्यादि प्रमाणों से

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अरुवास्तव करके ज्ञानीके स्वरूपमें सो परेच्छितभी नहीं क्योंकि उसकी दृष्टिमें सर्व्वात्मभाव होनेसे स्वपरका भेदनहीं,उसको तो सर्व भेद भावसे रहित एक अपना आप आत्माही भासताहै "। सर्व्वं खल्विदं ब्रह्म "। "ब्रह्मैवेदं सर्व्वं,"। " आत्मैवेदंसर्वम्"। "पुरुषएवेदंसर्व्वम्"।" नेह नानास्ति किञ्चन "। इत्यादि श्रुतियों के प्रमाणसे एक अद्वितीय आत्माही है, इतर रंचकमात्र भी नहीं। ताते ज्ञानीके विषे संचित, क्रियमाण, अरु प्रारब्ध,तीनों प्रकारके कर्मोंका अभावहै। अरु जो लोकदृष्ट्या ज्ञानीबिषेक्रिया भोग प्रत्यक्षदेखते हैं सो देहकेआश्रय इच्छा अनिच्छासेरहित साधारण आभासमात्रहै क्योंकि देहकाहोना प्रारब्धकर्म्म संस्कारके आश्रयहै ताते ज्ञानीका यावत्देहहै तावत्प्रारब्धहै यावत् प्रारब्धहै तावत् देहहै,इसप्रकार देह अरु प्रारब्धका व्यापार अन्योन्याश्रय है, एतदर्थ यावत् ज्ञानी का देह है तावत् देह सम्बन्ध से ज्ञानीके बिषे प्रारब्ध,क्रिया भोग भासतेहैं सो ज्ञानी के स्वरूप बिषे उपाधिकृत आभासमात्र मिथ्या है ज्ञानी के स्वरूप में प्रारब्ध क्रिया भोग नहीं। ताते प्रणवोपासक ज्ञानवान्के संचित , आगामी, प्रारब्ध तीनों कर्म्मोंका अभावहोता है अर्थात् ॐकारके उपासक मुमुक्षु को तीनों प्रकारके कर्म्मरूप पापों से ॐकार शुद्धकरता है ताते ॐकार का नाम शुक्र है ॥ हे सौम्य अब और श्रवण करो, यह संचितादि तीनप्रकारके जे कर्म्म हैं सो देहाभिमानी अज्ञानी को सत्य हैं, अरु ज्ञानवान्के तीनों कर्म्म अभाव होजातेहैं, तहां संचितकर्म तो ज्ञान होतेही ज्ञानाग्नि करके नष्ट होजाते हैं, ताते उसको आगे पुनर्जन्म का अभाव होता है जैसे कोई पुरुष अपने अन्न करके भरेहुये मन्दिर को भस्म करदे तब वो अग्नि करके दग्धहुये अन्नके दाने अपने अंकुर उपजावने को समर्थ होतेनहीं। तैसेही ज्ञानवान्का अन्तःकरणरूप मन्दिर संचितकर्मरूप अन्नके दानेसहित ज्ञानाग्निकरके दग्ध होजाताहै सो पुनः शरीररूप अंकुर उपजावनेको समर्थ होता नहीं। सोअन्तः-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करणका अभाव इसप्रकारहोताहै, जो ज्ञानवान्का चित्सत्पदको प्राप्तहोताहै। हे सौम्य जिसकरके असम्यक्ज्ञान दर्शनहोय, अर्थात् सत्यरूप आत्माबिषे असत्य बुद्धिहोय, अरु असत्य देहादिकों बिषे सत्यात्म बुद्धिहोय तिसका नाम असम्यक् ज्ञानदर्शन मन है, अरु अज्ञान, जीव, है। अरु जब आचार्य्यके उपदेशद्वारा सत्य आत्मानुभव विज्ञान होता है तब अज्ञानरूप जीव, मन, भाव नष्टहोजाताहै, तब केवल शुद्ध आत्मपद ज्योंकात्यों शेषरहताहै, तिसको चित्सत् कहते हैं। इसप्रकार जब चित्सत् पदको प्राप्त होताहै, तब अन्तःकरण जो है मनभाव सो संचित कर्म्मोंसहित, अन्नके मन्दिरवत्, नष्टहोजाता है तब पुनः सो देह उपजावने को समर्थ होतानहीं॥ अरु जो क्रियमाण कर्म हैं सो ज्ञानीकेबिषे उपजतेही नहीं, क्योंकि क्रियमाण कर्म्म जो उपजते हैं सो अज्ञानके आश्रय अन्तःकरण बिषे उपजतेहैं, सो अन्तःकरण ज्ञानवान्का सहित अज्ञान के नष्टहोता है, ताते वा ज्ञानवान् सदा अक्रिय आत्मपदबिषे प्राप्तहुआ है ताते, उसबिषे क्रियमाण (आगामी कर्म्म उपजतेनहीं। अरु ज्ञानीकी जीवन्मुक्त अवस्थाबिषे जो देह क्रिया दिखतीहै, सो देहके प्रारब्धसेहै सो सर्वको समान होतीहै, परन्तु सोई क्रिया जब अनात्म अहंकार पूर्वक होती है तब क्रियमाणभावको प्राप्तहोय पुनः संचित संज्ञाकोपाय अपना फल जे सुख दुःखादिक सो प्रारब्धरूपसे भोगावेहै, अरु नानाप्रकारके देव मनुष्य पशु तिर्यगादि उत्तम मध्यम निकृष्ट अधमादि देहोंको उपजावेहै। ताते देहाभिमानी अज्ञानीको उसकी साभिमानक्रिया जन्मदायक होतीहै। अरु वोहीक्रिया जो पूर्वसंस्कार से प्रारब्धवशात् देहबिषे दीखती है सो जब अहंकार पूर्वक नहीं होती तब वो क्रियमाण संज्ञाको न प्राप्तहोनेसे संचित अरु प्रारब्ध इनभावको भी प्राप्तहोती नहीं क्योंकि क्रियाबन्धनका मूल अनात्म अभिमानही है, सो जिसका अज्ञान कारण सहित अभावहुआहै, तिसकी जो वर्त्तमान शरीरबिषे क्रिया है सो क्रिय-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

माण, संचित, अरु प्रारब्ध, इन संज्ञाको प्राप्तहोय पुनः जन्मका कारण होतीनहीं। अरु देहकरके जो क्रिया होती है सो पूर्वजन्म के केवल प्रारब्ध संस्कारसे होती है "पूर्वसंस्कारवातेन चेष्टते शुष्कपर्णवत्" सो प्रारब्ध देहके साथहै सो देहके साथही नाशवान् होनहारहै। क्योंकि प्रारब्धके अभावसे देहका अभाव अरु देहके अभावसे प्रारब्धका अभाव यह अन्योन्य अनुमान सिद्धहै अरु प्रारब्ध अरु शरीर अन्योन्याश्रय दोषयुक्त होनेसे दोनोंही असत्य है। अतएव हेसौम्य ज्ञानवान् को क्रियमाण कर्मनहीं, क्यों जो ज्ञानवान् सर्व अनात्म अभिमानसे रहित अक्रिय आत्मपदको प्राप्तहुआ है, एतदर्थ ज्ञानवान्के शरीरकी क्रिया क्रियमाणभावको प्राप्तहोती नहीं॥ जैसे भोजनरूप जो क्रिया है सो मानो पूर्व संस्कारजन्यप्रारब्ध जन्य क्रियाहै, सो क्रिया जब होती है तब वो नीरोगीपुरुषके देहबिषे पुष्टिरूप क्रियमाण संज्ञाको प्राप्त होतीहै, अरु वोही प्रारब्धजन्य भोजनक्रिया सरोगी पुरुषके देह बिषे पुष्टिरूप क्रियमाण संज्ञाको प्राप्तहोती नहीं। तैसेही जिज्ञासुपुरुष जब साक्षात् आत्मज्ञानरूप रोगकरके युक्तहोता है तब उसके शरीरबिषे प्रारब्ध जन्य क्रिया भोगदृष्ट आवते हैं, तथापि वो क्रिया क्रियमाणतारूप पुष्टताको प्राप्तहोती नहीं अरु जिस पुरुषको साक्षात् आत्मज्ञानरूप रोगनहीं ऐसा जो नीरोगी अज्ञानी है तिसको प्रारब्धरूप क्रियासे क्रियमाण क्रिया उपजती है नीरोगीके भोजनवत्, यह वैधर्मीदृष्टान्त जानना,। अतएव हे सौम्य, उक्तप्रकार ज्ञानीपुरुष बिषे संचित अरु क्रियमाण ये दोनों क्रियानहीं, अरु जो पूर्वके कर्मसंस्कारोंसे प्रारब्धजन्य क्रिया है सो क्रियमाणवत् भासती है परन्तु वास्तवकरके ज्ञानवान्के स्वरूपबिषे सोभी नहीं देह के आश्रय प्रतीत होती है सो ज्ञानवान् अरु अज्ञानी दोनों को तुल्य है, परन्तु अज्ञानी तो तिसबिषे अहंकारपूर्वक रागद्वेष सहित अपनेआप को अज्ञानबश हुआकर्त्ता भोक्ता माने है, ताते उसकी क्रिया, क्रियमाण, संचित, अरु प्रारब्ध,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इन तीनों संज्ञा को प्राप्त होय पुनः शरीरोत्पत्ति अरु सुख दुःख रूप भोगका कारण होती है । अरु ज्ञानवान् की शरीरक्रिया पूर्व के प्रारब्धवशात् होती है, परन्तु तिसबिषे ज्ञानवान् को अहंकार रागद्वेष कर्त्ता भोक्ता बुद्धि नहीं, ताते ज्ञानवान् की क्रिया पुनर्जन्म अरु सुखदुःखरूप भोगोंका कारण होती नहीं । ताते हे प्रियदर्शन ॐकार के उपासक ज्ञानवान् के संचित, क्रियमाण, अरु प्रारब्ध, तीनों कर्म नाशकरके उसको उसका उपास्य ॐकार अपने लक्ष्य सदा शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव अक्रिय आत्मपदबिषे प्राप्तकरता है, अतएव ॐकार का नाम शुक्र है ॥ अथवा स्थूल सूक्ष्म कारण, तीनों शरीरों का अभिमानरूप पाप है तिसको भी नाशकरके अपने उपासकको शुद्धकरताहै एतदर्थ भी ॐकारका नाम शुक्रहै ॥ अथवा तीन जे त्रिपुटियां ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय, ध्याता ध्यान ध्येय, कर्त्ता कर्म क्रिया, इत्यादिक हैं, तिन अज्ञान जन्य त्रिपुटियोंको नाशकरके अपने उपासकको ॐकार शुद्ध करताहै ताते ॐकारका नाम शुक्र है ॥ अथवा अज्ञान अनात्मा देहादिकोंके आश्रय जे बंधनका हेतु बर्णाश्रमका अभिमान अरुतिस के आश्रय कर्त्तृत्व भोक्तृत्व का अभिनिवेश, तिन रूपसर्ब पापोंसे अपने उपासक को मुक्त शुद्धकरके ॐकार अपने लक्ष्य परब्रह्म परमात्मपद को प्राप्तकरता है ताते ॐकारका नाम शुक्र है "यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्म्मुच्यत एवं हवैस पाप्मना विनिर्म्मुक्तः" इत्यादि ॥ हे सौम्य यह तुम्हारे प्रति ॐकार के षष्ठ शुक्रनामका अर्थ संक्षेपमात्र कहा तिसका बिचारकर शुद्ध होवो ६ ॥

अथ सप्तमनाम वैद्युत ७ ॥

हे सौम्य, अब ॐकार के सप्तम वैद्युतनाम का अर्थ संक्षेप मात्र श्रवणकरो । विद्युत नाम है प्रकाश का सो ॐकार अपने ज्ञानरूप प्रकाश करके अपने उपासक के अज्ञानरूप अंधकारको कि जिसके आश्रय बारम्बार जन्म मरणके महाभय का देने वा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

संसाररूप असत्य सर्प अपनेआप शुद्ध अद्वैत जन्म मरण से रहित अज अविनाशी आत्माविषे, सत्य प्रतीत होता है, अभाव करके, अपनाआप रज्जुस्थानीय आत्मरूप पदार्थ ज्यों का त्यों प्रत्यक्षकर देखावता है "ज्ञानदीपेन भास्वतः" इत्यादि प्रमाणसे ताते ॐकार का नाम विद्युत है ॥ अथवा ॐकार अपने उपासक को विद्युतवत् विशेष प्रकट दर्शनदे पुनः अपने सामान्यरूप को प्राप्तहोता है "यदेतद्विद्युतोव्यद्युतदा" इत्यादि केनोपनिषद् के प्रमाणसे । एतदर्थ भी ॐकार का नाम विद्युत है ७ ॥

अथ अष्टमनाम हंस ८ ॥

हे सौम्य, अब ॐकारके अष्टम हंसनाम का अर्थ श्रवणकरो । हंसनाम सूर्य्यका है, जैसे सूर्य्य रात्रिको अरु तज्जन्य अंधकारको अरु तज्जन्य अभास को नाशकरता है । तैसेही ॐकाररूप सूर्य्य है तिसकी जो पुरुष, विचार ध्यान उच्चार जप आदि, क्रमसे उपासना करता है, तिस उपासक के अन्तःकरण में सूर्य्यवत् ज्ञानरूपसे उदयहोय, मूलाविद्या रूपारात्रि, अरु तदाश्रित तमोगुणरूप अन्धकार, अरु तदाश्रित स्वरूप का अनाभास, तिनको अभावकरके अपने लक्ष्य शुद्ध तुरीयरूप आत्माको प्रकाशता है । ताते ॐकार का नाम हंस है । तथाच "आदित्य उद्गीथ एष प्रणवः" इत्यादि श्रुति के प्रमाणसे ॥ अथवा हंस उस पक्षीविशेषको भी कहते हैं कि जो मिश्रित हुये दुग्ध अरु जलको पृथक् २ करता है, तैसेही ॐकाररूप हंस अपने उपासक के हृदय की चिज्जडग्रंथी, जो दुग्ध अरु जलवत् मिश्रित, है तिस चिज्जड ग्रंथी को खोलके चैतन्यरूप दुग्ध अरु जडरूप जल को पृथक् २ करके अपने उपासक को आत्मरूप दुग्धकी प्राप्तिकराय अजर अमर अभयपद को प्राप्त करता है, अतएव ॐकार का नामहंस है । तथाच "हंस शुचिः" इत्यादि श्रुतिप्रमाणसे । अर्थात् ॐकार अपने उपासक की अविद्यारूपारात्रि अरु अनात्म जडरूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जलको नाशकरके स्वयंज्योतिःसर्व का परमसार नित्य निरंजन निर्विकार अपनेआप आत्मपद बिषे प्राप्त करता है, अतएव ॐ-कार का नाम हंस है ८ ॥

अथ नवमनाम तुरीय ९ ॥

हे सौम्य अब ॐकारके नवमनाम तुरीयका भी अर्थ श्रवण करो। हे प्रियदर्शन तुरीय उसको कहते हैं, जो सूक्ष्म स्थूल कारण, यह तीन शरीर, अरु जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति, यहतीन अवस्था, अरु विश्व तैजस प्राज्ञ, यह तीन अभिमानी, अरु स्थूल बिरल अरु आनन्द, यहतीन भोग्य, इत्यादिकोंका जो साक्षी प्रकाशक अधि-ष्ठान अरु उक्त सर्बसे पृथक् है तिस निर्बिशेष चैतन्य आत्माका नाम तुरीयहै। अरु सोई त्रिमात्रिक बाचक ॐकारका लक्ष्य है अरु त्रिमात्रिक ॐकारके आलम्बनसे यही मुमुक्षुओं करके उपा-स्यदेवहै, अरु यही एक अद्वितीय सर्बका अपना आप प्रत्यगात्मा है, इसही के साक्षात् सम्यक् ज्ञानसे मोक्ष होती है। तिस अपने लक्ष्यरूप तुरीय आत्माकी प्राप्ति अपने उपासकको करायतीनों अवस्था रूप नामरूप क्रियात्मक असत्य संसार सागर से तार देता है, ताते ॐकारका नाम तुरीय कहते हैं ९ ॥

अथ दशम नाम परब्रह्म १० ॥

हे सौम्य, अब ॐकारके दशम ब्रह्म नामका अर्थ श्रवणकरो। परा पश्यन्ति मध्यमा अरु वैखरी, इनचारो बाचाकरके जो प्र-कट होता है सो ॐकारका वाच्य शब्दमय ब्रह्म है। तहां परा उसको कहतेहैं, पश्यन्ति मध्यमा अरु वैखरी, इनतीनोंकी समा-वस्था है वा सामान्य शब्दके उत्थानसे रहित केवल ध्वनिमात्र है। वा जहांसे पश्यन्ती का उत्थान होताहै, सो परावाचा है। अरु पश्यन्ति स्फुरणरूप तिसबिषे यह स्फुरण होताहै जो कुछ कहो, इससफुरणका नाम पश्यन्ती वाचा है। अरु जब वो स्फु-रण निश्चयात्मक होता है कि अब यह कहोंही, तिसका नाम

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मध्यमावाचा है। अरु उसही निश्चयसे करके होठजीभहिलाय के प्रकटकहा तब तिसको वैखरीवाचा कहते हैं। तिस वैखरी बिषे चारोवेद षट्आदिशास्त्र अष्टादशादिस्मृति अष्टादशपुराण इतिहासादि जो विद्याहैं अरु नानाप्रकारकी नानादेशकी भाषा हैं, अरु नानाप्रकारके पशु पक्षी आदिकोंकी नानाभाषा हैं सो सर्व स्थूल रूप वैखरी बिषे स्थितहै। तथाच "सर्वेषां वेदानां वागेकयनम्" "वाग्वैनामनो भूयसि" इत्यादिश्रुतिः। तहांसे स्वर वर्णात्मक शब्दरूपसे प्रकट होयहै, सो सर्व ॐकार का वाच्य शब्दब्रह्म है तहां वेदरूप शब्दमय ब्रह्मॐकार तिसकी उपासना। अध्ययन विचार रूपसे,करने करके शब्दमय ब्रह्मकरकेप्रतिपाद्यजे ॐकारका लक्ष्य निर्विशेष परब्रह्म परमात्मातिसकीअपनेआप आत्मत्वसे प्राप्तहोती है। तथाच "शब्दब्रह्मणि निष्णातःपरब्रह्माधिगच्छति" इति॥ ताते इसॐकारको परब्रह्म कहते हैं १०॥

इतिॐकारस्यदशनामअर्थविचारसमाप्तम्॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ ॐकारके क्रमशः सप्त सिद्धान्तों के मात्राक्रम ॥

प्रथम हिरण्यगर्भ सिद्धान्त क्रम १			
अग्नि	वायु	सूर्य्य	यह तीन मात्रा
ऋग्वेद	यजुर्वेद	सामवेद	यह तीन ब्रह्म
अकार	उकार	मकार	यह तीन अक्षर

द्वितीय कपिलदेव सिद्धान्त क्रम २			
सत्त्वगुण	रजोगुण	तमोगुण	यह तीन गुण
व्यक्तज्ञान	अव्यक्तज्ञान	ज्ञेयज्ञान	यह तीन ज्ञान
मन	बुद्धि	अहंकार	यह तीन कारण

तृतीय अपान्तर मुनि सिद्धान्त क्रम ३			
गार्हपत्याग्नि	आहवनीय.	दक्षिणाग्नि	यह तीन मुख
ब्रह्मा	विष्णु	रुद्र	यह तीन देवता
धर्म्म	अर्थ	काम	यह तीन प्रयोजन

चतुर्थ सनत्कुमार सिद्धान्त क्रम ४			
भूत	भविष्यत्	वर्त्तमान	यह तीन काल हैं
स्त्री	पुरुष	नपुंसक	यह तीन लिंग हैं
बहिस्संधी	संध्यसंधी	क्रान्तसंधी	यह तीन संधी हैं

पंचम ब्रह्मनिष्ठों का सिद्धान्त क्रम ५			
हृदय	कंठ	मूर्द्धा	यह तीन स्थान
बहिर्प्रज्ञा	अन्तरप्रज्ञा	घनप्रज्ञा	यह तीन प्रज्ञा
जाग्रत्	स्वप्न	सुषुप्ति	यहतीन पद हैं

षष्ठः पशुपति-शिव सिद्धान्त क्रम ६			
शान्त 'जाग्रत्'	घोर,स्वप्न,	मूढ़ ,सुषुप्ति,	यह तीन अवस्था
अन्न	जल	सोम	यह तीन भोग्य
अग्नि	वायु	सूर्य्य	यह तीन भोक्ता

सप्तम विष्णुपंचरात्र सिद्धान्त क्रम ७			
बल	वीर्य्य	तेज	यह तीन आत्मा
ज्ञान	ऐश्वर्य	शक्ति	यह तीन स्वभाव
संकर्षण	प्रद्युम्न	अनिरुद्ध	यह तीन व्यूह हैं

यह सप्तसिद्धान्त के मतसे एक ॐकारकी मात्राके ६३ भेदहैं ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ अन्य प्रकार से ॐकारकी मात्रादि विचार ॥

१	अकार	उकार	मकार	यह तीन मात्रा
२	अग्नि	वायु	सूर्य्य	यह तीन ऋषि
३	गायत्री	त्रिष्टुप्	बृहती	यह तीन छन्द
४	ब्रह्मा	विष्णु	रुद्र	यह तीन देवता
५	श्वेत	रक्त	कृष्ण	यह तीन वर्ण
६	जाग्रत्	स्वप्न	सुषुप्ति	यह तीन अवस्था
७	भूः 'भूर्लोक'	भुवः 'पितृलोक'	स्वर् 'स्वर्गलोक'	यह तीन व्याहृति वा लोक
८	उदात्त	अनुदात्त	स्वरित	यह तीन स्वर
९	ऋग्	यजु	साम	यह तीन वेद
१०	गार्ह्यपत्य	दक्षिणाग्नि	आहवनीय	यह तीन अग्नि
११	प्रातः	मध्याह्न	सायं	यह तीन संधिहैं
१२	भूत	भविष्यत्	वर्त्तमान	यह तीन काल
१३	सत्त्व	रज	तम	यह तीन गुण
१४	उत्पत्ति	पालन	संहार	यह तीन क्रिया
१५	कर्म्म	उपासन	ज्ञान	यह तीन काण्ड
१६	विराट्	हिरण्यगर्भ	अव्याकृत	यह तीन शरीर
१७	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	यह तीन लिंग
१८	होता	अध्वर्यु	उद्गाता	यह तीन ब्राह्मण
१९	ज्ञान	ऐश्वर्य	शक्ति	यह तीन स्वभाव
२०	बाह्यः	अन्तर	घन	यह तीन प्रज्ञा
२१	अन्न	जल	चन्द्रमा	यह तीन भोग
२२	अग्नि	वायु	सूर्य्य	यह तीन भोक्ता

हे सौम्य यह जो ॐकार का मात्राओं का भेद स्वरूप कहा है सो अकार उकार इन तीन मात्राओं का विस्तार है अरु समस्त जगत् इसके अवान्तरहै ताते ॐकार एवेदं सर्व्वम् इति ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथरामगीताकेअनुसारमात्राओं कालयचिंतवन ॥

पूर्वंसमाधेरखिलंविचिन्तयेदोंकारमात्रंसचराचरंजगत्। तदेववाच्यंप्रणवोहिवाचकोविभाष्यतेऽज्ञानवशान्नबोधतः १। ४८ ॥

हेसौम्य, अब परब्रह्मकी प्राप्ति में सर्व्वोत्तमजे प्रणवोपासन तिसकी मात्राओं के क्रमशःलय चिंतवन द्वारा तिसके लक्ष्य परब्रह्मकी आत्मत्वभावसे जिसप्रकार साक्षात् प्राप्ति होती है सो प्रकार तुम्हारे प्रति संक्षेपसे कहता हौं तिसको सावधान होयके श्रवण करो ॥ तहां प्रथम, श्लोकका अक्षरार्थ "समाधिसे पूर्व सम्पूर्ण जे चराचर जगत् [तिसको] ॐकार मात्रही चिंतवन करे निश्चय करके प्रणव (ॐकार) नामहै [अरु]सो(जगत्) ही नामी है [सो नाम नामीका भेद] अज्ञानवशात् है ज्ञानसे नहीं " हे प्रियदर्शन जो बिवेकी साधन सम्पन्न आत्मजिज्ञासु पुरुषहै सो निर्विकल्प समाधिके प्राप्तहोनेके पूर्व सम्पूर्ण चराचर जगत्को एक ॐकारमात्रही चिन्तवनकरे। क्योंकि "ॐकारएवेदंसर्व्वम् " "यह सर्व ॐकारही है ऐसी श्रुतिकी आज्ञा है, ताते निश्चय करके प्रणव जो ॐकार सो नाम है अरु जगत्ही उसका वाच्यकहिये नामीहै। क्योंकि "तस्योपव्याख्यानं भूतंभवद्भविष्यदिति सर्व ॐकारएव " इस मांडूक्यउपनिषद्की श्रुति प्रमाणसे। अर्थात् ॐकार नामहै अरु जगत् नामी है ताते निर्विकल्प समाधिके पूर्व (सविकल्प समाधि बिषे) जगत्को ॐकार रूपही चिन्तवन करे, सो नाम नामीभी मुमुक्षुके समझावनेके अर्थ आचार्य्यों ने कहलिया है वास्तव करके तो नाम नामीका भी भेदनहीं जो भेद भासताहै सो अज्ञान वशसे भासताहै, सम्यक् ज्ञान होनेसे नाम नामीका भेदनहीं। अर्थात् जब

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अकारसंज्ञःपुरुषोहिविश्वकोद्युकारकस्तैजसईर्यते क्रमात्। प्राज्ञोमकारःपरिपठ्यतेऽखिलैःसमाधिपूर्वंनतु तत्त्वतोभवेत् २।४९॥

बाच्यरूप त्रिमात्रिक प्रणवोपासक को उस उपासना के प्रभाव से लक्ष्यरूप अमात्रिक निर्विशेष निरुपाधि आत्मतत्त्वका साक्षात्काररूप अपरोक्ष सम्यक्ज्ञानहोताहै तब वृत्तिकेअभावसे, नाम, नामी, यहभी संज्ञा रहतीनहीं, केवल एक अद्वैत परमशांत शिव विज्ञानघन आत्मतत्त्वही प्रकाशता है "शिवं शान्तमद्वैतं चतुर्थं मन्यंते स आत्मा स विज्ञेय" इत्यादि प्रमाणसे १।४८॥

हे सौम्य, यह जो वर्णात्मक ॐकारहैं तिसके तीन अक्षर (मात्रा) हैं, तहां प्रथम अकार, द्वितीय उकार, तृतीय मकार, अरु इसका बाच्य जो जगत् है तिसके तीनपाद हैं, प्रथम स्थूल विराट्, द्वितीय सूक्ष्म हिरण्यगर्भ, तृतीय कारण अव्याकृत, अरु क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, यह तीन अभिमानी देवताहैं। अरु ॐकारका लक्ष्य जो प्रत्यगात्माहै तिसकी तीनमात्रा हैं, जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, अरु इनके अभिमानी आत्माको क्रमसे, विश्व, तैजस, प्राज्ञ, कहते हैं। अतएव, अक्षर, पद, मात्रा, इन तीनोंका एकही पर्य्यायहै ताते वाचक जे वर्णात्मक ॐकार तिसका जो वाच्य समष्टि व्यष्टि जगत् सो परस्पर अभेदहै एतदर्थही जाग्रदभिमानी बिश्व पुरुष अकार संज्ञकहै, तिसकी स्थूल विराडाभिमानी ब्रह्मा देवताके साथ एकताहै। अरु क्रमशःस्वप्नाभिमानी तैजसको उकार ऐसाकहते हैं, तिसकी सूक्ष्माभिमानी हिरण्यगर्भ बिष्णुदेवता के साथ एकता है। अरु सम्पूर्ण ज्ञानवान् प्राज्ञको मकार कहते हैं, अर्थात् सुषुप्त्यभिमानी प्राज्ञकी अरु अव्याकृताभिमानी रुद्रकी मकार मात्राके साथ एकता है। सो यह सर्व निर्विकल्प समाधि के पूर्व है। अर्थात् मुमुक्षुपुरुषको यावत् अमात्रिक सर्व्वाधिष्ठान निर्विशेष आत्मस्थिति को प्राप्तहोने रूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विश्वंत्वकारं पुरुषं विलापयेदुकारमध्ये बहुधाव्यवस्थितम्। ततोमकारे प्रविलाप्यतैजसं द्वितीयवर्णं प्रणवस्यचान्तिमे ३ ॥ ५० ॥

निर्विकल्पसमाधि न प्राप्तहोय तावत् उक्तप्रकार चिन्तवन कर्त्तव्य है, अरु जब तिसविचारसे निर्विकल्प आत्मस्थितिको प्राप्तहोवे तब नहीं, क्योंकि स्थूल सूक्ष्म कारण, ब्रह्मा बिष्णु रुद्र, जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति, बिश्व तैजस प्राज्ञ,अकार उकार मकार,इत्यादि विशेषता का भेद भाव रंचकमात्र भी रहता है नहीं, किन्तु सैंधव लवणवत् एक विज्ञानघन आत्मतत्त्वही प्रकाशताहै २। ४९ ॥

हे सौम्य,इस श्लोक का उत्तर श्लोक से अन्वयहै ताते इन दोनों श्लोकों का मिश्रित अक्षरार्थ कहते हैं। बहुत प्रकार से स्थित विश्वसंज्ञक अकार पुरुषकोतो उकारमें लयकरे तदनन्तर प्रणवका द्वितीयवर्ण तैजस संज्ञक (उकारको) पिछले अक्षर मकार बिषे लयकरे ॥ तदनन्तर पुनः प्राज्ञसंज्ञक कारण मकार को भी इसपर चैतन्यघन आत्माबिषे विलीनकरे [तदनन्तर] सोमैं सर्वकाल नित्य मुक्त विज्ञान दृष्टि उपाधिसे रहित निर्मल परब्रह्म हौं [ऐसी निश्चय भावनाकरे] ॥ हे प्रियदर्शन, जो बुद्धिमान् साधन सम्पन्न मुमुक्षु पुरुष है सो आत्मदेवकी प्राप्ति के अर्थ यह बिचारकरे कि अनेकप्रकार नानारूपसे स्थित विश्व संज्ञक अकार पुरुष को उकार बिषे लीनकरे। तदनन्तर ॐकार का द्वितीय अक्षर जो सूक्ष्म तैजस संज्ञक उकार तिसको भी कि जिसबिषे प्रथम विश्व अकार पुरुषको लीनकिया है। प्रणव के अन्तिम अक्षर मकार बिषे लीनकरे। पुनः तिसके अनन्तर प्राज्ञसंज्ञक कारण मकारकोभी इस सर्वसेपर चैतन्य घनआत्मा बिषे लीनकरे इस प्रकार मात्राओं के लय चिन्तवनके अनन्तर, सो सर्वाधिष्ठान कि जिसबिषे उक्त समष्टि व्यष्टिस्थूल सूक्ष्मसर्व प्रपंचमात्रा अध्यस्त (अविद्या करके कल्पित)है, सो मैं सर्वकाल

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नित्यमुक्त सर्वज्ञ विज्ञान दृष्टि सर्व उपाधिसे रहित शुद्धनिर्मल प्रकृतिसे पर साक्षात् निर्विशेष ब्रह्महौ ॥ तथाच ॥ "अयमात्मा ब्रह्म" "शुद्धमपापविद्धम्" "शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यंते सआत्मा सविज्ञेय" "सआत्मा तत्त्वमसि" "अहंब्रह्मास्मीति" इत्यादि श्रुतियों के प्रमाणसे अहंब्रह्म भावनाबिषे प्रत्याहृढकरके सर्व उपाधिके अभावसे निर्विकार निराकार अपने आप आत्मा को प्राप्तहोवे ॥– ॥ हे सौम्य यह कही जो मात्राओं की लीनता तिसको व्यष्टि समष्टि की एकतासे पुनः सविस्तर कहते हैं, हे प्रियदर्शन प्रथम कहा कि अकार जो प्रथम मात्रा है तिसको उकार रूप द्वितीय मात्राबिषे लयकरे, तिसका अर्थ यह है जो अकार जाग्रत्रूप जगत् है अरु विश्व तिसका अभिमानी है, तिसको वैश्वानर भी कहते हैं, अरु ब्रह्मा इसका देवता है, अरु सत्त्वगुणहै । ऐसी जो प्रथम अकार मात्राहै तिसको उकारसूक्ष्म तैजसरूपजानो । अर्थात् जाग्रत् जगत्को सूक्ष्मस्वप्नरूपजानो, क्योंकि स्वप्नही अपने तीव्र संवेगकरके जाग्रत्रूपहो भासताहै ,जैसेस्वप्नमें सोयाहुआ पुरुष स्वप्नकोदेखता तिसके तीव्रसंवेगसेही बिनाजाग्रत्के प्राप्तहुये उठके चल देता है, अरु भूत संज्ञाको प्राप्तहुये जाग्रत् अरु स्वप्नकी स्मृतिमात्र तुल्यहै ताते जाग्रत् जगत् को स्वप्नरूप जानो । अरु स्थूल जाग्रदभिमानीको सूक्ष्म स्वप्नाभिमानी तैजस का स्वरूपजानो क्योंकि जैसे स्वप्नतीव्र संवेग करके जाग्रत्रूपहो भासताहै तैसे तिसस्वप्नका अभिमानी जाग्रत्का अभिमानीहो भासताहै ताते । अरु ब्रह्मा जो स्थूल जाग्रत् जगत्का देवताहै तिसको सूक्ष्मस्वप्न जगत्का देवता जो विष्णु है तिसही का रूप जानो क्योंकि सूक्ष्मसेस्थूल अरु विष्णुसे ब्रह्माफुरे हैं । अर्थात् यह जो स्थूलजाग्रत् जगतहै सो सूक्ष्मस्वप्नरूपहै।अरुजाग्रदभिमानी विश्वको स्वप्नाभिमानी तैजसरूपजानो अरु ब्रह्माको विष्णुरूप जानो । इसप्रकारके चिन्तवनसे प्रथम अकारमात्राको द्वितीय उकार मात्रा बिषे लयकरो । अरु यह जो उकार सूक्ष्म

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मात्राहै कि जिसबिषे स्थूल अकार मात्रा लीनहुई है उस उकार मात्राको मकार मात्रा बिषे लीनकरो अर्थात् सूक्ष्म स्वप्न जगत् को सुषुप्तिरूपजानो, अरु स्वप्नाभिमानी तैजसको सुषुप्त्यभिमानी प्राज्ञरूप जानो, अरु विष्णु जो सूक्ष्मका देवता है तिसको कारणका देवता रुद्ररूप जानो। अर्थात् स्वप्न सुषुप्तिरूपही है, अरु तैजस प्राज्ञरूप है, अरु विष्णुरुद्र रूपहै। इस प्रकारके चिन्तवनसे सूक्ष्म उकार को कारण मकार बिषे लीनकरे। अब कारण मकार जो तृतीय मात्रा है तिसको भी अमात्रिक रूप परमात्मा बिषे लयकरो। अर्थात् सर्व परमात्म रूपही जानो। तथाच "सर्व्वं खल्विदंब्रह्म" "ॐकार एवेदंसर्वं" "ब्रह्मैवेदं सर्वं" "पुरुषएवेदंसर्वम्" "आत्मैवेदं सर्व्वम्" "अहमेवेदं सर्वम्" "वासुदेवः सर्वमिति" "मत्तः परतरन्नान्यत् किंचिदस्ति" इत्यादि श्रुतिस्मृतियोंके प्रमाणसे यह सर्व अध्यस्तप्रपंच अपना अधिष्ठान परमात्म स्वरूपही है क्योंकि अध्यस्तकी अधिष्ठानसे प्रथक्सत्ताका अभावहै। अर्थात् यह जाग्रत्रूप स्थूल जगत् संयुक्त स्थूल शरीर अरु विश्व इसकाअभिमानी अरु ब्रह्मादेवता, इन सर्वको सूक्ष्मउकारबिषे लीनकरो तहां इसप्रकार जानो जो उकार रूप सूक्ष्म स्वप्न सम्पूर्णलिंग शरीरोंका अभिमानी तैजस विष्णुदेव हिरण्यगर्भ है तिससे सम्पूर्ण स्थूलशरीर विराट् पुरुष ब्रह्मादेवता जाग्रदवस्था फुरीहै ताते यहसर्व वोहीरूपहै।इसप्रकार के विचारसे अकारमात्रा स्थूलजगत्को सूक्ष्म उकार रूपजानो॥ अरु जो सूक्ष्म उकार मात्राहै, तिसको कारण मकार मात्रारूप जानो। अर्थात् सर्व कारण शरीर सुषुप्ति अवस्था अरु तिसका अभिमानी प्राज्ञ, अरु रुद्र देवता सर्वका कारण अव्याकृत तिससे सूक्ष्म शरीर स्वप्नावस्था तिसका अभिमानी तैजस तिन सर्वकी समष्टिताका अभिमानी जो हिरण्यगर्भ सो फुरा है। तथाच। "अव्याकृत वा इदमग्रआसीत्" "हिरण्यगर्भो जायमानः" इन श्रुति वाक्योंकी ऐक्यतासे। ताते स्थूल सूक्ष्म सर्व कार्य्य, कारण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अव्यक्त रूपहै। तथाच "अव्यक्तादीनि भूतानि" गीतोक्तिप्रमाणसे। ऐसी जे सर्वका कारण मकारमात्रा। अर्थात् समस्तव्यष्टि कारण शरीरों की समष्टता अव्याकृत, अरु समस्त सुषुप्ति अवस्थाकी समष्टिता अविद्या अरु सम्पूर्ण सुषुप्त्यभिमानी प्राज्ञ की समष्टिता रुद्रदेवता यह सर्व कारणरूप मकार मात्रा, सो अर्द्ध मात्रारूप, अर्थात् अमात्रिक परमात्मा चैतन्यघन निर्विशेषसर्वाधिष्ठान आत्मासेही फुरेहैं,ताते आदिकारण प्रकृति अरु तिसका कार्य्य स्थूल सूक्ष्म सम्पूर्ण जगत्रूपसे एक परमात्माही प्रकाशित है अर्थात् अस्ति भाति प्रियरूपसे एक परमात्माही सुशोभित है, तिससे इतर द्वैत कुछभी नहीं। तथाच "सद्धिदं सर्वम्" "चिद्धिदंसर्वम्" "पुरुषएवेदं सर्वम्" "ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्" "मायामात्रमिदंद्वैतं" "नेहनानास्ति किञ्चन" इत्यादि श्रुतिके प्रमाणसे सर्व ब्रह्मरूपही है। हे प्रियदर्शन इस प्रकारके विचारसे, अकार, उकार, मकार, यह तीनमात्रा रूप स्थूल सूक्ष्म कारणरूप प्रपंच है ॐकारका लक्ष्य परमात्म रूपही है, अरु सो परमात्मा अजहै एतदर्थ वो कार्यरूपसे जन्मभाव को प्राप्तहोता नहीं किन्तु सर्वाधिष्ठान होनेसे सर्व रूपसे सुशोभितहै,जैसे सीपि रजतरूप कार्य भावको प्राप्तहुये बिनाही अपने स्वभावकरके रजतरूप से सुशोभित है सोभी शुक्ति के अज्ञान पर्यन्तही है ज्ञानहुये रजत कहनेमात्र को भी नहीं, तैसेही एक परमात्माही कार्यभाव को न प्राप्त होयके जगत्रूप से सुशोभित है हुआ कुछनहीं ,एक अद्वैत चिन्मात्रात्र सत्ताही है तिससे इतर एक परमाणुमात्र भी नहीं ,जैसे जलसे इतर समुद्र अरु तद्गत लहर झाग बुद्बुदादि कुछभी नहीं, जैसे अग्निसे भिन्न दाहकता उष्णता प्रकाशकतादि कुछ नहीं, वा जैसे बायुसे भिन्न स्पंदता निस्पंदता नहीं, जैसे आकाशसे इतर शून्यता नीलिमादि कुछ नहीं, तैसेही ॐकार के लक्ष्य परमात्मा से इतर बाच्यरूप जगत् कुछ नहीं, अरु इतरवत् भासता है सोई भ्रान्ति वा उसकी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वभावभूत माया है। हे प्रियदर्शन यहां जो परमात्मा के बिषे स्वभाव वा माया कही है तिसकरके सांख्यवत् पृथक् प्रकृति का ग्रहण नहीं क्योंकि "अव्यक्तात्पुरुषः परः" अव्याकृत कहिये प्रकृतिसे पर कहिये श्रेष्ठ है कार्यभाव को न प्राप्त होने से। ताते सांख्यमत कल्पित प्रकृतिवत् स्वभाव को न ग्रहण करके परमात्मा का जो सर्व से बिलक्षण भावहै सोई उसका स्वभाव जानना, जैसे मरुस्थल वा ऊषर पृथ्वीका जो पृथ्वीके अन्यदेश भाव से बिलक्षणपना है सोई उसका स्वभाव (अपनेआप होना) है तिस अपने स्वभाव करके वो पृथ्वी तरंगादिकों सहित जलरूप हो भासती है परन्तु जलरूप होती नहीं, तैसेही चैतन्यतत्त्व परमात्माका जो सर्व से बिलक्षण अपनेआप चैतन्य भावरूप स्वभावहै सोई उसकी अभिन्न माया है, तिस अपना स्वभाव व मायाकरके वो परमात्मा कार्य कारणात्मक स्थूल सूक्ष्म चराचर जगत्रूपहो भासता है हुआ कुछनहीं, अरु बिनाही हुये जो नाना प्रपंच हुयेवत् भासता है सोई उसकी अघटघटनापटियसी, उक्त माया है, अतएव एक अद्वैत चिन्मात्र तत्त्व जो ॐकार का लक्ष्य है तिससे इतरबाच्य नहीं, बाच्य अरु बाचक सर्व परमात्मतत्त्व ही है। ताते हे प्रियदर्शन सम्पूर्ण जगत् को उक्तप्रकारसे एक ॐकार का लक्ष्य परमात्मरूप जानके मुमुक्षुपुरुष अपने मोक्षार्थ निर्विकल्प समाधि (निर्विशेष आत्मस्वरूपस्थिति) के अर्थ उक्त प्रकार ॐकारोपासना को शमादि साधन पूर्वक शास्त्रप्रमाण से आलम्बन(आश्रय)करे॥ हेसौम्य इस ॐकारोपासनासे इतर यावत् उपासनाहै सो सर्वॐकारकी अंगभूत उपासनाहै, अरु ॐकारकी जो उपासनाहै सो अंगीउपासनाहै। अर्थात् ब्रह्मकी उपासना में ॐकारसे इतर जो उपासनाहै सो सर्वगौणउपासनाहै, अरु ॐकारकी जो उपासनाहै सो मुख्य उपासना है, अरु परमात्मा के नामों मेंजो ॐकार नामहै सो मुख्यनामहै अरु और जे नामहैं सो गौणनामहैं, क्योंकि गुणों के सम्बन्ध से हैं जैसे सूर्य्यकेकर्त्ता ई-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्वर आदिक जे नाम हैं सो गुणों के सम्बन्ध करके गौणहैं। अरु भानु जो नाम है सो मुख्य स्वाभाविकनाम है। अथवा देवदत्त विषे ,जे, पिता पुत्र भ्राता आदिक नाम हैं सो गौण हैं, अर्थात् गुण सम्बन्धसे कल्पित हैं, अरु पुरुष जो नामहै सो स्वाभाविक मुख्य नामहै। तैसेही परमात्माका जो ॐकारनाम है सो मुख्य नाम है, ताते ॐकारकी जो उपासना है सो प्रतीकोपासनाकी रीतिसे त्रिमात्रिक वाच्य की अरु अहमग्रे उपासना की रीतिसे अमात्रिक लक्ष्य परमात्माकी मुख्योपासना है, अतएव सर्व उपासनाओं में श्रेष्ठ एक प्रणवोपासना है अन्य नहीं। सो ॐकार ब्रह्मरूप है, तहां एक अपर त्रिमात्रिक शब्द ब्रह्म है एकपरब्रह्म है। तहां जो मन बुद्धि इन्द्रियादिकों करके जानने विषे आवता है, अर्थात् जो मन इन्द्रियादिकों का विषय है सो सर्व अर्थरूप होनेसे शब्द ब्रह्मके अन्तर्गत है क्योंकि किसी शब्दका अर्थरूपही है अरु सोई ॐकारका वाच्य है। अरु जो मन बुद्धि इन्द्रियादिकों का विषयन होत सन्ते सर्वका प्रकाशक साक्षी विज्ञानघन चैतन्य आत्माहै सोई ॐकारकालक्ष्य परब्रह्महै, तिस लक्ष्य रूपकी जो उपासनाहै सो निरालम्ब न होनेसे वाच्यरूप ॐकारके आलम्बनसे होती है। जैसे मनकी वा जीवात्मा की जो सन्तुष्टता प्रसन्नता होती है सो शरीरके लालन पालनरूप आलम्बनद्वाराही होती है तैसे। अतएव जिज्ञासु मुमुक्षु पुरुष अपने आप सत्यस्वरूप आत्मदेव की प्राप्तिके अर्थ ॐकारकी उपासनाकरे, यही उपासना सर्ववेदोंने कही है। तथाच "सर्व्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपांसि सर्व्वाणिच यद्वदन्ति यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्य्यञ्चरन्ति तत्तेपदं संग्रहेण ब्रवीम्योम्"। "ओमित्येतदक्षरमुद्गीथ मुपासीत" इत्यादिक अनेक श्रुतियों ने मुमुक्षु के मोक्षार्थ एक प्रणवोपासनाही मुख्य करके कहा है, अतएव मोक्षार्थी को अपने मोक्षार्थ एक ॐकारोपासना को आलम्बन करना श्रेय है। तथाच "एतदालम्बनंश्रेष्ठ मेतदालम्बनंपरम्,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एतदालम्बनंज्ञात्वाब्रह्मलोकेमहीयते "। इत्यादिश्रुतिप्रमाणसे। अरु मुमुक्षुके प्रयोजनार्थ यह प्रणवोपासनाही सर्वसे मुख्य है और नहीं,एतदर्थ हे प्रियदर्शनजो तुमको मोक्षहोने की इच्छाहै तो उक्त प्रकार प्रणवोपासनाकरो, अरु यह जो रामगीता के ४८,४९,५०,५१, इनचारश्लोक करके प्रणवोपासना तुम्हारे प्रतिकहाहै सोश्रीभगवान् रामचन्द्रजीने अपने प्रियभ्राता जिज्ञासु लक्ष्मणजी प्रतिकहाहै,अरु यह मांडूक्यउपनिषद्के अनुसारही कहा है, ताते श्रुति स्मृति पुराणादिकों के प्रमाणसे मुमुक्षुको परमश्रेय (मोक्ष) प्राप्तिके अर्थ एकप्रणवोपासनाको ही यथाशास्त्र आलम्बन करना योग्यहै, आगे,, यथेच्छसितथा कुरु "

शिष्यउवाच ॥ हे कृपासागर हे गुरो आपने जो मुमुक्षु को मोक्ष प्राप्तिके अर्थ सर्वोत्तम आलम्बनरूप प्रणवोपासना कही सो निर्विकल्प समाधि (आत्मरूपस्थिति) से पूर्व मुमुक्षु करके अवश्यही कर्त्तव्य है, अतएव अब आप कृपाकरके इस प्रणवोपासना का क्रम कृपाकरके कहिये ॥

श्रीगुरुरुवाच ॥ हे प्रियदर्शन ॐकार जो एक अक्षर है तिस का जपकरना अरु इसके अर्थकी भावना करनी। तथाच "तज्जपंतदर्थभावनम् "। यह पातंजल शास्त्रके प्रथम पाद का २८ वां सूत्र है तिसके प्रमाण से ,ॐ, इस अक्षर का जप अरु इसके अर्थ की भावना करनी तिसका नाम उपासना है। अब तिसका प्रकार सावधान होय के श्रवण करो। ॐकार नाम है परमेश्वर का तिसका जपकरना तहां कोई पुरुष तो ,ओम्, ओम्, ओम्, इसप्रकार सहित स्वरके उच्चार करते हैं, अरु कोई एकपुरुष होठ अरु जिह्वा को न हिलायके इसका मनोमय जप करते हैं, अरु कोई एक पुरुष प्राणायामद्वारा जपकरते हैं, सो प्राणायाम इस प्रकारते हैं कि प्रथम पूरक, अर्थात् मुख बन्दकरके नासिका के वामछिद्र को दक्षिणहाथ की मध्यमा अरु अनामिका ये दोनोंअंगुलीसों दबाय नासिका के दक्षिण छिद्रके मार्ग बाह्यसे अन्तर को

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

खींचनो इसका नाम पूरक है। पश्चात् उस छिद्र कोभी अँगुठा सों दबाय बन्दकर प्राण को अन्तर रोकना तिसका नाम कुंभक है, अरु जब प्राण न रुके तब नासिका का बामछिद्र खोल उस मार्ग से धीरेधीरे प्राण को बाहर छोडना, इसका नाम रेचक है तहां प्राण का जो पूरक है तिसबिषे ॐकार का ३२ बार मनोमय उच्चार करना, अरु कुंभकबिषे ॐकार का ६४ बार उच्चार करना, अरु रेचकबिषे १६ बार ॐकार का उच्चार करना। इस प्रकार एकवार पूरक कुंभक रेचक करने से एक प्राणायाम होता है। सो इसप्रकारके प्राणायाम जितने होयसकें तेतने करना इनके अभ्यास करने से प्राणबायु बश अरु पापों का नाश होता है, एतदर्थ कोई एक पुरुष उक्तप्रकार के प्राणायामोंद्वारा ॐकार का जपकरते हैं। अरु कोई एक पुरुष इसप्रकार भी करते हैं कि ॐकारकी जो, अकार, उकार, मकार, यह तीनमात्राहैं तिनको क्रमशः, ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत, रूप स्वरसहित ॐकारका उच्चारकरते हैं, सो मूलाधारसे मस्तकके ब्रह्मरंध्र पर्यन्त ध्वनिको प्राप्तहोते हैं। इत्यादि अनेकप्रकार प्रवणके जपके हैं, तिनमें से जिसप्रकार अपनेसे श्रद्धासहित होताजाने तिसप्रकार करे। यह तो ॐकारके जपकरनेका क्रम संक्षेपमात्र तुमसेकहा॥ अब इस ॐकारके अर्थकी भावना भी श्रवणकरो। हे प्रियदर्शन, ॐकारके अर्थकी जोभावना करनी है सो दो प्रकार की है तहां एक सगुण वाच्यरूप अरु द्वितीय निर्गुण लक्ष्यरूप, तहां जो सप्त सिद्धान्तकारोंके मतसे ६३ तिरसठ नामरूप भेद करके कही है सो 'अरु ॐकारके मात्रा ऋषि छन्द देवता आदि ६६ छियासठ भेदसे कही है सो। अथवा जो एक मात्रासेलेके, ३८, ४९, ५२, ६३, ६४, मात्रा पर्य्यंत कही है सो,। इन तीनों प्रकार से जो ॐकारब्रह्म के अर्थ की भावना कही है सो ॐकारके वाच्य सगुण ब्रह्म की भावना है। अरु ॐकारके लक्ष्य निर्गुण ब्रह्म की भावना प्रणवोपासक इस प्रकार करते हैं कि जिस ॐकार ब्रह्मकी हम उपासना करते हैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तिस त्रिमात्रिक अपरब्रह्मरूप प्रणव शब्दका बाच्य तिसका जो ज्ञाता प्रकाशक साक्षी सर्वाधिष्ठान सच्चिदानन्दस्वरूपलक्षणवान् परब्रह्म आत्माहै, सोई सर्बत्र सर्ब, अस्ति, भाति, प्रियरूप होके व्याप्त होरहा है,तहां अस्ति कहिये ,यह है, यह है, यह है,इसप्रकारसे है है है यह अस्ति सत्तारूप जो व्याप्त होरही है,अरु जोकि यह नहीं, यह नहीं, यह नहीं, इसप्रकार सर्ब निषेध के अन्तमें निषेध के भावका प्रकाशक कि जिस करके अस्ति नास्ति सिद्ध होते हैं, अरु अस्ति नास्ति शब्दके अर्थके अनुभवका आश्रय कि जिसबिषे अनुभव होता है। अरु जो अस्ति नास्ति भावनारूप कल्पना का आश्रय आदि अन्त अवशेष है अरु अस्ति नास्ति आदिक कल्पना का अधिष्ठान परम अस्ति रूप सत्ता है, सोई अपने पूर्बोक्त स्वभाव करके अस्ति नास्ति भावाभाव रूप का आश्रय हुआ सुशोभितहै ताते वोही सर्बाधिष्ठान सत्ता सर्बरूप से सुशोभित है॥ अरु भाति कहिये जो प्रकाशता है। अर्थात् जो पदार्थ भासता है सो भातिरूपरू है, क्योंकि एक दूसरेको प्रकाशता है, जैसे अन्धकार के अभावको प्रकाश प्रकाशता है, अथवा रात्रिके अभावको दिवस प्रकाशता है जो इससमय रात्रि वा अन्धकार का अभाव है। अरु दिवस किंवा प्रकाश में रात्रि किंवा अन्धकार का अभाव है, सो दिवस किंवा प्रकाश में जो अपने अभावरूपसे रात्रि किंवा प्रकाश सो अपने अभावरूपसे दिवस किंवा प्रकाशके भावको प्रकाशे है, क्योंकि जो कदापि उस दिवस किंवा प्रकाशके भावकालमें रात्रि किंवा अन्धकारका अभावरूप अस्तित्व न होता तो इसकालमें दिवस किंवा प्रकाश है, इस प्रकार दिवस किंवा प्रकाश के अस्तित्वको प्रकाशता कौन। ताते अभाव रूप हुये रात्रि किंवा प्रकाश, सो दिवस किंवा प्रकाशके भावको प्रकाशते हैं॥ अथवा दीपक जो प्रकाशरूप है सो अप्रकाशरूप घटपटादि पदार्थोंको प्रकाशता है, तैसेही अप्रकाशरूप घटपटादि पदार्थ सो आप अप्रकाश रूपहोतसन्ते भी प्रकाश रूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दीपकको वा दीपककी प्रकाशरूपता को सिद्धकरे हैं, क्योंकि जो कदापि अप्रकाश रूप घटपटादि पदार्थ न होता तो दीपकप्रकाशरूप है इसप्रकार दीपककी प्रकाशरूपता कैसे सिद्ध होती वा किस आधारसे सिद्ध होती अतएव अप्रकाश रूप घटपटादि पदार्थ दीपककी प्रकाशरूपताको प्रकाशे है ॥ हे प्रियदर्शन उक्त प्रकार भाव अभाव प्रकाश अप्रकाश आदिक यावत् भूत भौतिक कार्य कारणात्मक पदार्थ हैं सो सर्व भातिरूप हैं,अतएव अस्तिमात्र स्वयं प्रकाश निर्विशेष सर्वाधिष्ठान आत्मसत्ता है सोई उक्तप्रकार अस्ति भातिरूप से सुशोभित है। तथाच "तस्य भासा सर्वमिदं विभाति" अरु प्रिय कहते हैं आनन्द को ,क्योंकि सब को आनन्दही प्रिय है, सो आनन्दरूप ब्रह्म है सोई सर्वत्र सर्वरूप से व्याप्तहै अतएव सर्बही आनन्द रूपहै । ताते जो कछु कर्त्तव्य अकर्त्तव्य गुण दोष पाप पुण्य राग द्वेष ग्रहण त्याग, इत्यादिहै सो सर्ब आनन्द रूपहीहै क्योंकि जिसमें जिसको आनन्द भासता है सोई वो करता है, अरु जो कोई शुभाशुभ करता है सो सर्ब आनन्दके अर्थही करताहै । अरु जोकोई जोकुछकरता है उसको उसहीमें आनन्द होता है क्योंकि जो उसको उसमें आनन्द न होय तो कोई कुछ भी न करे । अरु जो जिस आनन्दके अर्थ ग्रहण त्याग शुभ अशुभ आदिक करते हैं सो आपही परमानन्द रूप है, अरु सोई सर्व्वानन्द हुआ है । तथाच । "आनन्दाद्ध्येवखल्विमानिभूतानि जायन्ते"इत्यादि भृगुबल्लीकी श्रुतिप्रमाणसे।अतएव जहां है जोहैसो सर्व्वआनन्दही है ॥इसप्रकार केवल अद्वितीय निराकार निर्विकार सर्व्वाधिष्ठान सच्चिदानन्द ब्रह्मही इसप्रकार अस्ति भातिप्रियरूप होकर सुशोभित होरहाहै। ताते ॐकार एवेदंसर्बम्" "सर्व्वं खल्विदंब्रह्म" "नेहनानास्ति किंचन" सर्व्व ॐकार ब्रह्मही है तिससे इतर रंचकमात्र भी नहीं। इसप्रकार ॐकार के लक्ष्य निर्गुण ब्रह्मकी भावनारूप उपासना करतेहैं, भावना कहिये सोहंभावसे निदिध्यासन करते हैं ॥ हे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रियदर्शन उक्तप्रकार ॐकार का जप अरु तिसके अर्थकी भावना करनी, जो प्रत्यक् चैतन्य सर्बका अन्तर्यामि सर्ब अवस्थाका साक्षी अखंड अज अविनाश चैतन्य ब्रह्म सो मैंहौं, इसप्रकार जबअपना आप साक्षात् अनुभव अभ्यास करता है तब तिसके जे अन्तराय बिघ्न हैं सो सर्ब अभाव होजाते हैं। तथाच "ततःप्रत्यक् चैतन्याधिगमोप्यंतराया भावश्च" यह पातंजल शास्त्र के प्रथमपाद का २९सूत्र प्रमाण है॥

शिष्यउवाच॥ वो निर्विकल्प समाधि में विघ्नकरनेवाले अन्तराय कौन कौन हैं सोभी आप कृपाकर कहिये॥

श्रीगुरुरुवाच॥ हे प्रियदर्शन अन्तराय विघ्नोंके नाम अरु स्वरूप पातंजलशास्त्र के ३०, ३१, दो सूत्रों करके कहेहैं तिनको भी अब सावधान होय श्रवणकरो "व्याधिस्थान संशय प्रमादालस्याविरति भ्रान्ति दर्शनालब्धभूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्त विक्षेपास्तेऽन्तरायाः। ३० दुःख दौर्मनस्यांगमेजयत्वश्वास प्रश्वासा विक्षेप सह भुवः। ३१। व्याधि, स्यान, संशय, प्रमाद, आलस्य, अविरति, भ्रान्तिदर्शन, अलब्धभूमिकत्व, अनवस्थितत्व। दुःख, दौर्मनस्य, अंगमेजयत्व, श्वास प्रश्वास,॥ यह चतुर्दश १४ आवान्तरबिघ्न समाधिमें चित्त को बिक्षेप करनेवाले हैं। अब इनके स्वरूप श्रवणकरो व्याधि उसको कहते हैं कि जो उदरस्थ अन्नरस धातु है सो कफ, बात, पित्त, इनके क्षोभ से बिगड़ता है तब उस धातु के बिषम होने से ज्वरादि व्याधि होती है तिसका नाम व्याधि है १। अरु स्यान, उसको कहते हैं जो चित्तको अकर्मण्यताहै, अर्थात् शुभकर्म प्राणायामादि, बिषे चित्तका न प्रवर्तहोना तिसका नाम स्यान, है २। अरु संशय, उसको कहते हैं जो ईश्वर है या नहीं अरु जो है तो ज्ञानयोग से साध्य है वा नहीं अर्थात् ज्ञानयोगाभ्यास से सो प्राप्तहोना है वा नहीं, इसप्रकार की जो भावना तिसका नाम संशय है ३। अरु प्रमाद, उसको कहते हैं कि समाधि के यम नियमादि सा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धनोंबिषे चित्त को उदासीनता होनी, तिसका नाम प्रमाद,है४। अरु आलस्य, उसको कहते हैं कि जो देह अरु चित्त का गुरुत्वभाव होना, अर्थात् देह अरु चित्तका जो जड़वत् होरहना है सो ज्ञान में प्रवृत्ति के अभावका कारण है अतएव तिसको आलस्य कहते हैं,५। अरु अविरति उसको कहते हैं जो बिषयों के संयोगसे भोगकी इच्छाका होना, तिसका नाम अबिरति है ६। अरु भ्रान्तिदर्शन, उसको कहते हैं कि जो विपर्यय ज्ञानदर्शन है अर्थात् जैसे सीपिबिषे रूपे का भासना, तैसेही शुद्ध निष्क्रियादि लक्षणवान् आत्माबिषे कर्तृत्व भोक्तृत्वादि अनात्म धर्म्मका भासना, तिसका नाम भ्रान्तिदर्शन है ७। अरु अलब्धभूमिकत्व, उसको कहते हैं कि जो ज्ञानकी शुभेच्छा, सुविचारणा,तनुमांसा, सत्त्वापत्ति, असंशक्ति, पदार्थाभावनि, अरु तुरीया, यह सप्तभूमिका कही हैं तिनमें से कोई भी भूमिका, अरु योगकी जो चित्त को निरोधतारूपी एकाग्रता सो किसी बिक्षेप के निमित्त से न प्राप्तहोनी तिसकानाम अलब्ध भूमिकत्वहै ८। अरु अनवस्थितत्व ,उसको कहते हैं जो ज्ञानकी उक्त भूमिका में से कोई एक प्राप्तहुई भूमिकाबिषे भी चित्तकी स्थिरता न होनी तिसकानाम अनवस्थितत्वहै, ९। हेसौम्य इस कहेप्रकार नवअन्तरायविघ्नहैं अरु इनकेहोनेसे पांच और होते हैं तिनकोभी श्रवणकरो। दुःख, उसको कहते हैं कि जो आध्यात्मिक, आधिभौतिक आधिदैविक, यह जो तनिप्रकारके दुःखहैं तिनकानाम दुःखहै १०। अरु दौर्मनस्य, उसको कहते हैं कि जो अन्तर बाह्यके कोईभी कारणों करके चित्तकी बिक्षेपता अर्थात् चित्तकी असमाधानता, तिसका नाम दौर्मनस्यहै ११। अरु अंगमे जयत्व, उसकोकहते हैं कि जो रोगादिकोंसे शरीरकाकांपनाहै १२।अरु श्वास, उसको कहते हैं जो प्राणका शीघ्र शीघ्र चलना वा मुखनासिकाके मार्ग बाह्यका जानाहै, तिसकानाम श्वासहै १३।अरु प्रश्वास, उसको कहतेहैं जो प्राणका बाह्यसे अन्तर आवनाहै, तिसका नाम प्रश्वास है॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हे सौम्य, यह जो १४ चतुर्दश बिघ्न कहे हैं सो चित्तको बिक्षेप करके आत्मलाभार्थ जे समाधि तिसबिषे बिघ्नके कर्त्ता हैं "तत्प्रतिषेधार्थ मेकतत्वा भ्यासः" तिसकी निवृत्तिके अर्थ एकत्वका अभ्यासकरे, अर्थात् उक्त बिघ्नों के अभावकरने के अर्थ अरु आत्मदेवकी साक्षात् प्राप्तिके अर्थ ॐकार ब्रह्म के अर्थ भावना अरु जप निर्जन एकान्त पवित्र देशबिषे स्थितहोय यम नियमादि योगांग साधन पूर्वक करे। जे कोई ॐकारके वाच्य की उपासना करते हैं, अर्थात् त्रिमात्रिक प्रणवोपासना करते हैं, तिन के जे निर्विकल्प समाधि में विक्षेपकर्त्ता बिघ्न हैं सो सर्व अभाव होजाते हैं, अरु वो उपासक समाधि विचारद्वारा सर्व बन्धनों से रहितहुआ अपनेआप चैतन्य स्वरूप आत्मा ब्रह्ममेंअभेद स्थिति पाय मोक्ष होताहै॥

हे सौम्य, यहजो त्रिमात्रिक ॐकार का लक्ष्य आत्माहै तिस को सर्व उपनिषद् चिन्मात्र ब्रह्मकरके कहते हैं "अयमात्माब्रह्म" जो मन बुद्धि इन्द्रियादि कों का अविषय है तिसको, नेति नेति, इत्यादि श्रुतिके निषेध मुख वाक्यों करके सर्व विशेषताके अभावसे निर्विशेष सर्वका अपना आप लक्ष्य करावे हैं, अतएव यही चैतन्य आत्मा अक्षर ब्रह्महै। अरु इसही को वृहदारण्यक उपनिषद्बिषे भगवान् याज्ञवल्क्यजीने गार्गिके प्रति निर्विशेष अक्षरब्रह्म कहा है। तथाच। सहोवाचैतदक्षरं गार्गिब्राह्मणाअभिवदन्त्यस्थूलमनएव ह्रस्वमदीर्घमलोहितमस्नेहमच्छायमतमोऽवाय्वनाकाशमसंगमरसमगंधमचक्षुमश्रोत्रमवागमनो ऽतेजस्कमप्राणममुखममात्रमनन्तरमबाह्यं नतदश्नाति किञ्चन नतदश्नाति कश्चन" अर्थ याज्ञवल्क्य कहते हैं कि हे गार्गी जिसके बिषे तूप्रश्न करती है तिसको ब्राह्मण (ब्रह्मवेत्ता) अक्षरकहते हैं। प्रश्न। हे याज्ञवल्क्य उस वचनातीत को ब्राह्मण अक्षरकैसे कहते हैं वो तो वाणीआदिक किसीका भी बिषय नहीं। उत्तर। हे गार्गी उसको ब्राह्मण ऐसा कहते हैं कि वो स्थूल नहीं अस्थूल

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है, तो सूक्ष्म होगा, वो असूक्ष्म है, तो छोटाहोगा, वा अह्रस्वहै, तो दीर्घहोगा, वो अदीर्घ है इसप्रकार वो द्रव्योंके धर्मसे रहित अद्रव्य है । 'तो वो लोहित गुणवान्होवेगा, वो अग्नि आदिकोंके लोहितादि गुण रहित है ताते अलोहित है 'तो वो स्नेहादिक जलकेधर्मवाला होगा, वो जलके स्नेहादि धर्म रहित अस्नेह है 'तो वो छायाहोगा, वो अछाया है 'तो वो तमहोगा, वो अतम है 'तो वो वायुहोगा, वो अवायु है 'तो वो आकाशहोगा,वोअनाकाश है 'तो वो सर्वका संघातहोगा , वो असंग है 'तो वो रस होगा, वो अरसहै 'तो वो गंधहोगा'तो वो अगंधहै'तो वो चक्षुष्मान्होगा, वो अचक्षुहै'तो वो श्रोत्रहोगा, वो अश्रोत्र है 'तोवो वाग्होगा, वो अवाग्है 'तो वो मनहोगा, वो अमन है'तो वोतेज होगा, वो अतेजहै 'तो वो प्राणहोगा, वो अप्राणहै'तो वो मुखादिद्वार होगा, वो द्वाररहित अमुखहै 'तोवो मात्राहोगा,वो अमात्र है, तो वो अन्तरहोगा, वो अनन्तर है 'तो वो बाह्य होगा, वो अवाह्यहै, अर्थात् वो न भोग्य है न भोक्ताहै, सर्व विशेषणों से रहित निर्विशेषहै । हे गार्गी इसप्रकार ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मणों ने उस को निषेध मुख करके कहाहै क्यों कि वो सर्वके निषेधकी अवधिहै ताते " साकाष्ठासापरागतिम् " सो इन विशेष सत्ता पराकाष्ठा अरु मुमुक्षुओंकी परागति है ॥ हे सौम्य ऐसाजो परम अक्षर है सोईवर्णात्मक ॐकाररूप अक्षरका लक्ष्य परब्रह्म है, अरु सोई अक्षर सर्वका अन्तरात्मा होयके सर्वका प्रेरकहै, उसहीकी आज्ञा से सूर्य्य चन्द्र पृथिवी आदिक अपनेअपने व्यापारमें नियमपूर्वक प्रवर्त्त होरहे हैं उसअक्षर की जैसी जिसको आज्ञा है सो तैसेही करता है, अरु सोई सर्व का नियामक स्वामी है अतएव उसके किये नियमसे बाह्य वर्त्तने को कोई भी समर्थनहीं । तथाच " एतस्यवा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्य्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतएतस्यवा अक्षरस्य प्रशासने गार्गिद्यावापृथिव्यांविधृतेतिष्ठतः ॥ एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गिनिमेषा मुहूर्त्ता अहो-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रात्राण्यर्द्धमासा मासा ऋतवः संवत्सराइति विधृतास्तिष्ठन्त्ये तस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि प्राच्योऽन्या नद्यः स्पन्दन्ते श्वे तेभ्यः पर्वतेभ्यः प्रतीच्योऽन्यायां याश्च दिश मन्वेति॥एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि ददतो मनुष्याः प्रशꣳसन्तियजमानंदे वा दर्वीपितरोऽन्वायत्ताः ॥ इत्यादि॥हे सौम्य उक्त प्रकार जो सूर्य्यादि सर्वका नियामक प्रेरक स्वामी सर्वाधिष्ठान परम अक्षर ॐकारक लक्ष्यहै तिसकात्रिमात्रिक ॐकार प्रतीक अरु वाचक है अतएव त्रिमात्रिक प्रणवके आलम्बन से जो उस लक्ष्यरूप परम अक्षरकी अभेद अहमग्रे उपासना करताहै सोई ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मणहै अरु सोई मोक्षको प्राप्तहोता है ॥

शिष्यउवाच ॥ हे गुरो हे भगवन् जिस अक्षरका आप ऐसा प्रभाव अरु प्रताप कहतेहौ । तिसको हम प्रत्यक्ष कैसे जानें सो आप कृपाकर आज्ञा करिये ॥

गुरुरुवाच ॥ हेप्रियदर्शन ऐसा प्रश्न क्यों करतेहौ वो तो सर्वका अपना आप प्रत्यगात्मा है अरु यही सर्वका अनुभव कर्त्ताअनुभव रूप अक्षर है, अरु यही सर्वका द्रष्टा श्रोता मन्ता बोद्धाहै इससे इतर न कोई द्रष्टाहै न श्रोताहै न मन्ता है न बोद्धाहै, हे सौम्य ऐसा जो सर्वका ज्ञाता अनुभवी अक्षर आत्माहै सो "तत्त्वमसि" सो तू है तेरा क्षय कदापि नहीं ताते सर्वका ज्ञाता तूही है तेराज्ञाता अन्य कोई नहीं, तूही चक्षुरादि सर्वका द्रष्टाहै तेरा द्रष्टा कोई नहीं,तूही सर्व का श्रोता है तेरा श्रोता अन्य कोई नहीं, तूही सर्वका मनन करता है तेरा मन्ता कोई नहीं,अरु तूही सर्वका विज्ञाता है तेरा विज्ञाता कोई नहीं, अत एव सर्व क्षराक्षर का ज्ञाता प्रकाशक अधिष्ठान परम अक्षर तूही है तू अपने आपको अनुभवकर ॥

हे सौम्य यह जो सर्व वेद शास्त्रोंद्वारा निर्णय करके निर्विशेष प्रत्यगात्मा अक्षर कहा है सोई वर्णात्मक त्रिमात्रिक ॐकार अक्षर का लक्ष्य निर्गुण ब्रह्म परम अक्षर है, अरु सोई

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्व का अपना आप प्रत्यगात्मा है इसही के सम्यक् ज्ञान से मोक्ष होता है, ताते ॐकारके लक्ष्य प्रत्यगात्मा के जानने के अर्थ त्रिमात्रिक ॐकार की जप अरु अर्थ की भावना रूप उपासना कर्त्तव्य योग्यहै क्योंकि यह परब्रह्मकी आत्मत्वसे प्राप्ति में परमोत्तम आलम्बन है। अतएव इस त्रिमात्रिक ॐकारकी यथा शास्त्र उपासनारूप आलम्बनसे अपने आप सत्यस्वरूप आत्माको यथार्थ अनुभव कर पराशान्तिको प्राप्तहोवो आगे जो तुम्हारी इच्छा ॥—॥ इति ॥—॥

इतिश्री माण्डूक्योपनिषद्गौडपादीयकारिकाअरुक्षेपक भाषा भाष्यकारकृतसंग्रहप्रकरणसंहिता समाप्ता ॥

ॐहरिः ॐतत्सद्ब्रह्मार्पणम् ॥

ॐशान्तिः शान्तिः शान्तिःॐ ॥

———०———

मुन्शी नवलकिशोर (सी, आई, ई) के छापेखाने में छपा ॥
दिसम्बर सन् १८९० ई० ॥

इस किताब का हक़ तसनीफ महफूज़ है बहक़ इस छापेखाने के ॥

———*———

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भगवद्गीतानवलभाष्यका विज्ञापनपत्र ॥

प्रकटहो कि यह पुस्तक श्री मद्भगवद्गीता सकल निगम पुराणस्मृति सांख्यादिसारभूत परमरहस्यगीताशास्त्रकासर्वविद्या निधान सौशील्यविनयोदार्य्य सत्यसंगरशौर्य्यादिगुणसम्पन्न नरावतारमहानुभावअर्जुनकोपरम अधिकारीजानके हृदयजनितमोहनाशार्थ सबप्रकार अपारसंसार निस्तारकभगवद्भक्तिमार्ग दृष्टिगोचरकराहै वहीउक्तभगवद्गीतावज्रवत्वेदांत व योगशास्त्रांतर्गत जिसकोकिअच्छे २शास्त्रवेत्तारअपनीबुद्धिसेपारनहींपासक्तेतबमंदबुद्धी जिनको कि केवलदेशभाषाही पठनपाठनकरनेकी सामर्थ्य है वहकब इसके अन्तराभिप्रायको जानसक्तेहैं-और यहप्रत्यक्षही है कि जबतक किसीपुस्तक अथवा किसीबस्तुका अन्तराभिप्राय अच्छेप्रकार बुद्धिमें न भासितहो तबतक आनन्द क्योंकरमिलै इसकारण सम्पूर्ण भारतनिवासी भगवद्भक्तपदाब्ज रसिकजनों के चितानन्दार्थ व बुद्धिबोधार्थ सन्तत धर्मधुरीण सकलकला चातुरीण सर्व्वविद्याविलासी भगवद्भक्त्यनुरागी श्री मन्मुन्शी नवलकिशोरजी (सी,आई,ई)ने बहुतसाधनव्ययकर फ़र्रुख़ाबाद निवासि स्वर्गवासि पण्डितउमादत्तजीसे इसमनोरंजन वेदवेदान्तशास्त्रोपरि पुस्तकको श्रीशंकराचार्य्य निर्मितभाष्यानुसार संस्कृतसे सरल देशभाषामें तिलकरचा नवलभाष्यसे प्रभातकालिक कमलसरिस प्रफुल्लित करादियाहै कि जिसको भाषामात्र के जाननेवाले पुरुष भी जानसक्ते हैं ॥

जबछपनेका समयआयातो बहुतसे विद्वज्जन महात्माओंकी सम्मतिसे यह बिचार हुआ कि इस अमूल्य व अपूर्व्व ग्रन्थ की भाष्यमें अधिकतर उत्तमता उस समयपरहोगी कि इसशंकराचार्य्यकृत भाष्यभाषाकेसाथ और इसग्रन्थके टीकाकारोंकीटीका भी जितनीमिलें शामिलकीजावें जिसमें उनटीकाकारोंके अभिप्रायका भी बोधहोवेइसकारणसे श्रीस्वामीशंकराचार्यजीकी शंकरभाष्यका तिलक व श्रीआनन्दगिरिकृत तिलकअरुश्रीधरस्वामी कृत तिलकभी मूलश्लोकों सहितइसपुस्तकमेंउपस्थितहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नचिकेता यमालयमें गया और मृत्युने सावधान पूजन किया और परस्पर वार्त्तालाप हुआ वह सबवृत्त संवित मंत्रों में वर्णित है ॥

माण्डूक्योपनिषद् ॥

ॐ कारस्वरूप का प्रतिपादनं व ब्रह्मकी आत्माकी अभेदता का निरूपण आगम, यवैताख्य, अद्वैताख्य व अलातशान्ताख्य इन चार प्रकरणोंमें निरूपण कियागयाहै अवलोकन करनेयोग्य हैं जो अब छापीजाती हैं ॥

तैतिरीयउपनिषद् ॥

यह उपनिषद् यजुर्वेद सम्बन्धीहै—इसउपनिषद्मेंश्रीसच्चिदानन्द घन परब्रह्म परमेश्वर निराकार के साकार रूप होने का प्रतिपादन है ॥

ऐत्रेयउपनिषद् ॥

यह उपनिषद् ऋग्वेद के ब्राह्मणभाग से सम्बन्धित है—इस में मुख्य ब्रह्मविद्याका वर्णन है ॥

ईशावास्योपनिषद् ॥

जिसे बाजसनेयी संहिताभी कहतेहैं—इस उपनिषद्में यावत नाम रूपात्मक जगद्भाव है सब ईशहीमें घटित कियाहै ॥

केनोपनिषद् ॥

अब इसबार अत्यन्त शुद्धतापूर्वक सरलभाषा तिलक से युक्त मुद्रित की जाती है—इसमें आत्मविद्योपदेश श्रीप्रजापति द्वारा वर्णन किया गया है ॥

छांदोग्यउपनिषद् ॥

इस उपनिषद्में इन्द्रियादिकों के संघात बिषे स्थित प्राणों की ज्येष्ठता व श्रेष्ठताका एक आख्यायिका द्वारा प्रतिपादन है मंत्रों के नीचे सरल देशभाषा में सुन्दर तिलक कियागया है।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri